संयम स्वर्ण महोत्सव (२०१७-१८) की विनम्र प्रस्तुति क्र० ४६

अभिनव प्राकृत व्याकरण

[ध्वनि-परिवर्तन, सन्धि, सुबन्त, स्त्रीप्रत्यय, कारक, समास, तद्धित, तिङन्त कृदन्त, नामधातु सम्बन्धी अनुशासनों के साथ धातुकोश शौरसेनी, अर्धमागधी, अपभ्रंश प्रभृति विभिन्न प्राकृतों के विशिष्ट अनुशासनों एवं भाषावैज्ञानिक सिद्धान्तों से समलंकृत]

लेखक

डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री

ज्योतिषाचार्य, न्यायतीर्थ, एम० ए० (संस्कृत, हिन्दी, प्राकृत एवं जैनोलॉजी),
पी-एच० डी०, गोल्डमेडलिस्ट

प्रकाशक

जैन विद्यापीठ

सागर (म० प्र०)

आद्य वक्तव्य

युग बीतते हैं, सृष्टियाँ बदलती हैं, दृष्टियों में भी परिवर्तन आता है। कई युगदृष्टा जन्म लेते हैं। अनेकों की सिर्फ स्मृतियाँ शेष रहती हैं, लेकिन कुछ व्यक्तित्व अपनी अमर गाथाओं को चिरस्थाई बना देते हैं। उन्हीं महापुरुषों का जीवन स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाता है, जो असंख्य जनमानस के जीवन को घने तिमिर से निकालकर उज्ज्वल प्रकाश से प्रकाशित कर देते हैं। ऐसे ही निरीह, निर्लिप्त, निरपेक्ष, अनियत विहारी एवं स्वावलम्बी जीवन जीने वाले युगपुरुषों की सर्वोच्च श्रेणी में नाम आता है दिगम्बर जैनाचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज का, जिन्होंने स्वेच्छा से अपने जीवन को पूर्ण वीतरागमय बनाया। त्याग और तपस्या से स्वयं को श्रृंगारित किया। स्वयं के रूप को संयम के ढाँचे में ढाला। अनुशासन को अपनी ढाल बनाया और तैयार कर दी हजारों संयमी युवाओं की सुगठित धर्मसेना। सैकड़ों मुनिराज, आर्यिकाएँ, ब्रह्मचारी भाई-बहिनें। जो उनकी छवि मात्र को निहार-निहार कर चल पड़े घर-द्वार छोड़ उनके जैसा बनने के लिए। स्वयं चिद्रूप, चिन्मय स्वरूप बने और अनेक चैतन्य कृतियों का सृजन करते चले गए जो आज भी अनवरत जारी है। इतना ही नहीं अनेक भव्य श्रावकों की सल्लेखना कराकर हमेशा-हमेशा के लिए भव-भ्रमण से मुक्ति का सोपान भी प्रदान किया है।

महामनीषी, प्रज्ञासम्पन्न गुरुवर की कलम से अनेक भाषाओं में अनुदित मूकमाटी जैसे क्रान्तिकारी-आध्यात्मिक-महाकाव्य का सृजन हुआ। जिस पर अनेक साहित्यकारों ने अपनी कलम चलायी परिणामतः मूकमाटी मीमांसा के तीन खण्ड प्रकाशित हुए। आपके व्यक्तित्व और कर्तृत्व पर लगभग ५० शोधार्थियों ने डी० लिट्०, पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त की।

अनेक भाषाओं के ज्ञाता आचार्य भगवन् की कलम से जहाँ अनेक ग्रन्थों के पद्यानुवाद किए गए तो वहीं नवीन संस्कृत और हिन्दी भाषा में छन्दोबद्ध रचनायें भी सृजित की गई। सम्पूर्ण विद्वत्जगत् आपके साहित्य

का वाचन कर अचंभित हो जाता है। एक ओर अत्यन्त निस्पृही, वीतरागी छवि तो दूसरी ओर मुख से निर्झरित होती अमृतध्वनि को शब्दों की बजाय हृदय से ही समझना श्रेयस्कर होता है।

प्राचीन जीर्ण-शीर्ण पड़े उपेक्षित तीर्थक्षेत्रों पर वर्षायोग, शीतकाल एवं ग्रीष्मकाल में प्रवास करने से समस्त तीर्थक्षेत्र पुनर्जागृत हो गए। श्रावकवृन्द अब आये दिन तीर्थों की वंदनार्थ घरों से निकलने लगे और प्रारम्भ हो गई जीर्णोद्धार की महती परम्परा। प्रतिभास्थलियों जैसे शैक्षणिक संस्थान, भाग्योदय तीर्थ जैसा चिकित्सा सेवा संस्थान, मूकप्राणियों के संरक्षणार्थ सैकड़ों गौशालाएँ, भारत को इण्डिया नहीं 'भारत' ही कहो का नारा, स्वरोजगार के तहत 'पूरी मैत्री' और 'हथकरघा' जैसे वस्त्रोद्योग की प्रेरणा देने वाले सम्पूर्ण जगत् के आप इकलौते और अलबेले संत हैं।

कितना लिखा जाये आपके बारे में शब्द बौने और कलम पंगु हो जाती है, लेकिन भाव विश्राम लेने का नाम ही नहीं लेते।

यह वर्ष आपका मुनि दीक्षा का स्वर्णिम पचासवाँ वर्ष है। भारतीय समुदाय का स्वर्णिम काल है यह। आपके स्वर्णिम आभामण्डल तले यह वसुधा भी स्वयं को स्वर्णमयी बना लेना चाहती है। आपकी एक-एक पदचाप उसे धन्य कर रही है। आपका एक-एक शब्द कृतकृत्य कर रहा है। एक नई रोशनी और ऊर्जा से भर गया है हर वह व्यक्ति जिसने क्षणभर को भी आपकी पावन निश्रा में श्वांसें ली हैं।

आपकी प्रज्ञा से प्रस्फुटित साहित्य आचार्य परम्परा की महान् धरोहर है। आचार्य धरसेनस्वामी, आचार्य समन्तभद्र स्वामी, आचार्य अकलंकदेव, आचार्य विद्यानंदीजी, आचार्य पूज्यपाद स्वामी जैसे श्रुतपारगी मुनियों की शृंखला को ही गुरुनाम गुरु आचार्य ज्ञानसागरजी महाराज, तदुपरांत आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज ने यथावत् प्रतिपादित करते हुए श्रमण संस्कृति की इस पावन धरोहर को चिरस्थायी बना दिया है।

यही कारण है कि आज भारतवर्षीय विद्वत्वर्ग, श्रेष्ठीवर्ग एवं

श्रावकसमूह आचार्यप्रवर की साहित्यिक कृतियों को प्रकाशित कर श्रावकों के हाथों में पहुँचाने का संकल्प ले चुका है। केवल आचार्य भगवन् द्वारा सृजित कृतियाँ ही नहीं बल्कि संयम स्वर्ण महोत्सव २०१७-१८ के इस पावन निमित्त को पाकर प्राचीन आचार्यों द्वारा प्रणीत अनेक ग्रन्थों का भी प्रकाशन जैन विद्यापीठ द्वारा किया जा रहा है।

अभिनव प्राकृत व्याकरण डॉ॰ नेमिचन्द्र जी शास्त्री का महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसमें प्राकृत भाषा को सीखने के लिए सम्पूर्ण सरल विधियाँ प्रस्तुत की गई हैं। डॉ॰ नेमिचन्द्र जी के इस परिश्रमपूर्ण कार्य के लिए उन्हें सदियों तक याद किया जायेगा। यह ग्रन्थ तारा पब्लिकेशन्स, वाराणसी से १९६३ में प्रकाशित हुआ था, उसी के बाद यह पुनः प्रकाशन हो रहा है। एतदर्थ जैन विद्यापीठ पूर्व प्रकाशन संस्था का हृदय से आभार व्यक्त करता है।

समस्त ग्रन्थों का शुद्ध रीति से प्रकाशन अत्यन्त दुरूह कार्य है। इस संशोधन आदि के कार्य को पूर्ण करने में संघस्थ मुनिराज, आर्यिका माताजी, ब्रह्मचारी भाई-बहिनों ने अपना अमूल्य सहयोग दिया। उन्हें जिनवाणी माँ की सेवा का अपूर्व अवसर मिला, जो सातिशय पुण्यार्जन तथा कर्मनिर्जरा का साधन बना।

जैन विद्यापीठ आप सभी के प्रति कृतज्ञता से ओतप्रोत है और आभार व्यक्त करने के लिए उपयुक्त शब्द खोजने में असमर्थ है।

गुरुचरणचंचरीक

प्रस्तावना

भाषा-परिज्ञान के लिए व्याकरण ज्ञान की नितान्त आवश्यकता है। जब किसी भी भाषा के वाङ्मय की विशाल राशि संचित हो जाती है, तो उसकी विधिवत् व्यवस्था के लिए व्याकरण ग्रन्थ लिखे जाते हैं। प्राकृत के जनभाषा होने से आरम्भ में इसका कोई व्याकरण नहीं लिखा गया। वर्तमान में प्राकृतभाषा के अनुशासन सम्बन्धी जितने व्याकरण ग्रन्थ उपलब्ध हैं, वे सभी संस्कृत भाषा में लिखे गये हैं। आश्चर्य यह है कि जब पालि भाषा का व्याकरण पालि में लिखा हुआ उपलब्ध है, तब प्राकृत भाषा का व्याकरण प्राकृत में ही लिखा हुआ क्यों नहीं उपलब्ध है? अर्धमागधी के आगमिक ग्रन्थों में शब्दानुशासन सम्बन्धी जितनी सामग्री पायी जाती है, उससे यह अनुमान लगाना सहज है कि प्राकृत भाषा का व्याकरण प्राकृत में लिखा हुआ अवश्य था, पर आज वह कालकवलित हो चुका है। यहाँ उपलब्ध फुटकर सामग्री पर विचार करना आवश्यक है।

प्राकृत भाषा में प्राकृत व्याकरण के सिद्धान्त

आयारांग में (द्वि. ४, १ रू. ३३५) तीन वचन-लिंग-काल-पुरुष का विवेचन किया गया है। ठाणांग (अष्टम) में आठ कारकों का निरूपण पाया जाता है। इन सारी बातों के अतिरिक्त अनेक नये तथ्य अनुयोगद्वार सूत्र में विस्तारपूर्वक वर्णित हैं।

इस ग्रन्थ में समस्त शब्दराशि को निम्न पाँच भागों में विभक्त किया है।[1]

१. नामिक-सुबन्तों का ग्रहण नाम में किया है। जितने भी प्रकार के संज्ञा शब्द हैं वे नामिक के द्वारा अभिहित किये गये हैं। यथा अस्सो, अस्से <अश्वः आदि।

२. नैपातिक-अव्ययों को निपातन से सिद्ध माना है। अतः अव्यय तथा अव्ययों के समान निपातन से सिद्ध अन्य देशी शब्द नैपातिक कहे गये हैं। यथा-खलु, अक्कंतो, जह, जहा आदि।

३. आख्यातिक-धातु से निष्पन्न क्रियारूपों की गणना आख्यातिक में की है। यथा-धावइ, गच्छइ आदि।

४. औपसर्गिक-उपसर्गों के संयोग से निष्पन्न शब्दों को औपसर्गिक कहा गया है। यथा-परि, अणु, अव आदि उपसर्गों के संयोग से निष्पन्न अणुभवइ प्रभृति पद।

---

१. पंचणामे पंचविहे पण्णते, तं जहा-(१) नामिकं, (२) नैपातिकं, (३) आख्यातिकं, (४) औपसर्गिकं, (५) मिश्रम्। -अणुओगदार सुत्तं १२५ सूत्र

५. मिश्र–मिश्र शब्दावली के अन्तर्गत इस प्रकार के शब्दों की गणना की गयी है, जिन्हें हम समास, कृदन्त और तद्धित के पद कह सकते हैं। इस कोटि के शब्दों के उदाहरणों में 'संयत' पद प्रस्तुत किया है। वस्तुतः विशेषण शब्दों को मिश्र कहना अधिक तर्कसंगत है।

नाम शब्दों की निष्पत्तियाँ चार प्रकार से वर्णित हैं। आगम, लोप, प्रकृतिभाव और विकार।[१]

१. वर्णागम–वर्णागम कई प्रकार से होता है। वर्णागम भाषाविकास में सहायक होता है। इस वर्णागम का कोई निश्चित सिद्धान्त नहीं है। दुर्गाचार्य ने निरुक्त का लक्षण बतलाते हुए वर्णागम, वर्णविपर्यय (Metathesis), वर्ण विकार (Change of Syllable), वर्णनाश (Elision of Syllable) और अर्थ के अनुसार धातु के रूप की कल्पना करना–इन छः सिद्धान्तों को परिगणित किया है। अनुओगदार सुत्त में इसका उदाहरण कुण्डानि आया है।

२. लोप–भाषा के विकास को प्रस्तुत करने वाला दूसरा सिद्धान्त लोप है। प्रयत्न लाघव की दृष्टि से इस सिद्धान्त का महत्त्वपूर्ण स्थान है। वर्णलोप के भी कई भेद होते हैं–आदि वर्णलोप, मध्यलोप और अन्त्य वर्णलोप। यहाँ पर पटो + अत्र = पटोऽत्र, घटो + अत्र = घटोत्र उदाहरण उपस्थित किये गये हैं।

३. प्रकृति भाव में दोनों पद ज्यों के त्यों रह जाते हैं, उनमें संयोग होने पर भी विकार उत्पन्न नहीं होता। यथा–माले + इमे = माले इमे, पटूइमौ आदि।

४. वर्णविकार–दो पदों के संयोग होने पर उनमें विकृति होना अथवा ध्वनिपरिवर्तन के सिद्धान्तों के अनुसार वर्णों में विकार का उत्पन्न होना वर्णविकार है। यथा–वधू > बहू, गुफा > गुहा, दधि + इदं = दधीदं, नदी + इह = नदीह।

नाम–पदों के स्त्रीलिंग, पुल्लिग और नपुंसकलिंग की अपेक्षा से तीन भेद होते हैं। आकारान्त, इकारान्त, उकारान्त और ओकारान्त शब्द पुल्लिंग होते हैं। स्त्रीलिंग शब्दों में ओकारान्त शब्द नहीं होते। नपुंसकलिंग शब्दों में अकारान्त, इकारान्त और उकारान्त शब्द ही परिगणित हैं। यथा–

तं पुण णामं तिविहिं इत्थी पुरिसं णपुंसगं चेव।
एएसिं तिण्हं पि अंतम्मि अ परूवणं वोच्छं ॥१॥
तत्थ पुरिसस्स अंता आ–इ–उ–ओ हवंति चत्तारि।
ते चेव इत्थिआओ हवंति ओकार परिहीणा ॥२॥

---

१. चउणामे चउव्विहे पण्णते। तं जहा–(१) आगमेणं (२) लोवेणं (३) पयइए (४) विगारेणं। –अणुओगदार सुत्तं १२४ सू.।

अंतिम–इंतिअ–उंतिअ अंताउ णपुंसगस्स बोद्धव्वा।
एतेसिं तिण्हं पि अ वोच्छामि निदंसणे एत्तो॥३॥
आगारंतो 'राया' ईगारंतो गिरी अ सिहरी अ।
उगारंतो विण्हू दुमो अ अंताउ पुरिसाणं॥४॥
आगारंता माला ईगारंता 'सिरी' अ 'लच्छी' अ।
ऊगारंता 'जंबू' 'बहू' अ अंताउ इत्थीणं॥५॥
अंकारंतं 'धन्नं' इंकारंतं नपुंसगं 'अत्थि'।
उंकारंते पीलुं 'महुं' च अंता णपुंसाणं॥६॥

–अणुओगदार सुत्त, ब्यावर संस्करण सं. २०१० सूत्र १२३।

इसी ग्रन्थ में भावनाम के चार भेद किये हैं–समास, तद्धित, धातु और निरुक्त। समास के सात भेद बतलाये हैं[१]–द्वन्द्व, बहुब्रीहि, कर्मधारय, द्विगु, तत्पुरुष, अव्ययीभाव और एकशेष। यथा–

दंदे अ बहुव्वीहि, कम्मधारय दिग्गु अ।
तप्पुरिस अव्वईभावे, एक्कसेसे अ सन्तमे॥१॥

बहुब्रीहि का उदाहरण देते हुए लिखा है–फुल्ला इमंमि गिरिम्मि कुडयकयंबा सो इमो गिरीफुल्लिय कुडुयकयंबो।

कर्मधारय–धवलो वसहो = धवलवसहो, किण्हो मियो = किण्हमियो।

द्विगु–तिण्णि कडुगाणि = तिकडुगं, तिण्णि महुराणि = तिमहुरं, तिण्णि गुणाणि = तिगुणं, सत्त गया = सत्तगयं, नवतुरंगा = नव तुरंगं।

तत्पुरुष–तित्थे कागो = तित्थकागो, वणे हत्थी = वणहत्थी, वणे मयूरो = वणमयूरो, वणे वराहो = वणवराहो, वणे महिसो = वणमहिसो।

अव्ययीभाव–अणुगामं, अणुणइयं, अणुचरियं।

एकशेष–जहा एगो पुरिसो तहा बहवे पुरिसा, जहा एगो करिसावणो तहा बहवे करिसावणा जहा एगो साली तहा बहवे साली।

तद्धित के आठ भेद बतलाये हैं[२]–

१. कर्म नाम–तणहारए, कट्ठहारए, पत्तहारए, कोलालिए।

२. शिल्प नाम–तंतुवाए, पट्टकारे, मुंजकारे, छत्तकारे, दंतकारे।

३. सिलोक नाम–समणे, माहणे, सव्वातिही।

४. संयोग नाम–रण्णो, ससुरए, रण्णो जामाउए, रण्णो साले।

५. समीप नाम–गिरिसमीवे णयरं गिरिणयरं, वेन्नायउं।

---

१. अणुओगदारसुत्तं–सूत्र १३०। २. वही सूत्र १३०।

६. समूह नाम–तरंगवइक्कारे, मलयवइक्करे।

७. ईश्वरीय नाम–स्वाम्यर्थक–राईसरे, तलवरे, इब्भे, सेट्ठी।

८. अपत्य नाम–अरिहंतमाया, चक्कवट्टिमाया, रायमाया।

कम्मे सिप्पसिलोए संजोग समीअवो अ संजूहो।
इस्सरिअ अवच्चेण य तद्धितणामं तु अट्ठविहं॥

यद्यपि उपयुक्त संदर्भ तद्धितान्त नामों के वर्णन के समय आया है, तो भी तद्धित प्रकरण पर इससे प्रकाश पड़ता है। इन्हें कर्मार्थक, शिल्पार्थक, संयोगार्थक, समूहार्थक, अपत्यार्थक आदि रूप में ग्रहण करना चाहिए।

इस ग्रन्थ में आठों विभक्तियों का उल्लेख है तथा ये विभक्तियाँ किस–किस अर्थ में होती हैं, इसका भी निर्देश किया गया है।

निद्देसे पढमा होइ, बित्तिया उवएसणे।
तइया करणम्मि कया, चउत्थी संपयावणे॥१॥
पंचमी अ अवायाणे, छट्ठी सस्सामिवायणे।
सत्तमी सण्णिहाणत्थे, अट्ठमाऽऽमंतणी भवे॥२॥

–अणुओगदार सुत्त, सू. १२८।

अर्थात्–निर्देश–क्रिया का फल कर्ता में रहने पर प्रथमा विभक्ति होती है। यथा–स, इमो, अहं आदि प्रथमान्त रूप हैं। उपदेश में–क्रिया के द्वारा कर्ता जिसको सिद्ध करना चाहता है, द्वितीया विभक्ति होती है। यथा–भण कुणसु इमं व तं व आदि। करण अर्थ में तृतीया विभक्ति होती है। यथा तेण कयं, मए वा कयं आदि। सम्प्रदान में चतुर्थी और अपादान में पंचमी विभक्ति होती है। स्वामि स्वामित्व भाव में षष्ठी, सन्निधानार्थ–अधिकरणार्थ में सप्तमी ओर आमन्त्रण–सम्बोधन में अष्टमी विभक्ति होती है।

इस प्रकार प्राकृत भाषा में लिखित शब्दानुशासन सम्बन्धी सिद्धान्त पाये जाते हैं।

संस्कृत भाषा में लिखित प्राकृत व्याकरण

संस्कृत भाषा में लिखे गये प्राकृत भाषा के अनेक शब्दानुशासन उपलब्ध हैं। भरत मुनि का नाट्यशास्त्र ऐसा ग्रन्थ है, जिसके १७ वें अध्याय में विभिन्न भाषाओं का निरूपण करते हुए ६–२३ वें पद्य तक प्राकृत व्याकरण के सिद्धान्त बतलाये हैं और ३२ वें अध्याय में उदाहरण प्रस्तुत किये हैं। पर भरत के ये अनुशासन सम्बन्धी सिद्धान्त इतने संक्षिप्त और अस्फुट हैं कि इनका उल्लेखमात्र इतिहास के लिए ही उपयोगी है।

प्राकृतलक्षण

कुछ विद्वान् पाणिनि का प्राकृत लक्षण नाम का प्राकृत व्याकरण बतलाते हैं। डॉ. पिशल ने भी अपने प्राकृत व्याकरण में इस ओर संकेत किया है, पर यह ग्रन्थ न

तो आज तक उपलब्ध ही हुआ है और न इसके होने का ही कोई सबल प्रमाण मिला है। उपलब्ध शब्दानुशासनों में वररुचि के प्राकृत प्रकाश को कुछ विद्वान् प्राचीन मानते हैं और कुछ चण्डकृत प्राकृत लक्षण को। प्राकृत लक्षण संक्षिप्त रचना है। इसमें प्राकृत सामान्य का जो अनुशासन किया गया है, वह प्राकृत अशोक की धर्मलिपियों की भाषा और वररुचि द्वारा प्राकृत प्रकाश में अनुशासित प्राकृत के बीच की प्रतीत होती है। इस शब्दानुशासन के मत से मध्यवर्ती अल्पप्राण व्यञ्जनों का लोप नहीं होता है, वे वर्तमान रहते हैं। वर्ग के प्रथम वर्णों में केवल क और तृतीय वर्णों में ग के लोप का विधान मिलता है। मध्यवर्ती च, ट, त, और प वर्ण ज्यों के त्यों रह जाते हैं। भाषा की यह प्रवृत्ति महाकवि अश्वघोष और भास के नाटकों में पायी जाती है। अतः प्राकृतलक्षण का रचनाकाल ईस्वी सन् द्वितीय–तृतीय शती मानने में कोई बाधा नहीं आती है।

इस ग्रन्थ में कुल सूत्र ९९ या १०३ हैं और चार पादों में विभक्त हैं। आरम्भ में प्राकृत शब्दों के तीन रूप–तद्भव, तत्सम और देशज बतलाये हैं। तीनों लिंग और विभक्तियों का विधान संस्कृत के समान ही पाया जाता है। प्रथम पाद के ५वें सूत्र से अन्तिम ३५वें सूत्र तक संज्ञाओं और सर्वनामों के विभक्तिरूपों का निरूपण किया है। द्वितीयपाद के २९ सूत्रों में स्वर–परिवर्तन, शब्दादेशों एव अव्ययों का कथन किया गया है। पूर्वकालिक क्रिया के रूपों में तु, त्ता, च्च, ट्ट, तु, तूण, ओ एवं प्पि प्रत्ययों को जोड़ने का नियमन किया हैं। तृतीय पाद के ३५ सूत्रों में व्यञ्जनपरिवर्तन के नियम दिये गये हैं। चतुर्थ पाद में केवल चार सूत्र ही हैं, इनमें अपभ्रंश का लक्षण, अधोरेफ का लोप न होना, पैशाची की प्रवृत्तियाँ, मागधी की प्रवृत्ति र् और स् के स्थान पर ल् और श् का आदेश एर्व शौरसेनी में त् के स्थान पर विकल्प से द् का आदेश किया गया है।

प्राकृतप्रकाश

चण्ड के उत्तरवर्ती समस्त प्राकृत वैयाकरणों ने रचनाशैली और विषयानुक्रम की दृष्टि से प्राकृतलक्षण का अनुकरण किया है। चण्ड के पश्चात् प्राकृत शब्दानुशासकों में वररुचि का नाम आदर के साथ लिया जा सकता है। प्राकृत मंजरी की भूमिका में वररुचि का गोत्र नाम कात्यायन कहा गया हैं। डॉ. पिशल ने अनुमान किया था कि प्रसिद्ध वार्तिककार कात्यायन और वररुचि दोनों एक व्यक्ति हैं; किन्तु इस कथन की पुष्टि के लिए एक भी सबल प्रमाण उपलब्ध नहीं है। एक वररुचि कालिदास के समकालीन भी माने जाते हैं, जो विक्रमादित्य के नवरत्नों में से एक थे। प्रस्तुत प्राकृत प्रकाश चण्ड के पीछे का है, इसमें कोई संदेह नहीं। प्राकृत भाषा का शृङ्गार काव्य के लिए प्रयोग ईस्वी सन् की प्रारम्भिक शतियों के पहले ही होने लगा था। हाल कवि

ने गाथासप्तशती में ३८४ प्राकृत कवियों की रचनाओं का संकलन किया है। याकोबी का मत है कि महाराष्ट्री प्राकृत का व्यापक प्रयोग ईस्वी तीसरी शताब्दी के पहले ही होने लगा था। अतः प्राकृतप्रकाश में वर्णित अनुशासन पर्याप्त प्राचीन है अतएव वररुचि को कालिदास का समकालीन मानना अनुचित नहीं है।

प्राकृत प्रकाश में कुल ५०९ सूत्र हैं। भामहवृत्ति के अनुसार ४८७ और चन्द्रिका टीका के अनुसार ५०९ सूत्र उपलब्ध हैं। प्राकृत प्रकाश की चार प्राचीन टीकाएँ उपलब्ध हैं–

१. मनोरमा–इस टीका के रचयिता भामह हैं।

२. प्राकृतमञ्जरी–इस टीका के रचयिता कात्यायन नामक विद्वान् हैं।

३. प्राकृतसंजीवनी–यह टीका वसन्तराज द्वारा लिखित है।

४. सुबोधिनी–यह टीका सदानन्द द्वारा विरचित है और नवम परिच्छेद के नवम सूत्र की समाप्ति के साथ समाप्त हुई है।

इस ग्रन्थ में बारह परिच्छेद हैं। प्रथम परिच्छेद में स्वर विकार एवं स्वर परिवर्तन के नियमों का निरूपण किया गया है। विशिष्ट–विशिष्ट शब्दों में स्वर सम्बन्धी जो विकार उत्पन्न होते हैं, उनका ४४ सूत्रों में विवेचन किया गया है। दूसरे परिच्छेद का आरम्भ मध्यवर्ती व्यञ्जनों के लोप से होता है। मध्य में आने वाले क, ग, च, ज, त, द, प, य और व का लोप विधान किया है। तीसरे सूत्र से विशेष, विशेष शब्दों के असंयुक्त व्यञ्जनों के लोप एवं उनके स्थान पर विशेष व्यञ्जनों के आदेश का नियमन किया गया है। यह प्रकरण अन्तिम ४७वें सूत्र तक चला है। तीसरे परिच्छेद में संयुक्त व्यञ्जनों के लोप, विकार एवं परिवर्तनों का निरूपण है। इस परिच्छेद में ६६ सूत्र हैं और सभी सूत्र विशिष्ट–विशिष्ट शब्दों में संयुक्त व्यञ्जनों के परिवर्तन का निर्देश करते हैं। चौथे परिच्छेद में ३३ सूत्र हैं, इनमें संकीर्णविधि–निश्चित शब्दों के अनुशासन वर्णित हैं। इस परिच्छेद में अनुकारी, विकारी और देशी इन तीनों प्रकार के शब्दों को अनुशासन आया है। पाँचवें परिच्छेद के ४७ सूत्रों में लिंग और विभक्ति–आदेश वर्णित हैं। छठवें परिच्छेद में ६४ सूत्र हैं, इन सूत्रों में सर्वनामविधि का निरूपण है अर्थात् सर्वनाम शब्दों के रूप एवं उनके विभक्ति प्रत्यय निर्दिष्ट किये गये हैं। सप्तम परिच्छेद में तिङन्त विधि है, धातुरूपों का अनुशासन संक्षेप में लिखा गया है। इसमें कुल ३४ सूत्र हैं। अष्टम परिच्छेद में धात्वादेश निरूपित है। इसमें कुल ७१ सूत्र हैं। संस्कृत की किस धातु के स्थान पर प्राकृत में कौन सी धातु का आदेश होता है, इसका विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। प्राकृत भाषा का यह धात्वादेश सम्बन्धी प्रकरण बहुत ही महत्त्वपूर्ण माना जाता है। नौवाँ परिच्छेद निपात का है। इसमें अव्ययों के अर्थ और प्रयोग दिये गये है। इस परिच्छेद में १८ सूत्र हैं। दसवें परिच्छेद में पैशाची भाषा का अनुशासन है। इसमें १४ सूत्र हैं।

ग्यारहवें परिच्छेद में मागधी प्राकृत का अनुशासन वर्णित है। इसमें कुल १७ सूत्र हैं। बारहवाँ परिच्छेद शौरसेनी प्राकृत के नियमन का है। इसमें ३२ सूत्र हैं और इनमें शौरसेनी प्राकृत की विशेषताएँ वर्णित हैं। तुलनात्मक दृष्टि से विचार करने पर अवगत होता है कि वररुचि ने चण्ड का अनुसरण किया है। चण्ड द्वारा निरूपित विषयों का विस्तार अवश्य इस ग्रन्थ में पाया जाता है। अतः शैली और विषय विस्तार के लिये वररुचि पर चण्ड का ऋण मान लेना अनुचित नहीं कहा जायगा।

इस सत्य से कोई इंकार नहीं कर सकता है कि भाषा ज्ञान की दृष्टि से वररुचि का प्राकृत प्रकाश बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। संस्कृत भाषा की ध्वनियों में किस प्रकार के ध्वनि–परिवर्तन होने से प्राकृत भाषा के शब्दरूप गठित हैं, इस विषय पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया गया है। उपयोगिता की दृष्टि से यह ग्रन्थ प्राकृत अध्येताओं के लिये ग्राह्य है।

सिद्धहेम शब्दानुशासन

इस व्याकरण में सात अध्याय संस्कृत शब्दानुशासन पर हैं और आठवें अध्याय में प्राकृत भाषा का अनुशासन लिखा गाया है। यह प्राकृत व्याकरण उपलब्ध समस्त प्राकृत व्याकरणों में सबसे अधिक पूर्ण और व्यवस्थित है। इसके ४ पाद हैं। प्रथम पाद में २७१ सूत्र हैं। इनमें सन्धि, व्यञ्जनान्त शब्द, अनुस्वार, लिंग, विसर्ग, स्वर–व्यत्यय और व्यञ्जन–व्यत्यय का विवेचन किया गया है। द्वितीय पाद के २१८ सूत्रों में संयुक्त व्यञ्जनों के परिवर्तन, समीकरण, स्वरभक्ति, वर्ण विपर्यय, शब्दादेश, तद्धित, निपात और अव्ययों का निरूपण है। तृतीय पाद में १८२ सूत्र हैं, जिनमें कारक विभक्तियों तथा क्रिया रचना सम्बन्धी नियमों का कथन किया गया है ? चौथे पाद में ४४८ सूत्र हैं। आरम्भ के २५९ सूत्रों में धात्वादेश और आगे क्रमशः शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिका पैशाची और अपभ्रंश भाषाओं की विशेष प्रवृत्तियों का निरूपण किया गया है। अन्तिम दो सूत्रों में यह भी बतलाया गया है कि प्राकृत में उक्त लक्षणों का व्यत्यय भी पाया जाता है तथा जो बात यहाँ नहीं बतलायी हैं, उसे संस्कृतवत् सिद्ध समझना चाहिए। सूत्रों के अतिरिक्त वृत्ति भी स्वयं हेम की लिखी है। इस वृत्ति में सूत्र गत लक्षणों को बड़ी विशदता से उदाहरण देकर समझाया गया है।

आचार्य हेम ने प्राकृत शब्दों का अनुशासन संस्कृत शब्दों के रूपों को आदर्श मानकर किया है। हेम के मत से प्राकृत शब्द तीन प्रकार के हैं–तत्सम, तद्भव और देशी। तत्सम और देशी शब्दों को छोड़ शेष तद्भव शब्दों का अनुशासन इस व्याकरण द्वारा किया गया है।

आचार्य हेम ने 'आर्षम्' ८।१।३ सूत्र में आर्ष प्राकृत का नामोल्लेख किया है और बतलाया है कि ''आर्षं प्राकृतं बहुलं भवति, तदपि यथास्थानं दर्शयिष्यामः।

आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्प्यन्ते॥'' अर्थात् अधिक प्राचीन प्राकृत आर्ष–आगमिक प्राकृत में प्राकृत के नियम विकल्प से प्रवृत्त होते हैं।

हेम का प्राकृत व्याकरण रचना शैली और विषयानुक्रम के लिए प्राकृत लक्षण और प्राकृत प्रकाश का आभारी है। पर हेम ने विषय विस्तार में बड़ी पटुता दिखलायी है। अनेक नये नियमों का भी निरूपण किया है। ग्रन्थन शैली भी हेम की चण्ड और वररुचि की अपेक्षा परिष्कृत है। चूलिका पैशाची और अपभ्रंश का अनुशासन हेम का अपना है। अपभ्रंश भाषा का नियमन ११८ सूत्रों में स्वतन्त्र रूप से किया है। उदाहरणों में अपभ्रंश के पूरे दोहे उद्धृत कर नष्ट होते हुए विशाल साहित्य का संरक्षण किया है। इसमें संदेह नहीं कि आचार्य हेम के समय में प्राकृत भाषा का बहुत अधिक विकास हो गया था और उसका विशाल साहित्य विद्यमान था। अतः उन्होंने व्याकरण की प्राचीन परम्परा को अपनाकर भी अनेक नये अनुशासन उपस्थित किये हैं।

त्रिविक्रमदेव का प्राकृत शब्दानुशासन

जिस प्रकार आचार्य हेम ने सर्वाङ्गपूर्ण प्राकृत शब्दानुशासन लिखा है, उसी प्रकार त्रिविक्रमदेव ने भी। इनकी स्वोपज्ञवृत्ति और सूत्र दोनों ही उपलब्ध हैं। इस शब्दानुशासन में तीन अध्याय और प्रत्येक अध्याय में चार–चार पाद हैं, इस प्रकार कुल बारह पादों में यह शब्दानुशासन पूर्ण हुआ है। इसमें कुल सूत्र १०३६ हैं। त्रिविक्रमदेव ने हेम के सूत्रों में ही कुछ फेर–फार करके अपने सूत्रों की रचना की है। विषयानुक्रम हेम का ही है। ह, दि, स और ग आदि संज्ञाएँ त्रिविक्रम की नयी है, पर इन संज्ञाओं से विषयनिरूपण में सरलता की अपेक्षा जटिलता ही उत्पन्न हो गयी है। इस व्याकरण में देशी शब्दों का वर्गीकरण कर हेम की अपेक्षा एक नयी दिशा की सूचना दी है। यद्यपि अपभ्रंश के उदाहरण हेम के ही हैं, पर संस्कृत छाया देकर इन्होंने अपभ्रंश के दोहों को समझने में पूरा सौकर्य प्रदर्शित किया है।

त्रिविक्रम ने अनेकार्थक शब्द भी दिये हैं। इन शब्दों के अवलोकन से तात्कालिक भाषा की प्रवृत्तियों का परिज्ञान तो होता ही हैं, पर इससे अनेक सांस्कृतिक बातों पर भी प्रकाश पड़ता है। यह प्रकरण हेम की अपेक्षा विशिष्ट है। इनका यह कार्य शब्द शासक का न होकर अर्थशासक का हो गया है।

षड्भाषाचन्द्रिका

लक्ष्मीधर ने त्रिविक्रमदेव के सूत्रों का प्रकरणानुसारी संकलन कर अपनी नयी वृत्ति लिखी है। इस संकलन का नाम ही षड्भाषाचन्द्रिका है। इस संकलन में सिद्धान्तकौमुदी का क्रम रखा गया है। उदाहरण सेतुबन्ध, गउडवहो, गाहासत्तसई, कप्पूरमंजरी आदि ग्रन्थों से दिये गये हैं। लक्ष्मीधर ने लिखा है–

वृत्तिं त्रैविक्रमीं गूढां व्याचिख्यासन्ति ये बुधाः।
षड्भाषाचन्द्रिका तैस्तद् व्याख्यारूपा विलोक्यताम्॥

अर्थात्–जो विद्वान् त्रिविक्रम की गूढवृत्ति को समझना और समझाना चाहते हैं, वे उसकी व्याख्यारूप षड्भाषाचन्द्रिका को देखें।

प्राकृत भाषा की जानकारी प्राप्त करने के लिए षड्भाषाचन्द्रिका अधिक उपयोगी है। इसकी तुलना हम भट्टोजिदीक्षित की सिद्धान्तकौमुदी से कर सकते हैं।

प्राकृतरूपावतार

त्रिविक्रमदेव के सूत्रों को ही लघुसिद्धान्त कौमुदी के ढंग पर संकलित कर सिंहराज ने प्राकतरूपावतार नामक व्याकरण ग्रन्थ लिखा है। इसमें संक्षेप में सन्धि, शब्दरूप, धातुरूप, समास, तद्धित आदि का विचार किया है। व्यावहारिक दृष्टि से आशुबोध कराने के लिए यह व्याकरण उपयोगी है। हम सिंहराज की तुलना वरदाचार्य से कर सकते हैं।

प्राकृतसर्वस्व

मार्कण्डेय का प्राकृतसर्वस्व एक महत्त्वपूर्ण व्याकरण है। इसका रचनाकाल १५ वीं शती है। मार्कण्डेय ने प्राकृत भाषा के भाषा, विभाषा, अपभ्रंश और पैशाची–ये चार भेद किये हैं। भाषा के महाराष्ट्री, शौरसेनी, प्राच्या, अवन्ती और मागधी; विभाषा के शाकारी, चाण्डाली, शावरी, आभीरिकी और शाक्की; अपभ्रंश के नागर, व्राचड और उपनागर एवं पैशाची के कैकयी, शौरसेनी और पांचाली आदि भेद किये हैं।

मार्कण्डेय ने आरम्भ के आठ पादों में महाराष्ट्री प्राकृत के नियम बतलाये हैं। इन नियमों का आधार प्रायः वररुचि का प्राकृतप्रकाश ही है। ९ वें पाद में शौरसेनी के नियम दिये गये हैं। दसवें पाद में प्राच्या भाषा का नियमन किया गया है। ११ वें अवन्ती और वाह्लीकी का वर्णन है। १२ वें में मागधी के नियम बतलाये गये हैं, इनमें अर्धमागधी का भी उल्लेख है। ९ से १२ तक के पादों का भाषाविवेचन नाम का एक अलग खण्ड माना जा सकता है। १३वें से १६वें पाद तक विभाषा का नियमन किया है। १७वें और १८वें में अपभ्रंश भाषा का तथा १९वें और २०वें पाद में पैशाची भाषा के नियम दिये हैं। शौरसेनी के बाद अपभ्रंश भाषा का नियमन करना बहुत ही तर्कसंगत है।

ऐसा लगता है कि हेम ने जहाँ पश्चिमीय प्राकृत भाषा की प्रवृत्तियों का अनुशासन उपस्थित किया है, वहाँ मार्कण्डेय ने पूर्वीय प्राकृत की प्रवृत्तियों का नियमन प्रदर्शित किया है।

इन व्याकरण ग्रन्थों के अतिरिक्त रामतर्कवागीश का 'प्राकृतकल्पतरु' शुभचन्द का शब्दचिन्तामणि, शेषकृष्ण का प्राकृत चन्द्रिका और अप्पय दीक्षित का 'प्राकृतमणिदीप' भी अच्छे ग्रन्थ हैं।

आधुनिक प्राकृत व्याकरणों में ए. सी. वुल्नर का 'इण्ट्रोडक्शन टु प्राकृत' (१९३९ सन्), दिनेशचन्द्र सरकार का 'ए ग्रामर ऑव दि प्राकृत लैंग्वेज (१९४३ सन्), ए. एन. घाटगे का 'एन इण्ट्रोडक्शन टु अर्धमागधी' (१९४० सन्), होएफर का 'डे प्राकृत डिआलेक्टो लिब्रि दुओ' (बर्लिन १८३६ सन्), लास्सन का 'इन्स्टीट्यूत्सीओनेस लिंगुआए प्राकृतिकाए' (बौन ई. १८३९), कौवे का 'ए शौर्ट इण्ट्रोडक्शन टु द ऑर्डनरी प्राकृत ऑव द संस्कृत ड्रामाज् विथ ए लिस्ट ऑव कॉमन् इरेगुलर प्राकृत वर्डस्' (लन्दन ई. १८७५) हृषीकेश का 'ए प्राकृत ग्रामर विथ इंगलिश ट्रान्सलेशन (कलकत्ता ई. १८८३) रिचर्ड पिशल का 'प्राकृत भाषाओं का व्याकरण' (पटना ई. १९५८) पं. बेचरदास दोशी का 'प्राकृत व्याकरण' (अहमदाबाद ई. १९२५); डॉ. सरयूप्रसाद अग्रवाल का 'प्राकृत विमर्श' (१९५३ ई.) आदि उपयोगी ग्रन्थ हैं। इन्हीं प्राचीन और नवीन ग्रन्थों से सामग्री ग्रहण कर 'अभिनव प्राकृत व्याकरण' लिखा गया है।

प्रस्तुत ग्रन्थ

उपर्युक्त व्याकरण ग्रन्थों के रहने पर भी सर्वाङ्गपूर्ण प्राकृत व्याकरण की आवश्यकता बनी हुई थी, ऐसा एक भी प्राकृत व्याकरण नहीं, जिसका अध्ययन कर जिज्ञासु व्याकरण सम्बन्धी समस्त अनुशासनों को अवगत कर सके। हाँ, दस–पाँच ग्रन्थों को मिलाकर अध्ययन करने पर भले ही विषय की पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सके, पर एक ग्रन्थ के अध्ययन से वह संभव नहीं है। अतएव संस्कृत व्याकरण 'सिद्धान्त कौमुदी' की शैली के आधार पर प्रस्तुत व्याकरण ग्रन्थ लिखा गया है। इस ग्रन्थ में निम्न विशेष दृष्टिकोण उपलब्ध होंगे–

(१) सन्धि और समास के उदाहरणों में विभिन्न प्राकृत भाषाओं के पदों को रखा गया है। इनके अवलोकन से इस प्रकार की आशंका का होना स्वाभाविक है कि सामान्य प्राकृत से लेखक का क्या अभिप्राय है ? उदाहरणों में अनेकरूपता रहने से सन्धि और समास के नियम किस प्राकृत भाषा के हैं ? इस आशंका के निराकरण हेतु हमारा यही निवेदन है कि सन्धि और समास के नियम सभी प्राकृतों में समान हैं। जो नियम महाराष्ट्री प्राकृत में लागू होते हैं, वे ही अर्धमागधी या अन्य प्राकृत भाषाओं में भी। अतः सन्धिप्रकरण और समासप्रकरण में महाराष्ट्री, अर्धमागधी और शौरसेनी के उदाहरण मिलेंगे; यतः विभिन्न प्राकृतों के अनुशासन में ध्वनि और वर्णविकार सम्बन्धी अन्तर ही सबसे प्रधान है। कृत् प्रत्यय और तद्धित प्रत्यय सम्बन्धी विशेषताएँ

भी पायी जाती हैं। शेष बातें समस्त प्राकृतों में प्रायः समान रहती हैं। उदाहरणार्थ दीर्घसन्धि जिन परिस्थितियों में महाराष्ट्री प्राकृत में होती है उन्हीं परिस्थितियों में अर्धमागधी भाषा में भी। अतएव सामान्य प्राकृत से महाराष्ट्री प्राकृत का ग्रहण होने पर भी सन्धि, समास और स्त्रीप्रत्यय प्रकरण के उदाहरणों में समान नियमों से अनुशासित होने वाले अर्धमागधी और महाराष्ट्री भाषाओं के उदाहरण संकलित हैं।

(२) पद, वाक्य, सन्धि, समास, स्त्री प्रत्यय, कृत्, तद्धित आदि की परिभाषाएँ दी गयी हैं। इन परिभाषाओं में संस्कृत व्याकरण सरणि की गन्ध पायी जा सकती है। पर इस तथ्य को सदा ध्यान में रखना चाहिए कि किसी भी प्राच्य भाषा के अनुशासन प्रसंग में उक्त परिभाषाएँ वे ही रहेंगी, जो संस्कृत में हैं। यतः संस्कृत व्याकरण का सर्वाधिक प्रभाव अन्य भारतीय भाषाओं के व्याकरण ग्रन्थों पर है।

(३) स्त्रीप्रत्यय और कारक के नियम संस्कृत व्याकरण के आधार पर ही प्रस्तुत व्याकरण में निबद्ध किये गये हैं। प्रत्ययों के रूप भी संस्कृत व्याकरण के समान ही हैं।

(४) जितने प्राकृत व्याकरण उपलब्ध हैं, उनसे तभी कोई व्यक्ति अनुशासन सम्बन्धी नियमों की जानकारी प्राप्त कर सकता है, जब संस्कृत व्याकरण की जानकारी हो। संस्कृत व्याकरण की जितनी अच्छी जानकारी रहेगी, उक्त व्याकरण ग्रन्थों से प्राकृत भाषा सम्बन्धी अनुशासनों को उतने ही व्यापक और गम्भीर रूप में अवगत कर सकेगा। पर इस व्याकरण में इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है कि कोई भी व्यक्ति अन्य भाषा के व्याकरण को जाने बिना भी मात्र इस व्याकरण ग्रन्थ के अध्ययन से प्राकृत भाषा के अनुशासन सम्बन्धी समस्त नियमों को जान जाये।

(५) इस व्याकरण में स्त्रीप्रत्यय, कारक, शब्दरूप, धातुरूप, कृदन्त, तद्धित एवं धातुकोष विस्तृत रूप में दिये गए हैं। ये प्रकरण इतने व्यापक रूप में अन्य किसी व्याकरण ग्रन्थ में उपलब्ध नहीं हो सकेंगे।

(६) शौरसेनी, जैन शौरसेनी, मागधी, अर्धमागधी, जैन महाराष्ट्री, पैशाची, चूलिका पैशाची एवं अपभ्रंश भाषा का अनुशासन भी दिया गया है, जिससे महाराष्ट्री के सिवा अन्य भाषाओं की प्रवृत्तियों की जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।

(७) पाद-टिप्पणियों में हेमर, वररुचि और त्रिविक्रम के सूत्र भी दिये गये हैं, जिससे अनुशासन सम्बन्धी नियमों को हृदयंगम करने में सरलता रहेगी।

(८) परिशिष्टों में उदाहरण शब्दानुक्रमणिका के साथ विभिन्न प्रयोग सूचियाँ दी गयीं हैं, जिनसे पाठकों को प्राकृत भाषा के अध्ययन में सरलता प्राप्त होगी।

(९) इस शब्दानुशासन में एक विशेषता और उपलब्ध होगी कि जिस विषय को उठाया है, उसका अनुशासन सभी दृष्टिकोणों से पूर्णरूपेण उपस्थित किया है।

जहाँ तक हमारा विश्वास है इस एक व्याकरण के अध्ययन के उपरान्त अन्य व्याकरणों की जानकारी की अपेक्षा नहीं रहेगी। मध्यकालीन आर्य भाषाओं की प्रमुख प्रवृत्तियों के साथ आधुनिक आर्य भाषाओं की उत्पत्ति के बीज सिद्धान्तों को भी जाना जा सकेगा।

(१०) भाषाविज्ञान के अनेक सिद्धान्त भी इस व्याकरण में समाविष्ट हैं। स्वरलोप, व्यञ्जनलोप, स्वरागम, व्यञ्जनागम, स्वर–व्यञ्जन–विपर्यय, समीकरण, विषमीकरण, घोषीकरण, अघोषीकरण, अभिश्रुति, अपश्रुति और स्वरभक्ति के नियम इसमें अन्तर्हित हैं। अतः भाषाविज्ञान के अध्ययनार्थियों के लिए इस व्याकरण की उपयोगिता कम नहीं है।

आभार

इस व्याकरण को लिखने की प्रेरणा श्री भाई विनयशंकर जी, तारा पब्लिकेशन्स, वाराणसी एवं मित्रवर डॉ. राममोहनदास जी एम.ए., पी–एच. डी. आरा से प्राप्त हुई है। आप दोनों के आग्रह से यह कृति एक वर्ष में लिखकर पूर्ण की गयी है, अतः मैं उक्त दोनों भाइयों के प्रति हृदय से कृतज्ञता ज्ञापन करता हूँ।

आदरणीय डॉ. एन. टाटिया, निर्देशक प्राकृत जैन विद्यापीठ, मुजफ्फरपुर ने विषय सम्बन्धी सुझाव दिये हैं, जिनके लिए उनका आभारी हूँ। उदाहरणानुक्रमणिका एर्व प्रयोगसूची तैयार करने में प्रिय शिष्य श्री सुरेन्द्रकुमार जैन ने अथक श्रम किया है, अतः उन्हें हृदय से आशीर्वाद देता हूँ। भाई प्रो. राजारामजी तथा स्वामी द्वारिकानाथ शास्त्री, व्याकरण–पालि–बौद्धदर्शनाचार्य, वाराणसी से प्रूफ–संशोधन में सहयोग प्राप्त होता रहा है, अतः उनके प्रति भी आभारी हूँ।

उन समस्त ग्रन्थकारों का भी आभारी हूँ, जिनकी रचनाओं के अध्ययन से प्रस्तुत प्राकृत व्याकरण सम्बन्धी सामग्री ग्रहण की गयी है।

भूलों का रहना स्वाभाविक है, अतः त्रुटियों के लिए क्षमायाचना करता हूँ।

एच० डी० जैन कालेज, आरा
(मगध विश्वविद्यालय)
श्रावण, वीर नि० सं० २४८९

नेमिचन्द्र शास्त्री

अनुक्रमणिका

अध्याय १
वर्ण विचार और संज्ञाएँ

अध्याय २
सन्धि-विचार

अध्याय ३

वर्ण विकृति

अध्याय ४

वर्ण परिवर्तन

अध्याय ५

लिंगानुशासन

अध्याय ६

शब्दरूप

अध्याय ७

अव्यय और निपात

अध्याय ८.

कारक, समास और तद्धित

अध्याय ९

क्रिया विचार

अध्याय १०

अन्य प्राकृत भाषाएँ

अध्याय ११

अपभ्रंश : इतिहास और व्यवस्था

प्राच्य भारतीय भाषाओं एवं उनके वाङ्मय
के पारङ्गत विद्वान् समादरणीय
डॉ॰ हीरालालजी जैन
एम॰ ए॰, एल॰ एल॰ बी॰, डी॰ लिट्॰
को सादर समर्पित

श्रद्धावनत
नेमिचन्द्र शास्त्री

पहला अध्याय
वर्ण-विचार और संज्ञाएँ

भाषा की मूल ध्वनियों तथा उन ध्वनियों के प्रतीकस्वरूप लिखित चिह्नों को वर्ण कहते हैं। प्राकृत की वर्णमाला संस्कृत की अपेक्षा कुछ भिन्न है। ऋ, ऌ, ऐ और औ स्वर प्राकृत में ग्रहण नहीं किये गये हैं। व्यंजनों में श, ष और स इन तीन वर्णों में से केवल स का ही प्रयोग मिलता है। न का प्रयोग विकल्प से होता है। अतः प्राकृत की वर्णमाला में निम्न वर्ण पाये जाते हैं।

स्वर—जिन वर्णों के उच्चारण में अन्य वर्णों की सहायता अपेक्षित नहीं होती, वे स्वर कहलाते हैं। प्राकृत में स्वर दो प्रकार के हैं—ह्रस्व और दीर्घ।

अ, इ, उ, ए, ओ (ह्रस्व)।

आ, ई, ऊ (दीर्घ)।

व्यंजन—जिन वर्णों के उच्चारण करने में स्वर वर्णों की सहायता लेनी पड़ती है, वे व्यंजन कहलाते हैं। प्राकृत में व्यंजनों की संख्या ३२ है।

क	ख	ग	घ	ङ	(क वर्ग)
च	छ	ज	झ	ञ	(च वर्ग)
ट	ठ	ड	ढ	ण	(ट वर्ग)
त	थ	द	ध	न	(त वर्ग)
प	फ	ब	भ	म	(प वर्ग)
	य	र	ल	व	(अन्तःस्थ)
			स	ह	(ऊष्माक्षर)
				ं	(अनुस्वार)

अनुस्वार को भी व्यंजन माना गया है, यतः अनुस्वार म् या न् का रूपान्तर है। प्राकृत में विसर्ग की स्थिति नहीं है। विसर्ग सर्वदा ओ या ए स्वर में परिवर्तित हो जाता है। असंयुक्त अवस्था में ङ और ञ का व्यवहार भी नहीं पाया जाता है। अतः व्यंजन ३० हैं।

वर्णों के उच्चारण

कण्ठ्य—अ, आ, क, ख, ग, घ, ङ और ह का उच्चारण स्थान कंठ है। अतः ये वर्ण कंठ्य कहलाते हैं।

तालव्य—इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ और य का उच्चारण स्थान तालु है, अतः ये वर्ण तालव्य कहलाते हैं।

मूर्धन्य—ट, ठ, ड, ढ, ण और र का उच्चारण स्थान मूर्धा है, अतः ये वर्ण मूर्धन्य कहलाते हैं।

दन्त्य—त, थ, द, ध, न, ल और स का उच्चारण स्थान दन्त है, अतः ये वर्ण दन्त्य कहलाते हैं।

ओष्ठ्य—उ, ऊ, प, फ, ब, भ और म का उच्चारण स्थान ओष्ठ है, अतः ये वर्ण ओष्ठ्य कहलाते हैं।

अनुनासिक—ञ, म, ङ, ण, न और म का उच्चारण स्थान नासिका है, अतः ये वर्ण अनुनासिक कहलाते हैं।

ऐ और ए का कण्ठ, तालु, औ और ओ का कंठ–ओष्ठ, वकार का दन्तोष्ठ और अनुस्वार का नासिका उच्चारण स्थान है।

प्रयत्न विचार

वर्णोच्चारण के लिए ध्वनियंत्र को जो आयास करना पड़ता है, उसे प्रयत्न कहते हैं। यह दो प्रकार का होता है–आभ्यन्तर और बाह्य।

वर्णोच्चारण के पूर्व हृदय में जो आयास–प्रयत्न होता है, उसे आभ्यन्तर और मुख से वर्ण निकलते समय जो आयास करना पड़ता है, उसे बाह्य प्रयत्न कहते हैं। आभ्यन्तर प्रयत्न का अनुभव बोलने वाले को ही होता है, किन्तु बाह्य का अनुभव श्रोता भी करते हैं।

आभ्यन्तर प्रयत्न पाँच प्रकार का होता है–स्पृष्ट, ईषत्स्पृष्ट, ईषद्विवृत, विवृत और संवृत।

क से म पर्यन्त वर्णों का स्पृष्ट; य, र, ल और व का ईषत्स्पृष्ट; स और ह का ईषद्विवृत और स्वरों का विवृत प्रयत्न होता है। ह्रस्व उकार का प्रयोगावस्था–परिनिष्ठित सिद्धरूप में संवृत प्रयत्न होता है; किन्तु प्रक्रिया दशा–साधनावस्था, में विवृत प्रयत्न ही रहती है।

बाह्य प्रयत्न ग्यारह प्रकार का है–विवार, संवार, श्वास, नाद, घोष, अघोष, अल्पप्राण, महाप्राण, उदात्त, अनुदात्त ओर स्वरित।

जिन वर्णों का उच्चारण करते समय कण्ठ का विकास हो, उन्हें विवार; जिनके उच्चारण में कंठ का विकास न हो, उन्हें संवार; जिनका उच्चारण करते

समय श्वास चलती रहे, उन्हें श्वास; जिनका उच्चारण नाद से हो, उन्हें नाद; जिन वर्णों का उच्चारण करते समय गूँज हो, उन्हें घोष; जिनके उच्चारण में गूंज न हो, उन्हें अघोष; जिनके उच्चारण में प्राणवायु का अल्प उपयोग हो, उन्हें अल्पप्राण एवं जिनके उच्चारण में प्राणवायु का अधिक उपयोग हो, उन्हें महाप्राण कहते हैं।

क, ख, च, छ, ट, ठ, त, थ, प, फ और स का विवार, श्वास और अघोष प्रयत्न है।

ग, ज, ड, द, ब, घ, झ, ढ, ध, भ, ण, न, य, र, ल, व और ह का संवार, नाद और घोष प्रयत्न है।

वर्गों के प्रथम, तृतीय और पंचम वर्ण तथा य, र, ल, व का अल्पप्राण प्रयत्न है।[१]

वर्गों के द्वितीय, चतुर्थ वर्ण तथा स और ह का महाप्राण प्रयत्न है।[२]

क से म पर्यन्त पच्चीस वर्ण स्पर्श कहलाते हैं।[३] इनके उच्चारण में जीभ का अगला, पिछला या मध्यभाग कंठ, तालु प्रभृति स्थानों का स्पर्श करता है। अतः ये वर्ण स्पर्श वर्ण कहलाते हैं।

य, र, ल और व ये चार वर्ण अन्तस्थ कहलाते हैं।[४] इनके अन्तःस्थ कहलाने का कारण यह है कि ये चारों स्पर्श और ऊष्म के मध्यवर्ती हैं।

स और ह ऊष्म वर्ण हैं। इन वर्णों के उच्चारण में अधिक वायु निकलती है, अतः ये ऊष्म कहलाते हैं।

अनुस्वार की अयोगवाह संज्ञा है।

क से म पर्यन्त जिन वर्णों को स्पर्श कहा गया है, उनके उच्चारण के लिए आने वाला श्वास स्वरतन्त्रियों के प्रभाव से घोष या अघोष होकर आता है। अतः इन पाँचों में प्रत्येक के मोटे-मोटे दो भेद हो गये-(१) घोष स्पर्श और (२) अघोष स्पर्श। अघोष स्पर्श के भी प्राणत्व के आधार पर दो भेद हैं-(१) अघोष अल्पप्राण स्पर्श और (२) अघोष महाप्राण स्पर्श। घोष स्पर्श के तीन भेद हैं-(१) घोष अल्पप्राण स्पर्श (२) घोष महाप्रण स्पर्श और (३) घोष अनुनासिक। घोष अनुनासिकों के उच्चारण में कौवा (कण्ठपिटक) बीच में रहता है, जिसके फलस्वरूप थोड़ी श्वास मुँह और नाक दोनों से निकलती है। अनुनासिक वर्णों के अतिरिक्त अन्य स्पर्शों के उच्चारण में कौवा नासिकाविवर

---

१. वर्गाणां प्रथमतृतीयपञ्चमा यणश्चाल्पप्राणाः। २. वर्गाणां द्वितीयचतुर्थौ शलश्च महाप्राणाः।
३. कादयो मावसानाः स्पर्शाः। ४. यणोऽन्तःस्थाः।

को बन्द किये रहता है, अतः श्वास केवल मुँह से निकलती है।

इस प्रकार कण्ठ्य, मूर्धन्य, तालव्य, दन्त्य और ओष्ठ्य इन पाँचों स्पर्श वर्गों में से प्रत्येक वर्ग के निम्न पाँच भेद होते हैं–

१. अघोष अल्पप्राण–क, त, प आदि।

२. अघोष महाप्राण–ख, थ, फ आदि।

३. घोष अल्पप्राण–ग, द, व आदि।

४. घोष महाप्राण–घ, ध, भ आदि।

५. अनुनासिक या घोष अल्पप्राण अनुनासिक–ङ, न, म आदि।

स्व संज्ञा–जिस वर्ण का जिस वर्ण के साथ तालु आदि स्थान और आभ्यन्तर प्रयत्न एक हो, वह वर्ण स्व या सवर्ण संज्ञक होता है।[१]

विभक्ति संज्ञाएँ–सु आदि विभक्तियों में अन्त्य इत्संज्ञक वर्ण के साथ उच्चरित आदि वर्ण अपने तथा मध्यवर्ती वर्णों का भी बोधक होता है। जैसे प्रथमा विभक्ति में सु और जस् की सस् संज्ञा, द्वितीया विभक्ति में अम् और शस् की अस् संज्ञा, तृतीया विभक्ति में टा और भिस् की टास् संज्ञा, चतुर्थी विभक्ति में ङे और भ्यस् की ङेस् संज्ञा, पंचमी में ङसि और भ्यस् की ङसिस् संज्ञा, षष्ठी में ङस् और आम् की ङम् संज्ञा एवं सप्तमी में ङि और सुप् की ङिप् संज्ञा होती है।[२]

ह संज्ञा[३]–ह्रस्व वर्णों की 'ह' संज्ञा होती है।

दि संज्ञा[४]–दीर्घ वर्णों की 'दि' संज्ञा होती है।

स संज्ञा[५]–समास की 'स' संज्ञा होती है।

शु संज्ञा[६]–श, ष और स की 'श' संज्ञा होती है।

खु संज्ञा[७]–आदि वर्ण की 'खु' संज्ञा होती है। यथा ''खोः कन्दुक–'' इत्यादि में खु शब्द से आदि वर्ण का बोध होता है।

स्तु संज्ञा[८]–दो संयुक्त व्यञ्जनों की 'स्तु' संज्ञा होती है।

ग संज्ञा[९]–गणप्रधान जो आदि शब्द होता है, उसकी 'ग' संज्ञा होती है। जैसे–'क्लीवे गुणगाः' में गुणगा शब्द गुणादि का बोधक है।

फु संज्ञा[१०]–शब्द के द्वितीय वर्ण की 'फु' संज्ञा होती है।

---

१. तुल्यस्थानस्य प्रयत्नः स्वः १।१।१७ हे.।
२. सुप्स्वादिरन्त्यहला १।१।४ त्रि.।
३. हो ह्रस्वः १।१।५ त्रि.।
४. दि दीर्घ्रः १।१।६ त्रि.।
५. सः समासः १।१।७ त्रि.।
६. शषसाः शुः १।१।८ त्रि.।
७. आदिः खुः १।१।९ त्रि.।
८. संयुक्तं स्तु १।१।१२ त्रि.।
९. गो गणपरः १।१।१० त्रि.।
१०. द्वितीयः फुः १।१।११ त्रि.।
११. तु विकल्पे १।१।१३ त्रि.।

तु संज्ञा[११]–विकल्प विधान की 'तु' संज्ञा होती है।

बहुल संज्ञा[१]–विकल्प 'बहुल' संज्ञा भी होती है।

रित् संज्ञा[२]–रेफ की 'रित्' संज्ञा होती है।

लुक् संज्ञा–लोप की 'लुक्' संज्ञा होती है।

उद्वृत्त स्वर व संज्ञा[३]–व्यंजन घटित स्वर से व्यंजन का लोप हो जाने पर जो स्वर शेष रह जाता है, उसकी 'उद्वृत्त स्वर' संज्ञा होती है।

❑ ❑ ❑

१. बहुलम् १।१।१७ त्रि.।

२. रिता द्वित्वल् १।१।८५ त्रि.।

३. स्वरस्योद्वृत्ते ८।१।८ हे.।

दूसरा अध्याय
सन्धि विचार

प्राकृत भाषा का व्याकरण प्राकृत में ही लिखा हुआ उपलब्ध नहीं होता है। जितने भी प्राकृत वैयाकरण हैं, उन्होंने संस्कृत शब्दों में विकार के नियमों का निरूपण कर प्राकृत शब्दों की निष्पत्ति दिखलायी है। अतः यहाँ सन्धि के उन्हीं नियमों का विवेचन किया जायेगा, जिनका प्रयोग प्राकृत साहित्य में पाया जाता है।

सन्धि—जब किसी शब्द में दो वर्ण निकट आने पर मिल जाते हैं, तो उनके मेल से उत्पन्न होने वाले विकार को सन्धि कहते हैं।

संयोग और सन्धि में इतना भेद है कि जहाँ वर्ण अपने स्वरूप से बिना किसी विकार के मिलते हैं, उसे संयोग और जहाँ विकृत होकर उनके स्थान में कोई आदेश होने से मिलते हैं, उसे सन्धि कहते हैं।

समास और सन्धि में यह अन्तर है कि समास में प्रायः दो या अधिक पद विभक्तियों का त्याग कर मिलते हैं, पर सन्धि में विभक्तियों सहित पदों का संयोग होता है। संक्षेप में वर्णविकार सन्धि है और शब्दविकार समास।

प्राकृत में सन्धि की व्यवस्था विकल्प से होती है, नित्य नहीं। सन्धि के तीन भेद हैं–स्वर सन्धि, व्यंजन सन्धि और अव्यय सन्धि।

स्वर सन्धि—दो अत्यन्त निकट स्वरों के मिलने से जो ध्वनि में विकार उत्पन्न होता है, उसे स्वर सन्धि कहते हैं। जैसे–मगह + अहिवई = मगहाहिवई (मगधाधिपतिः)।

व्यञ्जन सन्धि—व्यंजन वर्ण के साथ व्यंजन या स्वर वर्ण के मिलने से जो विकार होता है, उसे व्यंजन सन्धि कहते हैं; जैसे–उसभम् + अजियं = उसभमजियं (ऋषभम् + अजितम्)। प्राकृत में विसर्ग सन्धि का कोई स्थान नहीं है; क्योंकि विसर्ग के स्थान पर ओ या ए हो जाता है।

अव्यय सन्धि—संस्कृत में इस नाम की कोई सन्धि नहीं है, पर प्राकृत में अनेक अव्यय पदों में यह सन्धि पायी जाती है। यह सन्धि दो अव्यय पदों में होती है। यथा–किं + अपि किं पि। इसमें सन्देह नहीं कि प्राकृत में अव्यय और निपात का महत्त्वपूर्ण स्थान है। यही कारण है कि इस सन्धि को अलग मानना पड़ता है।

स्वर सन्धि

प्राकृत में प्रधानतः चार प्रकार की स्वर सन्धियाँ पायी जाती हैं–दीर्घ, गुण, ह्रस्वदीर्घ और प्रकृतिभाव या सन्धि-निषेध। वृद्धि सन्धि के भी विकृत रूप मिलते हैं।

(१) दीर्घ सन्धि[१]–ह्रस्व या दीर्घ अ, इ और उ से उनका स्व–सवर्ण स्वर परे रहे तो दोनों के स्थान में सवर्ण दीर्घ होता है। उदाहरण–

(क) अ + अ = आ–दंड + अहीसो = दंडाहीसो, दंड अहीसो (दंडाधीशः)
अ + आ = आ–विसम + आयवो = विसमायवो, विसम आयवो (विषमातपः)
आ + अ = आ–रमा + अहीणो =रमाहीणो, रमा अहीणो (रमाधीनः)
आ + आ = आ–रमा +आरामो = रमारामो, रमा आरामो (रमारामः)
ण + अल्लिअइ = णाल्लिअइ
ण + आगअ = णागअ (नागतः)
ण + आलवइ = णालवइ (नालयति)
न + अभिजाणइ = नाभिजाणइ (नाभिजानाति)
न + अइदूर = नाइदूर (नातिदूरम्)
ण + अलंकिदा = णालंकिदा (नालंकृता)
धम्मकहा + अवसान = धम्मकहावसान (धर्मकथावसानम्)
महा + आक्खंद = महाक्खंद, महाआक्खंद (महाकुन्दः)
बहु + उदग = बहूदग, बहुउदग (बहूदकम्)
कअ + अवराह = कआवराह (कृतापराधः)
आरक्ख + अधिकते = आरक्खाधिकते (अरक्षाधिकृताम्)
जेण + अहं = जेणाहं (येनाहं)
महाराअ + अधिराओ = महाराआधिराओ (महाराजाधिराजः)
इह + अडवीए = इहाडवीए (इहाटव्याम्)
सहस्स + अतिरेक = सहस्सातिरेक (सहस्रातिरेकः)
इंगिय + आगार = इंगियागार (इंगिताकारः)
किलेस + अणल = किलेसाणल (क्लेशानलः)
दूदिअल + अवमाण = दूदिअलावमाण (द्यूतकरावमानम्)
अह + अवरा = अहावरा (अथापरा)
सास + अणल = सासाणल (श्वासानलः)

---

१. समानानां तेन दीर्घः १।२।१ हे.।

इस सन्धि के निषेध–

अइरेग + अट्ठवास = अइरेगअट्ठवास (अतिरेकाष्टवर्ष:)

सयल + अत्थमियजियलोअ = सयल अत्थमियजियलोअ (सकलास्तमितजीवलोक:)

सव्व + अत्थेसु = सव्व अत्थेसु (सर्वार्थेषु)

सेलग जक्ख + आरुहण = सेलग जक्खआरुहण (शैलक यक्षारोहणम्)

ण + आणामि = ण आणामि (न जानामि)

ण + आणासि = ण आणासि (न जानासि)

ण + आणीयदि = ण आणीयदि (न आनयति)

अ + आणंतेण = अ आणंतेण (अजानता)

अ + आणिअ = अ आणिअ (अज्ञात्वा)

विशेष–

प्राकृत में प्रथम पद के अ और अण के स्थान पर ण आदेश होता है। यथा–

अ + अणसहिआलोअ = णसहिआलोअ (असोढालोक:)

अ + अणसहिअ पडिबोह = णसहिअपडिबोह (असोढप्रतिबोघ:)

अ + अणपहुप्पंत = णपहुप्पंत, णवहुन्त (अप्रभवत्)

(ख) इ + इ = ई–मुणि + इणो = मुनीणो, मुणिइणो (मुनीन:)

इ + ई = ई–मुणि + ईसरो = मुणीसरो, मुणि ईसरो (मुनीश्वर:)

दहि + ईसरो = दहीसरो, दहि ईसरो (दधीश्वर:)

ई + इ = ई–गामणी + इइहासो = गामणीइहासो, गामणी इइहासो (ग्रामणीतिहास:)

ई + ई = ई–गामणी + ईसरो = गामणीसरो, गामणी ईसरो (ग्रामणीश्वर:)

पुहवी + ईस = पुहवीस (पृथिवीश:)

(ग) उ + उ = ऊ–भाणु + उवज्झाओ = भाणूवज्झाओ, भाणु उवज्झाओ (भानूपाध्याय:)

साउ + उअयं = साऊअयं, साउउअयं (स्वादूदकम्)

उ + ऊ = ऊ–साहु + ऊसवो = साहूसवो, साहु ऊसवो (साधूत्सव:)

ऊ + उ = ऊ–बहू + उअरं = बहूअरं, बहू उअरं (वधूदरम्)

ऊ + ऊ = ऊ–कणेरू + ऊसिअं = कणेरूसिअं, कणेरू ऊसिअं (कणेरूच्छ्रितम्)

(२) गुण सन्धि[१]—अ या आ वर्ण से परे ह्रस्व या दीर्घ इ और उ वर्ण हो तो पूर्व पर के स्थान में एक गुण आदेश होता है। उदाहरण–

(क) अ + इ = ए–वास + इसी[२] = वासेसी, वास इसी (व्यासर्षिः)
आ + इ = ए–रामा + इअरो = रामेअरो, रामा इअरो (रामेतरः)
अ + ई = ए–वासर + ईसरो = वासरेसरो, वासर ईसरो (वासरेश्वरः)
आ + ई = ए–विलया + ईसो = विलयेसो, विलयाईसी (वनितेशः)

(ख) अ + उ = ओ–गूढ + उअरं = गूढोअरं, गूढ उअरं (गूढोदरम्)
आ + उ = ओ–रमा + उवचिअं = रमोवचिअं, रमाउवचिअं (रमोपचितम्)
अ + ऊ = ओ–सास + ऊसासा = सासोसासा, सासऊसासा (श्वासोच्छ्वासो)
आ + ऊ = ओ–विज्जुला + ऊसुंभिअं = विज्जुलोसुंभिअं, विज्जुलाऊसुंभिअं (विद्युदुल्लसितम्)

गुण सन्धि के अन्य उदाहरण

दिसा + इभ = दिसेभ
संदट्ट + इभमोंत्तिअ = संदट्टेभमोत्तिअ (संदृष्टेभमौक्तिकः)
पाअड + उरु= पाअडोरु (प्रकटोरुः)
सामा + उअअं = सामोअअं (श्यामोदकम्)
गिरि लुलिअ + उअहि = गिरिलुलिओअहि (गिरिलुलितोदधि)
महा + इसि = महेसि (महर्षिः)
राअ + इसि = राएसि (राजर्षिः)
सव्व + उउय = सव्वोउय (सर्वर्तुकः)
णिच्च + उउग = णिच्चोउग (नित्यर्तुकः)
करिअर + उरु = करिअरोरु (करिभोरू)
अण + उउय = अणोउय (अनृतुकः)

---

१. अवर्णस्येवर्णादिनैदोदरल् १।२।६ हे.।

२. पदयोः सन्धिर्वा ८।१।५–संस्कृतोक्तः सन्धिः सर्वः प्राकृते पदयोर्व्यवस्थितविभाषया भवति।

अपवाद—सन्धि निषेध

पढमसमय + उवसंत = पढमसमयउवसंत (प्रथमसमयोपशान्तः)
आयरिय + उवज्झाय = आयरिय उवज्झाय (आचार्योपाध्यायः)
हेट्ठिम + उवरिय =हेट्ठिमउवरिय (अधस्तोपरि)
कंठसुत + उरत्थ = कंठसुत्तउरत्थ (कंठसूत्रोरस्थः)
अप्प + उदय = अप्पउदय (अल्पोदकम्)
दीवदिसा + उदहीणं = दीवदिसा उदहीणं (द्वीपदिगुदधीनाम्)

सन्धि अभाव—

महा + उदग = महाउदग (महोदकम्)
ईहामिग + उसभ =ईहामिगउसभ (ईहामृगर्षभः)
खग्ग + उसम =खग्गउसभ (खंगर्षभः)
पवयण + उवघोयग =पवयणउवघोयग (प्रवचनोपघातकः)
संजम + उवघाय = संजमउवघाय (संयमोपघातः)
वसंतुस्सव + उवायण = वसंतुस्सवउवायण (वसन्तोत्सवोपायण)

(३) विकृत वृद्धि—सन्धि—

१—ए, ओ से पहले; किन्तु उस ए, ओ से पहले नहीं जो संस्कृत ऐ और औ से निकले हों, अ और आ का लोप हो जाता है अर्थात् मूल ए और ओ से परे अ और आ का लोप होता है। उदाहरण—

गाम + एणी = गामेणी
णव + एला = णवेला
खुड्डग + एगावलि = खुड्डगेगावलि
फुल्ल + एला = फुल्लेला
जाल + ओलि = जालोलि (ज्वालावलिः)
वण + ओलि = वणोलि (वनावलिः)
वाअ + ओलि = वाओलि (वातावलिः)
पहा + ओलि = पहोलि (प्रभावलिः)
उदअ + ओल्ल = उदओल्ल (उदकार्द्रः)
वासेण + ओल्ल = वासेणोल्ल (वर्षार्द्रः)
माला + ओहड = मालोहड (मालापहृतः)
मट्टिअ + ओलित्त = मट्टिओलित्त (मृत्तिकावलिप्तः)

जल + ओह = जलोह (जलौघः)
संठाण + ओसप्पिणी = संठाणोसप्पिणी (संस्थानावसर्पिणी)
गुड + ओदन = गुडोदन (गुडौदनम्)
कररुह + ओरंप = कररुहोरंप
वाअंदोलण + ओणविअ = वाअंदोलणोणविअ (वातान्दोलनावनमित)
खंधुक्ख + एव = खंधुक्खेव (स्कन्धोत्क्षेपः)
पातुक्ख + एव = पातुक्खेव (पादोत्क्षेपः)

(४) ह्रस्व दीर्घ विधान सन्धि[१]**—**प्राकृत में सामासिक पदों में ह्रस्व का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व होता है। इस ह्रस्व या दीर्घ के लिए कोई निश्चित नियम नहीं है। यह ह्रस्व स्वर का दीर्घ और दीर्घ स्वर का ह्रस्व विधान कभी बहुल–विकल्प से और कभी नित्य होता है। यथा–

ह्रस्व स्वर का दीर्घ—

अन्त + वेई = अन्तावेई (अन्तर्वेदि)
सत्त + वीसा = सत्तावीसा (सप्तविंशतिः)
पइ + हरं = पईहरं, पइहरं (पतिगृहम्)
वारि + मई = वारीमई, वारिमई (वारिमती)
भुअ + यंतं = भुआयंतं, भुअयंतं (भुजायन्त्रम्)
वेलु + वणं = वेलूवणं, वेलुवणं (वेणुवनम्)

दीर्घ स्वर का ह्रस्व—

जउँणा + यडं = जउँणयडं, जउँणायडं (यमुनातटम्)
नई + सोत्तं = नइसोत्तं, नईसोत्तं (नदीस्रोतः)
मणा + सिला = मणसिला, मणासिला (मनःशिला)
गोरी + हरं = गोरिहरं, गोरीहरं (गौरीगृहम्)
बहू + मुहं = बहुमुहं, बहूमुहं (वधूमुखम्)
सिला + खलिअं = सिलखलिअं, सिलाखलिअं (शिलास्खलितम्)

(५) प्रकृतिभाव सन्धि—सन्धि कार्य के न होने को प्रकृति–भाव कहते हैं। प्राकृत में संस्कृत की अपेक्षा सन्धि निषेध अधिक मात्रा में पाया जाता है। अतः यहाँ इस सन्धि के आवश्यक नियमों का विवेचन किया जायेगा।

---

१. दीर्घह्रस्वौ मिथो वृत्तौ ८।१।४–वृत्तौ समासे स्वराणां दीर्घह्रस्वौ बहुलं भवतः। मिथः परस्परम्। तत्र ह्रस्वस्य दीर्घः।

(१) इ और उ का विजातीय स्वर के साथ सन्धि कार्य नहीं होता।[१] जैसे–पहावलि + अरुणो = पहावलिअरुणो (प्रभावल्यरुणः)

बहु + अवऊढो = बहुअवऊढो (बध्ववगूढः)

न वेरिवग्गे वि + अवयासो = न वेरिवग्गे वि अवयासो (न वैरिवर्गेऽप्यवकाशः)

दणु + इन्दरुहिरलित्तो = दणुइन्दरुहिरलित्तो (दनुजेन्द्ररुधिरलिप्तः)

वि + अ = विअ (इव)

महु + इँ = महुइँ (मधूनि)

वन्दामि + अज्जवइरं = वन्दामि अज्जवइरं

(२) ए और ओ के आगे यदि कोई स्वर वर्ण हो तो उनमें सन्धि नहीं होती है।[२] यथा–

रुक्खादो + आअओ = रुक्खादो आअओ (वृक्षादागतः)

वणे + अडइ = वणेअडइ (वनेऽटति)

लच्छीए + आणंदो = लच्छीएआणंदो (लक्ष्म्या आनन्दः)

देवीए + एत्थ = देवीएएत्थ (देव्या अत्र)

एओ + एत्थ = एओएत्थ (एकोऽत्र)

वहुआइनहुल्लिहणे + आबन्धतीएँ कञ्चुअं अंगे = बहुआइनहुल्लिहणे आबन्धतीएँ कञ्चुअं अंगे (वध्वा नखोल्लेखने आबध्नत्या कञ्चुकमङ्गे)

तं चेव मलिअ विरुदण्ड विरसमालक्खिमो + एण्हिं = तं चेव मलिअविरुदण्ड विरसमालक्खिमो एण्हिं (तदेव मृदितविरुदण्डविरसमालक्षयामः इदानीम्)

अहो + अच्छरिअं = अहो अच्छरिअं (अहो आश्चर्यम्)

(३) उद्वृत्त स्वर का किसी भी स्वर के साथ सन्धि कार्य नहीं होता।[३] यथा–

निसा + अरो = निसा अरो (निशाचरः)–यहाँ चर शब्द के च का लोप होने से अ स्वर उद्वृत्त है।

गन्ध + उडिं = गन्ध उडिं (गन्धकुटीम्)–'कु' में क व्यञ्जन का लोप होने से उ उद्वृत्त है।

निसि + अरो = निसि अरो (निशिचरः)–'च' का लोप होने से अ स्वर उद्वृत्त है।

रयणी + अरो = रयणी अरो (रजनीचरः)

मणु + अत्तं=मणु अत्तं (मनुजत्वं)–'ज' का लोप होने पर अ उद्वृत्त है।

---

१. न युवर्णस्यास्वे ८।१।६. इवर्णस्य उवर्णस्य च अस्वे वर्णे परे सन्धिर्न भवति। हे.।

२. एदोतोः स्वरे ८।१।७ एकार–ओकारयोः परे सन्धिर्न भवति। हे.।

३. स्वरस्योद्वृत्ते ८।१।८. स्वरस्य उद्वृत्ते स्वरे परे संधिर्न भवति। हे.।

अपवाद–कहीं-कहीं इस नियम के प्रतिकूल उद्वृत्त स्वर का दूसरे स्वर के साथ विकल्प से सन्धि कार्य होता है और कहीं नियमतः सन्धि होती है। यथा–कुम्भ + आरो = कुम्भारो, कुम्भआरो (कुम्भकारः)–इस उदाहरण–में ककार का लोप होने से अवशिष्ट आ स्वर उद्वृत है। अतः उद्वृत्त स्वर की म्भकारोत्तरवर्ती अकार के साथ विकल्प से सन्धि हुई है।

सु + उरिसो= सूरिसो, सुउरिसो (सुपुरुषः)–'पु' के प व्यञ्जन का लोप होने पर 'उ' उद्वृत्त स्वर है। इसकी 'सु' के साथ विकल्प से सन्धि हुई है।

नित्य सन्धि–चक्क + आओ= चक्काओ (चक्रवाकः)–'वाकः' में से 'वा' का लोप होने से 'आ' उद्वृत्त स्वर है, इसी के साथ नित्य सन्धिकार्य हुआ है।

साल+आहणो=सालाहणो (सातवाहनः)–'व' का लोप होने से 'आ' उद्वृत्त स्वर है और लकारोत्तरवर्ती अकार के साथ उद्वृत्त स्वर की सन्धि हुई है।

(४) 'तिप्' आदि प्रत्ययों के स्वर की अन्य किसी भी स्वर के साथ सन्धि नहीं होती[१]। जैसे–

होइ + इह = होइइह (भवतीह)

(५) किसी स्वरवर्ण के पर में रहने पर उसके पूर्व के स्वर (उद्वृत्त अथवा अनुद्वृत्त) का विकल्प से लोप होता है[२]–सन्धिकार्य नहीं होता। यथा–

तिअस + ईसो = तिअसीसो (त्रिदशेशः)–तिअस (त्रिदश) के सकार के आगे वाले अकार का 'ईसो' (ईशः) के ई के पर में रहने पर लोप हो गया है। अतः स् और ई के मिल जाने से तिअसीसो हुआ है। विकल्पाभाव पक्ष में 'तिअस ईसो' भी होता है। इसी प्रकार–

राअ + उलं=राउलं (राजकुलम्)–यहाँ उद्वृत्त स्वर का लोप हुआ है।

नीसास + ऊसासा = नीसासूसासा (निःश्वासोच्छ्वासौ)
नर + इंद–नरिंद (नरेन्द्रः)
महा + इंद = महिंद (महेन्द्रः)
देव + इंद = देविंद (देवेन्द्रः)
जोइस + इंद = जोइसिंद (ज्योतिषेन्द्रः)
जिण + इंद = जिणिंद (जिनेन्द्रः)
मअ + इंद = मइंद (मृगेन्द्रः)
गअ + ईद = गइंद (गजेन्द्रः)
माअ + इंदजाल = माइंदजाल (मायेन्द्रजालम्)

---

१. त्यादेः ८।१।९. तिबादीनां स्वरस्य स्वरे परे सन्धिर्न भवति। हे.।

२. लुक् ८।१।१०. स्वरस्य स्वरे परे बहुलं लुग् भवति। हे.।

एग + इंदिय = एगिंदिय (एकेन्द्रियः)
सोअ + इंदिय = सोइंदिय (श्रोत्रेन्द्रियम्)
घाण + इंदिय = घाणिंदिय (घ्राणेन्द्रियम्)
जिभ + इंदिय = जिभिंदिय (जिह्वेन्द्रियम्)
फास + इंदिय = फासिंदिय (स्पर्शनेन्द्रियम्)
तद्दिअस + इंदु = तद्दिअसिंदु (तद्दिवसेन्दुः)
राअ + ईसर = राईसर (राजेश्वरः)
कण्ण + उप्पल = कण्णुप्पल (कर्णोत्पलम्)
णील + उप्पल = णीलुप्पल (नीलोत्पलम्)
णह + उप्पल =णहुप्पल (नखोत्पलम्)
रयण + उज्जल= रयणुज्जल (रत्नोज्ज्वलम्)
पव्वद + उम्मूलिदं = पव्वदुम्मूलिदं (पर्वतोन्मूलितम्)
कअ + ऊसासा = कऊसासा (कृतोच्छ्वासः)
गमण + ऊसुअ = गमणूसुअ (गमनोत्सुकः)
एग + ऊण = एगूण (एकोनः)
पंच + ऊण = पंचूण (पञ्चोनः)
भाग + ऊण = भागूण (भागोनः)
महा + ऊसव = महूसव (महोत्सवः)
वसंत + ऊसव = वसंतूसव (वसन्तोत्सवः)
देव + इड्ढि = देविड्ढि (देवर्द्धिः)
उत्तम + इड्ढि = उत्तमिड्ढि (उत्तमर्द्धिः)
महा + इड्ढिय = महिड्ढिय (महर्द्धितः)
विसेस + उवओगो = विसेसुवओगो (विशेषोपयोगः)

व्यंजन सन्धि

प्राकृत में व्यंजन सन्धि का विस्तृत प्रयोग नहीं मिलता है; यतः प्रायः अन्तिम हलन्त व्यञ्जन का लोप हो जाता है। व्यञ्जन का विकारमात्र अनुनासिक वर्णों में ही उपलब्ध होता है। इस सन्धि का प्रमुख नियमों सहित विवेचन किया जाता है।

(१) अ के बाद आये हुए संस्कृत विसर्ग के स्थान में उस पूर्व 'अ' के साथ ओ हो जाता है[१]। यथा–

---

१. अतो डो विसर्गस्य ८।१।३७ संस्कृतलक्षणोत्पन्नस्यातः परस्य विसर्गस्य स्थाने डो इत्यादेशो भवति। हे.।

अग्रतः > अग्गओ
अन्तः + विस्तम्भः > अन्तोवीसंभो
पुरतः > पुरओ
मनः + शिला > मणोसिला।
सर्वतः > सव्वओ।
मार्गतः > मग्गओ।
भवतः > भवओ।
भवन्तः > भवन्तो।
सन्तः > सन्तो।
कुतः > कुदो।

(२) पद के अन्त में रहने वाले मकार का अनुस्वार होता है[1]। जैसे–

गिरिम् > गिरिं
जलम् > जलं
फलम् > फलं
वृक्षम् > वच्छं

(३) मकार से परे स्वर रहने पर विकल्प से अनुस्वार होता है[2]। यथा–

उसभम् + अजिअं = उसभमजिअं, उसभंअजियं (ऋषभमजितम्)
यम् + आहु = यमाहु, यं आहु
धणम् + एव = धणमेव, धणं एव (धनमेव)

(४) बहुलाधिकार रहने से हलन्त अन्त्य व्यञ्जन का भी मकार होकर अनुस्वार हो जाता हैं[3]। यथा–

साक्षात् > सक्खं
यत् > जं
तत् > तं
विष्वक् > वीसुं
पृथक् > पिहं
सम्यक् > सम्मं

---

१. मोनुस्वारः ८।१।२३. अन्त्यमकारस्यानुस्वारो भवति। हे.।

२. वा स्वरे मश्च ८।१।२४. अन्त्यमकारस्य स्वरे परेनुस्वारो वा भवति। हे.।

३. बहुलाधिकाराद् अन्यस्यापि व्यञ्जनस्य मकारः ८।१।२४ सूत्र की वृत्ति। हे.।

(५) ङ्, ञ् , ण् और न् के स्थान में पश्चात् व्यंजन होने से सर्वत्र अनुस्वार हो जाता है।[१] उदाहरण–

ङ–पङ्क्ति > पंति, पंती; पराङ्मुखः > परंमुहो।

ञ–कञ्चुकः > किंचुओः लाञ्छन्म् > लंछणं।

ण–षण्मुखः > छंमुहो; उत्कण्ठा > उक्कंठा।

न–विन्ध्यः > विंझो, सन्ध्या > संझा।

(६) शौरसेनी प्राकृत में इ और ए के परे रहने से अन्त्य म के स्थान पर विकल्प से 'ण' आदेश होता है। जैसे–

युक्तम् + इदम् = जुत्तं + इणं = जुत्तमिणं, जुत्तंणिणं, जुत्तं इणं।

सदृशम्+ इदम्=सरिसं + इणं=सरिसमिणं, सरिसंणिणं, सरिसं इणं।

किम् + एतत् = किं + एअं = किमेअं–किणेदं, किमेदं।

एवम् + एतत् = एवं + एअं = एवमेअं, एवंणेदं, एवमेदं।

(७) अनुस्वार के पश्चात कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग और पवर्ग के अक्षर होने से क्रम से अनुस्वार को ङ्, ञ्, ण् , न् और म् विकल्प से होते हैं[२]। यथा–

क – पं + को = पङ्को, पंको (पङ्कः)
ख – सं + खो = सङ्खो, संखो (शंखः)
ग – अं + गणं = अङ्गणं, अंगणं (अङ्गनम्)
घ – लं + घणं = लङ्घणं, लंघणं (लङ्घनम्)
च – कं + चुओ = कञ्चुओ, कंचुओ (कञ्चुकः)
छ – लं + छण् = लञ्छणं, लंछणं (लाञ्छनम्)
ज – अं + जिअं = अञ्जिअं, अंजिअं (अञ्जितम्)
झ – सं + झा = सञ्झा, संझा (संध्या)
ट – कं + टओ = कण्टओ, कंटओ (कण्टकः)
ठ – उ + क्कंठा = उक्कण्ठा, उक्कंठा (उत्कण्ठा)
ड – कं + डं = कण्डं, कंडं (काण्डम्)
ढ – सं + ढो = सण्ढो, संढो (षण्ढः)
त – अं + तर = अन्तरं, अंतरं (अन्तरम्)
थ – पं + थो = पन्थो, पंथो (पन्थाः)

१. ङ–ञ–ण–नो व्यञ्जने ८।१।२५. ङ, ञ, ण, न इत्येतेषां स्थाने व्यञ्जने परे अनुस्वारो भवति। हे.।

२. वर्गेन्त्यो वा ८।१।३०. अनुस्वारस्य वर्गे परे प्रत्यासत्तेस्तस्यैव वर्गस्यान्त्यो वा भवति। हे.।

द – चं + दो = चन्दो, चंदो (चन्द्रः)
ध – बं + धवो =बन्धवो, बंधवो (बान्धवः)
प – कं + पइ = कम्पइ, कंपइ (कम्पते)
फ – वं + फइ = वम्फइ, वंफइ (वम्फते)
ब – कलं + बो = कलम्बो, कलंबो (कलम्बः)
भ – आरं + भो = आरम्भो, आरंभो (आरम्भः)

(८) प्राकृत में कितने ही शब्दों के प्रयोगानुसार पहले, दूसरे या तीसरे वर्ण पर अनुस्वार का आगम होता है।[१] यह अनुस्वारागम भी सन्धि कार्य के अन्तर्गत है। उदाहरण–

प्रथम स्वर के ऊपर अनुस्वार–

अंसु (अश्रु) = अंसुं
तंस (त्र्यस्रम्) = तंसं
वंक (वक्रम्) = वंकं
मसू (श्मश्रु) = मंसू
पुछं (पुच्छम्) = पुंछं
गुछं (गुच्छम्) = गुंछं
मुडं (मूर्द्धा) = मुंडं
फसो (स्पर्शः) = फंसो
बुधो (बुध्नः) = बुंधो
ककोडो (कर्कोटः) = कंकोडो
दसणं (दर्शनम्) = दंसणं
विछिओ (वृश्चिकः) = विंछिओ
गिठी या गुठी (गृष्टिः) = गिंठि या गुंठी
मज्जारो (मार्जारः) = मंजारो, मज्जारो

द्वितीय स्वर के ऊपर अनुस्वारागम–

इह = इहं
पडसुआ (प्रतिश्रुत्) = पडंसुआ
मणसी (मनस्वी) = मणंसी
मणसिणी (मनस्विनी) = मणंसिणी

---

१. वक्रादावन्तः ८।१।२६ हे.। वक्र, त्र्यस्र, वयस्य, अश्रु, श्मश्रु, पुच्छ, अतिमुक्तक, गृष्टि, मनस्विनी, स्पर्श, श्रुत, प्रतिश्रुत, निवसन और दर्शन प्रभृति शब्द वक्रादि गण पठित हैं। संस्कृत में यह गण आकृति गण कहलाता है।

मणसिला (मनःशिला) = मणंसिला, मणसिला
वयसो (वयस्यः) = वयंसो
पडिसुदं (प्रतिश्रुतम्) = पडिंसुदं

तृतीय स्वर के ऊपर अनुस्वारागम—

अणिउतयं (अतिमुक्तकम्) = अणिउंतयं, अइमुंतयं, अइमुत्तयं
उवरि (उपरि) = उवरिं
अहिमुको (अभिमुक्तः) = अहिमुंको

(९) जिन शब्दों के अन्त्य व्यंजन का लोप होता है उनके अन्त्य स्वर के ऊपर अनुस्वार का आगम होता है। जैसे—पृथक् = पिहं—इस उदाहरण में अन्त्य व्यंजन क् का लोप हुआ है और पृ में संयुक्त ऋकार के स्थान पर इकारादेश हुआ है, तथा 'थ' के स्थान पर 'ह' हो जाने से 'पिह' बना है। पश्चात् उपर्युक्त नियमानुसार अनुस्वार का आगम हो गया है।

(१०) जहाँ स्वरादि पदों की द्विरुक्ति हुई हो, वहाँ दो पदों के बीच में 'म्' विकल्प से आ जाता है। यथा—

एक्क + एक्कं = एक्कमेक्कं, एक्केक्कं (एकैकम्)
एक्क + एक्केण = एक्कमेक्केण, एक्केक्केण (एकैकेन)
अंग + अंगम्मि = अंगमंगम्मि, अंगअंगम्मि (अङ्गे, अङ्गे)

(११) उण एवं स्यादि के ण और सु के आगे विकल्प से अनुस्वार का आगम होता है।[१] यथा—

काउण (कृत्वा) = काउणं, काउण
काउआण = काउआणं, काउआण
कालेण (कालेन) = कालेणं, कालेण
वच्छेण (वृक्षेण) = वच्छेणं, वच्छेण
वच्छेसु (वृक्षेसु) = वच्छेसुं, वच्छेसु
तेण = (तेन) तेणं, तेण

(१२) प्राकृत में अनुस्वारागम जितना महत्त्वपूर्ण है, उतना ही अनुस्वार लोप भी। अतः व्यंजन सन्धि कार्य के अन्तर्गत अनुस्वार लोप का प्रकरण भी आया है। यहाँ कुछ नियमों का निरूपण किया जायेगा।

(१३) संस्कृत के विंशति, त्रिंशत्, संस्कृत, संस्कार और संस्तुत शब्दों के अनुस्वार का लोप होता है।[२]

---

१. क्त्वा–स्यादेर्ण–स्वोर्वा ८।१।२७. क्त्वायाः स्यादीनां च यो णसू तयोरनुस्वारोन्तो वा भवति। हे.।

२. विंशत्यादेर्लुक् ८।१।२८. विंशत्यादीनाम् अनुस्वारस्य लुग् भवति। हे.।

विंशतिः = वीसा
त्रिंशत् = तीसा
संस्कृतम् = सक्कअं
संस्कारः = सक्कारो
संस्तुतम् = सत्तुअं

(१४) मांसादिगण के शब्दों में अनुस्वार का लुक् विकल्प से होता है[१]। जैसे–

(क) प्रथम स्वर के आगे अनुस्वार का लोप–

मासं, संसं (मांसम्)
मासलं, मंसलं (मांसलम्)
कि, किं (किम्)
कासं, कंसं (कांसम्)
सीहो, सिंघो (सिंहः)
पासू, पंसू (पांसुः–शुः)

(ख) द्वितीय स्वर के आगे अनुस्वार का लोप–

कह, कहं (कथम्)
एव, एवं (एवम्)
नूणं, नूणं (नूनम्)

(ग) तृतीय स्वर के आगे अनुस्वार का लोप–

इआणि, इआणिं (इदानीम्)
संमुह, संमुहं (सम्मुखम्)
किंसुअ, किंसुअं (किंशुकम्)

अव्यय सन्धि

अव्यय पदों में सन्धिकार्य करने को अव्यय सन्धि कहा गया है। यद्यपि यह सन्धि भी स्वर सन्धि के अन्तर्गत ही है, तो भी विस्तार से विचार करने के लिए इस सन्धि का पृथक् उल्लेख किया गया है। यहाँ अव्यय सन्धि के नियमों का विवेचन किया जाता है।

(१) पद से परे आये हुए अपि अव्यय के अ का लोप विकल्प से होता है। लोप होने के बाद अपि का प् यदि स्वर से परे हो तो उसका व हो जाता है[२]। यथा– केण + अपि = केणवि, केणावि (केनापि)
कहं + अपि = कहंपि, कहमवि (कथमपि)

१. मांसादेर्वा ८।१।२९. मांसादीनामनुस्वारस्य लुग् वा भवति। हे.।
२. पदादपेर्वा ८।१/४१. पदात् परस्य अपेरव्ययस्यादेर्लुग् वा भवति। हे.।

किं + अपि = किंपि, किमवि (किमपि)
तं + अपि = तंपि, तमवि (तदपि)

(२) पद से उत्तर में रहने वाले इति अव्यय के आदि इकार का लोप विकल्प से होता है और स्वर के परे रहने वाले तकार को द्वित्व होता है।[१] यथा–

किं + इति = किंति (किमिति)
जं + इति = जंति (यदिति)
दिट्ठं + इति = दिट्ठंति (दृष्टमिति)
न जुत्तं + इति = न जुत्तंति (न युक्तमिति)
स्वर से परे रहने पर तकार की द्वित्व–
तहा + इति = तहात्ति, तहत्ति (तथेति)
पिओ + इति = पिओत्ति, पिउत्ति (प्रियइति)
पुरिसो + इति = पुरिसोत्ति, पुरिसुत्ति (पुरुषइति)

(३) त्यद् आदि सर्वनामों से पर में रहने वाले अव्ययों तथा अव्ययों से पर में रहने वाले त्यदादि के आदि–स्वर का विकल्प से लोप होता है।[२]

एस + इमो = एसमो (एषोऽयम्)
अम्हे + एत्थ = अम्हेत्थ (वयमत्र)
जइ + एत्थ = जइत्थ (यद्यत्र)
जइ + अहं = जइहं (यद्यहं)
जइ + इमा = जइमा (यदीयम्)
अम्हे + एव्व = अम्हेव्व (वयमेव)

अपवाद–पद से पर में इ के न रहने पर इकार का लोप नहीं होता और न तकार को द्वित्व ही होता है। यथा–

'इअ विज्झ–गुहानिलयाए' में इअ–इति के इकार का लोप नहीं हुआ और न तकार को द्वित्व ही हुआ है। इति शब्द जब किसी वाक्य के आदि में प्रयुक्त होता है, तो तकारवाले इकार को अकार हो जाता है। जैसे –'इति यत् प्रियावसाने' संस्कृत वाक्य के स्थान पर 'इआ जंपि अवसाणे' हो जाता है।

❑ ❑ ❑

---

१. इतेः स्वरात् तश्च द्विः ८।१।४२. पदात् परस्य इतेरादेर्लुग् भवति स्वरात् परश्च तकारो द्विर्भवति। हे.।

२. त्यदाद्यव्ययात् तत्स्वरस्य लुक् ८।१।४०. त्यदादेरव्ययाच्च परस्य तयोरेव त्यदाद्यव्यय योरादेः स्वरस्य बहुलं लुग् भवति। हे.।

तीसरा अध्याय
वर्ण विकृति

प्राकृत शब्दावलि को जानने के पूर्व संस्कृत वर्णों में होने वाली उस विकृति को भी जान लेना आवश्यक है, जिसके आधार पर प्राकृत शब्द राशि खड़ी की जा सकती है। यहाँ वर्ण विकृति के साधारण और आवश्यक नियमों का विवेचन किया जाता है।

(१) विजातीय–भिन्न वर्गवाले संयुक्त व्यंजनों का प्रयोग प्राकृत में नहीं होता। अतः प्रायः पूर्ववर्ती व्यंजन का लोप होकर शेष को द्वित्व कर देते हैं।[1] उदाहरण–

उत्कण्ठा = उक्कंठा–इस उदाहरण में विजातीय त् और क् का संयोग है, अतः पूर्ववर्ती त् का लोपकर शेष क् को द्वित्व कर दिया है। ण् का अनुस्वार हो जाने से 'उक्कंठा' शब्द बना है।

नक्तञ्चरः = णक्कंचरो–यहाँ भी त् + क् में से त् का लोप हो गया है और क् को द्वित्व हो गया है।

याज्ञवल्क्येन = जण्णवक्केण – में ज् + न् = ज्ञ में से ज् का लोपकर न् + ण् को द्वित्व कर दिया तथा ल् + क् + य् = ल्क्य में से विजातीय वर्ग ल् + य् का लोपकर शेष क् को द्वित्व कर दिया है।

शक्रः > सक्को–र् + क्–में र् का लोप और क् को द्वित्व।

धर्मः > धम्मो–र् + म् में से र् का लोप और म् को द्वित्व।

विक्लवः > विक्कवो–क् + ल् में से ल् का लोप और क् को द्वित्व।

उल्का > उक्का–ल् + क् में ल् का लोप और क् को द्वित्व।

पक्वम् > पक्कं, पिक्कं–व् + क् में से व् का लोप और क् को द्वित्व।

खड्गः > खग्गो–ड् + ग् में से ड् का लोप और ग् को द्वित्व।

अग्नीन् > अग्गिणी–ग् + न् में से न् का लोप और ग् को द्वित्व।

योग्यः > जोग्गो–ग् + य् में से य् का लोप और ग् को द्वित्व।

---

१. क–ग–ट–ड–त–द–प–श–ष–स– क– पामूर्ध्वं लुक् ८।२।७७. एषां संयुक्तवर्णसंबंधिनामूर्ध्वं स्थितानां लुग् भवति। हे.।

अनादौ शेषादेशयोर्द्वित्वम् ८।२।८९. पदस्यानादौ वर्तमानस्य शेषस्यादेशस्य च द्वित्वं भवति। हे.।

कचग्रहः > कअग्गहो–ग् + र् में से र् का लोप और ग् को द्वित्व।
मार्गः > मग्गो–र् + ग् में से र् का लोप और ग् को द्वित्व।
वल्गा > वग्गा–ल् + ग् में से ल् का लोप और ग् को द्वित्व।
सप्तविंशतिः > सत्तावीसा–प् + त् में से प् का लोप और त् को द्वित्व।
कर्णपुरम् > कण्णउरं–र् + ण् में से र् का लोप और ण् को द्वित्व।
मित्रम् > मित्त–त् + र् में से र् का लोप और त् को द्वित्व।
कर्म > कम्म–र् + म् में से र् का लोप और म् को द्वित्व।
चर्म > चम्म–र् + म् में से र् का लोप और म् को द्वित्व।
उत्सवः > उस्सवो–त् + स् में से त् का लोप और स् को द्वित्व।
उत्पलम् > उप्पलं–त् + प् में से त् का लोप और प् को द्वित्व।
उद्गति > उग्गइ–द् + ग् में से द् का लोप और ग् को द्वित्व।
अभिग्रहः > अहिग्गहो–ग् + र् में से र् का लोप और ग् को द्वित्व।
भुक्तं > भुत्तं–क् का लोप हुआ और त् को द्वित्व।
मुद्गु > मुग्गू–द् का लोप और ग् को द्वित्व।
दुग्धम् > दुद्धं–ग् का लोप और ध् को द्वित्व।
कट्फलम् > कप्फलं–ट् का लोप और फ् को द्वित्व।
षड्जः > सज्जो–ड् का लोप और ज् को द्वित्व।
सुप्तः > सुत्तो–प् का लोप और त् को द्वित्व।
गुप्तः > गुत्तो–प् का लोप और त् को द्वित्व।
निश्चलः > णिच्चलो–श् का लोप और च् को द्वित्व।
गोष्ठी > गोट्ठी–ष् का लोप और ठ् को द्वित्व।
षष्ठः > छट्ठो–ष् का लोप और ठ् को द्वित्व।
निष्ठुरः > निट्ठुरो–ष् का लोप और ठ् को द्वित्व।
स्खलितः > खलिओ–स् का लोप।
स्नेहः > नेहो–स् का लोप।
अन्तःपातः > अन्तप्पाओ–विसर्ग का लोप और प् को द्वित्व।

अपवाद–म्ह, ण्ह, न्ह, ल्ह, य्ह और द्र।

(२) वर्ग के पाँचवें अक्षरों का अपने वर्ग के अक्षरों के साथ भी कहीं–कहीं संयोग देखा जाता है। यथा–

अङ्कः > अङ्के, अंको–ङ् + क् का संयोग है।
अङ्गारः > इङ्गालो।
तालवृन्तम् > तालवेण्टं।

वञ्चनीयम् > वञ्चणीयम्।
स्पन्दनम् > फन्दनं।
उदुम्बरं > उम्बरं।

(३) शब्दों के अन्त में रहने वाले हलन्त व्यंजन का सर्वत्र लोप होता है।[१] जैसे–

जाव < यावत्–अन्तिम हलन्त व्यंजन त् का लोप हुआ है।
ताव < तावत् ,, ,,
जसो < यशस्–हलन्त स् का लोप हुआ है।
णहं < नभस् ,, ,,
सिरं < शिरस् ,, ,,
तम < तमस् ,, ,,

(४) श्रत् और उत् इन दोनों शब्दों के अन्त्य व्यंजन का लोप नहीं होता।[२] यथा–

सद्धा < श्रद्धा–श्रत् के अन्तिम हलन्त व्यंजन त् का लोप नहीं हुआ है।
उण्णयं < उन्नयम्–उत् के अन्तिम हलन्त व्यंजन त् का लोप नहीं हुआ है।

(५) निर् और दुर् के अन्तिम व्यंजन र् का लोप विकल्प से होता है।[३] जैसे–

निस्सहं, नीसहं < निर् + सहम् – यहाँ निर् के र् का लोप विकल्प से हुआ है।

दुस्सहो, दूसहो < दुस्सहः–दुर् के र् का लोप होने पर दूसहो और लोपाभाव में दुस्सहो शब्द बनता है।

(६) स्वर वर्ण के पर में रहने पर अन्तर्, निर् और दुर् के अन्त्य व्यंजन का लोप नहीं होता[४]। जैसे–

अन्तरप्पा < अन्तरात्मा–अन्तर् के र् का लोप नहीं हुआ है।
अन्तरिदा < अन्तरिता ,, ,,
णिरुत्तरं < निरुत्तरम्–निर् के र् का लोप नहीं हुआ है।
णिराबाधं < निराबाधम् ,, ,,
निरवसेसं < निरवशेषम् ,, ,,

---

१. अन्त्यव्यञ्जनस्य ८।१।११. शब्दानां यद् अन्त्यव्यञ्जनं तस्य लुग् भवति। हे.।
२. न श्रदुदोः ८।१।१२. श्रद् उद् इत्येतयोरन्त्यव्यञ्जनस्य लुग् न भवति। हे.।
३. निर्दुरोर्वा ८।१।१३. निर् दुर् इत्येतयोरन्त्यव्यञ्जनस्य वा लुग् भवति। हे.।
४. स्वरेन्तश्च ८।१।१४. अन्तरो निर्दुरोश्चान्त्यव्यञ्जनस्य स्वरे परे लुग् न भवति। हे.।

दुरुत्तरं < दुरुत्तरम्–दुर् के र् का लोप नहीं हुआ है।
दुरागदं < दुरागतम् ,, ,,
दुरवगाहं < दुरवगाहम् ,, ,,

विशेष–कहीं–कहीं निर् के रेफ का लोप देखा जाता है।[१] जैसे–
अन्तोवरि < अन्तर् + उपरि–यहाँ अन्तर् के रेफ का लोप हुआ है।
णिउक्कण्ठं < निरुत्कण्ठम्–निर् के रेफ का लोप हुआ है।

(७) विद्युत् शब्द को छोड़कर स्त्रीलिंग में वर्तमान सभी व्यंजनान्त शब्दों के अन्त्य व्यञ्जन का आत्व होता है।[२] ईषत्स्पृष्टतर होने वाली[३] यश्रुति के अनुसार आ के स्थान पर या भी हो जाता है। जैसे–सरिया, सरिआ < सरित्–अन्तिम हलन्त व्यञ्जन त् का लोप न होकर उसके स्थान पर आ हो गया है।

संपया, संपआ < संपद्–अन्तिम हलन्त व्यञ्जन का लोप न होकर उसके स्थान पर आ हो गया है।

वाया, वाआ < वाक् ,, ,, ,,
अच्छरा < अप्सरस् ,, ,, ,,
पडिवया, पडिवआ < प्रतिपद् ,, ,, ,,
वाआच्छलं < वाक्छलम्–क् के स्थान पर आ हुआ है।
वाआविहवो < वाग्विभवः–ग् के स्थान पर आ हुआ है।

विशेष–विद्युत् शब्द का प्राकृत में विज्जू होता है।[४]

(८) स्त्रीलिंग में वर्तमान रेफान्त शब्दों के अन्तिम र् को रा आदेश होता है।[५] जैसे–

गिरा < गिर् (गीः) हलन्त व्यंजन र् के स्थान पर रा हो गया है।
धुरा < धुर् (धूः) ,, ,, ,, ,,
पुरा < पुर् (पूः) ,, ,, ,, ,,
महुअमहुरगिरा < मधूकमधुरगिरः– ,, ,,

(९) क्षुध् शब्द के अन्त्य व्यंजन का 'हा' आदेश होता है[६]। यथा–

---

१. क्वचिद् भवत्यपि ८।१।१४ की वृत्ति हे.।
२. स्त्रियामादविद्युतः ८।१।१५. स्त्रियां वर्तमानस्य शब्दस्यान्त्यव्यञ्जनस्य आत्वं भवति विद्युच्छब्दं वर्जयित्वा। हे.।
३. बहुलाधिकाराद् ईषत्स्पृष्टतरयश्रुतिरपि–८।१।१५ की वृत्ति। हे.।
४. अविद्युत इति किम्–उपर्युक्त सूत्र की वृत्ति।
५. रो रा ८।१।१६.स्त्रियां वर्तमानस्यान्त्यस्य रेफस्य रा इत्यादेशो भवति। आत्त्वापवादः हे.।
६. क्षुधो हा ८।१।१७. क्षुध् शब्दस्यान्त्यव्यञ्जनस्य हादेशो भवति। हे.।

छुहा < क्षुत् या क्षुध्–अन्त्य व्यञ्जन त् या ध् के स्थान पर 'हा' हुआ है।

(१०) शरत् प्रभृति शब्दों के अन्तिम हलन्त्य व्यञ्जन के स्थान पर अ आदेश होता है[१]। यथा–

सरअ[२] < शरत्–त् के स्थान पर अ हुआ है।

भिसअ < भिषक्–क् के स्थान पर अ हुआ है।

(११) दिश् और प्रावृष् शब्दों के अन्तिम व्यञ्जनों के स्थान में स आदेश होता है।[३] जैसे–

दिसा < दिक्–क् के स्थान पर स आदेश हुआ है।

पाउसो < प्रावृट्–ट् के स्थान पर स आदेश हुआ है।

(१२) आयुष् और अप्सरस् के अन्त्य व्यञ्जनों का विकल्प से स आदेश होता है।[४] यथा–

दीहाउसो, दीहाऊ < दीर्घायुस्, दीर्घायुः।

अच्छरसा, अच्छरा < अपसरस्, अप्सराः।

(१३) ककुभ् शब्द के अन्त्य व्यञ्जन को ह आदेश होता है।[५] जैसे–

कउहा < ककुभ्, ककुप्–भ् के स्थान में ह हुआ है।

(१४) धनुष् शब्द के अन्त्य व्यञ्जन के स्थान में विकल्प से ह आदेश होता है[६]। यथा–

धणुहं, धणू < धनुष्, धनुः–ष् के स्थान पर विकल्प से ह हुआ है।

विकल्पाभाव पक्ष में ष् का लोप हो गया है और पूर्व स्वर को दीर्घ कर दिया है।

(१५) म् के अतिरिक्त अन्य व्यञ्जनों के स्थान पर भी विकल्प से अनुस्वार होता है।[७] यथा–

सक्खं < साक्षात्–त् के स्थान पर अनुस्वार हुआ है।

जं < यत्–त् के स्थान पर अनुस्वार।

तं < तत्– ,, ,,

---

१. शारदादेरत् ८।१।१८. शरदादेरन्त्यव्यञ्जनस्य अत् भवति। हे.।

२. शरदो दः ४।१०. शरच्छब्दस्यान्त्यहलो दो भवति। यथा–सरदो–वर.।

३. दिक् प्रावृषोः सः ८।१।१९ . एतयोरन्त्यव्यञ्जनस्य सो भवति। हे.।

४. आयुरप्सरसोर्वा ८।१।२०. एतयोरन्त्यव्यञ्जनस्य सो वा भवति। हे.।

५. ककुभो हः ८।१।२१. ककुभ् शब्दस्यान्त्यव्यञ्जनस्य हो भवति। हे.।

६. धनुषो वा ८।१।२२. धनुःशब्दस्यान्त्यव्यञ्जनस्य हो वा भवति। हे.।

७. बहुलाधिकाराद् अन्यस्यापि व्यञ्जनस्य मकारः। ८।१।२४ सूत्र की वृत्ति–हे.।

वीसुं < विष्वक्–क् के स्थान पर अनुस्वार होता है।

पिहं < पृथक्– ,, ,,

सम्मं < सम्यक्– ,, ,,

(१६) व्यञ्जन वर्णों के पर में रहने पर ङ्, ञ्, ण् और न् के स्थान में अनुस्वार होता है[१]। जैसे–

पंत्ती < पङ्क्तिः

परंमुहो–पराङ्मुखः

कंचुओ < कञ्चुकः

(१७) माल्यशब्द और स्थाधातु के पूर्व में रहने वाले निर् और प्रति के स्थान में विकल्प से ओत् और परि का आदेश होता है[२]। जैसे–

ओमल्लं, ओमालं, निम्मलं < निर्माल्यम्–निर् के स्थान में ओत् होने से ओमल्लं या ओमालं होता है और ओ के अभाव में निम्मलं बनता है।

परिट्ठा, पइट्ठा < प्रतिष्ठा–प्रति के स्थान में परि आदेश होने से परिट्ठा और परि आदेश के अभाव में पइट्ठा रूप बनता है।

परिट्ठिअं, पइट्ठिअं < प्रतिष्ठितम् –परि आदेश होने से परिट्ठिअं और परि आदेश के अभाव में पइट्ठिअं रूप बनता है।

(१८) जिन श्, ष् और स् से पूर्व अथवा पर में रहने वाले य्, र्, व्, श्, ष् और स् वर्णों का प्राकृत के नियमानुसार लोप हुआ हो उन शकार, षकार और सकारों के आदि स्वर को दीर्घ होता है।[३] उदाहरण–

पासइ = पस्सइ < पश्यति–'पश्यति' के य का लोप होने से स् को द्वित्व होता है। सरलीकरण की क्रिया द्वारा अन्तिम व्यञ्जन त् का लोप होने से स्वर इ शेष रहता है और स् का लोप होने से इस नियम द्वारा दीर्घ हो गया है।

कासवो < कस्सवो = काश्यपः–य का लोप और दीर्घ।

वीसमइ < विश्राम्यति–र् का लोप और दीर्घ।

वीसामो < विश्रामः– ,, ,,

मीसं < मिश्रम्– ,, ,,

---

१. ङ–ञ–ण–नो व्यञ्जने ८।१।२५. ङ, ञ, ण, न इत्येतेषां स्थाने व्यञ्जने परे अनुस्वारो भवति। हे.।

२. निष्प्रती ओत्परी माल्य–स्थोर्वा ८।१।३८. निर् प्रति इत्येतौ माल्यशब्दे स्थाधातौ च परे यथासंख्यम् ओत् परि इत्येवं रूपौ वा भवतः। हे.।

३. लुप्त–य–र–व–श–ष–सां श–ष–सां दीर्घः ८।१।४३. प्राकृत लक्षणवशाल्लुप्ता याद्या उपरि अधो वा येषां शकारषकारसकाराणां तेषामादेः स्वरस्य दीर्घो भवति। हे.।

संफासो < संफस्सो = संस्पर्शः–र् का लोप और स् को द्वित्व, पश्चात् स् लुक् और दीर्घ।

आसो < अस्सो = अश्वः–व् लोप, द्वित्व, सलोप और दीर्घ।

वीससइ < विस्ससइ = विश्वसिति–,, ,,

वीसासो < विस्सासो = विश्वासः–,, ,,

दूसासणो < दुश्शासनः–श् का लोप और दीर्घ

मणासिला < मनःशिला–,, ,, ,,

सीसो < सिस्सो =शिष्यः–य् लोप, द्वित्व, स् लोप और दीर्घ।

पूसो < पुस्सो = पुष्यः–,, ,, ,, ,,

मणूसो < मणुस्सो = मनुष्य– ,, ,, ,,

कासओ < कस्सओ = कर्षकः–र् लोप, द्वित्व, स् लोप और दीर्घ।

वासा < वस्सा = वर्षा– ,, ,, ,,

वासो < वस्सो = वर्षः– ,, ,, ,,

वीसाणो < विस्साण = विष्वणः–व लोप ,, ,,

वीसुं < विस्सुं = विष्वक्–व् लोप, उत्व, स को द्वित्व, स् लोप और दीर्घ।

नीसित्तो < निस्सित्तो = निष्षिक्तः–ष् लोप, द्वित्व, स् लोप और दीर्घ।

सासं < सस्सं = सस्यम्–य लोप, द्वित्व, स् लोप और दीर्घ।

कासइ < कस्सइ = कस्यचित्– ,, ,, ,,

ऊसो = उस्सो > उस्मः–र् लोप, स् द्वित्व, स् लोप और दीर्घ।

वीसंभो = विस्संभो > विस्रंभः–व लोप, ,, ,,

विकासरे = विकस्सरो > विकस्वरः– ,, ,,

नीसो = निस्सो > निःस्वः– ,, ,, ,,

नीसहो < निस्सहः–स लोप और दीर्घ

(१९) समृद्ध्यादि गण के शब्दों में आदि अकार को विकल्प से दीर्घ होता है।[१] उदाहरण–

सामिद्धी, समिद्धी < समृद्धिः।

पाअडं, पअडं < प्रकटम्।

---

१. अतः समृद्ध्यादौ वा ८।१।४४. समृद्धि इत्येवमादिषु शब्देषु आदेकारस्य दीर्घो वा भवति। समृद्धि गण के शब्द निम्न हैं–

समृद्धिः प्रतिसिद्धिश्च प्रसिद्धिः प्रकटं तथा।

प्रसुप्तञ्च च प्रतिस्पर्द्धी प्रतिपच्च मनस्विनी॥

अभिजातिः सदृक्षश्च समृद्ध्यादिरयं गणः। –कल्पलतिका

पासिद्धी, पसिद्धी < प्रसिद्धिः।
पाडिवआ, पडिवआ < प्रतिपदा।
पासुत्तं, पसुत्तं < प्रसुप्तम्।
पाडिसिद्धी, पडिसिद्धी < प्रतिसिद्धि।
सारिच्छो, सरिच्छो < सदृक्षः।
माणंसी, मणंसी < मनस्वी।
माणंसिनी, मणंसिनी < मनस्विनी।
आहिआई, अहिआई < अभियाति।
पारोहो, परोहो < प्ररोहः।
पावासू, पवासू < प्रवासी।
पाडिप्फद्धी, पडिप्फद्धी < प्रतिस्पर्द्धी।

विशेष—प्राकृत प्रकाश में इस गण को आकृतिगण माना गया है।[१] हेमचन्द्र[२] ने भी आकृतिगण होने से निम्न शब्दों की भी निष्पत्ति बतलायी है।

आफंसो < अस्पर्शः
पारकेरं, पारक्कं < परकीयम्।
पावयणं < प्रवचनम्।
चाउरन्त < चतुरन्तम्।

(२०) दक्षिण शब्द में आदि अकार को ह के पर में रहने पर दीर्घ होता है।[३] जैसे—

दाहिणो = दक्षिणः—क्ष के स्थान पर ह होने से दीर्घ हुआ है। क्ष के स्थान पर ह नहीं होने पर 'दक्षिणः' का दक्खिणो यह रूप बनता है।

(२१) स्वप्न आदि शब्दों में आदि अ का इकार होता है।[४] उदाहरण—

सिविणो, सिमिणो, सुमिणो < स्वप्नः।
इसि < ईषत्।
वेडिसो < वेतसः
विलिअं < व्यलीकम्।
विअणं < व्यजनम्।

---

१. आ समृद्ध्यादिसु वा १।२ —आकृतिगणोयम्। वर.।
२. आकृतिगणोयम् तेन अस्पर्शः, आफंसो—इत्यादि ८।१।४४ सूत्र की वृत्ति हे.।
३. दक्षिणे हे ८।१।४५. दक्षिणशब्दे आदेरतो हे परे दीर्घो भवति।
४. इः स्वप्नादौ ८।१।४६. स्वप्न इत्येवमादिषु आदेरस्य इत्वं भवति। हे.।
इदीषत्पक्व स्वप्नवेतसव्यजनमृदङ्गाङ्गारेसु १।३ वर.।

मुइंगो < मृदङ्गः।
किविणो < कृपणः।
उत्तिमो < उत्तमः।
मिरिअं < मरिचम्।
दिण्णं < दत्तम्।

(२२) पक्व, अङ्गार और ललाट शब्द को विकल्प से इकार होता है।[1] जैसे–

पिक्कं, पक्कं < पक्वम्
इंगालो, अङ्गारो < अङ्गारः
णिडालं, णडालं < ललाटम्

(२३) मध्यम और कतम शब्द में द्वितीय अकार के स्थान पर इत्व होता है।[2] जैसे–

मज्झिमो < मध्यमः
कइमो < कतमः

(२४) सप्तपर्ण शब्द में द्वितीय अकार के स्थान पर विकल्प से इत्व होता है।[3] यथा–

छत्तिवण्णो, छत्तवण्णो < सप्तपर्णः

(२५) हर शब्द में आदि अकार के स्थान पर विकल्प से ईकार होता है।[4] यथा–

हीरो, हरो < हरः

(२६) ध्वनि और विष्व शब्द में अकार के स्थान पर उकार होता है।[5] जैसे–

भुणी < ध्वनिः–ध् के स्थान पर झ् हुआ है और व का सम्प्रसारण होने से उ हुआ है।
वीसुं < विष्वम्–यहाँ पर भी व का संप्रसारण हुआ है।

(२७) वन्द्र और खण्डित शब्दों में आदि अकार का विकल्प से णकार सहित उत्व होता है।[6] यथा–

---

१. पक्वाङ्गार-ललाटे वा ८।१।४७. एष्वादेरत इत्वं वा भवति। हे.।
२. मध्यमकतमे द्वितीयस्य ८।१।४८. मध्यमशब्दे कतमशब्दे च द्वितीस्यात इत्वं भवति। हे.।
३. सप्तपर्णे वा ८।१।४९. सप्तपर्णे द्वितीयस्यात इत्वं वा भवति। हे.।
४. ईर्हरे वा ८।१।५१. हरशब्दे आदेरत ईर्वा भवति। हे.।
५. ध्वनि विष्वचोरुः ८।१।५२. अनयोरादेरस्य उत्वं भवति। हे.।
६. वन्द्रखण्डितेणा वा ८।१।५३. अनयोरादेरस्य णकारेण सहतिस्य उत्वं वा भवति। हे.।

वुन्द्रं,वन्द्रं < वन्द्रं–अकार के स्थान पर न् (ण्) सहित उत्व हुआ है।

खुड्डिओ, खण्डिओ < खण्डितः– ,, ,,

(२८) गवय शब्द में वकार के अकार के स्थान पर उत्व होता है।[१] जैसे–

गउओ, गउआ < गवयः।

(२९) प्रथम शब्द में पकार और थकार के स्थान पर युगपत् और क्रमशः उकार होता है[२]। जैसे–

पुढुमं, पुढमं, पढुमं, पढमं < प्रथमम्

(३०) अभिज्ञ आदि शब्दों में णत्व करने पर ज्ञ के आकार का उत्व होता है।[३] जैसे–

अहिण्णू < अभिज्ञः

सव्वण्णू < सर्वज्ञः–शौरसेनी में सव्वगो और पैशाची में सव्वञ्ञो।

आगमण्णू < आगमज्ञः।

विशेष–णत्वाभाव में अहिज्जो < अभिज्ञः, सव्वज्जो < सर्वज्ञ होते हैं।

(३१) शय्या आदि शब्दों में आदि अकार का एकार आदेश होता है।[४] जैसे–

सेज्जा < शय्या–अकार का एकार और य्या का ज्जा।

सुंदेरं < सुन्दरम्–दकारोत्तर अकार का एकार।

उक्केरो < उत्करः–त का लोप और क को द्वित्व तथा अ को एकार।

तेरहो < त्रयोदशः– त के र का लोप, अकार को एकार तथा दश के स्थान में रहा।

अच्छेरं < आश्चर्यम्–पूर्ववर्ती आ को ह्रस्व कर दिया और श्च के अ को एकार तथा श्च के स्थान पर च्छ।

पेरंतं < पर्यन्तम्– अकार को एकार।

वेल्ली < वल्लिः– ,, ,,

---

१. गवये वः ८।१।५४. गवयशब्दे वकाराकारस्य उत्वं भवति। हे.।

२. प्रथमं प्रथोर्वा ८।१।५५. प्रथमशब्दे पकारथकारयोरकारस्य युगपत् क्रमेण च उकारो वा भवति। हे.।

३. ज्ञो णत्वेभिज्ञादो ८।१।५६. अभिज्ञ एवं प्रकारेषु ज्ञस्य णत्वे कृते ज्ञस्यैव अत उत्वं भवति। हे.।

४. एच्छय्यादौ ८।१।५७. शय्यादिषु आदेरस्य एत्वं भवति। हे.। शय्यात्रयोदशाश्चर्यं पर्यन्तोत्करवल्लयः। सौन्दर्यं चेति शय्यादिगणः शेषस्तु पूर्ववत्।

गेडुअं < कन्दुकम्–क के स्थान पर ग और अकार को एकार, दन्त्य द के स्थान पर मूर्धन्य ड, क का लोप और स्वर शेष।

एत्थ < अत्र–अ का एत्व तथा त्र का त्थ।

(३२) ब्रह्मचर्य शब्द में चकारोत्तरवर्ती अ के स्थान पर एत्व होता है।[1] जैसे–

बम्हचेरं < ब्रह्मचर्यम्।

(३३) अन्तर् शब्द में तकारोत्तरवर्ती अकार के स्थान पर एत्व होता है।[2] जैसे–

अन्तेउरं < अन्तःपुरं। अन्तेआरी < अन्तश्चारी।

कहीं अन्तर शब्द में तकारोत्तरवर्ती अकार को एत्व नहीं होता है।[3] जैसे–

अन्तग्गयं < अन्तर्गतम्।

अन्तो–वीसम्भनिवेसिआणं < अन्तःविस्रम्भनिवेसितानाम्।

(३४) पद्म शब्द के आदि के अकार के स्थान पर ओत्व होता है।[4] जैसे–

पोम्मं, पउमं < पद्मम्।

(३५) नमस्कार और परस्पर शब्द में द्वितीय अकार के स्थान पर ओत्व होता है।[5] यथा–

नमोक्कारो < नमस्कारः; परोप्परं < परस्परम्।

(३६) अर्पि धातु में आदि के अ को विकल्प से ओ होता है।[6] जैसे–

ओप्पेइ, अप्पेइ < अर्पयति–ओत्व के अभाव में एत्व होता है।

ओप्पिअं, अप्पिअं < अर्पितम्।

(३७) स्वप् धातु में आदि के अ के स्थान पर ओत् और उत् आदेश होते हैं।[7] जैसे– सोवइ, सुवइ < स्वपिति।

(३८) नञ् के बाद में आने वाले पुनर् शब्द के अ के स्थान में आ और आइ विकल्प से आदेश होते हैं।[8] जैसे–

---

१. ब्रह्मचर्ये चः ८।१।५९. ब्रह्मचर्यशब्दे चस्य अत एत्वं भवति। हे.।

२. तोन्तरि ८।१।६०. अन्तरशब्दे तस्य अत एवं भवति। हे.।

३. क्वचिन्न भवति। हे.।

४. ओत्पद्मे ८।१।६१. पद्म शब्दे आदेरत ओत्वं भवति। हे.।

५. नमस्कार–परस्परे द्वितीयस्य ८।१।६२. अनयोर्द्वितीयस्य अत ओत्वं भवति। हे.।

६. वार्पौ ८।१।६३. अर्पयतौ धातौ आदेरस्य ओत्वं वा भवति। हे.।

७. स्वपावुच्च ८।१।६४. स्वपितौ धातौ आदेरस्य ओत् उत् च भवति। हे.।

८. नात्पुनर्यादाई वा ८।१।६५. नञः परे पुनः शब्दे आदेरस्य आ आइ इत्यादेशौ वा भवतः। हे.।

ण उणा < न पुनः–आ आदेश हुआ है।
ण उणाई < न पुनः–आइ आदेश हुआ है।
ण उण < न पुनः–विकल्प भाव पक्ष में।

(३९) अव्ययीं में और उत्खात, चामर, कालक, स्थापित, प्रतिस्थापित, संस्थापित, प्राकृत, तालवृन्त, हालिक, नाराच्य, बलाका, कुमार, खादित, ब्राह्मण एवं पूर्वाह्ण शब्दों में आदि आकार का अकार विकल्प से होता है।[१]

मज्जारो, माज्जारो < मार्जारः	मरलो, मराली < मरालः
पत्थरो, पत्थारो < प्रस्तारः	पहरो, पहारो < प्रहारः
जह, जहा < यथा	तह, तहा < तथा
अहव, अहवा < अथवा	उक्खअं, उक्खाअं < उत्खातम्
चमरं, चामरं < चामरम्	कलओ, कालओ < कालकः
ठविअं, ठाविअं < स्थापितम्	परिठविअं, परिठाविअं < प्रतिष्टापितम्
संठविअं, संठाविअं < संस्थापितम्	पउअं, पाउअं < प्राकृतम्
तलवेण्टं, तालवेण्टं < तालवृन्तम्	हलिओ, हालिओ < हालिकः
णराओ, णाराओ < नारायः	वलाआ, वालाआ < बलाका
कुमरो, कुमारो < कुमारः	खइअं, खाइअं < खादितम्
बम्हणो, बाम्हणो < ब्राह्मणः	पुव्वण्हो, पुव्वाण्हो < पूर्वाण्हः
दवग्गी, दावग्गी < दवाग्निः	चाडू , चडू < चाटुः

(४०) घञ् को निमित्त मानकर जहाँ आ रूप वृद्धि हुई हो, उस आदि आकार का विकल्प से अत्व होता है।[२] जैसे–

पवहो, पवाहो < प्रवाहः　　पअरो, पआरो < प्रकारः
पत्थवो, पत्थावो < प्रस्तावः

अपवाद–कुछ घञन्त शब्दों में यह नियम लागू नहीं होता। जैसे–
राओ < रागः

(४१) मांस आदि शब्दों में अनुस्वार रहने पर आदि आकार का अत्व होता है।[३] जैसे–

---

१. वाव्ययोत्खातादावदातः ७।१।६७. अव्ययेषु उत्खातादिषु च शब्देषु आदेराकारस्य अद् वा भवति। हे.।

२. घञ् वृद्धेर्वा ८।१।६८. घञ् निमित्तो यो वृद्धिरूप आकारस्तस्यादिभूतस्य अद् वा भवति। हे.।

३. मांसादिष्वनुस्वारे ८।१।७०. मांसप्रकारेषु अनुस्वारे सति आदेरातः अद् भवति। हे.।

मंसं < मांसम् पंसू < पांशुः

पंसणो < पांसनः कंसं < कांसम्

किंसिओ < कांसिकः वंसिओ < वांसिकः

संसिद्धिओ < सांसिद्धिकः संजत्तिओ < सांयात्रिकः

(४२) श्यामाक में मकार के आकार को अत् होता है।[1] यथा–

सामओ < श्यामाकः

(४३) महाराष्ट्र शब्द में आदि के आकार को अत् होता है।[2] यथा–

मरहट्ठं, मरहट्ठो < महाराष्ट्रः–यहाँ वर्ण विपर्यय भी हुआ है।

(४४) सदा आदि शब्दों में विकल्प से आकार के स्थान पर इकार आदेश होता है।[3] उदाहरण–

सइ, सआ < सदा–द्वितीय रूप विकल्पाभाव पक्ष का है।

तइ, तआ < तदा– ,, ,, ,,

जइ, जआ < यदा–य के स्थान पर ज होता है।

णिसिअरो, णिसाअरो < निशाचरः–द्वितीय रूप विकल्पाभाव का है।

(४५) यदि आर्या शब्द श्वश्रु (सास) के अर्थ में प्रयुक्त हो तो 'र्य' के पूर्ववर्ती आकार के स्थान में ऊ होता है।[4] जैसे–

अज्जू < आर्या–सास के अर्थ में; अज्जा < आर्या–श्रेष्ट अर्थ में

(४६) आचार्य शब्द में चकारोत्तरवर्ती आकार के स्थान पर इत्व और अत्व होता है।[5] यथा–

आइरिओ, आयरिओ < आचार्यः

(४७) स्त्यान और खल्वाट शब्द में आदि आकार के स्थान पर ईकार आदेश होता है।[6] जैसे–

ठीणं, थीणं, थिण्णं < स्त्यानम्–स्त के स्थान में थ और थ के स्थान में विकल्प ठ हुआ है।

खल्लीडो < खल्वाटः

---

१. श्यामाके मः ८।१।७१. श्यामाके मस्य आतः अद् भवति। हे.।

२. महाराष्ट्रे ८।१।६९. महाराष्ट्रशब्दे आदेराकारस्य अद् भवति। हे.।

३. इः सदादौ वा ८।१।७२. सदादिषु शब्देषु आत इत्वं वा भवति। हे.।

४. आर्यायां यः श्वश्र्वाम् ८।१।७७. आर्याशब्दे श्वश्रवां वाच्यायां यस्यात ऊर्भवति। हे.।

५. आचार्ये चोच्च ८।१।७३. आचार्यशब्दे चस्य आत इत्वं अत्वं च भवति। हे.।

६. ईः स्त्यान खल्वाटे ८।१।७४, स्त्यानखल्वाटयोरादेरात ईर्भवति। हे.।

(४८) आसार शब्द में आदि आकार के स्थान पर विकल्प से ऊद् होता है।[1] जैसे–

ऊसारो, आसारो < आसारः

(४९) द्वार शब्द में आकार के स्थान में विकल्प से एद् होता है।[2] यथा–

देरं, दुआरं, दारं, वारं < द्वारम्–प्रथम को छोड़, शेष विकल्पाभाव पक्ष के रूप हैं।

(५०) पारापत शब्द में रकारोत्तरवर्ती आकार के स्थान में एद् होता है।[3] यथा–

पारेवओ, पारावओ < पारापतः

(५१) आर्द्र शब्द में आदि के आत् के स्थान पर विकल्प से उकार और ओकार होते हैं।[4] यथा–

उल्लं, ओल्लं, अल्लं, अद्दं < आर्द्रम्–उत्तरवर्ती रूप विकल्पाभाव पक्ष के हैं।

(५२) आली शब्द में पंक्तिवाची अर्थ होने पर आकार को ओकार होता है।[5] जैसे–

ओली < आली, पंक्तिवाची अर्थ न होने पर आली–सखी ही रहता है।

(५३) संयोग से अव्यवहित पूर्ववर्ती दीर्घ का कभी–कभी ह्रस्व रूप हो जाता है।[6] यथा–

अंबं < आम्रम् तंबं < ताम्रम्
विरहग्गी < विरहाग्निः अस्सं < आस्यम्
मुनिंदो < मुनीन्द्रः तित्थं < तीर्थम्
गुरुल्लावा < गरूल्लापा चुण्णो < चूर्णः
नरिंदो < नरेन्द्रः मिलिच्छो < म्लेच्छः
अहरुट्ठं < अधरोष्ठम् नीलुप्पलं < नीलोत्पलम्

विशेष–संयोग नहीं रहने से आयासं, ईसरो, ऊसवो आदि शब्दों में उक्त नियम की प्रवृत्ति नहीं होती।

---

१. ऊद्वासारे ८।१।७६. आसारशब्दे आदेरात ऊद् वा भवति। हे.।

२. द्वारे वा ८।१।७९. द्वारशब्दे आत एद् वा भवति। हे.।

३. पारापते रो वा ८।१।८०. पारापतशब्दे रस्थस्यात एद् वा भवति। हे.।

४. उदोद्वार्द्रे ८।१।८२. आर्द्रशब्दे आदेरात ऊद् ओच्च वा भवतः। हे.।

५. ओदाल्यां पंक्तौ ८।१।८३. आलीशब्दे पंक्तिवाचिनि आत ओत्वं भवति। हे.।

६. ह्रस्वः संयोगे ८।१।८४. दीर्घस्य यथादर्शनं संयोगे परे ह्रस्वो भवति। हे.।

(५४) आदि इकार का संयोग के पर में रहने पर विकल्प से एकार होता है।[१] यथा–

पेण्डं, पिण्डं < पिण्डम्–द्वितीय रूप विकल्पाभाव पक्ष का है।
णेद्दा, णिद्दा < निद्रा– ,, ,,
सेंदूरं, सिंदूरं < सिन्दूरम्– ,, ,,
धम्मेलं, धम्मिलं < धम्मिलम्– ,, ,,
वेण्हू, विण्हू < विष्णुः– ,, ,,
पेट्ठं, पिट्ठं < पृष्ठम्– ,, ,,
चेण्हं, चिण्हं < चिह्नम्– ,, ,,
वेल्लं, विल्लं < विल्लम्– ,, ,,

विशेष–शौरसेनी में पिण्डादि शब्दों में एत्व नहीं होता। अतः पिण्डं, णिद्दा और धम्मिलं ये ही रूप पाये जाते हैं।

(५५) पथि, पृथिवी, प्रतिश्रुत्, मूषिक, हरिद्रा और विभीतक में आदि इकार के स्थान पर अकार होता है।[२] उदाहरण–

पहो < पथि
पुहई, पुढवी < पृथिवी–ह के स्थान पर ढ होने से पुढवी रूप बना है।
पडंसुआ < प्रतिश्रुत्
मूसओ < मूषिकः
हलद्दी, हलद्दा < हरिद्रा–हरिद्रा शब्द में रेफ का ल होता है।
बहेडओ < विभीतकः–'वि' की ई के स्थान पर अ हुआ है।

विशेष–कुछ वैयाकरणों के मत में हरिद्रा शब्द में ईकार के स्थान पर अकार नहीं होता हैं। अतः हलिद्दी, हलिद्दा ये रूप बनते हैं।

(५६) बदर शब्द में दकार सहित अकार के स्थान पर ओकार होता है।[३] यथा– बोरं < बदरम्–बदरोत्तर अकार और दकार के स्थान पर ओकार हुआ है।

(५७) लवण और नवमल्लिका शब्द में वकार सहित आदि अकार की ओकार होता हैं।[४] यथा–

लोणं < लवणं
णोमल्लिआ < नवमल्लिका

---

१. इत एद्वा ८।१।८५. आदेरिकारस्य संयोगे परे एकारो वा भवति। हे.।
२. पथि–पृथिवी–प्रतिश्रुन्मूषिक–हरिद्रा–विभीतकेष्वत् ८।१।८८। हे.।
३. ओ बदरे देन १।६. वर.।
४. लवणनवमल्लिकयोर्वेन १।७. वर.।

(५८) मयूर और मयूख शब्द में 'यू' के सहित आदि वर्णस्थ अकार को विकल्प से ओकार होता है।[१] उदाहरण–

मोरो, मऊरो < मयूरः–यू सहित मकारोत्तर अकार को ओकार हुआ है। विकल्पाभाव पक्ष में यकार का लोप होने से मऊरो बना है।

मोहो, मऊहो < मयूखः– ,, ,,

(५९) चतुर्थी और चतुर्दशी शब्द में 'तु' सहित आदि अकार को विकल्प से ओकार होता है।[२] यथा–

चोत्थी, चउत्थी < चतुर्थी–तु सहित चकारोत्तर अकार को ओ हुआ है और रेफ का लोप होने से थ को द्वित्व तथा पूर्ववर्ती थ् को त् हुआ है।

चोद्दसी, चउद्दशी < चतुर्दशी–तु सहित चकारोत्तर अकार को ओ हुआ है और रेफ का लोप होने से द को द्वित्व हुआ है।

(६०) इक्षु और वृश्चिक शब्द के इकार को उकार होता है।[३] यथा–उच्छू < इक्षुः–क्ष के स्थान पर छादेश, छ को द्वित्व, पूर्ववर्ती छ् को च् किया है तथा इस सूत्र से इकार को उकार हुआ है।

विच्छुओ < वृश्चिकः–ऋकार को इकार, श्च के स्थान च्छ और इकार के स्थान पर उकार हुआ है।

(६१) जब इति शब्द किसी वाक्य के आदि में प्रयुक्त होता है, तब तकार वाले इकार का अकार हो जाता है।[४] जैसे–

इअ जं, पिआवसाणे < इति यावत् प्रियावसाने–इति के स्थान पर इअ हुआ है।

इअ विअसिअ कुसुमसरो < इति विकसितकुसुमशरः– ,, ,,

इअ उअह अण्णह वअणं < इति पश्यतान्यथा वचनम्–,, ,,

विशेष–इति शब्द के वाक्यादि में प्रयुक्त नहीं रहने पर अत्व नहीं होता। जैसे–पिओत्ति < प्रिय इति–वाक्य के आदि में इति शब्द के न आने से इअ नहीं हुआ, बल्कि इ का लोप होकर त् को द्वित्व हो गया है।

पुरिसोत्ति < पुरुष इति– ,, ,, ,,

(६२) जहाँ निर् के रेफ का लोप होता है, वहाँ नि के इकार का ईकार हो जाता है।[५] जैसे–

---

१. मयूरमयूखयोर्व्वा वा १/८, वर०

२. चतुर्थी चतुर्दशयोस्तुना १/९, वर०

३. उदिक्षुवृश्चिकयोः १/१५, वर०

४. इतौ तो वाक्यादौ ८/८/९१, हेम०

५. लुंकि निरः ८/१/९३, निर् उपसर्गस्य रेफलोपे सति इत ईकारो भवति। हे०।

णीसहो < निस्सहः–निर् के र् का लोप होने से नि, णि को दीर्घ हो गया है।

णीसासो < निःश्वासः– ,, ,, ,,

विशेष–रेफ का लोप नहीं होने पर ईकार नहीं होता। जैसे–

णिरओ < निरयः–रेफ का लोप न होने से णि को दीर्घ नहीं हुआ है।

णिस्सहो < निस्सहः– ,, ,, ,,

(६३) द्विशब्द और नि उपसर्ग के इकार का उ आदेश होता है। कहीं–कहीं यह नियम लागू भी नहीं होता और कहीं विकल्प से उत्व और ओत्व होता है।[1] उदाहरण–

दुवाई, दुवे < द्वौ–द्वि शब्द में नित्य उत्व हुआ है।

दुवअणं < द्विवचनम्– ,, ,,

दुअणो, दिउणो < द्विगुणः–विकल्प से उत्व होने पर दुअणो और विकल्पाभाव पक्ष में दिउणो।

दुइओ, दिउओ < द्वितीयः–विकल्पाभाव पक्ष में दिउओ बनता है।

दिओ < द्विजः–द्विशब्द के विषय में नियम की अप्रवृति।

दिरओ < द्विरदः– ,, ,,

दोवअणं < द्विवचनम्–द्वि शब्द को ओत्व हुआ है।

णुमज्जइ < निमज्जति–नि उपसर्ग के इकार को उत्व।

णुमण्णो < निमग्नः– ,, ,,

णिवडइ < निपतति–नि उपसर्ग के विषय में नियम की अप्रवृत्ति।

(६४) कृञ् धातु के प्रयोग में द्विधा शब्द के इकार का ओत्व और उत्व होता है।[2] जैसे–

दोहाकअं < द्विधा कृतम्–ओकार हुआ है।

दुहाकअं < द्विधा कृतम्–उकार हुआ है।

दोहा किज्जइ < द्विधा क्रियते–ओकार हुआ है।

दुहा–किज्जइ <द्विधा क्रियते–उकार हुआ है।

विशेष–कृञ् का प्रयोग नहीं रहने से दिहा–गमं < द्विधागतम् में यह नियम लागू नहीं होता। कहीं–कहीं केवल (कृञ् रहित) द्विधा में भी उत्व पाया जाता है। यथा–

---

१. द्विन्योरुत् ८।१।९४. द्विशब्दे नावुपसर्गे च इत उद् भवति। हे.।

२. ओच्च द्विधाकृगः ८।१।९७. द्विधाशब्दे कृग्धातोः प्रयोगे इत ओत्वं चकारादुत्वं च भवति। हे.।

दुहा वि सो सुर–वहू–सत्थो = द्विधापि स सुरवधूसार्थः

(६५) पानीय गण के शब्दों में दीर्घ ईकार के स्थान में ह्रस्व इकार होता है।[१] जैसे–

पाणिअं < पानीयम्–बहुल अधिकार होने से पाणीअं भी होता है।

अलिअं < अलीकम्–	,,	,,	अलीअं भी होता है	
जिअइ < जीवति–	,,	,,	जीअइ	,,
जिअउ < जीवतु–	,,	,,	जीअउ	,,
विलिअं < व्रीडितम्–	,,	,,	विलीअं	,,
करिसो < करीषः–	,,	,,	करीसो	,,
सिरिसो < शिरीषः–	,,	,,	सिरीसो	,,
दुइअं < द्वितीयम्–	,,	,,	दुईअं	,,
तइअं < तृतीयम्–	,,	,,	तईअं	,,
गहिरं < गभीरम्–	,,	,,	गहीरं	,,
उवणिअं < उपनीतम्–	,,	,,	उवणीअं	,,
आणिअं < आनीतम्–	,,	,,	आणीअं	,,
पलिविअं < प्रदीपितम्–	,,	,,	पलीविअं	,,
ओसिअन्तो < अवसीदन्–	,,	,,	ओसीअन्तो	,,
पसिअ < प्रसीद–	,,	,,	पसीअ	,,
गहिअं < गृहीतम्–	,,	,,	गहीअं	,,
वम्मिओ < वल्मीकः–	,,	,,	वम्मीओ	,,
तयाणिं < तदानीम्–	,,	,,	तयाणीं	,,

---

१. पानीयादिष्वित् ८।१।१०१. पानीयादिषु शब्देषु ईत इद् भवति। हे.।

'कल्पलतिका' के अनुसार पानीयगण में निम्नलिखित शब्द हैं–

पानीयव्रीडितालीकद्वितीयं च तृतीयकम्।
यथागृहीतमानीतं गम्भीरञ्च करीषवत्॥
इदानीं च तदानीं च पानीयादिगणो यथा।

'प्राकृत मञ्जरी' के अनुसार–पानीयव्रीडितालीकद्वितीयकरीषकाः।
गम्भीरञ्च तदानीञ्च पानीयादिरयं गणः॥

'प्राकृत प्रकाश' में उपनीत, आनीत, जीवति, जीवतु, प्रदीपित, प्रसीद, शिरीष, गृहीत, वल्मीक और अवसीदन् शब्दों का उल्लेख नहीं है।

(४६) जीर्ण शब्द में, ईकार और उकार दोनों होते हैं।[1] यथा–

जुण्णी, जिण्णो < जीर्णः

(६७) हीन और विहीन शब्दों में ईकार और ऊकार होते हैं।[2] जैसे–

हूणो, हीणो < हीनः; विहूणो, विहीणो < विहीनः

(६८) तीर्थ शब्द के ईकार का ऊकार तब होता है, जब कि उसके आगे का थ ह हो गया हो।[3] यथा–

तूहं < तीर्थम्–र्थ के स्थान में ह हुआ है और ईकार को ऊकार।

तित्थं < तीर्थम्–र्थ के स्थान में ह नहीं होने से ऊकार का अभाव है।

(६९) पीयूष, आपीड, विभीतक, कीदृश और ईदृश शब्दों में ईकार को एकार होता है।[4] जैसे–

पेऊसं < पीयूषम्

आमेलो < आपीडः–पकार को मकार और ईकार को एकार तथा ड को ल।

बहेडओ < विभीतकः–केरिसो < कीदृशः

एरिसो < ईदृशः

(७०) नीड और पीठ शब्दों में ईकार को विकल्प से एत्व होता है।[5] जैसे–

नेडं, नीडं< नीडम् पेढं, पीढं < पीठम्–ठ को ढ हुआ है।

(७१) मुकुलादिगण के शब्दों में आदि उकार के स्थान में अकार आदेश होता है।[6] जैसे–

मउलं < मुकुलम्–क का लोप होकर उकार शेष है।

गरुइ < गुर्वी–व् के स्थान पर उ हुआ है और र् तथा इ पृथक् हो गये हैं।

मउडं < मुकुटम् –क का लोप और ट के स्थान पर ड हुआ है।

जहुट्ठिलो, जहिट्ठिलो < युधिष्ठिरः–य के स्थान पर ज, इकार के स्थान पर उत्व।

---

१. उज्जीर्णे ८।१।१०२. जीर्णशब्दे इत उद् भवति। हे.।

२. ऊर्हीन–विहीने वा ८।१।१०३. अनयोरीत ऊत्वं वा भवति। हे.।

३. तीर्थे हे ८।१।१०४. तीर्थशब्दे हे सति ईत उत्वं भवति। हे.।

४. एत्पीयूषापीड–विभीतक–कीदृशेदृशे ८।१।१०५. एषु ईत एत्वं भवति। हे.।

५. नीड–पीठे वा ८।१।१०६. अनयोरीत एत्वं वा भवति। हे.।

६. उतो मुकुलादिष्वत् ८।१।१०७, मुकुल इत्येवमादिषु शब्देषु आदेरुतोत्वं भवति। हे.।
मुकुटं मुकुलं गुर्वी सुकुमारो युधिष्ठिरः।
अगुरूपरि शब्दौ च भुकुदादिरयं गणः। प्राकृतमंजरी।
प्राकृत प्रकाश में इसे मुकुटादिगण कहा है।

सोअमल्लं < सौकुमार्यम्–र्य के स्थान पर ल, लकार का द्वित्व, क का लोप और शेष उकार के स्थान पर अ।

गलोई <गुडुची–गकारोत्तरवर्ती उकार के स्थान पर अ, ड के स्थान पर ल, उकार का ओ और च् का लोप।

विशेष–कहीं–कहीं प्रथम उकार का आकार भी होता है। यथा–

विड्डाओ < विद्रुतः–द्रु में से रेफ का लोप और द को द्वित्व तथा उकार को आ हुआ है।

(७२) यदि गुरु शब्द के आगे स्वार्थ में क प्रत्यय किया गया हो, तो उस गुरु शब्द के आदि उकार को विकल्प से अ आदेश होता है।[१] जैसे–

गरुओ, गुरुओ < गुरुकः

स्वार्थिक क के अभाव में गुरुओ (गुरुकः) होता है।

(७३) भ्रुकुटी शब्द में उकार के स्थान पर इकार होता है।[२] जैसे–

भिउडि < भ्रुकुटी–भ्रु के रेफ का लोप और उकार के स्थान पर इत्व, क का लोप तथा ट के स्थान पर ड।

(७४) पुरुष शब्द में रु के उकार को इत्व होता है।[३] जैसे–

पुरिसो < पुरुषः–रु के स्थान पर रि हुआ है।

पउरिसं < पौरुषम्– पौ के स्थान पर प + उ , रु के स्थान पर रि।

(७५) क्षुत शब्द में आदि के उकार को ईत्व होता है।[४] यथा–

छीअं < क्षुतम्–क्षु के स्थान पर छी और त का लोप।

(७६) सुभग और मुसल शब्दों में उकार को विकल्प से ऊत्व होता है।[५] यथा–

सूहओ, सुहओ < सुभगः–सु के स्थान पर सू, भ के स्थान पर ह ओर ग का लोप।

मूसलं, मुसलं < मुसलम्–विकल्पाभाव पक्ष में मुसलं।

(७७) उत्साह और उच्छन्न शब्दों को छोड़कर इसी प्रकार के अन्य शब्दों में त्स और च्छ के पर में रहने पर पूर्व के आदि उकार का दीर्घ ऊकार होता है।[६] जैसे–

---

१. गुरौ के वा ८।१।१०९.। हे.।

२. इर्भ्रुकुटौ ८।१।११०.। हे.।

३. पुरुषे रोः ८।१।१११.। हे.।

४. ईः क्षुते ८।१।११२.। हे.।

५. ऊत्सुभग–मुसले वा ८।१।११३.। हे.।

६. अनुत्साहोत्सन्ने त्सच्छे ८।१।११४.। हे.।

ऊसुओ < उत्सुकः–उ के स्थान पर ऊ, त् का लोप तथा क का लोप और विसर्ग की ओत्व।

ऊसवो < उत्सवः– ,, ,, व का लोप और विसर्ग की ओत्व।

ऊसित्तो < उत्सिक्तः–उ के स्थान पर ऊ, त् का लोप और संयुक्त क्त में से क् का लोप तथा अवशेष त् को द्वित्व।

ऊच्छुओ < उच्छुकः–उ के स्थान में ऊत्व और क का लोप, विसर्ग को ओत्व।

विशेष–उच्छाहो < उत्साह–यहाँ दीर्घ ऊकार नहीं हुआ है।

उच्छण्णो < उच्छन्न– ,, ,, ,,

(७८) दुर् उपसर्ग के रेफ का लोप हो जाने पर ह्रस्व उ का दीर्घ ऊ विकल्प से होता है।[१] जैसे–

दूसहो, दुसओ < दुस्सहः–दूसरा रूप विकल्पाभाव पक्ष का है।

दूहओ, दुहओ < दुर्भगः– ,, ,,

(७९) संयुक्त अक्षरों के पर में रहने पर पूर्ववर्ती प्रथम उकार का ओकार होता है।[२] जैसे–

तोण्डं < तुण्डम्–उकार के स्थान पर ओकार हुआ है।

मोण्डं < मुण्डम्– ,, ,,

पोक्खरं < पुष्करम्–पु में रहने वाले उकार के स्थान पर ओकार तथा ष्क के स्थान पर क्ख।

कोट्टिमं < कुट्टिमम्–उकार के स्थान पर ओकार।

पोत्थअं < पुस्तकम्–उकार के स्थान पर ओकार तथा स्त के स्थान पर त्थ और क का लोप, शेष अ।

लोद्धओ < लुब्धकः–उकार के स्थान पर ओत्व, ब् का लोप और ध को द्वित्व।

मोत्ता < मुक्ता–उकार के स्थान पर ओकार, संयुक्त क् का लोप और त् को द्वित्व।

---

१. लुंकि दुरो वा ८।१।११५.। हे.।

२. ओत्संयोगे ८।१।११५. हे.

तुण्डादिगण के शब्द–

तुण्डकुट्टिमकुद्दालमुक्तामुद्गरलुब्धकाः।

पुस्तकञ्चैवमन्येऽपि कुग्मीकुन्तलपुष्कराः॥ कल्पलतिका

वोक्कन्तं < व्युत्क्रान्तम्–व्यु के स्थान पर वो, त् और र् का लोप, क को द्वित्व।

कोन्तलो < कुन्तलः–उकार को ओकार।

पोग्गलं < पुद्गलम्–उकार को ओकार, द का लोप और ग की द्वित्व।

(८०) शब्द के आदि में ऋकार का अकार होता है।[१] जैसे–

घअं < घृतम्–घृ में रहने वाली ऋकार के स्थान पर अ और त का लोप होने से अ शेष।

तणं < तृणम्–तृ में रहने वाली ऋ के स्थान पर अ।

कअं < कृतम्–कृ में रहने वाली ऋ के स्थान पर अ तथा त का लोप, शेष अ।

वसहो < वृषभः– वृ की ऋकार के स्थान पर अ और भ के स्थान पर ह, विसर्ग का ओत्व।

मओ < मृगः–मृ की ऋ के स्थान पर अ और ग का लोप, अ शेष।

घट्ठो < घृष्टः–घृ की ऋ के स्थान पर अ और ष् का लोप, ट को द्वित्व तथा द्वितीय ट को ठ।

वड्ढी < वृद्धिः–वृ की ऋ के स्थान पर अ और द्धि के स्थान पर ड्ढी।

(८१) कृपादिगण के शब्दों में आदि ऋकार का इत्व होता है।[२] उदाहरण–

किवा < कृपा–कृ में रहने वाली ऋ के स्थान पर इ तथा पा के स्थान पर वा।

दिट्ठं < दृष्टम् दृ की ऋ के स्थान पर इ, संयुक्त ष् का लोप, ट को द्वित्व तथा द्वितीय ट के स्थान पर 'ठ'।

सिट्ठी < सृष्टिः–सृ की ऋ के स्थान पर इ, संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व औीर द्वितीय ट के स्थान पर ठ।

भिऊ < भृगुः–भृ की ऋ के स्थान पर इ तथा ग का लोप, उ शेष।

सिंगारो < शृंगारः–शृ की ऋ के स्थान पर इ।

घुसिणं < घुसृणम् –सृ की ऋ के स्थान पर इ।

इड्ढी < ऋद्धिः–ऋ के स्थान पर इ, द्धि के स्थान पर ड्ढी।

किसाणू < कृशानुः–कृ की ऋ के स्थान पर इ।

किई < कृतिः–कृ की ऋ के स्थान पर इ, त् का लोप और ई शेष।

किवणो < कृपणः–कृ की ऋ के स्थान पर इ और प के स्थान पर व।

---

१. ऋतोत् ८/१।१२६. आदेर्ऋकारस्य अत्वं भवति। हे.।

२. इत्कृपादौ ८।१।१२८. कृपा इत्यादिषु शब्देषु आदेर्ऋत इत्वं भवति।

भिंगारो < भृंगारः—भृ की ऋ के स्थान पर इ।

किसो < कृशः—कृ की ऋ के स्थान पर इ।

विञ्चुओ < वृश्चिकः—वृ की ऋ के स्थान पर इ और श्च के स्थान पर ञ्च तथा इकार को उकार।

विंहिओ < वृंहितः—वृ की ऋ के स्थान पर वि।

तिप्पं < तृप्तम्—तृ की ऋ के स्थान पर इ, त का लोप और प को द्वित्व।

किच्चं < कृत्यम्—कृ की ऋ के स्थान पर इ और त्य के स्थान पर च्च।

हिअं < हृतम्—हृ की ऋ के स्थान पर इ, त का लोप तथा अ स्वर शेष।

वित्तं < वृत्तम्—वृ की ऋ के स्थान पर इकार।

वित्ती < वृत्तिः—वृ की ऋ के स्थान पर इकार और त्ति को दीर्घादेश।

विसी < वृषिः—वृ की ऋ के स्थान पर इकार और षि को दीर्घ तथा दन्त्य।

सइ < सकृत्—कृ की ऋ के स्थान पर इ तथा अन्तिम हलन्त व्यंजन त् का लोप।

हिअअं < हृदयम्—हृ की ऋ के स्थान पर इकार, द और य का लोप और स्वर शेष।

दिट्ठी < दृष्टिः—दृ की ऋ के स्थान पर इत्व तथा संयुक्त ष का लोप और ट को द्वित्व, द्वितीय ट को ठ।

गिट्ठी < गृष्टिः—गृ की ,, ,, ,,

भिंगो < भृंगः—भृ की ऋ के स्थान पर इकार।

सियालो < श्रृगालः—श्रृ की ऋ के स्थान पर इत्व, ग का लोप और स्वर शेष।

विड्ढी < वृद्धिः—वृ की ऋ के स्थान पर इकार, दन्त्य के स्थान पर मूर्धन्य वर्ण और दीर्घ।

घिणा < घृणा—घृ की ऋ के स्थान पर इकार।

किच्छं < कृच्छ्रम्—कृ की ऋ के स्थान पर इकार।

निवो < नृपः—नृ की ऋ के स्थान पर इकार और प को व।

विहा < स्पृहा—संयुक्त स् को लोप, पृ की ऋ के स्थान पर इ और प को व।

गिड्ढी < गृद्धिः—गृ की ऋ के स्थान पर इ और दन्त्य वर्णों का मूर्धन्य।

किसरो < कृशरः—कृ की ऋ के स्थान पर इ।

धिई < धृतिः—धृ की ऋ के स्थान पर इ, तकार का लोप और स्वर शेष।

किवाणं < कृपाणम्—कृ की ऋ के स्थान पर इ और त का लोप, स्वर शेष।

वाहित्तं < व्याहृतम्—व्या के स्थान पर वा, हृ की ऋ के स्थान पर इकार।

इसी < ऋषिः—ऋ के स्थान पर इ और षि के स्थान पर दीर्घ सी।

वितिण्हो < वितृष्णः—तृ की ऋ के स्थान पर इ और ष्ण के स्थान पर ण्ह।

मिट्ठं < मृष्टम—मृ की ऋ के स्थान पर इकार।

सिट्ठं < सृष्टम्–सृ की ऋ के स्थान पर इ तथा संयुक्त सकार का लोप, ट को द्वित्व।

पित्थी < पृथ्वी–पृ की ऋ के स्थान पर इ तथा थ्वी के स्थान पर त्थी।

समिद्धी < समृद्धिः–मृ की ऋ के स्थान पर इकार और ह्रस्व को दीर्घ।

किवो < कृपः–कृ की ऋ के स्थान पर इ और प का व।

उक्किट्ठं < उत्कृष्टम्–कृ की ऋ के स्थान पर इत्व, त् का लोप और क् को द्वित्व, ष् का लोप, ट को द्वित्व और द्वितीय ट् को ठ।

विकल्प से इत्व–

विसो, वसो < वृषः

किण्हो, कण्हो < कृष्णः

महिविट्ठं < महीपृष्ठम्–यहाँ उत्तरपद रहने से पृष्ठ शब्द में विकल्प से इत्व नहीं हुआ।

(८२) ऋतु प्रभृति शब्दों में आदि ऋकार को उकार होता है। उदाहरण[१]–

उदू < ऋतुः–ऋकार के स्थान पर उ और त के स्थान पर द।

पउत्ती < प्रवृत्तिः–प्र के स्थान पर प, व का लोप और ऋ के स्थान पर उ तथा त्ति की दीर्घ।

परामुट्ठो < परामृष्टः–मृ की ऋ के स्थान पर उकार, ष् का लोप, ट को द्वित्व और द्वितीय ट् को ठ।

पाउसो < प्रावृट्–प्र का प, व का लोप, ऋ के स्थान पर उ और ट् को स

परहुओ < परभृतः–भृ की ऋ के स्थान पर उत्व, भ के स्थान पर ह।

णिव्वुअं, णिव्वुदं < निर्वृतम्–रेफ का लोप, व को द्वित्व, ऋ के स्थान पर उ, त का लोप और स्वरशेष।

उसहो < ऋषभः–ऋ के स्थान पर उ और भ के स्थान पर ह।

भाउओ < भ्रातृकः–भ्रा में से रेफ का लोप, तृ में त का लोप, ऋ के स्थान पर उ।

पहुदि < प्रभृति–प्र का प, भृ के स्थान पर हु और त के स्थान पर द।

संवुदं < संवृत्तम्–वृ की ऋ के स्थान पर उ तथा त की द।

वुड्ढो < वृद्धः–वृ की ऋ के स्थान पर उ तथा दन्त्यवर्णों को मूर्धन्य।

मुडालं < मृणालम्–मृ की ऋ के स्थान पर उ तथा ण के स्थान पर ड।

पाहुडं < प्राभृतम्–प्र के स्थान पर प, भृ के स्थान पर हु और त के स्थान पर ड।

---

१. उदृत्वादौ ८।१।१३१. ऋतु इत्यादिषु शब्देषु आदेर्ऋत उद् भवति। हे.।

पुट्ठं < पृष्टम्–पृ की ऋ के स्थान पर उ, ष् का लोप, ट को द्वित्व तथा द्वितीय ट को ठ।

पुहइ, पुहवी < पृथिवी–पृ की ऋ के स्थान पर उ और थ के स्थान पर ह।

पाउअं < प्रावृतम्–प्रा के स्थान पर पा, वृ के व का लोप, ऋ के स्थान पर उ, त का लोप तथा विसर्ग को ओत्व।

भुई < भृतिः–भृ की ऋ के स्थान पर उ तथा तकार का लोप।

विउअं < विवृतम्–वृ के व का लोप, इसी के ऋ के स्थान पर उत्व।

वुंदावणं < वृन्दावनम्–वृ के ऋ के स्थान वर उत्व।

जामाउओ, जामादुओ < जामातृकः–तृ के तकार का लोप, ऋ के स्थान पर उ और क का लोप तथा स्वरशेष।

पिउओ < पितृकः–तृ के त का लोप, ऋ के स्थान पर उ और क का लोप, तथा ओत्व।

णिहुअं, णिहुदं < निभृतम्–भृ में भ के स्थान पर ह और ऋ के स्थान पर उ।

णिव्वुइ < निर्वृतिः–र्वृ में से रेफ का लोप, ऋ को उत्व तथा व को द्वित्व।

वुड्ढी < वृद्धिः–वृ के ऋ के स्थान पर उत्व और दन्त्य वर्णों को मूर्धन्य।

माउआ < मातृका–तृ के त का लोप, ऋ के स्थान पर उ और क का लोप, स्वरशेष।

णिउअं < निवृतम् = वृ के व का लोप, ऋ का उत्व तथा त का लोप, स्वरशेष।

वुत्तान्तो < वृत्तान्तः–ऋ का उत्व।

उजू < ऋजुः–ऋ का उत्व।

पुहुवी < पृथिवी–पृ में ऋ के स्थान पर उत्व, थ का को ह आदेश।

वुंदं < वृन्दम्–वृ के ऋ के स्थान पर उत्व।

माऊ, मादु < मातृ–तृ में से तकार का लोप, ऋ के स्थान पर उत्व। तकार का लोप न होने पर द।

(८३) निवृत्त और वृन्दारक शब्द में ऋ के स्थान पर विकल्प से उत्व होता है।[1] यथा–

निवुत्तं, निअन्तं < निवृत्तम्–विकल्पाभाव पक्ष में ऋ के स्थान पर अ हुआ है।

वुन्दारया, वन्दारया < वृन्दारका– ,, ,,

(८४) वृषभ शब्द में ऋ के स्थान पर विकल्प से वकार सहित उत्व होता है।[2] यथा–

उसहो, वसहो=वृषभः–विकल्पाभाव पक्ष में ऋ के स्थान में अ हुआ है।

---

१. निवृत्त–वृन्दारके वा ८।१।१३२.। हे.।   २. वृषभे वा वा ८।१।१३३.। हे.।

(८५) समास आदि में जो पद प्रधान न होकर गौण होता है, उसके अन्तिम ऋ के स्थान में उकार आदेश होता है।[१] जैसे–

माउमंडलं, मादुमंडलं < मातृमण्डलम्–तकार का लोप न होने पर त का द हुआ है और ऋ के स्थान पर उकार।

माउहरं, मादुहरं < मातृगृहम् ,, ,,

पाउवणं < पितृवनम्–तकार का लोप और अ के स्थान पर उकार।

(८६) गौण–अप्रधान मातृशब्द के ऋकार को विकल्प से इकार होता है[२]। जैसे–

माइ–हरं, माउ–हरं < मातृगृहम्

माइ–मंडलं, माउ–मंडलं, मादु–मंडलं < मातृमंडलम्

(८७) मृषा शब्द में ऋकार के स्थान पर उत्, ऊत् और ओत् होते हैं।[३] जैसे–

मुसा, मूसा, मोसा < मृषा

मुसा–वाओ, मूसा–वाओ, मोसा–वाओ < मृषावादः

(८८) वृष्ट, वृष्टि, पृथक्, मृदङ्ग और नप्तृक शब्दों में ऋकार के स्थान पर इकार और उकार होते हैं।[४] जैसे–

विट्ठो, वुट्ठो < वृष्टः | विट्ठी, वुट्ठी < वृष्टिः
पिहं, पुहं < पृथक् | मिइंगो, मुइंगो < मृदङ्गः
नत्तिओ, नत्तुओ < नप्तृकः

(८९) वृहस्पति शब्द में ऋकार के स्थान पर विकल्प से इकार और उकार होते हैं।[५] जैसे–

विहप्फई, बुहप्फइ, वहप्फई < वृहस्पतिः

(९०) वृन्त शब्द में ऋकार के स्थान पर इत्, एत् और ओत् होते हैं।[६] जैसे–

विण्टं, वेण्टं, वोण्टं < वृन्तम्

(९१) व्यञ्जन के सम्पर्क रहित–केवल ऋ के स्थान पर रि आदेश होता है। यह कहीं विकल्प से और कहीं नित्य होता है।[७] जैसे–

रिद्धी < ऋद्धिः | रिणं < ऋणम्
रिज्जू, उज्जू < ऋजुः | रिसहो, उसहो < वृषभः

---

१. गौणान्त्यस्य ८।१।१३४.। हे.। २. मातुरिद्वा ८।१।१३५.। हे.।
३. उदूदोन्मृषि ८।१।१३६.। हे.।
४. इदुतौ वृष्ट–वृष्टि–पृथङ्–मृदङ्ग–नप्तृके ८।१।१३७.। हे.।
५. वा बृहस्पतौ ८।१।१३८.। हे.। ६. इदेदोद्वृन्ते ८।१।१३९.। हे.।
७. रिः केवलस्य ८।२।१४०.। हे.।

रिऊ, उदू < ऋतुः रिसी, इसी = ऋषिः

(९२) जिस दृश् धातु के आगे कृत्, क्विप, स्क् और सक् प्रत्यय आये हों, उसके ऋ का रि आदेश होता है।[१] जैसे–

एआरिसो < एतादृशः–त् का लोप स्वर शेष, द् का लोप और ऋ के स्थान पर 'रि'।

तारिसो < तादृशः–दृ में से द् का लोप और ऋ के स्थान पर रि।

सरिसो < सदृशः– ,, ,, ,, ,,

सरिच्छो < सदृक्षः ,, ,, क्ष के स्थान पर च्छ।

भवारिसो < भवादृशः– द् का लोप और ऋ के स्थान पर रि।

जारिसो < यादृशः– ,, ,, ,, ,,

केरिसो<कीदृशः–की के स्थान पर के और द् का लोप, ऋ के स्थान पर रि।

अम्हारिच्छो <अस्मादृक्षः–द् का लोप, ऋ के स्थान पर 'रि', क्ष के स्थान पर च्छ।

अन्नारिसो < अन्यादृशः–न्या के स्थान पर न्ना, द् का लोप, ऋ के स्थान पर 'रि'।

अम्हारिसो < अस्मादृशः–स्मा के स्थान पर म्हा, द् का लोप, ऋ के स्थान पर रि।

तुम्हारिसो < युष्मादृशः–ष्मा के स्थान पर म्हा, द् का लोप, ऋ के स्थान पर रि।

विशेष–शौरसेनी में उक्त शब्दों के रूप निम्नप्रकार होते हैं।

	जादिसं < यादृशम्	तादिसं < तादृशम्
पैशाची में–	जातिसं < यादृशम्	तातिसं < तादृशम्
अपभ्रंश में–	जइसं < यादृशम्	तइसं < तादृशम्

(९३) किसी भी शब्द में आदि ऐकार का एकार होता है।[२] यथा–

सेलो = शैलः–श के स्थान पर स और ऐकार को एकार।

तेल्लुकं, तेल्लोकं < त्रैलोक्यम्–त्रै में से र् का लोप, ऐकार को एकार, च् का लोप और क को द्वित्व।

सेच्चं < शैत्यम्–ऐकार का एकार, त्य के स्थान पर च्च।

एरावणो < ऐरावतः–ऐकार का एकार और त के स्थान पर ण।

---

१. दृशः क्वि प्–टक्सकः ८।१।१४२.। हे.। २. ऐत् एत् ८।१।१४८.। हे.।

केलासो < कैलाशः–ऐकार का एकार।

केढवो < कैतवः–ऐकार का एकार और त के स्थान पर ढ।

वेहव्वं < वैधव्यम्–ऐकार का एकार, ध के स्थान पर ह, और य लोप तथा व् को द्वित्व।

(९४) दैत्यादि गण में ऐ के स्थान में अइ आदेश होता है। यह नियम ए का अपवाद है।[1] जैसे–

दइच्चं < दैत्यम्–ऐ के स्थान पर अइ, त्य के स्थान पर च्च।

दइण्णं < दैन्यम्– ,, ,, न्य के स्थान पर ण्ण।

अइसरिअं < ऐश्वर्यम्– ,, ,, व का लोप और र्यम् का रिअं।

भइरवो < भैरवः–ऐकार का अइकार

दइवअं < दैवतम्–ऐकार का अइकार, त लोप ओर स्वरशेष।

वइआलीओ < वैतालिकः–ऐकार का अइकार, त लोप, स्वर शेष तथा क लोप और स्वर शेष।

वइएसो < वैदेशः–ऐकार का अइ, द लोप और स्वर शेष।

वइएहो < वैदेहः– ,, ,, ,,

वइअब्भो < वैदर्भः–ऐकार का अइ, द लोप, स्वर शेष, रेफलोप और भ को द्वित्व, पूर्ववर्ती भ को ब।

वइस्साणरो < वैश्वानरः–ऐकार का अइ, व लोप, स को द्वित्व, न को ण।

कइअवं < कैतवम्–ऐकार का अइ, त लोप, स्वर शेष।

वइसाहो < वैशाखः–ऐकार का अइ, ख के स्थान में ह।

वइसालो < वैशालः–ऐकार का अइ।

(९५) वैरादिगण में ऐकार के स्थान में विकल्प से अइ आदेश होता है।[2] यथा–

वइरं, वेरं < वैरम्–ऐकार के स्थान पर अइ, विकल्पाभाव में ए।

कइलासो, केलासो < कैलाशः– ,, ,,

कइरवं, केरवं < कैरवम्– ,, ,,

---

१. अइर्दैत्यादौ च ८।१।१५१. हे.। दैत्यादि गण के शब्द–

दैत्यादौ वैश्यवैशाखवैशम्पायनकैतवाः।
स्वैरवैदेहवैदेशक्षैत्रवैषयिका अपि।
दैत्यादिष्वपि विज्ञेयास्तथा वैदेशिकादयः॥–कल्पलतिका

२. वैरादौ वा ८।१।१५२. हे.। वैरादिगण के शब्द–

दैत्यः स्वैरं चैत्यं कैटभवैदेहको च वैशाख।
वैशिकभैरववैशम्पायनवैदेशिकाश्च दैत्यादिः॥–प्राकृत मंजरी।

वइसवणो, वेसवणो < वैश्रवण:–ऐकार के स्थान पर अइ, श्र के र का लोप, अभाव पक्ष में ए।

वइसंपाअणो, वेसंपाअणो < वैशम्पायन:– ,, ,, य लोप और स्वरशेष।

वइआलिओ, वेआलिओ < वैतालिक:– ,, ,, क का लोप और स्वरशेष।

वइसिओ, वेसिओ < वैशिक:– ,, ,, ,,

चइत्तो, चेत्तो = चैत्र:– ,, ,, त्र के र का लोप और त को द्वित्व।

(९६) शब्द के आदि औकार को ओकार आदेश होता है।[१] जैसे–

कोमुई < कौमुदी–औ के स्थान पर ओकार, द लोप और स्वरशेष।

जोव्वणं < यौवनम्–य के स्थान पर ज, औ का ओ और व को द्वित्व।

कोत्थुहो < कौस्तुभ:–औकार का ओ, स्तु के स्थान पर त्थु और भ के स्थान पर ह।

सोहग्गं < सौभाग्यम्–औकार का ओ, भ के स्थान पर ह, य् लोप और ग को द्वित्व।

दोहग्गं < दौर्भाग्यम्– ,, ,, ,,

गोदमो < गौतम:–औकार का ओ और त का द।

कोसंबी < कौशाम्बी–औकार का ओ हुआ है।

कोंचो < क्रौञ्च:– ,, ,,

कोसिओ < कौशिक:– ,, ,, और क का लोप तथा स्वर शेष।

(९७) सौन्दर्यादिगण के शब्दों में औ के स्थान पर उत् आदेश होता है।[२] यथा–

सुन्देरं, सुंदरिअं < सौन्दर्यम्–औ के स्थान पर उ होने से।

सुंडो < शौण्ड:–औ के स्थान पर उत् आदेश।

दुवारिओ < दौवारिक:–औ के स्थान पर उत् और क का लोप, स्वर शेष।

मुंजायणो < मौञ्जायन:–औ के स्थान पर उत् आदेश।

सुगंधत्तणं < सौगन्ध्यम्–औ के स्थान पर उत् आदेश।

पुलोमी < पौलोमी– ,, ,,

सुवण्णिओ < सौवर्णिक:– ,, ,,

---

१. औत ओत ८।१।१५९.। हे.।

२. उत्सौन्दर्यादौ ८।१।१६०.। हे.।

(९८) कौक्षेयक और पौरादिगण के शब्दों में औ के स्थान पर अउ आदेश होता है।[१] यथा–

कउक्खेअओ, कुक्खेअओ < कौक्षेयकः।

पउरो < पौरः

कउरवो < कौरवः

पउरिसं < पौरुषम्

सउहं < सौधम्

गउडो < गौडः

मउली < मौलिः

मउणं < मौनम्

सउरा < सौराः

कउला < कौलाः

(९९) अव और अप उपसर्गों के आदि स्वर का आगे वाले सस्वर व्यंजन के साथ विकल्प से ओत् होता है।[२] जैसे–

ओआसो, अवआसो < अवकाशः–अव के स्थान पर ओ और क का लोप, स्वर शेष।

ओसरइ, अवसरइ < अपसरति–अप के स्थान पर ओ, त का लोप और स्वर शेष।

ओहणं, अअहणं< अपघनम्–अप के स्थान पर ओ तथा घ के स्थान पर ह।

विशेष–निम्न रूपों में यह नियम लागू नहीं होता–

अवगअं < अपगतम्–प के स्थान पर व।

अवसदो < अपसदः– ,, ,,

(१००) आगे वाले सस्वर व्यञ्जन के साथ उप के आदि स्वर के स्थान में विकल्प से ऊत और ओत् आदेश होते हैं।[३] जैसे–

ऊहसिअं, ओहसिअं < उपहसितम्–उप के स्थान पर ऊ और ओ हुआ है।

ऊआसो, ओआसो < उपवासः–उप के स्थान पर ऊ और ओ, व को लोप और स्वर शेष।

इन सामान्य स्वरविकृति नियमों के पश्चात् व्यञ्जनविकृति के नियमों का निर्देश किया जाता है–

(१०१) स्वर से पर में रहने वाले अनादिभूत तथा दूसरे किसी व्यञ्जन से

---

१. अउः पौरादौ च ८।१।१६२. हे.।

सौन्दर्यादिगण के शब्द–

सौन्दर्य शौण्डिको दौवारिकः शौण्डोपरिष्टकम्।
कौक्षेयः पौरुषः पौलोमि मौञ्जदौस्याधिकादयः॥ –कल्पलतिका।

पौरादिगण के शब्द–

पौरपौरुषशैलानि, गौडक्षौरितकौरवाः।
कौशल मौलिवौचित्यं, पौराकृतिगणा मता॥ –कल्पलतिका।

२. अवापोते ८।१।१७२. हे.।

३. ऊच्चोपे ८।१।१७३. हे.।

संयोगरहित क, ग, च, ज, त, द, प, य और व वर्णों का प्रायः लोप होता है।[१]
उदाहरण–
क लोप–

लोओ < लोकः–क का लोप, स्वर शेष और विसर्ग की ओत्व।

सअढं < शकटम्–क का लोप, स्वर शेष और ट के स्थान पर ढ।

मउलं < मुकुलं–मु के उ के स्थान पर अ, क का लोप और उ स्वर शेष।

णउलो < नकुलः–न का ण और क का लोप, स्वरशेष।

णोआ < नौका–न का ण और औ का ओ तथा क का लोप, स्वरशेष।

तित्थयरो < तीर्थंकरः–ती को ह्रस्व, रेफ का लोप, थ को द्वित्व, क लोप और स्वरशेष, य श्रुति।

ग लोप–

णओ < नगः–ग लोप, स्वरशेष।

णअरं, नयरं, णयरं < नगरम्–ग लोप और शेष स्वर के स्थान में य श्रुति।

मयंको < मृगाङ्कः–मृ का म, ग का लोप और शेष स्वर को य श्रुति।

साअरो, सायरो < सागरः–ग लोप और शेष स्वर को य श्रुति।

भाइरही < भागीरथी–ग लोप, स्वर शेष और थ के स्थान पर ह।

च लोप–

सई < शची–श को स और चकार का लोप, स्वर शेष।

कअग्गहो, कयग्गहो < कचगृहः–च लोप, शेष स्वर को य श्रुति।

सूई < सूची–च लोप और स्वर शेष।

रोअदि < रोचते–च लोप और स्वर शेष।

उइदं < उचितम्–च लोप और स्वर शेष, त को द।

सूअअं < सूचकम्।

ज लोप–

रअओ < रजकः–ज और क दोनों का लोप और स्वर शेष।

पआवई < प्रजापतिः–ज लोप, स्वर शेष और प के स्थान पर व।

गओ < गजः–ज लोप और स्वर शेष।

रअढं < रजतम्–ज का लोप, स्वर शेष और त के स्थान पर ढ।

त लोप–

विआणं < वितानम्–त लोप और स्वर शेष।

किअं <कृतम्–कृ में रहने वाली ऋ के स्थान पर अ और त लोप, स्वर शेष।

रसाअलं < रसातलम्–त लोप और स्वर शेष।

---

१. क-ग-च-ज-त-द-प-य-वां प्रायो लुक् ८।१।१७७. हे.।

रअणं, रयणं < रत्नम्–त लोप और स्वर शेष, स्वर शेष के स्थान में य श्रुति।

द लोप–

जइ < यदि–य को ज और द लोप।

नई < नदी–द लोप और स्वर शेष।

गआ < गदा– ,, ,,

मअणो < मदनः– ,, ,,

वअणं < वदनम्– ,, ,,

मओ < मदः– ,, ,,

प लोप–

रिऊ < रिपुः–प लोप और उ शेष तथा उकार को दीर्घ।

सुउरिसो < सुपुरुषः– ,, ,, ,,

कई < कपिः–प लोप और स्वर शेष।

विउलं < विपुलं– ,, ,,

य लोप–

दआलू < दयालुः–य लोप, स्वर शेष और लु को दीर्घ।

णअणं < नयनम्– ,, ,, ,,

विओओ < वियोगः –य और ग का लोप स्वर शेष।

वाउणा < वायुना–य लोप और स्वर शेष।

व लोप–

जीओ < जीवः–व लोप और स्वर शेष।

दिअहो < दिवसः–व लोप, स्वर शेष और स के स्थान पर ह।

लाअण्णं < लावण्यम्–व लोप स्वर शेष, य लोप और ण को द्वित्व।

विओहो < विवोधः–व लोप, स्वर शेष और ध के स्थान पर ह।

वडआणलो < वडवानलः–व लोप, स्वर शेष।

विशेष–प्रायः शब्द का प्रयोग होने से कहीं–कहीं लोप नहीं होता। यथा–

सुकुसुमं < सुकुसुमम् पयागजलं < प्रथागजलम्

पियगमणं < प्रियगमनम् सुगओ < सुगतः

अगरु < अगरु सचावं < सचापम्

समवाओ < समवायः

(क) स्वर से पर में नहीं रहने के कारण उक्त वर्णों का लोप नहीं हुआ–

संकरो < शंकरः णक्कंचरो < नक्तंचरः

धणंजओ < धनञ्जयः पुरंदरो < पुरन्दरः

संवरो < संवरः

(ख) निम्न शब्दों में संयुक्त होने के कारण लोप नहीं हुआ–

अक्को < अर्कः　　　　वग्गो < वर्गः

अग्घो < अर्घः　　　　मग्गो < मार्गः

(ग) निम्न शब्दों में आद्यक्षर होने के कारण उक्त वर्णों का लोप नहीं हुआ–

कालो < कालः　　　　गंधो < गन्धः

चोरो < चौरः–औकार के स्थान पर ओकार।

जारो < जारः

तरू < तरुः–रु के ह्रस्व उकार को दीर्घ हुआ है।

दवो < दवः

पावं < पापम्–द्वितीय प के स्थान पर व हुआ है।

(घ) समास में उत्तरपद के आदि का विकल्प से लोप होता है–

सहअरो, सहचरो < सहचरः

जलअरो, जलचरो < जलचरः

सहआरो, सहकारो < सहकारः

(ङ) कुछ विद्वानों के मत में क का लोप नहीं होता, बल्कि उसके स्थान पर ग होता है। जैसे–

एगत्तणं < एकत्वम्　　　　एगो < एकः

अमुगो < अमुकः　　　　आगारो < आकारः

आगरिसो < आकर्षः

(च) कहीं कहीं आदि में आने वाले कादि वर्णों का भी लोप देखा जाता है–

स उण < स पुनः

सो य, सोअ < स च–च का लोप होने पर शेष स्वर अ के स्थान में य श्रुति होने से च का य होता है।

इन्धं < चिह्नम्–आदि च का लोप ओर ह के स्थान पर ध।

(छ) आर्ष प्राकृत में च के स्थान पर ट पाया जाता है। यथा–

आउण्टणं < आकुञ्चनम्

(१०२) क, ग, च, ज, त, द, प, य और व का लोप होने पर अवशिष्ट स्वर अ या आ के स्थान में लघु प्रयत्नतर यकार का उच्चारण होता हैं।[१] यथा–

नयरं < नगरम्–ग का लोप होने पर अवशेष अ के स्थान पर य।

कयग्गहो < कचग्रहः–च का लोप होने पर अवशेष अ के स्थान पर य।

कायमणी < काचमणिः–　　　　"　　　　"　　　　"

रययं<रजतम् –ज और त का लोप होने पर अवशेष स्वर अ के स्थान में य।

---

१. अवर्णो यश्रुतिः ८।१।१८०. हे.।

पयावई < प्रजापतिः–ज का लोप और अवशेष आ के स्थान में या, प का व और त का लोप, दीर्घ।

रसायलं < रसातलम्–त का लोप और अवशेष अ को य।

पायालं < पातालम्–त का लोप और अवशेष आ को या।

(१०३) असवर्ण से पर में अनादि प का लोप लुक् नहीं होता, बल्कि पकार को वकार होता है।[1] उदाहरण–

उवसग्गो < उपसर्गः–प का व, रेफ का लोप और ग को द्वित्व।

कवालो < कपालः–यहाँ प का लोप नहीं हुआ, उसके स्थान पर व हुआ है।

उल्लावो < उल्लापः– ,, ,,

कवोलो < कपोलः– ,, ,,

महिवालो < महिपालः– ,, ,,

उवमा < उपमा– ,, ,,

पावं < पापम्–प का व हुआ है।

सवहो < शपथः–प का व तथा थ का ह हुआ है।

सावो < शापः–प का व हुआ है।

विशेष–(क) संयुक्त होने पर प का व नहीं होता। यथा–

विप्पो < विप्रः–प्र में प् + र् + अ का संयोग है अतः रेफ का लोप और प को द्वित्व।

सप्पो < सर्पः–रेफ का लोप और प को द्वित्व।

(ख) आदिस्थ होने पर प का न तो लोप होता है और न उसके स्थान में व ही होता है। यथा–

पई < पतिः–त का लोप तथा इकार को दीर्घ।

पंडिओ < पण्डितः–त का लोप और विसर्ग को ओत्व।

(१०४) आपीड शब्द में पकार को म होता है।[2] यथा–

आमेलो < आपीडः–प का म और ड को ल हुआ है।

(१०५) स्वर से पर में रहने वाले असंयुक्त और अनादि ख, घ, थ, ध और भ वर्णों के स्थान में प्रायः ह आदेश होता है।[3] वास्तविकता यह है कि इन व्यंजनों में ह संयुक्त है। जैसे–

ख् = क् + ह्, घ = ग् +ह्, थ् = त् + ह्, ध = द् + ह्, फ = प् + ह्, भ् = ब् + ह्। अतः उक्त व्यञ्जनों में विजातीय का लोप होकर ह शेष रह जाता है। उदाहरण–

---

१. पो वः २।१५. वर.। २. आपीडे मः २।१६. वर.।

३. ख–घ–थ–ध–भाम् ८।१।१८७. हे.।

मुहं < मुखम्–ख का ह हुआ है।
महो < मखः–ख का ह हुआ है।
मेहला < मेखला– ,, ,,
लिहइ < लिखति– ,, ,, और त् का लोप तथा इ शेष।
पमुहेण < प्रमुखेण–प्र के स्थान पर प और ख का ह हुआ है।
सही < सखी–ख के स्थान पर ह।
अलिहिदा < अलिखिता–ख के स्थान पर ह और त के स्थान पर द।
मेहो < मेघः–घ के स्थान पर ह हुआ है।
जहणं < जघनम्– ,, ,,
माहो < माघः– ,, ,,
लाहअं < लाघवम्–घ के स्थान पर ह और व का लोप तथा स्वर अ शेष।
लहु < लघुः–घ के स्थान पर ह।
नाहो < नाथः–थ के स्थान पर ह।
गाहा < गाथा– ,, ,,
मिहुणं < मिथुनम्– ,, ,,
सवहो < शपथः–प के स्थान पर व और थ के स्थान पर ह।
कहेहि < कथय–थ के स्थान पर ह।
कहं < कथम्– ,, ,,
मणोरहो < मनोरथः– ,, ,,
साहू < साधुः–ध के स्थान पर ह।
राहा < राधा– ,, ,,
वाहा < बाधा– ,, ,,
वहिरो < बधिरः– ,, ,,
वाहइ < बाधते–ध के स्थान पर ह और विभक्ति चिह्न इ।
इंदहणू < इन्द्रधनुः–रेफ का लोप और ध के स्थान पर ह।
अहिअं < अधिकम्–ध के स्थान पर ह।
माहवीलदा < माधवीलता–ध के स्थान पर ह तथा त के स्थान पर द।
महुअर < मधुकरः–ध के स्थान पर ह तथा क का लोप, अ शेष।
सहा < सभा–भ के स्थान पर ह।
सहावो < स्वभावः–व का लोप और भ के स्थान पर ह।
णहं < नभः–भ के स्थान पर ह।
सोहइ < शोभते–भ के स्थान पर ह और विभक्ति चिह्न इ।
सोहणं < शोभनम्–भ के स्थान पर ह।

आहरणं < आभरणम्–भ के स्थान पर ह।

दुल्लहो < दुर्लभः–रेफ का लोप और ल को द्वित्व तथा भ के स्थान पर ह।

विशेष–(क) स्वर से पर में नहीं रहने से–

संखो<शङ्खः–यहाँ ख स्वर से पर नहीं है, बल्कि अनुस्वार व्यञ्जन से परे है।

संघो < सङ्घः–,, घ ,, ,, ,, ,,

कंथा < कन्था–,, थ ,, ,, ,, ,,

खंभो < स्तम्भः– ,,भ ,, ,, ,, ,,

(ख) उपर्युक्त वर्णों के असंयुक्त होने पर ह आदेश होता है, संयुक्त होने से नहीं। जैसे–

अक्खइ < अक्षति–ख के स्थान पर ह नहीं हुआ।

अग्घइ < अर्घति–घ के स्थान पर ,,

कत्थइ < कथयति–थ के ,, ,,

बन्धइ < बन्धति–ध के ,, ,,

लब्भइ < लभते–भ के ,, ,,

(ग) गज्जइ घणो < गर्जयति घनः–घ प्रादि में रहने से ह नहीं हुआ।

गज्जन्ते खे मेहा < गर्जयन्ते खे मेघाः–ख आदि ,, ,,

पखलो < प्रखलः–प्रायः कथन के कारण ह नहीं हुआ।

पलंबघणो < प्रलम्बघनः– ,, ,,

अधीरो < अधीरः– ,, ,,

अधण्णो < अधन्यः– ,, ,,

जिणधम्मो < जिनधर्मः– ,, ,,

पणट्ठभओ < प्रनष्टभयः– ,, ,,

(१०६) स्वर से पर में रहने वाले असंयुक्त और अनादि ट, ठ और ड के स्थान में क्रमशः ड, ढ और ल आदेश होते हैं।[१] उदाहरण–

मढो < मठः–ठ के स्थान में ढ हुआ है।

सढो < शठः– ,, ,,

कमढो < कमठः– ,, ,,

कुढारो < कुठारः– ,, ,,

णडो < नटः–ट के स्थान में ड हुआ है।

भडो < भटः– ,, ,,

---

१. ठो ढः ८।१।१९९; टो डः ८।१।१९५; डो लः ८।१।२०२. हे.।

विडवो < विटपः–ट के स्थान पर ड और प के स्थान पर व।

घडो < घटः–ट के स्थान पर ड।

घडइ < घटते–ट के स्थान पर ड और विभक्ति चिह्न इ।

वलया–मुँहं < वडवामुखम्–ड के स्थान पर ल, व लोप और आ स्वर के स्थान पर य श्रुति तथा ख के स्थान पर ह।

गरुलो < गरुडः–ड के स्थान पर ल।

कीलइ < क्रीडति–रेफ का लोप, ड के स्थान पर ल और विभक्ति चिह्न इ।

तलायो < तडागः–ड के स्थान पर ल, ग लोप और अ स्वर के स्थान में यश्रुति।

बलही < वडधिः–ड के स्थान में ल और ध के स्थान में ह तथा दीर्घ।

घंटा < घण्टा–स्वर से पर में ट के न होने से ट के स्थान में ड नहीं हुआ।

वेकुंठो < वैकुण्ठः–स्वर से पर में ठ के न होने से ढ नहीं हुआ।

मोंडं < मुण्डम्–स्वर से पर में ड के न होने से ल नहीं हुआ।

कोंडं < कुण्डम्– ,, ,, ,,

खट्टा < खट्टा–संयुक्त रहने के कारण ट का ड नहीं हुआ।

चिट्ठइ < तिष्ठति– संयुक्त रहने से ठ का ढ नहीं हुआ।

खड्गो < खड्गः–संयुक्त रहने से ड का ल नहीं हुआ।

टक्को < टङ्कः–अनादि–आदि भिन्न होने से ट को ड नहीं हुआ।

ठाई < स्थायी– ,, ,, ठ को ढ ,,

डिंभो < डिम्भः– ,, ,, ड को ल ,,

(१०७) प्यन्त पट धातु में ट का ल आदेश विकल्प से होता है।[१] यथा–

चबिला, चविडा < चपेटा–प के स्थान पर व और ट के स्थान में ल तथा विकल्पाभावपक्ष में ड।

फालेइ, फाडेइ < पाटयति–ट का ल तथा विकल्पाभाव में ड और विभक्ति चिह्न इ।

(१०८) सटा, शकट और कैटभ शब्द में ट को ढ होता है।[२] यथा–

सढा < सटा–ट के स्थान पर ढ।

सयढो < शकटः–क का लोप और अ स्वर के स्थान पर य श्रुति, तथा ट का क।

केढवो < कैटभः–ऐकार का एकार और ट का ढ तथा भ का व 'कैटभे वः' २।२९. सूत्र से।

---

१. चपेटा–पाटौ वा ८।१।१९८। हे.। २. सटा–शकट–कैटभे ढः ८।१।१९६. हे.।

(१०९) स्फटिक में टकार के स्थान पर ल होता है।[१] यथा–

फलिहो < स्फटिकः–ट का ल और क का ह।

(११०) प्रति उपसर्ग में तकार के स्थान में प्रायः डकार आदेश होता है।[२] जैसे–

पडिवण्णं <प्रतिपन्नम्–प्र के स्थान पर प, त के स्थान पर ड और प का व।

पडिहासो < प्रतिभासः–प्र के स्थान पर प, त के स्थान पर ड और भ के स्थान पर ह।

पडिहारो < प्रतिहारः–प्र को प और त को ड।

पाडिएप्फद्धी < प्रतिस्पर्धी–त के स्थान पर ड, स्प के स्थान पर प्फ, रेफ का लोप और ध को द्वित्व।

पडिसारो < प्रतिसारः–त के स्थान पर ड।

पडिसरो < प्रतिसरः–त के स्थान पर ड।

पडिसिद्धि < प्रतिसिद्धिः–,, ,,

पडिनिअक्तं < प्रतिनिवृत्तम्–त के स्थान पर ड, व का लोप और ऋ के स्थान पर अ।

पडिमा < प्रतिमा–त के स्थान पर ड।

पडिवया < प्रतिपत्–त के स्थान पर ड, प की व और अन्त्य व्यंजन त् के स्थान पर आ तथा य श्रुति।

पडंसुआ < प्रतिश्रुत्–त के स्थान पर ड, रेफ का लोप और अन्तिम व्यंजन त् के स्थान में आ।

पडिकरइ < प्रतिकरोति– त के स्थान में ड, क्रियापद करइ।

पहुडि < प्रभृति–भ के स्थान पर ह, ऋ के स्थान में उकार और त का ड।

पाहुडं < प्राभृतम्– ,, ,, ,,

वावडो < व्यापृतः–व्या के स्थान में वा, य के स्थान में व और ऋ के स्थान में अ तथा त को ड।

पडाया < पताका–त को ड, क् का लोप और आ स्वर के स्थान में य श्रुति।

वहेडओ < विभीतकः–भ के स्थान पर ह, ईकार को एकार, त को ड और क लोप तथा अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

हरडई < हरीतकी–त को ड, क का लोप और ई स्वर शेष।

---

१. स्फटिके लः ८।१।१९७. हे.।

२. प्रत्यादौ डः ८।१।२०६. हे.।

दुक्कडं < दुष्कृतम्–आर्ष में ष् लोप, क को द्वित्व, ऋ को अ तथा त को ड।

सुकडं < सुकृतम्–आर्ष में ऋ के स्थान पर अ और त का ड।

आहडं < आहृतम्– " " " "

अवहडं < अवहृतम्– " " " "

पइसमयं < प्रतिसमयं–ति के स्थान पर ड नहीं हुआ और त का लोप हो जाने से इ स्वर शेष।

पईवं < प्रतीपम्–त के स्थान पर ड नहीं हुआ, त् का लोप होने से ई शेष।

संपइ < सम्प्रति–त लोप और इ स्वर शेष।

पइट्ठाणं < प्रतिष्ठानम्–त् लोप और इकार शेष तथा ष्ठा में से ष का लोप ठ की द्वित्व।

पइट्ठा < प्रतिष्टा– " " "

पइण्णा < प्रतिज्ञा–त लोप और ज्ञ के स्थान पर ण्ण।

(१११) ऋत्वादि गण के शब्दों में तकार का दकार होता है।[1] जैसे–

उदू < ऋतुः–ऋ के स्थान पर उ और त के स्थान में द तथा उ को दीर्घ।

रअदं < रजतम्–ज का लोप और उसके स्थान पर अ स्वर शेष तथा त को द।

आअदो < आगतः–ग का लोप और उसके स्थान पर अ स्वर शेष तथा त को द।

निव्वुदी < निर्वृतिः–रेफ का लोप, व को द्वित्व और ऋ के स्थान पर उ तथा त को द।

आउदी < आवृतिः–व का लोप, ऋ के स्थान पर उ और त को द।

संवुदी < संवृतिः–ऋ के स्थान पर उ तथा त को द।

सुइदी < सुकृतिः–क का लोप, ऋ के स्थान पर इ और त को द एवं दीर्घ।

आइदी < आकृतिः– " " "

हदो < हतः–त के स्थान पर द।

संजदो < संयतः–य के स्थान पर ज और त के स्थान पर द।

---

१. ऋत्वादिषु तो दः २।७ वर.; ऋत्वादि गण में निम्न शब्द परिगणित हैं–

ऋतुः किरातो रजतञ्च तातः सुसंगतं संयत साम्प्रतञ्च।
सुसंस्कृतिप्रीतिसमानशब्दास्तथाकृतिनिर्वृतितुल्यमेतत्॥
उपसर्गसमायुक्ते कृतिवृती वृतागतौ।
ऋत्वादिगणने नेया अन्ये शिष्टानुसारतः॥

विउदं < विवृतम्–व का लोप, ऋ के स्थान पर उ और त के स्थान में द।

संजादो < संयातः–य के स्थान पर ज और त को द।

संपदि < संप्रति–प्र के स्थान पर प और त को द।

पडिवद्दी < प्रतिपत्तिः–प्रति उपसर्ग की ति के स्थान पर डि, प को व और त को द तथा इकार को दीर्घ।

विशेष–त के स्थान पर द होना शौरसेनी की विशेषता है। साधारण प्राकृत में शब्दरूप निम्न प्रकार बनेंगे।

उऊ < ऋतुः–ऋ के स्थान पर उ और त का लोप तथा उ को दीर्घ।

रअअं < रजतम्–ज और त का लोप तथा इनके स्थान पर अ, अ स्वर शेष।

एअं < एतम्–त का लोप और उसके स्थान पर अ स्वर शेष।

गओ < गतः–त का लोप और उसके स्थान पर अ स्वर शेष, विसर्ग का ओत्व।

संपअं < साम्प्रतम्– म् का अनुस्वार, प्र के स्थान पर प और त का लोप, अ स्वर शेष।

जओ < यतः–य का ज और त का लोप, अ स्वर शेष, विसर्ग का ओत्व।

तओ < ततः–त का लोप, अ स्वर शेष और ओत्व।

कअं < कृतम्–त का लोप, अ स्वर शेष और म् का अनुस्वार।

हआसो < हताशः–त का लोप, अ स्वर शेष तथा श का स।

ताओ < तातः–त का लोप अ स्वर शेष और विसर्ग का ओत्व।

(११२) दंश और दह, प्रदीपि और दीप धातुओं के दकार के स्थान में क्रमशः ड, ल और वैकल्पिक ध आदेश होते हैं।[1] जैसे–

डसइ < दशति–द के स्थान पर ड, तालव्य श के स्थान पर दन्त्य स तथा तकार का लोप और इकार स्वर शेष।

डहइ < दहति–द के स्थान पर ड, त और इ स्वर शेष।

पलीवेइ < प्रदीपयति–द के स्थान पर ल, प का व और य का संप्रसारण इ, गुण तथा त का लोप और इ स्वर शेष।

पलित्तं < प्रदीप्तम्–द का ल, ह्रस्व, प का लोप और त को द्वित्व।

धिप्पइ, दिप्पइ < दीप्यति–द के स्थान पर वैकल्पिक ध, य लोप और प को द्वित्व, त लोप और इ स्वर शेष।

---

१. दंश–दहोः ८।१।२१८. हे.। प्रदिपि–दोहदे लः ८।१।२२१. हे.। दीपौ धो वा ८।१।२२३. हे.।

(११३) स्वर से पर में रहने वाले असंयुक्त और अनादि न का ण आदेश होता है।[1] पर आदि में वर्तमान असंयुक्त न का विकल्प से ण आदेश होता है।[2] उदाहरण–

सअणं < शयनम्–य का लोप और अ स्वर शेष तथा स्वर से पर अनादि और असंयुक्त न का ण।

कणअं < कनकम्–स्वर से पर अनादि और असंयुक्त न का ण, क लोप और अ स्वर शेष।

वअणं < वचनम्–च लोप और अ स्वर शेष और न का ण।

माणुसो < मानुषः–न का ण और मूर्धन्य ष का दन्त्य स।

णरो, नरो < नरः–न के स्थान पर विकल्प से ण।

णई, नई < नदी–न के स्थान पर ण तथा द का लोप और ई स्वर शेष।

(११४) स्वर से पर में रहने वाले असंयुक्त और अनादि फ के स्थान में कहीं भ, कहीँ ह और कहीं दोनों–भ और ह होते हैं।[3] उदाहरण–

रेभ < रेफः–फ के स्थान पर भ।

सिभा < शिफा–तालव्य श के स्थान पर दन्त्य स और फ के स्थान पर भ।

मुत्ताहलं < मुक्ताफलम्–फ के स्थान पर ह।

सेभालिआ, सेहालिआ < शेफालिका–विकल्प से फ के स्थान पर भ और ह तथा क लोप और आ स्वर शेष।

सभरी, सहरी < सफरी–फ के स्थान में भ और ह।

सभलं, सहलं < सफलम्–फ के स्थान में भ और ह।

विशेष–

गुंफइ < गुम्फति–स्वर से पर में नहीं रहने के कारण फ का भ नहीं हुआ।

पुप्फं < पुष्पम्–संयुक्त रहने के कारण उक्त नियम लागू नहीं हुआ।

फणी < फनिः–आदि में होने से फ को भ या ह नहीं हुआ।

(११५) स्वर से पर में रहने वाले असंयुक्त और अनादि ब का विकल्प से व आदेश होता है।[4] जैसे–

अलावू, अलाऊ < अलावू–ब के स्थान पर विकल्प से व और विकल्पाभावपक्ष में व का लोप तथा ऊ शेष।

सवलो < सबलः–ब के स्थान पर व।

---

१. नो णः ८।१।२२८. हे.।
२. वादौ ८।१।२२८ हे.।
३. फो भ–हौ ८।१।२३६. हे.।
४. बो वः ८।१।२३७. हे.।

(११६) विसिनी शब्द के व के स्थान पर भ आदेश होता है।[1] यथा–

भिसिणी < विसिनी–व के स्थान पर भ और न के स्थान पर ण।

(११७) कबन्ध शब्द में व के स्थान पर म और य होते हैं।[2] यथा–

कमन्धो, कयन्धो < कबन्धः–ब के स्थान पर म होने से कमन्ध और य होने से कयन्ध रूप बना है।

(११८) विषम शब्द में म के स्थान पर विकल्प से द होता है।[3] यथा–

विसढो, विसमो < विषमः–म के स्थान पर विकल्प से ढ हुआ है।

(११९) मन्मथ शब्द में म के स्थान पर विकल्प से व होता है।[4] यथा–

वम्महो < मन्मथः–म के स्थान पर व, संयुक्त न का लोप और म को द्वित्व तथा थ के स्थान पर ह।

(१२०) अभिमन्यु शब्द में म के स्थान पर व और म विकल्प से होते हैं।[5] यथा–

अहिवन्नू, अहिमन्नू < अभिमन्युः–भ के स्थान पर ह, म के स्थान पर विकल्प से व, विकल्पाभाव पक्ष में म तथा संयुक्त य का लोप और न को द्वित्व, दीर्घ।

(१२१) भ्रमर शब्द में म के स्थान पर विकल्प से स आदेश होता है।[6] यथा–

भसलो, भमरो < भ्रमरः–संयुक्त रेफ का लोप, म के स्थान पर विकल्प से स और रेफ के स्थान पर लत्व।

(१२२) पद के आदि में य का ज आदेश होता है।[7] यथा–

जसो < यशः–य के स्थान पर ज और तालव्य श को दन्त्य स।

जमो < यमः–य के स्थान पर ज हुआ है।

जाइ <याति–य के स्थान पर ज और त का लोप, इ स्वर शेष।

विशेष–

अवयवो < अवयवः–पद के आदि में न रहने के कारण उक्त नियम चरितार्थ नहीं हुआ।

संजमी < संयमः–उपसर्ग युक्त होने से अनादि य का ज हुआ है।

संजोओ < संयोगः– ,, ,, ,,

अवजसो < अपयशः–प का व हुआ है और य का ज तथा तालव्य श का दन्त्य स।

---

१. विसिन्यां भः ८।१।२३८. हे.।
२. कबन्धे म–यौ ८।१।२३९. हे.।
३. विषमे मो ढो वा ८।१।२४१. हे.।
४. मन्मथे वः ८।१।२४२.। हे.।
५. वाभिमन्यौ ८।१।२४३. हे.।
६. भ्रमरे सो वा ८।१।२४४. हे.।
७. आदेर्यो जः ८।१।२४५. हे.।

गाढ–जोव्वणा < गाढयौवना–कल्पलतिका के नियमानुसार सामान्यतः उत्तरपदस्थ य का भी ज होता है।

अजोग्गो < अयोग्यः– ,, ,, ,,

अहाजाअं < यथाजातम्–आदि य का लोप हुआ है और अ स्वर शेष है, थ के स्थान पर ह तथा त का लोप और अ स्वर शेष।

(१२३) तीय एवं कृत् प्रत्ययों के यकार के स्थान में द्विरुक्त ज (ज्ज) विकल्प से आदेश होता है।[1] यथा–

दीज्जो, दीओ < द्वितीयः–तीय प्रत्यय के यकार के स्थान पर ज्ज।

उत्तरिज्जं, उत्तरीअं < उत्तरीयः–य के स्थान पर ज्ज।

करणिज्जं, करणीअं < करणीयम्–अनीय प्रत्यय के य के स्थान पर विकल्पा–भाव पक्ष में य का लोप और अ स्वर शेष।

रमणीज्जं, रमणीअं < रमणीयम्– ,, ,, ,,

विम्हयणिज्जं, विम्हयणीअं < विस्मयनीयम्– ,, ,,

जवणिज्जं, जवणीअं < यवनीयम्– ,, ,, ,,

बिइज्जो, बीओ < द्वितीयः–तीय प्रत्यय के य के स्थान पर ज्ज।

पेज्ज, पेआ < पेया–यत् प्रत्यय के य के स्थान पर विकल्प से ज्ज, विकल्पाभावपक्ष में य का लोप और आ स्वर शेष।

(१२४) युष्मद् शब्द के य के स्थान में त आदेश होता है।[2] जैसे–

तुम्हारिसो < युष्मादृशः–य के स्थान में त तथा ष्म के स्थान में म्ह तथा दृशः के स्थान पर रिसो हुआ है।

(१२५) यष्टि शब्द में य के स्थान पर ल आदेश होता है।[3] यथा–

लट्ठी < यष्टिः–य के स्थान पर ल और ष का लोप और ट को द्वित्व तथा ट को ठ।

वेणु–लट्ठी < वेणु–यष्टि– ,, ,, ,,

उच्छु–लट्ठी < इक्षु–यष्टिः–इक्षु के स्थान पर उच्छु तथा शेष पूर्ववत्।

महु–लठ्ठी < मधु–यष्टिः–ध के स्थान पर ह, य को ल और ष का लोप, ट को द्वित्व, उत्तरवर्ती के ट स्थान पर ठ तथा दीर्घ।

---

१. वोत्तरीयानीय–तीय–कृद्ये ज्जः ८।१।२४८. हे.।

२. युष्मद्यर्थपरे तः ८।१।२४६. हे.।

३. यष्ट्यां लः।१।२४७.। हे.।

(१२६) छविहीन अर्थ में छाया शब्द में यकार के स्थान पर विकल्प से हकार आदेश होता है।[१] यथा–

छाहा < छाया–या के स्थान पर हा।

वच्छस्सच्छाहा < वृक्षस्य छाया–य के स्थान पर ह।

मुहच्छाया < मुखच्छाया–कान्ति अर्थ होने से छाया शब्द के य को ह नहीं हुआ।

(१२७) हरिद्रादि गण के शब्दों में असंयुक्त र के स्थान में ल आदेश होता है।[२] उदाहरण–

हलिद्दी < हरिद्रा–र के स्थान पर ल और संयुक्त रेफ का लोप तथा द को द्वित्व और आकार को ईकार।

दलिद्दाइ < दरिद्राति–र के स्थान पर ल, संयुक्त रेफ का लोप और द को द्वित्व तथा त का लोप और इ स्वर शेष।

दलिद्दो < दरिद्रः–र के स्थान पर ल, संयुक्त रेफ और य का लोप तथा द को द्वित्व।

दालिद्दं < दारिद्र्यम्–र के स्थान पर ल, संयुक्त रेफ और य का लोप तथा द को द्वित्व।

हलिद्दो < हरिद्रः–र को ल और संयुक्त रेफ का लोप तथा द को द्वित्व।

जहुट्ठिलो < युधिष्ठिर–य के स्थान पर ज, ध के स्थान पर ह, ष का लोप और ठ की द्वित्व और र को ल।

सिढिलो < शिथिरः–तालव्य श को दन्त्य स, थ के स्थान पर ढ और रेफ को ल।

मुहलो < मुखरः–ख के स्थान पर ह और र को ल।

चलणो < चरणः–र के स्थान पर ल।

वलुणो < वरुणः– ,, ,,

कलुणो < करुणः– ,, ,,

इंगालो < अंगारः–अ के स्थान पर इ और र को ल।

सक्कालो < सत्कारः–संयुक्त त का लोप और क को द्वित्व तथा रेफ को ल।

सोमालो < सुकुमारः–क का लोप, उ की सन्धि और र को ल।

चिलाओ < किरातः–किरात शब्द में 'किरते चः' ८।१।१८३ से क को च हुआ है, र के स्थान पर ल।

---

१. छायायां होकान्तौ वा ८।१।२४९.। हे .।

२. हरिद्रादौ लः ८।१।२५४.। हे.।

फलिहा < परिखा–र के स्थान पर ल, ख के स्थान पर ह।

फलिहो < परिघः–र के स्थान पर ल और घ के स्थान पर ह।

फालिहद्दो < पारिभद्रः–र के स्थान पर ल, भ को ह और संयुक्त र का लोप तथा द को द्वित्व।

काहलो < कातरः–त को ह और र को ल हुआ है।

लुक्को < रुग्णः– र के स्थान पर ल, ग्ण को क्क हुआ है।

अवद्दालं < अपद्वारम्–अप के स्थान पर अव, व् का लोप, द को द्वित्व और र को ल।

भसलो < भ्रमरः–संयुक्त रेफ का लोप, म के स्थान पर स और र को ल।

जढलं < जरठम्–र के स्थान पर ल और ठ को ढ होता है तथा यहाँ वर्णविपर्यय होने से जढलं हुआ है।

बढलो < वठरः–ठ को ढ तथा र को ल हुआ है।

निट्ठुलो < निष्ठुरः–ष् का लोप, ठ को द्वित्व तथा र को ल हुआ है।

(१२८) स्थूल शब्द के लकार को र होता है।[1] यथा–

थोरं < स्थूलम्–संयुक्त स का लोप और ल के स्थान पर र।

(१२९) लाहल, लाङ्गल और लाङ्गूल शब्दों में विकल्प से ल को ण आदेश होता है।[2] यथा–

णाहलो < लाहलः–ल के स्थान पर ण होता है।

णङ्गलं < लंगलम्– ,, ,,

णाङ्गूलं < लंगूलम्– ,, ,,

(१३०) ललाट शब्द में आदि ल को ण होता है।[3] यथा–

णिडालं, णडालं < ललाटम्–ल के स्थान पर ण, ट का ड और वर्णविपर्यय।

(१३१) स्वप्न और नीवी शब्द में व को विकल्प से म होता है।[4] यथा–

सिमिणो, सिविणो < स्वप्नः।

नीमी, नीवी < नीवी।

(१३२) संस्कृत वर्णमाला के श और ष के स्थान में प्राकृत में स आदेश होता है।[5] यथा–

---

१. स्थूले लो रः ८।१।२५५. हे.।

२. लाहल–लाङ्गल–लाङ्गूले वादेर्ण ८।१।२५६. हे.।

३. ललाटे च ८।१।२५७. हे.।

४. स्वप्ननीव्योर्वा ८।१।२५९. हें.।

५. श–षोः सः ८।१।२६०. हे.।

कुसो < कुशः–तालव्य श के स्थान पर दन्त्य स।

सेसो < शेषः–तालव्य और मूर्धन्य दोनों के स्थान पर दन्त्य स।

सद्दो < शब्दः–तालव्य श को दन्त्य स, संयुक्त ब् का लोप और द को द्वित्व।

निसंसो < नृशंसः–नकारोत्तर ऋ को इ और तालव्य श को दन्त्य स।

वंसो < वंशः–तालव्य श को दन्त्य स।

दस < दश– ,, ,,

सोहइ < शोभते–तालव्य श को दन्त्य स, भ के स्थान पर ह और विभक्ति चिह्न इ।

सण्डो < षण्डः–मूर्धन्य ष को दन्त्य स।

कसाओ < कषायः– ,, ,,

विसेसो < विशेषः–दोनों ही श, ष को दन्त्य स।

(१३३) दसन् और पाषाण शब्दों में श और ष के स्थान पर विकल्प से ह होता है।[१] यथा–

दसमुहो, दहमुहो < दशमुखः।

दहबलो, दसबलो < दशबलः।

दहरहो, दसरहो < दशरथः।

पाहाणो < पाषाणः।

(१३४) अनुस्वार से पर में रहने वाले ह के स्थान में विकल्प से घ आदेश होता है।[२] यथा–

सिंघो, सीहो < सिंहः।

संघारो, संहारो < संहारः।

(१३६) व्याकरण, प्राकार और आगत शब्दों में क, ग और स्वर का विकल्प से लोप होता है।[३]

वारणं, वायरणं < व्याकरणम्–प्रथम् रूप क का सर्वापहारी लोप होने से बनता है और द्वितीय में अ स्वर शेष तथा इसके स्थान पर य।

पारो, पयारो < प्राकारः– ,, ,, ,,

आओ, आगओ < आगतः–प्रथम रूप ग का सर्वापहारी लोप होने से और द्वितीय लोप न होने से बनता है।

---

१. दश–पाषाणे हः ८।१।२६२. हे.।

२. हो घोनुस्वारात् ८।१।२६४. हे.।

३. व्याकरण–प्राकारगते कगोः ८।१।२६८, हे.।

(१३६) किसलय, कालायस और हृदय शब्दों में स्वर सहित यकार का लोप होता है।[1] यथा–

किसलं, किसलयं < किसलयम्।

कालासं, कालायसं < कालायसम्।

महण्णवसमा सहिआ < महार्णवसमा सहृदया।

जाला ते सहिअएहिं घेप्पन्ति < जाला ते सहृदयभिः ग्रह्णन्ति।

संयुक्त व्यञ्जन विकृति–

(१३७) क, ग, ट, ड, त, द, प, श, ष और स व्यञ्जन वर्ण जब किसी संयोग के प्रथम अक्षर हों तो उनका लुक् हो जाता है और अनादि में वर्तमान शेष वर्ण को द्वित्व होता है।[2] उदाहरण–

भुत्तं < भुक्तम्–क लोप और द्वित्व।

सित्थं < सिक्थम्–क लोप और थ को द्वित्व।

मुत्तं < मुक्तम्–क लोप और त को द्वित्व।

सिणिद्धो < स्निग्धम्–ग लोप और घ को द्वित्व तथा पूर्ववर्ती ध को द।

सप्पओ < षट्पदः–ट लोप और प को द्वित्व।

सज्जो < षड्जो–ड लुक् और ज को द्वित्व।

निट्ठुरो ८ निष्ठुरः–ष लुक् और ठ को द्वित्व।

(१३८) म, न और य ये व्यञ्जन यदि संयुक्त के अन्तिम अक्षर हों तो उनका लुक् होता है और अनादि में वर्तमान शेष वर्णों को द्वित्व हो जाता है।[3] जैसे–

जुग्गं < युग्मम्–म लक् और ग को द्वित्व।

रस्सी < रश्मिः–म लोप और स को द्वित्व।

सरो < स्मरः–म लोप और द्वित्वाभाव।

नग्गो < नग्नः–न लुक् और ग को द्वित्व।

भग्गो < भग्नः– ,, ,,

लग्गो < लग्नः– ,, ,,

सोम्मो < सौम्यः–य लुक् और म् को द्वित्व।

(१३९) ल, व, र ये व्यञ्जन संयुक्त के आद्यक्षर हों अथवा–अन्त्याक्षर चन्द्रशब्द को छोड़कर सर्वत्र–संयुक्त के आदि और अन्त में उक्त व्यञ्जनों का लुक् होता है और अनादि में स्थित शेष वर्णों को द्वित्व होता है।[4] उदाहरण–

---

१. किसलय–कालायस–हृदये यः ८।१।२६९. हे.।

२. उपरिलोपः कगटडतदपशषसाम् ३।१. वर.।

३. अधो मनयाम् ३।२. वर.।

४. सर्वत्र लवराम् ३।३. वर.।

उक्का < उल्का–संयुक्तादि ल लुक् और क को द्वित्व।

वक्कलं < वल्कलम् ,, ,,

सण्हं < श्लक्ष्णम्–संयुक्तान्त्य ल लुक् और द्वित्वाभाव।

विक्कवो < विक्लवः–संयुक्तान्त्य ल लुक् और क की द्वित्व।

सद्दो < शब्दः–संयुक्तादि व लुक् और द को द्वित्व।

अद्दो < अब्दः– ,, ,,

पिक्कं < पक्वम्–संयुक्तान्त्य व लुक् और क को द्वित्व, पकारोत्तर अ को इकार।

धत्थं < ध्वस्तम्–संयुक्तान्त्य व लुक्, ध को द्वित्वाभाव, स्त में संयुक्तादि स् लोप और त को द्वित्व, उत्तरवर्ती त को थ।

अक्को < अर्कः–रेफ का लोप और क को द्वित्व।

वग्गो < वर्गः–संयुक्तादि र लुक् और ग को द्वित्व।

चक्कं < चक्रम्–संयुक्तादि र लुक् और ग को द्वित्व।

गहो < ग्रहः–संयुक्तान्त्य र लुक् और द्वित्वाभाव।

रत्ती < रात्रिः–संयुक्तान्त्य र् लुक् और त को द्वित्व।

चंदो, चंद्रो < चन्द्रः–संयुक्तान्त्य रेफ का लोप और द्वित्वाभाव; मतान्तर से चन्द्रो भी बनता है।

(१४०) द्र के रेफ का विकल्प से लुक् होता है।[१] यथा–

दोहो, द्रोहो < द्रोहः–संयुक्तान्त्य रेफ का विकल्प से लोप।

रुद्दो, रुद्रो < रुद्रः–संयुक्तान्त्य रेफ का विकल्प से लोप, लोप होने पर द को द्वित्व।

भद्दं, भद्रं < भद्रम्–संयुक्तान्त्य रेफ का लोप और द को द्वित्व, विकल्पाभाव में लोपाभाव।

समुद्दो, समुद्रो < समुद्रः–संयुक्तान्त्य रेफ का लोप और द को द्वित्व।

हदो, ह्रदो < ह्रदः–संयुक्तान्त्य रेफ का विकल्प से लोप।

(१४१) ज्ञा धातु सम्बन्धी ञ् का लोप विकल्प से होता है एवं अनादि ज को द्वित्व होता है।[२] यथा–

सव्वज्जो, सव्वण्णू < सर्वज्ञः–संयुक्तादि रेफ का लोप, व द्वित्व, ञ् लोप और ज को द्वित्व; ञ् लोपाभाव पक्ष में ण को द्वित्व, अ को ऊ।

---

१. द्रेरो वा ३।४. वर.।   २. सर्वज्ञतुल्येषु ञः ३।५. वर.।

अप्पज्जो, अप्पण्णू < अल्पज्ञः–संयुक्तादि ल लुक्, प द्वित्व; ज्ञ के ञ् का लोप और ज द्वित्व; ञ् लोपाभावपक्ष में ण द्वित्व और अकार को ऊकार।

अहिज्जो, अहिण्णू < अभिज्ञः–भ को ह, ञ् लोप, ज को द्वित्व; विकल्पाभाव पक्ष में ण को द्वित्व, अकार को ऊकार।

जाणं, णाणं < ज्ञानम्–ञ लोप और ज शेष, नकार को णत्व, विकल्पाभाव में ज्ञ के स्थान पर ण।

दइवज्जो, दइवण्णू < दैवज्ञः–ऐ के स्थान पर अइ, ञ लोप और ज को द्वित्व।

इंगिअजो, इंगिअण्णू < इंगितज्ञः–त लोप और अ स्वर शेष; ञ लोप, ज द्वित्व।

मणोज्जं, मणोण्णं < मनोज्ञम्–ञ् लोप और ज को द्वित्व।

पज्जा, पण्णा < प्रज्ञा–ञ लोप, ज की द्वित्व, विकल्पाभाव पक्ष में ज लोप और ण को द्वित्व।

अज्जा, अण्णा < आज्ञा– ,, ,, ,, ,,

संजा, सण्णा < संज्ञा–ञ लोप और ज शेष, स्वर से पर न होने से द्वित्वाभाव; विकल्पाभाव पक्ष में ज लोप और अवशेष ण को द्वित्व।

(१४२) वर्ग के द्वितीय और चतुर्थ वर्णों के द्वित्व होने पर द्वितीय वर्ण के पूर्व उसी वर्ण के प्रथम और तृतीय अक्षर हो जाते हैं।[१] यथा–

वक्खाणं < व्याख्यानम्–य लोप, शेष ख को द्वित्व तथा पूर्ववर्ती ख को क।

अग्घो < अर्घः–संयुक्त रेफ का लोप, घ को द्वित्व और पूर्ववर्ती घ को ग।

(१४३) दीर्घ स्वर एवं अनुस्वार से पर में रहने वाले संयुक्त शेष व्यञ्जन का द्वित्व नहीं होता। जैसे–

ईसरो < ईश्वरः–संयुक्तान्त्य व का लोप और पूर्ववर्ती दीर्घ स्वर होने से स को द्वित्व का अभाव।

लासं < लास्यम्–संयुक्तान्त्य य का लोप, पूर्व में दीर्घ स्वर होने से द्वित्वाभाव।

संकंतो < संक्रान्तः–संयुक्तान्त्य र का लोप, पूर्व में अनुस्वार रहने से द्वित्वाभाव।

संझा < सन्ध्या–संयुक्तान्त्य य का लोप, ,, ,,

---

१. द्वितीय–तुर्ययोपरि पूर्वः ८।२।९०. हे.।

२. न दीर्घानुस्वारात् ८।२।९२. हे.।

(१४४) रेफ और हकार को द्वित्व नहीं होता है।[१] यथा–

सुंदेरं < सौन्दर्यम्–संयुक्तादि य का लोप होने पर रेफ को द्वित्व नहीं हुआ।

बम्हचेरं < ब्रह्मचर्यम्– ,, ,, ,,

धीरं < धैर्यम्– ,, ,, ,,

विहलो < विह्वलः–संयुक्तान्त्य व का लोप और ह को द्वित्वाभाव।

कहावणो < कार्षापणः–संयुक्तादि रेफ का लोप, ष के स्थान पर ह और ह को द्वित्वाभाव तथा प को व।

(१४६) समासान्त पदों में पूर्वोक्त नियम की प्रवृत्ति विकल्प से होती है।[२] यथा–

नइ–ग्गामो, नइ–गामो < नदी–ग्रामः–द लोप, ई स्वर शेष, संयुक्तान्त्य रेफ का लोप और विकल्प से ग को द्वित्व।

कुसुमप्पयरो, कुसुम–पयरो < कुसुमप्रकरः–रेफ का लुक् होने पर प को विकल्प से द्वित्व।

देव–त्थुई, देव–थुई < देव–स्तुतिः–स लोप, त को विकल्प से द्वित्व, द्वितीय त के स्थान पर थ।

तेल्लोक्कं, तेलोक्कं < त्रैलोक्यम्–र लोप, ल को विकल्प से द्वित्व।

आणालक्खम्भो, आणाल–खम्भो < अलानस्तम्भः–समास होने से विकल्प से द्वित्व एवं वर्णव्यत्यय।

मलय–सिहरक्खण्डं, मलय–सिहर–खण्डं < मलयशिखरखण्डम्–समास में विकल्प से ख को द्वित्व।

पम्मुक्कं, पमुक्कं < प्रमुक्तम्–समास होने से म को विकल्प से द्वित्व हुआ है।

(१४६) तैलादिगण के शब्दों में प्राचीन प्राकृत आचार्यों के निर्णयानुसार कहीं अनन्त्य और अन्त्य व्यञ्जनों को द्वित्व होता है।[३] उदाहरण–

तेल्लं[४] < तैलम्–अन्त्य व्यञ्जन ल को द्वित्व।

---

१. र–होः ८।२।९३. हे.।

२. समासे वा ८।२।९७. हे.।

३. तैलादौ ८।२।९८. हे.।

४. प्राकृत प्रकाश में तैलादिगण के बदले नीडादि गण का उल्लेख मिलता है। 'नीडादिषु' ३।५२ में इस गण के शब्दों का नियमन किया है। 'कल्पलतिका' में नीडादिगण के शब्द निम्न बतलाये गये हैं–

नीडव्याहृतमण्डूकस्रोतांसि प्रेमयौवने।
ऋजुः स्थूलं तथा तैलं त्रैलोक्यं च गणो यथा॥

मंडुक्को < मंडूकः–अन्त्य व्यञ्जन क को द्वित्व।

उज्जू < ऋजु–अन्त्य व्यञ्जन ज को द्वित्व।

सोत्तं < स्रोतम्–अन्त्य व्यञ्जन त को द्वित्व।

पेम्मं < प्रेमम्–अन्त्य व्यञ्जन म को द्वित्व।

विड्डा < व्रीडा–अन्त्य व्यञ्जन ड को द्वित्व।

जोव्वणं < यौवनम्–अनन्त्य–मध्य व्यञ्जन व को द्वित्व।

बहुत्तं < बहुत्वम्–अन्त्य व्यञ्जन त को द्वित्व।

(१४६) सेवादिगण के शब्दों में प्राचीन प्राकृत आचार्यों के मतानुसार कहीं अन्त्य और कहीं अनन्त्य व्यञ्जनों को विकल्प से द्वित्व होता है।[1]

उदाहरण–

सेव्वा < सेवा–अन्त्य व्यञ्जन व को द्वित्व।

विहित्तो, विहिओ < विहितः–अन्त्य व्यञ्जन त को विकल्प से द्वित्व। विकल्पाभाव में त लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

कोउहल्लं, कोउहलं < कौतूहलम्–अन्त्य व्यञ्जन ल को द्वित्व।

वाउल्लो, वाउलो < व्याकुलः–संयुक्तान्त्य य का लोप, क का लोप, उ स्वर शेष और विकल्प से ल को द्वित्व।

नेड्डं, नीडं, नेडं < नीडम्–अन्त्य व्यञ्जन ड को विकल्प से द्वित्व।

नक्खा, नहा < नखाः–अन्त्य व्यञ्जन ख को विकल्प से द्वित्व।

माउक्कं, माउअं < मृदुकम्–ऋ को आ, द को लोप, शेष ऋ के स्थान पर उत्व और विकल्प से क को द्वित्व।

एक्को, एओ < एकः–अन्त्य व्यञ्जन क को द्वित्व, विकल्पाभावपक्ष में क का लोप अ स्वर शेष, विसर्ग की ओत्व।

थुल्लो, थोरो < स्थूलः–संयुक्तादि स् का लोप, ल को द्वित्व।

हुत्तं, हूअं < हुतम्–त को द्वित्व, विकल्पाभाव पक्ष में त का लोप, अ स्वर शेष।

---

१. सेवादौ वा ८।२।९९. हे.। सेवादि गण में निम्न शब्द परिगणित हैं–

सेवा कौतूहलं दैवं विहितं मखजानुनी।
पिवादयः नखा शब्दा एतादाद्या यथार्थकाः॥
त्रैलोक्यं कर्णिकारश्च वेश्या मूर्जञ्च दुःखितम्।
रात्रिविश्वासनिश्वासा मनोऽस्तेश्वररश्मयः॥
दीर्घैक शिवतूष्णीक मित्रपुष्पादिदुर्लभाः।
दुष्करोनिष्कृपःकर्मकरेष्वासपरस्परम्।
नायकाद्यास्तथा शब्दाः सेवादिगणसम्मताः॥ कल्पलतिका॥

दइव्वं, दइवं < दैवम्–अन्त्य व्यञ्जन व को विकल्प से द्वित्व।

तुण्हिक्को, तुण्हिओ < तूष्णीकः–ष्ण के स्थान पर ण्ह और अन्त्य व्यञ्जन क को विकल्प से द्वित्व।

मुक्को, मूओ < मूकः–अन्त्य व्यञ्जन क को विकल्प से द्वित्व, विकल्पाभाव में क का लोप और अ स्वर शेष।

खण्णू, खाणू < स्थाणुः–स्था के स्थान पर ख तथा अन्त्य व्यंजन को द्वित्व।

थिण्णं, थीणं < स्त्यानम्–स्त्या के स्थान पर थी, अन्त्य व्यंजन ण को द्वित्व।

अम्हक्केरं, अम्हकेरं < अस्मदीयम्–अन्त्य व्यंजन क को विकल्प से द्वित्व।

तं च्चेअ, तं चेअ < तं चेव–अनन्त्य–आदि व्यंजन च को द्वित्व, व का लोप और अ स्वर शेष।

सो च्चिअ, सो चिअ < सो चेव ,, ,, ,, ,,

(१४७) क्ष के स्थान पर ख आदेश होता है, किन्तु कुछ स्थानों में छ और झ भी आदेश होते हैं।[1] यथा–

खओ < क्षयः–क्ष के स्थान पर ख, य लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग का ओत्व।

लक्खणं<लक्षणम्–क्ष के स्थान पर ख, ख को द्वित्व और पूर्व के ख को क।

छीणं, खीणं, झीणं < क्षीणम्–क्ष के स्थान पर ख होने से खीणं, छ होने से छीणं और झ होने झीणं रूप बनता है।

झिज्जइ < क्षिवद्यति–क्ष के स्थान पर झ, द लोप और य का ज तथा द्वित्व।

(१४८) अक्ष्यादि गण के शब्दों में क्ष के स्थान पर ख न होकर छ आदेश होता है। आदि में क्ष का छ और मध्य या अन्त्य क्ष के स्थान में च्छ होता है।[2] यथा–

अच्छी < अक्षि–क्ष के स्थान पर च्छ आदेश हुआ है।

उच्छू < इक्षुः–इ के स्थान पर उ और क्ष के स्थान पर च्छ हुआ है तथा दीर्घ।

लच्छी < लक्ष्मीः–क्ष के स्थान पर च्छ हुआ है।

कच्छो < कक्षः– ,, ,,

छीअं < क्षीतम्–क्ष के स्थान पर छ और त का लोप तथा अ स्वर शेष।

छीरं < क्षीरम्– ,, ,, ,,

वच्छो < वृक्षः–ऋ के स्थान पर अ और क्ष के स्थान पर च्छ हुआ है।

---

१. क्षः खः क्वचित्तु छ–झौ ८।२।३. हे.।

२. छो क्ष्यादौ ८।१७. हे.।

मच्छिआ < मक्षिका–क्ष के स्थान पर च्छ और क लोप तथा आ स्वर शेष।

सरिच्छो< सदृक्षः–द लोप और ऋ के स्थान पर रि तथा क्ष की च्छ हुआ है।

छेत्तं < क्षेत्रम्–क्ष को छ तथा त्र में से र लोप और त को द्वित्व।

छुहा < क्षुधा–क्ष को छ और ध को ह हुआ है।

दच्छो < दक्षः–क्ष को च्छ हुआ है।

कुच्छी < कुक्षिः–,, ,,

वच्छं < वक्षम्– ,, ,,

छुण्णो < क्षुण्णः–क्ष के स्थान पर छ हुआ है।

कच्छा < कक्षा–क्ष के स्थान पर च्छ हुआ है।

छारो < क्षारः–क्ष के स्थान पर छ हुआ है।

कुच्छेअयं < कौक्षेयकं–क्ष के स्थान पर च्छ और य लोप तथा अ स्वर शेष।

छुरो < क्षुरः–क्ष को छ हुआ है।

उच्छा < उक्षन्–क्ष को च्छ हुआ है।

छयं < क्षतम्–क्ष को छ हुआ है।

सारिच्छं < सादृक्ष्यम्–क्ष के स्थान पर च्छ।

(१४९) उत्सव अर्थ के बाचक छ शब्द में क्ष के स्थान पर छ आदेश होता है।[1] यथा–

छणो < क्षणः–उत्सव अर्थ होने से क्ष के स्थान पर छ हुआ है।

खणो < क्षणः –समय वाचक होने से क्ष के स्थान पर ख हुआ है।

(१५०) पृथ्वी अर्थ होने पर क्षमा शब्द में क्ष के स्थान पर छ आदेश होता है।[2] यथा–

छमा < क्षमा–पृथ्वी अर्थ होने से क्ष के स्थान पर छ।

खमा < क्षमा–माफी माँगना अर्थ होने से क्ष के स्थान में ख।

(१५१) ऋक्ष शब्द में क्ष के स्थान पर छ विकल्प से होता है।[3] यथा–

रिच्छं, रिक्खं < ऋक्षम्–ऋ के स्थान पर रि, क्ष के स्थान पर च्छ तथा विकल्पाभाव पक्ष में क्ख हुआ है।

(१९२) संयुक्त क्म और ड्म के स्थान में प आदेश होता है।[4] यथा–

रुप्पं, रुप्पिणी–रुक्मम्, रुक्मिणी–क्म के स्थान पर प्प आदेश हुआ है।

कुप्पलं < कुड्मलम्–ड्म के स्थान पर प्प आदेश हुआ है।

---

१. क्षण उत्सवे ८।२।२०. हे.।

२. क्षमायां कौ ८।२।१८. हे.।

३. ऋक्षे वा ८।२।१९. हे.।

४. ड्मक्मोः ८।२।५२. हे.।

(१६३) ष्क और स्क के स्थान में ख आदेश होता है, यदि उन संयुक्ताक्षरों से घटित शब्द द्वारा किसी संज्ञा की प्रतीति होती हो।[१] यथा–

पोक्खरं < पुष्करम्–ष्क के स्थान पर क्ख हुआ है।

पोक्खरिणी < पुष्करिणी ,, ,,

खंधो < स्कन्धः–स्क के स्थान पर ख।

खंधावारो < स्कन्धावारः–स्क के स्थान पर ख।

अवक्खंदो < अपस्कन्दः–स्क के स्थान पर क्ख हुआ है।

दुक्करं < दुष्करम्–संज्ञा न होने से ष्क के स्थान पर ख आदेश नहीं हुआ, किन्तु संयुक्त ष का लोप और क को द्वित्व।

निक्कामं < निष्कामम्– ,, ,, ,,

सक्कयं < संस्कृतम्–संज्ञा न होने से स्कृ के स्थान पर क्ख नहीं हुआ, किन्तु स् लोप और क को द्वित्व।

निक्कंपं < निष्कम्पम्–ष्क के स्थान पर ख नहीं हुआ किन्तु ष् लोप, क को द्वित्व।

निक्कओ < निष्कृतः–ष्कृ के स्थान पर क्ख नहीं हुआ, किन्तु ष् का लोप, क को द्वित्व, ऋ का अ।

नमोक्कारो < नमस्कारः–स्क को क, अ को ओ, स लोप और क को द्वित्व।

सक्कारो < सत्कारः–त् लोप और क को द्वित्व।

तक्करो < तस्करः–स्क के स्थान पर ख नहीं, स लोप और क को द्वित्व।

(१५४) ऊष्ट्र, इष्ट और संदष्ट शब्द के ष्ट को छोड़कर अन्य ष्ट के स्थान में ठ आदेश होता है।[२] यथा–

लट्ठी < यष्टि–य के स्थान पर ल और ष्ट के स्थान पर ठ तथा द्वित्व, पूर्व ठ के स्थान पर ट एवं ईकार को दीर्घ।

मुट्ठी < मुष्टिः–ष्ट के स्थान पर ट्ठ और इकार को दीर्घ।

दिट्ठी < दृष्टिः–दृ में रहने वाली ऋ के स्थान पर इकार; ष्ट के स्थान में ट्ठ और इकार का दीर्घ।

सिट्ठी < श्रेष्ठिः–संयुक्त रेफ का लोप, तालव्य श के स्थान पर दन्त्य स, एकार को इकार तथा ष्ठ को ट्ठ और इकार को दीर्घ।

---

१. ष्क–स्कयोर्नाम्नि ८।२।४. हे.। २. ष्टस्यानुष्ट्रेष्टासंदष्टे ८।२।३४–हे.

पुट्ठो < पृष्ठः–पृ में रहनेवाली ऋ के स्थान पर उकार और ष्ठ के स्थान पर ट्ठ, विसर्ग की ओत्व।

कट्ठं < कष्टम्–ष्ट के स्थान पर ट्ठ।

सुरट्ठो < सुराष्ट्रः–रा को ह्रस्व, ष्ट के स्थान पर ट्ठ, रेफ का लोप और विसर्ग की ओत्व।

इट्ठो < इष्टः–ष्ट को ट्ठ, विसर्ग को ओत्व।

अणिट्ठं < अनिष्टम्–न को ण, ष्ट के स्थान पर ट्ठ।

उट्टो < उष्ट्रः–ष्ट के ष् का लोप और ट को द्वित्व।

संदट्टो < संदृष्टः–दृ में रहने वाली ऋ के स्थान पर अ, ष् का लोप और ट को द्वित्व।

(१५५) चैत्य शब्द के त्य को छोड़कर अन्य त्य के स्थान में च आदेश होता है।[१] जैसे–

सच्चं < सत्यम्–त्य के स्थान पर च्च हुआ है।

पच्चओ < प्रत्ययः–त्य के स्थान पर च्च और य लोप और अ स्वर शेष, ओत्व।

णिच्चं, निच्चं < नित्यम्–न के स्थान पर वैकल्पिक ण और त्य को च्च।

पच्चच्छं < प्रत्यक्षम्–त्य को च्च और क्ष के स्थान पर च्छ।

(१५६) प्रत्यूष शब्द में त्य को च्च और ष को विकल्प से ह होता है।[२] जैसे–

पच्चूहो, पच्चूसो < प्रत्यूषः–त्य को च्च और प को ह।

(१५७) कुछ स्थलों में त्व, थ्व, द्व और ध्व के स्थान में क्रमशः च्च, च्छ, ज्ज और ज्झ आदेश होते हैं।[३] यथा–

भोच्चा < भुक्त्वा–त्व के स्थान पर च्च और क का लोप।

णच्चा < ज्ञात्वा–त्व के स्थान पर च्च।

सोच्चा < श्रुत्वा–रेफ का लोप, तालव्य श को दन्त्य स, उकार की ओत्व और त्व को च्च।

पिच्छी < पृथ्वी–थ्व को च्छ हुआ है और पृ की ऋ को इकार।

विज्जं < विद्वान्–द्वा के स्थान पर ज्ज और न को अनुस्वार।

बुज्झा < बुद्ध्वा–ध्व के स्थान पर ज्झ हुआ है।

---

१. त्यो चैत्ये ८।२।१३. हे.।

२. प्रत्यूषे षश्च हो वा ८।२।१४. हे.।

३. त्व–थ्व–द्व–ध्वां च–छ–ज–झाः क्वचित् ८।२।१५. हे.।

(१५८) धूर्तादिगण के शब्दों को छोड़कर अन्य र्त का ट आदेश विकल्प से होता है।[1] यथा–

केवट्टो < कैवर्त्तः–ऐकार को एकार, र्त्त को ट्ट और ओत्व।

वट्टी < वर्तिः–र्त के स्थान पर ट्ट और इकार को दीर्घ ईकार।

णट्टओ < नर्तकः–न को णकार, र्त को ट्ट और क लोप, अ स्वर शेष और ओत्व।

संवट्टिअं < संवर्तिकम्–र्त को ट्ट और क लोप तथा अ स्वर शेष।

पयट्टइ < प्रवर्तते–प्र के स्थान पर प, व लोप और अ स्वर शेष, यश्रुति, र्त के स्थान पर ट्ट और विभक्ति चिह्न इ।

वट्टुलं < वर्तुलम्–र्त के स्थान पर ट्ट।

रायवट्टयं < राजवर्तकम्–ज का लोप और अ स्वर के स्थान पर यश्रुति, र्त को ट्ट तथा क लोप और अ स्वर के स्थान पर यश्रुति।

विशेष–धूर्तादिगण के निम्न शब्दों में यह नियम लागू नहीं होता।

धुत्तो < धूर्तः–संयुक्त रेफ का लोप और त को द्वित्व और ऊकार को ह्रस्व।

कित्ती < कीर्त्तिः–रेफ का लोप, त को द्वित्व और इकार को दीर्घ।

वत्ता < वार्त्ता–रेफ का लोप, वा के आकार को ह्रस्व।

आवत्तणं < आवर्तनम्–संयुक्त रेफ का लोप, त को द्वित्व और न को ण।

निवत्तणं < निवर्तनम्– ,, ,, ,, ,,

पयत्तणं < प्रवर्त्तनम्–प्र को प ,, ,, ,, ,,

संवत्तणं < संवर्त्तनम्– ,, ,, ,, ,,

आवत्तओ < आवर्तकः– ,, ,, क लोप, अ स्वर शेष तथा ओत्व।

निवत्तओ < निवर्तकः– ,, ,, ,, ,,

पवत्तओ < प्रवर्तकः– ,, ,, ,, ,,

संवत्तओ < संवर्तकः– ,, ,, ,, ,,

वत्तिओ < वर्तकः– ,, ,, ,, ,,

वत्तिआ < वर्तिका–संयुक्त रेफ का लोप, त को द्वित्व और क लोप तथा आ स्वर शेष।

कत्तिओ < कर्त्तृकः–रेफ का लोप, ऋकार का इ, त को द्वित्व, क लोप और अ स्वर शेष तथा ओत्व।

---

१. र्तस्याधूर्तादौ ८।२।३०। हे.।

उक्कत्तिओ < उत्कर्त्तृकः–त लोप और क को द्वित्व, रेफ का लोप, ऋ को इकार, त को द्वित्व, क लोप, अ स्वर शेष और ओत्व।

कत्तरी < कर्त्तरी–रेफ का लोप।

मुत्ती < मूर्त्तिः–रेफ का लोप और इकार को दीर्घ।

मुत्तो < मूर्त्तः–रेफ का लोप, त को द्वित्व और विसर्ग को ओत्व।

मुहुत्तो < मुहूर्त्तः–हू के दीर्घ ऊकार को ह्रस्व, रेफ का लोप, विसर्ग को ओत्व।

(१५९) ह्रस्व से पर में वर्तमान थ्य, श्च, त्स और प्स के स्थान में छ आदेश होता है। पर निश्चल शब्द के श्च को छ आदेश नहीं होता है।[1] उदाहरण–

पच्छं < पथ्यम्–थ्य के स्थान पर च्छ हुआ है।

पच्छा < पथ्या– ,, ,,

मिच्छा < मिथ्या– ,, ,,

रच्छा < रथ्या– ,, ,,

पच्छिमं < पश्चिमम्–श्च के स्थान पर छ आदेश हुआ है।

अच्छेरं < अश्चर्यम्– ,, ,,

उच्छाहो < उत्साहः–त्स के स्थान पर च्छ आदेश हुआ है।

मच्छरो < मत्सरः – ,, ,,

वच्छो < वत्सः– ,, ,,

लिच्छइ < लिप्सति–प्स के स्थान पर च्छ आदेश।

जुगुच्छइ < जुगुप्सति–,, ,,

अच्छरा < अप्सरा– ,, ,,

ऊसारिओ < उत्सारितः–ह्रस्व से पर में रहने से उक्त नियम नहीं लगा।

णिच्चलो < निश्चलः–निश्चल शब्द में भी उक्त नियम नहीं लगता।

तत्थं, तच्चं < तथ्यम्–आर्ष रूप होने से उक्त नियम नहीं लगता।

(१६०) संयुक्त द्य, य्य और र्य्य के स्थान में ज आदेश होता है। यथा–

मज्जं < मद्यम्–द्य के स्थान पर ज्ज।

अवज्जं < अवद्यम्– ,, ,,

वेज्जम् < वेद्यम्– ,, ,,

विज्जा < विद्या– ,, ,,

---

१. ह्रस्वात् थ्य-श्च-त्स-प्सामनिश्चले ८।२।२१.। हे.।

२. द्य-य्य-र्यां जः ८।२।२४। हे.।

जज्जो < जय्यः–य्य के स्थान पर ज।

सेज्जा < शय्या– ,, ,,

भज्जा < भार्य्या–र्य्या के स्थान पर ज।

कज्जं < कार्य्यम्– ,, ,,

वज्जं < वर्य्यम्–र्य्य के स्थान में ज्ज।

पज्जाओ < पर्य्यायः– ,, ,,

पज्जन्तं < पर्यन्तम्– ,, ,,

विशेष–शौरसेनी में र्य्य के स्थान पर य्य भी पाया जाता है।

(१६१) ध्य के स्थान में झ एवं म्न और ज्ञ के स्थान में ण आदेश होते हैं।[1] यथा–

झाणं < ध्यानम्–ध्य के स्थान पर झ आदेश

उवज्झाओ < उपाध्यायः–प का व, ध्य का झ, य लोप, अ स्वर शेष और विसर्ग को ओत्व।

सज्झाओ < स्वाध्यायः–ध्य के स्थान पर ज्झ।

मज्झं < मध्यं– ,, ,,

अज्झाओ < अध्यायः– ,, ,, तथा य लोप अ स्वर शेष और ओत्व।

णिण्णं < निम्नम्–म्न के स्थान पर ण्ण।

पज्जुण्णो < प्रद्युम्नः–प्र के स्थान पर प, द्यु के स्थान पर ज्जु और म्न के स्थान पर ण्ण।

णाणं < ज्ञानम्–ज्ञ के स्थान पर ण्ण आदेश।

सण्णा < संज्ञा– ,, ,,

पण्णा < प्रज्ञा– ,, ,,

विण्णाणं < विज्ञानम्– ,, ,, और न के स्थान पर ण।

(१६२) समस्त और स्तम्ब शब्द के स्त को छोड़कर अन्य स्त के स्थान में थ आदेश होता है।[2] यथा–

हत्थो < हस्तः– स्त के स्थान पर त्थ आदेश हुआ है।

थोत्तं < स्तोत्रम्–स्त के स्थान पर थ तथा त्र में संयुक्त त + र में से र का लोप और त को द्वित्व।

---

१. साध्वस–ध्य–ह्यां झः ८।२।२६. हे. तथा म्नज्ञोर्णः ८।२।४२. हे.।

२. स्तस्य थोसमस्त–स्तम्बे ८।२।४५. हे.।

थोअं < स्तोकम्–स्तो के स्थान पर थो, क लोप और अ स्वर शेष।

पत्थरो < प्रस्तरः–स्त के स्थान पर त्थ, विसर्ग को ओत्व।

थुई < स्तुतिः–स्तु के स्थान पर थु और त का लोप, इकार को दीर्घ।

समत्तं <समस्तम्–स्त संयुक्त में से आदि वर्ण स् का लोप और त् को द्वित्व।

तंबो < स्तम्बः–आदि संयुक्त स् का लोप, म् को अनुस्वार और विसर्ग को ओत्व।

(१६३) संयुक्त न्म के स्थान में म आदेश होता है।[1] तथा–

जम्मो < जन्म–न्म को म्म आदेश।

मम्महो < मन्मथः–न्म के स्थान पर म्म और थ के स्थान पर ह, विसर्ग की ओत्व।

(१६४) ष्प और स्प के स्थान में फ आदेश होता है।[2] जैसे–

पुप्फं < पुष्पम्–ष्प के स्थान पर प्फ आदेश।

सप्फं < शष्पम्– ,, ,,

निप्फेसो < निष्पेषः ,, ,,

फंदणं < स्पन्दनम्–स्प के स्थान में फ आदेश और न को णत्व।

पडिप्फद्धी < प्रतिस्पर्धी–स्प के स्थान पर प्फ, संयुक्त रेफ का लोप। प्रति को पडि।

फंसी < स्पर्शः–स्प के स्थान पर फ, संयुक्त रेफ का लोप, ओत्व और अकारण अनुस्वार।

(१६५) संयुक्त श्न, षण, स्न, ह्न और सूक्ष्म शब्द के सूक्ष्म के स्थान में ण्ह आदेश होता है।[3] उदाहरण–

विण्हू < विष्णुः–ष्ण के स्थान पर ण्ह तथा उकार को दीर्घ।

कण्हो < कृष्णः–कृ में रहने वाली ऋ के स्थान पर अ और ष्ण को ण्ह।

उण्हीसं < उष्णीष्म्–ष्ण के स्थान में ण्ह, मूर्धन्य ष को सत्व।

जोण्हा < ज्योत्स्ना–संयुक्तान्त्य य का लोप और त्स्ना के स्थान पर ण्हा।

ण्हाऊ < स्नायुः–स्न के स्थान पर ण्ह, य कार का लोप और ऊ स्वर शेष तथा दीर्घ।

ण्हाणं < स्नानम्–स्न के स्थान में ण्ह और न को णत्व।

वण्ही < वह्निः–ह्न के स्थान में ण्ह तथा ह्रस्व इकार को दीर्घ।

जण्हू < जह्नुः– ,, ,, तथा ह्रस्व उकार को दीर्घ।

---

१. न्मो मः ८।२।६१. हे.। २. ष्प–स्पयोः फः ८।२।५३. हे.।

३. सूक्ष्म–श्न–ष्ण–स्न–ह्न–ह्ण–क्ष्णां ण्हः ८।२।७५. हे.।

पुव्वण्हो < पूर्वाह्णं–संयुक्त रेफ का लोप, व को द्वित्व, ह्‌ण के स्थान में ण्ह।

अवरण्हो < अपराह्णं–अप के स्थान पर अव और ह्ण के स्थान में ण्ह।

(१६६) संयुक्त श्म, ष्म, स्म और ह्म के स्थान में म्ह आदेश होता।[1] उदाहरण–

कम्हारो < काश्मीरः–श्म के स्थान पर म्ह आदेश ओर ईकार का आकार।

पम्हाइं < पक्ष्म–क्ष्मन् में से संयुक्त क् का लोप और स्म के स्थान पर म्ह।

कुम्हाणो < कुश्मानः–श्म के स्थान पर म्ह और न को णत्व।

कम्हारा < कश्मीराः–श्म के स्थान पर म्ह और ईकार के स्थान पर आकार।

गिम्हो < ग्रीष्मः–ष्म के स्थान पर म्ह और विसर्ग को ओत्व।

उम्हा < ऊष्मदा–ऊकार को उ और ष्म के स्थान पर म्ह।

अम्हारिसो < अस्मादृशः–स्म के स्थान पर म्ह और दृशः के स्थान पर रिसो।

विम्हओ < विस्मयः–स्म के स्थान पर म्ह और म लोप, अ स्वर शेष और ओत्व।

बम्हा < ब्रह्मा–संयुक्त रेफ का लोप, ह्म के स्थान पर म्ह आदेश।

सुम्हा < सुह्मा–ह्म के स्थान में म्ह आदेश।

बंभणो, बम्हणो < ब्राह्मणः–संयुक्त रेफ का लोप, ह्म के स्थान में म्ह और विकल्पाभाव में बंभ होता है।

बंभचेरं, बम्हचेरं < ब्रह्मचर्यम्–ह्म के स्थान पर म्ह तथा चर्यम् का चेरं।

रस्सी < रश्मिः–उक्त नियम लागू न होने से म लोप और स को द्वित्व।

सरो < स्मरः–उक्त नियम लागू न होने से म लोप।

(१६७) संयुक्त ह्य के स्थान पर झ आदेश होता है।[2] यथा–

सझो < सह्यः –ह्य के स्थान पर झ।

मझं < मह्यम्– ,, ,,

गुज्झं < गुह्यम्– ,, ,,

(१६८) संयुक्त ह्ल के स्थान में ल्ह आदेअ होता है।[3] जैसे–

कल्हारं < कह्लारम्–संयुक्त ह्ल के स्थान में ल्ह आदेश।

पल्हाओ < प्रह्लादः–संयुक्त रेफ का लोप, ह्ल के स्थान में ल्ह और द का लोप, अ स्वर शेष तथा ओत्व।

---

१. पक्ष्म–श्म–ष्म–स्म–ह्मां म्हः ८।२।७४. हे.।

२. ह्ये ह्योः ८।२।१२४. हे.।

३. ह्लो ल्हः ८।२।७६. हे.।

(१६९) जिस संयुक्त अक्षर का अन्त लकार से होता है, उसका विप्रकर्षपृथक्करण हो जाता है और पूर्व के अक्षर को इत्व भी होता है।[१] यथा–

किलिण्णं < क्लिन्नम्–क और ल को अलग–अलग कर दिया तथा इत्व किया।

किलिट्ठं < क्लिष्टम्–क और ल का पृथक्करण, इत्व और संयुक्त ष का लोप और ट को द्वित्व।

सिलिट्ठं < श्लिष्टम्–स और ल का पृथक्करण, ष् लोप और ट को द्वित्व।

पिलुट्ठं < प्लुष्टम्–प और ल का पृथक्करण, इत्व, ष् लोप और ट को द्वित्व।

सिलोओ < श्लोकः–श और ल का पृथक्करण, इत्व, क का लोप और अ स्वर शेष तथा ओत्व।

किलेसो < क्लेशः–क और ल का पृथक्करण, श को स, इत्व और तालव्य श को दन्त्य स।

मिलाणं < म्लानम्–म और ल का पृथक्करण, इत्व, न का णत्व।

किलिस्सइ < क्लिश्यति–क और ल का पृथक्करण, इत्व, य लोप और स को द्वित्व।

विशेष–कमो < क्लमः; पवो < प्लवः और सुक्कपक्खो < शुक्लपक्षः में उक्त नियम लागू नहीं होता।

(१७०) उकारान्त, किन्तु ङी प्रत्यायान्त तन्वी सदृश शब्दों में वर्तमान संयुक्ताक्षरों का विप्रकर्ष–पृथक्करण होता है और पूर्व के अक्षर में उकार योग हो जाता है।[२] यथा–

तिणुवी, तणुई–तन्वी = त और न (ण) का पृथक्करण और उत्व, व का लोप होने पर ई स्वर शेष।

लहुवी, लहुई < लघ्वी–,, ,, ,, ,, ,,

गुरुवी, गुरुई < गुर्वी– ,, ,, ,, ,, ,,

पुहुवी < पृथ्वी– ,, ,, ,, ,, ,,

सुहुमं < सूक्ष्मम्–सूक्ष्मम् के स्थान पर सुहुमं हो जाता है।

(१७१) जब श्वस् और स्व शब्द किसी समास के अंग न होकर पृथक् ही एक पद हों तो उनका विप्रकर्ष–पृथक्करण हो जाता है और पूर्व के व्यञ्जन में उ

---

१. लात्–८।२।१०६. हे.।

२. तन्वीतुल्येषु ८।२।११३. हे.।

स्वर का योग भी हो जाता है।[1] यथा–

सुवे कअं < श्वः कृतम्–श् और व् का पृथक्करण, श को स, उत्व।

सुवे जना < स्वे जनाः–स् और व् का पृथक्करण एवं उत्व।

(१७२) ज्या शब्द में पृथक्करण और अन्त्य व्यंजन से पूर्व ईकार होता है।[2] यथा–

जीआ < ज्या–ज और या का पृथक्करण, ईत्व और य लोप तथा आ स्वर शेष।

❑ ❑ ❑

१. एकस्वरे श्वः–स्वे ८।२।११४. हे.।

२. ज्यायामीत् ८।२। ११५. हे.।

चौथा अध्याय
वर्ण परिवर्तन

वर्ण विकृति अध्याय में वर्ण परिवर्तन (स्वर और व्यंजनों का परिवर्तन) दिखलाया गया है, पर वह इतना वैयक्तिक और शास्त्रीय है, जिससे प्राकृत भाषा की शब्दावली को अवगत करने में जिज्ञासुओं को आयास करना होगा। अतः इस अध्याय में सरलतापूर्वक ध्वनि–परिवर्तन के नियमों को सोदाहरण विवेचन किया जायगा। तथ्य यह है कि संस्कृत ध्वनियों में परिवर्तन कर प्राकृत शब्द गढ़े जाते हैं। अतः प्राकृत भाषा के वैयाकरणों ने प्राकृत की शब्दावली संस्कृत की प्रकृति–मूल शब्द मानकर सिद्ध की है।

स्वर परिवर्तन

(१) संस्कृत की अ ध्वनि प्राकृत में आ, इ, ई, उ, ए, ओ, अइ और आइ में परिवर्तित हो जाती है। उदाहरण–

(क) अ = आ–संस्कृत की अ ध्वनि का विकल्प से आ में परिवर्तन।

आहिआई, अहिआई ‹ अभियाति–अ को विकल्प से दीर्घ, मध्य और अन्त्य य तथा त का लोप, अ और ह स्वर शेष, दीर्घ।

आफंसो, अफंसो ‹ अस्पर्शः–अ को विकल्प से दीर्घ, संयुक्त स का लोप, प को फ, संयुक्त रेफ का लोप, तालव्य श को दन्त्य स, विसर्ग को ओत्व।

चाउरंतं, चउरंतं ‹ चतुरन्तम्–चकारोत्तर अ को दीर्घ, त लोप, उ शेष।

दाहिणो, दक्खिणो ‹ दक्षिणः–दकारोत्तर अ को विकल्प से दीर्घ, क्ष को विकल्प से ह, विकल्पाभावपक्ष में क्ख।

पारकेरं, परकेरं ‹ परकीयम्–पकारोत्तर अ को विकल्प से दीर्घ, कीयं के स्थान पर केरं।

पारक्कं, परक्कं ‹ परकीयम्–पकारोत्तर अ को विकल्प से दीर्घ, कीयं को क्कं।

पुणा, पुण ‹ पुनः–न को ण एवं विकल्प से दीर्घ।

पायडं, पयडं ‹ प्रकटम्–प्र के संयुक्त र का लोप, पकारोत्तर अ को विकल्प से दीर्घ, क लोप, अस्वर और य श्रुति, ट को ड।

पाडिवआ, पडिवआ ‹ प्रतिपत्–प्र के संयुक्त र का लोप, पकारोत्तर अ को विकल्प से दीर्घ, प का व और त् का आ।

पाडिसिद्धी, पडिसिद्धी < प्रतिसिद्धिः–प्र के संयुक्त रेफ का लोप और अ को विकल्प से दीर्घ, अन्तिम इकार को दीर्घ।

पाडिफदी, पडिफदी < प्रतिस्पर्धी–प्र के संयुक्त रेफ का लोप, अ को विकल्प से दीर्घ, स लोप और प को फ तथा संयुक्त रेफ का लोप, ध को द्वित्व और पूर्व को द।

पावयणं, पवयणं < प्रवचनम्–प्र के संयुक्त रेफ का लोप, अ को विकल्प से दीर्घ, च लोप और स्वर को य श्रुति, न को ण।

पारोहो, परोहो < प्ररोहः–प्र के संयुक्त रेफ का लोप और अ को विकल्प से दीर्घ।

पावासू, पवासू < प्रवासी– ,, ,, ,, ,,

पासिद्धी, पसिद्धी < प्रसिद्धिः– ,, ,, ,, ,,

पासुत्तो, पसुत्तो < प्रसुप्तः– ,, ,, ,, संयुक्त प लोप और त को द्वित्व।

माणंसी, मणंसी < मनस्वी–मकारोत्तर अ को विकल्प से दीर्घ, न को ण, अनुस्वार और संयुक्त व का लोप।

माणंसिणी, मणंसिणी < मनस्विनी ,, ,, ,,

सामिद्धी, समिद्धी < समृद्धिः–सकारोत्तर अ को विकल्प से दीर्घ, मकारोत्तर ऋ को इ और इकार को ईकार।

सारिच्छो, सरिच्छी < सदृक्षः–सकारोत्तर अ को दीर्घ और दृक्षः के स्थान पर रिच्छो।

(ख) अ = इ संस्कृत की अ ध्वनि का इ में परिवर्तन।

इसि < ईषत्–दीर्घ ईकार को ह्रस्व इकार, षकारोत्तर अ को इकार और अन्तिम हलन्त्य व्यंजन त् का लोप।

उत्तिमो < उत्तमः–तकारोत्तर अकार को इकार और विसर्ग का ओत्व।

कइमो < कतमः–तकारोत्तर अकार को इकार और विसर्ग को ओत्व।

किविणो < कृपणः–कृ में रहने वाली ऋ को इ, प को व और अकार को इकार, विसर्ग को ओत्व।

दिण्णं < दत्तं–दकारोत्तर अकार को इत्व तथा त्तं के स्थान पर ण्णं।

मिरिअं < मरिचम्–मकारोत्तर अकार को इकार, च का लोप और अ स्वर शेष।

मज्झिमो < मध्यमः–संयुक्त य का लोप, ध के स्थान पर झ, द्वित्व और पूर्ववर्ती झ को ज् तथा अ को इकार।

मुइंगो < मृदङ्गः–मृ में रहने वाली ऋ के स्थान पर उ, द लोप और अ स्वर के स्थान पर इत्व।

वेडिसो < वेतसः–त को ड और अकार के स्थान पर इत्व।

विअणं < व्यजनम्–संयुक्त य का लोप और अ को इत्व, ज लोप तथा अ स्वर शेष।

विलीअं < व्यलीकम्–संयुक्त य का लोप और अ को इत्व, क लोप और अ स्वर शेष।

सिविणो < स्वप्नः–स्व का पृथक्करण, अ को इत्व तथा न को णत्व, विसर्ग का ओत्व।

इंगारो, अंगारो < अङ्गारः–विकल्प से अ के स्थान पर इत्व।

पिक्कं, पक्कं < पक्वम्–पकारोत्तर अकार को विकल्प से इत्व, संयुक्त व का लोप और क को द्वित्व।

णिडालं, णडालं < ललाटम्–लकारोत्तर अ को विकल्प से इत्व, ट को ड।

छत्तिवण्णो, छत्तवण्णो < सप्तपर्णः –सप्त के स्थान पर छत्त, अकार को इत्व, प की व तथा संयुक्त रेफ का लोप, ण को द्वित्व एवं विसर्ग का ओत्व।

(ग) अ = ई–शब्द के आदि में रहने वाली संस्कृत की अ ध्वनि ई में परिवर्तित हो जाती है।

हीरो, हरो < हरः–हकारोत्तर अकार को ईत्व।

(घ) अ = उ–संस्कृत की अ ध्वनि का उ ध्वनि में परिवर्तन अर्थात् संप्रसारण।

गउओ < गवयः–पकारोत्तर अ के स्थान पर उ और य लोप, अ शेष, विसर्ग को ओत्व।

गउआ < गवयाः–वकारोत्तर अ के स्थान पर उ, य लोप और स्वर शेष, स्त्रीलिंग।

झुणी < ध्वनिः–संयुक्त व का लोप, ध को झ, अकार को उत्व, न को ण।

वीसुं < विष्वक्–संयुक्त व लोप, अ को उत्व।

तुरिअं < त्वरितम्–संयुक्त व लोप, अ को उत्व।

सुअइ, सुवइ < स्वपिति–संयुक्त त लोप, अ को उत्व।

खुडिओ, खंडिओ < खण्डितः–विकल्प से खकारोत्तर अकार को उ, त लोप और अ स्वर शेष।

चुडं, चंडं < चण्डम्–चकारोत्तर अकार को वैकल्पिक उ।

पुढमं, पढुमं, पुढुमं, पढमं < प्रथमम्–विकल्प से पकारोत्तर अकार को उ थकारोत्तर अकार को क्रमशः दोनों अकार को उ तथा थ के स्थान पर ढ।

(ङ) अ = ऊ–संस्कृत की अ ध्वनि का ऊ में परिवर्तन।

अहिण्णू < अभिज्ञः–भ के स्थान पर ह, ज्ञ के स्थान पर ण्ण तथा अ का ऊ।

आगमण्णू < आगमज्ञः–ज्ञ के स्थान पर ण्ण और अ को ऊत्व।

कयण्णू < कृतज्ञः–त का लोप, ज्ञ के स्थान पर ण्ण और अ को ऊत्व।

विण्णू < विज्ञः–ज्ञ को ण्ण और अ को ऊत्व।

सव्वण्णू < सर्वज्ञः–संयुक्त रेफ का लोप, व को द्वित्व, ज्ञ को ण्ण तथा अ को ऊत्व।

(च) अ = ए–संस्कृत की अ ध्वनि का प्राकृत में एकार परिवर्तन होता है।

एत्थ < अत्र –अ के स्थान पर ए, त्र के स्थान पर त्थ।

अंतेउरं < अन्तःपुरम्–तकारोत्तर अकार को एकार, पकार का लोप और उ स्वर शेष।

अंतेआरी < अन्तश्चारी–तकारोत्तर अकार को एकार, चकार लोप और आ स्वर शेष।

गेंदुअं < कन्दुकम्–क के स्थान पर ग तथा अकार को एकार और क लोप, अ स्वर शेष।

बम्हचेरं < ब्रह्मचर्यम्–संयुक्त रेफ का लोप, ह्म के स्थान पर म्ह, चकारोत्तर अकार को एकार, संयुक्त य का लोप।

सेज्जा < शय्या–तालव्य श को दन्त्य स, अकार को एकार और य को ज।

सुंदेरं < सौन्दर्यम्–सकारोत्तर औकार को उकार, दकारोत्तर अ को एकार और संयुक्त य का लोप।

अच्छेरं, अच्छरिअं < आश्चर्यम्–श्च के स्थान पर च्छ तथा विकल्प से अकार को एकार।

उक्केरो, उक्करो < उत्करः –संयुक्त त का लोप, क को द्वित्व और ककारोत्तर अकार को एकार।

पेरंतो, पज्जंतो < पर्यन्तः–पकारोत्तर अकार को विकल्प से एकार, विकल्पाभाव में र्य के स्थान पर ज्ज।

वेल्ली, वल्ली < वल्ली–वकारोत्तर अकार को विकल्प से एकार।

(छ) अ = ओ– संस्कृत की अ ध्वनि प्राकृत में ओ रूप में परिवर्तित होती है।

नमोक्कारो < नमस्कारः–मकारोत्तर अकार की ओकार, संयुक्त स का लोप और क को द्वित्व।

परोप्परं < परस्परम्–रकारोत्तर अकार को ओकर, संयुक्त स का लोप और प को द्वित्व।

ओप्पेइ, अप्पेइ < अर्पयति–अ को विकल्प से ओ, संयुक्त रेफ का लोप, प को द्वित्व और य को एत्व तथा त लोप और इ स्वर शेष।

सोवइ, सुवइ < स्वपिति–संयुक्त व का लोप, पश्चात् सकारोत्तर अकार को ओकार, प को व और विभक्ति चिह्न इ।

ओप्पिअं, अप्पिअं < अर्पितम्–विकल्प से अकार को ओकार, रेफ का लोप और प को द्वित्व, त लोप और अ स्वर शेष।

पोम्मं < पद्मम्–पकारोत्तर अकार को ओकार, द्म के स्थान पर म्म।

(ज) अ = अइ–संस्कृत के मय प्रत्ययान्त शब्दों में विकल्प से मकारोत्तर अकार को प्राकृत में अइ होता है।

जलमइअं, जलमअं < जलमयम्–मकारोत्तर अकार के स्थान पर विकल्प से अइ, य लोप और अ स्वर शेष।

विसमइअं, विसमअं < विषमयम्–मकारोत्तर अकार के स्थान पर विकल्प से अइ, य लोप और अ स्वर शेष।

दुहमइअं, दुहमअं < दुःखमयम्–ख के स्थान पर ह, मकारोत्तर अकार के स्थान पर विकल्प से अइ, य लोप, अ स्वर शेष।

सुहमइअं, सुहमअं < सुखमयम्– ,, ,, ,, ,,

(झ) अ = आइ–संस्कृत की अ ध्वनि प्राकृत में आइ भी होती है।

न उणाइ, न उणो < न पुनः–प का लोप, उ स्वर शेष तथा नकारोत्तर अकार को विकल्प से आइ।

पुणाइ, पुणो < पुनः– ,, ,, ,, ,, ,,

(२) संस्कृत की आ ध्वनि प्राकृत में अ, इ, ई, उ, ऊ, ए और ओ में परिवर्तित हो जाती है।

(क) आ = अ–संस्कृत की आ ध्वनि निम्नलिखित शब्दों में अ रूप में परिवर्तित हो जाती है।

आचरिओ < आचार्यः–च लोप, अ स्वर शेष और य श्रुति, चा में रहने वाले आ को अ, र्य को रिओ।

कंसिओ < कांसिकः–कां के स्थान पर कं आकार को अकार।

कंसं < कांस्यम्– ,, ,, ,, संयुक्त य लोप।

पंडवो < पाण्डवः–पा के स्थान पर प।

पंसणो < पांसनः– ,, ,,

पंसू < पांसुः– ,, ,,

मरहट्टो < महाराष्ट्रः–हा और रा के स्थान पर ह, र तथा वर्णव्यत्यय, संयुक्त ष और रेफ का लोप, ट को द्वित्व।

मंसं < मांसम्–मां के आकार को अकोर।

वंसियो–वांशिकः–वां के आकार को अकार, तालव्य श को दन्त्य स, क लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

सामओ < श्यामाकः–संयुक्त य का लोप, मा के आकार को अकार, क लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

संजत्तिओ < सांयत्रिकः–सां के स्थान पर सं, य को ज, संयुक्त रेफ का लोप त की द्वित्व, क लोप, अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

संसिद्धिओ < सांसिद्धिकः–सां के स्थान पर सं, क लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

उक्खयं, उक्खायं < उत्खातम्–संयुक्त त का लोप, ख को द्वित्व, पूर्ववर्ती ख को क तथा विकल्प से खा को ख, त लोप, अ स्वर शेष, य श्रुति।

पुव्वण्हो, पुव्वाण्हो < पूर्वाह्णः–संयुक्त रेफ का लोप, व को द्वित्व, आ को विकल्प से अ।

कलओ, कालओ–कालकः–का में रहने वाले आ को विकल्प से अ, क लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

कुमरो, कुमारो–कुमारः–मा में रहने वाले आ को विकल्प से अ।

खइरं, खाइरं < खादिरम्–खा के स्थान पर विकल्प से ख, द लोप और इ स्वर शेष।

चमरो, चामरो < चामरः–चा को विकल्प से च।

तलवेंटं, तालवेंटं < तालवृन्तम्–ता को विकल्प से त तथा वृन्तम् को वेंटं।

नराओ, नाराओ < नाराचः–विकल्प से ना को न, च लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

पययं, पाययं < प्राकृतम्–संयुक्त रेफ का लोप, आ को विकल्प से अ, त लोप, स्वर शेष तथा यश्रुति।

बलया, बलाया < बलाका–ला के स्थान पर विकल्प से ल, क लोप, आ स्वर शेष और यश्रुति।

बम्हणो, बाम्हणो < ब्राह्मणः–संयुक्त रेफ का लोप, आ को विकल्प से अ, ह्म को म्ह।

ठविओ, ठाविओ < स्थापितः –संयुक्त स का लोप, थ को ठ तथा आकार को विकल्प से अकार, प को व, त लोप, अ स्वर शेष, ओत्व।

परिट्ठविओ, परिट्ठाविओ < परिष्ठापितः–ठा को विकल्प से ठ।

संठविओ, संठाविओ < संस्थापितः– संयुक्त स का लोप, था को विकल्प से थ और थ के स्थान पर ठ।

हलिओ, हालिओ < हालिकः–हा के स्थान पर विकल्प से ह, क लोप, स्वर शेष और विसर्ग को ओत्व।

अहव, अहवा < अथवा–थ के स्थान पर ह और वा को विकल्प से व।

तह, तहा < तथा–थ के स्थान पर ह और था में रहने वाले आकार को विकल्प से अकार।

जह, जहा < यथा– ,, ,, ,,

व, वा < वा–वा में रहने वाले आकार को विकल्प से व।

ह, हा < हा–हा ,, ,,

(ख) आ = इ–संस्कृत की आ ध्वनि निम्नलिखित शब्दों में इ के रूप में परिवर्तित हो जाती है।

आइरिओ, आयरिओ < आचार्यः–च का लोप, आ स्वर शेष और इस आ के स्थान पर विकल्प से इत्व।

कुप्पिसो, कुप्पासो < कूर्पासः–ऊकार के स्थान पर उकार, संयुक्त रेफ का लोप और प को द्वित्व तथा आकार को विकल्प से इकार।

निसिअरो, निसाअरो < निशाकरः–तालाव्य श को दन्त्य स तथा सा में रहने वाले आ को विकल्प से इकार, क लोप, अ स्वर शेष और विसर्ग को ओत्व।

(ग) आ = ई–निम्नलिखित शब्दों में संस्कृत की आ ध्वनि ई में परिवर्तित होती है।

खल्लीडो < खल्वाटः–संयुक्त व का लोप, ल को द्वित्व और आकार को ईकार तथा ट को ड, विसर्ग को ओत्व।

ठीणं, थीणं < स्त्यानम्–संयुक्त स का लोप, त्य के स्थान में थ और थ को ठ तथा आकार को ईकार, न को ण।

(घ) आ = उ

उल्लं–आर्द्रम्–आ के स्थान पर उ, र्द्र को ल्ल।

सुण्हा < सास्ना–सा में रहने वाले आ को उकार और स्ना के स्थान पर ण्हा।

थुवओ < स्तावकः–स्त के स्थान पर थ और आकार को उकार, क लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

(ङ) आ = ऊ

अज्जू < आर्या–सासू अर्थ होने से र्य के स्थान पर ज्ज और आकार को ऊकार।

ऊसारो, आसारो < आसारः–आ के स्थान पर विकल्प से ऊ।

(च) आ=ए– निम्नलिखित शब्दों में संस्कृत की आ ध्वनि ए में परिवर्तित होती है।

गेज्झं < ग्राह्यम्–संयुक्त रेफ का लोप, आकार को एकार, ह्य के स्थान पर ज्झ।

असहेज्जो, असहज्जो < असहाय्यः–हा के स्थान पर विकल्प से हे और य्य को ज्ज, विसर्ग को ओत्व।

एत्तिअमेत्तं, एत्तिअमत्तं < एतावन्मात्रम्–एतावन् के स्थान पर एत्तिअ, मा के स्थान पर विकल्प से मे, संयुक्त रेफ का लोप, त को द्वित्व।

भोअणमेत्तं, भोअणमत्तं < भोजनमात्रम्–ज को लोप और अ स्वर शेष, मा के स्थान पर मे, संयुक्त रेफ का लोप, त को द्वित्व।

देरं, दारं < द्वारम्–संयुक्त व का लोप, आकार को विकल्प से एकार।

पारेवओ, पारावओ < पारापतः–रा में रहने वाले आ के स्थान पर विकल्प से ए, प के स्थान पर व, त लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

पच्छेकम्मं, पच्छाकम्मं < पश्चात्कर्म–पश्चात् के स्थान पर पच्छा और आकार को विकल्प से एकार।

(छ) आ = ओ

ओल्लं < आर्द्रम्–आ के स्थान पर ओ, र्द्र के स्थान पर ल्ल।

ओली < आली–आ के स्थान पर ओ।

(३) संस्कृत की इ ध्वनि प्राकृत में अ, ई, उ, ए और ओ के रूप में परिवर्तित होती है।

(क) इ= अ–निम्नलिखित शब्दों में इ ध्वनि प्राकृत में अ हो जाती है।

इअ < इति–तकार का लोप और इ स्वर शेष तथा इ के स्थान पर अ।

तित्तिरो < तित्तिरिः–रकार में रहने वाली इकार के स्थान पर अ ध्वनि।

पहो < पथिन्–थ के स्थान पर ह और इकार के स्थान पर अ, हलन्त्य अन्त्य व्यंजन का लोप।

पुहई < पृथिवी–पृ में रहने वाली ऋ के स्थान पर उ, थ के स्थान पर ह इकार को अकार और व लोप, ई स्वर शेष।

पडंसुआ < प्रतिश्रुत्–प्रति के स्थान पर पड संयुक्त रेफ का लोप, तालव्य श को दन्त्य स और त् को आ।

बहेडओ < विभीतकः–व में रहने वाली इ के स्थान पर अ, भ के स्थान पर ह, इ को ए, त के स्थान पर ड, क लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

मुसओ < मूषिकः–मूर्धन्य ष को दन्त्य स तथा इकार को अकार, क लोप, अ स्वर शेष और विसर्ग को ओत्व।

हलद्दा < हरिद्रा–र के स्थान पर ल, इकार को अकार और द्रा में से रेफ का लोप और द को द्वित्व।

इंगुअं, अंगुअं < इंगुदम्–इ के स्थान पर विकल्प से अ, द लोप और अ स्वर शेष।

सिढिलं, सढिलं < शिथिलम्–तालव्य श का दन्त्य स, स में रहने वाली इ के स्थान पर विकल्प से अ तथा थ को ढ।

पसिढिलं, पसढिलं < प्रशिथिलम्–संयुक्त रेफ का लोप, तालव्य श को दन्त्य स, विकल्प से इ के स्थान पर अ, थ को ढ।

(ख) इ=ई–निम्नलिखित शब्दों में संस्कृत की इ ध्वनि प्राकृत में ई हो जाती है।

जीहा < जिह्वा–जि में रहने वाली इ के स्थान पर ईकार, संयुक्त व का लोप।

वीसा <विंशति–वि में रहने वाली इकार के स्थान पर ईकार, अनुस्वार का लोप।

तीसा<त्रिंशत्–त्रि में से संयुक्त रेफ का लोप, इकार को ईकार, अनुस्वार लोप।

सीहो < सिंहः–सि में संयुक्त इकार को ईकार, अनुरवार लोप।

नीसरई, निस्सरइ < निस्सरति–नि में रहने वाली इकार को विकल्प से दीर्घ।

नीसहं, निस्सहं < निस्सहम्– ,, ,, ,, ,,

(ग) इ = उ–निम्न शब्दों में संस्कृत की इ ध्वनि प्राकृत में उ हो जाती है।

उच्छू < इक्षुः–इ के स्थान पर उ और क्षु के स्थान पर च्छू।

दु < द्वि–संयुक्त व का लोप और इकार को उकार।

दुविहो < द्विविधः–संयुक्त व का लोप और इकार को उकार तथा ध के स्थान पर ह, विसर्ग को ओत्व।

णु < नि–नि में रहने वाली इकार के स्थान पर उकार, न को ण।

दुआई < द्विजातिः–संयुक्त व का लोप और इकार लोप के स्थान पर उकार, ज और आ स्वर शेष, त लोप और इकार को दीर्घ।

नु < नि–इकार को उकार।

दुहा < द्विधा–संयुक्त व का लोप, इकार को उकार, ध को ह।

णुमज्जइ < निमज्जति–नि में रहने वाली इ के स्थान पर उ और न को णत्व, त का लोप, इ स्वर शेष।

दुमत्तो < द्विमात्रः–संयुक्त व का लोप, इकार को उकार, मात्रः को मत्तो।

णुमन्नो < निमग्नः–नि में रहने वाली इकार के स्थान पर उकार, संयुक्त ग का लोप और न को द्वित्व।

दुरेहो < द्विरेखः–संयुक्त व का लोप, इकार को उकार, ख को ह।

पावासु < प्रवासिन्–संयुक्त रेफ का लोप, प को दीर्घ, सि में रहने वाली इ के स्थान पर उ।

दुवयणं < द्विवचनम्–संयुक्त व का लोप, इकार को उकार, च के स्थान पर य, न को णत्व।

पावासुओ < प्रवासिकः– संयुक्त रेफ का लोप, अ को दीर्घ, सि में रहने वाली इकार को उकार, क लोप और विसर्ग को ओत्व।

जहुट्ठिलो, जहिट्ठिलो < युधिष्ठिरः–य को ज, ध को ह तथा इकार के स्थान पर विकल्प से उकार, संयुक्त ष का लोप, ठ को द्वित्व, पूर्व ठ को ट और र को ल।

दुउणो, विउणो <द्विगुणः–संयुक्त व का लोप, इकार को उकार, ग लोप और उ स्वर शेष। विकल्प से द का लोप होने पर विउणो रूप बनेगा।

दुइओ, विइओ < द्वितीयः– संयुक्त व का लोप, इकार को उत्व, त लोप, ई शेष और ह्रस्व, य लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग का ओत्व।

(घ) इ = ए

मेरा > मिरा–मि में रहने वाली इ को एकार।

केसुअं, किंसुअं < किंशुकम्–इकार को एकार, क लोप और अ स्वर शेष। इकार को एत्व न होने पर किंसुअं रूप बनता है।

(ङ) इ = ओ

दोवयणं < द्विवचनम्–संयुक्त व का लोप और इकार को ओत्व, मध्यवर्ती च लोप, अ स्वर शेष और य श्रुति।

दोहा, दुहा<द्विधा–संयुक्त व का लोप, इकार को विकल्प से ओत्व, ध को ह।

(च) नि = ओ

ओज्झरो, निज्झरो < निर्झरः–निर्झर शब्द में विकल्प से नि के स्थान पर ओ होता है, तथा संयुक्त रेफ का लोप, झ को द्वित्व, पूर्ववर्ती झ को ज।

(४) संस्कृत की ई ध्वनि प्राकृत में अ, आ, इ, उ, ऊ और ए में परिवर्तित होती है।

(क) ई = अ

हरडई < हरीतकी–री में ई के स्थान पर अ, त को ड और क लोप तथा ई स्वर शेष।

(ख) ई = आ–

कम्हारा < कश्मीराः–श्म के स्थान पर म्ह तथा ईकार के स्थान पर आ।

(ग) ई = इ–निम्न शब्दों में संस्कृत की ई ध्वनि प्राकृत में इ हो जाती है।

ओसिअंतं < अवसीदत्–अव=ओ, सी के स्थान पर सि, दत् = अंतं।

आणिअं < आनीतम्–नी के स्थान पर ह्रस्व इकार होने से णि, त लोप और अ स्वर शेष।

गहिरं < गभीरम्–भ के स्थान पर ह, दीर्घ इकार को ह्रस्व इकार।

जिवउ < जीवतु–जी को ह्रस्व इ करने से जि, त लोप और उ स्वर शेष।

तयाणिं < तदानीम्–द लोप और आ स्वर शेष, यश्रुति, नी को नि, णत्व।

तइअं < तृतीयम्–तृ में रहने वाली ऋ को अ, त लोप, ईकार को इकार, य लोप और अ स्वर शेष।

दुइअं < द्वितीयम्–संयुक्त व का लोप, इकार को उकार, त लोप और ईकार को इकार, य लोप और अ स्वर शेष।

पलिविअं < प्रदीपितम्–संयुक्त रेफ का लोप, दी के स्थान पर ली और ईकार को ह्रस्व, प को व, त लोप और अ स्वर शेष।

पसिओ < प्रसीदः–संयुक्त रेफ का लोप, सी को ह्रस्व, द लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

वम्मिओ < वल्मीकः–संयुक्त ल का लोप, म को द्वित्व, दीर्घ ईकार को ह्रस्व, क लोप, अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

विलिअं < व्रीडितम्–संयुक्त रेफ का लोप, दीर्घ ईकार को ह्रस्व, ड को ल, त लोप और अ स्वर शेष।

सिरिसो < शिरीषः–तालव्य श को दन्त्य स, री को ह्रस्व, मूर्धन्य श को दन्त्य स, विसर्ग को ओत्व।

अलिअं, अलीअं < अलीकम्–ल में रहने वाली दीर्घ ईकार को विकल्प से ह्रस्व, क लोप और अ स्वर शेष।

उवणिअं, उवणीअं < उपनीतम्–प को व, न को ण, ईकार को विकल्प से ह्रस्व, त का लोप और अ स्वर शेष।

करिसो, करीसो < करीषः–री के स्थान पर विकल्प से रि, मूर्धन्य ष को दन्त्य स, विसर्ग को ओत्व।

जिवइ, जीवइ < जीवति–जकारोत्तर ईकार को विकल्प से इकार, तकार का लोप, इ स्वर शेष।

पाणिअं, पाणीअं < पानीयम्–न को ण, नकारोत्तर ईकार को विकल्प से इकार, यकार का लोप और अ स्वर शेष।

(घ) ई = उ

जुण्णं, जिण्णं < जीर्णम्–जकारोत्तर ईकार के स्थान पर विकल्प से उकार और उकाराभावपक्ष में इ, संयुक्त रेफ का लोप, ण को द्वित्व।

(ङ) ई = ऊ

तूहं < तीर्थम्–तकारोत्तर ईकार के स्थान पर ऊकार, संयुक्त रेफ का लोप, थ के स्थान पर ह।

विहूणो, विहीणो < विहीनः–हकारोत्तर ईकार को विकल्प से ऊकार तथा न को णत्व, विसर्ग को ओत्व।

हूणो, हीणो < हीनः– ,, ,, ,,

(च) ई = ए–संस्कृत के निम्न लिखित शब्दों में ई ध्वनि को ए हो जाता है।

आमेलो < आपीडः–पकारोत्तर ईकार को एकार और ड को ल।

केरिसो < कीदृशः–ककारोत्तर ईकार को एकार, दृशः के स्थान पर रिसो।

एरिसो < ईदृशः–ई के स्थान पर एकार, दृशः के स्थान पर रिसो।

पेऊसं < पीयूषम्–पकारोत्तर ईकार की एत्व, य लोप और ऊ स्वर शेष, मूर्धन्य ष को दन्त्य स।

वहेडओ < विभीतकः–इकार को अकार, भकारोत्तर ईकार को एकार, भ के स्थान पर ह, त को ड और क लोप, अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

नेडं, नीडं < नीडम्–नकारोत्तर ईकार को विकल्प से एकार।

पेढं, पीढं < पीठम्–पकारोत्तर ईकार को विकल्प से एकार तथा ठ को ढ।

(५) संस्कृत की उ ध्वनि प्राकृत में अ, इ, ई, ऊ और ओ में परिवर्तित हो जाती है।

(क) उ = अ–निम्न लिखित शब्दों में संस्कृत की उ ध्वनि प्राकृत में अ में परिवर्तित होती है।

अगरुं < अगुरुम्–गकारोत्तर उकार के स्थान पर अ।

गलोइ < गुडूची–गकारोत्तर उकार को अ, ड को ल और ऊ को ओ, चकार का लोप, ई स्वर शेष, पश्चात् ह्रस्व।

गरुई < गुर्वी–गकारोत्तर उकार को अ, र्वी का पृथक्करण अतः रुई।

मउडो < मुकुटः–मकारोत्तर उकार का अ, क लोप और ट को ड।

मउरं < मुकुरम्–मकारोत्तर उकार का अ, क लोप और क लोप।

मउलो < मुकुलः– ,, ,, ,,

मउलं < मुकुलम्– ,, ,, ,,

सोअमल्लं < सौकुमार्यम्–औ को ओकार होने से सो, क का लोप और उसके स्थान में उ स्वर शेष, उकार को अ तथा मार्यं का मल्लं।

अवरिं, उवरिं < उपरि–उ के स्थान पर विकल्प से अ, प को व।

गरुओ, गुरुओ < गुरुकः–गकारोत्तर उ के स्थान पर विकल्प से अ, क लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

(ख) उ = इ–संस्कृत के निम्न लिखित शब्दों की उ ध्वनि का प्राकृत में इ हो जाता है।

पुरिसो < पुरुषः–रकारोत्तर उकार के स्थान पर इ, मूर्धन्य ष को दन्त्य स।

पउरिसं < पौरुषम्–औ के स्थान पर ओ, पश्चात् अ + उ, रकारोत्तर उ को इत्व।

भिउडी < भ्रुकुटिः–संयुक्त रेफ का लोप, उकार को इकार, क लोप, उ स्वर शेष और ट को ड।

(ग) उ = ई

छीअं < क्षुतम्–क्ष के स्थान पर छ, उकार को ईकार, त लोप और अ स्वर शेष।

(घ) उ = ऊ

दूहवो, दुहओ < दुर्भगः–दकारोत्तर उकार को विकल्प से ऊकार, संयुक्त रेफ का लोप, भ को ह और ग लोप, अ स्वर शेष तथा ओत्व।

मूसलं, मुसलं < मुसलम्–मकारोत्तर उकार को विकल्प से ऊत्व।

दूसहो, दुस्सहो < दुस्सहः–दकारोत्तर उकार को विकल्प से ऊत्व।

सूहवो, सुहओ < सुभगः–सकारोत्तर उकार को विकल्प से ऊकार, भ को ह, ग लोप और अ स्वर शेष।

(ङ) उ = ओ

कोउहलं, कुऊहलं < कुतूहलम्–ककारोत्तर उकार को ओत्व, तकार का लोप, ऊ स्वर शेष तथा ऊ को विकल्प से ह्रस्व।

(६) संस्कृत की ऊ ध्वनि प्राकृत में अ, इ, ई, उ, ए और ओ रूप में बदल जाती है।

(क) ऊ = अ–निम्न लिखित प्राकृत शब्दों में संस्कृत की ऊ ध्वनि विकल्प से अ में परिवर्तित होती है।

दुअल्लं, दुऊलं < दुकूलम्–मध्यवर्ती क लोप, ऊ स्वर शेष और ऊ के स्थान पर विकल्प से अ।

सण्हं, सुण्हं < सूक्ष्मम्–सकारोत्तर ऊकार के स्थान पर विकल्प से अकार, क्ष्म के स्थान पर ण्ह।

(ख) ऊ = इ

निउरं, नुउरं < नूपुरम्–ऊकार के स्थान पर विकल्प से इकार, प का लोप उ शेष।

(ग) ऊ = ई

उव्वीढं, उव्वूढं < उद्व्यूढम्–द् य् का लोप और व को द्वित्व और ऊकार को विकल्प से ईकार।

(घ) ऊ = उ–निम्न लिखित शब्दों में ऊकार के स्थान पर उत्व होता है।

कंडुअइ < कण्डूयते–ऊकार के स्थान पर उकार और यकार का लोप, अ स्वर शेष, विभक्ति चिह्न इ।

कंडुया < कण्डूया–ऊकार के स्थान पर उकार।

कंडुयणं < कण्डूयणम्–ऊकार को उत्व तथा न को णत्व।

भुमया < भ्रूः–ऊकार के स्थान पर उत्व।

वाउलो < वातूलः–तकार का लोप और ऊ स्वर शेष, ऊ के स्थान में उत्व।

हणुमंतो < हनूमान्–नकार को णत्व और ऊकार को उत्व।

कोउहलं, कोऊहलं < कुतूहलम्–ककारोत्तर उकार की ओकार, तकार का लोप और ऊकार के स्थान पर विकल्प से उत्व।

महुअं, महूअं< मधूकम्–ध के स्थान पर ह और ऊकार को विकल्प से उत्व।

(ङ) ऊ = ए

नेउरं, नूउरं < नूपुरम्–ऊकार के स्थान पर एत्व और पकार का लोप और उ स्वर शेष।

(च) ऊ = ओ–निम्न लिखित शब्दों में ऊ को ओ होता है।

कोप्परं < कूर्परम्–ऊकार को ओकार, संयुक्त रेफ का लोप, प को द्वित्व।

कोहण्डी < कूष्माण्डी–ककारोत्तर ऊकार को ओत्व, ष्मा के स्थान पर ह।

गलोई < गुडूची–डकार के स्थान पर ल, डकारोत्तर ऊकार को ओ एवं चकार का लोप, ई शेष।

तंबोलं < ताम्बूलम्–ता को ह्रस्व, बकारोत्तर ऊकार को ओत्व।

तोणीरं < तूणीरम्–ऊकार को ओत्व।

मोल्लं < मूल्यम्–मकारोत्तर ऊकार को ओत्व, संयुक्त य का लोप और ल को द्वित्व।

थोरं < स्थूलम्–संयुक्त स का लोप, थकारोत्तर ऊकार को ओत्व एवं ल को रकार।

तोणं, तूणं < तूणम्–तकारोत्तर ऊकार को विकल्प से ओत्व।

थोणा, थूणा < स्थूणा–संयुक्त स का लोप और थकारोत्तर ऊकार को विकल्प से ओत्व।

(७) प्राकृत वर्णमाला में ऋ को स्थान नहीं दिया गया है। अतः संस्कृत की ऋ का परिवर्तन अ, आ, इ, उ, ऊ, ए, ओ, अरि और रि के रूप में होता है।

(क) ऋ = अ–निम्न लिखित शब्दों में आदि में आने वाली ऋ अ के रूप में बदल जाती है।

कयं < कृतम्–ककारोत्तर ऋ के स्थान पर अ, त लोप, अ स्वर शेष और य श्रुति।

घयं < घृतम्–घकारोत्तर ,, ,, ,,

घट्टो<घृष्टः–घकारोत्तर ऋ के स्थान पर अ, संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व।

तणं < तृणम्–तकारोत्तर ऋ के स्थान अ।

मओ < मृगः–मकारोत्तर ऋ के स्थान पर अ, ग लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग का ओत्व।

मट्ठं < मृष्टम्–मकरोतर ऋ के स्थान पर अ, संयुक्त ष का लोप और ट को द्वित्व।

वसहो < वृषभः–वकारोत्तर ऋ के स्थान पर अ, मूर्धन्य ष को दन्त्य स, भ के स्थान पर ह और विसर्ग का ओत्व।

दुक्कडं < दुष्कृतम्–संयुक्त ष का लोप, क को द्वित्व, ऋ के स्थान पर अ एवं त के स्थान पर ड।

पुरेकडं < पुरस्कृतम्–रकारोत्तर अ को एत्व, संयुक्त स का लोप, ऋ के स्थान पर अ, त को ड।

मट्टिया < मृत्तिका–मकारोत्तर ऋ के स्थान पर अ, त को ट तथा ककार का लोप, आ स्वर शेष, य श्रुति।

णिअत्तं < निवृत्तम्–न को णत्व, वकारोत्तर ऋकार को अ।

मच्चु < मृत्यु–मकारोत्तर ऋ को अ और त्य के स्थान पर च्च।

मउओ < मृदुकः– ,, ,, द लोप, उ स्वर शेष, क लोप, अ स्वर शेष और विसर्ग को ओत्व।

वन्दारओ < वृन्दारकः–वकारोत्तर ऋ के स्थान पर अ, क लोप, अ स्वर शेष और विसर्ग को ओत्व।

वगी < वृकी–वकारोत्तर ऋ के स्थान पर अ तथा क को ग।

कसणपक्खो < कृष्णपक्षः–ककारोत्तर ऋ के स्थान पर अ, ष्ण का पृथक्करण मूर्धन्य ष् को दन्त्य स तथा क्ष को क्ख।

पाययं < प्राकृतम्–ककारोत्तर ऋ के स्थान पर अ और इस अ को य श्रुति, त लोप, अ स्वर शेष और अ को य।

वहप्फई < वृहस्पतिः–वकारोत्तर ऋकार को अत्व, स्प के स्थान पर प्फ।

सिलवटो < शिलापृष्ठः–तालव्य श को दन्त्य स, लकार को ह्रस्व, प का व और ऋ को अ।

मअलांछणं < मृगलाञ्छनम्–मकरोत्तर ऋकार को अत्व, ग लोप और अ स्वर शेष।

मअवहू < मृगवधू–मकरोतर ऋ के स्थान पर अ, ध के स्थान पर ह।

रामकण्हो < रामकृष्णः–ककारोत्तर ऋकार को अ और ष्ण को ण्ह।

(ख) ऋ=आ–निम्न शब्दों में विकल्प से ऋ के स्थान पर आ आदेश होता है।

कासा, किसा < कृशा–ककारोत्तर ऋकार को विकल्प से आत्व।

माउक्कं, मउत्तणं < मृदुत्वम्–मकरोत्तर ऋकार को विकल्प से आत्व।

माउक्कं, मउअं < मृदुकम्– ,, ,, ,, ,,

(ग) ऋ = इ–निम्न शब्दों में संस्कृत की ऋ ध्वनि इ में परिवर्तित होती है।

उक्किट्ठं <उत्कृष्टम्–संयुक्त त का लोप, क को द्वित्व और ऋ के स्थान पर इ।

इद्धी < ऋद्धिः–ऋ के स्थान पर इ।

इसी < ऋषिः–ऋ के स्थान पर इ, मूर्धन्य ष को सत्व और इकार को दीर्घ।

किच्छं < कृच्छ्रम्–क ककारोत्तर ऋ के स्थान पर इ।

किविणो < कृपणः– ,, ,, तथा प का व और विसर्ग का ओत्व।

किई < कृतिः–ककारोत्तर ऋ के स्थान पर इ, त लोप और इ स्वर को दीर्घ।

किच्ची < कृत्तिः–क में रहने वाली ऋ के स्थान पर इ, त्तं के स्थान पर च्च।

किच्चा < कृत्या–क में रहने वाली ऋ के स्थान पर इ, त्य के स्थान पर च्च।

किवो < कृपः–ककारोत्तर ऋकार के स्थान पर इ और प को व।

किवा < कृपा– ,, ,, ,, ,,

किवाणं < कृपाणम्– ,, ,, ,, ,,

किदो < कृशः– ,, ,, ,, श के स्थान पर 'द'।

किसाणू < कृशानुः– ,, ,, ,, तालव्य श को स, उकार की ऊत्व।

किसिओ < कृषितः–ककारोत्तर ऋकार के स्थान पर इ, मूर्धन्य ष के स्थान पर दन्तय स, त लोप और अ स्वर शेष तथा ओत्व।

किसरा < कृसरा–ककारोत्तर ऋकार के स्थान पर इ।

गिट्ठी < गृष्टिः–गकारोत्तर ऋकार को इत्व, मूर्धन्य ष लोप, ट को द्वित्व।

गिद्धी < गृद्धिः–गकारोत्तर ऋकार को इत्व।

घुसिणं < घुसृणम्–सकारोत्तर ऋ को इत्व।

घिणा < घृणा–घकारोत्तर ऋ के स्थान पर इ।

तित्तं < तृप्तम्–तकारोत्तर ऋकार के स्थान पर इ, संयुक्त प लोप और त को द्वित्व।

दिट्ठं < दृष्टम्–दकारोत्तर ऋ के स्थान पर इ, संयुक्त ष लोप, ट को द्वित्व, द्वितीय ट को ठ।

दिट्ठी < दृष्टिः– ,, ,, ,, ,, ,,

धिई < धृतिः–धकारोत्तर ऋकार को इकार, त लोप और शेष स्वर इ को दीर्घ।

नत्तिओ < नप्तृकः–संयुक्त प का लोप, त को द्वित्व, ऋकार को इत्व, क लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

निवो < नृपः–नकारोत्तर ऋकार को इत्व और प को व, विसर्ग को ओत्व।

निसंसो < नृशंसः–नकारोत्तर ऋकार को इत्व, तालव्य श को दन्त्य स, विसर्ग को ओत्व।

पिहं < पृथक्–पकारोत्तर ऋकार को इत्व, थ को ह, अन्त्य हलन्त का लोप, अनुस्वारागम।

पिच्छी < पृथ्वी–पकारोत्तर ऋ को इत्व, थ्वी के स्थान पर च्छी।

विंहिओ < वृंहितः–वकारोत्तर ऋकार को इत्व, त का लोप, अ स्वर शेष और विसर्ग को ओत्व।

भिंगो < भृङ्गः–भकारोत्तर ऋकार को इत्व, विसर्ग को ओत्व।

भिंगारो < भृङ्गारः– ,, ,, ,, ,,

भिऊ < भृगुः–भकारोत्तर ऋकार को इत्व, ग का लोप और उ स्वर, शेष, दीर्घ।

माई < मातृ–तकारोत्तर ऋ को इत्व तथा दीर्घ।

मिइंगो < मृदंगः–मकारोत्तर ऋकार को इत्व, द का लोप, अ स्वर शेष तथा शेष अ को इत्व, विसर्ग को ओत्व।

मिट्ठं–मृष्टम्–मकारोत्तर ऋकार को इत्व, संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व तथा द्वितीय ट को ठ।

विइण्हो–वितृष्णः–तकारोत्तर ऋकार को इत्व, ष्णः के स्थान पर ण्हो।

विञ्चुओ < वृश्चिकः–वकारोत्तर ऋकार को इत्व, श्च के स्थान पर ञ्च तथा इ की उत्व, क लोप, अ स्वर शेष और विसर्ग को ओत्व।

वित्तं < वृत्तम्–वकारोत्तर ऋ के स्थान पर इत्व।

वित्ती < वृत्तिः–वकारोत्तर ऋ को इत्व, तकारोत्तर इकार को दीर्घ।

विद्धकई < वृद्धकविः–वकारोत्तर ऋ को इत्व, व का लोप और शेष स्वर इ को दीर्घ।

विट्ठो < वृष्टः–वकारोत्तर ऋ को इत्व, संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व तथा द्वितीय ट को ठ।

विट्ठी < वृष्टिः–,, ,, ,,

विसी < वृसी–वकारोत्तर ऋ को इत्व।

वाहिअं < व्याहृतम्–संयुक्त य का लोप, हकारोत्तर ऋकार को इत्व, त का लोप और अ स्वर शेष।

सिआलो < श्रृगालः—तालव्य श को दन्त्य स, शकारोत्तर ऋकार को इत्व, ग का लोप और आ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

सिंगारो < श्रृंगारः—तालव्य श को दन्त्य स, शकारोत्तर ऋ को इत्व और विसर्ग को ओत्व।

सइ < सकृत्—क का लोप और ककारोत्तर ऋकार को इत्व, अन्त्य हलन्त त् का लोप।

समिद्धी < समृद्धिः—मकारोत्तर ऋकार को इत्व, द्धकारोत्तर इकार को दीर्घ।

सिट्ठं < सृष्टम्—सकारोत्तर ऋकार को इत्व, संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व और द्वितीय ट को ठ।

सिट्ठी < सृष्टिः— ,, ,, ,, अन्तिम इकार को दीर्घ।

छिहा < स्पृहा—स्प में रहने वाली ऋ को इत्व, स्प के स्थान पर छ।

हिअयं < हृदयम्—हृ में रहने वाली ऋ को इत्व तथा द का लोप और अ स्वर शेष।

माइहरं < मातृगृहम्—तकारोत्तर ऋ का इत्व और गृहं की हरं।

मियतण्हा < मृगतृष्णा—मकारोत्तर ऋकार को इत्व, ग का लोप, अ स्वर शेष और य श्रुति, तकारोत्तर ऋ को अ तथा ष्ण के स्थान पर ण्ह।

मियंको, मयंको < मृगाङ्कः—मकारोत्तर ऋकार को इत्व, ग का लोप और अ स्वर को य श्रुति।

इहामियो < इहामृगः— मकारोत्तर ऋ को इत्व, ग का लोप, अस्वर शेष तथा य श्रुति, विसर्ग को ओत्व।

मियसिराओ < मृगशिराः—मकारोत्तर ऋकार को इत्व, ग लोप, अ स्वर शेष तथा य श्रुति, तालव्य श को दन्त्य स।

इसिगुत्तो < ऋषिगुप्तः—ऋकार को इत्व, मूर्धन्य ष को स, संयुक्त प का लोप, त को द्वित्व।

इसिदत्तं < ऋषिदत्तम्—ऋकार को इत्व, मूर्घन्य ष को दन्त्य स।

धिट्ठो, धट्ठो < धृष्टः—धकारोत्तर ऋकार को विकल्प से इत्व, संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व, द्वितीय ट को ठ, विसर्ग को ओत्व।

पिट्ठं, पट्ठं < पृष्टम्—पकारोत्तर ऋकार को विकल्प से इत्व, संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व तथा द्वितीय ट को ठ।

विहप्फई, बहप्फई < बृहस्पतिः—वकारोत्तर ऋकार को विकल्प से इत्व, स्प को प्फ, तकार का लोप और इ स्वर शेष को दीर्घ।

माइमंडलं, माउमंडलं<मातृमण्डलम्–तकारोत्तर ऋकार को विकल्प से इत्व।

मिच्चू, मच्चू < मृत्युः–मकारोत्तर ऋकार को विकल्प से इत्व और त्युः को च्चू।

विड्ढो, वुड्ढो < वृद्धः–वकारोत्तर ऋकार को विकल्प से इत्व।

विंटं, वेंटं < वृन्तम्– वकारोत्तर ऋकार को विकल्प से इत्व तथा त को ट।

सिंगं, संगं < शृङ्गम्–तालव्य श को दन्त्य स, शकारोत्तर ऋकार को विकल्प से इत्व।

(घ) ऋ = उ–निम्न प्राकृत शब्दों में संस्कृत की ऋ ध्वनि उकार में परिवर्तित है।

उऊ < ऋतुः–ऋकार को उ तथा तकार का लोप और शेष स्वर उ को दीर्घ।

उसहो < ऋषभः–ऋ को उत्व, मूर्धन्य ष को दन्त्य स, भ को ह, विसर्ग को ओत्व।

जामाउओ < जामातृकः–तकारोत्तर ऋकार को उत्व, तकार का लोप, क लोप, अ स्वर ओर विसर्ग को ओत्व।

नत्तुओ < नप्तृकः–संयुक्त प का लोप, त को द्वित्व, ऋकार को उत्व, क का लोप और शेष स्वर अ को ओत्व।

निहुअं < निभृतम्–भकार को ह तथा ऋ को उत्व, तकार का लोप और अ स्वर शेष।

निउअं < निवृतम्–वकारोत्तर ऋकार को उत्व, व का लोप, तकार का लोप और अ स्वर शेष।

निव्वुअं < निर्वृतम्–संयुक्त रेफ का लोप, व द्वित्व, ऋकार को उत्व, त लोप और अ स्वर शेष।

निव्वुई < निर्वृत्तिः–संयुक्त रेफ का लोप, व को द्वित्व, ऋकार को उत्व, त लोप और इकार शेष तथा इसको दीर्घ।

परहुओ < परभृतः–भकारोत्तर ऋकार को उत्व, भ को ह, त लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

परामुट्ठो < परामृष्ठः–मकारोत्तर ऋकार को उत्व, संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व, द्वितीय ट को ठ, विसर्ग को ओत्व।

पिउओ < पितृकः–तकारोत्तर ऋकार को उत्व, क का लोप, अ स्वर शेष और विसर्ग का ओत्व।

पुहई < पृथिवी–पकारोत्तर ऋकार को उत्व, थ के स्थान पर ह, इ स्वर को अ, वकार का लोप और ई स्वर शेष।

पहुडि < प्रभृति–संयुक्त रेफ का लोप, भकारोत्तर ऋकार को उत्व, त को ड।

पउत्ती < प्रवृत्तिः–संयुक्त रेफ का लोप, वकारोत्तर ऋकार को उत्व, व का लोप, अन्तिम स्वर इ को दीर्घ।

पउट्ठो < प्रवृष्टः–संयुक्त रेफ का लोप, वकारोत्तर ऋकार को उत्व, व का लोप, संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व, द्वितीय ट को ठ।

पाहुडं<प्राभृतम्–संयुक्त रेफ का लोप, भ को ह, ऋकार को उत्व, त को ड।

पाउओ < प्रावृतः–संयुक्त रेफ का लोप, वकार का लोप और अवशेष ऋ को उत्व, त का लोप, अ स्वर शेष तथा विसर्ग को ओत्व।

पाउसो < प्रावृषः–संयुक्त रेफ लोप, व लोप और अवशेष ऋकार को उत्व, मूर्धन्य ष को दन्त्य स, विसर्ग को ओत्व।

भुई < भृतिः–भकारोत्तर ऋकार को उत्व, तकार का लोप और शेष स्वर इ को दीर्घ।

भाउओ < भ्रातृकः–संयुक्त रेफ का लोप, तकार का लोप, ऋकार को उत्व, क का लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

माउओ < मातृकः–तकार का लोप, ऋकार को उत्व, क का लोप, अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

माउआ < मातृका–तकार का लोप, शेष स्वर ऋ को उत्व, क का लोप और आ स्वर शेष।

मुणालं < मृणालम्–मकारोत्तर ऋकार को उत्व।

वुत्तंतो < वृत्तान्तः–वकारोत्तर ऋकार को उत्व।

वुड्ढो < वृद्धः–वकारोत्तर ऋकार को उत्व, दन्त्य वर्णों को मूर्धन्य, विसर्ग का ओत्व।

वुड्ढी < वृद्धिः–वकारोत्तर ऋकार को उत्व, दन्त्य वर्णों को मूर्धन्य, इकार को दीर्घ।

वुंदं < वृन्दम्–वकारोत्तर ऋकार को उत्व।

वुंदावणो < वृन्दावनः–वकारोत्तर ऋकार को उत्व, न को णत्व और विसर्ग को ओत्व।

विउअं < विवृतम्–मध्यवर्ती वकार का लोप, शेष ऋ को उत्व, त लोप और अ स्वर शेष।

वुट्ठो < वृष्टः–वकारोत्तर ऋकार को उत्व, संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व तथा द्वितीय ट को ठ।

वुट्ठी < वृष्टिः–वकारोत्तर ऋकार को उत्व, संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व तथा द्वितीय ट को ठ, इकार दीर्घ।

पुट्ठो < स्पृष्टः–संयुक्त स का लोप, पकारोत्तर ऋकार को उत्व, संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व, द्वितीय ट को ठ, विसर्ग को ओत्व।

संवुअं < संवृतम्–वकारोत्तर ऋकार को उत्व, तकार का लोप, अ शेष।

मुसा, मोसा < मृषा–मकारोत्तर ऋकार को विकल्प से उ, उ के अभाव में ओ तथा मूर्धन्य ष को दन्त्य स।

उसहो, वसहो < वृषभः–वकारोत्तर ऋकार को विकल्प से उत्व, विकल्पाभाव पक्ष में ऋकार को अ।

(घ) ऋ = ऊ।

मूसा, मुसा, मोसा < मृषा–मकारोत्तर ऋकार के स्थान पर विकल्प से ऊकार, विकल्पाभाव पक्ष में उकार तथा ओकार होने से तीन रूप बनते हैं।

(ङ) ऋ = ए–

वेंट, विंट < वृन्तम्–वकारोत्तर ऋकार को विकल्प से एकार, विकल्पाभावपक्ष में इकार तथा त को ट।

(च) ऋ = ओ–

मोसा < मृषा–मकारोत्तर ऋ को विकल्प से ओत्व।

वोंटं < वृन्तम्–वकारोत्तर ऋकार को विकल्प से ओत्व।

(छ) ऋ = अरि

दरिओ < दृप्तः–दकारोत्तर ऋकार को अरि, संयुक्त प और अन्तिम त का लोप, अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

(ज) ऋ = ढि

आढिओ < आदृतः–मध्यवर्ती दकार का लोप और शेष ऋ के स्थान पर ढि, त लोप, अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

(झ) ऋ = रि–निम्न प्राकृत शब्दों में वर्तमान भाषा प्रवृत्ति के समान संस्कृत की ऋ के स्थान पर रि मिलता है।

रिच्छो < ऋक्षः–ऋ के स्थान पर रि और क्ष को च्छ, विसर्ग को ओत्व।

अन्नारिसो < अन्यादृशः–संयुक्त य का लोप, न को द्वित्व, दकार का लोप और शेष स्वर ऋ को रि, श को स, विसर्ग को ओत्व।

अन्नारिच्छो < अन्यादृक्षः–संयुक्त य का लोप, न को द्वित्व, दकार का लोप और शेष स्वर ऋ को रि, क्ष को च्छ तथा विसर्ग को ओत्व।

अमूरिसो < अमूदृशः–दकार का लोप, शेष स्वर ऋ को रि, तालव्य श को दन्त्य स, विसर्ग को ओत्व।

अमूरिच्छो < अमूदृक्षः–दकार का लोप, शेष स्वर ऋ को रि, क्षः को च्छो।

अम्हारिसो < अस्मादृशः–दकार का लोप, शेष स्वर ऋ को रि, तालव्य श को दन्त्य स, विसर्ग को ओत्व।

अम्हारिच्छो < अस्मादृक्षः–दकार का लोप, शेष स्वर ऋ को रि, क्ष को च्छ, विसर्ग को ओत्व।

एरिसो < ईदृशः–ई के स्थान में ए, दकार का लोप और शेष स्वर ऋ के स्थान में रि, तालव्य श को दन्त्य स, विसर्ग को ओत्व।

एरिच्छो < ईदृक्षः–ई के स्थान में ए, दकार का लोप और शेष स्वर ऋ के स्थान में रि, क्ष को च्छ और विसर्ग को ओत्व।

एआरिसो < एतादृशः–मध्यवर्ती तकार का लोप, आ स्वर शेष, दकार का लोप और शेष स्वर ऋ को रि, तालव्य श को दन्त्य स, विसर्ग को ओत्व।

एआरिच्छो < एतादृक्षः–मध्यवर्ती तकार का लोप, आ स्वर शेष, दकार का लोप और शेष स्वर ऋ को रि, क्ष को च्छ और विसर्ग को ओत्व।

केरिसो < कीदृशः–ककारोत्तर ईकार को एकार, दकार का लोप और शेष स्वर ऋकार को रि।

केरिच्छो < कीदृक्षः– ,, ,, ,, ,, ,,

तारिसो < तादृशः–दकार का लोप, शेष स्वर ऋकार को रि, श को स, विसर्ग को ओत्व।

तारिच्छो < तादृक्षः–दकार का लोप, शेष स्वर ऋकार को रि, क्ष को च्छ तथा विसर्ग को ओत्व।

तारि < तादृक् –दकार का लोप, शेष स्वर ऋ को रि, अन्त्य हलन्त्य क् का लोप।

भवारिसो < भवादृशः– ,, श को दन्त्य स, विसर्ग को ओत्व।

भवारिच्छो < भवादृक्षः– ,, क्ष को च्छ, विसर्ग को ओत्व।

भवारि < भवादृक्– ,, ,, अन्त्य हलन्त्य क् का लोप।

जारिसो < यादृशः–आदि यकार को जकार, द का लोप, शेष स्वर ऋ के स्थान पर रि, तालव्य श को दन्त्य स, विसर्ग को ओत्व।

जारिच्छो < यादृक्षः–आदि यकार को जकार, द का लोप, शेष स्वर ऋ के स्थान पर रि, क्ष को च्छ, विसर्ग को ओत्व।

जारि < यादृक्–आदि य को ज, दकार का लोप, शेष स्वर ऋ को रि, अन्त्य हलन्त्य क् का लोप।

तुम्हारिसो < युष्मादृशः–युष्मा के स्थान पर तुम्हा, दकार का लोप, शेष स्वर ऋ को रि, तालव्य श को दन्त्य स।

तुम्हारिच्छो < युष्मादृशः– ,, ,, क्ष को च्छ, विसर्ग को ओत्व।

तुम्हारि–युष्मादृक्– ,, ,, अन्त्य हलन्त्य क् का लोप।

सरिसो < सदृशः–दकार का लोप, शेष स्वर ऋ को रि, तालव्य श को दन्त्य स, विसर्ग को ओत्व।

सरिच्छो < सदृक्षः– ,, ,, क्ष को च्छ, विसर्ग को ओत्व।

सरि < सदृक्– ,, ,, अन्त्य हलन्त्य क् का लोप।

रिज्जू, उज्जू < ऋजुः–ऋ के स्थान में विकल्प से रि, विकल्पाभाव में उ।

रिणं, अणं < ऋणम्– ,, ,, विकल्पाभाव में अ।

रिऊ, उऊ < ऋतुः– ,, ,, तकार का लोप, शेष स्वर उ को दीर्घ।

रिसहो, उसहो < ऋषभः–,, ,, विकल्पाभाव पक्ष में उ।

रिसी, इसी < ऋषिः– ,, ,, विकल्पाभाव पक्ष में इ।

(८) प्राकृत में संस्कृत की एकार ध्वनि इ और ऊ में बदल जाती है।

(क) ए = इ–

किसरं, केसरं < केसरम्–ककारोत्तर एकार को विकल्प से इत्व।

चविडा, चवेडा < चपेटा–प को व, पकारोत्तर ए को विकल्प से इ।

दिअरो, देयरो < देवरः–दकारोत्तर एकार को इत्व, वकार का लोप और अ स्वर शेष।

विअणा, वेअणा < वेदना–वकारोत्तर एकार को इत्व, इकार का लोप और अ स्वर शेष।

(ख) ए = ऊ–

थूणो, थेणो < स्तेनः–स्त के स्थान पर थ और एकार के स्थान पर विकल्प से ऊकार।

(९) प्राकृत में संस्कृत की ऐकार ध्वनि का अअ, इ, ई, अइ और ए में परिवर्तन होता है।

(क) ऐ = अअ।

उच्चअं < उच्चैस्–चकारोत्तर ऐकार के स्थान पर अअ।

नीचअं < नीचैस्– ,, ,, ,, ,,

(ख) ऐ = इ

सणिच्छरो < शनैश्चरः–तालव्य श को दन्त्य स, न को ण, नकारोत्तर ऐकार को इत्व, श्च को च्छ, विसर्ग को ओत्व।

सिन्धवं < सैन्धवम्–सकारोत्तर ऐकार को इकार।

सिन्नं, सेन्न < सैन्यम्–सकारोत्तर ऐकार को विकल्प से इकार, संयुक्त य का लोप और न को द्वित्व।

(ग) ऐ = ई

धीरं < धैर्यम्–धकारोत्तर ऐकार को ईत्व, संयुक्त यकार का लोप और र शेष।

(घ) ऐ = अइ

अइसरिअं < ऐश्वर्यम्–ऐकार को अइ, संयुक्त व का लोप, तालव्य श को स, र्यम् को रिअं।

कइअवं < कैतवम्–ऐकार को अइ, तकार का लोप और अ स्वर शेष।

चइत्तं < चैत्यम्–चकारोत्तर ऐकार को अइ, संयुक्त य का लोप और त को द्वित्व।

दइच्चो < दैत्यः–दकारोत्तर ऐकार को अइ, त्य को च्च, विसर्ग को ओत्व।

दइअवं < दैवतम्– ,, ,, ,, वर्णविपर्यय से वतम् का अवं।

भइरवो < भैरवः–भकारोत्तर ऐकार को अइ।

वइजवणो < वैजवनः–वकारोत्तर ऐकार को अइ।

वइआलीअं < वैतालीयम्– ,, ,, तकार का लोप और आ स्वर शेष।

वइदब्भो < वैदर्भः– ,, ,, संयुक्त रेफ का लोप, भ को द्वित्व और पूर्ववर्ती भ को ब।

वइएसो < वैदेशः–वकारोत्तर ऐकार को अइ, मध्यवर्ती दकार का लोप, एकार शेष।

वइएहो < वैदेहः– ,, ,, ,, ,, ,,

वइसाहो < वैशाखः– ,, ,, श को स, ख के स्थान में ह और विसर्ग को ओत्व।

वइसालो < वैशालः–वकारोत्तर ऐकार को अइ, श को स।

वइस्साणरो < वैश्वानरः– ,, ,, ,, संयुक्त व का लोप, स को द्वित्व, न को ण तथा विसर्ग को ओत्व।

सइरं < स्वैरम्–संयुक्त व का लोप, सकारोत्तर ऐ को अइ।

कइरवं, केरवं < कैरवम्–ककारोत्तर ऐकार को विकल्प से अइ तथा विकल्पाभाव पक्ष में ए।

कइलासो, केलासो < कैलासः– ,, ,, ,, ,,

चइत्तो, चत्तो < चैत्रः–चकारोत्तर ऐकार को विकल्प से अइ तथा विकल्पाभाव में ए।

वइरं, वेरं < वैरम्–वकारोत्तर ऐकार को विकल्प से अइ तथा विकल्पाभाव में ए।

वइसंपायणो, वेसंपायणो < वैशम्पायनः– ,, ,, ,,

वइसवणो, वेसवणो < वैश्रवणः– ,, ,, ,,

वइसिअं, वेसिअं < वैशिमम्– ,, ,, ,,

(ङ) ऐ = ए–

एरावणो < ऐरावणः–ऐकार को एकार।

केढवो < कैटभः–ककारोत्तर ऐकार को एकार, ट को ढ और भ को व, विसर्ग का ओत्व।

तेलुक्कं < त्रैलोक्यम्–संयुक्त रेफ का लोप, तकारोत्तर ऐकार को एत्व, संयुक्त य का लोप और क को द्वित्व।

वेज्जो < वैद्यः–वकारोत्तर ऐकार को एत्व, द्य के स्थान पर ज्ज।

वेहव्वं < वैधव्यम्–वकारोत्तर ऐकार को एत्व, ध को ह, संयुक्त य लोप और व को द्वित्व।

सेला < शैला–सकारोत्तर ऐकार को एत्व।

(९) प्राकृत में संस्कृत की ओ ध्वनि का अ, ऊ, अउ और आऊ में परिवर्तन होता है।

(क) ओ = अ

अन्नन्नं, अन्नुन्नं < अन्योन्यम्–संयुक्त य का लोप, न को द्वित्व और ओ के स्थान पर विकल्प से अ, विकल्पाभाव में उ।

आवज्जं, आउज्जं < आतोद्यम्–तकारोत्तर ओकार के स्थान पर विकल्प से अ, विकल्पाभाव में उ, द्य के स्थान पर ज्ज।

पवट्ठो, पउट्ठो < प्रकोष्ठः–क का लोप और शेष ओ के स्थान पर अ, विकल्पाभाव में उ, संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व और अंतिम ट का ठ।

मणहरं, मणोहरं < मनोहरम्–नकारोत्तर ओ के स्थान पर विकल्प से अ।

सिरविअणा, सिरोविअणा < शिरोवेदना–रकारोत्तर ओ के स्थान में विकल्प से अ।

सररुहं, सरोरुहं < सरोरुहम्– ,, ,, ,, ,,

(ख) ओ = ऊ–

सूसासो < सोच्छ्वासः–सकारोत्तर ओकार को ऊकार।

(ग) ओ = अउ–

गउओ < गोकः–गकारोत्तर ओकार को अउ, क लोप, अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

गउआ < गोका–गकारोत्तर ओकार को अउ, क लोप, आ स्वर शेष।

गउ, गऊ < गो– ,, ,, ,,

(घ) ओ = आऊ

गाऊ < गो–ओकार को आऊ हुआ है।

(१०) संस्कृत की औ ध्वनि का प्राकृत में अउ, आ, उ, आव और ओ में परिवर्तन होता है।

(क) औ = अउ–

कउरवो < कौरवः–औकार के स्थान पर अउ तथा विसर्ग को ओत्व।

कउलो < कौलः– ,, ,, ,,

कउसलं < कौशलम्–ककारोत्तर औकार को अउ, तालव्य श को दन्त्य स।

गउडो < गौडः–गकारोत्तर औकार को अउ।

गउरवं < गौरवम्– ,, ,,

पउरो < पौरः–पकारोत्तर औकार के स्थान पर अउ।

पउरिसं < पौरुषम्– ,, ,, मूर्धन्य ष को स तथा रु को रि।

मउणं < मौनम्–मकारोत्तर औकार के स्थान में अउ, न को ण।

मउली < मौलिः– ,, ,, ,,

सउहं < सौधम्–सकारोत्तर औकार को अउ तथा ध के स्थान पर ह।

सउरा < सौराः– ,, ,, ,,

(ख) औ = आ–

गारवम् < गौरवम्–औकार के स्थान आकार।

(ग) औ = उ–

दुवारिओ < दौवारिकः–दकारोत्तर औकार के स्थान पर उ, क का लोप, अ स्वर शेष तथा विसर्ग को ओत्व।

पुलोमी < पौलोमी–पकारोत्तर औकार को उत्व।

मुंजायणो < मौञ्जायनः–मकारोत्तर औकार को उत्व।

सुंडो < शौण्डः–शकार के स्थान में दन्त्य स तथा औकार को उत्व।

सुद्धोअणी < शौद्धोदनिः–तालव्य श को दन्त्य स, औकार को उत्व, द का लोप, अ स्वर शेष, न को ण।

सुगंधत्तणं < सौगन्ध्यम्–औकार को उत्व।

सुन्देरं < सौन्दर्यम्– ,, ,,

सुपण्णिओ < सौवर्णिकः–औकार को उत्व।

(घ) औ = आव

नावा < नौः–औकार के स्थान पर आवादेश।

(ङ) औ = ओ

गोरी < गौरी–गकारोत्तर औकार को ओत्व।

कोमुई < कौमुदी–ककारोत्तर औकार को ओत्व, दकार का लोप और ई स्वर शेष।

कोसंबी<कौशाम्बी–ककारोत्तर औकार को ओत्व, तालव्य श को दन्त्य स।

कोसिओ < कौशिकः– ,, ,, ,, क लोप, अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

कोत्थुहो < कौस्तुभः–ककारोत्तर औकार को ओत्व, स्तु के स्थान में त्थु, भ को ह और विसर्ग का ओत्व।

जोव्वणं < यौवनम्–यकार को ज और औकार को ओत्व।

कोंचो < क्रौञ्चः–ककारोत्तर औ को ओत्व।

व्यंजन परिवर्तन

(११) संस्कृत की क ध्वनि का प्राकृत में ख, ग, च, भ, म, व और ह में परिवर्तन होता है।

(क) क = ख

खप्परं<कर्परम्–क के स्थान पर ख, संयुक्त रेफ का लोप और प को द्वित्व।

खीलो < कीलः–क के स्थान पर ख, विसर्ग को ओत्व।

खीलओ–कीलकः–क के स्थान पर ख, अन्त्य क का लोप, अ स्वर शेष और विसर्ग को ओत्व।

खुज्जो < कुब्जः–क के स्थान पर ख, संयुक्त व का लोप और ज को द्वित्व।

(ख) क = ग–

अमुगो < अमुकः–क के स्थान पर ग और विसर्ग को ओत्व।

असुगो < असुकः– ,, ,, ,, ,,

आगरिसो < आकर्षः–क के स्थान पर ग, र्ष के स्थान पर रिस, विसर्ग का ओत्व।

आगारो < आकरः–क के स्थान पर ग और दीर्घ।

उवासगो < उपाशकः–प के स्थान पर व, तालव्य श को दन्त्य, क को ग।

एगो < एकः–क के स्थान पर ग, विसर्ग को ओत्व।

गेंदुअं < कन्दुकम्–क के स्थान पर ग और अकार को एकार अन्तिम क का लोप, अ स्वर शेष।

दुगुल्लं < दुकूलम्–क का ग और ऊकार को ह्रस्व उकार।

मयगलो < मदकलः–द का लोप, अ स्वर शेष तथा य श्रुति, क के स्थान में ग।

मरगयं < मरकतम्–क के स्थान में ग, त लोप और शेष अ स्वर को य।

सावगो < श्रावकः–संयुक्त रेफ का लोप, तालव्य श को दन्त्य स, क को ग तथा विसर्ग को ओत्व।

लोगो < लोकः–क को ग, विसर्ग को ओत्व।

(ग) क = च–

चिलाओ < किरातः–क के स्थान पर च और र को ल।

(घ) क = भ–

सीभरो, सीअरो < शीकरः–तालव्य श को दन्त्य स, क को विकल्प से भ, विकल्पाभाव में क का लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग का ओत्व।

(ङ) क = म

चंदिमा < चन्द्रिका–संयुक्त रेफ का लोप और क को म।

(च) क = व–

पवट्ठो < प्रकोष्ठः–संयुक्त रेफ का लोप, क के स्थान पर व, संयुक्त ष का लोप, ठ को द्वित्व और पूर्ववर्ती ठ को ट।

(छ) क = ह–

चिहुरो < चिकुरः–क को ह, विसर्ग को ओत्व।

निहसो < निकषः–क को ह, मूर्धन्य ष को दन्त्य स, विसर्ग को ओत्व।

फलिहो < स्फटिकः–संयुक्त स का लोप, ट के स्थान पर ल, क के स्थान पर ह, विसर्ग को ओत्व।

सीहरो < शीकरः–तालव्य श को दन्त्य स, क को ह और विसर्ग को ओत्व।

(१२) संस्कृत की ख ध्वनि प्राकृत में क में बदल जाती है।

ख = क

संकलं < शृंखलम्–संयुक्त रेफ का लोप, तालव्य श को दन्त्य स और ख के स्थान पर क।

संकला < शृंखला–संयुक्त रेफ का लोप, तालव्य श को दन्त्य स और ख के स्थान पर क।

(१३) संस्कृत की ग ध्वनि का प्राकृत में म, ल और व में परिवर्तन होता है।

(क) ग = म

पुंनामाई < पुंनागानि–ग के स्थान पर म तथा न लोप और इ स्वर, अनुस्वार।

भामिणी < भागिनी–ग के स्थान पर म और न को णत्व।

(ख) ग = ल

छालो < छागः–ग के स्थान पर ल और विसर्ग को ओत्व।

छाली < छागी–ग के स्थान पर ल।

(ग) ग = व

दूहवो < दुर्भगः–उपसर्ग के दु को दीर्घ, भ को ह और ग के स्थान में व तथा विसर्ग को ओत्व।

सूहवो < सुभगः–उपसर्ग के सु को दीर्घ, भ को ह और ग के स्थान पर व तथा विसर्ग को ओत्व।

(१४) प्राकृत में संस्कृत का च वर्ण ज, ट, ल और स में परिवर्तित होता है।

(क) च = ज

पिसाजी < पिशाची–तालव्य श को दन्त्य स और च को ज।

(ख) च = ट

आउंटणं < आकुञ्चनम्–क का लोप, उ स्वर शेष तथा च के स्थान पर टत्व, न को णत्व।

(ग) च = ल

पिसल्लो < पिशाचः–तालव्य श को दन्त्य स और च के स्थान में ल्ल, विसर्ग को ओत्व।

(घ) च = स

खसिओ < खचितः–च के स्थान पर स, अन्तिम त का लोप, अ स्वर शेष, विसर्ग का ओत्व।

(१५) संस्कृत का ज वर्ण प्राकृत में झ में परिवर्तित होता है।

झडिलो, जडिलो < जटिलः–ज के स्थान पर विकल्प से झ आदेश, ट के स्थान में ड तथा विसर्ग का ओत्व।

(१६) संस्कृत का ट वर्ण प्राकृत में ड, ढ और ल के रूप में परिवर्तित होता है।

(क) ट = ड

घडो < घटः–ट के स्थान में ड, विसर्ग का ओत्व।

नडो < नटः– ,, ,,

भडो < भटः– ,, ,,

(ख) ट = ढ

केढवो<कैटभः–ऐकार को एकार, ट को ढ और,भ को व, विसर्ग को ओत्व।

सयढो < शकटः–तालव्य श को स, ककार का लोप, अ स्वर शेष और य श्रुति तथा ट को ढ।

सढा < सटा–ट को ढ।

(ग) ट = ल

फलिहो <स्फटिकः–संयुक्त स का लोप, ट के स्थान पर ल और क को ह।

चविला < चपेटा–प को व, एकार को इत्व और ट को ल।

फालेइ < पाटयति–पा के स्थान पर फा, ट को ल, अकार को एकार तथा विभक्ति चिह्न इ।

(१७) संस्कृत की ठ ध्वनि का प्राकृत में ल, ह और ढ में परिवर्तन हो जाता है।

(क) ठ = ल

अंकोल्लो < अङ्कोठः–ठ के स्थान पर ल्ल हुआ है।

अंकोल्लतेल्लं < अङ्कोठतैलम्–ठ के स्थान पर ल्ल, तकारोत्तर ऐकार को एकार।

(ख) ठ = ह

पिहडो < पिठरः–ठ का ह और र का ड हुआ है।

(ग) ठ = ढ

पढ < पठ–ठ का ढ हुआ है।

पिढरो < पिठरः–ठ को ढ तथा विसर्ग का ओत्व।

(१८) संस्कृत का ड वर्ण प्राकृत में ल हो जाता है।

वलयामुहं < वडवामुखम्–ड के स्थान पर ल।

तलायं < तडागम्– ,, ,,

कीला < क्रीडा– ,, ,,

(१९) संस्कृत का ण वर्ण प्राकृत में विकल्प से ल में बदल जाता है।

वेलू, वेणू < वेणुः–

(२०) संस्कृत के त वर्ण का प्राकृत में च, छ, ट, ड, ण, र, ल, व और ह में परिवर्तन होता है।

(क) त = च

चुच्छं < तुच्छम्–त के स्थान पर च आदेश हुआ है।

(ख) त = छ

छुच्छं < तुच्छम्–त के स्थान पर छ आदेश हुआ है।

(ग) त = ट

टगरो < तगरः–त के स्थान पर ट और विसर्ग को ओत्व।

टूबरो < तूबरः– ,, ,,

टसरो<त्रसरः–संयुक्त रेफ का लोप, शेष त के स्थान पर ट, विसर्ग को ओत्व।

(घ) त = ड

पडाया < पताका–त के स्थान पर ड, क का लोप, अ स्वर शेष और य श्रुति।

पडिकरइ < प्रतिकरोति–त के स्थान पर ड और करोति का करइ।

पडिनिअत्तं < प्रतिनिवृत्तम्–त के स्थान पर ड, व का लोप, ऋ के स्थान पर अ।

पडिवया < प्रतिपत्–त के स्थान पर ड, प को व और त् के स्थान पर आ तथा यश्रुति होने से या।

पडिहासो < प्रतिभासः–त को ड, भ को ह और विसर्ग को ओत्व।

पडिमा < प्रतिमा–त को ड।

पडंसुआ < प्रतिश्रुत्–त के स्थान पर ड।

पडिसारो < प्रतिसारः– ,, ,,

पडिहासो < प्रतिहासः– ,, ,,

पहुडि < प्रभृति–भ के स्थान पर ह, संयुक्त ऋ को उ, त को ड।

पाहुडं < प्राभृतम्–भ के स्थान पर ह, संयुक्त ऋ को उ, त को ड।

मडयं < मृतकम्–मृ की ऋ के स्थान पर अ, त को ड, क लोप, अ स्वर शेष और यश्रुति।

अवहडं, अवहयं < अवहृतम्–हृ में रहने वाली ऋ को अ, त को विकल्प से ड, विकल्पाभाव में त का लोप और यश्रुति।

ओहडं, ओहयं < अवहृतम्–अत के स्थान पर ओ, त का ड, विकल्पाभाव में त लोप और य श्रुति।

कडं, कयं < कृतम्–ककारोत्तर ऋ को अ, विकल्प से त को ड, विकल्पाभाव में त लोप, अ स्वर शेष और यश्रुति।

दुक्कडं, दुक्कयं < दुष्कृतम् –संयुक्त ष का लोप, क को द्वित्व, ऋ को अ और त के स्थान पर विकल्प से ड।

मडं, मयं < मृतम्–ऋ को अ, त को ड, विकल्पाभाव में तकार का लोप तथा अ स्वर को यश्रुति।

वेडिसी, वेअसो < वेतसः–त को ड और इत्व, विकल्पाभाव पक्ष में त का लोप और अ स्वर शेष।

सुकडं, सुकयं < सुकृतम्–ककारोत्तर ऋकार को अ, त को ड, विकल्पाभाव में त का लोप, अ स्वर शेष तथा यश्रुति।

(ङ) त = ण

अणिउँतयं < अतिमुक्तकम्–त के स्थान पर ण, मकार का लोप, शेष उ को अनुनासिक, संयुक्त क का लोप, अन्तिम क का लोप, अ स्वर शेष और यश्रुति।

गब्भिणो < गर्भितः–संयुक्त रेफ का लोप, भ को द्वित्व, पूर्ववर्ती महाप्राण के स्थान पर अल्पप्राण, त को ण, विसर्ग को ओत्व।

(च) त = र

सत्तरी < सप्ततिः–संयुक्त प का लोप, त को द्वित्व और ति के स्थान पर रि तथा दीर्घ।

(छ) त = ल

अलसी < अतसी–त के स्थान पर ल।

सालवाहणो<सातवाहनः–त के स्थान पर ल, न को णत्व, विसर्ग को ओत्व।

पलिलं, पलिअं < पलितम्–त के स्थान पर विकल्प से ल, विकल्पाभाव पक्ष में त का लोप, अ स्वर शेष।

(ज) त = व

आवज्जं, आउज्जं<आतोद्यम्–त के स्थान पर विकल्प से व और द्य को ज्ज।

पीवलं, पीअलं < पीतलम्–त के स्थान पर विकल्प से व, विकल्पाभाव पक्ष में त का लोप और अ स्वर शेष।

(झ) त = ह

विहत्थी < वितस्तिः–त के स्थान पर ह और स्ति के स्थान पर त्थी।

काहलो, कायरो < कातरः–त के स्थान पर विकल्प से ह और रेफ को ल।

माहुलिंगं, माउलिंगं < मातुलिंगम्–त को विकल्प से ह, विकल्पाभाव पक्ष में त का लोप और उ स्वर शेष।

वसही, वसई < वसतिः–त को विकल्प से ह, विकल्पाभाव पक्ष में तकार का लोप और इ स्वर शेष तथा दीर्घ।

(२१) संस्कृत का थ वर्ण प्राकृत में ढ, ध और ह में परिवर्तित हो जाता है।

(क) थ = ढ

पढमो < प्रथमः–थ को ढ और अनुस्वार को ओत्व।

मेढी < मेथिः–थ को ढ और इकार को दीर्घ।

सिढिलो < शिथिरः–तालव्य श को दन्त्य स, थ को ढ, रेफ को ल।

निसीढो < निशीथः–तालव्य श को दन्त्य स तथा थ को ढ।

पुढवी < पृथिवी–पकारोत्तर ऋकार को उकार और थ को ढ।

(ख) थ = ध

पिधं < पृथक्–पकारोत्तर ऋ को इत्व तथा थ के स्थान पर ध, अनुस्वार और अन्त्य हलन्त व्यंजन क का लोप।

(ग) थ = ह

निसीहो < निशीथः–तालव्य श को दन्त्य स और थ को ह।

कहइ < कथयति–थ के स्थान पर ह, विभक्ति चिह्न इ।

नाहो < नाथः–थ को ह।

मिहुणं < मिथुनम्–थ के स्थान पर ह और न को णत्व।

आवसहो < आवसथः–थ के स्थान पर ह।

(२२) संस्कृत का द वर्ण प्राकृत में ड, ध, र, ल, व और ह में परिवर्तित हो जाता है।

(क) द = ड

डंस < दंश–द के स्थान पर ड और तालव्य श को दन्त्य स।

डह < दह–द के स्थान पर ड।

कडणं, कयणं < कदनम्–द के स्थान पर विकल्प से ड, विकल्पाभाव में द का लोप, अ स्वर शेष और य श्रुति।

डड्ढो < दग्धः–द के स्थान में ड और ग्ध के स्थान पर ड्ढ।

डंडो < दण्डः–द के स्थान पर ड और विसर्ग को ओत्व।

डंभो < दम्भः– ,, ,, ,, ,,

डब्भो < दर्भः–द के स्थान पर ड, संयुक्त रेफ का लोप, भ को द्वित्व और महाप्राण को अल्पप्राण।

डरो < दरः–द को ड और विसर्ग को ओत्व।

डसणं < दशनं–द को ड, तालव्य श को दन्त्य स तथा न को णत्व।

डाहो < दाहः–द को ड और विसर्ग को ओत्व।

डोला < दोला–विकल्प से द को ड।

डोहलो, दोहलो < दोहदः–द के स्थान में विकल्प से ड और अन्तिम द को ल।

(ख) द = ध

धीप < दीप–द को ध।

धिप्पइ < दीप्यते–द के स्थान में ध, दीर्घ ई को ह्रस्व और विभक्ति चिह्न इ।

(ग) द = र–संख्यावाचक शब्दों में अनादि और असंयुक्त संस्कृत का द वर्ण प्राकृत में र हो जाता है।

एआरह < एकादश–क का लोप और आ स्वर शेष, द के स्थान पर र और श को ह।

बारह < द्वादश–संयुक्त द का लोप, द के स्थान पर र, श को ह।

तेरह < त्रयोदश–त्रय के स्थान पर ते, द को र, श को ह।

करली < कदली–द को र।

(घ) द = ल–

पलीवेइ < प्रदीपयति–संयुक्त रेफ का लोप, द को ल, प को व, अकार को ए और विभक्ति चिह्न इ।

पलित्तं < प्रदीप्तम्–संयुक्त रेफ का लोप, द को ल, संयुक्त प का लोप और त को द्वित्व।

दोहलो < दोहदः–अन्तिम द को ल।

कलंबो, कयंबो < कदम्बः–विकल्प से द को ल और विकल्पाभाव पक्ष में द का लोप, अ स्वर शेष और य श्रुति।

(ङ) द = व

कवट्टिओ < कदर्थितः–द के स्थान पर व, रेफ का लोप और थ को ट तथा द्वित्व, तकार का लोप, अ स्वर शेष, विसर्ग का ओत्व।

(च) द = ह

कउहं < ककुदम्–मध्यवर्ती क का लोप, उ शेष तथा द के स्थान पर ह।

(२३) प्राकृत में संस्कृत का ध वर्ण ढ और ह में परिवर्तित होता है।

(क) ध = ढ

निसढो < निषधः–मूर्धन्य ष को दन्त्य स और ध को ढ।

ओसढं < औषधम्–औकार को ओकार, मूर्धन्य ष को दन्त्य स तथा ध को ढ।

(ख) ध = ह

इंदहणू < इन्द्रधनुः–संयुक्त रेफ का लोप, ध को ह, न को णत्व और उकार को दीर्घ।

बहिरो < बधिरः–ध को ह और विसर्ग को ओत्व।

बाहइ < बाधते–ध के स्थान में ह और विभक्ति चिह्न इ।

वाहो < व्याधः–संयुक्त य का लोप और ध को ह।

साहू < साधु–ध को ह और ह्रस्व उकार को दीर्घ।

(२४) प्राकृत में संस्कृत के न वर्ण का ण, ण्ह और ल में परिवर्तन होता है।

(क) न = ण–स्वर परवर्ती, एकपदस्थित और असंयुक्त न को ण होता है।

कणयं < कनकम्–न को णत्व, क लोप और अ स्वर को य श्रुति।

नयणं < नयनम्–न को णत्व।

मयणो < मदनः–मध्यवर्ती द का लोप और शेष अ स्वर के स्थान पर य श्रुति, न को णत्व।

वयणं < वचनम्–मध्यवर्ती च का लोप, अ स्वर के स्थान पर य, न को णत्वं।

वयणं < वदनम्–मध्यवर्ती द का लोप, अ के स्थान पर य तथा न को णत्व।

णई < नदी–न को णत्व, दकार का लोप और ई स्वर शेष।

णरो < नरः–न को णत्व, विसर्ग को ओत्व।

णेइ < नयति–न को णत्व और विभक्ति चिह्न इ।

(ख) न = ण्ह

ण्हाविओ < नापितः–न के स्थान पर विकल्प से ण्ह, प को व, तकार का लोप, अ स्वर शेष तथा विसर्ग को ओत्व, विकल्पाभाव में–नाविओ रूप।

(ग) न = ल

लिंबो < निम्बः–न को ल, विसर्ग को ओत्व।

(२५) संस्कृत के प वर्ण का प्राकृत में फ, म, व और र में परिवर्तन होता है।

(क) प = फ

फणसो < पनसः–प के स्थान पर फ, न को णत्व और विसर्ग को ओत्व।

फलिहो < परिधः–प के स्थान पर फ, र को ल, ध को ह और विसर्ग को ओत्व।

फलिहा < परिखा–प के स्थान पर फ, र को ल और ख के स्थान में ह।

फरुसो < परुषः–प को फ और मूर्धन्य ष को दन्त्य स।

फाडि < पाटि–प को फ और ट को ड।

फालिहद्दो < पारिभद्रः–प को फ, र को ल, भ को ह और संयुक्त रेफ का लोप, द को द्वित्व तथा विसर्ग को ओत्व।

(ख) प = म

आमेलो < आपीडः–प के स्थान पर म, ईकार को एकार, ड को ल, विसर्ग को ओत्व

नीमो < नीपः–प को म, विसर्ग को ओत्व।

(ग) प = व

वहुत्तं < प्रभूतम्–संयुक्त रेफ का लोप और प को व, भ को ह तथा त को द्वित्व।

(घ) प = र

पारद्धी < पापर्द्धिः–यहाँ प के स्थान पर र, संयुक्त रेफ का लोप और दीर्घ।

(२६) संस्कृत के ब वर्ण का प्राकृत में भ, म और य में परिवर्तन होता है।

(क) ब = भ

भिसिणी < बिसिनी–ब के स्थान पर भ हुआ है।

(ख) ब = म

कमंधो < कबन्धः–मध्यवर्ती ब को मकार।

(ग) ब = य

कयन्धो < कबन्धः–ब के स्थान पर य और विसर्ग को ओत्व।

(२७) संस्कृत के भ वर्ण का प्राकृत में व और ह में परिवर्तन होता है।

(क) भ = व

केढवो < कैटभः–ऐकार को एत्व, ट को ढ और भ को व।

(ख) भ = ह

नहं < नभस्–भ के स्थान पर ह।

पहा < प्रभा–संयुक्त रेफ का लोप और भ को ह।

सहा < सभा–भ को ह।

सहावो < स्वभावः–संयुक्त व का लोप, भ के स्थान पर ह और विसर्ग को ओत्व।

सोहइ < शोभते –तालव्य श को दन्त्य स, भ को ह और विभक्ति चिह्न इ।

(२८) संस्कृत का म वर्ण प्राकृत में ढ, व और स में परिवर्तित होता है।

(क) म = ढ

विसढो < विषमः–मूर्धन्य ष को दन्त्य स और म को ढ।

(ख) म = व

वम्महो < मन्मथः–म के स्थान पर व तथा संयुक्त न का लोप और म को द्वित्व, थ को ह।

अहिवन्नू < अभिमन्युः–भ को ह और म को व, संयुक्त य का लोप, न को द्वित्व और ह्रस्व को दीर्घ।

(ग) म = स

भसलो < भ्रमरः–संयुक्त रेफ का लोप, म को स और रेफ को ल।

(ध) म = अनुनासिक–निम्न शब्दों में मु के मकार का लोप हो जाता है और शेष स्वर उ के स्थान में अनुनासिक उँ हो जाता है।

अणिउँतयं<अतिमुक्तम्–मकार का लोप और शेष स्वर उ को अनुनासिक उँ।

काउँओ < कामुक–मकार का लोप और शेष स्वर उ को अनुनासिक उँ।

चाउँडा < चामुण्डा– ,, ,, ,, ,,

जउँणा < यमुना– ,, ,, ,, ,,

(२९) संस्कृत के य वर्ण का प्राकृत में आह, ज्ज, ज, त, ल, व और ह में परिवर्तन होता है।

(क) य = आह

कइवाहं < कतिपयम्–तकार का लोप, इ स्वर शेष, प के स्थान में व और य को आह।

(ख) य = ज्ज

उत्तरिज्जं < उत्तरीयम्–री को ह्रस्व और य को ज्ज।

तइज्जो < तृतीयः–तकारोत्तर ऋकार को अ, त का लोप और शेष स्वर ई को ह्रस्व और य को ज्ज।

विइज्जो < द्वितीयः–संयुक्त द का लोप, मध्यवर्ती त का लोप, शेष स्वर ई को ह्रस्व, य को ज्ज।

(ग) य = ज–संस्कृत शब्दों में आदि में आने वाला य प्राकृत में ज में बदल जाता है।

जमो < यम–य के स्थान पर ज, विसर्ग को ओत्व।

जसो < यशः– ,, तालव्य श को दन्त्य स और विसर्ग को ओत्व।

जाइ < याति–य को ज, त का लोप और इ स्वर शेष।

(घ) य = त

तुम्हकेरो < युष्मदीयः–युष्मद् के स्थान पर तुम्ह और ईय को केर।

तुम्हारिसो<युष्मादृशः–युष्मद् के स्थान पर तुम्ह और दृश के स्थान पर रिस।

तुम्ह < युष्मद्–युष्मद् के स्थान पर तुम्ह।

(ङ) य = ल

लट्ठी < यष्टिः–य के स्थान पर ल, संयुक्त ष का लोप, ट का द्वित्व और द्वितीय अल्पप्राण को महाप्राण, इकार को दीर्घ।

(च) य = व

कइअवं < कतिपयम्–त का लोप और इ स्वर शेष, प का लोप और अ स्वर शेष तथा य का व।

(छ) य = ह

छाही < छाया–य के स्थान पर ह और आकार को ईत्व।

सच्छाहं < सच्छायम्–य को ह।

(३०) संस्कृत का र वर्ण प्राकृत में ड, ण और ल में बदल जाता है।

(क) र = ड

किडी < किरिः–र के स्थान पर ड, इकार को दीर्घ।

पिहडो < पिढरः–ढ के स्थान पर ह और र को ड।

भेडो < भेरः–र के स्थान पर ड।

(ख) र = ण

कणवीरो < करवीरः–र के स्थान पर ण।

(ग) र = ल

अवद्दालं < अपद्वारम्–संयुक्त व का लोप और द को द्वित्व, र को ल।

इंगालो < अङ्गारः–अकार को इकार और र को ल।

कलुणो < करुणः–र को ल।

काहलो < कातरः–त को ह और र को ल।

दलिद्दो < दरिद्रः–र को ल, संयुक्त रेफ का लोप और द को द्वित्व।

दलिद्दाइ < दरिद्राति– ,, ,, ,,

दालिद्दं < दारिद्र्यम्– ,, और य का लोप ,,

फलिहा < परिखा–प को फ, र को ल और ख को ह।

फलिहो < परिघः–प को फ, र को ल और घ को ह।

फालिहद्दो < पारिभद्रः–प को फ, र को ल, भ को ह तथा संयुक्त रेफ का लोप और द को द्वित्व।

भसलो < भ्रमरः–संयुक्त रेफ का लोप, म को स और र को ल।

मुहलो < मुखरः–ख को ह और र को ल।

जहुट्ठिलो < युधिष्ठिरः–य को ज, ध को ह, संयुक्त ष का लोप, ठ को द्वित्व और पूर्ववर्ती महाप्राण को अल्पप्राण, र को ल।

लुक्को < रुग्णः–र को ल और ग्ण को क्क।

वलुणो < वरुणः–र को ल।

सिढिलो < शिथिरः–तालव्य श को दन्त्य स, थ को ढ और र को ल।

सक्कालो < सत्कारः–संयुक्त त का लोप, क को द्वित्व और र को ल।

सोमालो < सुकुमारः–क का लोप, शेष स्वर उ का लोप तथा पूर्व स्वर उ को ओत्व, र को ल।

थूलो < स्थूरः–संयुक्त स का लोप और र को ल।

थूलभद्दो < स्थूरभद्रः–संयुक्त स का लोप, र को ल, संयुक्त र का लोप तथा द को द्वित्व।

हलिद्दो < हरिद्रः–र को ल, संयुक्त रेफ का लोप और द को द्वित्व।

हलिद्दा < हरिद्रा– ,, ,, ,, ,,

जढलं, जढरं < जठरम्–ठ को ढ और र को विकल्प से ल।

निट्ठुलो, निट्ठुरो < निष्ठुरः–संयुक्त ष का लोप, ट को द्वित्व, द्वितीय अल्पप्राण को महाप्राण और र को ल।

(३१) संस्कृत का ल वर्ण प्राकृत में ण और र में परिवर्तित होता है।

(क) ल = ण णडालं, णिडालं < ललाटम्–ल के स्थान पर ण, ट को ड, वर्ण व्यत्यय होने से णडालम्, अकार को इत्व होने से णिडालं।

णंगलं, लंगलं < लङ्गलम्–ल को ण तथा ह्रस्व।

णाहलो, लाहलो < लाहलः–ल को ण।

(ख) ल = र

थोरं < स्थूलम्–संयुक्त स का लोप, ऊकार को ओत्व, र को ल।

(३२) संस्कृत के व वर्ण का प्राकृत में भ और म में परिवर्तन होता है।

(क) व = भ

भिब्भलो, विब्भलो, विहलो < विह्वलः–व के स्थान पर भ।

(ख) व = म

समरो < शवरः–तालव्य श के स्थान पर दन्त्य स, व को म।

वेसमणो < वैश्रवणः–ऐकार को एकार, संयुक्त रेफ का लोप, तालव्य श को दन्त्य स, व को म और विसर्ग को ओत्व।

नीमी < नीवी–व के स्थान पर म।

सिमिणो < स्वप्नः–संयुक्त वर्णों का पृथक्करण, इकारागम और व को म तथा न को णत्व।

(३३) संस्कृत के श वर्ण का छ, स और ह में परिवर्तन होता है।

(क) श = छ

छमी < शमी

छिरा < शिरा

छावो < शावः

(ख) श = स

कुसो < कुशः–श को स।

दस < दश– ,,

निसंसो < नृशंसः–संयुक्त ऋकार को इत्व और श को स।

विसइ < विंशति–अनुस्वार का लोप, श को स और त का लोप, इ शेष।

बंसो < वंशः–श के स्थान पर स।

सद्दो < शब्दः–श को स, संयुक्त ब् का लोप और द को द्वित्व।

सामा < श्यामा–संयुक्त य का लोप, श को स।

सुद्धं < शुद्धम्–श को स।

सोहइ < शोभते–श को स, भ को ह और विभक्ति चिह्न इ।

(ग) श =ह

एआरह < एकादश–क लोप, अ स्वर शेष, द को र और श को ह।

दह < दश– श को ह।

दहबलो < दशबलः– ,,

दहमुहो < दशमुखः– ,, और ख को ह।

दहरहो < दशरथः–श को ह और थ के स्थान में भी ह।

बारह < द्वादश–संयुक्त द का लोप, द को र, श को ह।

तेरह < त्रयोदश–त्रय के स्थान में ते, द को र, श को ह।

(३४) संस्कृत के ष वर्ण का प्राकृत में छ, ण्ह और स में परिवर्तन होता है।

(क) ष = छ

छप्पहो < षट्पदः–षट् के स्थान पर छ और द को ह।

छमुहो < षण्मुहः– ,, ,,

छट्ठो < षष्ठः–ष के स्थान पर छ, संयुक्त ष का लोप और ठ को द्वित्व तथा प्रथम महाप्राण का अल्पप्राण।

छट्ठी < षष्ठी– ,, ,, ,,

(ख) ष = ण्ह

सुण्हा < स्नुषा–संयुक्त न का लोप और ष के स्थान में ण्ह।

(ग) ष = स

कसायो < कषायः–ष के स्थान में स।

निहसो < निकषः–क को ह और ष को स।

संडो < षण्डः–ष को स।

(३५) संस्कृत के स वर्ण का प्राकृत में छ और ह में परिवर्तन होता है।

(क) स = छ

छत्तवण्णो < सप्तपर्णः–स को छ, संयुक्त प का लोप, त को द्वित्व, प को व, संयुक्त रेफ का लोप और ण को द्वित्व।

छुहा <सुधा–स के स्थान में छ आदेश और ध को ह।

(ख) स = ह

दिवहो < दिवसः–स के स्थान पर ह और विसर्ग को ओत्व।

(३६) संस्कृत का ह वर्ण प्राकृत में घ और र में बदलता है।

सिंघो < सिंहः–ह के स्थान पर घ।

उत्थारो < उत्साहः–त्स को त्थ और ह के स्थान पर र।

(३७) संस्कृत की कई ध्वनियों का प्राकृत में लोप हो जाता है।

(क) स्वर लोप

रण्णं < अरण्यम्–अ का लोप।

लाऊ < अलाबू– ,,

(ख) व्यञ्जन लोप

पारो < प्राकारः–क का लोप।

वारणं < व्याकरणम्– ,,

आओ < आगतः–ग का लोप।

दणू < दनुजः–ज का लोप।

दणुवहो < दनुजबधः– ,,

भाणं–भाजनम्– ,,

राउलं < राजकुलम्– ,,

उंवरो < उदुम्बरः–द का लोप।

दुग्गावी < दुर्गादेवी– ,,

पावडणं < पादपतनम्– ,,

पावीढं < पादपीठम्– ,,

किसलं < किसलयम् –य का लोप

कालासं < कालायसम्– ,,

हिअं < हृदयं– ,,

सहिओ < सहृदयः– ,,

अडो < अवडो– व लोप।

अत्तमाणो < आवर्तमानः– ,,

एमेव < एवमेव–व लोप

जीअं < जीवितम्– ,,

देउलं < देवकुलम्– ,,

पारओ < प्रावारकः–,,

जा < यावत्– ,,

संयुक्त व्यञ्जन परिवर्तन

(३८) संस्कृत की क्ष ध्वनि का प्राकृत में ख, छ और झ होता है; परन्तु पद के मध्य या अन्त में क्ष के आने पर क्ख, च्छ और ज्झ हो जाता है।

(क) क्ष = ख

खओ<क्षयः–क्ष के स्थान पर ख और य लोप, अ स्वर शेष, विसर्ग का ओत्व।

खीणं < क्षीणम्–क्ष के स्थान पर ख।

खीरं < क्षीरम्– " "

खेडओ < क्ष्वेटकः–क्ष को ख, ट को ड और क लोप, अ स्वर शेष और विसर्ग को ओत्व।

खोडओ < क्ष्वोटकः– " " "

इक्खू < इक्षुः–पद के मध्य में क्ष के होने से क्ख और उकार को दीर्घ।

रिक्खो < ऋक्षः–ऋ को रि " " विसर्ग को ओत्व।

रिक्खं < ऋक्षम्– " " "

मक्खिआ < मक्षिका–पद मध्य में रहने से क्ष को क्ख, ककार का लोप और आ स्वर शेष। –

लक्खणं < लक्षणम्–पद के मध्य में रहने से क्ष को क्ख।

पक्खीणं < प्रक्षीणम्–संयुक्त रेफ का लोप, पद के मध्य में रहने से क्ष को क्ख।

पक्खेवो < प्रक्षेपः– " " "

सारिक्खं < सादृक्ष्यम्–दृ के स्थान पर रि और पद के मध्य में रहने से क्ष्य का क्ख।

जक्खो < यक्षः–य को ज और क्ष का क्ख।

(ख) क्ष = छ

छणो < क्षणः–क्ष के स्थान पर छ।

छयं < क्षतम्–क्ष के स्थान पर छ, तकार का लोप, अस्वर शेष और यश्रुति।

छमा < क्षमा –क्ष के स्थान छ।

छारो < क्षारः– " "

छीणं < क्षीणम्– " "

छीरं < क्षीरम्– " "

छुण्णो < क्षुण्णः– " "

छीयं < क्षुतम्– " " और त लोप, अ स्वर शेष तथा य श्रुति।

छुहा < क्षुधा–क्ष को छ तथा ध को ह।

छुरो < क्षुरः–क्ष को छ।

छेत्तं < क्षेत्रम्–क्ष को छ।
अच्छि < अक्षि–पद के मध्य में क्ष के रहने से क्ष के स्थान पर च्छ।
उच्छू < ईक्षुः–इ के स्थान पर उत्व, पद के मध्य में क्ष के होने से च्छ।
उच्छा < उक्षा–पद के मध्य में होने से क्ष के स्थान में च्छ।
रिच्छो < ऋक्षः–ऋ के स्थान पर रि और पद के मध्य में होने से क्ष को च्छ।
कच्छो < कक्षः–पद के मध्य में होने से क्ष के स्थान में च्छ।
कच्छा < कक्षा– ,, ,, ,, ,,
कुच्छी < कुक्षिः– ,, ,, ,, ,,
कुच्छेअयं < कौक्षेयकम्–औकार को उत्व, पद के मध्य में क्ष के होने से च्छ, य और क का लोप, अ स्वर शेष अन्तिम में य श्रुति।
दच्छो < दक्षः–पद के मध्य में होने से क्ष को च्छ।
पच्छीणं < प्रक्षीणम्– ,, ,,
मच्छिआ < मक्षिका– ,, ,,
लच्छी < लक्ष्मीः– ,, ,,
वच्छं < वक्षस्– ,, ,,
वच्छो < वृक्षः– ,, ,,
सरिच्छो < सदृक्षः– ,, ,,
सारिच्छं < सादृश्यम्– ,, ,,

(ग) क्ष = झ
झीणं < क्षीणं–क्ष के स्थान पर झ।
झिज्जइ < क्षीयते–क्ष के स्थान पर झ, ईकार को ह्रस्व, य को ज और द्वित्व, विभक्ति चिह्न इ।
पज्झीणं < प्रक्षीणम्–पद् मध्य में होने से क्ष के स्थान पर ज्झ।

(३९) संस्कृत के संयुक्त वर्ण ष्क और स्क के स्थान में ख होता है, पर पद के मध्य में आने से क्ख हो जाता है।

(क) ष्क = ख
निक्खं < निष्कम्–पद के मध्य में ष्क रहने से क्ख।
पोक्खरं < पुष्करम्– ,, ,,
पोक्खरिणी < पुष्करिणी– ,, ,,

(ख) स्क = ख
अवक्खन्दो < अवस्कन्दः–पद के मध्य में स्क रहने से क्ख।
खंदो < स्कन्दः–पद के आदि में स्क, रहने से ख आदेश।
खंधो– < स्कन्धः– ,, ,,
खंधावारो < स्कन्धावारः– ,, ,,

(४०) संस्कृत के संयुक्त वर्ण त्य का प्राकृत में च होता है, पर पद के मध्य में आने से च्च।

(क) त्य = च।

चाओ < त्यागः–पदादि में रहने से त्य के स्थान में च।

चाई < त्यागी– ,, ,,

चयइ < त्यजति– ,, ,,

पच्चओ < प्रत्ययः–पद के मध्य में रहने से त्य के स्थान में च्च।

पच्चूसो < प्रत्यूषः– ,, ,,

सच्चं < सत्यम्– ,, ,,

(४१) प्रयोगानुसार त्व को च, थ्व को छ, द्व को ज और ध्व को झ आदेश होता है, किन्तु पद के मध्य में इनके आने से उक्त वर्ण च्च, च्छ, ज्ज और ज्झ हो जाते हैं।

(क) त्व = च

किच्चा < कृत्वा–पद के मध्य में होने से त्व के स्थान पर च्च।

चच्चरं < चत्वरम्– ,, ,,

णच्चा < ज्ञात्वा–ज्ञ के स्थान में ण तथा पद के मध्य में होने से त्वा के स्थान पर च्चा।

दच्चा < दत्वा–पद के मध्य में होने से त्व के स्थान में च्च।

भोच्चा < भुक्त्वा– ,, ,,

सोच्चा < श्रुत्वा–संयुक्त रेफ का लोप, तालव्य श को दन्त्य स तथा उकार को ओत्व, पद मध्य में त्व के होने से च्च।

(ख) थ्व = छ

पिच्छी < पृथ्वी–प में संयुक्त ऋ के स्थान पर इत्व और पद के मध्य में थ्व के होने पर च्छ।

(ग) द्व = ज

विज्जं < विद्वान्–पद के मध्य में होने से द्व के स्थान पर ज्ज और आ को ह्रस्व अन्त्य हलन्त्य व्यंजन न् का अनुस्वार।

(घ) ध्व = झ

झओ < ध्वजः–पदादि में होने से ध्व का झ, ज का लोप, अ स्वर शेष और विसर्ग का ओत्व।

बुज्झा < बुध्वा–पद के मध्य में होने से ध्व के स्थान पर ज्झ।

सज्झसं < साध्वसम्–आ को ह्रस्व, पद के मध्य में होने से ध्व को ज्झ।

(४२) ह्रस्व स्वर से परे संस्कृत के संयुक्त वर्ण थ्य, श्च, त्स और प्स को प्राकृत में च्छ होता है।

(क) थ्य = च्छ

पच्छं < पथ्यम्–थ्य के स्थान पर च्छ।

पच्छा < पथ्या– ,, ,,

मिच्छा < मिथ्या– ,, ,,

सामच्छं < सामर्थ्यम्– ,, ,,

(ख) श्च = च्छ

अच्छेरं < आश्चर्यम्–आ को ह्रस्व, श्च को च्छ, र्य को इरं।

पच्छा < पश्चात्–श्च के स्थान पर च्छ और अन्त्य त् का लोप।

पच्छिमं < पश्चिमम्–श्च के स्थान पर च्छ।

विंछिओ < वृश्चिकः–व में संयुक्त ऋ को इ, श्च को छ तथा क लोप, अ स्वर शेष और विसर्ग को ओत्व।

(ग) त्स = च्छ

संवच्छरो < संवत्सरः–त्स के स्थान पर च्छ।

उच्छवो < उत्सवः– ,, ,,

उच्छाहो < उत्साहः– ,, ,,

उच्छुओ < उत्सुकः– ,, ,,

मच्छरो < मत्सरः– ,, ,,

(घ) प्स = च्छ

अच्छरा < अप्सरा–प्स के स्थान पर च्छ।

जुगुच्छइ < जुगुप्सति– ,, ,,

लिच्छइ < लिप्सति– ,, ,,

(४३) पद के आदि में रहने वाले संस्कृत के संयुक्त वर्ण द्य, य्य और र्य को प्राकृत में ज होता है, पर पद के मध्य में इन वर्णों के आने पर ज्ज हो जाता है।

(क) द्य = ज

जुई < द्युतिः–पदादि में द्य के रहने से ज, तकार का लोप और ह्रस्व इकार को दीर्घ ईकार।

जोओ < द्योतः–पदादि में रहने से द्य के स्थान में ज, त का लोप, अ स्वर शेष, विसर्ग का ओत्व।

अवज्जं < अवद्यम्–पद के मध्य में रहने से द्य का ज्ज।

मज्जं < मद्यम्– ,, ,, ,,

वेज्जो < वैद्यः– ,, ,, ,,

(ख) य्य = ज

जज्जो < जय्यः–य्य के पद मध्य में होने से ज्ज।

सेज्जा < शय्या– ,, ,, तालव्य श को दन्त्य स और अकार को एत्व।

(ग) र्य = ज

कज्जं < कार्यम्–पद के मध्य में र्य के रहने से ज्ज।

पज्जत्तं < पर्याप्तम्– ,, ,, तथा संयुक्त प का लोप और त को द्वित्व।

पज्जाओ < पर्यायः–पद के मध्य में रहने से र्य को ज्ज।

भज्जा < भार्या–भा को ह्रस्व और पद के मध्य में होने से र्य को ज्ज।

मज्जाया < मर्यादा–पद के मध्य में होने से र्य को ज्ज तथा द का लोप, आ स्वर शेष और य श्रुति।

वज्जं < वर्यम् –पद के मध्य होने से र्य को ज्ज।

(४४) पद के आदि में रहने वाले संस्कृत के संयुक्त वर्ण ध्य और ह्य को प्राकृत में झ होता है, किन्तु पद के मध्य में इन वर्णों के आने पर ज्झ होता है।

(क) ध्य = झ

झाणं < ध्यानम्–पदादि में ध्य के रहने से उसके स्थान में झ तथा न को णत्व।

झायइ < ध्यायति–पदादि में ध्य के रहने से उसके स्थान में झ।

विंज्झो < विन्ध्यः–पद के मध्य में ध्य के रहने से ज्झ।

सज्झं < साध्यम्–आ को ह्रस्व और पद के मध्य में रहने से ध्य को ज्झ।

सज्झाओ < स्वाध्यायः–संयुक्त व का लोप और ह्रस्व, पद के मध्य में रहने से ध्य को ज्झ।

(ख) ह्य = झ

गुज्झं < गुह्यम्–पद के मध्य में रहने वाले ह्य के स्थान पर ज्झ।

नज्झइ < नह्यति– ,, ,, ,, ,,

मज्झं < मह्यम्– ,, ,, ,, ,,

सज्झो < सह्यः– ,, ,, ,, ,,

(४५) संस्कृत का संयुक्ताक्षर र्त सामान्यतः प्राकृत में ट्ट हो जाता है।

केवट्टो < कैवर्तः–ऐकार को एकार और र्त को ट्ट तथा विसर्ग को ओत्व।

जट्टो < जर्तः–र्त के स्थान पर ट्ट और विसर्ग का ओत्व।

नट्टई < नर्तकी–र्त के स्थान पर ट्ट तथा ककार का लोप, ई स्वर शेष।

पयट्टइ < प्रवर्तते–संयुक्त रेफ का लोप, र्त को ट्ट, विभक्ति चिन्ह इ।

रायवट्टयं < राजवर्तकम्–ज का लोप, अ स्वर शेष, य श्रुति, र्त को ट्ट तथा क का लोप अ स्वर को य श्रुति।

वट्टी < वर्ती–र्त को ट्ट।

वट्टलं < वर्तुलम्– ,,

वट्टा < वार्ता– ,,

संवट्टिअं < संवर्तितम्– ,,

(४६) संस्कृत के संयुक्ताक्षर म्न और ज्ञ के स्थान पर प्राकृत में ण होता है, पर पद के मध्य में इन वर्णों के आने पर इनके स्थान में ण्ण होता है। व्यञ्जन से आगे रहने या दीर्घ स्वर के परे रहने से ण ही होता है।

(क) म्न = ण–

णिण्णं < निम्नम्–पद के मध्य में म्न के आने से इसके स्थान में ण्ण।

पज्जुण्णो< प्रद्युम्नः –संयुक्त रेफ का लोप, द्यु को ज्जु और म्न के स्थान में ण्ण।

(ख) ज्ञ = ण

आणा < आज्ञा–दीर्घ स्वर से परे ज्ञा के रहने से ज्ञ के स्थान में ण।

पण्णा < प्रज्ञा–पदमध्य में ज्ञ के होने से ण्ण।

विण्णाणं < विज्ञानम्– ,, ,,

णाणं < ज्ञानम् –पदादि में ज्ञ के होने से ण।

संणा < संज्ञा–अनुस्वार–म् के परे रहने के कारण ज्ञ को ण।

(४७) संस्कृत का संयुक्त वर्ण स्त प्राकृत में थ हो जाता है, पर पदमध्य में आने पर त्थ होता है।

थवो < स्तवः–पदादि में स्त के होने से, उसके स्थान में थ।

थंभो < स्तम्भः– ,, ,, ,,

थद्धो < स्तब्धः– ,, ,, ,,

थुई < स्तुतिः– ,, ,, ,,

थोअं < स्तोकम्– ,, ,, ,,

थोत्तं < स्तोत्रम्– ,, ,, ,,

थीणं < स्त्यानम् – ,, ,, ,,

अत्थि < अस्ति–पदमध्य में स्त के होने से त्थ हुआ है।
पल्लत्थो < पर्यस्तः– ,, ,, ,,
पसत्थो < प्रशस्तः– ,, ,, ,,
पत्थरो < प्रस्तरः– ,, ,, ,,
हत्थो < हस्तः– ,, ,, ,,
विशेष–कुछ शब्दों में स्त का ख हो जाता है। यथा–
खंभो < स्तम्भः–यहाँ स्त के स्थान पर ख हुआ है।

(४८) संस्कृत का संयुक्त वर्ण ष्ट प्राकृत में ठ हो जाता है, पर पदमध्य में आने से ष्ट का ट्ठ होता है।

अणिट्ठं < अनिष्टम्–पदमध्य में रहने से ष्ट के स्थान पर ट्ठ।
इट्ठो < इष्टः– ,, ,, ,,
कट्ठं < कष्टम्– ,, ,, ,,
कट्ठं < काष्टम्– ,, ,, ,,
दट्ठो < दृष्टः– ,, ,, ,,
दिट्ठी < दृष्टिः– ,, ,, ,,
पुट्ठो < पुष्टः– ,, ,, ,,
मुट्ठी < मुष्टिः– ,, ,, ,,
लट्ठी <यष्टिः–पदमध्य में रहने से ष्ट के स्थान पर ट्ठ।
सुरट्ठा < सुराष्ट्रा– ,, ,, ,,
सिट्ठी < सृष्टिः– ,, ,, ,,
कोट्ठागारं < कोष्टागारम्– ,, ,,
सुट्ठु < सुष्ठु– ,, ,, ,,

(४९) संस्कृत के संयुक्त वर्ण ड्म और क्म के स्थान पर प्राकृत में प हो जाता है, पर पदमध्य में इन वर्णों के आने से प्प हो जाता है।

कुंपलं < कुड्मलम्–ड्म के स्थान पर प हुआ है।
रुप्पिणी < रुक्मिणी–पदमध्य में होने से क्म के स्थान में प्प हुआ है।

(५०) संस्कृत के संयुक्त वर्ण ष्प और स्प को प्राकृत में फ होता है, किन्तु पद मध्य में इन वर्णों के आने से प्फ हो जाता है।

(क) ष्प = फ–

निप्फाओ < निष्पावः–पद मध्य में रहने से ष्प के स्थान पर प्फ हुआ।
निप्फेसो < निष्पेषः– ,, ,, ,, ,,
पुप्फं < पुष्पम्– ,, ,, ,, ,,
सप्फं < शष्पम्– ,, ,, ,, ,,

(ख) स्प = फ

फंदणं < स्पन्दनम्–पदादि में रहने से स्प के स्थान पर फ।

पडिप्फदी < प्रतिस्पर्धी–पद के मध्य में रहने से स्प के स्थान में प्फ।

वुहप्फई < बृहस्पतिः– ,, ,, ,, ,,

(५१) संस्कृत का संयुक्त वर्ण ह्व प्राकृत में भ हो जाता है, पर पद मध्य में आने पर विकल्प से ब्भ होता है।

जिब्भा, जीहा < जिह्वा–पद मध्य में रहने से ह्व के स्थान में विकल्प से ब्भ, विकल्पाभाव में संयुक्त व का लोप और पूर्व इकार को दीर्घ।

विब्भलो, विहलो < विह्वलः–पदमध्य में रहने से ह्व को विकल्प से ब्भ तथा विकल्पाभाव पक्ष में संयुक्त व का लोप और विसर्ग का ओत्व।

(५२) संस्कृत का संयुक्त वर्ण न्म प्राकृत में म्म हो जाता है।

जम्मो < जन्म–न्म के स्थान पर म्म।

बम्महो < मन्मथः–न्म के स्थान पर म्म तथा थ के स्थान में ह, विसर्ग को ओत्व।

मम्मणं < मन्मनः–न्म के स्थान पर म्म तथा नकार को णत्व।

(५३) संस्कृत के संयुक्त वर्ण ग्म के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से म्म का परिवर्तन हो जाता है।

तिम्मं, तिग्गं < तिग्मम्–ग्म के स्थान पर विकल्प से म्म, विकल्पाभाव में संयुक्त म का लोप और ग को द्वित्व।

जुम्मं, जुग्गं < युग्मम्–य को ज, ग्म को विकल्प से म्म, विकल्पाभाव में संयुक्त म का लोप और ग को द्वित्व।

(५४) संस्कृत के संयुक्त वर्ण श्म, ष्म, स्म, ह्म और क्ष्म के स्थान पर प्राकृत में म्ह हो जाता है।

(क) श्म = म्ह

कम्हारा < कश्मीराः–श्म के स्थान में म्ह तथा ईकार को आकार।

कुम्हाणो < कुश्मानः–श्म के स्थान में म्ह आदेश और नकार को णत्व।

(ख) ष्म = म्ह

उम्हा < ऊष्मा–ष्म के स्थान पर म्ह तथा ऊ को ह्रस्व।

गिम्हो < ग्रीष्मः–ष्म को म्ह, संयुक्त रेफ का लोप और ईकार को ह्रस्व।

(ग) स्म = म्ह

अम्हारिसो < अस्मादृशः–स्म के स्थान पर म्ह, दृश के स्थान पर रिस, विसर्ग को ओत्व।

विम्हओ < विस्मयः–स्म के स्थान में म्ह, यकार का लोप, अ स्वर शेष और विसर्ग को ओत्व।

(घ) ह्म = म्ह

बम्हा < ब्रह्मा–ह्म के स्थान पर म्ह, संयुक्त रेफ का लोप।

बम्हणो < ब्राह्मणः– ,, ,, ,, और आ को ह्रस्व।

बम्हचेरं < ब्रह्मचर्यम्–ह्म के स्थान पर म्ह, ब्र के संयुक्त रेफ का लोप और चर्यं की चेरं।

सुम्हा < सुह्माः–ह्म के स्थान पर म्ह।

(ङ) क्ष्म = म्ह

पम्हलं < पक्ष्मलम्–क्ष्म के स्थान पर म्ह।

पम्हाइं < पक्ष्माणि– ,, ,,

(५५) संस्कृत के संयुक्त वर्ण श्न, ष्ण, स्न, ह्न, ह्ण, क्ष्ण और सूक्ष्म शब्द के क्ष्म के स्थान में प्राकृत में ण्ह हो जाता है।

(क) श्न = ण्ह

पण्हो < प्रश्नः–प्र में से संयुक्त रेफ का लोप, श्न के स्थान पर ण्ह, विसर्ग को ओत्व।

सिण्हो < शिश्नः–तालव्य श के स्थान में दन्त्य स तथा श्न के स्थान पर ण्ह।

(ख) ष्ण = ण्ह

उण्हीसं < उष्णीषम्–ष्ण के स्थान में ण्ह, मूर्धन्य ष को दन्त्य स।

कण्हो < कृष्णः–क में रहने वाली ऋ के स्थान में अ और ष्ण के स्थान में ण्ह, विसर्ग का ओत्व।

जिण्हू < जिष्णुः–ष्ण के स्थान पर ण्ह, उकार को दीर्घ।

विण्हू < विष्णुः– ,, ,, ,,

(ग) स्न = ण्ह

जोण्हा < ज्योत्स्ना–संयुक्त य का लोप तथा संयुक्त त का लोप और स्न के स्थान में ण्ह।

पण्हुओ < प्रस्नुतः–प्र में से संयुक्त रेफ का लोप, स्न के स्थान पर ण्ह, त का लोप और अ स्वर शेष, विसर्ग को ओत्व।

ण्हाओ < स्नातः–स्न के स्थान में ण्ह, त का लोप और अ स्वर शेष तथा विसर्ग को ओत्व।

(घ) ह्न = ण्ह

जण्हू < जह्नुः—ह्न के स्थान पर ण्ह और उकार को दीर्घ।

वण्ही < वह्निः— ,, ,, और इकार को दीर्घ।

(ङ) ह्‌ण = ण्ह

अवरण्हो < अपराह्णः—प के स्थान पर व, ह्ण के स्थान पर ण्ह।

पुव्वण्हो < पूर्वाह्णः—संयुक्त रेफ का लोप, व को द्वित्व और आ को अत्व तथा ह्ण के स्थान में ण्ह।

(च) क्ष्ण = ण्ह

तिण्हं < तीक्ष्णम्—ई को ह्रस्व, क्ष्ण के स्थान में ण्ह।

सण्हं < श्लक्ष्णम्—संयुक्त ल का लोप, तालव्य श को दन्त्य स, क्ष्ण के स्थान में ण्ह।

क्ष्म = ण्ह

सण्हं < सूक्ष्मम्—सू के स्थान पर स और क्ष्म को ण्ह।

(५६) संस्कृत का संयुक्त वर्ण ह्ल प्राकृत में ल्ह हो जाता है।

कल्हारं < कह्लारम्—ह्ल के स्थान में ल्ह।

पल्हाओ < प्रह्लादः— ,, ,,

(५७) संस्कृत का ज्ञ वर्ण प्राकृत में विकल्प से ज होता है, पर पदमध्य में आने से ज्ज होता है।

अहिज्जो, अहिण्णो < अभिज्ञः—भ के स्थान पर ह, पदमध्य में रहने से ज्ञ के स्थान पर विकल्प से ज्ज, विकल्पाभाव में ण्ण।

अज्जा, आणा < आज्ञा—पदमध्य में रहने से ज्ञ के स्थान पर ज्ज, विकल्पाभाव में ण।

अप्पज्जो, अप्पण्णू < आत्मज्ञः—आत्म के स्थान पर अप्प, ज्ञ के स्थान पर पदमध्य में रहने से ज्ज, विकल्पाभाव में ण्ण।

इंगिअज्जो, इंगिअण्णू < इंगितज्ञः—पदमध्य में ज्ञ के रहने से विकल्प से ज्ज, विकल्पाभाव में ण्ण।

देवज्जो, देवण्णू < दैवज्ञः—ऐकार को एकार, पदमध्य में रहने से ज्ञ के स्थान पर विकल्प से ज्ज, विकल्पाभाव में ण्ण।

पज्जा, पण्णा < प्रज्ञा—पदमध्य में ज्ञ के रहने से ज्ञ को विकल्प से ज्ज तथा विकल्पाभाव में ण्ण।

पज्जो, पण्णो < प्राज्ञः— ,, ,, ,, ,,

मणोज्जं, मणुण्णं < मनोज्ञम्— ,, ,, ,, ,,

सव्वज्जो, सव्वण्णू < सर्वज्ञः— ,, ,, ,, ,,

संजा, संणा < संज्ञा–व्यञ्जन से परे रहने के कारण ज्ञ को ज, विकल्पाभाव में ण।

(५८) संस्कृत का संयुक्त वर्ण र्ह प्राकृत में रिह हो जाता है।

अरिहइ < अर्हति–अर्ह के स्थान पर रिह, त का लोप और इ शेष।
अरिहो < अर्हः– ,, ,, ,,
गरिहा < गर्हा– ,, ,, ,,
वरिहो < वर्हः– ,, ,, ,,

(५९) संस्कृत के संयुक्त व्यञ्जन र्श और र्ष के स्थान पर प्राकृत में रिस होता है।

(क) र्श = रिस

आयरिसो < आदर्शः–र्श के स्थान पर रिस हुआ है।
दरिसणं < दर्शनम्– ,, ,,
सुदरिसणं < सुदर्शनम् ,, ,,

(ख) र्ष = रिस

वरिसं < वर्षम्–र्ष के स्थान पर रिस हुआ है।
वरिससयं < वर्षशतम्– ,, ,,
वरिसा < वर्षा– ,, ,,

(६०) संस्कृत के संयुक्त ल के स्थान पर प्राकृत में इल होता है।

अंबिलं < अम्लम्–संयुक्त ल के स्थान पर इल हुआ है, म के स्थान पर पूर्व स्वर पर अनुस्वार के साथ ब हुआ है।

किलम्मइ < क्लाम्यति–संयुक्त ल के स्थान पर इल, म्य को म्म, विभक्ति इ।

किलंतं < क्लाम्यत्–संयुक्त ल को इल।
किलिट्ठं < क्लिष्टम्– ,, ,,
किलिन्नं < क्लिन्नम्– ,, ,,
किलेसो < क्लेशः– ,, ,,
गिलाइ < ग्लायति– ,, ,,
गिलाणं < ग्लानम्– ,, ,,
पिलुट्ठं < प्लुष्टम्– ,, ,,
पिलोसो < प्लोषः– ,, ,,
मिलाइ < म्लायति– ,, ,,
मिलाणं < म्लानम्– ,, ,,
सिलेसो < श्लेषः– ,, ,,

सिलिम्हा < श्लेष्मा–संयुक्त ल को इल।

सिलोओ < श्लोकः– ,,

सिलिट्ठं < श्लिष्टम्– ,,

सुइलं < शुक्लम्– ,, संयुक्त क का लोप, तालव्य श को दन्त्य स।

(६१) संस्कृत के 'र्य' संयुक्त व्यञ्जन को प्राकृत में रिअ होता है।

आयरिओ < आचार्यः–चकार का लोप, आ शेष, य श्रुति, ह्रस्व और र्य के स्थान पर रिअ।

गंभीरिअं < गाम्भीर्यम्–दीर्घ को ह्रस्व और र्य को रिअ।

गहीरिअं < गाभीर्यम्– ,, ,,

चोरिअं < चौर्यम्–औकार को ओकार और र्य के स्थान पर रिअं।

धीरिअं < धैर्यम्–ऐकार की ईत्व और र्य को रिअं।

बम्हचरिअं < ब्रह्मचर्यम्–संयुक्त रेफ का लोप, ह्म को म्ह और र्य को रिअ।

भरिआ < भार्या–र्य को रिअ।

वरिअं < वर्यम्– ,,

वीरिअं < वीर्यम्– ,,

थेरिअं < स्थैर्यम्–संयुक्त स का लोप, ऐकार को एकार, र्य को रिअ।

सूरिओ < सूर्यः–र्य को रिअ।

सुन्दरिअं < सौन्दर्यम्–औकार को उकार, र्य को रिअ।

सोरिअं < शौर्यम्–र्य को रिअ।

(६२) संस्कृत के संयुक्त व्यंजनों में कुछ विशेष परिवर्तन भी होता है।

(क) ग्ण =क्क

लुक्को < रुग्णः–ग्ण के स्थान पर क्क और रु को लु।

(ख) क्ष्ण = क्ख

तिक्खं < तीक्ष्णम्–ती को ह्रस्व तथा क्ष्ण के स्थान पर क्ख।

(ग) स्त = ख

खंभो < स्तम्भ–स्त के स्थान पर ख।

(घ) स्फ = ख

खेडओ < स्फटकः–स्फ के स्थान पर ख।

(ङ) त्त = च्च

किच्ची < कृत्तिः–त्त के स्थान पर च्च।

(च) थ्य = च्च

तच्चं < तथ्यम्–थ्य के स्थान पर च्च।

(छ) स्प = छ

छिहा < स्पृहा–

(ज) त्त = ट्ट

पट्टणं < पत्तनम्–त्त के स्थान पर ट्ट।

मट्टिआ < मृत्तिका–त्त के स्थान पर ट्ट।

(झ) र्थ =ट्ठ

अट्ठो < अर्थः–र्थ के स्थान पर ट्ठ।

चउट्ठो < चतुर्थः– ,, ,,

(ञ) र्त = ड्ड

गड्डो < गर्तः–र्त के स्थान पर ड्ड।

(ट) र्द = ड्ड

कवड्डो < कपर्दः–र्द के स्थान पर ड्ड।

छड्डो < छर्दः– ,, ,,

छड्डी < छर्दिः– ,, ,,

मड्डिओ < मर्दितः– ,, ,,

विच्छड्डो < विच्छर्दः– ,, ,,

संमड्डो < संमर्दः– ,, ,,

(ठ) र्ध, द्ध, ग्ध, ब्ध = ड्ढ–

अड्ढं < अर्धम्–र्ध के स्थान पर ड्ढ।

ईड्ढी < ऋद्धिः–द्ध के स्थान पर ड्ढ।

दड्ढो < दग्धः–ग्ध के स्थान पर ड्ढ।

विअड्ढो < विदग्धः–,, ,,

वुड्ढो < वृद्धः–द्ध के स्थान पर ड्ढ।

वुड्ढी < वृद्धिः– ,, ,,

सड्ढा < श्रद्धा– ,, ,,

ठड्ढो < स्तब्धः–ब्ध के स्थान पर ड्ढ।

(ड) ञ्च = ण्ण– ,, ,,

पण्णरह < पञ्चदश–ञ्च के स्थान पर ण्ण।

पण्णासा < पञ्चाशत्– ,, ,,

(ढ) त्त = ण्ण–

दिण्णं < दत्तम्–त्त के स्थान पर ण्ण।

(ण) त्म = प्प

अप्पा < आत्मा–त्म के स्थान पर प्प।

अप्पाणो < आत्मानः– ,, ,,

(त) म्र = म्ब

अंबं < आम्रम्–म्र के स्थान पर म्ब।

तंबं < ताम्रम्– ,, ,,

(थ) ह्म = म्भ

बम्भणो < ब्राह्मणः–ह्म के स्थान पर म्भ।

बंभचेरं < ब्रह्मचर्यम् ,, ,,

(द) क्ष, ख, र्थ, र्घ, र्ष, ष्प और ष्म = ह

दाहिणो < दक्षिणः–ख के स्थान पर ह।

दुहं < दुःखम्–क्ष के स्थान पर ह।

तूहं < तीर्थम्–र्थ के स्थान पर ह।

दीहो < दीर्घः–र्घ के स्थान पर ह।

काहावणो < कार्षापणः–र्ष के स्थान पर ह।

वाहो < वाष्पः–ष्प के स्थान पर ह।

कोहण्डी < कुष्माण्डी–ष्म के स्थान पर ह।

कोहण्डं < कुष्माण्डम्– ,,

(६३) निम्न वर्णों को प्राकृत में द्वित्व हो जाता है।

उज्जू < ऋजुः–ज को द्वित्व।

तेल्लं < तैलम्–ल को द्वित्व।

पेम्मं < प्रेमं–म को द्वित्व।

विड्डा < व्रीडा–ड को द्वित्व।

कण्णिआरो < कर्णिकारः–ण को द्वित्वं।

तुण्हिक्को < तूष्णीकः–क को द्वित्व।

दइव्वो < दैवः–व को द्वित्व।

मुक्को < मूकः–क को द्वित्व।

जोव्वणं < यौवनम्–व को द्वित्व।

बहुत्तं < प्रभूतम्–त को द्वित्व।

मंडुक्को < मण्डूकः–क को द्वित्व।

एक्को < एकः–क को द्वित्व।

कोउहल्लं–कुतूहलं–ल को द्वित्व।

नक्खो < नखः–ख को द्वित्व।

नेड्डं < नीडम्–ड को द्वित्व।

(६४) निम्न शब्दों में अनियमतः परिवर्तन होते हैं–

अच्छअरं, अच्छरिअं, अच्छरिज्जं, अच्छरीअं < आश्चर्यम्।

केलं, कयलं < कदलम्।

चोग्गुणो < चतुर्गुणः।

चोत्थी, चउत्थी < चतुर्थी।

कोहलं < कुतूहलम्।

चोत्थो, चउत्थो < चतुर्थः।

चोद्दहो, चउद्दह < चतुर्दशः।

चोद्दसी, चउद्दसी < चतुर्दशी। चोव्वारो, चउव्वारो < चतुर्वारः।
तेत्तीसा < त्रयस्त्रिंशत्। तेरहो < त्रयोदशः।
तेवीसा < त्रयोविंशतिः। तीसा < त्रिंशत्।
नोणीअं, लोणीअं < नवनीतम्। नोहालिआ < नवफलिका।
नोमालिआ < नवमल्लिका। पोप्फलं < पूगफलम्।
पोरो < पूतरः। पाउरणं, पगुरणं < प्रावरणम्।
बोरं < बदरम्। मोहो, मऊहो < मयूखः।
रुण्णं < रुदितम्। लोणं < लवणम्।
वीसा < विंशतिः। सोमालो < सुकुमारः।
थेरो < स्थविरः।

(६५) निम्न शब्दों में आमूल परिवर्तन हो जाता है।

हेट्ठं < अधस्। ओ, अव < अप।
अच्छरसा < अप्सरस्। आउसं < आयुः।
आढत्तो < आरब्धः। धूआ < दुहिता।
दाढा < दंष्ट्रा। हरो < ह्रदः।
धणुहं < धनुष्। इसि < ईषत्।
ओ < उत। ओ < उप।
अवहं, उवहं < उभयस्। कउहा < ककुम्।
छूदं < क्षिप्तम्। घरं < गृहम्।
घिक्को < द्युप्तः। तिरिच्छि < तिर्यक्।
पाइक्को < पदाति। बहिणी < भगिनी।
मइलं < मलिनम्। मंजरो < मार्जारः।
विलया < वनिता। रुक्खो < वृक्षः।
वेसलिअं < वैडुर्यम्। सिप्पी < शुक्तिः।
थेवं, थीवं, थोक्कं < स्तोकम्। सुसाणं, मसाणं < श्मशानम्।

(६६) निम्न शब्दों में वर्णव्यत्यय हुआ है।

अलचपुरं < अचलपुरम्। आणालो < आलानः।
कणेरू < करेणूः। मरहट्ठं < महाराष्ट्रम्।
हलुअं < लघुकम्। णडालं < ललाटम्।
वाणारसी < वाराणसी। हलिआरो < हरितालः।
दहो < द्रहः, ह्रदः।

❑ ❑ ❑

पाँचवाँ अध्याय
लिंगानुशासन

प्राकृत में संस्कृत के समान पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग ये तीन ही लिंग माने गये हैं। प्राणिवाचक और अप्राणिवाचक समस्त संज्ञाएँ उक्त तीनों लिंगों में विभक्त हैं। साधारण लिंगव्यवस्था संस्कृत के समान ही है, किन्तु जिन शब्दों में अन्तर है, उन्हीं का यहाँ निर्देश किया जाता है।

(१) प्रावृष् , शरद् और तरणि शब्दों का पुल्लिंग में प्रयोग होता है।[1] यथा–

पाउसो < प्रावृष–संस्कृत में यह शब्द स्त्रीलिंग है।
सरओ < शरद्– ,, ,,
तरणी < तरणी– ,, ,,

(२) दामन्, शिरस् और नभस् को छोड़कर शेष सकारान्त तथा नकारान्त शब्द पुल्लिंग में प्रयुक्त होते हैं।[2]

(क) सकारान्त शब्द–

जसो < यशस्–यशः–संस्कृत में यह शब्द नपुंसकलिंग है।
पओ < पयस्–पयः– ,, ,,
तमो < तमस्–तमः– ,, ,,
तेओ < तेजस्–तेजः– ,, ,,
सरो < सरस्–सरः– ,, ,,

(ख) नकारान्त शब्द

जम्मो < जन्मन्–जन्म– ,, ,,
नम्मो < नर्मन्–नर्म– ,, ,,
कम्मो < कर्मन्–कर्म– ,, ,,
वम्मो < वर्मन्–वर्म– ,, ,,

विशेष–

(क) वयं < वयस्–वयः–संस्कृत में यह नपुंसकलिंग है और प्राकृत में भी इसे नपुंसकलिंग ही माना गया है।

---

१. प्रावृट्शरत्तरण्यः पुंसि–८।१।३१. हे.।

२. स्नमदाम–शिरो–नभः–८।१।३२. हे.।

सुमणं < सुमनस्–सुमनः–संस्कृत में यह नपुंसकलिंग है और प्राकृत में भी इसे नपुंसकलिंग ही माना गया है।

सम्मं < शर्मन्–शर्म– ,, ,,

चम्मं < चर्मन्–चर्म– ,, ,,

(ख) दामं < दामन्–दाम–संस्कृत के समान नपुंसकलिंग ही है।

सिरं < शिरस्–शिरः– ,, ,,

नहं < नभस्–नभः– ,, ,,

(३) अक्षि (आँख) के समानार्थक शब्द तथा निम्न निर्दिष्ट वचनादिगण के शब्द पुल्लिंग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं।[1] अक्षि शब्द का पाठ अञ्जल्यादि गण में भी होने से इसका प्रयोग स्त्रीलिंग में भी होता है[2]। यथा–

अच्छी < अक्षिणी–संस्कृत में नपुंसकलिंग, पर यहाँ विकल्प से पुल्लिंग।

अच्छीइं<अक्षिणी –संस्कृत में नपुंसकलिंग, यहाँ भी विकल्प से नपुंसकलिंग।

एसा अच्छी < एतदक्षि–यहाँ स्त्रीलिंग में व्यवहार है।

चक्खू < चक्षुषी–संस्कृत में नपुंसकलिंग किन्तु प्राकृत में पुल्लिंग।

णअणो (पुल्लिंग)
णअणं (नपुंसकलिंग) } नयनम्–संस्कृत में नपुंसकलिंग, किंतु प्राकृत में विकल्प से पुल्लिंग।

लोअणी (पुल्लिंग)
लोअणं (नपुंसक) } लोचनम्– ,, ,,

वअणो (पुल्लिंग)
वअणं (नपुंसक) } वचनम्– ,, ,,

कुलो (पुल्लिंग)
कुलं (नपुंसक) } कुलम्– ,, ,,

माहप्पो (पुल्लिंग)
माहप्पं (नपुंसक) } माहात्म्यम्– ,, ,,

छन्दो (पुल्लिंग)
छन्दं (नपुंसक) } छन्दः– ,, ,,

दुक्खा (पुल्लिंग)
दुक्खाइं (नपुंसक) } दुःखानि– ,, ,,

भायणा (पुल्लिंग)
भायणाइं (नपुंसक) } भाजनानि– ,, ,,

---

१. वाक्ष्यर्थ–वचनाद्याः ८।१।३३. हे.।

२. अञ्जल्यादिपाठादक्षिशब्दः स्त्रीलिङ्गेपि ८।१।३३. की वृत्ति।

(४) किसी–किसी आचार्य के मत से पृष्ठ, अक्षि और प्रश्न शब्द विकल्प से स्त्रीलिंग में प्रयुक्त होते हैं।[१] यथा–

पुट्ठी (स्त्रीलिंग)
पुट्ठं (नपुंसक) } पृष्ठम्–संस्कृत में नपुंसकलिंग है, पर प्राकृत में विकल्प से स्त्रीलिंग भी है।

अच्छी (स्त्रीलिंग)
अच्छं (नपुंसक) } अक्षि– ,, ,,

पण्हा (स्त्रीलिंग)
पण्हो (नपुंसक) } प्रश्नः–संस्कृत में यह पुल्लिग है, पर प्राकृत में विकल्प से स्त्रीलिंग भी होता है।

(५) गुणादि शब्द विकल्प से नपुंसकलिंग में प्रयुक्त होते हैं।[२]

गुणं (नपुंसक)
गुणो (पुल्लिग) } गुणः–संस्कृत में गुण शब्द पुल्लिग है, पर प्राकृत में इसका व्यवहार पुल्लिग और नपुंसकलिंग दोनों में होता है।

देवाणि (नपुंसक)
देवा (पुल्लिग) } देवाः–संस्कृत में देव शब्द नित्य पुल्लिग है, पर प्राकृत में यह विकल्प से नपुंसकलिंग भी होता है।

खग्गं (नपुंसक)
खग्गो (पुल्लिंग) } खड्गः–खड्ग शब्द संस्कृत में पुल्लिग है पर प्राकृत विकल्प से।

मंडलग्गं (नपुंसक), मंडलग्गो (पुल्लिग) < मंडलाग्रः– ,,

कररूहं (नपुंसक), कररूहो (पुल्लिग) < कररुहः– ,,

रुक्खाइं (नपुंसक), रुक्खा (पुल्लिग) < वृक्षाः– ,,

(६) इमान्त–इमन् प्रत्यय जिनके अन्त में आया हो और अञ्जल्यादि गण के शब्द विकल्प से स्त्रीलिंग में प्रयुक्त होते हैं।[३]

इमान्त शब्द–

एसा गरिमा (स्त्रीलिंग), एसो गरिमा (पुल्लिग) < एष गरिमा।

एसा महिमा (स्त्रीलिंग), एसो महिमा (पुल्लिग) < एष महिमा।

एसा धुत्तिमा (स्त्रीलिंग), एसो धुत्तिमा (पुल्लिग) < एष धूर्त्तता।

---

१. पृष्ठाक्षिप्रश्नाः स्त्रियां वा ४।२०. वर.।

२. गुणाद्याः क्लीबे वा ८।१।३४. हे.।

३. वेमाञ्जल्याद्याः स्त्रियाम् ८।१।३५. हे.।

अञ्जल्यादिगण में अञ्जलि, पृष्ठ, अक्षि, प्रश्न, चौर्य, कुक्षि, बलि, निधि, विधि, रश्मि और ग्रन्थि शब्द गृहीत हैं। कल्पलतिका के अनुसार रश्मि शब्द विकल्प से स्त्रीलिंग ही है।

अञ्जल्यादिगण के शब्द–

एसा अंजली (स्त्री), एसो अंजली (पु.) < एष अञ्जलिः।

चोरिआ (स्त्री.), चोरिओ (पु.) < चौर्यम्।

निही (स्त्री.), निही (पु.) < निधिः।

विही (स्त्री.), विही (पु.) < विधिः।

गंठी (स्त्री.), गंठी (पु.) < ग्रन्थिः।

रस्सी (स्त्री.), रस्सी (पु.) < रश्मिः।

(७) जब बाहु शब्द स्त्रीलिंग में प्रयुक्त होता है, तब उसके उकार के स्थान में आकार आदेश होता है। पर जब पुल्लिंग में प्रयुक्त होता है तब आकार आदेश न होकर बाहु रूप ही रह जाता है।[१] यथा–

एसा बाहा (स्त्री.), एसो बाहू (पु.) < एष बाहुः।

स्त्रीप्रत्यय

स्त्रीलिंग शब्द दो प्रकार के होते हैं–मूल स्त्रीलिंग शब्द और प्रत्यय के योग से बने स्त्रीलिंग शब्द। जिन शब्दों का अर्थ मूल से ही स्त्रीवाचक है और रूप पुल्लिंग और नपुंसकलिंग में नहीं होते, उनको मूल स्त्रीवाचक शब्द कहते हैं। यथा–लदा, माला, छिहा, हलिद्दा, मट्टिआ, लच्छी, सप्पिणी आदि।

प्रत्यय के योग से बने स्त्रीलिंग शब्द मूल से स्त्रीलिंग नहीं होते, किन्तु स्त्रीप्रत्यय जोड़ देने से उनमें स्त्रीत्व आता है। ऐसे शब्द जोड़ीदार होते हैं अर्थात् पुल्लिंग और स्त्रीलिंग दोनों लिगों में व्यवहृत होते हैं। अतः स्त्रीप्रत्यय–वे प्रत्यय हैं, जिनके लगने पर पुल्लिंग शब्द स्त्रीलिंग हो जाते हैं। संस्कृत में टाप्, डाप् , चाप् (आ); ङीप् , ङीष् , ङीन् (ई); ऊङ् (ऊ) और ति ये आठ स्त्रीप्रत्यय हैं; पर प्राकृत में आ, ई और ऊ प्रत्यय ही होते हैं। अधिकांश प्राकृत शब्दों में संस्कृत के समान ही स्त्रीप्रत्यय का विधान किया गया है।

(१) सामान्यतया प्राकृत में अकारान्त शब्दों से स्त्रीलिंग बनाने के लिए आ प्रत्यय लगता है। यथा–

अअ + आ = अआ < अजा; चडअ + आ = चडआ < चटका।

मूसिअ + आ = मूसिया < मृषिका; बाल + आ = बाला < बाला।

वच्छ +आ = वच्छा < वत्सा; होड + आ =होडा (छोकरी)

कोइल + आ = कोइला < कोकिला; चवल < चवला; कुसल < कुसला।

---

१. बाहोरात् ८।१।३६. हे.।

निउण–निउणा, अचल–अचला, मलिण–मलिणा, चउर–चउरा, पढम–पढमा। वीय–वीया।

(२) स्त्रीलिंग में सस–स्वस्र आदि शब्दों से पर में आ प्रत्यय जोड़ने से ससा आदि रूप होते हैं।[१]

(३) संस्कृत के नकारान्त शब्दों से स्त्रीलिंग बनाने के लिए ई प्रत्यय होता है। यथा–राया + ई = राणी, माहण + ई = माहणी; बंभण + ई – बंभणी। हत्थि–हत्थिणी।

(४) रकारान्त, तकारान्त और अय्, अज्, ठक् और ठञ् प्रत्ययों से बने संस्कृत शब्दों से प्राकृत में प्रायः स्त्रीलिंग बनाने के लिए ई प्रत्यय जुड़ता है। यथा–

रकारान्त–कुंभआर + ई = कुंभआरी, कुम्हारी; लोहआर–लोहआरी; कुमार–कुमारी।

तकारान्त–सिरीमअ + ई = सिरीमई; पुत्तवअ–पुन्तवई ; धणवअ–धणवई।

(५) संस्कृत के षित् शब्दों–नर्तक, खनक, पथिक प्रभृति तथा गौर, मनुष्य, मत्स्य, शृंग, पिङ्गल, हय, गवय, ऋष्य, द्रुण, हरिण, कोकण, अणक, आपलक, शष्कुल, वदर, उभय, नर और मंगल शब्दों में स्त्रीलिंग बनाने के लिए प्राकृत में ई प्रत्यय जोड़ा जाता है। यथा–

गट्टअ + ई = गट्टई, खणअ + ई = खणई, पहिअ + ई = पहिई, कुमार + ई = कुमारी, किसोर–किसोरी, सुन्नर–सुन्नरी, णअ–णई, पड–पडी, कअल–कअली, थल–थली, काल–काली, मंडल–मंडली आदि।

(६) जाति अर्थ में जातिवाचक अकारान्त शब्दों से स्त्रीलिंग बनाने के लिए ई प्रत्यय जोड़ा जाता है। यथा–

सीह + ई = सीही, वग्घ + ई = वग्घी, मअ + ई = मई, हरिण–हरिणी, कुरंग–कुरंगी, सूअर–सूअरी, जंबुअ–जंबुई, सियाल–सियाली, विडाल–विडाली, घोड–घोडी, महिस–महिसी, हंस–हंसी, सारस– सारसी, गोव–गोवी, चंडाल–चंडाली, बंभण–बंभणी, रक्खस–रक्खसी, निसाअर–निसाअरी।

(७) पाणिनि के 'टिड्ढाणञ्' इत्यादि (४।१।१५) से अण् आदि प्रत्यय निमित्तक ङीप् होता है, पर प्राकृत में विकल्प से ई होता है।[२] यथा–साहणी–साहणा; कुरुचरी–कुरुचरा आदि।

---

१. स्वस्रादेर्डा ८।३।३५ हे.। २. प्रत्यये ङीर्न वा ८/३।३१. हे.

(८) संस्कृत के अजातिवाचक पुल्लिङ्ग शब्दों से प्राकृत में स्त्रीलिंग बनाने के लिए विकल्प से ई प्रत्यय होता है।[१] यथा–

नीली–नीला; काली–काला; हसमाणी–हसमाणा; सुप्पणही–सुप्पणहा; इमीए–इमाए; इमीणं–इमाणं; एईए–एआए; एईणं–एआणं।

(९) संस्कृत के छाया और हरिद्रा शब्दों को प्राकृत में स्त्रीलिंग बनाने के लिए विकल्प से ई प्रत्यय जुड़ता है।[२] यथा–

छाही–छाया; हलद्दी–हलद्दा।

(१०) सु, अम् और आम्, सुप् (सभी विभक्तियों) के पर में रहने पर किम्, यद् और तद् शब्दों से प्राकृत में स्त्रीलिंग में ई प्रत्यय विकल्प से होता है।[३] यथा–

कीओ–काओ; कीए–काए; कीसु–कासुः जीओ–जाओ; तीओ–ताओ।

(११) पुल्लिंग शब्द जो नर का द्योतक है, उससे स्त्रीलिंग बनाने के लिए ई प्रत्यय जोड़ा जाता है। पर पालकान्त शब्दों में ई प्रत्यय नहीं जुड़ता है। बंभणस्सा जाया बंभणी, सुद्दस्स जाया सुद्दी, गणअस्स जाया गणई, णाविअस्स जाया णाविई, णिसाअस्स जाया णिसाई।

(१२) संस्कृत के जानपद, कुण्ड, गोण, स्थल, भाग, नाग, कुश, कामुक आदि शब्दों से प्राकृत में स्त्रीलिंग बनाने के लिए विकल्प से ई प्रत्यय जोड़ा जाता है। ई प्रत्यय के अभाव में आ होता है। यथा–

जाणवद + ई–जाणवदी; कुंडी–कुंडा, थली–थला, गोणा–गोणी, भागा–भागी, कुसी–कुसा।

(१३) संस्कृत के इन्द्र, वरुण, भव, शर्व, रुद्र, मृड, आचार्य, हिम, अरण्य, यवन, मातुल और उपाध्याय शब्दों से प्राकृत में ई लगने के पूर्व आण जोड़ दिया जाता है–

इंद + ई = इंदाणी; भव + ई = भवाणी; सव्व + ई = सव्वाणी, रुद्राणी, मिडाणी, आयरियाणी, जवणाणी, माउलाणी, उवज्झायाणी।

(१४) धर्मविधि से पाणिग्रहण (विवाह) अर्थ प्रकट हो तो संस्कृत के पाणिग्रहण शब्द से प्राकृत में ई प्रत्यय होता है। यथा–

पाणिगहीदी–धर्मविधि पूर्वक विवाह की गयी पत्नी।

पाणिगहीदा–अन्य किसी प्रकार से विवाह की गयी पत्नी।

---

१. अजातेः पुंसः ८।१।३२.   २. छाया–हरिद्रयोः ८।३।३४.

३. किं–यत्तदोस्यमामि ८।३।३३.

(१५) आर्य और क्षत्रिय शब्दों से ई प्रत्यय और आन का आगम विकल्प से होता है। यथा–

अय्या–अय्याणी, खतिया–खत्तिआणी।

(१६) बहुब्रीहि समास होने पर अवयववाचक शब्द के उत्तर में विकल्प से ई प्रत्यय होता है। यथा–

चन्दमुही–चन्दमुहा, सुएसा–सुएसी, तंबणहा–तंबणही।

(१७) नखान्त और मुखान्त शब्दों से प्राकृत में विकल्प से ई होता है। यथा–

वज्जणहा–वज्जणही, गोरमुहा–गोरमुही, कालमुहा–कालमुही।

(१८) जिन शब्दों के उत्तरपद में पाक, कर्ण, पर्ण, पुष्प, फल, मूल और वाल हों, उन शब्दों से स्त्रीलिंग बनाने के लिए ई प्रत्यय होता है। यथा–

संउअण्णी; सालवण्णी; संखपुप्फी, दामीहली, दब्भमूली, गोवाली।

(१९) नासिका, उदर, ओष्ठ, जंघा, दन्त, कर्ण और श्रृंग शब्दों से विकल्प से ई प्रत्यय होता है। यथा–

तुंगनासिआ, तुंगनासिई; दीहोअरा, दीहोअरी।

कतिपय अध्ययनीय शब्द

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
राया < राजा	राणी < रानी
विउसो < विद्वान्	विउसी < विदुषी
माणुसो < मनुष्यः	माणुसी < मानुषी
माउलो < मातुलः	माउली, माउलाणी < मातुलानी
मच्छो < मत्स्यः	मच्छी < मत्सी
गिहवइ < गृहपतिः	गिहवण्णी < गृहपत्नी
अहिवइ < अधिपतिः	अहिवण्णी < अधिपत्नी
तुअ < तुदन्	तुअंती < तुदन्ती
सहा < सखा	सही < सखी
मुणि < मुनिः	मुणी < मुनिः
साहु < साधुः	साहू < साधुः
जुवा < युवा	जुवई < युवती
सुएसो < सुकेशः	सुएसी, सुएसा < सुकेशी, सुकेशा
धीवरो < धीवरः	धीवरी < धीवरी
सुद्दो < शूद्रः	सुद्दा, सुद्दी < शूद्रा, शूद्री

आयरिओ < आचार्यः	आयरिआणी, आयरिआ < आचार्यानी, आचार्या
खत्तियो < क्षत्रियः	खत्तिया, खत्तियाणी < क्षत्रिया,क्षत्रियाणी
उवज्झायो < उपाध्यायः	उवज्झाया, उवज्झायाणी < उपाध्याया, उपाध्यायानी
पढ < पठन्	पढन्ती < पठन्ती
अय्य	अज्जआ
धीवरो < धीवरः	धीवरी < धीवरी
कुंभआरो < कुम्भकारः	कुंभआरी < कुम्भकारी
सुवण्णआरो < स्वर्णकारः	सुवण्णआरी < स्वर्णकारी
बालओ < बालकः	बालिआ < बालिका
पुरिसो < पुरुषः	इत्थी < स्त्री
किन्नरो < किन्नरः	किन्नरी < किन्नरी
माहणो < ब्राह्मणः	माहणी < ब्राह्मणी
गोवो < गोपः	गोवी < गोपी; गोवा < गोपा
मऊरो < मयूरः	मऊरी < मयूरी
पिओ < पिता	माआ < माता
भाया < भ्राता	बहिणी < भगिनी
कच्छवो < कच्छपः	कच्छवी < कच्छपी
सुत्तगारो < सूत्रकारः	सुत्तगारी < सूत्रकारी
वुत्तिगारो < वृत्तिकारः	वुत्तिगारी < वृत्तिकारी
सीसो < शिष्यः	सीसा < शिष्या
हत्थि < हस्तिः	हत्थिणी < हस्तिनी
सेट्ठि < श्रेष्ठी	सेट्ठिणी < श्रेष्टिनी
गंधिओ < गन्धिकः	गंधिआ < गन्धिका
पइ < पतिः	भज्जा < भार्या
नडो < नटः	नडी < नटी
चन्दमुहो < चन्द्रमुखः	चन्दमुही < चन्द्रमुखी
पीवरो < पीवरः	पीवरी < पीवरी
इंदो < इन्द्रः	इंदाणी < इन्द्राणी
गोवालओ < गोपालकः	गोवालिआ < गोपालिका
कामुओ < कामुकः	{ कामुआ < कामुका कामुई < कामुकी

पढमो < प्रथमः	पढमा < प्रथमा
बीयो < द्वितीयः	वीया < द्वितीया
निउणो < निपुणः	निउणा < निपुणा
चवलो < चपलः	चवला < चपला
अयलो < अचलः	अयला < अचला
सुप्पणहो < शूर्पनखः,	सुप्पणहा, सुप्पणही < शूर्पनखी, शूर्पनखा
महिसो < महिषः	महिसी < महिषी
अओ < अजः	अआ < अजा
चडओ < चटकः	चडआ < चटका
भवो < भवः	भवाणी < भवानी
संखपुप्फो < शंखपुष्पः	संखपुप्फी < शंखपुष्पी
तरुणो < तरुणः	तरुणी < तरुणी
णायओ < नायकः	णायिआ < नायिका
रुद्दो < रुद्रः	रुद्दाणी < रुद्राणी

❑ ❑ ❑

छठवाँ अध्याय
सुवन्त या शब्दरूप प्रकरण

भाषा का आधार वाक्य है और वाक्य का आधार शब्द। शब्दों की रचना वर्णों के मेल से होती है।

जो कान से सुनायी पड़ता है, वह शब्द है। एक या एक से अधिक अक्षरों के योग से बनी हुई स्वतन्त्र सार्थक ध्वनि को शब्द कहते हैं। जैसे–''देवा पि तं नमंसंति'' वाक्य में देवा, पि–अपि, तं और नमंसंति शब्द हैं। शब्द दो प्रकार के होते हैं–सार्थक और निरर्थक। सार्थक शब्द की पदसंज्ञा होती है। व्याकरणशास्त्र में सार्थक शब्द का ही विवेचन किया जाता है। पद–सार्थक शब्द मूलतः दो प्रकार के हैं–संज्ञा और क्रिया।

प्राकृत में रूपान्तर के अनुसार पदों के दो भेद हैं–विकारी और अविकारी। जिस सार्थक शब्द के रूप में विभक्ति या प्रत्यय जोड़ने से विकार या परिवर्तन होता है, उसे विकारी कहते हैं। यथा–देवो, देवा, पढइ, पढन्ति आदि। विकारी–परिवर्तनशील सार्थक शब्दों के संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया और विशेषण ये चार मूल भेद हैं। अविकारी पद अव्यय कहलाते हैं।

प्राचीन वैयाकरणों ने नाम, आख्यात और अव्यय ये तीन ही प्रकार के शब्द माने हैं। सर्वनाम, संख्यावाचक और विशेषण भी नाम के अन्तर्गत हैं। नाम को प्रातिपदिक कहा गया है। प्रातिपदिकों के साथ सुप् प्रत्यय लगाने से संज्ञा पद बनते हैं। प्रत्येक संज्ञा के पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग ये तीन लिंग होते हैं।

प्राकृत भाषा में संस्कृत के समान लिंगभेद स्वाभाविक स्थिति पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि यह लिंगभेद कृत्रिम हैं। उदाहरणार्थ स्त्री का अर्थ बतलाने के लिए दारो, भज्जा और कलत्तं–ये तीन शब्द प्रचलित हैं। इनमें दारो पुल्लिग, भज्जा स्त्रीलिंग और कलत्तं नपुंसकलिंग हैं। इसी प्रकार शरीर का बोध कराने वाले शब्दों में लिंगभेद वर्तमान है। यथा–तणू स्त्रीलिंग, देहो पुल्लिग और सरीरं नपुंसकलिंग हैं। कई शब्द ऐसे हैं, जिनके रूप एक से अधिक लिंगों में चलते हैं। किन्हीं पुल्लिग शब्दों में प्रत्यय जोड़ने से भी स्त्रीलिंग शब्द बनते हैं और किन्हीं प्रत्ययों के योग से नपुंसक लिंग के शब्द बन जाते हैं। इतना होने पर भी प्राकृत में संस्कृत के समान ही शब्द प्रायः नियतलिंगी हैं–शब्दों के लिंग निर्धारित हैं।

प्राकृत में लिंग तीन, पर वचन दो ही–एकवचन और बहुवचन होते हैं। इसमें द्विवचन को स्थान प्राप्त नहीं है।

प्राकृत में तीन पुरुष होते हैं–उत्तमपुरुष, मध्यमपुरुष और प्रथमपुरुष। प्रथमपुरुष को अन्यपुरुष भी कहा जाता है। कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, संबंध और अधिकरण इन सात कारकों को प्रथमा, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी और सप्तमी विभक्ति कहा जाता है; किन्तु प्राकृत में चतुर्थी विभक्ति का स्वतन्त्र अस्तित्व नहीं है। इसके स्थान पर षष्ठी विभक्ति का ही प्रयोग मिलता है।

विभिन्न विभक्तियों को प्रकट करने के लिए प्रातिपदिकों में जो प्रत्यय लगाये जाते हैं, उन्हें 'सुप्' कहते हैं। इसी प्रकार विभिन्न काल की क्रियाओं का अर्थ प्रकट करने के लिए जो प्रत्यय जोड़े जाते हैं, उन्हें 'तिङ्' कहते हैं। सुप् और तिङ् को वैयाकरण 'विभक्ति' ही कहते हैं।

प्राकृत में चार प्रकार के शब्द पाये जाते हैं–

अकारान्त–अ और आ से अन्त होने वाले शब्द; इकारान्त–इ और ई से अन्त होने वाले शब्द, उकारान्त–उ और ऊ से अन्त होने वाले शब्द, एवं हलन्त–जिनके अन्त में व्यंजन अक्षर आये हों।

पर विशेषता यह है कि प्रयोग में हलन्त शब्द उपलब्ध नहीं हैं; अतः इनके स्थान पर भी शेष तीन प्रकार के शब्दों में से ही किसी प्रकार के शब्द का प्रयोग होता है। इस प्रकार प्राकृत में तीन ही प्रकार के शब्द–अकारान्त, इकारान्त और उकारान्त व्यवहृत होते हैं।

(१) पुंल्लिग में ह्रस्व अकारान्त शब्दों के आगे आने वाली प्रथमा विभक्ति के एकवचन में सुप्रत्यय के स्थान में ओ आदेश होता है[१]। यथा–

देवो < देव:; हरिअंदो < हरिश्चन्द्र:; जिणो < जिन:; वच्छो < वृक्षः आदि।

(२) पुंल्लिग के ह्रस्व अकारान्त शब्दों में जस् (प्रथमा बहुवचन), शस् (द्वितीया बहुवचन), ङसि (पंचमी एकवचन) और आम् (षष्ठी बहुवचन) विभक्तियों में अन्त्य अ के स्थान में आ आदेश होता है तथा जस् और शस् विभक्तियों का लोप होता है[२]। शस् प्रत्यय के रहने पर विकल्प से एत्व होता है[३]। यथा–

देव + जस् = देवा < देवा:; देव + शस् = देवा, देवे < देवान्।

णउल + जस् = णउला < नकुला:; णउल +शस्=णउला, णउले < नकुलान्।

---

१. अतः सेर्डोः ८।३।२. हे.। २. जस्–शसोर्लुक् ८/३।४. हे.।

३. टाण–शस्येत् ८।३।१४. हे.।

(३) ह्रस्व अकारान्त शब्दों से पर में आने वाले अम् के अकार का लोप होता है[१]। यथा–

देव + अम् = देवं < देवम्, णउल + अम् = णउलं < नकुलम्।

(४) ह्रस्व अकारान्त शब्दों से पर में आने वाले टा–तृतीया विभक्ति के एकवचन और आम्–षष्ठी के बहुवचन के स्थान में ण आदेश होता है और ट प्रत्यय के रहने से अ को एत्व हो जाता है। तृतीया एकवचन और षष्ठी के बहुवचन में ण के ऊपर विकल्प से अनुस्वार हो जाता है[२]। यथा–

देव + टा = देवेण, देवेणं < देवेन; देव + आम् = देवाण, देवाणं < देवानाम्।

(५) ह्रस्व अकारान्त शब्दों से पर में आने वाले भिस् के स्थान में हि आदेश होता है और अकार को एत्व हो जाता है, तथा हि के ऊपर विकल्प से अनुनासिक और अनुस्वार भी होते हैं[३]। यथा–

देव + भिस् = देवेहि, देवेहिँ, देवहिं < देवैः।

णउल + भिस् = णउलेहि, णउलेहिँ, णउलेहिं < नकुलैः।

(६) ह्रस्व अकारान्त शब्दों से पर में आने वाले ङसि–पंचमी एकवचन के स्थान में त्तो, दो, दु, हि और हिन्तो आदेश होते हैं[४]। दो और दु के दकार का लुक् भी होता है। जैसे–

देव + ङसि = देवत्तो, देवादो–देवाओ, देवादु–देवाउ, देवाहि और देवाहिन्तो < देवात्–यहाँ नियम–२ के अनुसार अ का आत्व हुआ है।

(७) ह्रस्व अकारान्त शब्दों से पर में आने वाले भ्यस्–पंचमी बहुवचन के स्थान में त्तो, दो, दु, हिं, हिंतो और सुंतो आदेश होते हैं[५]। तथा विकल्प से दीर्घ होता है। यथा–

देव + भ्यस् = देवत्तो, देवादो–देवाओ, देवादु–देवाउ, देवाहि, देवेहि, देवाहिंतो, देवेहिंतो, देवेसुंतो, देवासुंतो < देवेभ्यः।

(८) ह्रस्व अकारान्त शब्दों से पर में आने वाले ङस्–षष्ठी एकवचन के स्थान में 'स्स' आदेश होता है[६]। यथा–

देव + ङस् = देवस्स < देवस्य; णउल + ङस् = णउलस्स < नकुलस्य।

(९) ह्रस्व अकारन्त शब्दों से पर में आने वाले ङि–सप्तमी एकवचन के स्थान में ए और म्मि आदेश होते हैं[७] तथा अकार को एत्व होता है। यथा–

---

१. अमोस्य ८।३।५. हे.।   २. टा–आमोर्णः ८।३।६. हे.।

३. भिसी हि हिँ हिं ८।३।७. हे.।   ४. ङसेस् त्तो–दो–दु–हि–हिन्तो–लुकः ८।३।८ हे.।

५. भ्यसस् त्तो–दो दु–हि–हिन्तो–सुन्तो ८।३।९ हे.।

६. ङसः स्सः ८।३।१० हे.।   ७. डे म्मि ङेः ८।३।११ हे.।

देव + ङि = देवे, देवम्मि < देवे; णउले, णउलम्मि < नकुले।

(१०) ह्रस्व अकारान्त शब्दों से पर में आने वाले सुप्–सप्तमी विभक्ति बहुवचन में हलन्त्य प् का लोप हो जाता है और अकार को एत्व तथा सु के ऊपर विकल्प से अनुस्वार होता है। यथा–

देव + सुप् = देवेसु, देवेसुं < देवेषु।

(११) उक्त नियमों के अनुसार पुल्लिंग अकारान्त शब्दों के लिए विभक्ति चिह्न निम्नांकित हैं–

	प्राकृत विभक्ति चिह्न		संस्कृत विभक्ति चिह्न	
प्रा. सं.	**एक.**	**बहु.**	**एक.**	**बहु.**
पढमा < प्रथमा–	ओ	आ	सु (:)	जस् (आ:)
वीआ < द्वितीया–	ं	ए, आ	अम्	शस् (आन्)
तइआ < तृतीया –	ण, णं	हि, हिँ, हिं	टा (आ)	भिस् (भि:)
चउत्थी < चतुर्थी–	[य, आ, ए विकल्प से]	ण, णं	ङे(ए)	भ्यस् (भ्य:)
पंचमी < पञ्चमी–	त्तो, ओ, उ, हि, हिंतो	त्तो, ओ, उ, हि, हिंतो, सुंतो	ङसि (अ:)	भ्यस् (भ्य:)
छट्ठी < षष्ठी–	स्स	ण, णं	ङस् (अ:)	आम्
सत्तमी < सप्तमी–	ए, म्मि	सु, सुं	ङि (इ)	सुप् (सु)
संबोहण < संबोधन–	आ, ओ, लुक्	आ	सु	जस्

अकारान्त शब्दों के रूप

देव

	एकवचन	बहुवचन
प.–	देवो	देवा
वी.–	देवं	देवा, देवे
त.–	देवेण, देवेणं	देवेहि, देवेहिँ, देवेहिं
च.–	देवस्स, (देवाय)	देवाण, देवाणं
पं.–	देवत्तो, देवाओ, देवाउ, देवाहि, देवाहिंतो, देवा	देवत्तो, देवाओ, देवाउ, देवाहि, देवेहि, देवाहिंतो, देवेहिंतो, देवासुंतो, देवेसुंतो
छ.–	देवस्स	देवाण, देवाणं
स.–	देवे, देवम्मि	देवेसु, देवेसुं
सं.–	हे देवो, हे देवा	हे देवा

वीर

	एकवचन	बहुवचन
प.–	वीरो	वीरा
वी.–	वीरं	वीरे, वीरा
त.–	वीरेण, वीरेणं	वीरेहि, वीरेहिँ, वीरेहिं
च.–	वीरस्स (वीराय)	वीराण, वीराणं
पं.–	वीरत्तो, वीराओ, वीराउ, वीराहि, वीराहिंतो, वीरा	वीरत्तो, वीराओ, वीराउ, वीराहि, वीरेहि, वीराहिंतो, वीरेहिंतो, वीरासुंतो, वीरेसुंतो
छ.–	वीरस्स	वीराण, वीराणं
स.–	वीरे, वीरम्मि (वीरंसि)	वीरेसु, वीरेसुं
सं.–	हे वीरो, हे वीरा	हे वीरा

जिण (जिन)

	एकवचन	बहुवचन
प.–	जिणो	जिणा
वी.–	जिणं	जिणा, जिणे
त.–	जिणेण, जिणेणं	जिणेहि, जिणेहिँ, जिणेहिं
च.–	जिणस्स, जिणाय	जिणाण, जिणाणं
पं.–	जिणत्तो, जिणाओ, जिणाउ, जिणाहि, जिणाहिंतो, जिणा	जिणत्तो, जिणाओ, जिणाउ, जिणाहि, जिणेहि, जिणाहिंतो, जिणेहिंतो, जिणासुंतो, जिणेसुंतो
छ.–	जिणस्स	जिणाण, जिणाणं
स.–	जिणे, जिणम्मि, जिणंसि	जिणेसु, जिणेसुं
सं.–	हे जिणो, हे जिणा	हे जिणा

वच्छ < वृक्ष

	एकवचन	बहुवचन
प.–	वच्छो	वच्छा
वी.–	वच्छं	वच्छा, वच्छे
त.–	वछेण, वच्छेणं	वच्छेहि, वच्छेहिँ, वच्छेहिं
च.–	वच्छस्स, वच्छाय	वच्छाण, वच्छाणं
पं.–	वच्छत्तो, वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छाहि, वच्छाहिंतो, वच्छा	वच्छत्तो, वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छेहि, वच्छाहि, वच्छाहिंतो, वच्छेहिंतो, वच्छासुंतो, वच्छेसुंतो

छ.–	वच्छस्स	वच्छाण, वच्छाणं
स.–	वच्छे, वच्छम्मि, वच्छंसि	वच्छेसु, वच्छेसुं
सं.–	हे वच्छो, हे वच्छा	हे वच्छा

धम्म < धर्म

	एकवचन	**बहुवचन**
प.–	धम्मो	धम्मा
वी.–	धम्मं	धम्मा, धम्मे
त.–	धम्मेण, धम्मेणं	धम्मेहि, धम्मेहिँ, धम्मेहिं
च.–	धम्मस्स, धम्माय	धम्माण, धम्माणं
पं.–	धम्मत्तो, धम्माओ, धम्माउ धम्माहि, धम्माहिंतो, धम्मा	धम्मत्तो, धम्माओ, धम्माउ, धम्माहि, धम्मेहि, धम्माहिंतो, धम्मेहिंतो, धम्मासुंतो, धम्मेसुंतो
छ.–	धम्मस्स	धम्माण, धम्माणं
स.–	धम्मे, धम्मम्मि, धम्मंसि	धम्मेसु, धम्मेसुं
सं.–	हे धम्मो, हे धम्मा	हे धम्मा

अवमाण (अपमान), अलोग (अलोक), आयार (आचार), उज्जम (उद्यम), उवएस (उपदेश), कुढार (कुठार), कोह (क्रोध), चन्द (चन्द्र), जिणेसर, देह, नाय (न्याय), नरिंद (नरेन्द्र), निरय (नरक), बहिर (बधिर), बंभण (ब्राह्मण), भाव (भाव), मणोरह (मनोरथ), महिवाल (महिपाल), मिग, मअ (मृग), मुक्ख, मोक्ख (मोक्ष), मेह (मेघ), रोस (रोष), लोअ (लोक), वह (वध), वम्मह (मन्मथ), बाह (व्याध), विणय (विनय), वीयराअ (वीतराग), संघ (सङ्घ), सज्जण (सज्जन), सढ (सठ), सहाव (स्वभाव), सर (शर), सग्ग (स्वर्ग) सावग (श्रावक), हत्थ (हस्त), पायव (पादप), कच्छव (कच्छप), अहिव (अधिप), गिहत्थ (गृहस्थ), सुत्तगार (सूत्रकार), वुत्तिगार (वृत्तिकार), भासगार (भाष्यकार), सूरिअ (सूर्य), वरिअ (वर्य), सोरिअ (शौर्य), कसण, कसिण (कृष्ण), पज्जुण्ण (प्रद्युम्न), नमोक्कार (नमस्कार), सीह, (सिंह), वग्घ (व्याघ्र), सियाल, सिगाल (शृगाल), गय (गज), वसह (वृषभ), ओट्ठ (ओष्ठ), दंत (दन्त), कुंभार (कुंभकार), चम्मार (चर्मकार), लोह (लोभ), दोस (द्वेष), राग (राग), घड (घट), पड (पट), मढ (मठ) एवं मड आदि अकारान्त शब्दों के रूप देव, धम्म, वीर, वच्छ के समान ही चलते हैं। साधारणतः चतुर्थी के रूप षष्ठी के समान ही होते हैं, पर संस्कृत के प्रभाव के कारण य और ए प्रत्यय संयुक्त रूप भी मिलते हैं। यथा–वहाय और वहाए।

आकारान्त शब्द

(१२) आकारान्त शब्दों के रूप प्रायः ह्रस्व अकारान्त शब्दों के समान ही होते हैं, पर पंचमी विभक्ति में हि प्रत्यय नहीं जुड़ता है। तृतीया में एत्व भी नहीं होता।

आकारान्त हाहा शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प.–	हाहा	हाहा
वी.–	हाहां	हाहा
त.–	हाहाण, हाहाणं	हाहाहि, हाहाहिँ, हाहाहिं
च.–	हाहस्स, हाहणो	हाहाण, हाहाणं
पं.–	हाहत्तो, हाहाओ, हाहाउ, हाहाहिंतो	हाहत्तो, हाहाओ, हाहाउ, हाहाहिंतो, हाहासुंतो
छ.–	हाहणो, हाहस्स	हाहाण, हाहाणं
स.–	हाहम्मि	हाहासु, हाहासुं
सं.–	हे हाहा	हे हाहा

इसी प्रकार किलालवा (किलालपा), गोवा (गोपा) और सोमवा (सोमपा) शब्दों के रूप चलते हैं।

इकारान्त और उकारान्त शब्द

(१३) इकारान्त और उकारान्त पुल्लिंग शब्दों में सु, जस्, भिस्, भ्यस् और सुप् विभक्तियों के पर में रहने पर अन्त इ और उ को दीर्घ होता है।[१]

(१४) आचार्य हेमचन्द्र के मतानुसार इकारान्त और उकारान्त शब्दों में द्वितीया विभक्ति बहुवचन में शस् प्रत्यय का लोप और अन्तिम स्वर को दीर्घ हो जाता है।[२]

(१५) इकारान्त और उकारान्त पुल्लिंग शब्दों से पर में आने वाले जस् के स्थान में ओ और णो आदेश होते हैं। कहीं–कहीं जस् का लुक् भी हो जाता है।[३]

(१६) आचार्य हेम के मतानुसार इकारान्त पुल्लिंग शब्दों में जस् के स्थान में डित्, अउ, अओ आदेश और उकारान्त से केवल डित्, अओ आदेश होते हैं।

---

१. इदुतो दीर्घः ८।३।१६ हे.।

२. लुप्ते शसि ८।३।१८ हे.।

३. जस्–शसोर्णो वा ८।३।२२ हे.।

णो आदेश भी होता है। डित् से यहाँ यह तात्पर्य है कि अन्त के इकार और उकार का लोप हो जाता है।[1]

(१७) इकारान्त और उकारान्त पुल्लिंग शब्दों से पर में आने वाले शस् और ङस् के स्थान में विकल्प से णो आदेश होता है।[2]

(१८) इकारान्त और उकारान्त शब्दों से पर में आने वाले टा–तृतीया एकवचन के स्थान में 'णा' आदेश होता है।[3]

(१९) उकारान्त चउ < चतुर् शब्द से पर में आने वाले भिस्, भ्यस् और सुप् विभक्ति को विकल्प से दीर्घ होता है।[4]

(२०) हेम के मत में इकारान्त और उकारान्त शब्दों में ङ्सि और ङस् के के परे रहने में विकल्प से णो आदेश होता है।[5]

(२१) शेष रूपों की सिद्धि अकारान्त पुल्लिंग शब्दों के समान ही होती है।

इकारान्त और उकारान्त पुल्लिंग शब्दों के विभक्ति चिह्न

	एकवचन	बहुवचन
पढ़मा–	प्रत्यय लुक्, दीर्घ	अउ, अओ, णो, ई
बीआ–	ं	णो, ई
तइया–	णा	हि, हिँ, हिं
चउत्थी–	णो, स्स	ण, णं
पंचमी–	णो, त्तो, ओ, उ, हिंतो	त्तो, ओ, उ, हिंतो, सुंतों
छट्ठी–	णो, स्स	ण, णं
सत्तमी–	म्मि, सि	सु, सुं
संबोहण–	ई, प्रत्ययलुक्	अउ, अओ, णो, ई

इकारान्त हरि शब्द के रूप

	एकवचन	बहुबचन
प.–	हरी	हरउ, हरओ, हरिणो, हरी
बी.–	हरिं	हरिणो, हरी
त.–	हरिणा	हरीहि, हरीहिँ, हरीहिं
च.–	हरिणो, हरिस्स	हरीण, हरीणं
पं.–	हरिणो, हरित्तो, हरीओ, हुरीउ, हरीहिंतो	हरित्तो, हरीओ, हरीउ, हरीहिंतो हरीसुंतो

१. पुंसि जसो डउ डओ वा ८।३।२० हे.।
२. ङसो वा ५।१५ वर.।
३. टो णा ८।३।२४ हे.।
४. चतुरो वा ८।३।१७ हे.।
५. ङसि–ङसोः पुं–क्लीबे वा ८।३।२३ हे.।

छ.–	हरिणो, हरिस्स	हरीण, हरीणं
स.–	हरिम्मि, हरिंसि	हरीसु, हरीसुं
सं.–	हरी, हरि	हरउ, हरओ, हरिओ, हरी

इकारान्त गिरि शब्द के रूप

	एकवचन	**बहुवचन**
प.–	गिरी	गिरी, गिरओ, गिरउ, गिरिणो
वी.–	गिरिं	गिरिणो, गिरी
त.–	गिरिणा	गिरीहि, गिरीहिँ, गिरीहिं
च.–	गिरिणो, गिरिस्स	गिरीण, गिरीणं
पं.–	गिरिणो, गिरित्तो, गिरीओ, गिरीउ, गिरीहिंतो	गिरित्तो, गिरीओ, गिरीउ, गिरीहिंतो, गिरीसुंतो
छ.–	गिरिणो, गिरिस्स	गिरीण, गिरीणं
स.–	गिरिम्मि, गिरिंसि	गिरीसु, गिरीसुं
सं.–	गिरी, गिरि	गिरउ, गिरओ, गिरिणो, गिरी

इकारान्त णरवइ (नरपति) शब्द के रूप

	एकवचन	**बहुवचन**
प.–	णरवई	णरवउ, णरवओ, णरवइणो, णरवई
वी.–	णरवइं	णरवइणो, णरवई
त.–	णरवइणा	णरवईहि, णरवईहिँ, णरवईहिं
च.–	परवइणो, णरवइस्स	णरवईण, णरवईणं
पं.–	णरवइणो, णरवइत्तो, णरवईओ, णरवईउ, णरवईहिंतो	णरवइत्तो, णरवईओ, णरवईउ, णरवईहिंतो, णरवईसुंतो
छ.–	णरवइणो, णरवइस्स	णरवईण, णरवईणं
स.–	णरवइम्मि, णरवइंसि	णरवईसु, णरवईसुं
स.–	हे णरवई, हे णरवइ	हे णरवउ, हे णरवओ, हे णरवइणो, हे णरवई

इकारान्त इसी—रिसी (ऋषि)

	एकवचन	**बहुवचन**
प.–	इसी	इसउ, इसओ, इसिणी, इसी
वी.–	इसिं	इसिणो, इसी

त.–	इसिणा	इसीहि, इसीहिँ, इसीहिं
च.–	इसिणो, इसिस्स	इसीण, इसीणं
पं.–	इसिणो, इसित्तो, इसीओ, इसीहिंतो, इसीसुंतो इसीउ,	इसीउ, इसित्तो, इसीओ, इसीहिंतो, इसीसुंतो
छ.–	इसिणो, इसिस्स	इसीण, इसीणं
स.–	इसिंसि, इसिम्मि	इसीसु, इसीसुं
सं.–	हे इसि, हे इसी	हे इसउ, हे इसओ, हे इसिणो, हे इसी

इकारान्त अग्गि (अग्नि)

	एकवचन	बहुवचन
प.–	अग्गी	अग्गउ, अग्गओ, अग्गिणो, अग्गी
वी.–	अग्गिं	अग्गिणो, अग्गी
त.–	अग्गिणा	अग्गीहि, अग्गीहिँ, अग्गीहिं
च.–	अग्गिणो, अग्गिस्स	अग्गीण, अग्गीणं
पं.–	अग्गिणो, अग्गित्तो, अग्गीओ, अरगीउ, अग्गिहिंतो	अग्गित्तो, अग्गीओ, अग्गीउ, अग्गिहिंतो, अग्गिसुंतो
छ.–	अग्गिणो, अग्गिस्स	अग्गीण, अग्गीणं
स.–	अग्गिंसि, अग्गिम्मि	अग्गीसु, अरगीसुं
सं.–	हे अग्गि, हे अग्गी	हे अग्गउ, हे अरगओ, हे अग्गिणो, हे अग्गी

इसी प्रकार मुणि (मुनि), बोहि (बोधि), संधि, रासि (राशि), रवि, कइ (कवि), कवि (कपि), अरि, तिमि, समाहि (समाधि), निहि (निधि), विहि (विधि), दंडि (दण्डिन्), करि (करिन्), तवस्सि (तपस्विन्), पाणि (प्राणिन्), पहि (प्रधी), सुहि (सुधी) अदि शब्दों के रूप चलते हैं। प्राकृत में पहि, सुहि, गामणि प्रभृति कुछ शब्द ह्रस्व और दीर्घ ईकारान्त माने गये हैं। अतः विकल्प से इनके रूप अग्गि के समान भी चलते हैं।

उकारान्त भाणु (भानु) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प.–	भाणू	भाणुणो, भाणवो, भाणओ, भाणउ, भाणू
वी.–	भाणुं	भाणुणो, भाणू

त.–	भाणुणा	भाणूहि, भाणूहिँ, भाणूहिं
च.–	भाणुणो, भाणुस्स	भाणूण, भाणूणं
पं.–	भाणूणो, भाणुत्तो, भाणूओ भाणूउ, भाणूहिंतो	भाणुत्तो, भाणूओ, भाणूउ, भाणूहिंतो, भाणूसुंतो
छ.–	भाणुणो, भाणुस्स	भाणूण, भाणूणं
स.–	भाणुंसि, भाणुम्मि	भाणूसु, भाणूसुं
सं.–	हे भाणु, हे भाणू	हे भाणुणो, हे भाणवो, हे भाणओ, हे भाणउ

उकारान्त वाउ (वायु) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प.–	वाऊ	वाउणो, वाउवो, वाउओ, वाऊ
वी.–	वाउं	वाउणो, वाऊ
त.–	वाउणा	वाऊहि, आऊहिँ, वाऊहिं
च.–	वाउणो, वाउस्स	वाऊण, वाऊणं
पं.–	वाउणो, वाउत्तो, वाउओ वाऊउ, वाऊहिंतो	वाउत्तो, वाऊओ, वाऊउ, वाऊहिंतो, वाऊसुंतो
छ.–	वाउणो, वाउस्स	वाऊण, वाऊणं
स.–	वाउंसि, वाउम्मि	वाऊसु, वाऊसुं
सं.–	हे वाउ, हे वाऊ	हे वाउणो, हे वाउवो, हे वाउसो, हे वाऊ

इसी प्रकार जउ (यदु), धम्मण्णु (धर्मज्ञ), सव्वण्णु (सर्वज्ञ), दइवण्णु (दैवज्ञ), गउ (गो), गुरु, साहु (साधु), बन्धु, वपु (वपुष्), मेरु, कारु, धणु (धनुष्), सिंधु, केउ (केतु), विज्जु (विद्युत्), राहु, संकु (शङ्कु), उच्छु (इक्षु), पवासु (प्रवासिन्), वेलु (वेणु), सेउ (सेतु), मच्चु (मृत्यु), खलपु (खलपू), गोत्तभु (गोत्रभू), सरभु (शरभू), अभिभु (अभिभू) और सयंभु (स्वयम्भू) आदि शब्दों के रूप चलते हैं। प्राकृत में खलपू, गोत्तभू, सरभू, अभिभू, और संयभू शब्द विकल्प से ह्रस्व उकारान्त होते हैं। अतः इन शब्दों के रूप वाउ के समान भी चलते हैं।

ईकारान्त और ऊकारान्त शब्दों के रूप भी इकारान्त और उकारान्त शब्दों के समान होते हैं। हेमचन्द्र ने दीर्घ ई, ऊ के लिए ह्रस्व का विधान किया है और संबोधन के एकवचन में अपने नियम को वैकल्पिक माना है।

दीर्घ ईकारान्त पही (प्रधी) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प.–	पही	पहउ, पहओ, पहिणो, पही
वी.–	पहिं	पहिणो, पही
त.–	पहिणा	पहीहि, पहीहिँ, पहीहिं
च.–	पहिणो, पहिस्स	पहीण, पहीणं
पं.–	पहिणो, पहित्तो, पहीओ पहीउ, पहीहिंतो	पहित्तो, पहीओ, पहीउ पहीहिंतो, पहीसुंतो
छ.–	पहिणो, पहिस्स	पहीण, पहीणं
स.–	पहिम्मि, पहिंसि	पहीसु, पहीसुं
सं.–	हे पहि	हे पहउ, हे पहओ, हे पहिणो, हे पही

दीर्घ ईकारान्त गामणी (ग्रामणी)

	एकवचन	बहुवचन
प.–	गामणी	गामणउ, गामणओ, गामणिणो, गामणी
वी.–	गामणिं	गामणिणो, गामणी
त.–	गामणिणा	गामणीहि, गामणीहिँ, गामणीहिं
च.–	गामणिणो, गामणिस्स	गामणीण, गामणीणं
पं.–	गामणिणो, गामणित्तो, गामणीओ, गामणीउ, गामणीहिंतो	गामणित्तो, गामणीओ, गामणीउ, गामणीहिंतो, गामणीसुंतो
छ.–	गामणिणो, गामणिस्स	गामणीण, गामणीणं
स.–	गामणिम्मि, गामणिंसि	गामणीसु, गामणीसुं
सं.–	हे गामणी	हे गामणउ, हे गामणओ, हे गामणिणो, हे गामणी

दीर्घ ऊकारान्त खलपू शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प.–	खलपू	खलपवो, खलपउ, खलपओ, खलपुणो, खलपू
वी.–	खलपुं	खलपुणो, खलपू
त.–	खलपुणा	खलपूहि, खलपूहिँ, खलपूहिं

च.–	खलपुणो, खलपुस्स	खलपूण, खलपूणं
पं.–	खलपुणो, खलपुत्तो, खलपूओ खलपूउ, खलपूहिंतो	खलपुत्तो, खलपूओ, खलपूउ, खलपूहिंतो, खलपूसुंतो
छ.–	खलपुणो, खलपुस्स	खलपूण, खलपूणं
स.–	खलपुम्मि, खलपुंसि	खलपूसु, खलपूसुं
सं.–	हे खलपू	हे खलपवो, हे खलपउ, हे खलपओ, हे खलपुणो, हे खलपू

दीर्घ ऊकारान्त सयंभू (स्वयम्भू) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प.–	सयंभू	सयंभवो, सयंभउ, सयंभओ, सयंभुणो, सयंभू
बी.–	सयंभुं	सयंभुणो, सयंभू
त.–	सयंभुणा	सयंभूहि, सयंभूहिँ, सयंभूहिं
च.–	सयंभुणो, सयंभुस्स	सयंभूण, सयंभूणं
पं.–	सयंभुणो, सयंभुत्तो, सयंभूओ, सयंभूउ, सयंभूहिंतो	सयंभुत्तो, सयंभूओ, सयंभूउ, सयंभूहिंतो, सयंभूसुंतो
छ.–	सयंभुणो, सयंभुस्स	सयंभूण, सयंभूणं
स.–	सयंभुम्मि, सयंभुंसि	सयंभूसु, सयंभूसुं
सं.–	हे सयंभु	हे सयंभवो, सयंभउ, सयंभओ, सयंभुणो, सयंभू

ऋकारान्त पुल्लिंग शब्द

(२२) ऋकारान्त शब्दों के आगे किसी भी विभक्ति के आने पर अन्त्य ऋ के स्थान पर 'आर' आदेश होता[१] है और उसके रूप अकारान्त शब्दों के समान चलते हैं।

(२३) सु और अम् को छोड़कर शेष सभी विभक्तियों में ऋकारान्त शब्द के अन्त्य ऋ के स्थान में विकल्प से उकार होता है[२]। उत्वपक्ष में उकारान्त शब्दों के समान रूप होते हैं।

---

१. आरः स्यादौ–८।३।४५ हे.।

२. ऋतामुदस्यमौसुवा–८।३।४४ हे.।

(२४) सम्बोधन एकवचन में ऋकारान्त शब्दों के अन्तिम ऋ के स्थान पर विकल्प से अ आदेश होता है।[१] पर जो ऋकारान्त शब्द विशेषण के रूप में प्रयुक्त होता है, उसके स्थान पर यह नियम लागू नहीं होता। ऋकारान्त शब्दों में सु विभक्ति के परे विकल्प से 'आ' आदेश होता है।[२]

(२५) पितृ, भ्रातृ और जामातृ शब्दों से पर में किसी भी विभक्ति के आने पर ऋकार के स्थान में आर आदेश न होकर अर आदेश होता है।[३] अर आदेश होने पर भी रूप अकारान्त के समान ही चलते हैं।

(२६) प्रथमा एकवचन में ऋकारान्त शब्दों के ऋ के स्थान पर विकल्प से आ आदेश होता है।[४]

(२७) अकारान्त होने पर ऋकारान्त शब्दों के रूप अकारान्त जिण के समान और उकारान्त हो जाने पर 'भाणु' के समान होते हैं। विभक्तिचिह्न भी अकारान्त और उकारान्त शब्दों के समान ही जोड़े जाते हैं।

ऋकारान्त कर्तृ शब्द—कत्तार और कत्तु

	एकवचन	बहुवचन
प.–	कत्ता, कत्तारो	कत्तारा, कत्तवो, कत्तओ, कत्तउ, कत्तुणो, कत्तू
बी.–	कत्तारं	कत्तारे, कत्तारा, कत्तुणो, कत्तू
त.–	कत्तारेण, कत्तारेणं, कत्तुणा	कत्तारेहि, कत्तारेहिँ , कत्तारेहिं, कत्तूहि, कत्तूहिँ, कत्तूहिं
च.–	कत्ताराय, कत्तारस्स, कत्तुणो, कत्तुस्स	कत्ताराण, कत्ताराणं, कत्तूण, कत्तूणं
प.–	सट्ठी	सट्ठीओ, सट्ठीउ, सट्ठी
वी.–	सट्ठिं	सट्ठीओ, सट्ठीउ, सट्ठी
त.–	सट्ठीअ, सट्ठीआ, सट्ठीइ, सट्ठीए	सट्ठीहि–हिं–हिँ
च.छ.–	सट्ठीअ, सट्ठीआ, सट्ठीइ, सट्ठीए	सट्ठीण, सट्ठीणं
पं.–	सट्ठित्तो, सट्ठीअ, सट्ठीआ, सट्ठीइ, सट्ठीए	सट्ठित्तो, सट्ठीओ, सट्ठीउ, सट्ठीहिन्तो, सट्ठीसुन्तो
स.–	सट्ठीअ, सट्ठीआ, सट्ठीइ, सट्ठीए	सट्ठीसु, सट्ठीसुं
सं.–	हे सट्ठि, सट्ठी	हे सट्ठीओ, सट्ठीउ, सट्ठी

इसी प्रकार एगसट्ठि, दोसट्ठि, तेसट्ठि, चउसट्ठि, पणसट्ठि, छसट्ठि, सत्तसट्ठि, अडसट्ठि, एगूणसत्तरि, सत्तरि, सयरी, एगसत्तरि, दोसत्तरि, तेसत्तरि, तेवसत्तरि, चउसत्तरि, चउसयरि, पणसत्तरि, छस्सयरि, सत्तसयरि, अडसयरि, एगूणासीइ, असीइ, एगासीइ, दोसीइ, तेसीइ, चउरासीइ, पणसीइ, छासीइ, सत्तासीइ, सगसीइ, अठासीइ, एगूणणउइ, णवइ, एगणवइ, दोणवइ, तेणवइ, चउणवइ, पंचणवइ, छण्णवइ, सत्ताणवइ, अट्ठाणवइ और नवणवइ शब्दों के रूप होते हैं।

नपुंसकलिंग सय (शत)

	एकवचन	बहुवचन
प.–	सयं	सयाइं, सयाइँ, सयाणि
वी.–	सयं	सयाइं, सयाइँ, सयाणि
सं.–	हे सय	हे सयाइं, सयाइँ, सयाणि

शेष शब्द अकारान्त पुल्लिग शब्दों के समान होते हैं।

दुसय, तिसय, (त्रिंशत), वेसयाइं–वेसं (द्विशतः), तिण्णि सयाइं–त्रणसें (त्रिंशत), चत्तारिसयाइं–चारसें (चतुश्शत), सहस्स (सहस्र), दहसहस्स (दशसहस्र), अयुअ (अयुत), लक्ख (लक्ष), दहलक्ख (दशलक्ष), पयुअ (प्रयुत), कोडि (कोटि), कोडाकोडि (कोटाकोटि) आदि शब्दों के रूप भी इन्हीं शब्दों के समान होते हैं। सय आदि शब्दों के रूप केवल नपुंसकलिंग में होते हैं, अन्य लिंगों में नहीं।

❑ ❑ ❑

सातवाँ अध्याय
अव्यय और निपात

ऐसे शब्द, जिनके रूप में कोई विकार–परिवर्तन उत्पन्न न हो और जो सदा एक से–सभी विभक्ति, सभी वचन और सभी लिंगों में एक समान रहें, अव्यय कहलाते हैं।

अव्यय शब्द का शाब्दिक अर्थ है कि लिंग, विभक्ति और वचन के अनुसार जिनके रूपों में व्यय–घटती–बढ़ती न हो; वह अव्यय है।[१]

अव्यय पाँच प्रकार के होते हैं–(१) उपसर्ग (२) क्रिया विशेषण (३) समुच्चयादि बोधक (Conjunctions), (२) मनोविकारसूचक (Interjections) और (६) अतिरिक्त अव्यय।

उपसर्ग (उवसग्ग)

जो अव्यय क्रिया के पूर्व आते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं। उपसर्ग लगाने से क्रिया के अर्थ में परिवर्तन या वैशिष्ट्य आ जाता है। उपसर्ग की स्थिति तीन प्रकार की होती है।

(१) कोई उपसर्ग धातु के मुख्यार्थ को बाँधकर नवीन अर्थ का बोध कराता हैं; (२) कोई धात्वर्थ का ही अनुवर्तन करता है और (३) कोई विशेषण होकर उसी धात्वर्थ को ओर भी स्पष्ट कर देता है[२]। यथा–हरइ–ले जाता है; अवहरइ (अपहरति)–चुराता है, अणुहरइ (अनुहरति)–नकल करता है, परिहरइ (परिहरति) छोड़ता है, आहरइ (आहरति)–लाता है, पहरइ (प्रहरति)–मारता है, विहरइ (विहरति)–विहार करता है, उवहरइ (उपहरति)–उपहार देता है[३], आदि।

---

१. स्वरादिनिपातमव्ययम्–स्वरादि और निपात की अव्यय संज्ञा है।–१-१-३७ पा.
सदृशं त्रिषु लिङ्गेसु सर्वासु च विभक्तिषु।
वचनेषु च सर्वेषु यन्न व्येति तदव्ययम्॥–सि. कौ. अव्यय प्रकरण

२. धात्वर्थं बाधते कश्चित्कश्चित्तमनुवर्तते।
विशिनष्टि तमेवाऽर्थमुपसर्गगतिस्त्रिधा॥

३. उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते।
प्रहाराऽऽहार-संहार-विहार-परिहारवत्।–स्नातकसंस्कृतव्याकरणम् पृ. १२१

संस्कृत में २२ उपसर्ग हैं, पर प्राकृत में २० उपसर्ग ही मिलते हैं; निस् का अन्तर्भाव निर् में और दुस् का अन्तर्भाव दुर् में हो जाता है। प, परा, ओ–अव, सं, अणु, ओ–अव, ओ–नि, दु, अहि, वि, अहि, सु, उ, अइ, णिनि, पडि–पति, परि–पलि, इ–पि–वि–अवि, ऊ–ओ–उव और आ ये बीस उपसर्ग हैं। संस्कृत में भी निस् का प्रयोग निर् अन्तर्गत और दुस् प्रयोग दुर् अन्तर्गत पाया जाता है।

प < प्र–प्रकर्ष–अधिकता बतलाने के लिए–परूवेइ (प्ररूपयति), पभासेइ (प्रभाषते)

परा < परा–विपरीत अर्थ बतलाने के लिए–पराघाओ (पराघातः); पराजिणइ (पराजयते)

ओ, अव < अप–दूर अर्थ बतलाने के लिए–ओसरइ, अवसरइ (अपसरति) अवहरइ (अपहरति) दूर ले जाता है; ओसरिअं, अवसरिअं (अपसृतम्)

सं < सम्–अच्छी तरह–संखिवइ (संक्षिपति), संखितं (संक्षिप्तम्)।

अणु, अनु < अनु–पीछे या साथ–रामं अणुगमइ लक्खणोः; अणुजाणइ (अनुजानाति), अनुमई (अनुमतिः)।

ओ, अव < अव–नीचे, दूर, अभाव–ओअरइ (अवतरति); ओआरो (अवतारः) अवमाणो (अवमानः); ओआसो, अवयासो (अवकाशः)।

ओ, नि, नी < निर्–निषेध, बाहर, दूर–ओमल्लं, निम्मल्लं (निर्माल्यम्) निग्गओ (निर्गतः), नीसहो (निस्सहः); रामो तं णिराकरइ।

दु, दू < दुर्–कठिन, बुरा–दुन्नयो (दुर्नयः), दूहवो (दुर्भगः)।

अहि, अभि < अभि–ओर–अहिगमणं (अभिगमनम्)–किसी ओर जाना, अभिहणइ (अभिहन्ति), अहिप्पाओ (अभिप्रायः)।

वि < वि–अलग होना, विना–विकुब्बइ (विकुर्वति), विणओ (विनयः), वेणइआ (वैनयिकाः)।

अहि, अधि < अधि–ऊपर–अहिरोहइ (अधिरोहति)–ऊपर चढ़ता है, अज्झायो (अध्यायः), अहीइ (अधीते)।

सु–सू < सु–अच्छा सहज–सुअरं (सुकरम्), सूहवो (सुभगः)।

उ < उत्–ऊपर, ऊँचा श्रेष्ठ–उग्गच्छइ (उद्गच्छति), उग्गओ (उद्गतः), उप्पत्तिआ (औत्पत्तिकी)।

अइ, अति < अति–बाहुल्य या उल्लंघन–अईओ (अतीतः), वइक्कंतो (व्यतिक्रान्तः), अतिसओ (अतिशयः), अच्चन्तं (अत्यन्तम्)।

णि, नि < नि–अन्दर, नीचे–दुट्ठे णियमइ (दुष्टान् नियमति)–दुष्टों को अधीन या नीचे करता है; णिवेसो (निवेशः), सन्निवेसो (सन्निवेशः), निविसइ (निविशते)।

पडि, पति परि < प्रति–ओर, उलटा–पडिआरो (प्रतिकारः) पडिमा (प्रतिमा), पतिट्ठा (प्रतिष्ठा), परिट्ठा (प्रतिष्ठा)।

परि, पलि < परि–चारों ओर–सुज्जो पुहवीं परिगमइ–सूर्य पृथ्वी के चारों और घूमता है। परिवुडो (परिवृत्तः), पलिहो (परिघः)।

इ, पि, वि, अवि < अपि–भी, निकट–देवदत्तो वि णागओ–देवदत्त भी नहीं आया। किमवि (किमपि), कोइ, कोवि (कोऽपि)।

ऊ, ओ, उव < उप–निकट, उवासणा (उपासना)–निकट बैठना, प्रार्थना; ऊझायो, ओज्झायो, उवज्झायो (उपाध्यायः)।

आ < आङ्–तक–दिलीवो आसमुद्दं पुहवीए पइ आसि–दिलीप समुद्रपर्यन्त पृथ्वी का राजा था; आवासो (आवासः), आयन्तो (आचान्तः)।

क्रियाविशेषण

क्रियाविशेषण अव्यय प्राकृत में संस्कृत के समान कई प्रकार के होते हैं। क्रिया विशेषणों की संख्या प्राकृत में संस्कृत से भी अधिक है। नीचे अकारादि क्रम से प्रमुख क्रियाविशेषणों की तालिका दी जाती है।

अइ < अति–अतिशय
अइ < अयि–संभावना
अईव <अतीव–विशेष, अधिकता, बहुत
अओ < अतः–इसलिए
अग्गओ < अग्रतः–आगे
अग्गे < अग्रे–पहले
अज्ज < अद्य–आज
अण (नञ्) < अन–निषेधार्थक
अण्णमण्णं (अन्योन्यम्) < अन्योन्यम्–आपस में
अण्णहा < अन्यथा–विपरीत
अणंतरं < अनन्तरम्–पश्चात्, बिना
अत्थं < अस्तम्–अदर्शन, अस्त–छिपना
अत्थि < अस्ति–सत्तासूचक, अस्तित्वसूचक
अत्थ < अस्तु–विधिसूचक, निषेधसूचक
अंतो < अन्तर–भीतर
अंतरं < अन्तरम्–अन्तर
अप्पणो < आत्मनः–अपना
अपरज्जु < अपरेद्युः–दूसरे दिन

अप्पेव < अप्येवम्–संशय

अभितो < अभितः–चारों ओर

अलाहि < अलंहि–निवारण, निषेध

अवरिं < उपरि–ऊपर

अहत्ता < अधस्तात्–नीचे

अहा < यथा–जिस प्रकार

आवि < आविः–प्रकट

इ < इ–पादपूर्त्ति के लिए

इक्कसरिअं < एकसृतम्–सम्प्रति

इच्चत्थो < इत्यर्थः–इसके निमित्त

इर < किल–निश्चय

इहं < ऋधक्–सत्य

इहरा < इतरथा–अन्यथा

ईसिं < ईषत्–थोड़ा

उत्तरओ < उत्तरतः–उत्तर से

उत्तरसुवे < उत्तरश्चः–पश्चात्

उवरिं < उपरि–ऊपर

एअं < एतत्–यह

एक्कइआ < एकदा–एक समय

एक्कसरिअं < एकसृतम्–झटिति, सम्प्रति

एक्कसिअं, इक्कसिअं < एकदा–एक समय

एगयओ < एकैकतः–एक–एक

एगज्झं < ऐकध्यम्–एक प्रकार

एत्थं, एत्थ < अत्र–यहाँ

एवं < एवम्–इस तरह

कओ < कुतः–कहाँ से

कल्लं < कल्यम्–कल

कहि, कहिं < कुत्र–कहाँ

अभिक्खं < अभीक्ष्णम्–निरन्तर, बारम्बार

अलं < अलम्–बस, पर्याप्त

अवस्सं < अवश्यम्–अवश्य

असइं < असकृत्–अनेक बार

अहव, अहवा < अथवा–पक्षान्तर

अहे < अधः–नीचे

आहच्च < आहत्य–बलात्कार

इओ < इतः–यहाँ से, वाक्यारम्भ में

इत्थत्तं < इत्थंत्वम्–इस प्रकार

इयाणिं < इदानीम्–इस समय

इह < इह–यहीं

इहयं < ऋधकक्–सत्य

इं < किम्–प्रश्न, गर्हा

ईसि < ईषत्–थोड़ा

उच्चअ < उच्चैः– ऊँचे

उप्पिं < उपरि–ऊपर

उवरि < उपरि–ऊपर

एकइआ < एकदा–एक समय

एक्कया < ,, ,,

एक्कसि, इक्कसि < एकदा–एक समय

एगइया, एगया < एकदा–एक समय

एगंततो < एकान्ततः–एक ओर

एतावता, एयावया < एतावता–इतना

एव < एव–ही

एवमेव < एवमेव–इस तरह

कत्थइ < कुत्रचित्–कहीं

कह, कहं < कथम्–कैसे

कालओ < कालतः–समय से

काहे < कहिं–कब, किस समय
किंचि < किञ्चित्–अल्प, ईषत्, थोड़ा
किंणा, किण्णा, किणो < किन्नु–प्रश्न
किर, किल < किल–निश्चय, सचमुच
केवच्चिरं, केवच्चिरेण < कियच्चिरम् , कियच्चिरेण–कितनी देर से
केवलं < केवलम्–सिर्फ
खलु, खु < खलु–निश्चय
चिअ, चेअ < चैव–और भी
जइ < यदि–जो
जओ < यतः–क्योंकि
जत्थ < यत्र–जहाँ
जह, जहा < यथा–जैसे
जहेव < यथैव–जिस प्रकार से
जं < यत्–जो, क्योंकि
जाव < यावत्–जब तक
जह, जहा < यथा–यथा–जैसे–जैसे
जह–तहा < यथा–तथा–जैसे–तैसे
जाव < यावत्–जब तक
जेण < येन–जिससे
जे < ये–पादपूरक
झगिति–सम्प्रति
झत्ति < झटिति–जल्दी
ण < न–निषेधार्थक
णइ–अवधारण
णं < नं–वाक्यालंकार
णमो < नमः–नमस्कार
णवर–परन्तु, केवलं
णवरि–अनन्तर
णवरं < नवरम्–विशेषता
णाणा < नाना–अनेक
णूण, णूणं <नूनम्–निश्चय, तर्क
णो < नो–निषेध
तं < तत्–वाक्यारंभ, इसलिए
तंजहा < तद्यथा–उदाहरणार्थ, जैसे
तए < तदा–तब
तओ, ततो, तत्तो < ततः– पुनः इसके पश्चात्
तत्थ < तत्र–वहाँ
तप्पमिइं < तत्प्रभृति–इसको आदि कर
तह, तहा < तथा–उस तरह
तहेव < तथैव–उसी तरह
तहि, तहिं < तत्र–वहाँ
तिरियं < तिर्यक्–बाँका या तिरछा
तिरो < तिरः–छिपाना
तीअं < अतीतम्–अतीत
तु < तु–किन्तु
थू < थुत्–तिरस्कार
दर < दर–आधा, थोड़ा, अल्प
दिवारत्तं < दिवारात्रम्–रात–दिन
दुट्ठु–दुष्ठु–दुष्ट, खराब
दुहओ, दुहा < द्विधा–दो प्रकार
धुवं < ध्रुवं–निश्चय
णिच्चं, निच्चं < नित्यम् –नित्य
पच्चुअ < प्रत्युत–उलटा
पगे < प्रगे–प्रातःकाल में
पच्छा < पश्चात्–पीछे
पडिरूवं < प्रतिरूपम्–समान
परज्जु < परेद्युः–दूसरे दिन, कल
परं < परम्–परन्तु

परंमुहं < पराङ्मुखम्–विमुख

परसवे < परश्वः–परसों

परितो < परितः–चारों ओर

परोप्परं, परुप्परं < परस्परम्–परस्पर में, आपस में

पसज्झ < प्रसह्य–हठात्, जबर्दस्ती

पातो < प्रातः–प्रातःकाल

पायो, पाओ < प्रायः–प्रायः, बहुधा

पि < अपि–भी

पुण, पुणो < पुनः–फिर

पुणरुत्तं < पुनरुक्तम्–पुनरुक्त

पुणरवि < पुनरपि–फिर भी

पुरओ < पुरतः–आगे, सम्मुख

पुरत्था < पुरस्तात्–आगे, सम्मुख

पुरा < पुरा–पहले

पुहं, पिहं < पृथक्–अलग

पेच्च < प्रेत्य–परलोक में

बहिद्धा, बहिया, बहिं < बहिर्धा, बहिः–बाहर

भुज्जो < भूयः–बार–बार, अधिक

मग्गतो < मार्गतः–पीछे

मणयं < मनाक्–थोड़ा

मुसा < मृषा–झूठ

मुहु < मुहुः–बार–बार

मा < मा–निषेध

मोदउल्ला < मुधा–व्यर्थ

य्हो < ह्यः–बीता हुआ, कल

रही < रहः–गुप्त

लहु < लघु–शीघ्र

व्व < इव–जिस प्रकार

विणा < विना–बिना

वीसुं < विष्वक्–व्याप्त

वे < वै–निश्चय

सइ < सदा–सदा

सइ < सकृत्–एकवार

सक्खं < साक्षात्–प्रत्यक्ष

सज्जो < सद्यः–शीघ्र

सद्धिं < सार्धम्–साथ

सपक्खिं < सपक्षम्–अभिमुख, सामने

समं < समम्–साथ

सम्मं < सम्यक्–ठीक, भली प्रकार

सयं < स्वयम्–स्वयम्

सया < सदा–सदा

सव्वओ < सर्वतः–सभी ओर

सह < सह–साथ

सहसा < सहसा–एक बारगी

सिय, सिअ < स्यात्–कथञ्चित्

सुवत्थि < स्वस्ति–कल्याण

सुवे < श्वः–आने वाला कल

सेवं < तदेवं–समाप्ति, स्वीकार

हंद < हन्त (गृहाण)–ग्रहण करो, ले

हला < –सखि के लिए सम्बोधन।

हव्वं < हव्यम्–शीघ्र

हिर < –निश्चय

हेट्ठा < अधः–नीचे

समुच्चयबोधक अव्यय

जो अव्यय एक वाक्य को दूसरे वाक्य में मिलाता है, उसे समुच्चय बोधक अव्यय कहते हैं। इसके सात भेद हैं।

(१) संयोजक—य, अह, अहो, (अथ), उद, उ (तु), किंच आदि।

(२) वियोजक—वा, किंवा, तु, ऊ, किंतु आदि।

(३) संकेतार्थ—जइ, चेअ, णोचेअ, (नोचेत्), जइ्वि, तहावि, जदि इत्यादि।

(४) कारणवाचक—हि, तअ, तेण इत्यादि।

(५) प्रश्नवाचक—अहो, उद, किं, किमुत, तणु, णु, किन्तु इत्यादि।

(६) कालवाचक—जाव, ताव, जदा, तदा, कदा इत्यादि।

(७) विधि अथवा निषेधार्थक—अङ्ग, अह, इ, आम, अद्धा इत्यादि।

'अह' कार्यारम्भ और 'इति' कार्यान्त का सूचक है। 'य' शब्द और अर्थ का सूचक है। जहाँ हिन्दी में 'और' दो जोड़े हुए शब्दों के बीच में आता है, वहाँ प्राकृत में 'य' शब्द दोनों के उपरान्त आता है। यथा—रामो लक्खणो य सीआए सह गमीईअ।

मनोविकार सूचक अव्यय

(१) अव्वो—दुःख, संभाषण, अपराध, विस्मय, आनन्द, आदर, भय, खेद, विषाद और पश्चात्ताप अर्थों में 'अव्वो' का प्रयोग होता है। अव्वो तम्मेसि—खेद है कि तुम उदास हो। अव्वो तुज्झेरिसो माणो—प्रणययुक्त प्रणयी में तुम्हारा ऐसा मान ?—इससे अपराध और आश्चर्य दोनों प्रकट होते हैं। आनन्द अर्थ में—अव्वो पिअस्स समओ—यह आनन्द की बात है कि प्रियतम के आने का समय है। आदर अर्थ में—अव्वो सो एइ—मेरा प्रियतम यह आ रहा है। भय अर्थ में—रूसणो अव्वो—भय है कि वह थोड़े अपराध पर ही रूठ जाने वाला है। खेद और विषाद अर्थ में—अव्वो कट्ठं—मैं खिन्न और विषण्ण हूँ। पश्चात्ताप अर्थ में—अव्वो किं एसो सहि यए वरिओ—सखि! मैं तो पछता रही हूँ कि मैंने इसे वरा क्यों ?

(२) आ, हं क्रोध सूचक; आ कहमिदं संजाअं—अरे! यह कैसे हो गया—क्रोध दिखलाया गया है। हं ते कइवरा विवरीया बोहा—क्रोध सहित—खेद है कि कविवर विपरीत बोध वाले हैं।

(३) विषाद, विकल्प, पश्चात्ताप, निश्चय और सत्य अर्थों में 'हन्दि' अव्यय का प्रयोग किया जाता है। विषाद अर्थ में—हन्दि विदेसो—दुःख है कि हमारे लिए यह विदेश है। विकल्प अर्थ में—जीवइ हन्दि पिआ—पता नहीं मेरी प्रियतमा

जीती है अथवा नहीं। पश्चात्ताप अर्थ में–हन्दि किं पिआ मुक्का ? क्या हमने विरह दुःख का बिना विचार किये ही प्रियतमा को छोड़ दिया ? निश्चय अर्थ में–हन्दि मरणं–मरना निश्चित है। सत्य अर्थ में–हन्दि जमो गिम्हो–ग्रीष्म यमराज है, यह बात सच है। शोकसूचक अर्थ में–हन्दि रोगेण पीडिताह्मि–रोग से पीड़ित हूँ।

(४) भय, वारण और विषाद अर्थ में 'वेव्वे' का प्रयोग होता है। यथा–समुहोट्ठीअम्मि मयरे वेव्वे त्ति भणेइ मल्लिउच्चिणिरी–सम्मुखोत्थिते भ्रमरे वेव्वे इति भणति मल्लिकामुच्चेत्री।

(५) निश्चय, वितर्क, संभावना और विस्मय अर्थों में 'हुं' और 'खु' का प्रयोग किया जाता है। निश्चय अर्थ में–सो हुं अन्नरओ–यह निश्चित है कि वह दूसरी स्त्री में रम गया है। वितर्क और संभावना अर्थों में–तस्स हुं जुग्गा सि सा खु न तं–मैं ऐसा अनुमान करता हूँ और यह संभव भी है कि वह दूसरी स्त्री उसके योग्य है और तुम उसके प्रियतम के योग्य नहीं हो। विस्मय अर्थ में–एसो खु तुज्झ रमणो–आश्चर्य है कि यह तुम्हारा प्रिय है।

(६) गर्हा, आक्षेप, विस्मय और सूचन अर्थों में ऊ का प्रयोग किया जाता है। गर्हा अर्थ में–तुज्झ ऊ रमणे–तुम्हारा निन्दित रमण। आक्षेप अर्थ में–ऊ किं मए भणिअं–अरे मैंने क्या कह डाला। विस्मय अर्थ में–ऊ अक्षरा मह सही–अहो, मेरी सखी अप्सरा है। सूचन अर्थ में–ऊ इअ हसेइ लोओ–तुम्हारे प्रियतम को दोष दे–देकर सखियाँ हँसती हैं।

(७) आश्चर्य अर्थ में अम्मो अव्यय का प्रयोग होता है। यथा–स अम्मो पत्तो खु अप्पणो–वह प्रियतम अपने आप प्राप्त हो गया; आश्चर्य है।

(८) रतिकलह अर्थ में रे, अरे और हरे अव्यय का प्रयोग होता है। यथा–अरे मए समं मा करेसु उवहासं–रतिकाल में झगड़ा हो जाने पर नायिका कहती है–अरे मेरे साथ हँसी मत करो। अरे बहुवल्लह–अरे बहुतों के प्रिय।

(९) हद्धी अव्यय निर्वेद अर्थ में प्रयुक्त होता है। यथा–

हद्धी, इअ व्व चीरीहि उल्लविअं।

(१०) अम्हो आश्चर्य अर्थ में प्रयुक्त होता है। यथा–अम्हो कहं भाइ–आश्चर्यं कथं भाति।

अतिरिक्त अव्यय

निपात

तद्धितों और कृत् प्रत्ययों के संयोग से भी कुछ अव्यय बनते हैं। तथा इआणि, इआणिं (इदानीम्), इअहरा (इतरथा), एण्हिं, एत्ताहे (इदानीम्) कहि (कुत्र), कुओ, कुदो (कुतः), जत्थ (यत्र), जह, जहा, जहि (यथा), सव्वाओ, (सर्वतः), सहासउत्तो (सहस्रकृत्वः), एकहा आदि अव्यय के समान ही प्रयुक्त होते हैं।

प्राकृत में निपात का महत्त्वपूर्ण स्थान है। जो पद व्याकरण के नियमों के विपरीत सिद्ध होते हैं, वे निपातन से सिद्ध माने जाते हैं। जनभाषा होने से प्राकृत में ऐसे सहस्रों शब्द हैं, जिनकी व्युत्पत्तियाँ सिद्ध नहीं की जा सकती हैं। ऐसे शब्द निपातन से सिद्ध माने जाते हैं। जितने देशी शब्द हैं, वे प्रायः निपातन से सिद्ध माने गये हैं।

अ

अउज्झहरो–रहस्यभेदी
अक्कंतो–वृद्धः
अग्गिआयो–इन्द्रगोपः
अंकिअं–आलिङ्गितम्
अच्छिविअच्छी–परस्पराकृष्टिः
अच्छुद्धसिरी–मनोरथाधिकफलप्राप्तिः
अजमो–ऋजुः
अड्डअणा–पुंश्चली
अणरहू–नववधूः
अणुझिअओ–प्रयतः, परिजागरितः
अणुसूआ–आसन्नप्रसवा
अण्णइओ–सर्वार्थतृप्तः
अत्तिहरी–दूती
अन्तरिज्जं–रशना, कटिशूलम्
अपिट्टं–पुनरुकृतम्
अप्पुण्णं–पूर्णम्
अमओ–असुरः
अम्हत्तो–प्रमृष्टः
अकोप्पो–अपराधः
अग्गहिओ–विरचितः, विप्रगृहीतः
अग्गुच्छं–प्रतीतम्
अच्छिवडणं–निमीलनम्
अच्छिहरुल्लो–द्वेष्यः
अजडो–जारः
अट्टणो–आर्तज्ञः
अणडो–जारः
अणहवणअं–भर्सितम्
अणुदिवं–दिनमुखम्
अण्णं–आरोपितम् , खण्डितम्
अण्णासअं–आस्तृतम्
अथक्कं–अकाण्डम्
अपंडिअं–अनष्टम्
अपुण्णं–आक्रान्तम्
अबुद्धसिरी–मनोरथाधिकफलप्राप्तिः
अम्मच्छं–असंबद्धम्
अयुजरेवइ–अचिरयुवतिः

अरणी–सरणी
अल्लिल्लो–भ्रमरः
अवडाहिअं–उत्कृष्टम्
अवरिज्जं–अद्वैतम्
अवहिट्ठो–दर्पितः
अवाडिओ–वञ्चितः
अविहिओ–मत्तः
अस्संगिअं–आसक्तम्
अहिरोइअं–पूर्णम्
अहुमाअं–पूर्णम्
अलवलवसहओ–धूर्त्तवृषभः
अवगलो–आक्रान्तः
अवडुल्लिअं–कूपादिनिपतितम्
अवसण्णं–स्तुतम्
अवहोओ–विरहः
अविणअवइ–जारः
अव्वा–अम्बा
अहिअलो–क्रोधः
अहिसिओ–ग्रहभीतः

आ

आआसत्तअं–हर्म्यपृष्ठम्
आकासिअं–पर्याप्तम्
आणंदवसो–प्रथमरजस्वलारक्तवस्त्रम्
आप्पणं–पिष्टम्
आरिट्ठो–यातः
आरोग्गरिअं–रक्तम्
आविअं–प्रोतम्
आवेवओ–व्यासक्तः, प्रवृद्धः
आहडं–सीत्कारः
आलिआ–आली
आओ–आपः
आडविओ–चूर्णितः
आणुअं–आननम्
आरनालम्–अम्बुजम्
आरोइअं–मुकुलितम् , मुक्तम्, भ्रान्तम्, पुलकितम्
आरोद्धो–प्रवृद्धः, गृहागतः
आविलिओ–कुपितः
आसंधो–आस्था
आहिद्धो–रुद्धः, गलितः

इ

इसओ–विस्तीर्णः

ई

ईद्धग्गिधूमो–तुहिनम्

उ

उओ–ऋजुः
उक्कंअं–प्रसृतम्
उओग्गिओ–सन्नद्धः
उक्कज्जो–अनवस्थितः

उक्कंडिअ–आरोपितम् , खण्डितम्
उक्क रिओ–विस्तीर्णः
उक्कासं–उत्कृष्टम्
उक्खणं–अवकीर्णम्
उघूणम्–पूर्णम्
उच्चरिअं–पुरस्कृतम्
उच्चुगो–अनवस्थितः
उच्छिरणं–उच्छिष्टम्
उच्छूढो–आरूढः
उज्झमाणं–पलायितम्
उज्झलो–प्रबलः
उज्झिअं–शुष्कम्, निम्नीकृतम्
उडाहिअं–उत्क्षिप्तम्
उड्डिओ–उत्क्षिप्तः
उत्तुर्वो–दृष्टः
उदूलिअं–अवनतम्
उद्धओ–शान्तः
उद्धरिअं–अर्दितम्
उप्पन्तो–गलितः, विरक्तः
उम्मडो–उद्धृतः
उम्मुहो–उद्धृतः
उय्यलो–अध्यासितः
उरुमल्लो–प्रेरितः
उलुहुलअं–अवितृप्तम्
उल्लिक्कं–दुश्चेष्टितम्
उल्लुहुडिअं–उन्नतम्
उल्लोको–त्रुटितः
उवडिअं–अवनतम्
उव्विक्को–प्रलपितः
उव्विव्वओ–क्रुद्धः

उक्कंदं–विप्रलब्धम्
उक्करिअं–आरोपितम् , खण्डितम्
उक्कोसिअं–पुरस्कृतम्
उगाहिअं–उत्क्षिप्तम्
उच्चदिअं–मूषितम्
उच्चल्लो–अध्यासितः, दारितः
उच्चुरणो–उच्छिष्टः
उच्छिल्लो–अवजीर्णः
उज्झणिअं–विक्रीतम्, निम्नीकृतम्
उज्झलिअं–प्रक्षिप्तम्, विक्षिप्तम्
उज्झसिअं–उत्कृष्टम्
उडंबो–लिप्तः
उडिअं–अन्विष्टम्
उत्तो–अध्यासितः
उदाहिअं–उत्क्षिप्तम्
उद्धारिअं–रणद्रुतम्, उत्खातम्
उद्धणो–उद्धतः
उद्धलो–पार्श्वद्वयाप्रवृतः
उप्पल्लो–अध्यासितः
उम्मरिअं–उन्मूलितम्
उय्यकिअं–पुञ्जीकृतम्
उरविअं–आरोपितम्, खण्डितम्
उलुओसिअं–रोमाञ्चितम्
उल्लिओ–उपसर्पितः
उल्लुअं–पुरस्कृतम्, रक्तम्
उल्लूढो–आरूढः
उवउज्जो–उपकारी
उविद्धो–स्रस्तः
उव्विडअं–चकितम्, क्लान्तकम्
उसलिअं–रोमाञ्चितम्

ऊ

ऊआ–यूका
ऊगिअं–अलंकृतम्
ऊणंदिअं–आनन्दितम्
ऊरिसंकिओ–रुद्धः
ऊसअं–उपधानीकृतम्
ऊसविअं–उद्वान्तम्
ऊसुंभिअं–रुद्धगलरोदनम्
ऊसुंभिअं–उपधानीकृतम्

ए

एक्कल्लो = प्रबलः
एलविलो = धनी, वृषः

ओ

ओओधिअं = आघ्रातम्
ओअम्मओ = अभिभूतः
ओअल्लम् = विप्रलब्धम्
ओअल्लो = कम्पः, अपचारः
ओउल्लिअं = पुरस्कृतम्
ओच्छंदिअं = अपहृतशरीरादिव्यथितम्
ओज्जरो = भीरूः
ओणअं–अवनतम्
ओंदुरो–उन्दुरुः
ओप्पं–मृष्टम्
ओम्मल्लं–घनीभूतम्
ओमंसो–अपसृतः
ओवाअओ–आपातपः
ओसट्टो–विकसितः
ओसडिओ–आकीर्णः
ओसण्णो–त्रुटितः
ओसरिओ–आकीर्णः, अक्षिसंकोचात् संज्ञितः
ओसाअणं–महीशानम्
ओसिअं–अपूर्वम्
ओसिरणं–व्युत्सर्जनम्
ओहल्ली–अपसृतिः
ओहरणं–आघ्रातम्
ओहामिओ–अभिमूतः

क

कउडं–ककुदम्
कक्खडो–कर्कशः
कच्चं–कार्यम्
कक्खलो–कर्कशः
कडप्पो–कलापः
कडदरिअं–छिन्नम्, छिद्रता
कडिल्लं–आशीः, गहनम्, दौवारिकः, कटिवस्त्रम्, निर्विवरः, विपक्षः
कडिओ–प्रीणितम्
कणइ–लता
कणइल्लो–शुकः
कथो–उपरतः, क्षीणः
कत्तं–कललम्
कंदोट्टं–उत्पलम्
कमणी–निःश्रेणी

कमलं–आस्यम्, कलहः
करमूरी–हठहृता
करमा–क्षीणः
करिल्लो–करीरः
कलबू–अलाबूः
कलेरं–करालम्
कव्वरिअं–आरोपितम्, खण्डितम्
काअपिउला–कोकिला
कारिमं–कृत्रिमम्
कालं–तमिस्रम्
किपाडो–स्खलितः
किमिघरवसणं–कौशेयम्
किरिकिरिआ–कर्णोपकर्णिका, कुतुकम्
किरो–किरूः
कुच्छिमई–गर्भवती
कुडङ्गो–लतागृहम्
कुडुबीअं–सुरतम्
कुड्डं–कुतुमम्
कुम्मणो–म्लानः
कोज्जरिअं–आपूरितम्
कोडिओ–पिशुनः
कोडिल्लो–पिशुनः
कोलीरं–कुरुविन्दम्

ख

खंधमसी–स्कन्धयष्टिः
खंधलट्ठी–स्कन्धयष्टिः
खुड्डुओ–क्षुल्लकः
खुरहखुडी–प्रणयकोपः
खेड्डुं–खेलः

ग

गअं–आघूर्णितम्
गुम्मिओ–मूलाच्छिन्नः
गअसाउल्लो–विरक्तः
गज्जिलिओ–अङ्गस्पर्शनिमित्तकहासः, अङ्गस्पर्शनिमित्तकपुलकः
गंजोलो–समाकुलः
गत्तडी–गायिका
गत्तो–गतः
गमिदो–अपूर्णः, गूढः, स्खलितः
गल्लो–गण्डस्थलम्
गलद्धओ–प्रेरितः
गविअं–अवधृतम्
गहरो–गृद्धः
गहिआ–ग्राह्याः
गहिल्लो–ग्रहिलः
गामणहं–ग्रामस्थानम्
गामरेडो–ग्रामभक्षकः
गावी–गौः
गावो–गतः
गुज्जलिओ–संघट्टितः,
गुमिलो–मूढः
गुम्मइओ–अपूरितः, स्खलितः, आमूलोच्चलितः, मूढः, विघटितः
गुलिअं–मथितम्

गोणा–गौः
गोणिक्को–गोसमूहः
गोदा–गोदावरी
गोरडितम्–स्त्रस्तम्
गोला–गोदावरी
गोसण्णो–मुर्खः
गोसो–प्रत्यूषः

घ

घअअंदं–मुकुरम्
घडइअं–संकुचितम्
घडं–सृष्टीकृतम्
घडाघडी–गोष्टी
घडिआ–गोष्ठी
घसणिअं–अन्विष्टम्
घाअणो–गायनम्
घुग्घुस्सुअं–अशंकं फणितम्
घुसिमं–घसृणम्

च

चउक्कं–चतुष्पथम्
चक्कलं–वर्तुलम्
चच्चरिओ–चंचरीकः
चच्चा–तलाहतिः
चच्चिको–स्थासकः
चण्डिक्को–कोपः
चण्डिज्जो–पिशुनः, कोपः
चंदोज्जं–कुमुदम्
चपेटा–कराघातः
चप्पलओ–बहुमिथ्यावादी
चलणाओहो–चरणायुधम्
चल्लणकं–जघनांशुकम्
चिक्कं–स्तोकः, क्षुतम्
चिक्खअणो–सहनः
चित्तलं–रम्यम्
चित्तविअओ–परितोषितः
चिमिणं–रोमाञ्चितम्
चिरिचिरिआ–धारा
चिलिचिलिआ–धारा

छ

छट्टा–छटा
छंडिअं–छन्नम्
छाइल्लो–रूपवान्
छिक्कं–स्पृष्ठम्
छिच्छई–पुंश्चली
छिच्छओ–जारः
छिछि–धिक्धिक्
छिण्णालो–जारः
छिण्णो–जारः
छिल्लं–छिद्रम्
छूहिअं–पार्श्वपरावृतम्
छेणो–स्तेनः

ज

जअल्लो–छन्नः
जंघामओ–द्रुतः
जंघालुओ–द्रुतः
जच्छंदो–स्वच्छन्दः
जडं–त्यक्तम्
जणउत्तो–ग्रामप्रधानः
जण्णहरो–नरराक्षसः
जंपिक्खिरमग्गिरओ–दृष्टार्थयाचनशीलः
जंभणंभणो–स्वैरभाषी
जरण्डो–वृद्धः
जहणरोहो–ऊरुः
जहणूसुअं–जघनांशुकम्
जुअणो–युवा
जूसओ–उत्क्षिप्तः
जोअडो–खद्योतः
जोअणो–खद्योतः
जोइओ–खद्योतः
जोइक्खो–दीपः
जोइ–विद्युतः
जोओ–चन्द्रः
ज्झहुराविअं–निर्वासितम्

झ

झडिओ–श्रान्तः
झंदिअं–प्रद्रुतम्।
झपिअं–पर्यस्तम्

ठ

ठाणिज्जं–गौरवम्

ड

डंभिओ–डाम्भिकः
डिंडओ–जलान्तः पतितः
डेकुणो–मत्कुणः
डेड्डुरो–दर्दुरः
डोसिणी–ज्योत्स्ना

ण

णन्दिणी–धेनुः
णलिअं–निलयम्
णाली–स्रस्तः
णिअद्धणं–परिधानम्
णिउक्को–तूष्णीकः
णिउरं–छिन्नम्, जीर्णम्
णिक्कज्जो–अनवस्थितः
णिक्कजो–निश्चयः
णिक्खाविओ–शान्तः
णिगमिअं–निर्वासितम्
णिग्गठो–निर्गतः
णिच्चुड्डो–उद्धतः
णिज्जो–सुप्तः
णिप्पणिओ–जलधौतः

णिप्फंसो–निस्त्रिंशः
णिमिअं–आघ्रातम्
णिम्मीसुओ–निःश्मश्रुकः
णिरासो–नृशंसः
णिव्वहइ–उद्वहति
णिसुद्धो–वातितः
णिहवो–सुप्तः
णिहुअं–सुरतम्
णिहेलणं–निलयम्
णीसंको–वृषः

त

तच्छिलो–तत्परः
तडकडिओ–अनवस्थितः
तणसोल्ली–तृणशून्यम्
तणेसी–तृणराशिः
तण्णाअं–आर्द्रम्
तत्तिलो–तत्परः
तत्तुरिअं–रञ्जितम्
तंबकिमी–इन्द्रगोपः
तंबकुसुमं–कुरवकम्, कुरण्टकम्
तलं–तल्पम्
तलारो–तलवरः
तल्लं–तल्पम्
तल्लडं–तल्पम्
तित्ति–तात्पर्यम्
तेआलिसा–त्रिचत्वारिंशत्
तेवण्णा–त्रिपञ्चाशत्
तोमरिओ–शस्त्रमार्जनम्

थ

थिरण्णेसो–अस्थिरः
थेरोस्सणं–अम्बुजम्
थेवो–स्तोकः
थोक्को–स्तोकः
थोवो–स्तोकः

द

दड्ढाली–दववर्त्म
दरवल्लहो–कातरः
दुग्गं–दुःखम्
दुग्घोट्टो–द्विपः
दुद्धोलना–गौः
दुदुमिअं–रसितम्
दुम्मइणी–कलहकारिणी
दुरिअं–हुतम्
दूणो–द्विपः
दूसलो–दुर्भगः
दोग्गं–युग्मम्
दोग्घोट्टो–द्विपः
दोंबुरो–तुंबुरिः
दोसणिजन्तो–चन्द्रः
दोसारअणो–चन्द्रः
दोसो–कोपः

ध

धणिआ–धन्या
धुअरासो–भ्रमरः
धुअहं–पुरस्कृतम्
धूमरी–तुहिनम्
धारावासो–दुर्दुरः
धुत्तो–आक्रान्तः
धूमद्धअमहिसी–कृतिकाः
धोरणी–पङ्क्तिः

न

नंगओ–रुद्धः

प

पअरो–अर्थदरः
पंसुलो–रुद्धः
पच्छाणिओ–सन्मुखमागतः
पट्ठिअं–अलंकृतम्
पडिरिग्गअं–भग्नम्
पडिसोत्तो–प्रतिकूलः
पड्डाविअं–समापितम्
पण्णवण्णा–पञ्चपञ्चाशत्
पंडरंगु–ग्रामेशः
पद्धलं–पार्श्वद्वयाप्रवृतः
पह्मलो–केसरः
परिअट्टविअं–परिच्छन्नम्
परिक्खाइअओ–परिक्षीणः
परिहाइओ–परिक्षीणः
परोट्टं–पर्यस्तम्
पल्लित्तं–पर्यस्तम्
पविग्घं–विस्मृतम्
पसल्लिओ–प्रेरितः
पाउरणं–प्रावरणम्, कवचम्
पाडहुकः–प्रतिभूः
पासाणिओ–साक्षी
पिउच्चा–पितृष्वसा, सखी
पअलाओ–फणी
पाङ्गरणं–प्रावरणम्
पज्जतरं–दलितम्
पडिक्खरो–प्रतिकूलः
पडिसिद्धी–प्रतिस्पर्धा
पडिहत्थो–अपूर्वः
पणिलिअं–हतम्
पण्णा–पञ्चाशत्
पत्थरं–पादताडनम्
पम्मी–पाणिः
परभत्तो–भीरुः
परिअड्डिअं–प्रकटिकम्
परिच्चिअं–उत्क्षिप्तम्
परेओ–पिशाचः
पलहिअओ–मूर्खः, उपलहृदयः
पल्लोट्टजीहो–रहस्यभेदी
पविरंजवो–स्निग्धः
पहट्ठो–उद्धतः, अचिरदृष्टः
पाओ–फणी
पाडिपिद्धी–प्रतिस्पर्धा
पासावो–गवाक्षः
पिठसिआ–पितृष्वसा

पिडओ–आदिन्नः
पिप्पडिअं–यत्किंचित्पठितम्
पिव्वं–जलम्
पुण्णाली–पुंश्चली
पुरिलो–दैत्यः
पुव्वंगो–मुण्डितः
पेसणआली–दूती
पेक्किअं–वृषरटितम्
पिड्डुइअं–प्रशान्तम्
पिलुअं–क्षुतम्
पुआइ–उन्मत्तः, पिशाचः
पुप्फी–पितृष्वसा
पुलंघओ–भ्रमरः
पेज्जलिओ–संघटितः
पोरत्थो–मत्सरी

ब

बइल्लो–बलीवर्दः
बन्धोल्लो–मेलकः
बम्हालो–अपस्मारः
बहिओ–मथितः
बहुल्लिआ–ज्येष्ठभ्रातृवधूः
बाओ–बालः
बुलबुलो–बुद्बुदः
बंडिओ–बन्दी
बम्हहरं–अम्बुजम्
बलामोडी–बलात्कारः
बहुजाणो–चौरः, धूर्त्तः, जारः
बहुल्ली–क्रीडोचितशालभञ्जिका
बुड्डिरो–महिषः

भ

भच्चो–भागिनेयः
भाइरो–भीरुः
भिगं–नीलम्, स्वीकृतम्
भेज्जो–भीरूः
भट्टिओ–विष्णुः
भाउज्जा–भ्रातृजाया
भेजल्लो–भीरुः
भोइओ–महेषः

म

मइमोहिणी–सुरा
मघोणो–मघवान्
मडप्परो–गर्वः
मदोली–दूती
मरिओ–लुटितः, विस्तीर्णः
महल्लो–मुखरः
माउच्चा–मातृष्वसा, सखी
माणंसी–मायावी, मनस्वी
मइलपुत्ती–पुष्पवती
मंजरो–मार्जारः
मत्तवालो–मत्तः
गम्मक्को–गर्वः
महालयपक्खो–महालयपक्षः
माइंदो–माकन्दः
माउसिआ–मातृष्वसा
माभाइ–अभयम्

माहिवाओ–माघवातः
मिअं–अलंकृतम्
मुसलं–मांसलम्
मुहलं–मुखम्
मुहुरोमराइ–भ्रूः
मेहुणिआ–मातुलात्मजा, स्याली

र

रअणिद्धअं–कुमुदम्
रइलक्खं–जघनम्
रगिल्लो–अभिलषितः
रिअं–लूनम्
रिंछोली–पंक्तिः
रिट्ठो–अरिष्टम्, दैत्यः, काकः
रिमिणो–रोदनशीलः
रुद्धो–आक्रान्तः
रूअरूइआ–उत्कलिका
रूवसिणी–रूपवती
रोक्कअं–प्रोक्षितम्

ल

लंवा–वल्लरी, केशः
लअणी–लता
लइणा–लता
लक्कुडो–लगुडः
लज्जालुइणी–कलहकारिणी
लडहा–विलासवती
लववो–सुप्तः
लाहिल्लो–लम्पटः
लुक्को–सुप्तः
लोट्ठो–स्मृतः
ल्हिक्को–गतः

व

वअणीआ–उन्मत्ता, दुःशीला
वइरोडो–जारः
वक्कं–पिष्टम्
वक्खलं–आच्छिादितम्
वच्छुद्धलिओ–प्रत्युद्धतः
वंजर–मार्जारः
वडिणायो–घर्घरकण्ठः
वडिसाअं–स्तुतम्
वड्डिमं–स्तुतम्
वड्डुअरो–वृहत्तरः
वडइअं–पीडितम्
वणइ–वनराजिः
वणनत्तडिअं–पुरस्कृतम्
वंदं–वृन्दम्
वप्पिअं–रक्तम्
वप्पिओ–केदारः
वरइत्तो–नूतनवरः
वरण्डो–प्राकारः
वरत्तो–पीतः, पतितः, पेटितः
वल्लकिअं–उत्संगितम्
वल्लटं–पुनरुक्तम्
वल्लविअं–लाक्षारक्तम्

वहिइअं–पर्याप्तम्
बहुहाडिणी–वध्वा उपरि परिणीता
वाअडो–शुकः
वाउल्लो–प्रलपितः
वाडी–वृतिः
वामूलूरो–वामलूरुः
वामो–आक्रान्तः
वारड्डं–अभिपीडितम्
वारिज्जो–विवाहः
वावडो–कुटुम्बी
विअंटुटं–अवरोपितम्, मुक्तम्
विउसग्गो–व्युत्सर्गः
विच्छुरिअं–अपूर्वम्
विड्डितं–अर्जितम्
विड्डो–सुप्तोत्थितः
विडुच्छओ–निषिद्धः
वित्थिरं–विस्तारः
विरिचरो–धाराविरेचनशीलः
विरुओ–विरुद्धः
विवओ–विस्तीर्णः
विसारो–सैन्यम्
विसो–वृषः, मूषकः
विहडणो–अनर्थः
विहिमिहिओ–विकसितः
विहुंउओ–विधुंतुदः
वीली–वीथिः
वीवी–वीचिः
वेणिअं–वचनीयम्
वेणुसारो–भ्रमरः
वेण्णो–आक्रान्तः
वेलंबो–विडम्बनम्
वेल्लइअं–संकुचितम्
वेल्लहल्लो–कोमलः, विलासी
वेल्लरी–विलासवती
वेल्लरीओ–वल्लरी, केशः
वोट्ठी–सक्तः
व्युडो–विटः

स

संसाओ–आरूढः, चूर्णितः, पीतः, उद्विग्नः
सइकोडी–शतकोटिः
सइलासिओ–मयूरः
सग्गहो–मुक्तः
संकरो–रथ्या
संगोल्लं–संघातः
संघअणं–संहननम्
संचारी–दूती
सडिअग्गिअं–वर्धितम्
सत्तो–गतः
सत्थरो–संस्तरः
सद्दालं–नूपुरम्
समराइअं–पिष्टम्
समुद्धणवणीअं–चन्द्रः
समुद्दहरं–अम्बुगृहं
सरिसाहुलो–सदृशः
सहउत्थिया–दूती
साउल्लो–अनुरागः

साणिओ–शान्तः
सामरी–शाल्मरी
सालक्किआ–शारिका
साहुली–शाखा
सिट्ठो–सुप्तोत्थितः
सिप्पी–शूची
सिंहडहिल्लो–बालकः
सिहिणं–स्तनम्
सीउट्टं–हिमकालदुर्दिनम्
सीउल्लं–हिमकालदुर्दिनम्
सीसक्कं–शीर्षकाम्
सुण्हसिओ–निद्राशीलः
सुहरओ–धारिकागृहम्, चटकः
सूरंगो–दीपः
सूरद्धओ–दिवसः
सूरल्लो–मध्याह्नम्
सेवालं–सेवालम्
सोत्ती–तरङ्गिणी
सोहिअं–पिष्टम्

ह

हक्किअं–उन्नतम्
हट्ठमहट्ठो–युवस्वस्थः
हडहडओ–अनुरागः
हल्लपविअं–त्वरितम्
हिज्जा–ह्रीः
हिड्डौ–स्त्रस्तः
हीमोरं–भीमरम्
हीरणा–त्रपा
हेपिअं–उन्नतम्
हेरिवो–हेरम्बः
हेसमणं–उन्नतम्
हेसिअं–रसितम्

❑ ❑ ❑

आठवाँ अध्याय

कारक, समास और तद्धित प्रकरण

कारकविचार

करोति क्रियां जनयतीति कारकम्–क्रिया के उत्पादक को कारक कहते हैं; अथवा 'क्रियान्वयि कारकम्'–क्रिया के साथ जिसका सम्बन्ध हो, उसे कारक कहते हैं। हेमचन्द्र ने–'क्रियाहेतुः कारकम्' क्रिया की उत्पत्ति में जो हेतु–सहायक हो, उसे कारक कहा है। प्राकृत में संस्कृत के समान ही कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान और अधिकरण ये छः कारक हैं। प्राकृत के वैयाकरणों ने सम्बन्ध को कारक नहीं माना है और न षष्ठी (छट्ठी) विभक्ति के रूपों को ही पृथक् स्थान दिया है। षष्ठी के रूप चतुर्थी के समान ही होते हैं। वास्तविक बात यह है कि सम्बन्ध कारक का क्रिया के साथ सम्बन्ध नहीं है। यथा–विउसाणं परिसाए मुरुक्खेहिं मउणं सेवीअउ, अन्नह मुक्खत्ति नज्जिहिन्ति'–विद्वानों की सभा में मूर्खों को मौन रहना चाहिए, अन्यथा उनकी मूर्खता प्रकट हो जाती है। इस वाक्य में 'सेवीअउ' क्रिया के साथ 'विउसाणं' का किसी भी प्रकार का सम्बन्ध नहीं है और न 'विउसाणं' में सेवीअउ' क्रिया का जनकत्व–उत्पादकत्व ही है। अतः यह पद षष्ठी विभक्ति तो है, पर सम्बन्ध कारक नहीं है।

विभक्ति की परिभाषा करते हुए कहा है–''संख्याकारकबोधयित्री विभक्तिः''–जिसके द्वारा संख्या और कारक का बोध हो, वह विभक्ति है। 'विउसाणं' से विद्वानों के समूह का बोध होता है, अतः वह षष्ठी विभक्ति तो है, पर कारक नहीं।

विभक्ति और कारक में एक अन्तर यह भी है कि कारक कुछ है और विभक्ति कुछ हो जाती है यथा–कर्ता में सर्वदा प्रथमा और कर्म में द्वितीया विभक्ति ही नहीं होती; बल्कि कर्त्ता में तृतीया और कर्म में प्रथमा विभक्ति भी होती है। जैसे–''रावणो रामणे हओ'' इस वाक्य में हनन क्रिया का वास्तविक कर्ता राम है, पर राम प्रथमा विभक्ति में नहीं है, तृतीया विभक्ति में रखा गया है। इसी प्रकार हनन क्रिया का वास्तविक कर्म रावण है, उसे द्वितीया विभक्ति में न रखकर प्रथमा विभक्ति में रखा गया है।

१. कर्त्ता—क्रिया के द्वारा जिस संज्ञा के सम्बन्ध में विधान किया जाता है, उस संज्ञा के रूप को कर्ता कारक कहते हैं[१]। जैसे—रामो 'झाईअइ'—में 'झाईअइ' क्रिया राम के सम्बन्ध में विधान करती है कि राम ध्यान करता है।

प्रथमा विभक्ति के नियम—

(१) प्रातिपदिकार्थ—शब्द का मात्र अर्थ, लिंगमात्र, परिमाणमात्र अथवा वचन मात्र बतलाने के लिए प्रथमा विभक्ति होती है।[२] प्रातिपदिक शब्द का अर्थ—"नियतोपस्थितिकः प्रातिपदिकार्थः"—जिस शब्द की जिस अर्थ के साथ नियम से उपस्थिति हो, उसे प्रातिपदिकार्थ कहते हैं। प्रातिपदिकार्थ में प्रथमा विभक्ति होती है। यथा—जिणो, वाऊ, पज्जुणो, सयंभू, णाणं आदि।

संस्कृत के समान प्राकृत में भी शब्द में जब तक प्रत्यय नहीं लगता, तब तक उसका अर्थ नहीं जाना जा सकता है। प्रातिपदिक (Crude form) में सुप् आदि विभक्तियों को जोड़ने से ही अर्थ प्रकट होता है। उदाहरण के लिए यों समझना चाहिए कि विभक्ति रहित देव शब्द का उच्चारण करें तो यह निरर्थक होगा। जब 'देवो' उच्चारण करते हैं तभी इस शब्द का अर्थ 'देव' ने यह प्रकट होता है। इसलिए संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण में विभक्ति प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

लिंगमात्र में—तडो, तडी, तडं; परिमाणमात्र में—वजन मात्र का ज्ञान कराने के लिए—दोणोव्वीही—यहाँ प्रथमा विभक्ति से व्रीहि का द्रोण रूप परिमाण विदित होता है।

वचनमात्र—एको, बहू आदि।

(२) सम्बोधन में भी प्रथमा विभक्ति होती है। यथा— हे देवो, हे देवा, हे पुज्जुणो, हे पज्जुणा।

२. कर्म—जिस पदार्थ पर क्रिया के व्यापार का फल प्राप्त होता है, उस पदार्थ से सूचित होनेवाली संज्ञा के रूप को कर्म कारक कहते हैं। किसी वाक्य में प्रयोग किये गये पदार्थों में से जिसको कर्ता सबसे अधिक चाहता है, उसे कर्म कहते हैं।[३] अर्थात् कर्ता के लिए जो अत्यन्त ईप्सित—अभीष्ट है, उसी की कर्म संज्ञा होती है। जैसे—'मासेसु अस्सं बंधइ' उड़द के खेत में घोड़े को बाँधता है, इस

१. स्वतन्त्रः कर्त्ता २।२।२. हे.।

२. प्रातिपदिकार्थलिंगपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा २।३।४६ पा.।

३. कर्तुरीप्सिततमं कर्म १।४।४९. पा.।

वाक्य में बाँधने वाला अपनी बाँधने की क्रिया के द्वारा अश्व को वशंगत करना चाहता है। अतः बन्धन व्यापार द्वारा अश्व ही कर्ता को अभीष्ट है, उड़द नहीं। उड़द की चाह अश्व को हो सकती है और उसके प्रलोभन से उसका बाँधना सुगमतर हो सकता है, परन्तु कर्ता को उसकी चाह नहीं है। अतः मासेसु में कर्म संज्ञा नहीं हुई।

क्रियाविशेष द्वारा जो कर्ता को अत्यन्त अभीष्ट है, उसी की कर्म संज्ञा होती है। जैसे–पयेण ओदनं भुंजइ–दूध से भात खाता है, वाक्य में दूध भी भात की तरह कर्ता को प्रिय है, पर कर्ता अपने भोजन व्यापार द्वारा, जिसे सबसे अधिक पाना चाहता है, वह भात है, दूध नहीं। यतः दूध पेय है, यह तो केवल भोजन क्रिया के सम्पादन में सहायक है, अतः यहाँ पर पयेण की कर्म संज्ञा नहीं है, ओदनं की है।

(१) अनुक्त कर्म को बतलाने के लिए कर्म कारक में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है।[1] यथा–हरिं भजइ, गामं गच्छइ, वेअं पढइ, पुत्थकं पढइ, झाणं झाईअइ, अत्थं चिव्वइ।

(२) सप्तमी और प्रथमा विभक्ति के स्थान पर क्वचित् द्वितीया विभक्ति होती है।[2] यथा–विज्जुज्जोमं भरइ रत्तिं–विद्युदुद्योतं भरति रात्र्याम्–यहाँ सप्तमी के स्थान पर द्वितीया हुई है।

चउवीसं पि जिणवरा–चतुर्विंशतिरपि जिनवराः–यहाँ प्रथमा के स्थान पर द्वितीया हुई है।

(३) संस्कृत के समान प्राकृत में भी द्विकर्मक धातुओं के योग में अपादान आदि कारकों में भी द्वितीया विभक्ति होती है। यथा–

(१) माणवअं पहं पुच्छइ–बच्चे से रास्ता पूछता है।

(२) रुक्खं ओचिव्वइ फलाइं–वृक्ष के फलों को इकट्ठा करता है।

(३) माणवअं धम्मं सासइ–माणवक से धर्म कहता है।

(४) शी, स्था और आस् धातुओं के पूर्व यदि अधि (अहि) उपसर्ग लगा हो तो इन क्रियाओं के आधार की कर्म संज्ञा होती है। यथा–अहिचिट्ठइ वइउंठं हरी।

(५) अहि और नि उपसर्ग जब एक साथ विश् (विस) धातु के पहले आते हैं, तो विश् के आधार को कर्म कारक होता है। यथा–अहि निवसइ सम्मग्गं।

(६) यदि वस् घातु के पूर्व उव, अनु, अहि और आ में से कोई भी उपसर्ग लगा हो तो क्रिया के आधार को कर्मकारक होता है। यथा–

---

१. कर्मणि द्वितीया २।३।२. पा.।   २. सप्तम्या द्वितीया ८।३।१३७ हे.

हरी वइउंठं उववसइ, अहिवसइ, आवसइ वा।

(७) अहिओ (अभितः)–चारों ओर, परिओ (परितः)–सब ओर, समया–समीप, निकहा (निकषा)–समीप, हा, पडि, धिअ, सव्वओ और उवरि–उवरि शब्दों की जिनमें सन्निकटता पाई जाय उनमें द्वितीया विभक्ति होती है। यथा–

अहिओ किसणं, परिओ किसणं, गामं समया, निकहा लंकं, हा किसणा मत्तं, परिजणो रायाणं अहिओ चिट्ठइ।

(८) अणु के योग में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा–णईं अणुवसिआ सेना; अणुहरिं सुरा, मोहणं अणुगच्छइ हरी।

(९) अधिक तथा हीन अर्थ का वाचक होने पर अणु के योग में भी द्वितीया विभक्ति होती है। यथा–अणुहरिं सुरा–देवता हरि से हीन हैं।

(१०) जब अंगुलि निर्देश करना हो, इत्थंभूत–ये इस प्रकार के हैं–यह बतलाना हो, भाग–यह उनके हिस्से में पड़ा या पड़ता है, यह प्रकट करना हो अथवा पुनरुक्ति दिखलानी हो तो पडि, परि और अणु के योग में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा–

(१) वच्छं पडि विज्जुअइ विज्जु–वृक्ष पर बिजली चमकती है।
(२) भत्तो विसणुं पडि अणु वा–विष्णु के ये भक्त हैं।
(३) लच्छी हरिं पडि अणु वा–लक्ष्मी विष्णु के हिस्से में पड़ी या पड़ें।
(४) वच्छं वच्छं पडि सिच्चइ–प्रत्येक वृक्ष को सींचता है।

(११) पूजार्थ में सु अव्यय और उल्लंघन अर्थ में अइ अव्यय के योग में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा–

अइ देवा किसणो–कृष्ण सब देवताओं की अपेक्षा पूज्य हैं।
सुसिप्पअं वच्छं–अच्छी तरह सींचा हुआ वृक्ष।

३. करण कारक–अपने कार्य की सिद्धि में कर्ता जिसकी सबसे अधिक सहायता लेता है, उसे करण कहते हैं। यथा–"रामेण बाणेन हओ बाली" वाक्य में कर्ता राम बाली को मारने में सबसे अधिक सहायता बाण की लेता है; यों तो हाथ और धनुष भी सहायक हैं, पर ये अत्यन्त सहायक नहीं है, अतः इन्हें करण कारक नहीं माना जायगा। तात्पर्य यह है कि जो क्रिया–फल की निष्पत्ति में साधन का बोध कराता है, उसे करण कारक कहते हैं। करण अर्थ में तृतीया विभक्ति होती है। यथा–रामो जलेन कडं पच्छालइ।

(१) प्रकृति–स्वभावादि अर्थों में तृतीया होती है। यथा–पईअ चारू–स्वभाव से सुन्दर, गोत्तेण गग्गो, रसेण महुरो, सुहेण जाइ। किं जणणिजोव्वणविउडणमत्तेण जम्मेणं।

(२) दिव् धातु के योग में विकल्प से द्वितीया विभक्ति भी होती है। यथा–अच्छेहिं अच्छा वा दीव्वइ–पाशों से या पाशों को खेलता है।

(३) समपूर्वक णा धातु के कर्म की विकल्प से करण संज्ञा होती है। यथा–पिअरेण, पिअरं वा सण्णाणइ–पिता के साथ मेल से रहता है।

(४) फलप्राप्ति या कार्यसिद्धि को बतलाने के लिए तृतीया विभक्ति होती है। यथा–दुवालसवरसेहिं वाअरणं सुणइ–द्वादशवर्षैः व्याकरणं श्रूयते।

(५) सह, सामं, सायं और सद्धं के योग में तृतीया विभक्ति होती है। यथा–पुत्तेण सहाअओ पिआ–पुत्रेण सहागतः पिता; लक्खणो रामेण साअं गच्छइ, देवदत्तो जग्गदत्तेण समं नहाति।

(६) पिधं, बिना, नाना शब्दों के साथ तृतीया, द्वितीया या पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा–पिधं रामेण, रामत्तो, रामं वा; जलेन, जलत्तो, जलं वा; जलं बिना कमलं चिट्ठतुं ण सक्कइ।

(७) जिस विकृत अंग के द्वारा अङ्गी का विकार मालूम हो, उस अंग में तृतीया विभक्ति होती है। यथा–पाएण खंजो, कण्णेन बहिरो–पैर का लँगड़ा; कान का बहिरा।

(८) जिस कारण या प्रयोजन से कोई कार्य किया जाता है या होता है, उसमें तृतीया विभक्ति होती है। यथा–

दंडेण घडो जाओ–दण्डे के कारण घड़ा उत्पन्न हुआ।

पुण्णेण दिट्ठो हरि–पुण्य के कारण हरि दिखलायी पड़े।

अज्झणेण वसइ–अध्ययन के प्रयोजन से रहता है।

(९) जो जिस प्रकार से जाना जाय, उसके लक्षण में तृतीया विभक्ति होती है। यथा–

जडाहिं तावसो–जटाओं से तपस्वी जान पड़ता है।

गमणेण रामं अणुहरइ–गमन में राम के सदृश है।

(१०) कार्य, अर्थ, प्रयोजन, गुण तथा इसी प्रकार उपयोग या प्रयोजन प्रकट करने वाले शब्दों के योग में उपयोज्य या आवश्यक वस्तु को तृतीया विभक्ति होती है। यथा–

तिणेण कज्जं भवइ ईसराणं–धनी लोगों का कार्य तिनके से भी हो जाता है।

को अत्थो पुत्तेण जो ण विउसो ण धम्मिओ–उस पुत्र के उत्पन्न होने से क्या लाभ है, जो न विद्वान् है और न धर्मात्मा।

(११) आर्ष प्रयोगों में सप्तमी स्थान में तृतीया विभक्ति का प्रयोग पाया जाता है। यथा–

तेणं कालेणं, तेणं समएणं–तस्मिन् काले, तस्मिन् समये–उस समय में।

४. सम्प्रदान कारक–दानकार्य के द्वारा कर्ता जिसे संतुष्ट करता है, उसे सम्प्रदान कहते हैं। अर्थात् जिस पदार्थ के लिए कोई क्रिया की जाती है, उसका बोध कराने वाली संज्ञा के रूप को संप्रदान कारक कहते हैं। सम्प्रदान में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा–विप्पाय या विप्पस्स गावं देइ–विप्राय गां ददाति।

(१) रोअ–रुच् धातु तथा रुच् के समान अर्थवाली अन्य धातुओं के योग में प्रसन्न होने वाला सम्प्रदान कहलाता है और सम्प्रदान को चतुर्थी होती है। यथा–

हरिणो रोयइ भत्ती–हरी को भक्ति अच्छी लगती है।

बालकस्स मोअआ रोअन्ते–बालकाय मोदकाः रोचन्ते, बालक को लड्डू अच्छे लगते हैं। मम तव वियारो रोयइ–मुझे तुम्हारा विचार अच्छा लगता है।

तस्स वाआ मज्झं न रोयइ–उसकी बात मुझे अच्छी नहीं लगती।

(२) सलाह (श्लाघ), हुण, (ह्नुङ्), चिट्ठ (स्था) और सव (शप्) धातुओं के योग में जिसको जाना जाय उसकी सम्प्रदान संज्ञा होती है और सम्प्रदान को चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा–

गोवी समरत्तो किसणाय किसणस्स वा सलाहइ, चिट्ठइ, सवइ वा–गोपी कामदेव के वश से श्रीकृष्ण के अर्थ अपनी श्लाघा करती है, स्थित होकर कृष्ण को अपना अभिप्राय बताती है तथा कृष्ण के लिए अपना उपालम्भ करती है।

(३) धर–धङ् उधार लेना–कर्ज लेना धातु के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा–

भत्ताय, भत्तस्स वा धरइ मोक्खं हरी–हरि भक्त के लिए मोक्ष को धारण करते हैं।

सामो अस्सपइणो सइं धरइ– श्याम ने अश्वपति से एक सौ कर्ज लिए।

(४) सिह (स्पृह) धातु के योग में जिसे चाहा जाय, वह सम्प्रदानसंज्ञक होता है और सम्प्रदान को चतुर्थी विभक्ति में रखते हैं। यथा–

पुप्फाणं सिहइ–पुष्पेभ्यः स्पृहयति–फूलों की चाहना करता है।

(५) कुज्झ (क्रुध्), दोह (द्रुह), ईस (ईर्ष्या) तथा असूअ (असूय्) धातुओं के योग में तथा इन धातुओं के समान अर्थवाली धातुओं के योग में जिनके ऊपर क्रोधादि किये जाते हैं, उनको चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा– हरिणो कुज्झइ, दोहइ, ईसइ, असूअइ, वा।

(६) निश्चित काल के लिए वेतन इत्यादि पर किसी को रखा जाना परिक्रयण कहलाता है, उस परिक्रयण में जो करण होता है, उसकी विकल्प से सम्प्रदान संज्ञा होती है। यथा–

सयेण सयस्स वा परिकीणइ–सौ रूपये के वेतन पर रखा गया।

(७) जिस प्रयोजन के लिए कोई कार्य किया जाय, उस प्रयोजन में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा–

मुत्तिणो हरिं भजइ–मुक्ति के लिए हरि को भजता है।

भत्ती णाणाय कप्पइ, संपज्जइ, जाअइ वा।

(८) हेमचन्द्र के मत से तादर्थ्य–उसके लिए–अर्थ में षष्ठी विभक्ति विकल्प से आती है। यथा–

मुणिस्स, मुणीणं देइ–मुनीनं मुनिभ्यो वा ददाति।

नमो नाणस्स–नमो ज्ञानाय, नमो गुरुस्स–नमो गुरवे।

देवस्स देवाय नमो।

(९) हित और सुख के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा–

बंभणस्स हिअं सुहं वा–ब्राह्मण के लिए हितकर या सुखकर।

(१०) नमो, सुत्थि, सुहा, सुआहा और अलं के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा–

हरिणो नमो–हरि को नमस्कार हो।

पआणं सुत्थि–प्रजा का कल्याण हो।

पिअराणं सुहा–पितरों को यह समर्पित है।

अलं मल्लो मल्लस्स–मल्ल दूसरे मल्ल के लिए पर्याप्त–काफी है।

५. अपादान कारक–जिससे किसी वस्तु का विश्लेष होता है, उसे अपादान कारक कहते हैं। अपादान में पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा–धावत्तो अस्सत्तो पडइ–दौड़ते हुए घोड़े से गिरता है।

(१) दुगुञ्छ, विराम और पमाय तथा इनके समानार्थक शब्दों के साथ पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा–पावत्तो दुगुञ्छइ, विरमइ वा; धम्मत्तो पमायइ।

(२) जिसके कारण डर मालूम हो अथवा जिसके डर के कारण रक्षा करनी हो, उस कारण को पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा–चोरओ बीहइ, सप्पओ भयं; रामो कलहत्तो बीहइ।

(३) प्राकृत में 'भी' धातु के योग में पञ्चमी के अर्थ में चतुर्थी विभक्ति भी पायी जाती है। यथा–दुट्ठाण को न बीहइ–दुष्टेभ्यः को न बिभेति–दुष्टों से कौन नहीं डरता है।

(४) पञ्चमी के अर्थ में षष्ठी विभक्ति भी देखी जाती है। यथा–चोरस्स बीहइ–चौराब्दिभेति–चोर से डरता है।

(५) पञ्चमी के स्थान में कहीं–कहीं तृतीया और सप्तमी विभक्ति भी पायी जाती हैं। यथा–चोरेण बीहइ–चौराब्दिभेति; अन्तेउरे रमिउमागओ राया–अन्तःपुराद् रन्त्वागत इत्यर्थः।

(६) परापूर्वक जि धातु के योग में जो असह्य होता है, उसकी अपादान संज्ञा होती है और पञ्चमी विभक्ति हो जाती है। यथा–अज्झयणत्तो पराजयइ।

(७) जनधातु के कर्ता का आदिकारण अपादान होता है। यथा–कामत्तो कोहो अहिजाअइ, कोहत्तो मोही अहिजाअइ।

६. प्रातिपदिक और कारक के अतिरिक्त स्वस्वामिभावादि सम्बन्ध में षष्ठी विभक्ति होती है। मुख्यतः सम्बन्ध चार प्रकार का है–स्वस्वामिभाव सम्बन्ध, जन्य–जनक भाव सम्बन्ध, अवयवावयविभाव सम्बन्ध और स्थान्यादेश। साहुणो धणं में स्वस्वामिभाव सम्बन्ध है, यतः साधु धन का स्वामी है। पिअरस्स, पिउणो वा पुत्तं में जन्य–जनकभाव सम्बन्ध है। पसूणो पाअं में अवयव–अवयविभाव सम्बन्ध है, यतः पशु अवयवी है और पैर उसके अवयव हैं। गम् के स्थान में अइच्छ, अई और अक्कस आदेश होता है, अतः यहाँ स्थान्यादेश सम्बन्ध माना जायगा। इन सम्बन्धों के अतिरिक्त कार्य–कारणादि और भी सम्बन्ध हैं, सम्बन्ध में षष्ठी विभक्ति होती है। यथा–काअस्स अंगाणि पसंसेइ–कौए के अंगों की प्रशंसा करता है। जहा तुह अंगाणि अईव मणोहराणि तहा तुमं सुमहुराइं गीयाइं गाउं समत्थो सि–जैसे–तुम्हारे अंग सुन्दर हैं, वैसे ही तुम सुमधुर गाना गाने में भी समर्थ हो।

(१) कर्मादि में भी सम्बन्धमात्र की विवक्षा होने पर षष्ठी विभक्ति हो जाती है। यथा–तस्स वाहरणत्थं माहावाहिहाणा चेडी पेसिया–उसे बुलाने के लिए माधवी नाम की दासी को भेजा।

तस्स कहियं–उससे कहा; माआए, माऊए वा सुमरइ–माता को याद करता है।

(२) हेउ शब्द के प्रयोग में जो शब्द कारण या प्रयोजन रहता है, वह और हेउ शब्द दोनों ही षष्ठी में रखे जाते हैं। यथा–अन्नस्स हेउस्स वसइ–अन्न प्राप्ति के प्रयोजन से रहता है। कस्स हेउस्स वसइ–किस कारण रहते हो।

(३) द्वितीया–तृतीयादि विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति होती है।[1] यथा–सीमाधरस्स वन्दे–सीमाधरं वन्दे; तिस्सा मुहस्स भरिमो–तस्या मुखं भरामः; धणस्स लुद्धो–धनेन लुब्धः; तेसिमेअमणाइण्णं–तैरेतदनाचरितम्; चिरस्स मुक्का–चिरेण मुक्ता; इअराइं जाण लहुअक्खराइं पायन्तिमिल्ल सहिआण–पादान्तेन सहितेभ्यः इतराणि।

७. अधिकरण कारक–कर्ता और कर्म के द्वारा किसी भी क्रिया का आधार अधिकरण कहलाता है। आधार के तीन भेद हैं–औपश्लेषिक, वैषयिक और अभिव्यापक। जिसके आधेय का भौतिक संश्लेष हो, उसे औपश्लेषिक आधार कहते हैं। जैसे–कडे आसइ कागो–यहाँ चटाई से बैठने वाले का भौतिक संश्लेष प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होता है। जिसके साथ आधेय का बौद्धिक संश्लेष हो, उसे वैषयिक आधार कहते हैं। यथा–मोक्खे इच्छा अत्थि–इच्छा का मोक्ष में अधिष्ठित होना बौद्धिक संश्लेष है। जिसके साथ आधेय का व्याप्य–व्यापक सम्बन्ध हो, उसे अभिव्यापक कहते हैं। यथा–'तिलेसु तेलं' में तैल तिल के किसी एक भाग में नहीं रहता है, बल्कि समस्त तिल में व्याप्त रहता है।

(१) अधिकरण तथा दूर एवं अन्तिक अर्थ वाले शब्दों में सप्तमी विभक्ति होती है। कडे आसइ कागो; गामस्स दूरे अन्तिए वा।

(२) सामी, ईसर, अहिवइ, दायाद, साखी, पडिहू और पसूअ इन सात शब्दों के योग में षष्ठी और सप्तमी ये दोनों ही विभक्तियाँ होती हैं। यथा–

गवाणं गोसु वा सामी, गवाणं गोसु वा पसूओ।

(३) यदि किसी वस्तु का अपने समुदाय की अन्य वस्तुओं में से किसी विशेषण द्वारा वैशिष्ट्यनिर्देश किया जाये तो समुदायवाचक शब्द सप्तमी अथवा षष्ठी विभक्ति में रखा जाता है। यथा–कइसु कईणं वा हरिचन्दो सेट्ठो–कवियों में हरिश्चन्द्र सबसे बड़े कवि है। गवाणं गोसु वा किसणा बहुक्खीरा–गायों में काली गाय बहुत दूध देने वाली है। छत्ताणं छतेसु वा गोइन्दो पडु–विद्यार्थियों में गोविन्द श्रेष्ठ है।

---

१. क्वचित् द्वितीयादेः ८।३।१३४–द्वितीयादीनां विभक्तीनां स्थाने षष्ठी भवति क्वचित्।

(४) द्वितीया और तृतीया विभक्ति के स्थान में क्वचित् सप्तमी विभक्ति हो जाती है[1]। यथा–गामे वसामि–ग्रामं वसामि; नयरे न जामि–नगरं न यामि। तिसु तेसु वा अलंकिआ पुहवी–तैरलंकृता पृथिवी।

(५) पञ्चमी के स्थान पर भी सप्तमी पायी जाती है[2]। यथा–अन्तेउरे रमिउं आगओ राया–अन्तःपुराद् रन्त्वाऽऽगतो राजा।

(६) मध्य अर्थ या अधिकरण अर्थ बतलाने के लिए सप्तमी विभक्ति होती है। यथा–एत्थंतरम्मि पत्तो एसो तवोवणं, अणेयवियप्पजणियकुचिन्तासंधु–क्कियपवड्ढमाणकोहाणलो य कुलवइं सेसतावसे य परिहरिऊण अलक्खिओ चेव गओ सहयारवीहियं, उवविठ्ठो य विमलसिलाविणिम्मिए चाउरन्तपीढे त्ति।

(७) वास्तविक बात यह है कि प्राकृत में विभक्तियों के व्यवहार का कोई विशेष नियम नहीं है। कहीं द्वितीया और तृतीया के स्थान में सप्तमी, कहीं पञ्चमी के स्थान में तृतीया तथा सप्तमी और प्रथमा के बदले द्वितीया विभक्तियाँ व्यहृत होती हैं।

❑ ❑ ❑

१. द्वितीया–तृतीययोः सप्तमी ८।३।१३५. हे.–द्वितीयातृतीययोः स्थाने क्वचित् सप्तमी भवति।

२. पंचम्यास्ततीया च ८।३।१३६ पञ्चम्याः स्थाने क्वचित् सप्तमी भवति।

समास विचार

(१)'' समसनं समासः''–संक्षेप को समास कहते हैं अर्थात दो या अधिक शब्दों को इस प्रकार साथ रखना, जिससे उनके आकार में कमी आ जाय और अर्थ भी प्रकट हो जाय। तात्पर्य यह है कि परस्पर सम्बद्ध अर्थवाले शब्दों का एक रूप में मिलना समास है। समास से सिद्ध पद–सामासिक या समस्तपद कहलाते हैं। समस्तपद के प्रत्येक पद को विभक्तियों के साथ अलग–अलग करने को विग्रह कहते हैं।

समास मुख्यतः चार प्रकार के होते हैं–(१) अव्ययीभाव, (२) तत्पुरुष, (३) बहुब्रीहि और (४) द्वन्द्व। अव्ययीभाव में पहले पद के अर्थ की, तत्पुरुष में दूसरे पद के अर्थ की, बहुब्रीहि में अन्य पद के अर्थ की तथा द्वन्द्व में सभी पदों के अर्थों की प्रधानता होती है।

तत्पुरुष समास दो प्रकार का होता है–(१) समानाधिकरण तत्पुरुष और (२) व्यधिकरण तत्पुरुष। समानाधिकरण तत्पुरुष का ही दूसरा नाम कर्मधारय समास है। द्विगु समास कर्मधारय का ही भेद है।

एकशेष समास भी स्वतन्त्र नहीं है, यह द्वन्द्व का ही एक उपभेद है। कहा भी है–

दंदे य बहुव्वीही कम्मधारय दिगुयए चेव।
तप्पुरिसे अव्वईभावे एक्कसेसे य सत्तमे॥

(१) अव्ययीभाव (अव्वईभाव)

(१) अव्ययीभाव समास में पहला पद बहुधा कोई अव्यय होता है और यही प्रधान होता है। अव्ययीभाव समास का समूचा पद क्रियाविशेषण अव्यय होता है।

(२) विभक्ति आदि अर्थों में अव्यय का प्रयोग होने पर अव्ययीभाव समास होता है।

(१) विभक्ति अर्थ में–हरिम्मि इइ–अहिहरि; अप्पंसि अन्तो–अज्झप्पं।

(२) समीप अर्थ में–गुरुणो समीवं–उवगुरु; सिद्धगिरिणो समीवं–उवसिद्धगिरिं।

(३) पश्चात् अर्थ में–जिणस्स पच्छा–अणुजिणं; भोयणस्स पच्छा–अणुभोयणं।

(४) समृद्धि अर्थ में–मद्दाणं समिद्धि–सुमद्दं।

(५) अभाव अर्थ में–मच्छिकाणं अभाओ–निम्मच्छिकं।

(६) अत्यय–नाश में–हिमस्स अच्चओ–अइहिमं।

(७) असम्प्रति–अनौचित्य अर्थ में–निद्दा संपइ न जुज्जइ–अइनिद्दं।

(८) यथा का भाव–योग्यता–रूवस्स जोग्गं–अणुरूपम् (अनुरूपम्)।

,, वीप्सा–नयरं नयरं ति–पइनयरं (प्रतिनगरम्)।

,, ,, –द्दिणं द्दिणं ति–पइदिणं (प्रतिदिनम्)।

,, ,, –घरे घरे ति–पइघरं (प्रतिगृहम्)।

,, अनतिक्रम–विहिं अणइक्कमिअ–जहाविहि (यथाविधि)।

,, ,, –सत्तिं अणइक्कमिऊण–जहासत्ति (यथा–शक्ति)।

(९) आनुपूर्व्य–क्रम–जेट्ठस्स अणुपुव्वेण–अणुजेट्ठं (अनुज्येष्ठम्)।

(१०) यौगपद्य–एक साथ होना–चक्केण जुगवं–सचक्कं (सचक्रम्)।

(११) सम्पत्ति–छत्ताणं संपइ–सछत्तं (सछत्रम्)।

(२) तत्पुरुष (तप्पुरिस)

(१) उत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुषः–जिसमें उत्तरपद के अर्थ की प्रधानता रहती है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। राइणो पुरिसो = रायपुरिसो में उत्तरपद पुरुष की प्रधानता है। तात्पर्य यह है कि तत्पुरुष समास में प्रथम पद विशेषण और द्वितीय पद विशेष्य रहता है, अतः विशेष्य की प्रधानता रहने के कारण इसमें उत्तरपद की प्रधानता मानी जाती है।

तत्पुरुष समास के आठ भेद हैं–प्रथमा तत्पुरुष, द्वितीया तत्पुरुष, तृतीया तत्पुरुष, चतुर्थी तत्पुरुष, पञ्चमी तत्पुरुष, षष्ठी तत्पुरुष, सप्तमी तत्पुरुष और अन्य तत्पुरुष।

(१) प्रथमा तत्पुरुष (पढमा तप्पुरिस)

(१) पुव्व, अवर, अहर और उत्तर प्रथमान्त पद अपने अवयवी षष्ठ्यन्त के साथ एकाधिकरण में समास को प्राप्त होते हैं। यथा–पुव्वं कायस्स = पुव्वकायो, अवरं कायस्स = अवरकायो, उत्तरं गामस्स = उत्तरगामो।

(२) द्वितीया तत्पुरुष (बीया तप्पुरिस)

(१) सिअ, अतीत, पडिअ, गअ, अइअत्थ, पत्त और आवण्ण शब्दों के योग में द्वितीया विभक्ति के आने पर द्वितीया–तत्पुरुष समास होता है। यथा–

किसणं सिओ = किसणसिओ, इंदियं अतीतो = इंदियातीतो (इन्द्रियातीतः), अग्गिं पडिओ = अग्गिपडिओ (अग्निपतितः), सिवं गओ = सिवगओ (शिवगतः), सुहं पत्तो = सुहपत्तो (सुखप्राप्तः), भद्दं पत्तो = भद्दपत्तो (भद्रप्राप्तः), पलयं गओ = पलयगओ (प्रलयगतः), दिवं गओ = दिवगओ (दिवंगतः), कट्ठं आवण्णो = कट्ठावण्णो (कष्टापन्नः), मेहं अइअत्थो = महाइअत्थो (मेघात्यस्तः), वीरं अस्सिओ = वीरस्सिओ (वीराश्रितः)।

(३) तृतीया तत्पुरुष (तईया तप्पुरिस)

(१) जब तत्पुरुष समास का प्रथम शब्द तृतीया विभक्ति में हो, तब उसे तृतीया तत्पुरुष कहते हैं। यथा–

साहूहिं वन्दिओ = साहुवंदिओ (साधुवन्दितः), जिणेण सरिसो = जिणसरिसो (जिनसदृशः), ईसरेण कडे = ईसरकडे (ईश्वरकृतः), दयाए जुत्तो = दयाजुत्तो (दयायुक्तः), गुणेहिं संपन्नो = गुणसंपन्नो (गुणसम्पन्नः), रसेण पुण्णं = रसपुण्णं (रसपूर्णम्), मायाए सरिसी = माउसरिसी (मातृसदृशः), कुलगुणेण सरिसी = कुलगुणसरिसी (कुलगुणसदृशः), रूवेण समाणा = रूवसमाणा (रूपसमाना), आयारेण निउणो = आयारनिउणो (आचारनिपुणः), णहेहिं भिण्णो = णहभिण्णो (नखभिन्नः), गुडेन मिस्सं = गुडमिस्सं (गुडमिश्रं), महुणा मत्तो = महुमत्तो (मधुमत्तः), पंकेन लित्तो = पंकलित्तो (पङ्कलिप्तः), बाणेन विद्धो = बाणविद्धो (बाणविद्धः)।

(४) चतुर्थी तत्पुरुष (चउत्थी तप्पुरिस)

(१) जिस तत्पुरुष समास का प्रथम पद चतुर्थी विभक्ति में हो, उसे चतुर्थी तत्पुरुष कहते हैं। यथा–

कलसाय सुवण्णं–कलससुवण्णं (कलशसुवर्णम्), मोक्खत्थं नाणं, मोक्खाय नाणं वा = मोक्खनाणं (मोक्षज्ञानम्), लोयाय हिओ = लेयहिओ (लोकहितः), लोगस्स सुहो = लोगसुहो (लोकसुखः), कुंभस्स मट्टिआ = कुंभमट्टिआ (कुम्भमृत्तिका); भूयाणं बली = भूयबली (भूतबलिः), बंभणाय हिअं = बंभणहिअं (ब्राह्मणहितम्), गवस्स हिअं = गवहिअं (गोहितम्), थंभाय कट्ठं = थंभकट्ठं (यूपदारुः), बहुजणस्स हिओ = बहुजणहिओ (बहुजनहितः)।

(५) पञ्चमी तत्पुरुष (पंचमी तप्पुरिस)

(१) जब तत्पुरुष समास का पहला पद पञ्चमी विभक्ति में रहता है, तब उसे पञ्चमी तत्पुरुष कहते हैं। यथा–

संसाराओ भीओ = संसारभीओ (संसारभीतः), दंसणाअ भट्ठो = दंसणभट्ठो (दर्शनभ्रष्टः), अन्नाणाओ भयं = अन्नाणभयं (अज्ञानभयम्), वग्घाओ भयं = वग्घभयं (व्याघ्रभयं), रिणाओ मुक्तो = रिणमुत्तो (ऋणमुक्तः), चोराओ भयं = चोरभयं (चौरभयं), थेणाओ भीओ =थेणभीओ (स्तनभीतः), थोवाओ मुत्तो = थोवमुत्तो (स्तोकान्मुक्तः)।

(६) षष्ठी तत्पुरुष (छट्ठी तप्पुरिस)

(१) जिस तत्पुरुष समास का प्रथम पद षष्ठी विभक्ति में हो, उसे षष्ठी तत्पुरुष कहते हैं। यथा–

देवस्स मंदिरं = देवमंदिरं (देवमन्दिरं), कन्नाए मुहं = कन्नामुहं (कन्यामुखम्), नरस्स इंदो=नरिंदो (नरेन्द्रः), देवस्स इंदो = देविंदो (देवेन्द्रः), लेहस्स साला = लेहसाला (लेखशाला), विज्जाए ठाणं = विज्जाठाणं (विद्यास्थानं), समाहिणो ठाणं =समाहिठाणं (समाधिस्थानम्), देवस्स थुई = देवत्थुई, देवथुई (देवस्तुतिः), जिणाणं इन्दो =जिणेन्दो, जिणिन्दो (जिनेन्द्रः), विबुहाणं अहिवो = विबुहाहिवो (विबुधाधिपः), बहूए मुहं=बहूमुहं (वधूमुखम्), धम्मस्स पुत्तो= धम्मपुत्तो (धर्मपुत्रः), गणिअस्स अज्झावओ = गणिआज्झावओ (गणिताध्यापकः), देवस्स पुज्जओ = देवपुज्जओ (देवपूजकः)।

(७) सप्तमी तत्पुरुष (सत्तमी तप्पुरिस)

(१) सप्तमी तत्पुष समास उसे कहते हैं, जिसका प्रथम पद सप्तमी विभक्ति में रहा हो। यथा–

कलासु कुसले = कलाकुसलो (कलाकुशलः), बंभणेसु उत्तमो = बंभणोत्तमो (ब्राह्मणोत्तमः), जिणेसु उत्तमो = जिणोत्तमो (जिनोत्तमः), सभाए पंडिओ = सभापंडिओ (सभापण्डितः), कडाहे पक्को–कडाहपक्को (कटाहपक्व :), कम्मे कुसलो = कम्मकुसलो (कर्मकुशलः), विज्जाए दक्खो = विज्जादक्खो (विद्यादक्षः), नरेसु सेट्ठो = नरसेट्ठो (नरश्रेष्ठः), नाणम्मि उज्जओ = नाणोज्जओ, नाणुज्जओ (ज्ञानोद्योतः), गिहे जाओ = गिहजाओ (गृहजातः)।

(८) अन्यतत्पुरुष (अण्ण–तप्पुरिस)

अन्यतत्पुरुष समास के नञ् तत्पुरुष, प्रादितत्पुरुष, गतितत्पुरुष, उपपदतत्पुरुष, अलुक् तत्पुरुष, मध्यमपदलोपी तत्पुरुष एवं मयूरव्यंसकादि तत्पुरुष ये सात भेद हैं।

(क) नञ् तत्पुरुष (न तप्पुरिस)

(१) जब तत्पुरुष समास में प्रथम शब्द न और दूसरा कोई संज्ञा या विशेषण हो तो उसे नज् तत्पुरुष कहते हैं। व्यञ्जन के पूर्व न अ में और स्वर के पूर्व अण में बदल जाता है। यथा–

न लोगो = अलोगो (अलोकः), न देवो = अदेवो (अदेवः), न आयारो = अणायारो (अनाचारः), न इट्ठं = अणिट्ठं (अनिष्टम्), न दिट्ठं = अदिट्ठं (अदृष्टम्), न अवज्जं = अणवज्जं (अनवद्यम्), न विरई = अविरई (अविरतिः), न सच्चम् = असच्चम् (असत्यम्), न ईसो = अणीसो (अनीशः), न कयं = अकयं (अकृतम्), न बंभणो = अबंभणो (अब्राह्मणः)।

(ख) प्रादितत्पुरुष (पादितप्पुरिस)

(१) जब तत्पुरुष समास में प्रथमपद 'प्र–प' आदि उपसर्गों में से कोई हो तो उसे प्रादि तत्पुरुष कहते हैं। यथा–

पगतो आयरियो = पायरिओ (प्राचार्यः), उग्गओ वेलं = उव्वेलो (उद्वेलः), संगतो अत्थो = समत्थो (समर्थः), अइक्कंतो पल्लंकं =अइपल्लंको (अतिपल्यङ्कः), निग्गओ कासीए= निक्कासी (निष्काशी)।

(ग) उपपद समास

(१) जब तत्पुरुष समास का प्रथम पद ऐसी संज्ञा या अव्यय में हो, जिसके. न रहने से शब्द का रूप ही न रह सकता हो, तो उसे उपपद तत्पुरुष कहते हैं। यथा–

कुंभं करइ त्ति = कुंभआरो (कुम्भकारः), भासआरो (भाष्यकारः), सव्वण्णु (सर्वज्ञः), पायवो (पादपः), कच्छवो (कच्छपः), अहिवो (अधिपः), गिहत्थो (गृहस्थः), सुत्तआरो (सूत्रकारः), वुत्तिआरो (वृत्तिकारः), निव्वया (निम्नगा), नीयगा (नीचगा), नम्मया (नर्मदा), सगडब्भि (स्वकृतभित्), पावणासओ (पापनाशकः)।

(घ) कर्मधारय

(१) जब प्रथमपद विशेषण हो और दूसरा विशेष्य हो तो उसे कर्मधारय कहते हैं। इसके सात भेद हैं–(१) विशेषणपूर्वपद (२) विशेष्यपूर्वपद (३) विशेषणोभयपद (४) उपमानपूर्वपद (९) उपमानोत्तरपद (६) सम्भावनापूर्वपद (७) अवधारणापूर्वपद।

(२) जिसमें विशेषण विशेष्य से पहले रहे, उसको विशेषण पूर्वपद कहते हैं। यथा– रत्तो अ एसो घडो = रत्तघडो (रक्तघटः), सुंदरा य एसा पडिमा = सुंदरपडिमा (सुन्दरप्रतिमा), परमं एअं पयं परमपयं (परमपदम्), पीअं तं वत्थं = पीअवत्थं (पीतवस्त्रम्), गोरो सो वसभो =गोरवसभो (गौरवृषभः), महंतो सो वीरो = महावीरो (महावीरः), वीरो सो जिणो = वीरजिणो (वीरजिनः), कण्हो य सो पक्खो = कण्हपक्खो (कृष्णपक्षः), सुद्धो सो पक्खो = सुद्धपक्खो (शुद्धपक्षः)।

(३) जिसमें विशेष्य विशेषण से पूर्व रहे, उसे विशेष्य पूर्वपद कहते हैं। यथा–वीरो अ एसो जिणिंदो = वीरजिणिंदो (वीरजिनेन्द्रः), महंतो च सो रायो = महारायो (महाराजः), कुमारी अ सा समणा = कुमारीसमणा, कुमारसमणा (कुमारीश्रमण), कुमारी अ सा गब्भिणी = कुमारगब्भिणी (कुमारगर्भिणी)।

(४) जिसके दोनों पद विशेषणवाचक हों, वह विशेषणोभयपद कहलाता है। यथा–

रत्तो अ एस सेओ = रत्तसेओ आसो (रक्तश्वेतोऽश्वः), सीअं च तं उण्हं च = सीउण्हं जलं (शीतोष्णं जलम्), रत्तं अ तं पीअं च = रत्तपीअं वत्थं (रक्तपीतं वस्त्रम्)।

(५) उपमानवाचक शब्द जिसके पूर्वपद में रहे, वह उपमानपूर्वपद कहलाता है। यथा–

चंदो इव मुहं = चन्दमुहं (चन्द्रमुखम्), घणो इव सामो = घणसामो (घनश्यामः), वज्जो इव देहो = वज्जदेहो (वज्रदेहः), चन्दो इव आणणं = चंदाणणं (चन्द्राननम्)।

(६) उपमानवाचक शब्द जिसके उत्तरपद में हो, उसे उपमानोत्तरपद कहते हैं। यथा–

मुहं चंदो व्व = मुहचंदो (मुखचन्द्रः), जिणो चंदो व्व = जिणचंदो (जिनचन्द्रः)।

(७) जिसमें सम्भावना पायी जाय ऐसा विशेषण अपने विशेष्य के साथ समास को प्राप्त करता है और इस प्रकार के समास को सम्भावनापूर्वपद समास कहते हैं। यथा–

संजमो एव धणं = संजमधणं (संयमधनम्), तवो चिअ धणं = तवोधणं (तपोधनम्), पुण्णं चेअ पाहेज्जं = पुण्णपाहेज्जं (पूर्णपाथेयम्)।

(८) जिसमें अवधारणा पायी जाय ऐसा विशेषण पद भी अपने विशेष्य पद के साथ समस्त हो जाता है। यथा–

अन्नाणं चेअ तिमिरं = अन्नाणतिमिरं (अज्ञानतिमिरम्), नाणं चेअ धणं = नाणधणं (ज्ञानधनम्), पयमेव पउमं = पयपउमं (पादपद्मम्)।

द्विगु (दिगु)

(१) जिस तत्पुरुष के संख्यावाचक शब्द पूर्वपद में हों, वह द्विगु समास कहलाता है। द्विगु समास दो प्रकार का होता है–(१) एकवद्भावी और (२) अनेकवद्भावी।

(२) समाहार अर्थ में जो द्विगु समास होता है. वह एकवद्भावी कहलाता है और उसमें सदा नपुंसकलिंग और एकवचन होता है। यथा–

नवण्हं तत्ताणं समाहारो = नवतत्तं (नवतत्त्वम्), चउण्हं कसायाणं समूहो = चउक्कसायं (चतुष्कषायम्), तिण्हं लोगाणं समूहो = तिलोयं (त्रिलोकम्), तिण्हं लोआणं समूहो = तिलोई (त्रिलोकी)।

(३) प्राकृत में कोई–कोई समाहारद्विगु पुल्लिंग भी हो जाता है। यथा–

तिण्हं वियप्पाणं समाहारो त्ति = तिवियप्पो (त्रिविकल्पम्)।

(४) संज्ञा में जो द्विगु होता है, वह अनेकवद्भावी कहलाता है और इसमें वचन और लिंग का कोई नियम नहीं रहता है। यथा–

तिण्णि लोया = तिलोया (त्रिलोकाः), चउरो दिसाओ = चउदिसा (चतुर्दिशः)।

(३) बहुब्रीहि (बहुव्रीहि)

(१) जब समास में आये हुए दो या अधिक पद किसी अन्य शब्द के विशेषण हों तो उसे बहुब्रीहि समास कहते हैं। यथा–

पीअं अंबरं जस्स सो = पीआंबरो (पीताम्बरः)। इस समास के मुख्य दो भेद हैं–(१) समानाधिकरण बहुब्रीहि और (२) व्यधिकरण बहुब्रीहि। विशेषापेक्षया इसके सात भेद हैं–(१) द्विपद, (२) बहुपद (३) सहपूर्वपद (४) संख्योत्तरपद, (६) संख्योभयपद, (६) व्यतिहारलक्षण (७) दिगन्तराललक्षण।

(१) समानाधिकरण बहुब्रीहि

(२) समानाधिकरण बहुब्रीहि वह है, जिसके दोनों या सभी शब्दों का समान अधिकरण हो अर्थात् वे प्रथमान्त में हों। यथा–

पीअं अंबरं अस्स सी पीआंबरो (पीताम्बरः); आरूढो वाणरो जं रुक्खं सो = आरूढवाणरो रुक्खो (आरूढवानरः वृक्षः); जिआणि इंदियाणि जेण सो = जिइंदियो मुणी (जितेन्द्रियः मुनिः); जिओ कामी जेण सो = जिअकामो महादेवो (जितकामः महादेवः); जिआ परीसहा जेण सो = जिअपरीसहो गोयमो (जितपरीषहः गौतमः), भट्ठो आयरो जाओ सो = भट्ठायारो जणो (भ्रष्टाचारः जनः); नट्ठो मोहो जाओ सो=नट्ठमोहो साहू (नष्टमोहः साधुः); घोरं बंभचेरं जस्स सो = घोरबंभचेरो जंबू (घोरब्रह्मचारी–जम्बुः); समं चउरंसं संठाणं जस्स सो = समचउरंससंठाणो रामो (समचतुरस्रसंस्थानः रामः); कओ अत्थो जस्स सो = कयत्थो कण्हो (कृतार्थः कृष्णः); आसा अंबरं जेसिं ते = आसंबरा (दिगम्बराः); सेयं अंबरं जेसिं ते =

सेयंवरा (श्वेताम्बराः); महंता बाहुणो जस्स सो महाबाहू (महाबाहु); पंच वत्ताणि जस्स सो = पंचवत्तो सीहो (पञ्चवक्त्रः); चत्तारि मुहाणि जस्स सो = चउम्मुहो (चतुर्मुखः) बम्हा; तिण्णि नेत्ताणि जस्स सो = तिणेत्तो (त्रिनेत्रः) हरो; एगो दंतो जस्स सो = एगदंतो (एकदन्तः) गणेसो; वीरा नरा जम्मि गामे सो गामो = वीरणरो (वीरनरः); सुत्तो सिंघो जाए गुहाए सा = सुत्तसिंहा गुहा (सुप्तसिंहा गुफा); दिण्णाइं वयाइं जेसिं ते = दिण्णवयो साहवो (दत्तव्रताः साधवः); पत्तं नाणं जं सो = पत्तनाणो मुणी (प्राप्तज्ञानः मुनिः); जिओ कामो जेण सो = जिअकामो अकलंओ (जितकामोऽकलङ्कः); नट्ठं दंसणं जत्तो सो = नट्ठदंसणो मुणी (नष्टदर्शनो मुनिः); जिओ अरिगणो जेण सो = जिआरिगणो अजिओ (जितारिगणोऽजितः)।

(३) व्यधिकरण बहुब्रीहि वह है, जिसके सभी पद प्रथमान्त न हों, केवल एक ही पद प्रथमान्त हो और दूसरा पद षष्ठी या सप्तमी में हो। यथा–

चक्कं पाणिम्मि जस्स सो चक्कपाणी (चक्रपाणिः); चक्कं हत्थे जस्स सो चक्कहत्थो भरहो (चक्रहस्तो भरतः); गंडीवं करे जस्स सो गंडीवकरो अज्जुणो (गाण्डीवकरोऽर्जुनः)।

(२) विशेषणपूर्वपद बहुब्रीहि

(४) जिस बहुब्रीहि का प्रथम पद विशेषण हो, उसे विशेषणपूर्वपद बहुब्रीहि कहते हैं। यथा–

णीलो कंठो जस्स सो णीलकंठो मोरो (नीलकण्ठो मयूरः)।

(३) उपमानपूर्वपद बहुब्रीहि

(५) जिस बहुब्रीहि का प्रथमपद उपमान हो, उसे उपमानपूर्वपद बहुब्रीहि कहते हैं। यथा–

चन्दो इव मुहं जाए = चंदमुही कन्ना (चन्द्रमुखी कन्या); मियनयणाइं इव नयणाणि जाए सा = मियनयणा (मृगनयना); कमलनयणाइं इव नयणाणि जाए सा = कमलनयणा (कमलनयना); गजाणण इव आणणो जस्स सो = गजाणणो (गजाननः); हंसगमणं इव गमणं जाए सा = हंसगमणा (हंसगमना)।

(४) अवधारणपूर्वपद बहुब्रीहि

(६) जिसके पूर्वपद में अवधारणा पायी जाय, उसे अवधारणपूर्वपद बहुब्रीहि कहते हैं। यथा–

चरणं चेअ धणं जाणं = चरणधणा साहवो (चरणधनाः साधवः)।

(५) बहुपद बहुब्रीहि

(७) साधनदशा में दो से अधिक पदों का जो समास होता है, उसे बहुपद बहुब्रीहि कहते हैं। यथा–

धुओ सव्वो किलेसो जस्स सो = धुअसव्वकिलेसो जिणो (धुतसर्वक्लेशो जिनः)

(६) नञ् (न) बहुब्रीहि

(८) निषेध के अर्थवाचक अ और अण के साथ जो बहुब्रीहि समास होता है, उसे नञ् या न बहुब्रीहि कहते हैं। यथा–

न अत्थि भयं जस्स सो = अभयो (अभयः); न अत्थि पुत्तो जस्स सो = अपुत्तो (अपुत्रः); न अत्थि णाहो जस्स सो = अणाहो (अनाथः), न अत्थि पच्छिमो जस्स सो = अपच्छिमो (अपश्चिमः); न अत्थि उयरं जीए सा= अणुयरा (अनुदरा कन्या); नत्थि उज्जमो जस्स सो = अणुज्जमो पुरिसो (अनुद्यमः पुरुषः); नत्थि अवज्जं जस्स सो = अणवज्जो मुणी (अनवद्यो मुनिः)।

(७) सहपूर्व बहुब्रीहि

(९) सह अव्यय जिस बहुब्रीहि समास में हो, उसे सहपूर्वपद बहुब्रीहि कहते हैं। सह अव्यय का तृतीयान्त पद के साथ समास होता है तथा आशीर्वाद अर्थ को छोड़ शेष अर्थों में सह स्थान पर स आदेश होता है। यथा–पुत्तेण सह = सपुत्तो राया (सपुत्रः राजा); सीसेण सह = ससीसो आयरिओ (सशिष्यः आचार्यः); पुण्णेण सह = सपुण्णो लोयो (सपुण्यः लोकः); पावेण सह = सपावो रक्खसो (सपापः राक्षसः); कम्मणा सह = सकम्मो नरो (सकर्मा नरः); फलेण सह = सफलं (सफलम्); मूलेण सह–समूलं (समूलं); चेलेण सह = सचेलं ण्हाणं (सचैलं स्नानम्); कलत्तेण सह = सकलत्तो नरो (सकलत्रं)।

(८) प्रादि बहुब्रीहि

(१०) प, नि, वि, अव, अइ, परि आदि उपसर्गों के साथ जो बहुब्रीहि समास होता है, उसे प्रादि बहुब्रीहि कहते हैं। यथा–

प–पगिट्ठं पुण्णं जस्स सो = पपुण्णो जणो (प्रपुण्यः जनः)।

नि–निग्गया लज्जा जस्स सो = निल्लज्जो (णिर्लज्जः)।

वि–विगओ धवो जाए सा = विहवा (विधवा)।

अव–अवगतं रूवं जस्स सो = अवरूवो (अपरूपः)।

अइ–अइक्कंतो मग्गो जेण सो = अइमग्गो रहो (अतिमार्गः रथः)।

परि–परिअअं जलं जाए सा = परिजला परिहा (परिजला परिखा)।

निर्–निग्गआ दया जस्स सो = निद्दयो जणो (निर्दयो जनः)।

(४) द्वन्द्व समास (दंद समास)

(१) दो या दो से अधिक संज्ञाएँ एक साथ रखी गई हों और उन्हें च (य) शब्द के द्वारा जोड़ा गया हो तो वह द्वन्द्व समास कहलाता है। इस समास के तीन भेद हैं–

(१) इतरेतर द्वन्द्व। (२) समाहार द्वन्द्व। (३) एकशेष द्वन्द्व।

(१) इतरेतर द्वन्द्व

(२) जिस समास में आई हुई दोनों संज्ञाएँ अपना प्रधान व्यक्तित्व रखती हों, उस समास को इतरेतर द्वन्द्व कहते हैं। यथा–

पुण्णं य पावं य = पुण्णपावाइं (पुण्यपापे)।
अजिओ अ संती अ = अजियसंतिणो (अजितशान्ती)।
उसहो अ वीरो अ = उसहवीरा (ऋषभवीरौ)।
देवा य दाणवा य गंधव्वा य = देवदाणवगंधव्वा (देवदानवगन्धर्वाः)।
वाणरो अ मोरो अ हंसो अ = वाणरमोरहंसा (वानरमयूरहंसाः)।
सावओ अ साविआ य = सावअसाविआओ (श्रावकश्राविके)।
देवा य देवीओ अ = देवदेवीओ (देवदेव्यः)।
सासू अ बहू अ = सासूबहूओ (श्वश्रूवध्वो)।
भक्खं अ अभक्खं अ = भक्खाभक्खाणि (भक्ष्याभक्ष्ये)।
पत्तं य पुप्फं य फलं य = पत्तपुप्फफलाणि (पत्रपुष्पफलानि)।
जीवा य अजीवा य = जीवाजीवा (जीवाजीवौ)।
सुहं य दुक्खं य = सुहदुक्खाइं (सुखदुःखे)।
सुरा य असुरा य = सुरासुरा (सुरासुराः)।
हत्था य पाया य =हत्थपाया (हस्तपादाः)।
लाहा य अलाहा य = लाहालाहा (लाभालाभौ)।
सारं य असारं य = सारासारं (सारासारम्)।
रूवं य सोहग्गं य जोव्वणं य = रूवसोहग्गजोव्वणाणि (रूपसौभाग्ययौवनानि)।

(२) समाहारद्वन्द्व

(३) जिस समास में अ या य शब्द से जुड़ी हुई संज्ञाएँ अपना पृथक् अर्थ रखने पर भी समूह अर्थ का बोध कराती हों, उसे समाहार द्वन्द्व कहते हैं। यथा–

असणं य पाणं य एएसिं समाहारो = असणपाणं (अशनपानम्)।
तवो अ संजमो अ एएसिं समाहारो = तवसंजमं (तपःसंयमम्)।
नाणं य दंसणं य चरित्तं य एएसिं समाहारो = नाणदंसणचरित्तं (ज्ञानदर्शनचरित्रम्)।

राओ अ दोसो अ भयं अ मोहो अ एएसिं समाहारो = राअदोसभयमोहं (रागद्वेषभयमोहम्)।

(३) एकशेष द्वन्द्व

(४) जिस समास में दो या अधिक शब्दों में से एक ही शेष रहे, उसे एकशेष द्वन्द्व कहते हैं। यथा–

जिणो अ जिणो अ जिणो अ त्ति = जिणा (जिनाः)।

नेत्तं य नेत्तं य त्ति = नेत्ताइं (नेत्रे)।

माआ य पिआ य त्ति = पिअरा (पितरौ)।

सासू अ ससुरो अ त्ति = ससुरा (श्वशुरौ)।

❑ ❑ ❑

तद्धित

(१) धातुओं को छोड़ शेष प्रकार के शब्दों में जिन प्रत्ययों को जोड़ने से कुछ और भी अर्थ निकलता है, उन प्रत्ययों को तद्धित प्रत्यय कहते हैं; यथा–अण्, त्व, मत् आदि तद्धित प्रत्यय हैं। इन प्रत्ययों के लगाने से जो शब्द बनते हैं, उन्हें तद्धित कहते हैं। तद्धित प्रत्यय तीन प्रकार के होते हैं–सामान्यवृत्ति, भाववाचक और अव्ययसंज्ञक। सामान्यवृत्ति के अपत्यार्थक, देवतार्थक, सामूहिक आदि नौ भेद हैं।

(२) प्राकृत में इदमर्थ–'यह इसका' इस सम्बन्ध को सूचित करने के लिए 'केर' प्रत्यय जोड़ा जाता है।[१] यथा–

अस्मद् (अम्ह) + केर = अम्हकेरं (अस्माकमिदम् , अस्मदीयम्)।

युष्मद् (तुम्ह) + केर = तुम्हकेरं, तुम्हकेरो (युष्माकमिदम्, युष्मदीयम्, युष्मदीयः)

पर + केर = परकेरं (परस्य इदम् , परकीयम्)।

राय +केर = रायकेरं (राज्ञ इदम् , राजकीयम्)।

(३) इदमर्थ में युष्मद्, अस्मद् शब्दों से पर में रहने वाले संस्कृत अञ् प्रत्यय के स्थान पर 'एच्चय' आदेश होता है।[२] यथा–

युष्मद् (तुम्ह) + एच्चय = तुम्हेच्चयं (यौष्माकम्)।

अस्मद् (अम्ह) + एच्चय = अम्हेच्चयं (अस्माकम्)।

(४) अपत्य अर्थ में प्राकृत में संस्कृत के समान अ (अण्), इ (इञ्), आयण, एय, इत, ईण और इक प्रत्यय होते हैं। यथा–

सिव + अ–सिवस्स अपत्तं = सेवो; दसरह +ई = दासरही।

वसुदेव + अ–वसुदेवस्स अपत्तं = वासुदेवो।

नड + आयण–नडस्स अपत्तं = नाडायणो।

कुलडा + एय–कुलडाए अपत्तं = कोलडेयो।

महाउल + ईण–महाउलस्स अपत्तं = महाउलीणो।

(५) भव अर्थ बतलाने के लिए इल्ल और उल्ल प्रत्यय जोड़े जाते हैं[३] यथा–

इल्ल–गाम + इल्ल = गामिल्लं (ग्रामे भवम्), स्त्रीलिंग में गामिल्ली (ग्रामे भवा)।

---

१. इदमर्थस्य केरः ८।२।१४७। २. युष्मदस्मदोऽञ एच्चयः ८।२।१४९

३. डिल्ल–डुल्लौ भवे ८।२।१६३।

पुर + इल्ल–पुरिल्लं (पुरे भवम्), स्त्री. पुरिल्ली।

हेट्ठ (अधस्) + इल्ल = हेट्ठिल्लं (अधो भवम्) स्त्री. हेट्ठिल्ली।

उवरि + इल्ल = उवरिल्लं (उपरि भवम्)।

उल्ल–अप्प + उल्ल = अप्पुल्लं (आत्मनि भवम्)।

तरु + उल्ल= तरुल्लं (तरौ भवम्)।

नयर + उल्ल = नयरुल्लं (नगरे भवम्)।

(६) संस्कृत के वत् प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'व्व' आदेश होता है।[१] यथा–

व्व–महु + व्व = महुव्व (मधुवत्)

महुर + व्व = महुरव्व पाडलिपुत्ते पासया (मथुरावत् पाटलिपुत्रे प्रासादाः)

(७) संस्कृत के त्व के स्थान पर प्राकृत में डिमा और त्तण विकल्प से आदेश होते हैं।[२] यथा–

पीण + इमा = पीणिमा (पीनत्वम्)।

पीण + त्तण = पीणत्तणं, पीण + त्त = पीणत्तं (पीनत्वम्)।

पुप्फ + इमा = पुप्फिमा (पुष्पत्वम्)।

पुप्फ + त्तण = पुप्फत्तणं, पुप्फ + त्त = पुप्फत्तं (पुष्पत्वम्)।

(८) वार अर्थ प्रकट करने के लिए–क्रिया की अभ्यावृत्ति की गणना अर्थ में संस्कृत के कृत्वस् प्रत्यय के स्थान पर 'हुत्तं' आदेश होता है।[३] आर्ष प्राकृत में यह प्रत्यय खुत्तं हो जाता है। यथा–

एय + हुत्तं = एयहुत्तं (एककृत्वः–एकवारम्)।

दु + हुत्तं = दुहुत्तं (द्विवारम्)।

ति + हुत्तं–तिहुत्तं (तिवारम्)।

सय + हुत्तं = सयहुत्तं (शतवारम्)।

सहस्स + हुत्तं = सहस्सहुत्तं (सहस्रवारम्)।

(९) 'वाला' अर्थ बतलाने वाले संस्कृत के मतुप् प्रत्य के स्थान पर आलु, इल्ल, उल्ल, आल, वन्त, मन्त, इत्त, इर और मण आदेश होते हैं।[४]

आल– रस + आल = रसालो (रसवान्)।

जडा + आल = जडालो (जटावान्)।

---

१. वतेर्व्वः ८।२।१५०। २. त्वस्य डिमा–त्तणौ वा ८।२।१५४।

३. कृत्वसो हुत्तं ८।२।१५८। ४. आल्विल्लोल्लाल–वन्त–मन्तेत्तेर–मणा मतोः ८।२।१५९।

जोण्हा + आल = जोण्हालो (ज्योत्स्नावान्)
सद्द + आल = सद्दालो (शब्दवान्)
फडा + आल = फडालो (फटावान्)
आलु– ईसा + आलु = ईसालू (ईर्ष्यावान्)
दया + आलु + दयालू (दयालु)
नेह + आलु = नेहालू (स्नेहवान्)
लज्जा + आलु = लज्जालु (लज्जावान्), स्त्री. लज्जालुआ (लज्जावती)
इत्त– कव्व + इत्त = कव्वइत्तो (काव्यवान्)
माण +इत्त = माणइत्तो (मानवान्)
इर– गव्व + इर = गव्विरो (गर्ववान्)
इल्ल– सोहा + इल्ल = सोहिल्लो (शोभावान्)
छाया + इल्ल = छाइल्लो (छायावान्)
जाम + इल्ल = जामइल्लो (यामवान्)
उल्ल– वियार + उल्ल = वियारुल्लो (विचारवान्)
वियार + उल्ल = वियारुल्लो (विकारवान्)
मंस + उल्ल = मंसुल्लो (श्मश्रुवान्)
दप्प + उल्ल = दप्पुल्लो (दर्पवान्)
मण– धण + मण = धणमणो (धनवान्)
सोहा + मण = सोहामणो (शोभावान्)
बीहा + मण = बीहामणो (भीयान्)
मंत– हनु + मंत = हणुमंतो (हनुमान्)
सिरि + मंत = सिरिमंतो (श्रीमान्)
पुण्ण + मंत = पुण्णमंतो (पुण्यवान्)
वंत– धण + वंत = धणवंतो (धनवान्)
भत्ति + वंत = भत्तिवंतो (भक्तिमान्)

(१०) संस्कृत के तस् प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में त्तो और विकल्प से दो आदेश होते हैं।[१] यथा–

सव्व + तस् (त्तो) = सव्वत्तो, सव्वदो, सव्वओ (सर्वत:)
एक + तस् (त्तो) = एकत्तो, एकदो, एकओ (एकत:)
अन्न + तस् (त्तो) = अन्नत्तो, अन्नदो, अन्नओ (अन्यत:)

---

१. त्तो दो तसो वा ८।२।१६० तसः प्रत्ययस्य स्थाने त्तो, दो इत्यादेशौ भवतः।

कु + तस् (त्तो) = कुत्तो, कुदो, कुओ (कुतः)

ज + तस् (त्तो) = जत्तो, जदो, जओ (यतः)

त = तस् (त्तो) = तत्तो, तदो, तओ (ततः)

इ + तस् (त्तो) = इत्तो, इदो, इओ (इतः)

(११) संस्कृत के त्रप् प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में हि, ह और त्थ प्रत्यय आदेश होते हैं।[१] यथा–

ज + त्र (हि) = जहि, जह, जत्थ (यत्र)

त + त्र (हि) = तहि, तह, तत्थ (तत्र)

क + त्र (हि) = कहि, कह, कत्थ (कुत्र)

अन्न + त्र (हि) = अन्नहि, अन्नह, अन्नत्थ (अन्यत्र)

(१२) स्वार्थिक क प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से अ, इल्ल और उल्ल प्रत्यय आदेश होते हैं।[२] यथा–

अ– चंद + अ = चंदओ, चंदो (चन्द्रकः)

हअय + अ = हिअयअं, हिअयं (हृदयकम्)

बहुअ + अ = बहुअअं, बहुअं (बहुकम्)

इल्ल–पल्लव + इल्ल = पल्लविल्लो, पल्लवो (पल्लवः)

पुरा + इल्ल = पुरिल्लो, पुरा (पुरा)

उल्ल–पिअ + उल्ल = पिउल्लो, पिआ (पिता)

हत्थ + उल्ल = हत्थुल्लो, हत्थो (हस्तः)

(१३) अंकोठ शब्द को छोड़ शेष बीजवाची शब्दों से लगने वाले तैल प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'एल्ल' प्रत्यय जोड़ा जाता है।[३] यथा–

कडु + तैल = कडुएल्लं (कटुतैलम्)।

अंकोठ + तैल = अंकोल्लतेल्लं (अङ्कोठतैलम्)

(१४) यद्, तद् और एतद् शब्दों से पर में आने वाले परिमाणार्थक प्रत्यय के स्थान में इत्तिअ आदेश होता है और एतद् शब्द का लुक् भी होता है।[४] यथा–

यत् (ज) + इत्तिअ = जित्तिअं (यावत्)

तद् (त) + इत्तिअ = तित्तिअं (तावत्)

एतद् + इत्तिअ = इत्तिअं (एतावत्)

---

१. त्रपो हि–हित्थाः ८।२।१६१ त्रप् प्रत्ययस्य एते भवन्ति।

२. स्वार्थे कश्च वा ८।२।१६४ ३. अनङ्कोठात्तैलस्य डेल्लः ८।२।१५५

४. यत्तदेतदोतोरित्तिअ एतल्लुक् च ८।२।१५६

(१५) इदम्, किम्, यद्, तद् और एतद् शब्दों से पर में आने वाले परिमाणार्थक प्रत्यय के स्थान में डेत्तिअ, डेत्तिल और डेद्दह आदेश होते हैं। इन प्रत्ययों के आने पर एतद् शब्द का लुक हो जाता है।[१] यथा–

ज + एत्तिअ = जेत्तिअं
ज + एत्तिल = जेत्तिलं } यावत्
ज + एद्दह = जेद्दहं

त + एत्तिअ = तेत्तिअं
त + एत्तिल = तेत्तिलं } तावत्
त + एद्दह = तेद्दहं

एत + एत्तिअ = एत्तिअं
एत + एत्तिल = एत्तिलं } एतावत्, इयत्
एत + एद्दह = एद्दहं

क + एत्तिअ = केत्तिअं
क + एत्तिल =केत्तिलं } कियत्
क + एद्दह = केद्दहं

(१६) भाववाचक संस्कृत के त्व और तल प्रत्यय के स्थान पर ये ही प्रत्यय रह जाते हैं।[२] यथा–

मृदुक + त्व = मउअत्त + ता = मउअत्तता, मउअत्तया (मृदुकत्वता)।

(१७) एक शब्द के उत्तर में होने वाले दा प्रत्यय के स्थान में सि, सिअं और इआ आदेश होते हैं।[३] यथा–

एक्क + सि = एक्कसि
एक्क + सिअं = एकसिअं } एकदा
एक्क + इआ = एक्कइआ

(१८) भ्रू शब्द से स्वार्थ में मया और डमया ये दो प्रत्यय होते हैं।[४] यथा–

भ्रू (भु) + मया =भुमया
भ्रू (भ) + डमया =भमया } भ्रूः

(१९) शनि शब्द से स्वार्थिक डिअम् प्रत्यय होता है।[५] यथा–

---

१. इदंकिमश्च डेत्तिअ–डेत्तिल–डेद्दहाः ८।२।१५७

२. त्वादेः सः ८।२।१७२

३. वैकाद्दः सि सिअं इआ ८।२।१६२

४. भ्रुवो मया डमया ८।२।१६७

५. शनैसो डिअम् ८।२।१६८

शनैः + इअ = सणिअं (शनैः), सणिअमवगूढो।

(२०) मनाक् शब्द से स्वार्थिक डयम् और डिअम् प्रत्यय विकल्प से होते हैं।[१] यथा–

मनाक् (मण) + अय = मगयं } मनाक्
मनाक् (मण) + इय = मणियं, मणा }

(२१) मिश्र शब्द से स्वार्थिक डालिअ प्रत्यय विकल्प से होता है।[२] यथा–

मिश्र (मीस) + आलिअ = मीसालिअं, मीसं (मिश्रम्)

(२२) दीर्घ शब्द से स्वार्थिक रो प्रत्यय विकल्प से होता है।[३] यथा–

दीर्घ (दीह) + र =दीहरं, दीहं (दीर्घम्)

(२३) विद्युत्, पत्र, पीत और अन्ध शब्द से स्वार्थ में ल प्रत्यय विकल्प से होता है।[४] यथा–

विद्युत् (विज्जु) + ल = विज्जुला, विज्जू (विद्युत्)

पत्र (पत्त) + ल = पत्तलं, पत्तं (पत्रम्)

पीत (पीअ) + ल = पीअलं, पीवलं, पीअं (पीतम्)

अन्ध + ल = अंधलो, अंधो (अन्धः)

(२४) नव और एक शब्द को स्वार्थ में विकल्प से ल्लो प्रत्यय होता है।[५] यथा–

नव + ल्ल–नवल्लो, नवो (नवकः)

एक + ल्ल = एकल्लो, एक्को (एककः)

अवरि + ल्ल = अवरिल्लो

(२५) पथ शब्द से होने वाले ण के स्थान में इकट् प्रत्यय होता है।[६] यथा–

पह + इअ = पहिओ (पान्थः)

(२६) आत्म शब्द से होने वाले ईय के स्थान में णय आदेश होता है।[७] यथा–

अप्प + णय = अप्पणयं (आत्मीयम्)

---

१. मनाको न वा डयं च ८।२।१६९
२. मिश्राड्डालिअः ८।२।१७०
३. रो दीर्घात् ८।२।१७१
४. विद्युत्पत्र–पीतान्धाल्लः ८।२।१७३
५. ल्लो नवैकाद्वा ८।२।१६५
६. पथो णस्येकट् ८।२।१५२
७. ईयस्यात्मनो णयः ८।२।१५३

(२७) सर्वाङ्ग शब्द से विहित इन के स्थान में इक आदेश होता है।[१] यथा–

सव्वंग + इअ = सव्वंगिओ (सर्वाङ्गीणः)

(२८) पर और राजन् शब्द से सम्बन्ध बतलाने के लिए क्क प्रत्यय होता है।[२] यथा–

पर + क्क = परक्कं(परकीयम्)

राय + क्क = राइक्कं (राजकीयम्)

(२९) संस्कृत तद्धितान्त रूपों के ऊपर से प्राकृत के रूप बनाये जाते हैं। यथा–

धनिन् = धनी–धणी   कानीनः = काणीणो

आर्थिकः = अत्थिओ   मदीयम् = मईयं

तपस्विन् = तपस्वी = तवस्सी   पीनता = पीणया

भैक्षम् = भिक्खं   राजन्यः = रायण्णो

आस्तिकः = अत्थिओ कोशेयम् = कोसेयं

आर्षम् = आरिसं   पितामहो = पिआमहो

यदा = जया; कदा = कया, सर्वदा = सव्वया, तदा = तया, अन्यदा = अण्णहा; सर्वथा = सव्वहा।

तर और तम प्रत्यय

प्राकृत में एक से श्रेष्ठ और सबसे श्रेष्ठ का भाव बतलाने के लिए तर (अर), तम (अम), ईयस् (ईअस) और इष्ठ (इट्ठ) का प्रयोग संस्कृत के समान ही होता है। इन तुलनात्मक विशेषणों की (Degree of Comparison) की तालिका दी जाती हैं।

तिक्ख (तीक्ष्ण)	तिक्खअर (तक्ष्णतर)	तिक्खअम (तीक्ष्णतम)
उज्जल (उज्ज्वल)	उज्जलअर (उज्ज्वलतर)	उज्जलअम (उज्ज्वलतम)
पग्गहिय (प्रगृहीत)	पग्गहियअर (प्रगृहीततर)	पग्गहियतम (प्रगृहीततम)
थोव (स्तोक)	थोवअर (स्तोकतर)	थोवअम (स्तोकतम)
अप्प (अल्प)	अप्पअर (अल्पतर)	अप्पअम (अल्पतम)
अहिअ (अधिक)	अहिअअर, अहिअदर (अधिकतर)	अहिअअम, अहिअयम (अधिकतम)
पिअ (प्रिय)	पिअअर (प्रियतर)	पिअअम (प्रियतम)
हलु, लहु (लघु)	हलुअर (लघुतर)	हलुअम (लघुतम)

---

१. सर्वाङ्गादीनस्येकः ८।२।१५१   २. पर–राजभ्यां क्क –डिक्कौ च ८।२।१४८

अप्प (अल्प)	कणीअस (कनीयस्)	कणिट्ठ, कणिट्ठग (कनिष्ट)
बहु	भूयस (भूयस्)	भूइट्ठ (भूयिष्ठ)
पावी (पापी)	पावीयस (पापीयस्)	पाविट्ठ (पापिष्ठ)
गुरु	गरीयस (गरीयस्)	गरिट्ठ (गरिष्ठ)
जेट्ठ (ज्येष्ठ)	जेट्ठयर (ज्येष्ठतर)	जेट्ठयम (ज्येष्ठतमं)
विउल (विपुल)	विउलअर (विपुलतर)	विउलअम (विपुलतम)
पडु (पटु)	पडीअस, पडुअर (पटीयस्)	पडिट्ठ, पडुअम (पटुतम)
धणी (धनी)	धणिअर	धणिअम
महा	महत्तर	महत्तम
वुड्ढ (वृद्ध)	जायस (ज्यायस्)	जेट्ठ (ज्येष्ठ)
थूल (स्थूल)	थूलअर (स्थूलतर)	थूलअम (स्थूलतम)
बहुल	बंहीअस (बंहीअस्)	बंहिट्ठ (बंहिष्ट)
दीहर (दीर्घ)	दीहरअस (दीर्घतर)	दीहरअम (दीर्घतम)
अंतिम (अन्तिम)	नेदीअस (नेदीयस्)	नेदिट्ठ (नेदिष्ठ)
दूर	दवीअस (दवीयस्)	दविट्ठ (दविष्ठ)
पाचअ (पाचक)	पाचअअर (पाचकतर)	पाचअअम (पाचकतम)
विउस (विद्वान्)	विउसअर (विद्वत्तर)	विउसअम (विद्वत्तम)
मिउ (मृदु)	मिउअर (मृदुतर)	मिउअम (मृदुतम)
धम्मी (धर्म्मी)	धम्मीअस (धर्मीयस्)	धम्मिट्ठ (धर्मिष्ठ)
खुद्द (क्षुद्र)	खुद्दअर (क्षुद्रतर)	खुद्दअम (क्षुद्रतम)
मइम (मतिमान्)	मईअस (मतीयस्)	मइट्ठ (मतिष्ठ)

❑ ❑ ❑

नवाँ अध्याय
क्रियाविचार

प्राकृत में क्रिया शब्दों के मूल रूप को धातु कहते हैं। धातुओं में विविध प्रत्यय जोड़ने पर क्रिया के रूप बनते हैं।

प्राकृत में क्रियारूपों के विकास पर सादृश्य का प्रभाव संज्ञा आदि रूपों की अपेक्षा और भी अधिक व्यापक रूप में मिलता है। द्विवचन का लोप, कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य के रूपों का प्रायः एकीकरण, आत्मनेपद के रूपों का ह्रास, विविध काल रूपों में अनुरूपता, क्रिया के विभिन्न रूपों में ध्वनिपरिवर्तन के कारण समानता आदि प्राकृत के क्रियाविकास की कुछ मुख्य विशेषताएँ हैं। संस्कृत धातुएँ भ्वादि, अदादि, जुहोत्यादि, स्वादि, तुदादि, रुधादि, तनादि, क्र्यादि और चुरादि इन दश गणों में विभक्त हैं। इन गणों के अनुसार ही विभक्तियों के जुड़ने के पूर्व धातु में परिवर्तन होता है। परन्तु इन सबमें भ्वादि रूपों की ही व्यापकता प्राकृत के क्रियापदों के विकास में मिलती है। कालरचना की दृष्टि से वर्तमान, भूत, आज्ञा, विधि, भविष्य और क्रियातिपत्ति के प्रयोग प्राकृत में दिखलायी पड़ते हैं। सहायक क्रिया के साथ कृदन्त रूपों का व्यवहार बहुलता से उपलब्ध होता है। अतएव यह कहा जा सकता है कि सादृश्य और ध्वनिविकास के कारण क्रिया के रूप अधिक सरल हो गये हैं। संस्कृत के समान क्रियारूपों में पेचीदगी नहीं है।

क्रियारूपों की जानकारी के सम्बन्ध में निम्न नियम स्मरणीय हैं–

(१) प्राकृत में तिप् आदि प्रत्ययों को तिङ् कहते हैं। अकारान्त धातुओं को छोड़कर शेष धातुओं में आत्मनेपदी और परस्मैपदी का भेद नहीं माना जाता। हाँ, अदन्त या अकारान्त धातुएँ उभयपदी होती हैं।

(२) अकारान्त आत्मनेपदी धातुओं के प्रथम और मध्यम पुरुष एकवचन के स्थान में क्रमशः ए और से आदेश विकल्प से होते हैं। यथा–तुवरए < त्वरते; तुवरसे < त्वरसे।

(३) अदन्त धातुओं से 'मि' के पर में रहने पर पूर्व के 'अ' का आत्व विकल्प से होता है। यथा– हसामि, हसमि इत्यादि।

(४) अकारान्त धातुओं से मो, मु और म पर में रहे तो पूर्व के अकार के स्थान में इ और आ होते हैं। कहीं–कहीं ए भी हो जाता है। यथा–हसिमो, हसामो, हसेमो; हसिमु, हसेमु इत्यादि।

(५) स्वरान्त धातु से भूतकाल में सभी पुरुषों और वचनों में विहित प्रत्ययों के स्थान पर ही, सी और हीअ आदेश होते हैं। यथा–काही, कासी, काहीअ; ठाही, ठासी और ठाहीअ (आकार्षीत्, अकरोत्, चकार; अस्थात्, अतिष्ठत्, तस्थौ)।

(६) व्यञ्जनान्त धातुओं से भूतकाल में विहित सभी प्रत्ययों के स्थान में इअ आदेश होता है। यथा–गहणीअ < अग्रहीत्, अगृह्णात् , जग्राह।

(७) अस धातु के सभी पुरुषों के एकवचन में आसि और बहुवचन में अहेसि आदेश होता है।

(८) वर्तमानकाल और आज्ञार्थ धातुओं में अन्त्य अ हो तो विकल्प से प्रत्यय के पूर्ववर्ती उस अ को विकल्प से ए हो जाता है। यथा–हसेइ < हसति।

(९) वर्तमानकाल के समान ही भविष्यत् काल के प्रत्यय होते हैं, किन्तु मि, मो, मु, म प्रत्ययों से पूर्व विकल्प से हिस्सा और हित्था आदेश होते हैं।

(१०) धातु से परे भविष्यत् काल के मि प्रत्यय के स्थान पर स्सं विकल्प से होता है।

(११) भविष्यत्काल में पूर्व अ के स्थान पर इ और ए होता है।

(१२) विधि और आज्ञार्थ में धातु से पर इज्जसु, इज्जहि, इज्जे प्रत्यय जोड़े जाते हैं। प्रत्यय का लोप होने से धातु का मूल रूप ज्यों का त्यों भी शेष रह जाता है।

(१३) क्रियातिपत्ति में ज्ज, ज्जा, न्त और माण प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

(१४) क्रियातिपत्ति में ज्ज, ज्जा प्रत्यय जोड़ने के पूर्व सभी पुरुष और सभी वचनों में अकार को एत्व हो जाता है।

कर्त्तरि में धातुओं के विकरणों के नियम

(१५) व्यञ्जनान्त में अ विकरण जोड़ने के अनन्तर प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यथा–

भण् + अ–भण +इ = भणइ < भणति
कह् + अ–कह, कह + इ = कहइ < कथयति
सम् + अ–सम, सम+इ = समइ < शाम्यति
हस् + अ–हस, हस + इ = हसइ < हसति
आव् + अ–आव, आव + इ = आवइ < आप्नोति
सिंच् + अ–सिंच, सिंच + इ = सिंचइ < सिञ्चति
रुन्ध् = अ–रुन्ध, रुन्ध +इ =रुन्धइ < रुणद्धि
मुस् + अ–मुस, मुस + इ = मुसइ < मुष्णाति
तण् + अ–तण, तण + इ = तणइ < तनोति

(१६) अकारान्त धातुओं के अतिरिक्त शेष स्वरान्त धातुओं में अ विकरण विकल्प से जुड़ता है। यथा–

पा + अ–पाअ, पाअ + इ = पाअइ; पा+ इ = पाइ < पाति

जा +अ–जाअ, जाअ + इ = जाअइ; जा +इ =जाइ < याति

धा + अ–धाअ, धाअ + इ = धाअइ; धा+इ = धाइ < धयति, धावति, दधाति

झा + अ–झाअ, झाअ + इ = झाअइ; झा +इ = झाइ < ध्यायति

जंभा + अ–जंभाअ, जंभाअ +इ = जंभाअइ; जंभा + इ = जंभाइ < जम्भते

वा + अ–वाअ, वाअ + इ + वाअइ; वा + इ = वाह < वाति

मिला + अ–मिलाअ, मिलाअ+इ=मिलाअइ; मिला + इ = मिलाइ < म्लायति

विक्की–विक्के + अ–विक्केअ, विक्केअ +इ= विक्केअइ; विक्के + इ = विक्केइ < विक्रीणाति

हो + अ–होअ, होअ + इ = होअइ, हो + इ = होइ < भवति।

(१७) उकारान्त धातुओं में उ के स्थान पर उव आदेश होने के अनन्तर अ विकरण जोड़ा जाता है। यथा–

ण्हु–ण्हव् + अ–ण्हव + इ = ण्हवइ < ह्नुते

नि + ण्हु–निण्हव् + अ = निण्हुव + इ = निण्हवइ < निह्नुते

हु–हव् , हव् + अ–हव + इ = हवइ < जुहोति

चु–चव् , चव् + अ = चव + इ = चवइ < च्यवते

रु–रव्–रव् + अ = रव +इ=रवइ < रौति

कु–कव्, कव् + अ = कव + इ = कवइ < कौति

सू–सव् + अ = सव + इ = सवइ < सूते; पवसइ < प्रसूते

(१८) ऋकारान्त धातुओं में ऋ के स्थान पर अर् हो जाने के अनन्तर अ विकरण जोड़ा जाता है। यथा–

कृ–कर् , कर् + अ = कर, कर +इ = करइ < करोति

धृ–धर्, धर् + अ = धर + इ = धरइ < धरति

मृ–मर्, मर् + अ = मर + इ = मरइ < म्रियते

वृ–वर्, वर् + अ = वर + इ = वरइ < वृणोति, वृणुते

सृ–सर्, सर् + अ = सर + इ = सरइ < सरति

हृ–हर्, हर् + अ = हर + इ = हरइ < हरति

तृ–तर, तर् + अ = तर + इ = तरइ < तरति

(१९) उपान्त्य ऋ वर्णवाली धातुओं में ऋकार के स्थान पर अरि आदेश होता है, पश्चात् अ विकरण जोड़ा जाता है। यथा–

कृष्–कृ = करि–करिस् + अ = करिस + इ = करिसइ < कर्षति
मृष्–मरिस् + अ = मरिस + इ = मरिसइ < मृष्यते
वृष्–वरिस् + अ = वरिस + इ = वरिसइ < वर्षति
हृष्–हरिस् + अ = हरिस + इ = हरिसइ < हृष्यति

(२०) इकारान्त और उकारान्त धातुओं में इकार के स्थान पर ए और उकार के स्थान पर ओ होता है। यथा–

नी–ने +इ = नेइ < नयति, नेंति < नयन्ति
उड्डी–उड्डे + इ= उड्डेइ < उड्डयते, उड्डेंति < उड्डयन्ते

(२१) कुछ व्यञ्जनान्त धातुओं के उपान्त्य स्वर को दीर्घ होता है। यथा–

रुष्–रुस्–रूस +इ = रूसइ < रुष्यति
तुष्–तुस्–तूस + इ = तूसइ < तुष्यति
शुष्–सुस्–सूस + इ = सूसइ < शुष्यति
पुष्–पुस्–पूस + इ = पूसइ < पुष्यति
शिष्= सीस + इ = सीसइ < शिष्यते

(२२) धातुओं के नियत स्वर के स्थान पर प्रयोगानुसार अन्य स्वर होता है।

हवइ–हिवइ < भवति — चिणइ–चुणइ < चिनोति
सद्दहणं–सद्दहाणं < श्रद्धधानम् — धावइ–धुवइ < धावति
दा–दे–देइ < ददाति, दाति — ला–ले–लेइ < लाति
विहा–विहे–विहेइ < विदधाति, विभाति — ब्रू–बे–बेमि < ब्रवीमि

(२३) कुछ धातुओं के अन्त्य व्यञ्जन को द्वित्व होता है। यथा–

फुडइ, फुट्टइ < स्फुटति — चलइ, चल्लइ < चलति
निमीलइ, निमिल्लइ < निमीलति — संमीलइ, सम्मिल्लइ < सम्मीलति
जिम्मइ — परिअट्टइ < पर्यटति
सक्कइ < शक्नोति — तुट्टइ < त्रुटति
नट्टइ < नृत्यति नटति — नस्सइ < नश्यति
कुप्पइ < कुप्यति,

(२४) कुछ धातुओं में संस्कृत के विकरण जुड़ जाने पर द्य के स्थान में ज्ज आदेश होता है। यथा–

संपज्जइ < सम्पद्यते; सिज्जइ < स्विद्यति; खिज्जइ < खिद्यते

वर्तमानकाल के प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष (Third Person)	इ, ए	न्ति, न्ते, इरे
मध्यम पुरुष (Second Person)	सि, से	इत्था, ह
उत्तम पुरुष (First Person)	मि	मो, मु, म

भूतकाल के प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन	
प्र. पु.	ईअ	ईअ	व्यञ्जनान्त धातुओं के लिए
म. पु.	ईअ	इंअ	,, ,,
उ. पु.	ईअ	ईअ	,, ,,

स्वरान्त धातुओं में तीनों पुरुष और दोनों वचनों में सी, ही, हीअ ये तीन प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

भविष्यत्काल के प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	हिइ, हिए	हिन्ति, हिन्ते, हिरे
म. पु.	हिसि, हिसे	हित्था, हिह
उ. पु.	स्सं, स्सामि, हामि, हिमि	स्सामो, हामो, हिमो, स्सामु, हामु, हिमु, स्साम, हाम, हिम, हिस्सा, हित्था

विधि और आज्ञार्थक प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	उ	न्तु
म. पु.	हि, सु	ह
उ. पु.	मु	मो

इज्जसु, इज्जहि और इज्जे प्रत्यय भी अकारान्त धातुओं में जोड़े जाते हैं और प्रत्यय का लोप भी होता है।

क्रियातिपत्ति के प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	ज्ज, ज्जा, न्त, माण	ज्ज, ज्जा, न्त, माण
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

(२५) वर्तमान का अर्थ बतालाने के लिए वर्तमानकाल; अतीत–भूत का अर्थ बतलाने के लिए भूत; भविष्य का अर्थ प्रकट करने के लिए भविष्यत्काल; संभावना (Possibility) या संशय (Doubt) विधि, निमन्त्रण, आमन्त्रण, अधीष्ट (Speaking of honorary Duty), संप्रश्न (Questioning) और प्रार्थना; इच्छा, आशीर्वाद, आज्ञा, शक्ति (Ability) एवं आवश्यकता (Necessity) अर्थ में विधि या अनुज्ञा का प्रयोग और जब परस्पर संकेत वाले दो वाक्यों का एक संकेत वाक्य बने और उसका बोध कराने वाली क्रिया कोई सांकेतिक क्रिया जब अशक्य प्रतीत हो, तब क्रियातिपत्ति का प्रयोग होता है। क्रियातिपत्ति में क्रिया की अतिपत्ति (असम्भवता) की सूचना मिलती है। The Conditional is used instead of the potential, when the non-performance of an action is implied.

उभयपदी हस् धातु

वर्तमानकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	हसइ, हसए	हसन्ति, हसन्ते, हसिरे
म. पु.	हससि, हससे	हसित्था, हसह
उ.पु.	हसामि, हसमि	हसिमो, हसामो, हसमो; हसिमु, हसामु, हसमु, हसिम, हसाम, हसम

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	हसेइ	हसेन्ते, हसेइरे
म. पु.	हसेसि	हसेइत्था, हसेह
उ.पु.	हसेमि	हसेमो, हसेमु, हसेम

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	हसीअ	हसीअ
म. पु.	,,	,,
उ. पु.	,,	,,

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	हसिहिइ, हसिहिए	हसिहिन्ति, हसिहिन्ते, हसिहिरे
म. पु.	हसिहिसि, हसिहिसे	हसिहित्था, हसिहिह

उ. पु.	हसिस्सं, हसिस्सामि हसिहामि, हसिहिमि	हसिस्सामो, हसिहामो, हसिहिमो; हसिस्सामु, हसिहामु, हसिहिमु; हसिस्साम, हसिहाम, हसिहिम; हसिहिस्सा, हसिहित्था

विधि और आज्ञार्थकरूप

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र. पु.	हसउ	हसन्तु
म. पु.	हसहि, हससु, हस्सेज्जसु, हसेज्जहि, हसेज्जे, हस	हसह
उ. पु.	हसिमु, हसामु, हसमु	हसिमो, हसामो, हसमो

आज्ञार्थ में एत्व हो जाता है–

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र. पु.	हसेउ	हसेन्तु
म. पु.	हसेहि, हसेसु	हसेह
उ. पु.	हसेमु	हसेमो

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र. पु.	हसेज्ज, हसेज्जा, हसन्तो, हसमाणो	हसेज्ज, हसेज्जा, हसन्तो, हसमाणो
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

हो < भू धातु के रूप—वर्तमानकाल

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र. पु.	होइ	होन्ति, होन्ते, होइरे
म. पु.	होसि	होइत्था, होह
उ. पु.	होमि	होमो, होमु, होम

भूतकाल

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र. पु.	होसी, होही, होहीअ	होसी, होही, हीहीअ
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	होहिइ	होहिन्ति, होहिन्ते, होहिरे
म. पु.	होहिसि	होहित्था, होहिह
उ. पु.	होस्सं, होस्सामि होहामि, होहिमि	होस्सामो, होहामो, होहिमो; होस्सामु, होहामु, होहिमु; होस्साम, होहाम, होहिम; होहिस्सा, होहित्था

विधि एवं आज्ञार्थक

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	होउ	होन्तु
म. पु.	होहि, होसु	होह
उ. पु.	होमु	होमो

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	होज्ज, होज्जा, होन्तो, होमाणो	होज्ज, होज्जा, होन्तो, होमाणो
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

ठा < स्था धातु (= ठहरना)—वर्तमानकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	ठाइ	ठान्ति, ठान्ते, ठाइरे
म. पु.	ठासि	ठाइत्था, ठाह
उ. पु.	ठामि	ठामो, ठामु, ठाम

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	ठासी, ठाही, ठाहीअ	ठासी, ठाही, ठाहीअ
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	ठाहिइ	ठाहिन्ति, ठाहिन्ते, ठाहिरे
म. पु.	ठाहिसि	ठाहित्था, ठाहिह

उ. पु.	ठाहामि, ठाहिमि	ठास्सामो, ठाहामो, ठाहिमो, ठास्सामु, ठाहामु, ठाहिमु, ठास्साम, ठाहाम, ठाहिम, ठाहिस्सा, ठाहित्था

विधि एवं आज्ञार्थक

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	ठाउ	ठान्तु
म. पु.	ठाहि, ठासु	ठाह
उ. पु.	ठासु	ठामो

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	ठाज्ज, ठाज्जा, ठान्तो, ठामाणो	ठाज्ज, ठाज्जा, ठान्तो, ठामाणो
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

झा < ध्यै (= ध्यान करना)—वर्तमानकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	झाइ	झान्ति, झान्ते, झाइरे
म. पु.	झासि	झाइत्था, झाह
उ.पु.	झामि	झामो, झामु, झाम

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	झासी, झाही, झाहीअ	झासी, झाही, झाहीअ
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	झाहिइ	झाहिन्ति, झाहिन्ते, झाहिरे
म. पु.	झाहिसि	झाहित्था, झाहिह
उ. पु.	झास्सं, झास्सामि	झास्सामो, झाहामो, झाहिमो; झास्सामु, झाहामु, झाहिमु, झास्साम, झाहाम, झाहिम; झाहिस्सा, झाहित्था

विधि एवं आज्ञार्थक

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	झाउ	झान्तु
म. पु.	झाहि, झासु	झाह
उ. पु.	झामु	झामो

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	झाज्ज, झाज्जा, झान्तो, झामाणो	झाज्ज, झाज्जा, झान्तो, झामाणो
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

ने < नी (= ले जाना)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	नेइ	नेन्ति, नेन्ते, नेइरे
म. पु.	नेसि	नेइत्था, नेह
उ. पु.	नेमि	नेमो, नेमु, नेम

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	नेसी, नेही, नेहीअ	नेसी, नेही, नेहीअ
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	नेहिइ	नेहिन्ति, नेहिन्ते, नेहिरे
म. पु.	नेहिसि	नेहित्था, नेहिह
उ. पु.	नेस्सं, नेस्सामि, नेहामि, नेहिमि	नेस्सामो, नेहामो, नेहिमो; नेस्सामु, नेहामु, नेहिमु; नेस्साम, नेहाम, नेहिम; नेहिस्सा, नेहित्था

विधि एवं आज्ञार्थक

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	नेउ	नेन्तु
म. पु.	नेहि, नेसु	नेह
उ. पु.	नेमु	नेमो

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	नेज्ज, नेज्जा, नेन्तो, नेमाणो	नेज्ज, नेज्जा, नेन्तो, नेमाणो
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

उड्डे < उड्डी (=उड़ना)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	उड्डेइ	उड्डेन्ति, उड्डेन्ते, उड्डेइरे
म. पु.	उड्डेसि	उड्डेइत्था, उड्डेह
उ. पु.	उड्डेमि	उड्डेमो, उड्डेमु, उड्डेम

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	उड्डेसी, उड्डेही, उड्डेहीअ	उड्डेसी, उड्डेही, उड्डेहीअ
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	उड्डेहिइ	उड्डेहिन्ति, उड्डेहिन्ते, उड्डेहिरे
म. पु.	उड्डेहिसि	उड्डेहित्था, उड्डेहिइ
उ. पु.	उड्डेस्सं, उड्डेस्सामि; उड्डेहामि, उड्डेहिमि	उड्डेस्सामो, उड्डेहामो, उड्डेहिमो; उड्डेस्सामु, उड्डेहामु, उड्डेहिमु; उड्डेस्साम, उड्डेहाम, उड्डेहिमि, उड्डेहिस्सा, उड्डेहित्था

विधि एवं आज्ञार्थक

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	उड्डेउ	उड्डेन्तु
म. पु.	उड्डेहि, उड्डेसु	उड्डेह
उ. पु.	उड्डेमु	उड्डेमो

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	उड्डेज्ज, उड्डेज्जा, उड्डेन्तो, उड्डेमाणो	उड्डेज्ज, उड्डेज्जा, उड्डेन्तो, उड्डेमाणो
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

पा पाने (= पीना)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	पाइ	पान्ति, पान्ते, पाइरे
म. पु.	पासि	पाइत्था, पाह
उ.पु.	पामि	पामो, पामु, पाम

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	पासी, पाही, पाहीअ	पासी, पाही, पाहीअ
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	पाहिइ	पाहिन्ति, पाहिन्ते, पाहिरे
म. पु.	पाहिसि	पाहित्था, पाहिह
उ. पु.	पस्सं, पास्सामि; पाहामि, पाहिम	पास्सामो, पाहामो, पाहिमो, पास्सामु, पाहामु, पाहिमु, पास्साम, पाहाम, पाहिम, पाहिस्सा, पाहित्था

विधि एवं आज्ञार्थे

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	पाउ	पान्तु
म. पु.	पाहि, पासु	पाह
उ. पु.	पामु	पामो

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	बहुवचन
प्र.पु.	पाज्ज, पाज्जा, पान्तो, पामाणो	पाज्ज, पाज्जा, पान्तो, पामाणो
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ.पु.	,, ,,	,, ,,

ण्हा < स्ना (स्नान करना)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	ण्हाइ	ण्हान्ति, ण्हान्ते, ण्हाइरे
म. पु.	ण्हासि	ण्हाइत्था, ण्हाह
उ.पु.	ण्हामि	ण्हामो, ण्हामु, ण्हाम

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	ण्हासी, ण्हाही, ण्हाहीअ	ण्हासी, ण्हाही, ण्हाहीअ
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	ण्हाहिइ	ण्हाहिन्ति, ण्हाहिन्ते, ण्हाहिरे
म. पु.	ण्हाहिसि	ण्हाहित्था, ण्हाहिह
उ. पु.	ण्हास्सं, ण्हास्सामि; ण्हाहिमि, ण्हाहामि	ण्हास्सामो, ण्हाहामो, ण्हाहिमो; ण्हास्सामु, ण्हाहामु, ण्हाहिमु; ण्हास्साम, ण्हाहाम, ण्हाहिम; ण्हाहिस्सा, ण्हाहित्था

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	ण्हाउ	ण्हान्तु
म. पु.	ण्हाहि, ण्हासु	ण्हाह
उ. पु.	ण्हामु	ण्हामो

क्रियातिपत्ति

एकवचन और बहुवचन

प्र., म., उ. पु. ण्हज्ज, ण्हज्जा, ण्हान्तो, ण्हामाणो

गा < गै (गाना)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गाइ	गान्ति, गान्ते, गाइरे
म. पु.	गासि	गाइत्था, गाह
उ. पु.	गामि	गामो, गामु, गाम

भूतकाल

एकवचन और बहुवचन

प्र. पु., म. पु., उ. पु. – गासी, गाही, गाहीअ

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गाहिइ	गाहिन्ति, गाहिन्ते, गाहिरे
म. पु.	गाहिसि	गाहित्था, गाहिह
उ. पु.	गास्सं, गास्सामि; गाहामि, गाहिमि	गास्सामो, गाहामो, गाहिमो; गास्सामु, गाहामु, गाहिमु; गास्साम, गाहाम, गाहिम; गाहिस्सा, गाहित्था

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गाउ	गान्तु
म. पु.	गाहि, गासु	गाह
उ. पु.	गामु	गामो

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गाज्ज, गाज्जा, गान्तो, गामाणो	गाज्ज, गाज्जा, गान्तो, गामाणो
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

(२५) अकारान्त धातुओं के अतिरिक्त अन्य स्वरान्त धातुओं में विकल्प से विकरण अ प्रत्यय जुड़ने के पश्चात् विभक्ति चिह्न जोड़ा जाता हैं। यथा–

भा–भा + अ = भाअ + इ = भाअइ, विकल्पाभाव पक्ष में भा + इ = भाइ
या–जा + अ = जाअ + इ = जाअइ, विकल्पाभाव में जा + इ = जाइ
पा–पा + अ = पाअ + इ = पाअइ, पा + इ = पाइ
ध्यै–झा + अ = झाअ + इ = झाअइ, झा + इ = झाइ
धा–धा + अ = धाअ + इ = धाअइ, धाइ
उद् + वा–उव्वा + अ = उव्वाअ + इ = उव्वाअइ, उव्वाइ
म्लै–मिला + आ = मिलाअ + इ = मिलाअइ, मिलाइ
वि + क्री–विक्के + अ–विक्केअ + इ = विक्केअइ, विक्केइ

(२६) वर्तमान, भविष्यत् तथा विधि एवं आज्ञार्थ में स्वरान्त धातुओं में प्रत्ययों से पूर्व तथा प्रत्ययों के स्थान पर विकल्प से ज्ज, ज्जा आदेश होता है। यथा–

हो–भू–वर्तमान

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र. पु.	होज्जइ, होज्जाइ होज्ज, होज्जा	होज्जन्ति, होज्जन्ते, होज्जिरे होज्ज, होज्जा
म. पु.	होज्जसि, होज्जासि होज्ज, होज्जा	होज्जित्था, होज्जह, होज्जाह होज्ज, होज्जा
उ. पु.	होज्जमि, होज्जामि होज्ज, होज्जा	होज्जमो, होज्जामो, होज्ज, होज्जा; होज्जमु, होज्जामु होज्जम, होज्जाम

भविष्यत्काल

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र. पु.	होज्जहिइ, होज्जाहिइ, होज्ज, होज्जा	होज्जहिन्ति, होज्जाहिन्ति, होज्जहिन्ते, होज्जाहिन्ते, होज्जहिरे, होज्जाहिरे, होज्ज, होज्जा
म. पु.	होज्जहिसि, होज्जाहिसि, होज्ज, होज्जा	होज्जहित्था, होज्जाहित्था, होज्जहिह, होज्जाहिह, होज्ज, होज्जा
उ. पु.	होज्जस्सं, होज्जस्सामि, होज्जहामि, होज्जाहामि; होज्जहिमि, होज्जाहिमि; होज्ज, होज्जा	होज्जस्सामो, होज्जहामो, होज्जाहामो, होज्जाहिमो, होज्जस्सामु, होज्जहामु, होज्जाहामु, होज्जहिमु, होज्जाहिमु, होज्जहिस्सा, होज्जाहिस्सा, होज्जहित्थ, होज्जाहित्था, होज्ज, होज्जा

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र. पु.	होज्जउ, होज्जाउ, होज्ज, होज्जा	होज्जन्तु, होज्ज, होज्जा
म. पु.	होज्जहि, होज्जाहि, होज्जसु, होज्जासु, होज्ज, होज्जा	होज्जह, होज्जाह, होज्ज, होज्जा
उ. पु.	होज्जसु, होज्जासु, होज्ज, होज्जा	होज्जमो, होज्जामो, होज्ज, होज्जा

इसी प्रकार ने < नी, मिला < म्लै प्रभृति धातुओं के रूप ज्ज, ज्जा प्रत्ययों के जोड़ने से निष्पन्न होते हैं।

रव < रु (=कहना या बोलन)—वर्तमान

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र. पु.	रवइ, रवए	रवन्ति, रवन्ते, रविरे
म. पु.	रवसि, रवसे	रवित्था, रवह
उ. पु.	रवामि, रवमि	रविमो, रवामो, रवमो; रविमु, रवामु, रवमु; रविम, रवाम, रवम
प्र. पु.	रवेइ	रवेन्ति, रवेन्ते, रवेइरे
म. पु.	रवेसि	रवेत्था, रवेह
उ. पु.	रवेमि	रवेमो, रवेमु, रवेम

भूतकाल

एकवचन और बहुवचन

प्र. पु. , म. पु., उ. पु.– रवीअ

भविष्यत्काल

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र. पु.	रविहिइ, रविहिए	रविहिन्ति, रविहिन्ते, रविहिरे
म. पु.	रविहिसि, रविहिसे	रविहित्था, रविहिह
उ. पु.	रविस्सं, रविस्सामि	रविस्सामो, रविहामो, रविहिमो, रविस्सामु, रविहामु, रविहिमु; रविस्साम, रविहाम, रविहिम, रविहिस्सा, रविहित्था

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	खवउ, खवेउ	खवन्तु, खवेन्तु
म. पु.	खवहि, खवसु, खवेहि, खवेसु, खवेज्जहि, खवेज्जे, खव	खवह, खवेह
उ. पु.	खविमु, खवेमु, खवामु, खवमु	खविमो, खवामो, खवमो, खवेमो।

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	खवेज्ज, खवेज्जा, खवन्तो, खवमाणो	खवेज्ज, खवेज्जा, खवन्तो, खवमाणो
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

उभयपदी कर < कृ (करना) वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	करइ, करए	करन्ति, करन्ते, करिरे
म. पु.	करसि, करसे	करित्था, करह
उ. पु.	करामि, करमि	करिमो, करामो, करमो; करिमु, करामु, करमु; करिम, कराम, करम

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	करीअ	करीअ
म. पु.	,,	,,
उ. पु.	,,	,,

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	करिहिइ, करिहिए	करिहिन्ति, करिहिन्ते, करिहिरे
म. पु.	करिहिसि, करिहिसे	करिहित्था, करिहिह
उ. पु.	करिस्सं, करिस्सामि, करिहामि, करिहिमि	करिस्सामो, करिहामो, करिहिमो; करिस्सामु, करिहामु, करिहिमु; करिस्साम, करिहाम, करिहिम; करिहिस्सा, करिहित्था

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	करउ, करेउ	करन्तु, करेन्तु
म. पु.	करहि, करसु, करेज्जसु करेज्जहि, करेज्जे, कर	करह
उ. पु.	करिमु, करामु, करमु	करिमो, करामो, करमो

क्रियातिपत्ति

	एकवचन		बहुवचन	
प्र. पु.	करेज्ज, करेज्जा,	करन्तो, करमाणो	करेज्ज, करेज्जा,	करन्तो, करमाणो
म. पु.	,,	,,	,,	,,
उ. पु.	,,	,,	,,	,,

इसी प्रकार धर < धृ, मर < मृ, वर < वृ, सर < सृ, हर < हृ, तर < तृ एवं जर < जृ आदि संस्कृत की ऋकारान्त धातुओं के रूप होते हैं।

अस् (होना)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	अत्थि	अत्थि
म. पु.	अत्थि, सि	अत्थि
उ. पु.	अत्थि, म्हि, असि	अत्थि, म्हो, म्ह

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	आसि	अहेसि
म. पु.	,,	,,
उ. पु.	,,	,,

विध्यर्थ, आज्ञार्थ और भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	अत्थि	अत्थि
म. पु.	,,	,,
उ. पु.	,,	,,

उभयपदी पूस < पुष् पुष्ट होना—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	पूसइ, पूसए, पूसेइ	पूसन्ति, पूसन्ते, पूसिरे, पूसेन्ति
म. पु.	पूसासि, पूससे, पूसेसि	पूसित्था, पूसह, पूसेइत्था
उ.पु.	पूसामि, पूसमि, पूसेमि	पूसिमो, पूसामो, पूसमो; पूसिमु, पूसामु, पूसमु; पूसिम, पूसाम, पूसम

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	पूसीअ	पूसीअ
म. पु.	,,	,,
उ. पु.	,,	,,

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	पूसिहिइ, पूसिहिए	पूसिहिन्ति, पूसिहिन्ते, पूसिहिरे
म. पु.	पूसिहिसि, पूसिहिसे	पूसिहित्था, पूसिहिह
उ. पु.	पूसिस्सं, पूसिस्सामि, पूसिहामि, पूसिहिमि	पूसिस्सामो, पूसिहामो, पूसिहिमो; पूसिस्सामु, पूसिहामु, पूसिहिमु, पूसिस्साम, पूसिहाम, पूसिहिम, पूसिहिस्सा, पूसिहित्था

विशेष—अकार को एत्व कर देने से भी इसके रूप बनते हैं।

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	पूसउ	पूसन्तु
म. पु.	पूसहि, पूससु, पूसेज्जसु, पूसज्जेहि, पूस	पूसह
उ. पु.	पूसिमु, पूसामु, पूसमु	पूसिमो, पूसामो, पूसमो

विशेष—अकार को एत्व कर देने पर भी इसके रूप बनते हैं।

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	बहुवचन
प्र., म., उ. पु.	पूसेज्ज, पूसेज्जा, पूसन्तो, पूसमाणो	पूसेज्ज, पूसेज्जा, पूसन्तो, पूसमाणो

इसी प्रकार रूस (रुष्), तूस (तुष्), सूस (शुष्), दूस (दुष्) एवं सीस (शिष्) धातुओं के रूप होते हैं।

उभयपदी थुण < स्तु (स्तुति करना)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	थुणइ, थुणए	थुणन्ति, थुणन्ते, थुणिरे
म. पु.	थुणसि, थुणसे	थुणित्था, थुणह
उ. पु.	थुणामि, थुणमि	थुणिमो, थुणामो, थुणमो, थुणिमु, थुणामु, थुणमु, थुणिम, थुणाम, थुणम

विशेष—अकार को एत्व होने पर थुणेइ, थुणेन्ति, थुणेसि आदि रूप होते हैं।

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र., म., उ. पु.	थुणीअ	थुणीअ

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	थुणीहिइ, थुणिहिए	थुणिहिन्ति, थुणिहिन्ते, थुणिहिरे
म. पु.	थुणिहिसि, थुणिहिसे	थुणिहित्था, थुणिहिह,
उ. पु.	थुणिस्सं, थुणिस्सामि, थुणिहामि, थुणिहिमि	थुणिस्सामो, थुणिहामो, थुणिहिमो थुणिस्सामु, थुणिहामु, थुणिहिमु, थुणिस्साम, थुणिहाम, थुणिहिम, थुणिहिस्सा, थुणिहित्था

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	थुणउ	थुणन्तु
म. पु.	थुणहि, थुणसु, थुणेज्जसु थुणेज्जहि, थुणेज्जे, थुण	थुणह
उ. पु.	थुणिमु, थुणामु, थुणमु	थुणिमो, थुणामो, थुणमो

विशेष—अकार को एत्व हो जाने पर थुणेउ, थुणेन्तु आदि रूप होते हैं।

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	थुणेज्ज, थुणेज्जा, थुणन्तो, थुणमाणो	थुणेज्ज, थुणेज्जा, थुणन्तो, थुणमाणो
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

इसी प्रकार चिण (चि), जिण (जि), सुण (श्रु), हुण (हु), लुण (लू), पुण (पू) और धुण (धू) आदि धातुओं के रूप बनते हैं।

हरिस < हृष् (प्रसन्न होना)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	हरिसइ, हरिसए	हरिसन्ति, हरिसन्ते, हरिसिरे
म. पु.	हरिससि, हरिससे	हरिसित्था, हरिसह
उ. पु.	हरिसामि, हरिसमि	हरिसिमो, हरिसामो, हरिसमो; हरिसिमु, हरिसामु, हरिसमु; हरिसिम, हरिसाम, हरिसम

विशेष—अकार को एत्व कर देने पर हरिसेइ, हरिसेन्ति इत्यादि रूप बनते हैं।

भूतकाल

एकवचन और बहुवचन

प्र., म., उ. पु.– हरिसीअ

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	हरिसिहिइ, हरिसिहिए	हरिसिहिन्ति, हरिसिहिन्ते, हरिसिहिरे
म. पु.	हरिसिहिसि, हरिसिहिसे	हरिसिहित्था, हरिसिहिइ
उ. पु.	हरिसिस्सं, हरिसिस्सामि हरिसिहामि, हरिसिहिमि	हरिसिस्सामो, हरिसिहामो, हरिसिहिमो; हरिसिस्सामु, हरिसिहामु, हरिसिहिमु; हरिसिस्साम, हरिसिहाम, हरिसिहिम; हरिसिहिस्सा, हरिसिहित्था

विशेष—एत्व हो जाने पर हरिसेहिइ, हरिसेहिन्ति आदि रूप होते हैं।

क्रियातिपत्ति

एकवचन और बहुवचन

प्र., म., उ. पु.– हरिसेज्ज, हरिसेज्जा, हरिसन्तो, हरिसमाणो

इसी प्रकार वरिस (वृष्), दरिस (दृश्), करिस (कृष्) और मरिस (मृष्) धातुओं के रूप होते हैं।

उभयपदी गच्छ < गम् (जाना)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छइ, गच्छए	गच्छन्ति, गच्छन्ते, गच्छिरे
म. पु.	गच्छसि, गच्छसे	गच्छित्था, गच्छह
उ. पु.	गच्छामि, गच्छमि	गच्छिमो, गच्छामो, गच्छमो; गच्छिमु, गच्छामु, गच्छमु, गच्छिम, गच्छाम, गच्छम

भूतकाल

एकवचन और बहुवचन

प्र., म., उ. पु.–गच्छीअ

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छिइ, गच्छिहिइ गच्छिए, गच्छिहिए	गच्छिन्ति, गच्छिहिन्ति, गच्छिन्ते गच्छिहिन्ते, गच्छिरे, गच्छिहिरे
म. पु.	गच्छिसि, गच्छिहिसि, गच्छिसे, गच्छिहिसे	गच्छित्था, गच्छिहित्था, गच्छिह, गच्छिहिह
उ.पु.	गच्छं, गच्छिस्सं, गच्छि-स्सामि, गच्छिहामि, गच्छिमि, गच्छिहिमि	गच्छिस्सामो, गच्छिहामो, गच्छिमो, गच्छिहिमो, गच्छिस्सामु, गच्छिहामु, गच्छिमु, गच्छिहिमु, गच्छिस्साम, गच्छिहाम, गच्छिम, गच्छिहिम, गच्छिहिस्सा, गच्छिहित्था

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छउ	गच्छन्तु
म. पु.	गच्छहि, गच्छसु, गच्छेज्जसु गच्छेज्जहि, गच्छेज्जे, गच्छ	गच्छह
उ. पु.	गच्छिमु, गच्छामु, गच्छमु	गच्छिमो, गच्छामो, गच्छमो

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छेज्ज, गच्छेज्जा, गच्छन्तो, गच्छमाणो	गच्छेज्ज, गच्छेज्जा, गच्छन्तो, गच्छमाणो
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

(२७) भविष्यत्काल में सुण (श्रु) के स्थान पर सोच्छ, सद् के स्थान पर रोच्छ, विद् के स्थान पर वेच्च, दृश् के स्थान पर दच्छ, मुच् के स्थान पर मोच्छ, वच् के स्थान पर वोच्छ, छिद् के स्थान पर छेच्छ, भिद् के स्थान पर भेच्छ, भुज् के स्थान पर भोच्छ आदेश होता है तथा गच्छ धातु के समान रूप होते हैं।

बोल्ल, जंप, कह < कथ (कहना)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	बोल्लइ, बोल्लए	बोल्लन्ति, बोल्लन्ते, बोल्लिरे
म. पु.	बोल्लसि, बोल्लसे	बोल्लित्था, बोल्लह
उ. पु.	बोल्लामि, बोल्लमि	बोल्लिमो, बोल्लामो, बोल्लमो, बोल्लिमु, बोल्लामु, बोल्लमु, बोल्लिम, बोल्लाम, बोल्लम

विशेष—एत्व हो जाने पर बोल्लेइ, बोल्लेन्ति इत्यादि रूप होते हैं।

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	बोल्लिहिइ, बोल्लिहिए	बोल्लिहिन्ति, बोल्लिहिन्ते, बोल्लिहिरे
म. पु.	बोल्लिहिसि, बोल्लिहिसे	बोल्लिहित्था, बोल्लिहिह
उ. पु.	बोल्लिस्सं, बोल्लिस्सामि, बोल्लिहामि, बोल्लिहिमि	बोल्लिस्सामो, बोल्लिहामो, बोल्लिहिमो, बोल्लिस्सामु, बोल्लिहामु, बोल्लिहिमु, बोल्लिस्साम, बोल्लिहाम, बोल्लिहिम, बोल्लिहिस्सा, बोल्लिहित्था

विशेष—एत्व होने से बोल्लेउ, बोल्लेन्तु आदि रूप होते हैं। विधि एवं आज्ञार्थ रूप पूर्ववत् होते हैं।

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	बोल्लीअ	बोल्लीअ
म. पु.	,,	,,
उ. पु.	,,	,,

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	बोल्लेज्ज, बोल्लेज्जा, बोल्लन्तो, बोल्लमाणो	बोल्लेज्ज, बोल्लेज्जा, बोल्लन्तो, बोल्लमाणो
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

उभयपदी धुव < धू (कंपाना)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	धुवइ, धुवए	धुवन्ति, धुवन्ते, धुविरे
म. पु.	धुवासि, धुवसे	धुवित्था, धुवह
उ. पु.	धुवामि, धुवमि	धुविमो, धुवामो, धुवमो; धुविमु, धुवामु, धुवमु ; धुविम, धुवाम, धुवम

विशेष—एत्व होने पर धुवेइ, धुवेन्ति इत्यादि रूप होते हैं।

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	धुवीअ	धुवीअ
म. पु.	,,	,,
उ. पु.	,,	,,

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	धुविहिइ, धुविहिए	धुविहिन्ति, धुविहिन्ते, धुविहिरे
म. पु.	धुविहिसि, धुविहिसे	धुविहित्था, धुविहिह
उ. पु.	धुविस्सं, धुविस्सामि, धुविहामि, धुविहिमि	धुविस्सामो, धुविहामो, धुविहिमो, धुविस्सामु, धुविहामु, धुविहिमु, धुविस्साम, धुविहाम, धुविहिम, धुविहिस्सा, धुविहित्था

विशेष—एत्व होने पर धुवेहिइ, धुवेहिए इत्यादि रूप होते हैं।

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	धुवउ	धुवन्तु
म. पु.	धुवहि, धुवसु, धुवेज्जसु, धुवेज्जहि, धुवेज्जे, धुव	धुवह
उ. पु.	धुविमु, धुवामु, धुवमु	धुविमो, धुवामो, धुवमो

विशेष—आज्ञार्थ में एत्व होने पर धुवेउ, धुवेन्तु इत्यादि रूप होते हैं।

क्रियातिपत्ति

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	धुवेज्ज, धुवेज्जा, धुवन्तो, धुवमाणो	धुवेज्ज, धुवेज्जा, धुवन्तो, धुवमाणो
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

धातुओं के कर्मणि रूप

(२८) धातुओं के कर्मणि रूपों में वर्तमानकाल और विधि एवं आज्ञार्थ में धातु प्रत्ययों के पूर्व ईअ और इज्ज विकरण जुड़ जाते हैं। पर यह नियम उन्हीं धातुओं के लिए है, जिन धातुओं के स्थान पर आदेश–धात्वादेश नहीं होता है। भविष्यत्काल और क्रियातिपति के रूप कर्तरि के समान ही होते हैं।

हस (हँसना)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	हसीअइ, हसीअए हसिज्जइ, हसिज्जए	हसीअन्ति, हसीअन्ते, हसीइरे हसिज्जन्ति, हसिज्जन्ते, हसिज्जिरे
म. प्र.	हसीअसि, हसीअसे हसिज्जसि, हसिज्जसे	हसीइत्था, हसीअह हसिज्जित्था, हसिज्जह
उ. पु.	हसीअमि, हसीआमि; हसिज्जमि, हसिज्जामि	हसीअमो, हसीआमो, हसीइमो; हसीअमु, हसीआमु, हसीइमु; हसीअम, हसीआम, हसीइम; इसिज्जमो, हसिज्जामो, हसिज्जिमो; हसिज्जमु, हसिज्जामु, हसिज्जिमु; हसिज्जम, हसिज्जाम, हसिज्जिम

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	हसीअईअ, हसीईओ, हसिज्जईअ, हसिज्जीअ	हसीआईअ, हसीईअ, हसिज्जईअ, हसिज्जीअ।
म. पु.	,, ,,	,, ,,
उ. पु.	,, ,,	,, ,,

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	हसीअउ, हसिज्जउ	हसीअन्तु, हसिज्जन्तु
म. पु.	हसीअहि, हसीअसु, हसीएज्जसु, हसिइज्जसु, हसीएज्जहि, हसीइज्जहि, हसीएज्जे, हसीइज्जे, हसीअ, हसिज्जहि, हसिज्जसु, हसिज्जे-ज्जसु, हसिज्जिज्जसु, हसिज्जेज्जहि, हसिज्जिज्जहि, हसिज्जेज्जे, हसिज्जिज्जे, हसिज्ज	हसिज्जह
उ. पु.	हसीअमु, हसीआमु, हसीइमु, हसिज्जमु, हसिज्जामु, हसिज्जमु	हसीअमो, हसीआमो, हसीइमो, हसिज्जमो, हसिज्जामो, हसिज्जिमो

भविष्यत्काल और क्रियातिपत्ति के रूप कर्तरि के समान होते हैं।

हो ‹ भू—कर्मणि—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	होईअइ होइज्जइ	होईअन्ति, होईअन्ते, होईइरे, होइज्जन्ति, होइज्जन्ते, होइज्जिरे
म. पु.	होईआसि, होइज्जसि	होईइत्था, होईअह, होइज्जित्था, होइज्जह

उ. पु.	होईआमि, होईअमि, होईज्जमि, होइज्जामि	होईअमो, होईआमो, होईइमो; होईअमु, होईआमु, होईइमु, होईअम, होईआम, होईइम; होइज्जमो, होइज्जामो, होइज्जिमो, होइज्जमु, होइज्जामु, होइज्जिमु, होइज्जम, होइज्जाम, होइज्जिम

एत्व होने पर होईएइ, होइज्जेइ इत्यादि रूप बनते हैं।

भूतकाल

एकवचन और बहुवचन

प्र. म. उ. होईअसी, होईअही, होईअहीअ; होइज्जसी, होइज्जही, होइज्जहीअ

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	होईअउ, होइज्जउ	होईअन्तु, होइज्जन्तु
म. पु.	होईअहि, होईअसु, होइज्जहि	होईअह, होइज्जह
उ. पु.	होईअमु, होईआमु, होईइमु, होइज्जमु, होइज्जामु, होइज्जिमु	होईअमो, होईआमो, होईइमो, होइज्जमो, होइज्जामो, होइज्जिमो

भविष्यत्काल और क्रियातिपत्ति के रूप कर्तरि के समान बनते हैं।

कर्मणि ने < नी—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	नेईअइ, नेइज्जइ	नेईअन्ति, नेईअन्ते, नेईइरे; नेइज्जन्ति, नेइज्जन्ते, नेइज्जिरे
म. पु.	नेइअसि, नेइज्जसि	नेईइत्था, नेईअह, नेइज्जित्था, नेइज्जह
उ. पु.	नेईअमि, नेईआमि नेईज्जमि, नेइज्जामि	नेईअमो, नेईआमो, नेईइमो; नेईअमु, नेईआमु, नेईइमु, नेईअम, नेईआम, नेईइम; नेइज्जमो, नेइज्जामो, नेइज्जिमो, नेइज्जमु, नेइज्जामु, नेइज्जिमु, नेइज्जम, नेइज्जाम, नेइज्जिम

एत्व होने पर नेईएइ, नेईएन्ति, नेइज्जेइ, नेइज्जेन्ति इत्यादि रूप होते हैं।

भूतकाल

एकवचन और बहुवचन

प्र., म., उ. पु. नेईअसी, नेईअही, नेईअहीअ
नेइज्जसी, नेइज्जही, नेइज्जहीअ

विधि एवं आज्ञार्थ

प्र. पु.	नेईअउ, नेइज्जउ	नेईअन्तु, नेइज्जन्तु
म. पु.	नेईअसु, नेईअहि, नेइज्जसु, नेइज्जहि	नेईअह, नेइज्जह
उ. पु.	नेइअमु, नेईआमु, नेईइमु नेइज्जमु, नेइज्जामु, नेइज्जिमु	नेईअमो, नेईआमो, नेईइमो, नेइज्जमो, नेइज्जामो, नेइज्जिमो

विशेष—एत्व होने पर नेईएउ, नेईएन्तु, नेइज्जेउ, नेइज्जेन्तु आदि रूप होते हैं। भविष्यत्काल और क्रियातिपत्ति के रूप कर्तरि के समान होते हैं।

झा < ध्यै (कर्मणि)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	झाईअइ झाइज्जइ	झाईअन्ति, झाईअन्ते, झाईइरे झाइज्जन्ति, झाइज्जन्ते, झाइज्जिरे
म. पु.	झाईअसि झाइज्जसि	झाईइत्था, झाईअह झाइज्जित्था, झाइज्जह
उ. पु.	झाईअमि, झाईआमि झाइज्जमि, झाइज्जामि	झाईअमो, झाईआमो, झाईइमो, झाईअमु, झाईआमु, झाईइमु, झाईअम, झाईआम, झाईइम, झाइज्जमो, झाइज्जामो, झाइज्जिमो, झाइज्जमु, झाइज्जामु, झाइज्जिमु, झाइज्जम, झाइज्जाम, झाइज्जिम

भूतकाल

एकवचन और बहुवचन

प्र., म., उ. पु. झाईअसी, झाइअही, झाईअहीअ
झाइज्जसी, झाइज्जही, झाइज्जहीअ

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	झाईअउ, झाइज्जउ	झाईअन्तु, झाइज्जन्तु
म. पु.	झाईअसु, झाईअहि झाइज्जसु, झाइज्जहि	झाईअह झाइज्जह
उ. पु.	झाईअमु, झाईआमु, झाईइमु, झाइज्जमु, झाइज्जामु, झाइज्जिमु	झाईअमो, झाईआमो, झाईइमो, झाइज्जमो, झाईज्जामो, झाइज्जिमो

भविष्यत्काल और क्रियातिपत्ति के रूप कर्त्तरि के समान होते हैं।

चिव्व < चि (कर्मणि)—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	चिव्वइ, चिव्वए	चिव्वन्ति, चिव्वन्ते, चिव्विरे
म. पु.	चिव्वसि, चिव्विसे	चिव्वित्था, चिव्वह
उ.पु.	चिव्वामि, चिव्वमि	चिव्विमो, चिव्वामो, चिव्वमो, चिव्विमु, चिव्वामु, चिव्वमु, चिव्विम, चिव्वाम, चिव्वम

एत्व होने पर चिव्वेइ, चिव्वेन्ति इत्यादि रूप होते हैं। चि > चिव्व के स्थान पर विकल्प से चिम्म आदेश भी होता है।

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	चिव्वीअ	चिव्वीअ
म. पु.	,,	,,
उ. पु.	,,	,,

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	चिव्विहिइ, चिव्विहिए	चिव्विहिन्ति, चिव्विहिन्ते, चिव्विहिरे
म. पु.	चिव्विहिसि, चिव्विहिसे	चिव्विहित्था, चिव्विहिह
उ. पु.	चिव्विस्सं, चिव्विस्सामि	चिव्विस्सामो, चिव्विहामो, चिव्विहिमो,

	चिव्विहामि, चिव्विहिमि	चिव्विस्सामु, चिव्विहामु, चिव्विहिमु; चिव्विस्साम, चिव्विहाम, चिव्विहिम, चिव्विहिस्सा, चिव्विहित्था

विडंव	वि + डम्बय्	तिरस्कार करना, अपमान करना
विढप्प	व्युत् + पद्	व्युत्पन्न होना
विढव	अर्ज्	उपार्जन करना, पैदा करना
विणड	वि + नटय्, वि + गुप्	व्याकुल करना, विडम्बना करना
विणभ	खेदय्	खिन्न करना
विणिच्छ	विनिस् + चि	निश्चय करना
विणिजुंज	विनि + युज्	जोड़ना, कार्य में लगना
विणिवट्ट	विनि + वृत्	निवृत्त होना, पीछे हटना
विणिवाए	विनि + पातय्	मार गिराना
विणिवार	विनि + वारय्	रोकना, निवारण करना
विणिहा	विनि + धा	व्यवस्था करना
विणोअ	वि + नोदय्	खण्डित करना, खेल करना, कुतूहल करना
विण्णव	वि + ज्ञापय्	विनती करना, प्रार्थना करना
विण्णस	वि + न्यासय्	स्थापन करना, रखना

वित्थर, वित्थार	वि + स्तृ	फैलाना, बढ़ाना
विद्दा	वि + द्रा	खराब होना
विद्ध	व्यध्	वींधना, छेदना
विपरिणाम	विपरि + णमय्	विपरीत करना
विपलाअ	विपरा + अय्	दूर भागना
विप्पजह	विप्र + हा	परित्याग करना, छोड़ देना
विप्पलंभ	विप्र + लभ्	ठगना
विप्पसीअ	विप्र + सद्	प्रसन्न होना
विप्फाल	देसी	पूछना
विम्हय	वि + स्मि	चमत्कृत होना, आश्चर्यान्वित होना, विस्मित होना
विम्हर	स्मृ	याद करना
विर	भञ्ज्, गुप्	तोड़ना; व्याकुल होना
विरमाल	प्रति + ईक्ष्	राह देखना, बाट जोहना
विरल्ल	तन्	विस्तारना, फैलाना
विरेअ	वि + रेचय्	मल निकालना, दस्त लेना
विलस	वि + लस्	मौज करना
विलुंप	काङ्क्ष्	अभिलाषा करना, चाहना
विवर	वि + वृ	बाल सँवारना, व्याख्या करना
विवह	वि + वह्	विवाह करना
विस	वि + शृ	हिंसा करना, नष्ट करना
विसट्ट	वि + कस्, दल्	फटना, टूटना; विकसित होना, खिलना
विसिसि	वि + शिष्	विशेषण युक्त करना
विसुज्झ	वि + शुध्	शुद्धि करना
विसूर	खिद्	खेद करना
वीसुंभ	देसी	पृथक् होना
वुज्ज	त्रस्	डरना
वुड्ढ	वृध्, वर्धय्	बढ़ना, बढ़ाना
वेअ	वेदय्; वेप्	अनुभव करना, भोगना, जानना; काँपना
वेआर	देसी	ठगना, प्रतारण करना

वेढ	वेष्ट्	लपेटना
वेल्ल	वेल्ल्, रम्	काँपना, लेटना; क्रीडा करना
वेह	व्यध्	वीधना
वोल	गम्	चलना, गति करना
वोल्ल	आ + क्रम्	आक्रमण करना
वोसर	व्युत् + सृज्	परित्याग करना, छोड़ना

स

सअ	स्वद्	चखना, स्वाद लेना, प्रीति करना
संक	शङ्क्	संशय करना, सन्देह करना
संकल	सं + कलय्	संकलन करना, जोड़ना
संकेअ	सं + केतय्	इशारा करना
संखा	सं + स्त्यै	आवाज करना, सान्द्र होना, निबिड बनना
संखुड्ड	रम्	क्रीड़ा करना, संभोग करना
संगह	सं + ग्रह्	संचय करना, संग्रह करना
संगा	सं + गै	गान करना
संघ	कथ्	कहना
संचाय	सं + शक्	समर्थ होना
संचिक्ख	सं + स्था	रहना, ठहरना
संछुह	सं + क्षिप्	एकत्र करना, इकट्ठा करना
संजत्त	देसी	तैयार करना
संझाल	सं + ध्यै, सन्ध्याय्	ख्याल करना, चिन्तन करना, संध्या की तरह आचरण करना
संणज्झ	सं + नह्	कवच धारण करना, बखतर पहनना
संद	स्यन्द्	झरना, टपकना
संदाण	कृ	अवलम्बन करना, सहारा देना
संध	सं + धा	अनुसन्धान करना, खोजना, जोड़ना
संपाव	संप्र + आप्	प्राप्त करना
संलुंच	सं + लुञ्च्	काटना
संवर	सं + वृ	निरोध करना, रोकना
संविज्ज	सं + विद्	विद्यमान होना
संवेल्ल	देसी	सकेलना, समेटना, संकुचित करना

संस	स्रंस्, शंस्	खिसकना, गिरना; कहना, प्रशंसा करना
सक्क	शक्, सृप्, ष्वष्क्	सकना, समर्थ होना; जाना, गति करना
सज्ज	सञ्ज्, सस्ज्	आसक्ति करना, आलिंगन करना; तैयार होना
सड	सद्, शट्	सड़ना, विषाद करना, खेद करना
सड्ढ	शद्	विनाश करना, कृश करना
सद्दह	श्रद् + धा	श्रद्धा करना, विश्वास करना
सप्प	सृप्	जाना, गमन करना
सम	शम्, शमय्	शान्त होना, उपशान्त होना; उपशान्त करना, दबाना
समत्थ	सम् + अर्थय्	सिद्ध करना, पुष्ट करना
समर	स्मृ	याद करना
समाण	भुज्, सम् + आप्	भोजन करना, खाना; समाप्त करना
समोसव	देसी	टुकड़ा-टुकड़ा करना
सम्म	शम्	शान्त होना
सय	शी, स्वप्; स्वद्	सोना, शयन करना; पचना, जीर्ण होना
सय	स्रु, श्रि	झरना, टपकना; सेवा करना
सर	सृ, स्मृ, स्वर्	सरकना, खिसकना; याद करना; आवाज करना
सलह	श्लाघ्	प्रशंसा करना
सव	शप्, सू, स्रु	शाप देना, गाली देना; उत्पन्न करना; झरना, टपकना
सस	श्वस्	श्वास लेना
सह	राज्, सह्, आ + ज्ञा	शोभना; सहन करना; आदेश देना
सार	सारय्, प्र + हृ, स्मारय्	ठीक करना; प्रहार करना; याद दिलाना
सार	स्वरय्	बुलवाना
साराय, साराव	साराय्	सार रूप होना; चिपकवाना, लगवाना
सास, साह	शास्, कथय्	सजा करना, सीख देना; कहना
साह	साध्	सिद्ध करना; बनाना
सिंगार	शृङ्गारय्	सिंगार करना, सजावट करना

सिंघ	शिङ्घ्	सूँघना
सिंच	सिच्	सींचना, छिड़कना
सिंज	शिञ्ज्	अस्फुट आवाज करना
सिक्ख	शिक्ष्	सीखना, पढ़ना, अभ्यास करना
सिक्खाव	शिक्षय्	सिखाना, पढ़ाना, अभ्यास कराना
सिज्ज	स्विद्	पसीना होना
सिज्झ	सिध्	निष्पन्न होना, बनना, मुक्त होना
सिणा	स्ना, स्नपय्	स्नान करना; स्नान कराना
सिणिज्झ	स्निह्	प्रीति करना
सिर	सृज्	बनाना, निर्माण करना
सिलाह	श्लाघ्	प्रशंसा करना
सिलेस	श्लिष्	आलिंगन करना, भेंटना
सिव्व, सीव	सीव्	सीना
सिह	स्पृह्	इच्छा करना, चाहना
सीअ	सद्	विषाद करना, खेद करना
सीआव	सादय्	शिथिल करना
सीमंत	देसी	बेचना
सील	शीलय्	अभ्यास करना
सीस	शिष्, कथय्	वध करना, हिंसा करना; कहना
सुप्प, सुअ, सुव	स्वप्, श्रु	सोना; सुनना
सुआ	शी	शयन करना, सोना
सुंघ	देसी	सूंघना
सुक्क, सुक्कव	शुष्, शोषय्	सूखना; सुखाना
सुज्झ	शुध्	शुद्ध होना
सुढ, सुमर	स्मृ	याद करना
सुण	श्रु	सुनना
सुरह	सुरभय्	सुगन्धित होना
सुस्स	शुष्	सूखना
सुस्सुयाय	सुसुकाय्, सूत्कारय्	सू सू आवाज करना, सत्कार करना
सुस्सूस	शुश्रूष्	सेवा करना
सुह	सुखय्	सुखी करना
सूअ	सूचय्	सूचना करना, जानना
सुस, सोस	शुष्	सूखना

सेव	सेव्	आराधना करना, आश्रय करना
सो	सु, स्वप्	दारू बनाना, पीड़ा करना; सोना
सोभ, सोह	शुभ्, शोभय्	शोभना, चमकना; शोभा युक्त करना, चमकना
सोल्ल	क्षिप्, पच्, ईर्	फेंकना; पकाना; प्रेरणा करना
सोह	शोधय्	शुद्धि करना, खोजना

ह

हक्क	देसी	पुकारना, आह्वान करना
हक्कार	देसी	ऊँचे फैलाना
हक्खुव	उत् + क्षिप्	ऊँचा करना, उठाना, फेंकना
हण, हम्म	हन्	वध करना, मारना
हम्म	हम्म्	जाना
हर	हृ, ग्रह्, ह्रद्	हरण करना, छीनना; ग्रहण करना; आवाज करना
हरिस	हृष्, हर्ष्	खुशी होना; हर्ष से रोमाञ्चित होना
हरेस	ह्रेष्	गति करना
हव	भू	होना
हस	हस्, ह्रस्	हँसना, हास्य करना; हीन होना कम होना
हा	हा	त्याग करना, गति करना
हार	हारय्	नाश करना, हारना, परभव होना,
हाव	हापय्	हानि करना, त्याग करना
हास	हासय	हँसाना
हिरि	ह्री	लज्जित होना
हाल	हेलय्	अवज्ञा करना, तिरस्कार करना
हुण	हु	होम करना
हुल	क्षिप्, मृज्	फेंकना; मार्जन करना, साफ करना
हेर	देसी	देखना, निरीक्षण करना
होम	होमय्	होम करना

❑ ❑ ❑

दशवाँ अध्याय
अन्य प्राकृत भाषाएँ
शौरसेनी

(१) शौरसेनी में जितने भी शब्द आते हैं, उनकी प्रकृति संस्कृत है।

(२) शौरसेनी में अनादि में वर्तमान असंयुक्त त का द होता है।[१] यथा–

मारुदिणा, मन्तिदो–त के स्थान पर द।

एदाहि, एदाओ < एतस्मात्।

विशेष–(क) संयुक्त होने पर त का द नहीं होता। यथा–अज्जउत्त और सउन्तले में त का द नहीं हुआ है।

(ख) आदि में होने पर भी त का द नहीं होता। यथा–

''तधांकरेध जधा तस्स राइणो अणुकम्पणीआ भोमि'' में तधा और तस्स के तकारों को द नहीं हुआ।

(३) कहीं-कहीं शौरसेनी में वर्णान्तर के अधः–अनन्तर वर्तमान त का द होता है।[२] यथा–

महन्दो < महान्तः–हकारोत्तर आकार को ह्रस्व और त को द।

निच्चिन्दो < निश्चिन्तः–श्च के स्थान पर च्च तथा त को द।

अन्दे-उरं < अन्तःपुरम्–त को द और पकार का लोप।

(४) शौरसेनी में तावत् शब्द के आदि तकार को विकल्प से दकार होता है।[३] यथा–

दाव, ताव < तावत्–विकल्प से तकार को द तथा हलन्त्य त् का लोप।

(५) शौरसेनी में थ के स्थान पर विकल्प से ध होता है।[४] यथा–

कधं < कथम् –थ के स्थान पर विकल्प से ध।

कधेदि < कथयति– ,, ,, ,,

कधिदं < कथितम्– ,, ,, ,,

---

१. तो दोनादौ शौरसेन्यामयुक्तस्य ८।४।२६० हे.।

२. अधः क्वचित् ८।४।२६१।

३. बादेस्तावति ८।४।२६२ हे.।

४. थो धः ८।४।२६७।

नाधो, नाहो < नाथः—थ के स्थान पर विकल्प से ध और विकल्पाभाव में—थ को ह हुआ है।

राजपधो, राजपहो < राजपथः— ,, ,, ,, ,,

(६) शौरसेनी में इन्नन्त शब्दों से आमन्त्रण—सम्बोधन की प्रथमा विभक्ति के एकवचन में विकल्प से इन् के न का आकार होता है।[१] यथा—

भो कञ्चुइआ < भो कञ्चुकिन्।

सुहिआ < सुखिन्।

अन्यत्र—भो तवस्सि < भो तपस्विन्

भो मणस्सि < भो मनस्विन्

(७) शौरसेनी में नकारान्त शब्दों में सम्बोधन एकवचन में विकल्प से न् के स्थान पर अनुस्वार होता है।[२] यथा—

भो रायं < भो राजन्—ज का लोप, अ स्वर शेष और अ को य, न् का विकल्प से अनुस्वार।

भो विअयवम्मं < भो विजयवर्मन्—ज लोप, अ स्वर शेष और न् को अनुस्वार।

(८) शौरसेनी में भवत् और भगवत् शब्दों में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में नकार के स्थान पर अनुस्वार हो जाता है[३]। यथा—

एदु भवं, समणे भगवं महावीरे।

(९) शौरसेनी में र्य के स्थान पर विकल्प से य्य आदेश होता है और विकल्पाभाव में ज्ज आदेश होता है।[४] यथा—

अय्यउत्तो, अज्जउत्तो < आर्यपुत्रः—र्य के स्थान पर य्य तथा विकल्पाभाव में ज्ज और पकार का लोप, त्र को त्त।

कय्यं, कज्जं < कार्यम्—र्य को विकल्प से य्य, विकल्पाभाव में ज्ज।

पय्याकुलो, पज्जाकुलो < पर्याकुलः— ,, ,,

सुय्यो, सुज्जो < सूर्यः— ,, ,,

कज्जपरवसो < कार्यपरवशः— ,, ,,

(१०) शौरसेनी में इह और ह्य् आदेश के हकार के स्थान में विकल्प से ध होता है[५]। यथा—

इध < इह—ह के स्थान पर ध हुआ है।

होध < होह—भवथ— ,, ,,

परित्तायध < परित्तायह—परित्रायध्वे—त्र को त्त और ह को ध।

---

१. आ आमन्त्ये सौ वेनो नः ८।४।२६३। २. मो वा ८।४।२६४।

३. भवद्भगवतोः ८।२।२६५। ४. न वा र्यो य्यः ८।४।२६६। ५. इह—ह्योर्हस्य ८।४।२६८।

(११) शौरसेनी में भू धातु के हकार को विकल्प से भ आदेश होता है।[१] यथा–

भोदि, होदि < भवति–प्राकृत में भू के स्थान पर हो आदेश होता है; शौरसेनी में विकल्प से भू के स्थान पर भ हुआ है।

(१२) शौरसेनी में पूर्व शब्द के स्थान पर विकल्प से 'पुरव' आदेश होता है[२]। यथा–

अपुरवं नाड्यं < अपूर्व नाट्यम्–पूर्व के स्थान पर पुरव आदेश हुआ है।

अपुरवागदं, अपुव्वागदं < अपूर्वागतम्– ,, ,,

(१३) शौरसेनी में इत् और एत् के पर में रहने पर अन्त्य मकार के आगे णकार का विकल्प से आगम होता है।

(१४) शौरसेनी में इदानीम् के स्थान पर दाणिं आदेश होता है।[३] यथा–

अनन्तर करणीयं दाणिं आणेवदु अय्यो।

प्राकृत–महाराष्ट्री प्राकृत में भी इदानीम् के स्थान पर दाणिं आदेश होता है।

(१५) शौरसेनी में तस्मात् के स्थान पर ता आदेश होता है।[४] यथा–

ता जाव पविसामि < तस्मात् तावत् प्रविशामि।

ता अलं एदिणा माणेण < तस्मात् अलं एतेन मानेन।

(१६) शौरसेनी में इत् और एत् के पर में रहने पर अन्त्य मकार के णकार का आगम विकल्प से होता है।[५] यथा–

जुतं णिसं, जुत्तमिमं–इकार के पर में रहने से।

सरिसं णिमं, सरिसमिमं– ,, ,,

किंणेदं, किमेदं–एकार के पर में रहने से

एवं णेदं, एवमेदं– ,, ,,

(१७) शौरसेनी में एव के अर्थ में य्येव निपात से सिद्ध होता है।[६] यथा–

मम य्येव बम्भणस्स; सो य्येव एसो–एव के स्थान पर य्येव।

(१८) चेटी के आह्वान अर्थ में शौरसेनी में हञ्जे इस निपात का प्रयोग होता है।[७] यथा–

हञ्जे चदुरिके।

---

१. भुवो भः ८।४।२६९। २. पूर्वस्य पुरवः ८।४।२७०।
३. इदानीमो दाणिं ८।४।२७७ हे.। ४. तस्मात्ताः ८।४।२७८।
५. मोन्त्यण्णो वेदेतोः ८।४।२७९। ६. एवार्थे य्येव ८।४।२८०।
७. हञ्जे चेट्याह्वाने ८।४।२८१।

(१९) विस्मय और निर्वेद अर्थों में शौरसेनी में हीमाणहे का निपात होता है।[१] यथा–

हीमाणहे जीवन्तवच्छा मे जणणी–विस्मय में–

हीमाणहे पलिस्सन्ता हगे एदेण नियविधिणो दुव्ववसिदेण–निर्वेद में।

(२०) ननु के अर्थ में णं का निपात होता है।[२] यथा–

णं अफलोदया; णं अय्यमिस्सेहिं पुढमं य्येव आणत्तं, णं भवं मे अग्गदो चलदि।

(२१) शौरसेनी में हर्ष प्रकट करने के लिए अम्महे निपात का प्रयोग होता है।[३] यथा–

अम्महे एआए सुम्मिलाए सुपलिगढिदो भवं।

(२२) शौरसेनी में विदूषक के हर्ष द्योतन में हीही निपात का प्रयोग होता है।[४] यथा–

हीही भो संपन्ना मणोरधा पियवयस्सस्स।

(२३) शौरसेनी में व्यापृत शब्द के त को तथा क्वचित् पुत्र शब्द के त को ड होता है। यथा–

बावडो[५] < व्यापृतः; पुडो[६], पुत्तो < पुत्रः।

(२४) शौरसेनी में गृध्र जैसे शब्दों के ऋकार के स्थान पर इकार होता है।[७] यथा–गिद्धो < गृध्रः–ऋ के स्थान पर इ, संयुक्त रेफ का लोप, ध को द्वित्व और पूर्ववर्ती ध को द, विसर्ग को ओत्व।

(२५) ब्रह्मण्य, विज्ञ, यज्ञ और कन्या शब्दों के ण्य, ज्ञ और न्य के स्थान में विकल्प से ञ्ज आदेश होता है।[८] यथा–

बम्हञ्जो < ब्रह्मण्यः–संयुक्त रेफ का लोप, ह्म के स्थान पर म्ह और ण्य के स्थान पर ञ्जो।

विञ्जो < विज्ञः–ज्ञ के स्थान पर ञ्ज, विसर्ग का ओत्व।

जञ्जो < यज्ञः–य के स्थान पर ज और ज्ञ के स्थान पर ञ्ज।

कञ्जा < कन्या–न्य के स्थान पर ञ्ज।

विकल्प भाव में–बम्हणो, विण्णो, जण्णो एवं कण्णा रूप होते हैं।

---

१. हीमाणहे विस्मय–निर्वेदे ८।४।२८२। २. णं नन्वर्थे ८।४।२८३।
३. अम्महे हर्षे ८।४।८४। ४. हीही विदूषकस्य ८।४।२८५।
५. व्यापृते डः १२।४ वर.। ६. पुत्रेऽपि क्वचित् १२।५ वर.।
७. इ गृधसमेषु १२।६ वर.;। ८. ब्रह्मण्यविज्ञयज्ञकन्यकानां ण्यज्ञन्यानां ञ्जो वा १२।७ वर.।

(२६) शौरसेनी में सर्वज्ञ और इङ्गितज्ञ शब्दों के अन्त्य ज्ञ के स्थान पर ण आदेश होता है।[१] यथा–

सव्वण्णो < सर्वज्ञः–संयुक्त रेफ का लोप, व को द्वित्व और ज्ञ के स्थान पर ण्ण, विसर्ग को ओत्व।

इंगिअण्णो < इङ्गितज्ञः–मध्यवर्ती का लोप, अ स्वर शेष और ज्ञ के स्थान पर ण्ण, विसर्ग का ओत्व।

(२७) शौरसेनी में स्त्री शब्द के स्थान पर इत्थी आदेश होता है।[२] यथा–

इत्थी < स्त्री।

(२८) शौरसेनी में इव के स्थान पर विअ आदेश होता है।[३] यथा–

विअ < इव।

(२९) शौरसेनी में विकल्प से एव के स्थान जेव्व आदेश होता है।[४] यथा–

जेव्व < एव।

(३०) आश्चर्य शब्द के स्थान पर अच्चरिअ आदेश होता है।[५] यथा–

अच्चरिअं < आश्चर्यम्; अहह अच्चरिअं अच्चरिअं < अहह आश्चर्यमाश्चर्यम्।

शौरसेनी के शब्दरूप

(३१) शौरसेनी में अत् से पर में आने वाली ङसि विभक्ति के स्थान पर आदो और आदु आदेश होते हैं तथा शब्द के टि (अ) का लोप होता है।

(३२) शौरसेनी में नपुंसकलिंग में वर्तमान शब्दों से पर में आने वाले जस् और शस् के स्थान में णि आदेश तथा पूर्व स्वर को दीर्घ भी होता है।

(३३) शौरसेनी में सर्वनाम शब्दों से पर में आने वाली–सप्तमी एकवचन की ङि विभक्ति के स्थान में सि–म्मि आदेश होते हैं।

(३४) जस् सहित अस्मद् के स्थान में वअं और अम्हे ये दोनों रूप शौरसेनी में होते हैं।

शौरसेनी के विभक्ति चिह्न

		एकवचन	**बहुवचन**
प्र.	पढसा	ओ	आ
द्वि.	बीआ	म्, ं	आ, ए

---

१. सर्वज्ञेङ्गितज्ञयोर्णः १२।८ वर.।
२. स्त्रियामित्थी १२।२२ वर.।
३. इवस्य विअ १२।२४ वर.।
४. एवस्य जेव्व १२।२३ वर.।
५. आश्चर्यस्याच्चरिअं १२।३० वर.।

तृ.	तइया	ण, णं	हि, हिं
च.	चउत्थी	स्स, आय	ण, णं
पं.	पंचमी	आदु, आदो	आदो, त्तो, हिंतो, सुंतो, हि
ष.	छट्ठी	स्स	ण, णं
स.	सत्तमी	सि, म्मि	सु, सुं

वीर शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प.	वीरो	वीरा
बी.	वीरं	वीरे, वीरा
त.	वीरेण, वीरेणं	वीरेहि, वीरेहिं
च.	वीराय, वीरस्स	वीराणं, वीराण
पं.	वीरादो, वीरादु	वीरादो, वीराहिंतो, वीरासुंतो, वीरेहिंतो, वीरेसुंतो
छ.	वीरस्स	वीराण, वीराणं
स.	वीरंसि, वीरम्मि	वीरेसु, वीरेसुं

इसी प्रकार सभी आकारान्त शब्दों के रूप बनते हैं।

इकारान्त और उकारान्त शब्दों के विभक्ति चिह्न

	एकवचन	बहुवचन
प.	दीर्घ	अउ, अओ, णो
बी.	अनुस्वार	णो, दीर्घ
त.	णा	हि, हिं
च.	णो, स्स	ण, णं
पं.	दो, दु	त्तो, ओ, उ, हिंतो, सुंतो
छ.	णो, स्स	ण, णं
स.	सि	सु, सुं

शौरसेनी में इसि < ऋषि शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प.	इसी	इसउ, इसओ, इसिणो
बी.	इसिं	इसिणो, इसी
त.	इसिणा	इसीहि, इसीहिं

च. छ.	इसिणो, इसिस्स	इसीण, इसीणं
पं.	इसिदो, इसिदु	इसित्तो, इसीओ, इसीउ, इसीहिंतो इसीसुंतो
स.	इसिंसि, इसिम्मि	इसीसु, इसीसुं

इसी प्रकार अग्गि, मुणि, बोहि, रासि, गिरि, रवि, कवि, निहि, विहि आदि शब्दों के रूप इसी शब्द के ही समान होते हैं।

शौरसेनी में भाणु < भानु शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प.	भाणू	भाणुणो, भाणवी, भाणओ
बी.	भाणुं	भाणुणो, भाणू
त.	भाणुणा	भाणूहि, भाणूहिं
च.	भाणुणो, भाणुस्स	भाणूण, भाणूणं
पं.	भाणुदो, भाणुदु	भाणुत्तो, भाणूओ; भाणूउ, भाणूहिंतो, भाणूसुंतो
छ.	भाणुणो, भाणुस्स	भाणूण, भाणूणं
स.	भाणुंसि, भाणुम्मि	भाणूसु, भाणूसुं

नपुंसकलिंग

	एकवचन	बहुवचन
प.	म्	णि–पूर्व स्वर को दीर्घ
बी.	,,	,, ,,

शेष पुल्लिग के समान प्रत्यय होते हैं।

शौरसेनी में कुल शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प.	कुलं	कुलाणि
बी.	कुलं	कुलाणि

शेष रूप वीर शब्द के समान होते हैं।

सर्वनाम शब्दों के रूपों में पञ्चमी एकवचन में आदो और आदु प्रत्यय जोड़कर रूप बनते हैं। यथा–

सव्वादो, सव्वादु; इमादो, इमादु; कादो, कादु; जादो, जादु आदि रूप बनते हैं। सप्तमी एकवचन में सव्वसित्वा < सर्वस्मिन्, इदरसित्वा < इतरस्मिन् आदि रूप बनते हैं। एतद् (एअ) शब्द के रूपों में विशेषता है।

एअ < एतद्

	एकवचन	बहुवचन
प.	एस, एसो	एदे
बी.	एदं	एदे, एदा
त.	एदेश, एदेणं, एदिणा	एदेहि, एदेहिं
च.	एदस्स	एदेसिं, एदाण, एदाणं
पं.	एदादु, एदादो	एअत्तो, एआओ, एआहिंतो, एआसुंतो
छ.	एदस्स	एदेसिं, एदाण, एदाणं
स.	एत्थ, अयम्मि, ईअम्मि एअम्मि, एअंस्सि	एएसु, एएसुं

क्रियारूप

(३५) शौरसेनी में ति के स्थान पर दि और ते के स्थान पर दे, दि आदेश होते हैं।

(३६) शौरसेनी में भविष्यत् अर्थ में विहित प्रत्यय के पर में रहने पर स्सि होता है। भविस्सिदि, करिस्सिदि, गच्छिस्सिदि आदि।

(३७) शौरसेनी में भूधातु के स्थान पर भो आदेश होता है। यथा–भोति।

(३८) शौरसेनी में तिङ् के पर में रहने पर दा धातु के स्थान में दे आदेश होता है और भविष्यत् में दइस्स होता है।

(३९) शौरसेनी में कृञ् धातु के स्थान में कर आदेश होता है। यथा– करेमि।

(४०) शौरसेनी में तिङ् के पर में रहने पर स्था धातु के स्थान में चिट्ठ आदेश होता है।

(४१) शौरसेनी में स्मृ, दृश और अस धातुओं के स्थान में क्रमशः सुमर, पेक्ख और अच्छ आदेश होते हैं।

(४२) तिप् के साथ अस् धातु के सकार के स्थान में त्थि आदेश होता है।

(४३) भविष्यत्काल में मिप् सहित अस के स्थान में विकल्प से स्सं आदेश होता है। विकल्पाभाव में धातु के स्वर का दीर्घ भी होता है। स्सं, आस्सं आदि।

(४४) बहुवचन में तकार का धकार भी होता है।

(४६) उत्तम पुरुष में म्ह होता है तथा मिप् के स्थान पर स्सं होता है।

वर्तमान में शौरसेनी के धातु प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष (Third Person)	दि, दे	न्ति, न्ते, इरे
मध्यम पुरुष (Second Person)	सि, से	इत्था, ध, ह
उत्तम पुरुष (First Person)	मि	मो, मु, म

शौरसेनी के भविष्यत्काल के प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु. (Third Person)	स्सिदि, स्सिदे	स्सिति, स्संते, स्सिइरे
म. पु. (Second Person)	स्सिसि, स्सिसे	स्सिह, स्सिध, स्सिइत्था
उ. पु. (First Person)	स्सं, स्सिमि	स्सिमो, स्सिमु, स्सिम

भूतकाल, आज्ञा एवं विधि में प्राकृत के समान ही प्रत्यय होते हैं।

हस् धातु के रूप

वर्तमानकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	हसदि, हसेदे	हसन्ति, हसंते, हसिरे, हसइरे
म. पु.	हससि, हससे	हसित्था, इसध, हसह
उ. पु.	हसमि, हसेमि	हसमो, हसमु, हसम, हसिमो, हसिमु, हसिम, हसेमो, हसेमु, हसेम

भविष्यत्काल—भण

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	भणिस्सिदि, भणेस्सिदि, भणिस्सिदे, भणेस्सिदे	भणिस्सिति, भणेस्सिति, भणिस्संते, भणेस्सेंते, भणिस्सिइरे, भणेस्सिइरे
म. पु.	भणिस्सिसि, भणिस्सिसे	भणिस्सिह, भणिस्सिध, भणिस्सिइत्था
उ. पु.	भणिस्सं, भणिस्सिमि	भणिस्सिमो, भणिस्सिमु, भणिस्सिम

अन्य सभी धातुओं के रूप हस और भण के समान होते हैं।

कृत् प्रत्यय

(४६) शौरसेनी में क्त्वा प्रत्यय के स्थान पर इय, दूण और त्ता प्रत्यय होते हैं। यथा–

इय–

भू + क्त्वा–इय = भविय < भूत्वा

हविय < भूत्वा

पढ + इय = पढिय < पठित्वा

दूण–

भू + दूण = भोदूण < भूत्वा
हो + दूण = होदूण < भूत्वा
पढ + दूण = पढिदूण < पठित्वा

त्ता–

भू + त्ता = भोत्ता < भूत्वा
हो + त्ता = होत्ता < भूत्वा
पढ + त्ता = पढित्ता < पठित्वा

(४७) शौरसेनी में कृ और गम धातुओं से पर में आने वाले क्त्वा प्रत्यय के स्थान में विकल्प से अडुअ आदेश होता है और धातु के रि का लोप होता है। यथा–

कृ + क्त्वा = क + अडुअ (टि–आ का लोप) = कडुअ < कृत्वा।
गम् + क्त्वा = गम् + अडुअ (रि–अम् का लोप) = गडुअ < गत्वा।
विकल्पाभाव पक्ष में कृ–कर + इय = करिय < कृत्वा।
कर + दूण = करिदूण; कर + त्ता = करित्ता।
गम्–गच्छ + इय = गच्छिय; गच्छ + दूण = गच्छिदूण।

(४८) अवशेष कृदन्त रूपों में त के स्थान पर द कर दिया जाता है। यथा–

भू + तव्यं–हो + तव्वं = होदव्वं < भवितव्यम्।

कुछ शौरसेनी धातु

संस्कृत	शौरसेनी	क्रियारूप
भू	भो या हो	भोदि, होदि
दृश्	पेच्छ	पेच्छदि
ब्रू	वुच्च	वुच्चदि
कथ्	कध	कधेदि
घ्रा	जिग्घ	जिग्घदि
भा	भाअ	भाअदि
मृज्	फुस	फुसदि
घूर्ण्	घुम्म	घुम्मदि
स्तु	थुण	थुणदि
भी	भा	भादि
सृज्	पस	पसदि
चर्च्	चव्व	चव्वदि

ग्रह्	गेण्ड	गेण्डदि
गृह्य्	गेज्झ, घेप्प	गेज्झदि, घेप्पदि
शकृ	सक्कुण, सक्क	सक्कुणदि, सक्कदि
म्लै	मिआअ	मिआअदि
उद् + स्था	उत्थ	उत्थेदि
स्वप्	सुअ	सुअदि
शीङ्	सुआ	सुआदि
रुध्	रोव	रोवदि
रुद्	रोद	रोददि
मस्ज्	बुड्ढ	बुड्ढदि
दुह्य्	दुहीअ	दुहीअदि
उह्य्	वहीअ	वहीअदि
लिह्य्	लिहीअ	लिहीअदि

तद्धित, समास, कारक आदि सभी अनुशासन शौरसेनी में प्राकृत के समान ही होते हैं। वर्णपरिवर्तन के नियम भी शौरसेनी में प्राकृत के समान ही हैं। केवल त का द और थ का ध होना ही शौरसेनी की विशेषता है।

❑ ❑ ❑

जैनशौरसेनी

नाटकीय शौरसेनी से भिन्न होने के कारण प्रवचनसार, कार्त्तिकेयानुप्रेक्षा, गोम्मटसार, समयसार आदि ग्रन्थों की भाषा को पृथक् भाषा माना गया है। इस भाषा की मूलप्रवृत्ति शौरसेनी की होने पर भी इसके ऊपर प्राचीन अर्धमागधी का प्रभाव है। जैनशौरसेनी का साहित्य नाटकों की अपेक्षा पुरातन है। षड्खण्डागम के मूल सूत्र भी जैनशौरसेनी में लिखे गये हैं। कुन्दकुन्दाचार्य और स्वामिकार्त्तिकेय ईस्वी प्रथम शताब्दी के विद्वान् हैं। अतः हमारा अनुमान है कि जैन शौरसेनी का विकसित और परिवर्तित रूप ही नाटकीय शौरसेनी है। यही कारण है कि नाटकीय शौरसेनी में जैन शौरसेनी की अनेक प्रवृत्तियाँ विद्यमान हैं। कुछ विद्वान् शौरसेनी के इस भेद को स्वीकार नहीं करते, पर हमारे विचार से यह नाटकीय शौरसेनी की अपेक्षा भिन्न है। जैनशौरसेनी की निम्न प्रमुख विशेषताएँ हैं।

(१) त के स्थान पर द और थ के स्थान पर ध का होना। यथा–

विगदरागो < विगतरागः –त के स्थान पर द (प्र. सा. गा. १४)

संजुदो < संयुतः– ,, ,, ,, ,,

सुविदिदो < सुविदितः–त के स्थान पर द (प्र. सा. गा. १४)

भणिदो < भणितः– ,, ,, ,, ,,

पदिमहिदो < पतिमहितः – ,, ,, (प्र. सा. गा. १६)

भूदो < भूतः– ,, ,, ,, ,,

हवदि < भवति– ,, ,, ,, ,,

परिवज्जिदो < परिवर्जितः– ,, ,, (प्र. सा. गा. १७)

ठिदि < स्थितिः– ,, ,, (प्र. सा. गा. १७)

उप्पादो < उत्पादः– ,, ,, (प्र. सा. गा. १८)

सब्भूदो < सद्भूतः– ,, ,, ,, ,,

जादो < जातः– ,, ,, (प्र. सा. गा. १९)

अदिंदिओ < अतीन्द्रियः– ,, ,, ,, ,,

वितीद < व्यतीतः– ,, ,, (धवला प्र. ख.)

पयासदि < प्रकाशयति– ,, ,, (स्वा. का. गा. २५४)

मदिणाणं < मतिज्ञानं– ,, ,, (स्वा. का. गा. २५८)

(२) जैन शौरसेनी में त के स्थान पर त और य भी पाये जाते हैं। यथा–

तिहुवणतिलयं < त्रिभुवनतिलकं–त के स्थान पर त (स्वा. का. गा. १)

जलतरंगचपला < जलतरङ्गचपला–(स्वा. का. गा. १२)

विसहते < विसहते–(स्वा. का. गा. ३९)

तिव्वतिसाए < तीव्रतृषया–त के स्थान पर त (स्वा. का. गा. ४३)

संपत्ती < सम्प्राप्तिः– ,, ,, (स्वा. का. गा. ४५१)

अधिकतेजो < अधिकतेजः– ,, ,, (प्र. सा. गा. १९)

अक्खातीदो < अक्षातीतः – ,, ,, (प्र. सा. गा. २९)

संति < सन्ति– ,, ,, (प्र. सा. गा. ३१)

मुत्तममुत्तं < मूर्तममूर्तम्– ,, ,, (प्र. सा. गा. ४१)

मुत्तिगदो < मूर्तिगतः– ,, ,, (प्र. सा. गा. ५५)

त = य– रहियं < रहितं– त के स्थान पर य (प्र. सा. गा. ५९)

सव्वगयं < सर्वगतम्– ,, ,, (प्र. सा. गा. २३, ३१)

भणिया < भणिता– ,, ,, (प्र. सा. गा. २६)

संजाया < संजाता– ,, ,, (प्र. सा. गा. ३८)

गयं < गतम्– ,, ,, (प्र. सा. गा. ४१)

महव्वयं < महाव्रतम्– ,, ,, (स्वा. का. गा. ९५)

रहिया < रहिता–त के स्थान पर य (स्वा. का. गा. १२८)

पडियं < पतितम्– ,, ,, (स्वा. का. गा. ३९७)

थ = ध– तधप्पदेसा < तथाप्रदेशा–थ के स्थान पर ध (प्र. सा. गा. १३७)

जध < यथा– ,, ,, (प्र. सा. गा. १३७)

तधा < तथा– ,, ,, (प्र. सा. गा. १४६)

वाध < वाथ– ,, ,, (प्र. सा. गा. १९३)

अजधा < अयथा– ,, ,, (प्र. सा. गा. ८५)

कधं < कथम्– ,, (प्र. सा. गा. ५७, ११३, १०६)

(३) जैन शौरसेनी में अर्धमागधी के समान क के स्थान पर ग भी होता है। यथा–

वेदग < वेदक–क के स्थान पर ग (ष. प्र. खं.)

एग < एक–

सगं < स्वकं– ,, ,, (प्र. सा. गा. ५४)

एगंतेण < एकान्तेन– ,, ,, (प्र. सा. गा. ६६)

ओगप्पगेहिं < योगात्मकैः– ,, ,, (प्र. सा. गा. ७३)

सागारो < साकारः– ,, ,, (गो. सा. जी. गा. ७)

अणगारो < अनागारः– ,, ,, ,,

उवसामगे < उपशामके– ,, ,, (गो. सा. जी. ६६)

खवगे < क्षपके– ,, ,, ,,

एगविगले < एकविकले– ,, ,, (गो. सा. जी. ७९)

वेदगा < वेदकाः– ,, ,, (गो. सा. जी. ९३)

(४) जैन शौरसेनी में क के स्थान पर क और य भी पाये जाते हैं। इसकी यह प्रवृत्ति भी अर्धमागधी से मिलती–जुलती है।

क = क

संतोसकरं < सन्तोषकरं (स्वा. का. गा. ३३५)

चिरकालं < चिरकालं– (स्वा. का. गा. २९३)

मणवयकाएहिं < मनोवचनकायैः (स्वा. का. गा. ३३२)

अणुकूलं < अनुकूलं (स्वा. का. गा. ४५९)

ओमकोट्ठाए < अवमकोष्टया (गो. सा. जी. गा. १३४)

हीणकमं < हीनक्रमम् (गो. सा. जी. गा. १७९)

एकसमयम्हि < एकसमये (प्र. सा. गा. १४२)

क = य

सामाइयं < सामायिकम् (स्वा. का. गा. ३७२)
कम्मविवायं < कर्मविपाकं (स्वा. का. गा. ३७२)
सुहयरो < सुखकरः (स्वा. का गा. ३७२)
नेरइया < नैरयिकाः (गो. सा. जी. ९३)
वियसिंदियेसु < विकलेन्द्रियेषु (गो. सा. जी. ८९)
एयवियलक्खा < एकविकलाक्षाः (गो. सा. जी. ९०)
गाहया < ग्राहकाः (गो. सा. जी. १७३)
पत्तेयं < प्रत्येकं (गो. सा जी. १८४)
ओरालियं < औरालिकं (गो. सा. जी १८४)

क = अ–स्वरशेष

अलिअं < अलीकं (स्वा. का. गा. ४०६)
आलोओ < आलोकः (स्वा. का. गा. ३४४)
नरए < नरके (प्र. सा. गा. ११४)
पज्जयट्ठिएण < पर्यायार्थिकेन (प्र. सा. गा. ११४)
वेउव्विओ < वैक्रियिकः (प्र. सा. गा. १७१)

(५) जैन शौरसेनी में मध्यवर्ती क, ग, च, ज, त, द, और प का लोप विकल्प से पाया जाता है अथवा यों कह सकते हैं कि इनका लोप अनियमित रूप से पाया जाता है। यथा–

सुयकेवलिमिसिणो < श्रुतकेवलिनमृषयः (प्र. सा. गा. ३३)–तकार का लोप और अवशिष्ट स्वर के स्थान पर य श्रुति।

लोयप्पदीवयरा < लोकप्रदीपकरा–ककार का लोप और अवशिष्ट स्वर के स्थान में य श्रुति। (प्र. सा. गा. ३५)

वयणेहिं < वचनैः (प्र. सा. गा. ३४)–चकार का लोप अवशिष्ट स्वर के स्थान पर य श्रुति।

सयलं < सकलम् (प्र. सा. गा. ५१)–क का लोप और अवशिष्ट स्वर के स्थान पर य श्रुति।

उवओगो < उपयोगः (द्र. सं. गा. ४)–प के स्थान पर व।

बहुभेया < बहुभेदा (द्र. सं. गा. ३५)–दकार का लोप और अवशिष्ट स्वर के स्थान पर य श्रुति।

सुहाउ < शुभायुः (द्र. सं. गा. ३८)–यकार का लोप और उ स्वर शेष।

सायारं < साकारं (प्र. सं. गा. ४२)–ककार का लोप और अवशिष्ट आ स्वर के स्थान पर य श्रुति।

(६) जैन शौरसेनी में महाराष्ट्री के समान ही मध्यवर्ती व्यञ्जन का लोप होने पर अवशिष्ट अ या आ स्वर के स्थान में ही यश्रुति पायी जाती है। यथा–

तित्थयरो < तीर्थङ्करः–यहाँ क का लोप होने पर अवशिष्ट अ स्वर के स्थान में ही य श्रुति हुई है।

पयत्थ <पदार्थः–दकार का लोप और अवशिष्ट आ स्वर के स्थान में य श्रुति।

वेयणा <वेदना–दकार का लोप और अवशिष्ट अ के स्थान में य श्रुति।

आहारया < आहारका–ककार का लोप और अवशिष्ट आ को य श्रुति।

(७) उ के पश्चात् लुप्त वर्ण के स्थान में बहुधा व श्रुति पायी जाती है। यथा–

बालुवा < बालुका–ककार का लोप और अवशिष्ट आ स्वर के स्थान में व श्रुति।

बहुवं < बहुकं–ककार का लोप और अवशिष्ट स्वर के स्थान में व श्रुति।

बिहुव < विधूत–तकार का लोप और अवशिष्ट स्वर के स्थान में व श्रुति।

(८) जैन शौरसेनी में महाराष्ट्री के समान प्रथमा विभक्ति के एकवचन में ओ और अर्धमागधी के प्रभाव के कारण सप्तमी के एकवचन में म्मि और म्हि विभक्ति चिह्न पाये जाते हैं। षष्ठी और चतुर्थी के बहुवचन में सिं प्रत्यय जोड़ा जाता है। पञ्चमी के एकवचन में शौरसेनी के समान आदो, आदु प्रत्ययों का योग पाया जाता है।

दव्वसहावो <द्रव्यस्वभावः–प्रथमा के एकवचन में ओ प्रत्यय जोड़ा गया है।

सदविसिट्ठो < सदविशिष्टः– ,, ,, ,, ,,

एकसमयम्हि < एकसमये–(प्र. सा. गा. १४२)–सप्तमी के एकवचन में म्हि प्रत्यय जोड़ा गया है।

एगम्हि < एकस्मिन् (प्र. सा. गा. १४३)–सप्तमी के एक वचन में म्हि प्रत्यय जोड़ा गया है।

अण्णदवियम्हि < अन्यद्रव्ये (प्र. सा. गा. १५९)– ,, ,,

सुहम्मि < शुभे (प्र. सा. गा. ७९)–सप्तमी के एकववन में म्मि प्रत्यय जोड़ा गया है।

चरियम्हि < चरिके (प्र. सा. गा. ७९)–सप्तमी के एकवचन में म्हि प्रत्यय जोड़ा गया है।

गब्भम्मि < गर्भे (स्वा. का. गा. ७४)–सप्तमी के एकवचन में म्मि प्रत्यय जोड़ा गया है।

ससरूवम्मि < स्वस्वरूपे (स्वा. का. गा. ४८३)–सप्तमी के एक वचन में म्मि प्रत्यय जोड़ा गया है।

जोगम्मि < योगे (स्वा. का. गा. ४८४)– ,, ,,

एक्कम्मि, एक्कम्हि, लोयम्मि, लोयम्हि, जैसे–वैकल्पिक प्रयोग भी जैन शौरसेनी में पाये जाते हैं।

तेसिं < तेभ्यः (प्र. सा. गा. ८२) चतुर्थी के बहुवचन में सिं प्रत्यय जोड़ा गया है।

सव्वेसिं < सर्वेषाम् (स्वा. का. १०३) षष्ठी के बहुवचन में सिं प्रत्यय जोड़ा गया है।

(९) कृ धातु का रूप जैन शौरसेनी में कुव्वदि भी मिलता है। इसका प्रयोग स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा गा. ३१३, ३२९, ३४०, ३५७, ३८४ आदि में देखा जाता है।

(१०) स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा और प्रवचनसार में शौरसेनी के समान करेदि का भी निम्न गाथाओं में प्रयोग मिलता है। यथा– स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा–गा. ६१, २२६, २९६, ३२०, ३५०, ३६९, ३७८, ४२०, ४४०, ४४९ और ५५१। प्रवचनसार में गा. १८५ में करेदि रूप आया है।

(११) जैन शौरसेनी में महाराष्ट्री के समान कृ धातु के रूप कुणेदि और कुणइ रूप भी निम्न गाथाओं में पाये जाते हैं। यथा–

कुणेदि–स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा गा. १८२, १८८, २०९, ३१९, ३७०, ३८८, ३८९, ३९६ और ४२०। प्रवचनसार में गाथा ६६ और १४९ में कुणादि क्रिया व्यवहृत की गयी है।

स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा में गा. २०९, २२७, २८५ और ३१० में कृ धातु के कुणइ रूप का व्यवहार पाया जाता है।

जैन शौरसेनी में कृ धातु का करेइ रूप भी मिलता है। स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा गा. २२५ में यह रूप आया है।

(१२) जैन शौरसेनी में क्त्वा के स्थान में त्ता का व्यवहार होता है। यथा–

जाण + त्ता = जाणित्ता; वियाण + त्ता = वियाणित्ता।

णयस + त्ता = णयसित्ता; पेच्छ + त्ता = पेच्छित्ता।

(१३) जैन शौरसेनी में क्त्वा के स्थान पर य भी पाया जाता है। यथा–भवीय (प्रवचनसार गा. १२); संस्कृत के आपृच्छ के स्थान पर आपिच्छ रूप आया है। गहिय < गृहीत्वा (स्वा. का. गा. ३७३)।

(१४) स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा में क्त्वा के स्थान पर च्चा का व्यवहार मिलता है। यथा–किच्चा < कृत्वा; ठिच्चा < स्थित्वा।

शौरसेनी प्राकृत के दूण और महाराष्ट्री के ऊण प्रत्यय भी संस्कृत के क्त्वा के स्थान में जैन शौरसेनी में पाये जाते हैं। यथा–गमिऊण (गोम्मटसार गा. ५०),

जाइऊण, गहिऊण, भुंजाविऊण (स्वा. का. गा. ३७३, ३७४, ३७५, ३७६); कादूण (स्वा. का. गा. ३७४)।

(१६) जैन शौरसेनी में शौरसेनी और अर्धमागधी के वर्णविकारसम्बन्धी अधिकांश नियम मिलते हैं। सभी क्रियाओं में त के स्थान पर नियमतः द पाया जाता जाता है। यथा–होदि, जादि < याति (प्र. सा. गा. १५), हवदि < भवति (प्र.

सा. गा. १६), विज्जादि < विद्यते (प्र. सा. १७), विजाणदि < विजानाति (प्र. सा. गा. २१), जाणादि, जाणदि, णादि < जानाति (प्र. सा. गा. २५), वट्टदि < वर्तते (प्र. सा. गा. २७), परिणमदि < परिणमति (प्र. सा. गा. ३२); उप्पज्जदि < उत्पद्यते (प्र. सा. गा. ५२); मण्णदि < मन्यते (प्र. सा. गा. ७७) जायदि < जायते (प्र. सा. गा. ८४), खीयदि < क्षीयते (प्र. सा. गा. ८६)। स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा में भी गोवदि (स्वा. का. ४१८), परिहरेदि (४०३), संठवेदि (४१९), भासदि (३९८) और वहदि आदि प्रयोग पाये जाते हैं।

❑ ❑ ❑

मागधी

(१) मागधी की प्रकृति शौरसेनी मानी गयी है। साधारण प्राकृत भी मागधी का मूल मानी जा सकती है।

(२) मागधी में अकारान्त पुल्लिग शब्दों के प्रथमा के एकवचन में ओकारान्त रूप न होकर एकारान्त होते हैं।[१] यथा–

एशे मेशे <एष मेषः; एशे पुलिशे <एष पुरुषः; करोमि भन्ते < करोमि भदन्त।

(३) मागधी में रेफ के स्थान पर लकार और दन्त्य सकार के स्थान पर तालव्य शकार होता है।[२] यथा–

नले < नरः–र के स्थान पर ल और विसर्ग को एत्व

कले < करः– ,, ,,

विआले < विचारः– ,, ,,

हंशे < हंसः –दन्त्य के स्थान पर तालव्य श और विसर्ग को एत्व

शालशे <सारसः–आद्यन्त दन्त्य स के स्थान पर तालव्य श और रेफ को ल

शुदं <श्रुतम्–सुदं–दन्त्य स को तालव्य श और शौरसेनी के समान त को द।

शोभणं < सोहणं < शोभनम्–

(४) मागधी में यदि सकार और षकार–अलग–अलग संयुक्त हों तो उनके स्थान में स होता है। ग्रीष्म शब्द में उक्त आदेश नहीं होता।[३] यथा–

पक्खलदि हस्ती < प्रस्खलति हस्ती–यहाँ स् और त संयुक्त हैं, अतः संयुक्त स के स्थान पर तालव्य श नहीं हुआ।

बुहस्पदी < बृहस्पतिः–संयुक्त स् को तालव्य श नहीं हुआ और दन्त्य स ज्यों का त्यों बना रहा।

---

१. अत एत्सौ पुंसि मागध्याम् ८।४।२८७।

२. र–सोर्ल–शौ ८।४।२८८।

३. स–षोः संयोगे सोऽग्रीष्मे ८।४।२८९।

मस्कली < मस्करी–संयुक्त स ज्यों का त्यों और रेफ को लत्व।

शुस्कदालुं < शुष्कदारुं–ष् और क संयुक्त हैं, अतः संयुक्त मूर्धन्य ष् के स्थान पर तालव्य श न होकर दन्त्य स हो गया है और रेफ को ल हुआ है।

कस्टं < कष्टम्–संयुक्त मूर्धन्य ष के स्थान पर दन्त्य स हुआ है।

विस्नुं < विष्णुम्– ,, ,,

निस्फलं < निष्फलम्– ,, ,,

धनुस्खंडं < धनुषखण्डम्– ,, ,,

गिम्हवाशले < ग्रीष्मवासरः–ग्रीष्म शब्द में उक्त नियम लागू नहीं हुआ है।

(५) द्विरुक्त ट (ट्ट) और षकार से युक्त ठकार के स्थान पर मागधी में ष्ट आदेश होता है।[1] यथा–

पस्टे < पट्टः–ट्ट के स्थान में स्ट।

भस्टालिका < भट्टारिका–ट्ट के स्थान में स्ट और रेफ के स्थान में ल।

शुस्टु कदं < सुष्ठु कृतम्–स के स्थान पर श, ष्ठु के स्थान पर स्टु तथा ककारोत्तर ऋकार के स्थान पर अ एवं त के स्थान पर द।

कोस्टागालं<कोष्ठागारम्–ष्ठ के स्थान पर स्ट और र के स्थान पर ल हुआ।

(६) स्थ और र्थ इन दोनों वर्णों के स्थान में मागधी में सकार से संयुक्त तकार होता है।[2] यथा–

उवस्तिदे < उपस्थितः –प के स्थान पर व, स्थि के स्थान पर स्ति तथा त के स्थान पर द और विसर्ग को एत्व।

शुस्तिदे < सुस्थितः –दन्त्य स के स्थान पर तालव्य श, स्थ के स्थान पर स्त, त के स्थान पर द और विसर्ग को एत्व।

अस्तवदी < अर्थवती–र्थ के स्थान में स्त और त स्थान पर द होता है।

शस्तवहे < सार्थवाहः –दन्त्य स के स्थान पर श, र्थ के स्थान पर स्त और विसर्ग को एत्व।

(७) मागधी में ज, द्य और य के स्थान में य आदेश होता है।[3] यथा–

यणवदे < जनपदः –ज के स्थान पर य और प के स्थान पर व हुआ है।

अय्युणे < अर्जुनः –र्जु के स्थान पर य्यु और न के स्थान पर ण।

याणादि < जानाति–ज के स्थान पर य, न को ण और त के स्थान पर द।

गय्यिदे < गर्जितः–र्ज के स्थान पर य्य और त को द, विसर्ग को एत्व।

---

१. ट्ट–ष्ठयोस्टः ८।४।२९०। २. स्थ–र्थयोस्तः ८।४।२९१।

३. ज–द्य–यां यः ८।४।९२।

दुय्यणे < दुज्जणो < दुर्जनः –र्ज के स्थान पर य्य और न को ण।

वय्यिदे < वर्जितः– ,, ,, त को द और विसर्ग को एत्व।

मय्यं < मद्यम्–द्य के स्थान में य्य।

अय्य किल विय्याहले आगदे < अद्य किल विद्याधर आगतः।

यादि < यादि–य के स्थान पर य।

(८) मागधी में न्य, ण्य, ज्ञ और ञ्ज इन संयुक्ताक्षरों के स्थान पर द्विरुक्त ञ्ञ होता है।[१] यथा–

अहिमञ्ञुकुमाले–अभिमन्युकुमार–न्य के स्थान पर ञ्ञ।

कञ्ञकावलणं < कन्यकावरणम्–न्य के स्थान पर ञ्ञ; र को ल।

अबम्हञ्ञं < अब्रह्मण्यम्–ण्य के स्थान पर ञ्ञ आदेश।

पुञ्ञाहं < पुण्याहम्–ण्य के स्थान पर ञ्ञ।

पञ्ञाविशाले < प्रज्ञाविशालः–ज्ञ के स्थान पर ञ्ञ।

शव्वञ्ञे < सर्वज्ञः–दन्त्य स के स्थान पर श और ज्ञ के स्थान पर ञ्ञ।

अवञ्ञा < अवज्ञा–ज्ञ के स्थान पर ञ्ञ।

अञ्ञली < अञ्जलिः –ञ्ज के स्थान पर ञ्ञ।

धणञ्ञए < धनञ्जयः –ञ्ज के स्थान पर ञ्ञ।

पञ्ञले < पञ्जरः– ,, ,, और रेफ को लत्व।

(९) मागधी में अनादि से वर्तमान छ के स्थान में शकार संयुक्त च (श्च) होता है।[२] यथा–

गश्च < गच्छ–'च्छ' के स्थान पर श्च।

उश्चलदि < उच्छलति–च्छ के स्थान पर श्च और त को द।

तिरश्चि पेस्कदि < तिरिच्छि पेच्छइ < तिर्यक् प्रेक्षते–च्छ के स्थान पर श्च और क्ष के स्थान पर स्क, त को द।

आवन्नवश्चले < आपन्नवत्सलः–लाक्षणिक होने से त्स के स्थान पर भी श्च आदेश।

(१०) मागधी में अनादि में वर्तमान क्ष के स्थान पर जिह्वामूलीय≍ क आदेश होता है।[३] यथा–

य≍के < यक्षः–क्ष के स्थान पर≍क आदेश और विसर्ग को एत्व।

ल≍क शे < राक्षसः –रेफ के स्थान पर ल, अनियमित ह्रस्व, क्ष के स्थान पर≍क, दन्त्य स के स्थान पर तालव्य श और विसर्ग को एत्व।

---

१. न्य–ण्य–ज्ञ–ञ्जां ञ्ञः ८।४।२९३।

२. छस्य श्चोनादौ ८।४।२९५।

३. क्षस्य≍कः ८।४।२९६।

(११) मागधी में प्रेक्ष और आचक्ष के स्थान पर स्क आदेश होता है।[१] यथा–

पेस्कदि ‹ प्रेक्षते–संयुक्त रेफ का लोप होने से प्र के स्थान पर प, स के स्थान पर स्क तथा त को द। मागधी में ति और ते इन दोनों के स्थान पर दि आदेश होता है।

(१२) मागधी में हृदय शब्द के स्थान पर हडक्क आदेश होता है।[२] यथा–

हडक्के आलले मम ‹ हृदये आदरो मम–हृदय के स्थान पर हडक्के आदेश, तथा द और र के स्थान पर ल, प्रथमा एकवचन में विभक्ति ए का संयोग।

(१३) मागधी में अस्मद् शब्द को प्रथमा एकवचन में सु विभक्ति में हके, हगे और अहके ये तीन आदेश होते हैं।[३] यथा–

हके, हगे, अहके भणामि ‹ अहं भणामि।

(१४) मागधी में शृगाल शब्द के स्थान पर शिआल और शिआलक आदेश होते हैं।[४] यथा–

शिआले आअच्छदि, शिआलके आअच्छदि ‹ शृगाल आगच्छति।

शब्दरूपों के नियम

(१५) मागधी में प्रथमा एकवचन में एत्व होता है। यथा–पुलिशे ‹ पुरुषः।

(१६) मागधी में अवर्ण से पर में आने वाले ङ्स्–षष्ठी के एकवचन के स्थान में विकल्प से आह आदेश होता है। आह के पूर्ववर्ती टि का लोप होता है।[५] यथा–

हगे न ईदिशाह कम्माह काली ‹ अहं न ईदृशस्य कर्मणः कारी; भगदत्त–शोणिदाह कुंभे; पक्ष में–भीमशेणस्स पश्चादो हिण्डीअदि।

(१७) मागधी में अवर्ण से पर में विद्यमान आम् के स्थान में विकल्प से आहँ आदेश होता है और पूर्व के टि का लोप हो जाता है।[६] यथा–

आहँ–येषाम्; विकल्पाभाव से–याणं ‹ येषाम्

(१८) मागधी में अहम् और वयं के स्थान पर हगे आदेश होता है।[७] यथा–

हगे शक्कावदालतिस्तणिवाशी धीवले ‹ अहं शक्रावतारतीर्थनिवासी धीवरः।

(१९) मागधी में अकारान्त शब्दों को सु पर रहते इ, ए होते हैं और सु का लोप होता है।[८] यथा–

एशि लाआ ‹ एष राजा–यहाँ ष को श और अकार को इकार।

एशे पुलिशे ‹ एष पुरुषः–एत्व होने से एशे होता है।

---

१. स्कः प्रेक्षाचक्षोः ८। ४/२९७। २. हृदस्य हडक्कः ११ ।६ वर.।

३. अस्मदः सौ हके–हगे–अहके ११ ।९ वर.।

४. शृगालशब्दस्य शिआलाशिआलकाः ११ ।१७ वर.।

५. अवर्णाद्वा ङ्सो डाहः ८ ।४ ।२९९ हे.। ६. आमो डाहँ वा ८ ।४ ।३०० हे.।

७. अहंवयमोर्हगे ८ ।४ ।३०१ हे.। ८. अत इदेतौ लुक् च ११ ।१० व.।

(२०) ह्रस्व अकारान्त शब्द के अन्तिम अकार को सम्बुद्धि पर रहते दीर्घ होता है।[१] यथा–

पुलिशा आगच्छ < हे पुरुष आगच्छ–सम्बोधन होने से अकार को दीर्घ।

माणुशा आगच्छ < हे मानुष आगच्छ ,, ,,

विभक्तिचिह्न

	एकवचन	बहुवचन
पढमा	ए	आ
बीआ	ं अनुस्वार	आ
तइआ	ण, णं	हि, हिं, हिँ
चउत्थी, छट्ठी	ह, स्स	हँ, ण, णं
पंचमी	आदो, आदु	त्तो, ओ, उ, हि, हिन्तो, शुंतो
सप्तमी	सि, म्मि	शु, शुं

वील–वीर शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
पढमा	वीले	वीला
बीआ	वीलं	वीला
तइया	वीलेण, वीलेणं	वीलेहि, वीलेहिं, वीलेहिँ
चउत्थी	वीलाह, वीलस्स	वीलाहँ, वीलाण, वीलाणं
पंचमी	वीलादो, वीलादु	वीलत्तो, वीलओ, वीलउ, वीलाहिन्तो, वीलाशुन्तो
छट्ठी	वीलाह, वीलस्स	वीलाहँ, वीलाण, वीलाणं
सप्तमी	वीलंसि, वीलम्मि	वीलेशु, वीलेशुं
संबोहण	हे वीले	हे वीला

अन्य अकारान्त शब्दों के रूप भी वील शब्द के समान होते हैं।

नपुंसकलिंग में शौरसेनी के समान ही शब्दरूप बनते हैं।

सर्वनामवाची शब्द मागधी में वील < वीर के समान होगें। यहाँ उदाहरण के लिए कुछ शब्द रूप प्रस्तुत किये जाते हैं।

शव्व < सर्व के शब्दरूप

	एकवचन	बहुवचन
पढमा	शव्वे	शव्वा
बीआ	शव्वं	शव्वा

१. अदीर्घः सम्बुद्धौ ११।१३ व.।

तइया	शव्वेण, शव्वेणं	शव्वेहि, शव्वेहिं, शव्वेहिँ
चउत्थी	शव्वाह, शव्वस्स	शव्वाहँ, शव्वाण, शव्वाणं
पंचमी	शव्वादो, शव्वादु	शव्वत्तो, शव्वओ, शव्वउ, शव्वाहिन्तो, शव्वाशुन्तो
छट्ठी	शव्वाह, शव्वस्स	शव्वाहँ, शव्वाण, शव्वाणं
सप्तमी	शव्वंसि, शव्वम्मि	शव्वेशु, शव्वेशुं
संबोहण	हे शव्वे	हे शव्वा

त, ण < तत् शब्द के रूप

	एकवचन	**बहुवचन**
प.	शे	ते, णे
वी.	तं, णं	ते, ता, णे, णा
त.	तेण, तेणं, तिणा णेण, णेणं	तेहि, तेहिं, तेहिँ, णेहि, णेहिं, णेहिँ
च.	ताह, तस्स	ताहँ, तेशिं, णेशिं, ताणं, ताण, णाण, णाणं
प.	तादो, तादु	तत्तो, ताओ, ताउ, ताहि, तेहि, ताहिंतो, तेहिंतो, ताशुंतो, तेशुंतो णत्तो, णाओ आदि
छ.	ताह, तस्स	ताहँ, तेशिं, णेशिं, ताण, णाण
स.	ताहे, ताला, तइआ, तम्मि, तस्सिं, तहिं, तरुत्थ, णम्मि, णस्सिं, णत्थ	णेशु, पोशुं

एअ < एतद्

	एकवचन	**बहुवचन**
प.	एशे, एश	एदे
वी.	एदं	एदे, एदा
त.	एदेण, एदेणं, एदिणा	एदेहि, एदेहिं, एदेहिँ
च.	शे, एदाह	शिं, एदाहँ, एदाण, एदाणं
पं.	एदादु, एदादो	एअत्तो, एआउ, एआओ, एआहि, एएहि, एआहिंतो, एएहिंतो, एआशुंतो, एएशुंतो

छ.	शे, एदाह	शिं, एदाहँ
स.	एत्थ, अयम्मि, ईअम्मि, एअम्मि, एअस्सिं	एएशु, एएशुं

इकारान्त और उकारान्त शब्दों के मागधी विभक्ति प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प.	दीर्घ	अउ, अओ, णो, ०
वी.	अनुस्वार	णो, ०
त.	णा	हि, हिं, हिँ
च.	ह	हँ, ण
पं.	दो, दु	त्तो, ओ, उ, हिन्तो, शुन्तो
छ.	ह	हँ, ण, णं
स.	शि	शु, शुं

इशि < ऋषि शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प.	इशी	इशउ, इशओ, इशिणी, इशी
वी.	इशिं	इशिणो, इशी
त.	इशिणा	इशीहि, इशीहिं, इशीहिँ
च.	इशिह	इशिहँ, इशीण, इशीणं
पं.	इशिदो, इशिदु	इशित्तो, इशिओ, इशीउ, इशीहिंतो, इशीशुंतो
छ.	इशिह	इशिहँ, इशीण, इशीणं
स.	इशिंशि	इशीशु, इशीशुं
सं.	हे इशि, हे इशी	हे इशउ, हे इशओ, हे इशिणो

मागधी में इन्–अन्तवाले शब्दों में सम्बोधन एकवचन में विकल्प से न के स्थान पर अकार आदेश होता है।

हे दंडिआ, हे दण्डी < दण्डिन्

हे शुहिआ, हे शुहि < सुखिन्

हे तवश्शिआ, हे तवस्सि < तपस्विन्

उकारान्त—भाणु शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प.	भाणू	भाणुणो, भाणओ, भाणउ, भाणू
वी.	भाणुं	भाणुणो, भाणू

त.	भाणुणा	भाणूहि, भाणूहिं, भाणूहिँ
च.	भाणुह	भाणुहँ
पं.	भाणुदो, भाणुदु	भाणुत्तो, भाणूओ, भाणूउ भाणूहिंतो, भाणूशुंतो
छ.	भाणुह	भाणुहँ, भाणूण, भाणूणं
स.	भाणुंशि, भाणुम्मि	भाणूशु, भाणूशुं
सं.	हे भाणु, हे भाणू	हे भाणुणो, हे भाणओ, हे भाणू

इसी प्रकार यउ, गुलु < गुरु, शाहु, मेलु < मेरु, कालु < कारु, लाहु < राहु आदि उकारान्त शब्दों के रूप बनते हैं। उकारान्त या इकारान्त शब्दों के रूप मागधी की प्रवृत्ति के अनुसार ही वर्णविकृति कर बनाने चाहिए। व्यञ्जनान्त या शेष स्वरान्त शब्द प्राकृत की शब्दरूपावली में मागधी की प्रवृत्ति के अनुसार वर्णविकृति करने से निष्पन्न होते हैं।

मागधी में प्रथमा, चतुर्थी, पञ्चमी और षष्ठी विभक्ति में ही अन्तर पड़ता है। स्पष्टीकरण के लिए अकारान्त पितृ शब्द के रूप भी दिये जाते हैं।

पिउ, पिआ, पिआल < पितृ

	एकवचन	**बहुवचन**
प.	पिआ, पिअले	पिअला, पिउणो, पिअओ
वी.	पिअलं	पिअले, पिअला, पिउणो
त.	पिअलेण, पिअलेणं, पिउणा	पिअलेहि, पिअलेहिं, पऊहिं
च., छ.	पिअलाह	पिअलाहँ, पिअलाण
पं.	पिअलादो, पिअलादु	पिअलत्तो, पिअलाओ, पिअलाहिंतो, पिअलाशुंतो
स.	पिअले, पिअलंशि, पिअलम्मि, पिउंशि, पिउम्मि	पिऊशु, पिऊशुं
सं.	हे पिअ, हे पिअले	हे पिक्षला, हे पिउणो

इसी प्रकार दाउ, दायाल < दातृ का प्रथमा के एकवचन में दायाले, चतुर्थी–षष्ठी के एकवचन में दायालाह और बहुवचन में दायालाहँ, पञ्चमी के एकवचन में दायालादो, दायालादु और सप्तमी के एकवचन में दायालंशि तथा सप्तमी के बहुवचन में दायालेशु, दायालेशुं रूप बनते हैं।

मागधी के धातुरूप

मागधी की धातुरूपावली शौरसेनी के समान होती है। अतः मागधी के धातुचिह्न शौरसेनी के समान ही हैं।

(२१) मागधी में व्रज धातु के जकार को ञ आदेश होता है। यथा–
वञ्जदि < व्रजति।

(२२) प्रेक्ष और आचक्ष धातु के क्ष के स्थान पर स्क आदेश होता है। यथा–
पेस्कदि < प्रेक्षते, आचस्कदि < आचक्षते।

(२३) मागधी में स्था धातु के तिष्ठ के स्थान पर चिष्ठ आदेश होता है। यथा–
चिष्ठदि < तिष्ठति। मतान्तर से प्राकृत के समान चिट्ठ भी आदेश होता है।

हशधातु—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	हशदि, हशेदि	हशंति, हशंते
म. पु.	हशशि, हशशे, हशेज्ज	हशइत्था, हशध, इशेध
उ. पु.	हशामि, हशमि, हशेमि हशेज्ज	हशमो, हशामो, हशिमो, हशेमो, हशमु, हशम

भविष्यत्काल—भण

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	भणिस्सिदि, भणेस्सिदि, भणिस्सिदे, भणेस्सिदे	भणिस्संति, भणेस्संति, भणिस्संते भणेस्संते, भणेस्सिले, भणेस्सिइले
म. पु.	भणिस्सिशि, भणेस्सिशि, भणिस्सिशे, भणेस्सिशे	भणिस्सिह, भणेस्सिह, भणिस्सिध, भणेस्सिध, भणिसिइत्था
उ. पु.	भणिस्सं, भणेस्सं, भणेस्सिमि	भणिस्सिमो, भणेस्सिमो, भणिस्सिमु, भणेस्सिमु

शेष सभी धातुरूप और कृदन्त रूप शौरसेनी के समान मागधी में होते हैं।

मागधी के कतिपय विशेष शब्द

माशे < माषः	दुय्यणे < दुर्जनः
विलाशे < विलासः	लस्कशे < राक्षसः
यायदे < जायते	दक्के < दक्षः
पलिचये < परिचयः	हक्के, अहके, हगे < अहम्
गहिदच्छले < गृहीतच्छलः	एशि लाआ < एष राजा
वियले < विजलः	हशिदु, हशिदि, हशिद < हसितः
णिज्झले < निर्झरः	पुलिशे < पुरुषः
हडक्के < हृदयः	चिष्ठदि < तिष्ठति
अलले < आदरः	कडे < कृतः
कय्ये < कार्यम्	मडे < मृतः
कारिदाणि < कृत्वा	सहिदाणि < सोढ्वा
गडे < गतः	शिआले, शिआलके < शृगालः

अर्धमागधी

साधारणतः अर्धमागधी शब्द की व्युत्पत्ति 'अर्धं मागध्याः' अर्थात् जिसका अर्धांश मागधी का हो वह भाषा 'अर्धमागधी' कहलायेगी। परन्तु जैनसूत्र ग्रन्थों की भाषा में उक्त व्युत्पत्ति सम्यक् प्रकार घटित नहीं होती। हाँ, नाटकीय अर्धमागधी में मागधी भाषा के अधिकांश लक्षण पाये जाते हैं।

अर्धमागधी शब्द की एक व्युत्पत्ति में 'अर्धमगधस्येयं' अर्थात् मगध देश के अर्धांश की भाषा को अर्धमागधी कहा जायेगा। इस व्युत्पत्ति का समर्थन ईस्वी सन् सातवीं शताब्दी के विद्वान् जिनदासगणि महत्तर ने निशीथचूर्णि–नामक ग्रन्थ में– "पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं" द्वारा किया है। अर्धमगध शब्द की व्याख्या करते हुए " मगहद्ध विसयभासानिबद्धं अद्धमागहं" अर्थात् मगधदेश के अर्ध प्रदेश की भाषा में निबद्ध होने से प्राचीन सूत्रग्रन्थ अर्धमागध कहलाते हैं। अर्धमागधी में अठ्ठारह देशी भाषाएँ मिश्रित मानी गयी हैं। बताया है–"अट्ठारसदेसीभासानिययं वा अद्धमागहं"। अन्यत्र भी इसे सर्वभाषामयी कहा है।[१]

अर्धमागधी का मूल उत्पत्ति स्थान पश्चिम मगध और शूरसेन (मथुरा) का मध्यवर्ती प्रदेश अयोध्या है। तीर्थङ्करों के उपदेश की भाषा अर्धमागधी मानी गयी है। आदि तीर्थङ्कर ऋषभदेव अयोध्या के निवासी थे, अतः अयोध्या में ही इस भाषा की उत्पत्ति हुई मानी जायेगी। पर भाषा की भौगोलिक प्रवृत्तियों का विश्लेषण करने पर अवगत होता है कि शौरसेनी या पूर्वी हिन्दी के साथ इस भाषा का विशेष सम्बन्ध नहीं है। महाराष्ट्री प्राकृत या आधुनिक मराठी के साथ इस भाषा का घनिष्ठ संबन्ध पाया जाता है। इन्हीं विशेषताओं के आधार पर डॉ. हॉर्नले[२] ने बताया है कि अर्धमागधी ही आर्ष प्राकृत है, और इसी से परवर्ती काल में नाटकीय अर्धमागधी, महाराष्ट्री और शौरसेनी निकली हैं। आचार्य हेमचन्द्र के

---

१. सर्वार्धमागधीं सर्वभाषासु परिणामिनीम्।
सर्वेषां सर्वतो वाचं सार्वज्ञीं प्रणिदध्महे॥
–वाग्भट्ट काव्यानुशासन पृ. २
आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी।
–काव्यालंकार की नमिसाधुकृत टीका २, १२।

२. "It thus seems to me very clear, that the Prakrit of chanda is the Arsha or ancient (Porana) from the Ardhamagadhi, Maharashtra and Sauraseni"—Introduction to Prakrit Lakshana of chanda Page XIX

प्राकृत व्याकरण के अध्ययन से भी यही निष्कर्ष निकलता है कि एक ही भाषा के प्राचीन रूप को आर्ष प्राकृत और अर्वाचीन रूप को महाराष्ट्री कहा गया है। आर्ष प्राकृत से अर्धमागधी अभिप्रेत है। उन्होंने 'आर्षम्' ८।१।३ सूत्र में ''आर्षं प्राकृतं बहुलं भवति'' तथा ''आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्प्यन्ते'' कथन में आर्ष–ऋषिभाषित प्राकृत के अनुशासन की बात कही है।

अर्धमागधी के प्रथमा एकवचन में मागधी के समान ए प्रत्यय जोड़ा जाता है। ऋ में समाप्त होने वाले धातु के त के स्थान में अर्धमागधी में ड होता है। अर्धमागधी की यह प्रवृत्ति भी मागधी से मिलती जुलती है। अर्धमागधी की वर्णपरिर्वतनसम्बन्धी निम्न विशेषताएँ है।

(१) अर्धमागधी में दो स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क के स्थान में सर्वत्र ग और अनेक स्थलों में त और य होते हैं। यथा–

ग–पगप्प < प्रकल्प–प्र के स्थान पर प, क को ग और संयुक्त ल का लोप तथा द को द्वित्व।

आगर < आकर–क के स्थान पर ग।

आगास < आकाश–क को ग और श के स्थान पर दन्त्य स।

पगार < प्रकार–प्र को प और क को ग।

सावग < श्रावक–संयुक्त रेफ का लोप, श को स और क के स्थान पर ग।

विवज्जग < विवर्जक–संयुक्त रेफ का लोप, ज को द्वित्व और क को ग।

अहिगरणं < अधिकरणं–ध के स्थान पर ह और क के स्थान पर ग।

णिसेवग < निषेवकः–न के स्थान पर ण, मूर्धन्य ष को स और क को ग।

लोगे < लोकः–क के स्थान पर ग और एकवचन का ए प्रत्यय।

आगइ <आकृतिः–क के स्थान पर ग, ककारोत्तर ऋ को अ, तकार का लोप।

त–आराहत < आराधक–ध के स्थान पर ह, क के स्थान पर त।

सामातित < सामायिक–य के स्थान पर त और क के स्थान पर त।

विसुद्धित < विशुद्धिक–तालव्य श को दन्त्य स और क को त।

अहित < अधिक–ध के स्थान पर ह और क को त।

साउणित < शाकुनिक–तालव्य श को दन्त्य स, ककार का लोप और उ स्वर शेष, न को ण तथा अन्तिम क के स्थान पर त।

णेसज्जित < नैषधिक–ऐकार के स्थान पर एकार, ष को स, ध के स्थान पर ज्ज और क को त हुआ है।

वीरासणित < वीरासनिक–न को ण और क के स्थान पर त।

वड्ढति < वर्धकि–रेफ का लोप, ध को द्वित्व और मूर्धन्य ढ, पूर्ववर्ती ढ को ड तथा क के स्थान पर त।

नेरतित < नैरयिक–ऐकार का एकार, य को त और क को त।

सीमंतत < सीमंतक–क को त हुआ है।

नरतातो < नरकात्–क के स्थान पर त।

माडंबित < माडम्बिक–क के स्थान पर त।

कोडुंबित < कौटुम्बिक–औकार को ओकार, ट को ड तथा क को त।

सचक्खुत्तेण < सचक्षुष्केण–क्ष के स्थान पर क्ख और क के स्थान पर त।

कूणित < कृणिक–क को त।

य–काइयं < कायिक–मध्यवर्ती यकार का लोप और क को य।

लोय < लोक–क को य हुआ है।

अवयारो < अवकारो–क के स्थान पर य।

(२) दो स्वरों के बीच का असंयुक्त ग प्रायः कायम रहता है। कहीं–कहीं त और य भी होता है। यथा–

ग–आगम < आगम–ग के स्थान पर ग रह गया है।

आगमणं < आगमनं–ग के स्थान पर ग और न को ण हुआ है।

अणुगामिय < अनुगामिक–ग के स्थान पर ग, न के स्थान पर ण और क के स्थान पर य हुआ है।

आगामिस्स <आगमिष्यत्–ग के स्थान पर ग, संयुक्त य का लोप और स को द्वित्व; अन्तिम हल् त् का लोप।

भगवं < भगवन्– ग के स्थान पर ग और न् को अनुस्वार।

त–अतित < अतिग–ग के स्थान पर त।

य–सायर < सागर–ग के स्थान पर य।

(३) दो स्वरों के बीच में आने वाले असंयुक्त च और ज के स्थान में त और य दोनों ही होते हैं। यथा–

त–णारात < नाराच–न के स्थान पर ण और च के स्थान पर त।

वति < वचस्–अन्त्य हल् स् का लोप और च के स्थान पर त तथा इकार।

पावतण < प्रवचन–प्र के स्थान पर प और च के स्थान पर त।

य–कयाती < कदाचित्–दकार का लोप, आ शेष और य श्रुति, च के स्थान पर य और अन्तिम व्यञ्जन त् का लोप एवं पूर्ववर्त्ती इ को दीर्घ।

वायणा < वाचना–च को य और क को ण।

उवयार < उपचार–प को व और च को य।

लोय < लोच–च के स्थान पर य।

आयरिय < आचार्य–च को य और स्वरभक्ति के नियमानुसार र् तथा य को पृथक्करण, इ स्वर का आगम।

ज = त–भोति < भोजिन्–ज के स्थान पर त और अन्तिम न् का लोप।

वतिर < वज्र–ज के स्थान पर त और र् का पृथक्करण तथा त में ह्रस्व इकार का संयोग।

पूता < पूजा–ज के स्थान पर त।

रातीसर < राजेश्वर–ज के स्थान पर त, ऐकार को ईत्व, संयुक्त व का लोप और तालव्य श की दन्त्य स।

अत्तते < आत्मजः–संयुक्त म का लोप और त को द्वित्व तथा ज को त।

पयाय < प्रजात–प्र के स्थान पर प, जकार को य और त का लोप, आ स्वर शेष तथा यश्रुति।

कामज्झया < कामध्वजा–ध्व के स्थान पर ज्झ, ज के स्थान पर य।

अत्तय < आत्मज–संयुक्त म का लोप, त को द्वित्व और ज को य।

(४) दो स्वरों का मध्यवर्ती त प्रायः बना रहता है; कहीं–कहीं इसका य होता है। यथा–

वंदति < वन्दते–त के स्थान पर त ही बना रहा। आत्मनेपद की क्रिया परस्मैपद में परिवर्तित हो गई।

नमंसति < नमस्यति–संयुक्त य का लोप और म के ऊपर अनुस्वार।

पज्जुवासति < पर्युपास्ते–संयुक्त रेफ का लोप, य को ज और द्वित्व। प के स्थान पर व और स्वरभक्ति के अनुसार पृथक्करण, ए का इत्व।

जितिंदिय < जितेन्द्रिय–एकार को इत्व, संयुक्त रेफ का लोप और त ज्यों का त्यों बना हुआ है।

सतत < सतत–तकार जैसे का तैसे बना हुआ है।

अंतरित < अन्तरित– ,, ,,

घेवत < धेवत– ,, ,,

जाति < जाति– ,, ,,

आगति < आकृति–क के स्थान पर ग, ऋकार को इ और त की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है।

विहरति < विहरति–त की स्थिति ज्यों की त्यों बनी है।

पुरतो < पुरतः–विसर्ग को विकल्प से ओत्व और त ज्यों का त्यों बना है।

करेति < करोति–ओकार को एत्व, त ज्यों का त्यों।

तते < ततः–विसर्ग को एत्व, ,, ,,

संलवति < संलपति–प को व और ,, ,,

पभिति < प्रभृति–प्र को प, भकारोत्तर ऋकार को इकार और त ज्यों का त्यों बना रहा।

करयल < करतल–मध्यवर्ती त के स्थान पर य हुआ।

(५) दो स्वरों के बीच में स्थित द का द और त ही अधिकांश में देखा जाता है, कहीं–कहीं य भी होता है। यथा–

द–पदिसो < प्रदिशः–प्र को प, द के स्थान पर द और श को स हुआ है।

अणादियं < अनादिकं–न के स्थान पर ण, द को द और क के स्थान पर य।

वदमाण < वदत्– द के स्थान पर द और संस्कृत के शतृ प्रत्यय के स्थान पर माण हुआ है।

णदति < नदति–न के स्थान पर ण और द को द ही रह गया है।

जणवद < जनपद–न के स्थान पर ण, प के स्थान पर व और द को द।

वेदिहिती < वेदिष्यति–संयुक्त य का लोप, ष् को स और स के स्थान पर ह तथा द और त के स्थान पर उक्त दोनों वर्ण ही विद्यमान हैं।

त–जता < यदा–य के स्थान पर ज और द को त।

पात < पाद–द के स्थान पर त।

निसात < निषाद–मूर्धन्य ष को स और द को त।

नती < नदी–द को त।

मुसावात < मृषावाद–मकारोत्तर ऋ के स्थान पर उ, ष की स और द के स्थान पर त हुआ है।

वातित < वादिक–द के स्थान पर त और क के स्थान पर भी त।

अन्नता < अन्यदा–संयुक्त य का लोप, न को द्वित्व और द को त।

कताती < कदाचित्–द के स्थान पर त, च को त और अन्तिम हल् त् का लोप तथा त् के पूर्ववर्ती इकार को दीर्घ।

जति < यदि–य को ज और द को त।

चिरातीत < चिरादिक–द और क के स्थान पर त, इकार को दीर्घ।

य–पडिच्छायण < प्रतिच्छादन–प्रति के स्थान पर पडि, द को य और न को ण।

चउप्पय < चतुष्पद–तकार का लोप, उ स्वर शेष, संयुक्त ष का लोप, प को द्वित्व और द के स्थान पर य।

कयत्थो < कदर्थ–द के स्थान पर य, र्थ को त्थ।

उयरं < उदरम्–द को य।

पयाहिणा < पदक्षिणा–प्र को प, द के स्थान पर य और क्ष के स्थान पर ह हुआ है।

(६) दो स्वरों के मध्यवर्ती प के स्थान पर व होता है। यथा–

पावग < पापक–मध्यवर्ती प को व और अन्त्य क को ग हुआ है।

संलवति < संलपति– ,, ,, ,, ,,

सोवयार < सोपचार–प को व और च के स्थान पर य हुआ है।

अतिवात < अतिपात–प के स्थान में व हुआ है।

उवणीय < उपनीत–प के स्थान में व और न को ण, तथा त को य हुआ है।

अज्झोववयण्ण < अध्युपपन्न–ध्य के स्थान पर ज्झ, उ को ओत्व, उत्तरवर्ती दोनों पकारों को व तथा न को ण।

उवगूढ < उपगूढ–प की व हुआ है।

आहेवच्च < आधिपत्य–ध के स्थान पर ह, इकार को एत्व, प को व और त्य को च्च।

तवय < तपक–प को व और क को य।

ववरोपित < व्यपरोपित–संयुक्त य का लोप, प को व हुआ है।

(७) स्वरों का मध्यवर्ती य प्रायः ज्यों का त्यों रह जाता है और कहीं–कहीं उसका त भी हो जाता है। यथा–

वायव < वायव–य ज्यों का त्यों स्थित है।

पिय < प्रिय–प्र के स्थान पर प और य ज्यों का त्यों वर्तमान है।

निरय < निरय –य ज्यों का त्यों वर्तमान है।

इंदिय < इन्द्रिय–संयुक्त रेफ का लोप और य ज्यों का त्यों।

गायइ < गायति–य ज्यों का त्यों, त लोप और इ शेष।

त–सिता < सिया–य के स्थान पर त।

सामातित < सामायिक–य के स्थान पर त और क को भी त हुआ।

पालतिस्संति < पालयिष्यन्ति–य के स्थान पर त और ष्य को स्स।

परितात < पर्याय–स्वरभक्ति के नियम से र्य का पृथक्करण और इ का आगम दोनों य के स्थान पर त।

णातग < नायक–न के स्थान पर ण, य को त और क के स्थान पर ग।

गातति < गायति–य के स्थान पर त।

ठाति–स्थायिन्–स्था के स्थान पर ठा, य को त और अन्त्य न् का लोप।

साति < शाथिन्–तालव्य श को स, य के स्थान पर त और अन्त्य न् का लोप।

नेरतित < नैरयिक—ऐकार को एकार, य के स्थान में त और क को भी त।

इंदित < इन्द्रिय—संयुक्त रेफ का लोप और य के स्थान पर त।

(८) दो स्वरों के मध्यवर्ती व के स्थान पर व, त और य होता है। यथा—

व—वायव < वायव—व के स्थान पर व ही रह गया है।

गारव < गौरव—औकार के स्थान पर आकार और व के स्थान पर व।

भवति < भवति—व के स्थान पर व ही रहा।

अणुवीति < अनुविचिन्त्य—न के स्थान पर ण, इ को ईत्व, व के स्थान पर व और चिन्त्य के स्थान पर ति।

त—परिताल < परिवार—व के स्थान पर त और र के स्थान ल।

कति < कवि—व के स्थान पर त।

य—परियट्टण < परिवर्तन—व के स्थान पर य, र्त के स्थान पर ट्ट और न को ण।

परियट्टणा < परिवर्तना— ,, ,, ,, ,,

(९) शब्द के आदि, मध्य और संयोग में सर्वत्र ण की तरह न भी स्थित रहता है। यथा—

नई < नदी—न ज्यों का त्यों और द का लोप, ई स्वर शेष।

नायपुत्त < ज्ञातपुत्र—ज्ञ के स्थान पर न, त को य और त्र के स्थान पर त्त।

आरनाल < आरनाल—न के स्थान पर न ही रह गया है।

अनिल < अनिल— ,, ,, ,,

पन्ना < प्रज्ञा—प्र को प और ज्ञा के स्थान पर न्ना।

विन्नु < विज्ञ—ज्ञ के स्थान पर न्नु।

सव्वन्नु < सर्वज्ञ—संयुक्त रेफ का लोप, व को द्वित्व और ज्ञ के स्थान पर न्न और अकार को उत्व।

(१०) एव के पूर्व अम् के स्थान में आम् होता है। यथा—

जामेव < यमेव—य के स्थान पर ज और एव के पूर्ववर्ती अम् के स्थान पर आम्।

तामेव < तमेव—एव के पूर्ववर्ती अम् के स्थान पर आम्।

खिप्पामेव < क्षिप्रमेव—क्ष के स्थान पर ख, संयुक्त रेफ का लोप और प को द्वित्व तथा एव के पूर्ववर्ती अम् को आम्।

एवामेव < एवमेव—एव के पूर्ववर्ती अम् के स्थान पर आम्।

पुव्वामेव < पूर्वमेव—पूर्व के स्थान पर पुव्व और एव के पूर्ववर्ती अम् को आम्।

(११) दीर्घ स्वर के बाद इति वा के स्थान में ति वा और इ वा का प्रयोग होता है। यथा—

इंदमहे ति वा < इन्द्रमह इति वा–इति वा के स्थान में ति वा।

इंदमहे इ वा < इन्द्रमह इति वा– ,, ,, ,, इ वा।

(१२) यथा और यावत् शब्द के य का लोप और ज दोनों ही देखे जाते हैं। यथा–

अहक्खाय < यथाख्यात–यथा के स्थान पर अह और ख्यात को क्खाय होता है।

अहाजात < यथाजात–यथा के स्थान पर अहा हुआ है।

जहाणामए < यथानामक–य के स्थान पर ज, थ को ह, न को ण और स्वार्थिक क के स्थान पर ए।

आवकहा < यावत्कथा–य का लोप, अ स्वर शेष, अन्त्य हल् त का लोप और थ के स्थान पर ह।

जावज्जीव < यावज्जीव–य के स्थान पर ज हुआ है।

(१३) दिवस शब्द में व और सकार के स्थान पर विकल्प से यकार और हकार आदेश होते हैं। यथा–

दियहं, दियसं < दिवसं–विकल्प से व के स्थान पर य और स के स्थान पर ह; स के स्थान पर ह न होने पर दियसं रूप बनेगा।

दिवहं, दियसं < दिवसं–स के स्थान पर ह होने से प्रथम रूप और विकल्पाभाव में द्वितीय रूप बनता है।

(१४) गृह शब्द के स्थान पर गह, घर, हर और गिह आदेश होते हैं। यथा–

गहं < गृहम्–गृह के स्थान पर गह आदेश होने से।

घरं, हरं, गिह < गृहम्–गृह के स्थान पर घर, हर और गिह आदेश होने से।

(१५) म्लेच्छ शब्द के च्छ के स्थान पर विकल्प से क्खु आदेश होता है तथा एकार के स्थान पर विकल्प से एकार और उकार होते हैं। यथा–

मिलेक्खू, मिलक्खू, मिलुक्खू < म्लेच्छः–स्वर भक्ति के नियम से म और ल का पृथक्करण, इकार का आगम, च्छ के स्थान पर क्खू तथा ऐकार के स्थान पर विकल्प से अकार और उकार होते हैं।

(१६) पर्याय शब्द के र्याय भाग के स्थान पर विकल्प से रियाग, रिआग और ज्जाय आदेश होते हैं। यथा–

परियागो, परिआगो, पज्जायो < पर्यायः।

(१७) बुधादिगण पठित शब्दों के धकार के स्थान पर विकल्प से हकार आदेश होता है। यथा–

बुहो < बुधः–ध के स्थान पर ह और विसर्ग को एत्व।

रुहिरं < रुधिरं–ध के स्यान पर ह आदेश हुआ है।

एहंतो < एधन्तो–ध के स्थान पर ह हुआ है।

खुहा < खुधा–ध के स्थान पर ह आदेश हुआ है।

(१८) वर्ज आदि शब्दों में व के स्थान पर विकल्प से उ आदेश होता है। यथा–

आउज्जो, आवज्जो < आवर्जः–व के स्थान पर विकल्प से उकार और संयुक्त रेफ का लोप तथा ज को द्वित्व।

आउज्जण, आवज्जणं < आवर्जनम्– ,, ,, ,,

(१९) धनु शब्द के स्थान पर विकल्प से धणुहं, धणुक्खं का आगम होता है।

धणुहं, धणुक्खं, धणुं < धनुः

(२०) पुट और पुर शब्द के पकार का लोप विकल्प से होता है। यथा–

तालउडं, तालपुडं < तालपुटं–पकार का लोप, उ स्वर शेष और तकार के स्थान पर ड।

गोउरं, गोपुरं < गोपुरम्–विकल्प से पकार का लोप।

(२१) अर्धमागधी में ऐसे शब्द भी प्रचुर परिमाण में उपलब्ध हैं, जिनका प्रायः महाराष्ट्री में अभाव है। यथा–

अज्झत्थिय, अज्झोवण्ण, अणुवीति, आघवणा, आघवेत्तग, आणापाणू, आवीकम्म कण्हुइ, केमहालय, पच्चत्थिमिल्ल, पाउकुव्वं, पुरत्थिमिल्ल, पोरेवच्च, महतिमहालिया, वक्क, विउस।

(२२) अर्धमागधी में ऐसे शब्दों की संख्या भी बहुत अधिक है, जिनके रूप महाराष्ट्री से भिन्न होते हैं। उदाहरणार्थ कुछ शब्दों की तालिका दी जाती है।

अर्धमागधी	**महाराष्ट्री**	**अर्धमागधी**	**महाराष्ट्री**
अभियागम	अब्भाअम	नितीय	णिच्च
आउंटण	आउंचण	निएय	णिअअ
आहरण	उआहरण	पडुप्पन्न	पच्चुप्पण्ण
उप्पिं	उवरिं; अवरिं	पच्छेकम्म	पच्छाकम्म
किया	किरिआ	पाय	पत्त
कीस, केस	केरिस	पुढो (पृथक्)	पुहं, पिहं
केवच्चिर	किअच्चिर	पुरेकम्म	पुराकम्म
गेहि	गिद्धि	पुव्विं	पुव्वं
चियत्त	चइअ	माय	मत्त, मेत्त

छच्च	छक्क	माहण	बम्हण
जाया	जत्ता	मिलक्खू, मेच्छ	मिलिच्छ
णिगण, णिगिण	णग्ग	वग्गू	वाया
णिगिणिण	णग्गत्तण	वाहणा (उपानह्)	उवाणआ
तच्च (तृतीय)	तइअ	सहेज्ज	सहाअ
तच्च (तथ्य)	तच्छ	सीआण, सुसाण	मसाण
तेगिच्छा	चिइच्छा	सुमिण	सिमिण
दुवालसंग	वारसंग	सुहम, सुहुम	सण्ह
दोच्च	दुइअ	सोहि	सुद्धि

दुवालस, बारस; तेरस, अउणावीसइ, बत्तीस, पणतीस, इगयाल, तेयालीस पणयाल, अढयाल, एगट्ठि, बावट्ठि, तेवट्ठि, छावट्ठि, अढसट्ठि, अउणत्तरि, बाबत्तरि, पण्णत्तरि, सत्तहत्तरि, तेयासी, छलसीइ, बाणउइ आदि संख्या–शब्दों के रूप अर्धमागधी में महाराष्ट्री से भिन्न हैं।

शब्दरूप

(२३) अर्धमागधी में पुल्लिंग अकारान्त शब्द के प्रथमा एकवचन में प्रायः सर्वत्र ए और क्वचित् ओ होता है।

(२४) सप्तमी एकवचन में स्सि प्रत्यय होता है।

(२५) चतुर्थी के एक वचन में आये या आते प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

(२६) अर्धमागधी में कुछ शब्दों में तृतीया के एकवचन में सा प्रत्यय जोड़ा जाता है। यथा–

मणसा, वयसा, कायसा, जोगसा आदि। महाराष्ट्री में मणेण, वएण आदि रूप बनते हैं।

(२७) कम्म और धम्म शब्द के तृतीया के एकवचन में पालि की तरह कम्मुणा और धम्मुणा रूप होते हैं। महाराष्ट्री में कम्मेण और धम्मेण रूप बनते हैं।

(२८) अर्धमागधी में तत् शब्द के पञ्चमी के एकवचन में तेब्भो रूप भी पाया जाता है।

(२९) युष्मद् शब्द के षष्ठी के एकवचन में तव और अस्मद् शब्द के षष्ठी के बहुवचन में अस्माकं रूप पाये जाते हैं। ये रूप महाराष्ट्री में नहीं होते हैं।

अर्धमागधी के विभक्ति प्रत्यय

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र.	ए, ओ	आ
द्वि.	ं अनुस्वार	ए

तृ.	इण, सा	इहि, हिं
च.	आए, आते	अणं
पं.	ओ, आतो	इहिंतो
ष.	स्स	अणं
स.	सि, मि	इसु

अकारान्त जिण शब्द के रूप

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र.	जिणे	जिणा
द्वि.	जिणं	जिणे
तृ.	जिणेण, जिणेणं	जिणेहिं, जिणेहि
च.	जिणाए, जिणाते	जिणाणं
पं.	जिणाओ, जिणातो	जिणेहिंतो
ष.	जिणस्स	जिणाणं
स.	जिणंसि, जिणम्मि	जिणेसु
सम्बो.	भो जिणे, भो जिणा	भो जिणे

इसी प्रकार गोयम, देव, वीर आदि अकारान्त शब्दों के रूप होते हैं।

अर्धमागधी में भगवत् (भगवन्त) शब्द का प्रथमा के एकवचन में भगवं और भगवन्तो; मतिमन्त का मतिमं और मतिमन्तो; कारयं और कारयन्तो; प्रथमा और द्वितीया के बहुवचन में भगवन्तो, मतिमन्तो, कारयन्तो एवं तृतीया के एकवचन में भगवया और भगवता रूप बनते हैं। षष्ठी के एकवचन में भगवओ और भगवतो रूप होते हैं। इन शब्दों के शेष रूप जिण शब्द के समान होते हैं।

(३०) तार प्रत्यान्त शब्दों में प्रथमा और द्वितीया के बहुवचन में एकार और ओकार आदेश होते हैं। यथा–

पसत्थारे, पसत्थारो; कत्तारे, कत्तारो; भत्तारे, भत्तारो एवं तृतीया के एकवचन में तार के स्थान पर त्तु आदेश होने से पसत्थुणा, कत्तुणा, भत्तुणा रूप भी विकल्प से बनते हैं। शेष शब्द रूप जिण शब्द के समान होते हैं।

राय शब्द के रूप (राजन् शब्द)

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र.	राया	राये
द्वि.	रायं, रायाणं	रायाणो
तृ.	रन्ना	राईहिं

च.	रायाए, रायाते	राईणं
पं.	रायाओ, रायातो	रायेहिंतो
ष.	रन्नो	राईणं
स.	रायंसि, रायम्मि, राये	रायेसु

संस्कृत के आत्मन् शब्द के स्थान पर अर्धमागधी में अत्त और अप्प आदेश होते हैं। अतः इस शब्द के रूप निम्न प्रकार चलते हैं।

अत्त, अप्प < आत्मन्

	एकवचन	बहुवचन
प्र.	अत्ता, अप्पा	अत्ते, अप्पे
द्वि.	अत्ताणं, अप्पाणं	अत्ते, अप्पे, अप्पा
तृ.	अत्तणा, अप्पणा	अत्तेहिं, अप्पेहिं
च.	अत्ताए, अप्पाए	अत्ताणं, अप्पाणं
पं.	अत्ताओ, अप्पाओ	अत्ताहिंतो, अप्पाहिंतो
ष.	अत्तणो, अप्पणो	अत्ताणं, अप्पाणं
स.	अत्तंसि, अप्पंसि, अत्तम्मि, अप्पम्मि	अत्तेसु, अप्पेसु

जस, मण, वय, काय, तेय, चक्खु और जोग शब्द के तृतीया एकवचन में जससा, मणसा, वयसा, कायसा, तेयसा, चक्खुसा, जोगसा; षष्ठी के एकवचन में जससो, जसस्स; मणसो, मणस्स; वयसो, वयस्सः कायसो, कायस्स; तेयसो, तेयस्स; चक्खुसो, चक्खुस्स; जोगसो, जोगस्स एवं सप्तमी विभक्ति एकवचन में मणसि, मणंसि, मणंमि; वयसि, वयंसि, वयंमि; कायसि, कायंसि, कायंमि; तेयसि, तेयंसि, तेयंमि; चक्खुसि चक्खुंसि, चक्खुंमि और जोगसि, जोगंसि, जोगंमि रूप बनते हैं।

इकारान्त मुणि शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र.	मुणी	मुणिणो, मुणी
द्वि.	मुणिं	मुणिणो, मुणी
तृ.	मुणिणा, मुणिस्स	मुणीहिं, मुणीहि
च.	मुणिणो, मुणिस्स	मुणीणं
पं.	मुणिणो, मुणीओ	मुणीहिंतो
ष.	मुणिणो, मुणिस्स	मुणीणं
स.	मुणिंसि, मुणिंमि, मुणी	मुणीसु
सं.	भो मुणि, भो मुणी	भो मुणिणो

इकारान्त शब्दों के अतिरिक्त उकारान्त शब्दों के रूप भी प्राकृत–महाराष्ट्री प्राकृत के समान चलते हैं।

पितृ शब्द का प्रथमा के एकवचन में पिता, पिया, पितरो, पियरो; द्वितीया के एकवचन में पितरं, पियरं एवं चतुर्थी के एकवचन में पिउए, पिउस्स और पिउणो रूप बनते हैं।

सव्व शब्द के रूप प्राकृत के समान ही होते हैं।

क < किम् के शब्दरूप

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र.	के, को	के
द्वि.	कं	के
तृ.	केणं, केण	केहिं, केहि
च.	काए	केसिं
पं.	कम्हा, काओ	कओहिन्तो
ष.	कस्स	केसिं
स.	कस्सिं, कंसि, किंमि, के	केसु

अयं < इदम्

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र.	अयं, इमे	इणमो, इमो
द्वि.	इणं, इयं	इमे
तृ.	अणेण, इमेणं, इमेण	इमेहि, इमेहिं
च.	इमाए	इमेसिं
पं.	इमाओ, इमा	इमेहिंतो
ष.	अस्स, इमस्स	इमेसिं
स.	अस्सिं, इमंसि, इमंमि	इमेसु

एस < एतद्

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र.	एसो, एसे, ए	एए
द्वि.	एयं	एए
तृ.	एएणं, एएण	एएहिं, एएहि
च.	एयाए	एएसिं
पं.	एयाओ, एया	एएहिंतो
ष.	एएस्स	एएसिं

स.	एएस्सिं, एएंसि, एएंमि	एएसु

इसी प्रकार अन्य सर्वनाम शब्दों के रूप होते हैं।

अकारान्त स्त्रीलिंग माला शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र.	माला	मालाओ, माला
द्वि.	मालं	मालाओ, माला
तृ.	मालाए	मालाहिं
च.	मालाए	मालाणं
पं.	मालाओ	मालाहिंतो
ष.	मालाए	मालाणं
स.	मालाए	मालासु
सं.	भो माले	भो माला

स्त्रीलिंग इकारान्त दिट्ठि < दृष्टि :

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र.	दिट्ठि	दिट्ठीओ, दिट्ठी
द्वि.	दिट्ठिं	दिट्ठीओ, दिट्ठी
तृ.	दिठ्ठीए	दिट्ठीहिं
च.	दिट्ठीए	दिठ्ठीणं
पं.	दिट्ठीओ	दिठ्ठीहिन्तो
ष.	दिट्ठीए	दिट्ठीणं
स.	दिट्ठिंसि	दिठ्ठीसु
सं.	भो दिट्ठी	भो दिठ्ठीओ

ईकारान्त और ऊकारान्त शब्दों के रूप भी प्राकृत के समान ही होते हैं।

स्त्रीलिंग में जा < यद् सर्वनाम शब्द के रूप

	एकवचन	**बहुवचन**
प्र.	जा	जाओ
द्वि.	जं	जाओ
तृ.	जीए, जाए	जाहिं
च.	जीसे, जाए	जासिं
पं.	जाए, जाओ	जाहिंतो

ष.	जीसे, जाए	जासिं
स.	जीसे, जाए	जासु
सं.	हे जा	हे जाओ

नपुंसकलिंग में शब्दों के रूप प्राकृत के समान ही होते हैं।

तद्धित

अर्धमागधी में संस्कृत के समान तद्धित प्रत्ययों को अपत्यार्थक, देवतार्थक, समूहार्थक, अध्ययनार्थक, विकारावयवार्थक, अनेकार्थक, मतुबर्थक और स्वार्थिक इन आठ भागों में विभक्त किया जा सकता है। शेषिक प्रत्यय भी अर्धमागधी में पाये जाते हैं।

अपत्यार्थक और समूहार्थक

(३१) समूह, सम्बन्ध और अपत्यार्थ बतलाने के लिए इय, अण् और इज्ज प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यथा–

कविलस्स इयं–काविलियं < कापालिकम्–कविल + इय–लकारोत्तर अकार का लोप और वृद्धि होने से, विभक्ति चिह्न जोड़ने से उक्त रूप बनता है।

उत्तरस्स इमं–उत्तरिज्जं < औत्तरेयम्–उत्तर + इज्ज–रकारोत्तर अकार का लोप और विभक्तिचिह्न जोड़ने से उक्त रूप बना है।

कोसस्स इमं–कोसेज्जं < कौशेयम्–कोस + इज्ज–गुण और विभक्ति चिह्न जोड़ने से।

समूहार्थ

सगडाणं समूहो–सागडं < शाकटम्–सगड + अ–वृद्धि और विभक्तिचिह्न।

वेसालीए अवच्चं–वेसालिओ < वैशालिकः–वेसालियसावए < वैशालिकश्रावकः–इय (अ) प्रत्यय जोड़ा गया है।

पण्डवस्स अवच्चाणिं–पाण्डवा–पाण्डव + अण् (अ) पाण्डवा, पण्डवा; इसी प्रकार अण् प्रत्यय जोड़ देने से–लाघवं, अज्जवं, मद्दवं आदि रूप भी बनते हैं। व्यापार या वृति अर्थ–

चोरस्स वावारो–चोज्जं < चौर्यम्–चोरियं में इज्ज और इय प्रत्यय जोड़े गये हैं।

वणियस्स वावारो–वाणिज्जं < वाणिज्यम्–व्यापार अर्थ में इज्ज प्रत्यय।

(३२) अप्पण शब्द से सम्बन्ध बतलाने के लिए इच्चिय और इज्जिय प्रत्यय होते हैं। यथा–

अप्पणस्स इयं–अप्पणिच्चियं < आत्मीयम्–अप्पण + इच्चिय = अप्पणिच्चियं; अप्पण + इज्जिय = अप्पणिज्जियं।

पयातीणं समूहो–पायत्तं < पदातम्–पयत्त + अण = पायत्तं।

पडिहारीए इयं–पाडिहेरं < प्रातिहार्यम्–पडिहारी + अण्–पडिहारी शब्द में हा के स्थान पर हे आदेश हुआ है और रकारोत्तर इकार का लोप।

मम + इय–ममाई, ममाइए < ममत्वी, ममायितः।

(३३) पर शब्द से सम्बन्ध बतलाने के लिए कीय प्रत्यय होता है। यथा–पर + कीय–परकीयं।

(३४) राय शब्द से सम्बन्ध बतलाने के लिए ण्ण प्रत्यय होता है। यथा–

राय + ण्ण–राइण्णं, रायण्णं–य कार के स्थान पर इकार।

(३५) कम्म शब्द से सम्बन्ध बताने के लिए ण और अ प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

कम्म + ण = कम्मणं < कार्मणम्, कम्म + अ = कम्मअं

भवार्थक प्रत्यय

(३६) भवार्थ में इम, इल्ल, इज्ज, इय, इक, क आदि प्रत्यय जोड़े होते हैं।

अब्भंतरे भवो–अब्भंतरिए, अब्भंतरगो < आभ्यन्तरकः –अब्भंतर + इय = अब्भंतरिए, विकल्पाभाव में अब्भंतर +क (ग) =अब्भंतरगो। अवरिल्लं < आपरम्

पुरा भवं–पुरच्छिमं, पुरत्थिमं < पौरस्त्यम्–पुरत्थ + इम = पुरत्थिमं, पुरत्थ के स्थान पर पुरच्छ होने से पुरच्छिमं रूप बनता है। अन्ते भवं –अन्तिमं–अन्त + इम = अन्तिमं।

उवरि भवं–उवरिल्लं–उवर + इल्ल = उवरिल्लं < उपरितनं; उवरि + इम = उवरिमं।

भंडारे अहिगडो–भाण्डारिए< भाण्डारिकः–भण्डार+ इयण् (इए) = भाण्डारिए।

स्वार्थिक

(३७) स्वार्थ बतलाने के लिए अण्, इक, इज्ज, इज्जण्, इय, इयण्, इम, इल्ल, क और मेत्त प्रत्यय होते हैं।

जायमेत्तं, जायमित्तं < जातमात्रम्–जाय + मेत्त = जायमेत्तं–ए को इत्व होने से जायमित्तं रूप बनता है।

णियडिल्लया < निकृतिमत्ता–णियड + इल्ल = णियडिल्ल स्त्रीलिंगवाची या प्रत्यय जोड़ने से णियडिल्लया। उत्तर + इल्लं–उत्तरिल्लं < औत्तरेयम्; आण + इल्ल + इय = आणिल्लियं–आनीतकम्; छ + च्च = छच्चं, छलं < षट्कम्।

(३८) पोत शब्द से उल्ल ओर बद्ध तथा मुक्क शब्द से स्वार्थिक इल्लग प्रत्यय होता है। यथा–

पोत्त + उल्ल = पोत्तुल्लओ < पौत्रकः; बद्ध + इल्लग = बद्धेल्लगो < वद्धकः; मुक्क + इल्लग = मुक्केल्लगो < मुत्तकः।

(३९) लोभादि शब्दों से स्वर्थिक त्ता प्रत्यय होता है और त्ता के स्थान पर विकल्प से या हो जाता है। यथा–

गवेसण + त्ता = गवेसणत्ता < गवेषणिका; लोभ + त्ता = लोभत्ता, लोभया–लोभकः, सील + त्ता = सीलत्ता, सीलया < शीलकम्, लीण + त्ता = लीणत्ता, लीणया < लीनकम्; अणुकंपण+ त्ता = अणुकंपणत्ता, अणुकंपणया < अनुकम्पनकम्; दुक्खण + त्ता = दुक्खणत्ता, दुक्खणया < दुःखनकम्; लिप्पण + त्ता = लिप्पणत्ता लिप्पणया < लिम्पनकम्; पिट्टण + त्ता = पिट्टणत्ता, पिट्टणया < पिट्टनकम्।

मड + इल्लि = मइल्लिओ < मृतकः–यहाँ ड का लोप हुआ है और विभक्ति का ओ चिह्न जोड़ दिया है।

(४०) पढम शब्द से स्वार्थ में इल्लु प्रत्यय जोड़ा जाता है। यथा–

पढम + इल्लु = पढमिल्लुए < प्रथमकः

(४१) एग (एक) शब्द से स्वार्थ में आगि, इणिय, इय प्रत्यय होते हैं।

एग + आगि = एगागी < एकाकी; एग + अणिय = एगाणिए, एकाणिए; एक + इय–एक्किया–क को द्वित्व हुआ है।

(४२) नीसीहि शब्द से स्वार्थ में क प्रत्यय होता है। यथा–

नीसीहि + क = निसीहिगा, क के स्थान पर य होने से निसीहिया < निशीथिका, नैषेधिकी वा।

(४३) अपेक्षाकृत अतिशय–विशिष्ट अर्थ बतलाने के लिए तर प्रत्यय होता है। यथा–अइसएण तुच्छं–तुच्छतरं

(४४) तर के स्थान पर तराए आदेश होता है। यथा–बहुतराए, अप्पतराए

(४५) धम्मादि शब्दों को अतिशय अर्थ बतलाने के लिए इट्ठ प्रत्यय होता है। यथा–अइसएण धम्मी–धम्मिट्ठो < धर्मिष्ठः, अइसएण अधम्मी–अहमिट्ठो < अधर्मिष्ठः।

(४६) थेर, धीर, पिय शब्दों से अतिशय अर्थ प्रकट करने के लिए इज्ज प्रत्यय होता है और थेर के स्थान पर थ, धीर के स्थान पर ध और पिय के स्थान पर प आदेश होते हैं। यथा–

थेर + इज्ज–थ + इज्ज = थेज्जं < स्थैयम्

धीर + इज्ज–ध + इज्ज = धेज्जं < धैर्यम्

पिय + इज्ज–प + इज्ज–पेज्जं < प्रियतरम्

(४७) अर्हति और करोति अर्थ में इय और क प्रत्यय होते हैं तथा अलंकार शब्द में विकल्प से आदि स्वर की वृद्धि होती है। यथा–

अभिसेकमर्हति–अभिसिक्को–अभिसेक + क = अभिसिक्क < आभिषिक्य:; अलंकारं करेइ त्ति–अलंकार + इय = आलंकारिए, अलंकारिए < अलंकार्य:; पसिणं करेइ त्ति–पासणिए < प्राश्निक:।

अनेकार्थक प्रत्यय

(४८) तृतीयान्त से निर्वृत, क्रीत, चरति, व्यवहरति और जीवित अर्थ में इत्ता, इय, इम, आउ, इल्ल और अ प्रत्यय होते हैं। यथा–

अब्भोवगमेन निव्वत्ता–अब्भोवगम+इत्ता = अब्भोगमिया (त्त के स्थान पर य हुआ है) <आभ्युपगमिकी; अहिगरण+इत्ता–या = अहिगरणिया < आधिकरणिकी; दण्डेण निव्वत्तं दण्डिमं–दण्ड + इय = दण्डियं < दण्डिमम्; सयेण कीयं–सतियं; सइयं–सत + इय = सतियं, तकार का लोप होने पर सइयं < शतकम्।

णाएणं ववहरति–णेयाउओ, णेयाइयो < नैयायिक:

तेल्लेणं जीवइ–तेल्लिओ–तेल + ल्लिअ = तेल्लिओ < तैलिक:।

आहारयणं ववरइ = आहारायणियं < यथारान्निकम्; तेयहियं < तैजोहितम्।

चक्खुणा णिण्गिहज्जइ–चक्खुसं < चाक्षुषम्।

अस्सिणिए जुत्ता पुण्णमासी–आसोई, अस्सोई < अश्विनी; आसाढी < आषाढी, कत्तिया < कार्त्तिकी, जेट्ठामूला < ज्येष्ठामूली, फग्गुणी < फाल्गुनी, विसाही < वैशाखी, मगसिरा < मार्गशीर्षा, साविट्ठी < श्राविष्ठा, पोट्ठवती < प्रौष्ठपदी, पोसी < पौषी, माही < माघी, चेती < चैत्री।

आसोइ पुण्णमासी अस्सिं मासंमि–आसोओ मासो–असोह + अण् = आसोओ मासो < आश्विनो मास:; वातेण उवहयं–वातीणं, वाईणं–वात + इन = वातीणं, वाईणं–तकार का लोप होने पर।

पसंगाओ आगयं–पासङ्गियं < प्रासंगिकम्। पारितोसियं < पारितोषिकम्।

(४९) पाई शब्द से भवार्थ में ण प्रत्यय होता है। यथा–

पाई + ण = पाईणं, पादीणं < प्राचीनम्

(५०) पहादि सप्तम्यन्त शब्दों से साधु अर्थ में एज्जण् प्रत्यय होता है। यथा–

पहे साहू–पाहेज्जं < पाथेय:।

(५१) सप्तम्यन्त पास शब्द से इल्ल प्रत्यय होता है। यथा–

पास + इल्ल–पासिल्लओ < पार्श्विक:।

(५२) बहि शब्द को अण् प्रत्यय के परे म और र का आगम होता है। तथा–

बहि + अ = बहिमं, बहिरं < बाह्यम्।

(५३) मज्झ शब्द से म और इल्ल प्रत्यय होते हैं। यथा–

मज्झमं, मज्झिमं, मज्झिल्लं < मध्यमम्।

मतुबर्थक प्रत्यय

(५४) हिन्दी में जो अर्थ वान् या वाला आदि प्रत्ययों के द्वारा सूचित किया जाता है, अर्धमागधी में वह अर्थ मन्त, न्त, इण् आदि प्रत्ययों से। मन्त प्रत्यय जोड़ते समय म के स्थान पर विकल्प से व आदेश होता है। यथा–

वण्ण + मन्त = वण्णवन्तो–विकल्प से त का लोप न् का अनुस्वार होने से वण्णवं < वर्णवान् रूप बनेगा।

भग + मन्तो = भगवन्तो, भगवं < भगवान्; वीइ + मन्तो = वीइमन्तो < वीचिमान्; जाति + मन्तो = जातिमन्तो < जातिमान्; तिसूलो इमस्स अस्थि–तिसूलिओ–तिसूल + इय = तिसूलिओ < त्रिशूलिकः, गंठी अत्थि अस्सिं–गंठिल्लो–गंठि + ल्ल = गंठिल्लो < ग्रन्थिमान्; माया अत्थि इमस्स–माइल्लो–माया + इल्ल–यकार का लोप = माइल्लो–मायावी; कलुणा अत्थि इमस्स–कलुणो < करुणः; आउस + न्त–आउसन्तो < आयुष्मान्।

गो + मन्त–गोमी, गोमिणी–मन्त प्रत्यय के स्थान पर मी और मिणी आदेश होता है।

जस + मन्त–जसवन्तो, जसमन्तो < यशस्विन्

आयार + मन्त–आयारवन्तो, आयारमन्तो < आचारवान्; णति + मन्त = णतिवन्तो, णाइवं < ज्ञातिवान्; वुसि + मन्त = वुसिमन्ती < वशी।

जय + इण–जइणो < जयी; दोसि + इणो = दोसिणो < दोषी; वरहि + इण = वरहिणों < बर्ही ; किमि + ण = किमिणो < कृमिमान्; पंक + मन्त–स्त्रीलिंगविवक्षा में आकारान्त आदेश और म के स्थान पर व, न का लोप तथा ङीप् प्रत्यय होने से पंकावती रूए बनता है।

(५५) गन्ध, तुन्द आदि शब्दों से इल प्रत्यय होता है। यथा–

गन्ध + इल = गन्धिलो, तुन्द + इल = तुन्दिलो < तुन्दिलः।

(५६) जडा शब्द को इल प्रत्यय होने से प्रत्यय सहित विकल्प से जडुल और जडियाल का निपातन होता है। यथा–

जडा + इल = जडुलो, जडियालो, जडिलो < जटिलः।

(५७) रय शब्द से विकल्प से स्सल प्रत्यय होता है। यथा–

रय + स्सला=रयस्सला, रइला–विकल्प से इल प्रत्यय होने पर; < रजस्वला।

(५८) पम्हादि शब्दों से मतुबर्थ में विकल्प से ल प्रत्यय होता है। यथा–

पम्ह + ल = पम्हलो < पक्ष्मलः, पत्त + ल = पत्तलो < पत्रलः, तणु + ल = तणुलो < तनुलः।

(५९) दया आदि शब्दों से मतुबर्थ में आलु प्रत्यय होता है। यथा–

दया + आलु = दयालू < दयालुः; वीसरण + आलु = विसरणालु–विनाशीकः।

(६०) मतुबर्थ के लज्जा शब्द से उ प्रत्यय होता है।

लज्ज + उ = लज्जू < लज्जालुः।

(६१) मतुबर्थ में जसादि शब्दों से अंसी और स्सी प्रत्यय होते हैं। यथा–

जस + अंसी=जसंसी, जस + स्सी=जसस्सी< यशस्वी; तेय+अंसी = तेयंसी, तेयस्सी < तेजस्वी; वच्चंसी, वच्चस्सी <वर्चस्वी; ओयंसी, ओयस्सी < ओजस्वी।

भावार्थ तथा कर्मार्थ

(६२) किसी शब्द से भाववाचक संज्ञा बनाने के लिए अर्धमागधी में त्त और त्तण प्रत्यय होते हैं। यथा–

अपर + त्त = अपरत्तं < अपरत्वम्; उस्सुग + त्त = उस्सुगत्तं < उत्सुकत्वम्, अंब + त्तण = अंबत्तणं < आम्रत्वम्; तीय + तण = तीयत्तणं < तृतीयत्वम्; पहु + त्तण = पहुत्तणं < प्रभुत्वम्, अंध + त्तण = अंधत्तणं < अन्धत्वम्।

(६३) भाव अर्थ में त्ता, अद् और इयण् प्रत्यय भी होते हैं। जैसे–अरि + त्ता = अरित्ता < अरिता।

उप्पलकंद + त्ता = उप्पलकंदत्ता < उत्पलकन्दता।

आहत्तहियं, आहातहियं < याथातथिकम्–इयण् प्रत्यय हुआ है।

जहातहं < यथातथम्–अद् प्रत्यय हुआ है।

(६४) जडादि शब्दों से भाव अर्थ में इण प्रत्यय होता है। यथा–

जडा + इण= जडिणो < जटत्वम्; णग + इण = णगिणो, णिगिणो < नग्नत्वम्।

मुंड + इण = मुंडिणो < मुण्डत्वम्; संघाड + इण = संघाडिणो < संघाटत्वम्।

(६५) इस्सरादि शब्दों से भाव अर्थ में इय प्रत्यय होता है।

इस्सर + इय = इस्सरियं < ऐश्वर्यम्।

अज्जव + इय = अज्जवियं < आर्ज्जवम्; सामग्ग + इय = सामग्गियं < सामग्र्यम्।

अप्पाबहु + क = अप्पाबहुगं, अप्पाबहुकं, अप्पाबहुयं, अप्पबहुत्तं < अल्पबहुत्वम्।

(भावार्थ में क प्रत्यय हुआ है।)

(६६) उवमादि शब्दों से भाव अर्थ में अण् प्रत्यय होता है। यथा–

उवमा + अण् = ओवम्मं < औपम्यम्;

आहिक्कं < अधिक्यम्, दोहग्गं < दौर्भाग्यम्, सोहग्गं < सौभाग्यम्, तेलुक्कं < त्रैलोक्यम्, तेलोक्कं < त्रैलोक्यम्।

जुवाण + अण् = जुव्वणं, जोव्वणं, जोवणं, जोवणगं < यौवनम्–वकार के आकार को ह्रस्व और व को विकल्प से द्वित्व हुआ है।

दूय + अणू = दोच्चं < दौत्यम्–य के स्थान पर च्च आदेश हुआ है।

अहातच्चं < याथातथ्यम्; वेयावच्चं < वैयावृत्यम्।

वियावड + इयण् = वेयावडियं < वैयावृत्तिकम्।

कलुण + अण् = कोलुण्णं < कारुण्यम्।

सह + अण् = साहल्लं, साफल्लं < साफल्यम्।

सुकुमार + अण् = सोगमल्लं < सौकुमार्यम्–सुकुमार के स्थान पर सुगमल आदेश होता है।

विकारार्थक और सम्बन्धार्थक प्रत्यय

(६७) विकार अर्थ में प्रधानरूप से अण और मय प्रत्यय होते हैं। यथा–

अयो + मय = अयोमयं, फलिह + मय = फलिहमयं < स्फटिकमयम्; वओ + मय = वओमयं < वयोमयम्।

वई + मय = वईमयं < वाङ्मयम्; रयय + मय = रययामयं, रययमयं < रजतमयं–विकल्प से अकार आदेश हुआ है।

(६८) संख्यावाचक शब्दों में पूर्व अर्थ में म प्रत्यय होता है। यथा–

सत्त + म = सत्तमं < सप्तमम्, अट्ठ + म = अट्ठमं < अष्टमम्, नव+म = नवमं, अठ्ठारस+सम = अट्ठारसभं <अष्टादशम्, वीसइ+म= वीसइमं < विंशतिमम्।

(६९) दु और ति शब्दों से इय, तिय और तीय प्रत्यय होते हैं। यथा–

बि + इय = बिइयं, बि + तीय = बितीयं,

वितिज्जं, दोच्चं < द्वितीयम्–य के स्थान पर ज्ज आदेश।

ति + इय = तीयं, तइयं, ततीयं, तच्चं–तृतीयम्।

(७०) छ शब्द से पूर्णार्थ में ट्ठ प्रत्यय होता है। यथा–

छ + ट्ठ = छट्ठं < षष्ठम्।

(७१) चतु शब्द से पूर्णार्थ में त्थ प्रत्यय होता है। यथा–

चतु + त्थं = चतुत्थं, चउ + त्थं = चउत्थं < चतुर्थम्।

(७२) कादि शब्दों से निर्धारण अर्थ में तर प्रत्यय होता है। यथा–

क + तर = कयरो < कतरः, एगयरो < एकतरः, अन्नयरो < अन्यतरः।

बहु + सो = बहुसो < बहुशः।

कम + सो = कमसो < क्रमशः, पगाम + सो = पगामसो < प्रकामशः, एगन्त + सो = एगन्तसो < एकान्तशः। कुंभग + सो = कुंभगसो < कुम्भकशः। एक्क + सि = एक्कसि < एकशः। एगय + तो = एगयओ, एगयतो < एकतः।

दव्व + ओ = दव्वओ, दव्वतो = द्रव्यतः; पिट्ठओ, पिट्ठतो < पृष्ठतः, कम्म + तो = कम्मओ, कम्मतो < कर्मतः।

अत्थ + तो = अत्थतो, अत्थओ < अर्थतः।

धम्म + तो = धम्मतो, धम्मओ < धर्मतः; दुह + तो = दुहओ, दुहतो < द्विधा।

(७३) संख्यावाचक शब्दों से बारंबार अर्थ बतलाने के लिए क्खुत्तो प्रत्यय होता है। यथा–

दु + क्खुत्तो < द्विकृत्वः; ति + क्खुत्तो = तिक्खुत्तो < त्रिकृत्वः; सहस्स + क्खुत्तो = सहस्सक्खुत्तो< सहस्रकृत्वः; अणंत+ क्खुत्तो = अणंतक्खुत्तो < अनन्तकृत्वः।

सिंस–एक्कसिंस–एकशः।

(७४) प्रकार अर्थ में हा प्रत्यय होता है। यथा–

सव्व + हा = सव्वहा < सर्वथा; अण्ण + हा = अण्णहा < अन्यथा;

अट्ठ + हा = अट्ठहा < अष्टधा; ज + हा = जहा < यथा; त + हा = तहा < तथा।

(७५) ज और त शब्दों से ह और हं प्रत्यय होते हैं। यथा–

ज + ह = जह, ज + हं = जहं < यथा; त + ह = तह, त + हं = तहं < तथा।

(७६) प्रकार अर्थ में धा प्रत्यय होता है। यथा–

त + धा = तधा < तथा।

(७७) इयर शब्द से प्रकार अर्थ में इहरा शब्द का विकल्प से निपातन होता है। यथा–

इहरा, इयरहा < इतरथा।

(७८) प्रकार अर्थ में क शब्द से अह, अहं, इह और इण्णा प्रत्यय होते हैं। यथा–

क + अह = कह, क + अहं = कहं, क + इह = किह, क + इण्णा = किण्णा < कथम्।

(७९) इदं शब्द से प्रकार अर्थ में एत्थं का निपातन होता है। यथा–

इदं–एत्थं, इत्थं < इत्थम्।

(८०) एक शब्द से त प्रत्यय होता है। यथा–एग + त्त = एगत्तं।

(८१) इम शब्द से त्थ प्रत्यय होता है। यथा–

इम + त्थ = इत्थ–इम के स्थान पर इ आदेश।

इम + त्थ = एत्थ–इम के स्थान पर ए आदेश।

इम + त्थ = इयरत्थ < इतरत्र–इम के स्थान पर इयर आदेश।

इम + ह = इह–मकार का लोप।

इम + हं = इहं– ,, ,,

(८२) इम, क और ज शब्दों से त्तो, ण्हि, दाणिं, ह, हं और तर प्रत्यय होते हैं और इम के मकार का लोप होता है। यथा–

इम + त्तो = इत्ता < इतः–म का लोप।

इम + त्तो = एत्तो, इतो, इओ–मकार का लोप, इ को एत्व।

विकल्प से तकार का लोप होने से इ, ओ और त को द्वित्व न होने पर इतो रूप बनता है।

क + त्तो = कत्तो, कओ < कुतः।

(८३) सप्तम्यन्त क शब्द से अहि, इह और ण्हु प्रत्यय होते हैं। यथा–

क + अहि = कहि, क + इह = किह, क + ण्हु = कण्हु, क + त्थ = कत्थ < कर्हि, कुत्र।

क + तो = कुतो–अकार को उकार आदेश हुआ है।

क + तो = कुओ– ,, ,, ,, और तकार का लोप।

क + त्थ = कुत्थ–अकार को उकार।

(८४) ज और पगाम शब्दों से पञ्चम्यर्थ में आए और तो प्रत्यय होते हैं। यथा–ज + आए = जाए < यतः।

ज + तो = जत्तो, जओ, जतो < यतः–त को द्वित्व और त का लोप होने से जओ, जतो रूप बनते हैं।

पगाम + आए = पगामाए, पगाम + तो = पगामतो < प्रकामतः।

(८५) पञ्चम्यन्त शब्दों से आ, ओ, ते और ए प्रत्यय होते हैं। यथा–

त + आ = ता < ततः, त + ओ = तो, त + ते = तते, त + ए = तए, ततो, तओ, तत्तो, तए < ततः।

(८६) पञ्चम्यन्त ज शब्द से ण्हं प्रत्यय होता है। ज + ण्हं = जण्हं, ज + म् = जं, –यतः, त + म् = तं–ततः।

दा–सव्व + दा = सया, सदा–सव्व के स्थान पर स प्रत्यय होता है।

सव्व + दा = सव्वदा, अन्न + दा = अन्नदा, अन्नया।

ण्हि–इम + ण्हि–इण्हि–इम के मकार का लोप।

इम + ण्हि = इयण्हि–म के स्थान पर य।

ण–अहु + णा = अहुणा < अधुना।

दाणिं–इम + दाणिं = दाणिं–इम का लोप और प्रत्यय शेष।

इम + दाणिं = इयाणिं, इम + दाणिं = इदाणिं < इदानीम्।

आहे–क + आहे = काहे < कर्हि, क + हि = कहि।

हि + हियं–ज + हि = जहि, क + हिय = कहियं, तहि, तहियं।

एव–क + एव + चिर = केवचिरं < कियच्चिरम्।

क + एवच् + चिर = केवच्चिरं, क + एवच् + चिरेण = केवच्चिरेण।

धातुप्रत्यय

वर्तमानकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	इ	न्ति
म. पु.	सि	ह
उ. पु.	मि	मो

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	स्सइ, हिइ	स्सन्ति, हिन्ति
म. पु.	स्ससि, हिसि	स्सह, हिह
उ. पु.	स्सामि, हामि	स्सामो, हामो

भूतकाल

भूतकाल के सभी पुरुष और सभी वचनों में इंसु प्रत्यय होता है। महाराष्ट्री में इसका अभाव है।

विध्यर्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	इज्ज, एज्ज, इज्जा, एज्जा, ए	इज्ज, एज्ज, इज्जा, एज्जा, ए
म. पु.	इज्ज, एज्ज, एज्जासि	इज्ज, एज्ज, एज्जाह
उ. पु.	इज्ज, एज्ज, एज्जमि	इज्ज, एज्ज, एज्जामो

आज्ञा

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	उ	उन्तु
म. पु.	हि	ह, एह
उ. पु.	मि	मो

कर्मणि में इज्ज प्रत्यय और प्रेरणा में आवि प्रत्यय जोड़ने के अनन्तर धातु प्रत्यय जोड़ने से कर्मणि और प्रेरणा के रूप होते हैं।

गच्छ—गमन करना

वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छइ	गवछन्ति
म. पु.	गच्छसि	गच्छह
उ. पु.	गच्छामि	गच्छामो

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छिस्सइ, गच्छिहिइ	गच्छिस्सन्ति, गच्छिहिन्ति
म. पु.	गच्छिस्ससि, गच्छिहिसि	गच्छिस्सह, गच्छिहिह
उ. पु.	गच्छिस्सामि, गच्छिहामि	गच्छिस्सामो, गच्छिहामो

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छिंसु	गच्छिंसु
म. पु.	गच्छिंसु	गच्छिंसु
उ. पु.	गच्छिंसु	गच्छिंसु

विधि

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छिज्ज, गच्छेज्ज (ज्जा) गच्छे	गच्छिज्ज, गच्छेज्ज (ज्जा) गच्छे
म. पु.	गच्छिज्ज, गच्छेज्ज (ज्जा) गच्छे, गच्छेज्जासि	गच्छिज्ज, गच्छेज्ज (ज्जा) गच्छे, गच्छेज्जाह
उ. पु.	गच्छिज्ज, गच्छेज्ज (ज्जा) गच्छे, गच्छेज्जामि	गच्छिज्ज, गच्छेज्ज (ज्जा) गच्छे, गच्छेज्जामो

आज्ञा

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छउ	गच्छन्तु
म. पु.	गच्छाहि, गच्छ	गच्छह, गच्छेह
उ. पु.	गच्छामि	गच्छामो

कर्मणि रूप

वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छिज्जइ	गच्छिज्जन्ति
म. पु.	गच्छिज्जसि	गच्छिज्जह
उ. पु.	गच्छिज्जामि	गच्छिज्जामो

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छिज्जिस्सइ, गच्छिज्जिहिइ	गच्छिज्जिस्सन्ति, गच्छिज्जिहिन्ति
म. पु.	गच्छिज्जिस्ससि, गच्छिज्जिहिसि	गच्छिज्जिस्सह, गच्छिज्जिहिह
उ. पु.	गच्छिज्जिस्सामि, गच्छिज्जिहामि	गच्छिज्जिस्सामो, गच्छिज्जिहामो

भूतकाल

भूतकाल के सभी वचन और सभी पुरुषों में गच्छिज्जिंसु रूप बनता है।

विधि

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छिज्जिज्ज, गच्छिज्जेज्ज (ज्जा) गच्छिज्जे	गच्छिज्जिज्ज, गच्छिज्जेज्ज (ज्जा) गच्छिज्जे
म. पु.	गच्छिज्जिज्ज, गच्छिज्जेज्ज (ज्जा) गच्छिज्जेज्जासि	गच्छिज्जिज्ज; गच्छिज्जेज्ज (ज्जा) गच्छिज्जेज्जाह
उ. पु.	गच्छिज्जिज्ज, गच्छिज्जेज्ज (ज्जा) गच्छिज्जेज्जामि	गच्छिज्जिज्ज, गच्छिज्जेज्ज, गच्छिज्जेज्जामो

आज्ञा

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छिज्जउ	गच्छिज्जन्तु
म. पु.	गच्छिज्जाहि, गच्छिज्ज	गच्छिज्जह, गच्छिज्जेह
उ. पु.	गच्छिज्जामि	गच्छिज्जामो

प्रेरणार्थक

वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छावेइ	गच्छाविन्ति, गच्छावेन्ति
म. पु.	गच्छावेसि	गच्छावेह
उ. पु.	गच्छावेमि	गच्छावेमो

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छाविस्सइ, गच्छाविहिइ	गच्छाविस्सन्ति, गच्छाविहिन्ति
म. पु.	गच्छाविस्ससि, गच्छाविहिसि	गच्छाविस्सह, गच्छाविहिह
उ. पु.	गच्छाविस्सामि, गच्छाविहामि	गच्छाविस्सामो, गच्छाविहामो

भूतकाल

भूतकाल के सभी पुरुष और सभी वचनों में गच्छाविंसु रूप होता है।

विधि

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छावेज्ज, गच्छावेज्जा	गच्छावेज्ज, गच्छाविज्ज
	गच्छाविज्ज, गच्छाविज्जा	गच्छावेज्जा, गच्छाविज्जा
म. पु.	गच्छावेज्ज, गच्छाविज्ज	गच्छावेज्ज, गच्छाविज्ज
	गच्छावेज्जा, गच्छाविज्जा	गच्छावेज्जा, गच्छाविज्जा
	गच्छावेज्जासि	गच्छावेज्जाह
उ. पु.	गच्छावेज्ज, गच्छाविज्ज	गच्छाविज्ज, गच्छावेज्ज
	गच्छावेज्जा, गच्छाविज्जा	गच्छाविज्जा, गच्छावेज्जा
	गच्छावेज्जामि	गच्छावेज्जामो

आज्ञा

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	गच्छावेउ	गच्छाविन्तु, गच्छावेन्तु
म. पु.	गच्छावेहि	गच्छावेह
उ. पु.	गच्छावेमि	गच्छावेमो

अस—सत्ता

वर्तमान

एकवचन	बहुवचन
अत्थि	सन्ति
सि	ह
असि, मि	मो

आज्ञा में सभी पुरुष और सभी वचनों में अत्थु और भूतकाल में प्रथम पुरुष और मध्यम पुरुष के सभी वचनों में आसि और आसी तथा उत्तम पुरुष के एक वचन में आसि, आसी और बहुवचन में आसिमो रूप बनते हैं।

कुछ धातुरूपों का संकेत

धातु	अर्थ	कर्तरिरूप	कर्मणि	प्रेरणा
अच्छ	बैठना	अच्छइ	अच्छिज्जइ	अच्छावेइ
अण	जानना, आवाज करना	अणइ	अणिज्जइ	आणावेइ
आ + अण	उच्छ्वास ग्रहण करना	आणमइ	आणमिज्जइ	आणमावेइ

अय	गमन करना	अयइ	अइज्जइ	आयावेइ
उव + अय	उपासना करना	उवायइ	उवाइज्जइ	उवायावेइ
इ	गमन करना	इइ	इज्जइ	इआवेइ
अइ + इ	उल्लंघन करना	अईति	अईज्जइ	अईवेइ
उव + इ	उदय होना	उवेइ	उविज्जइ	उवावेइ
प + इ	परलोक गमन	पेच्चइ	पेच्चिज्जइ	पेच्चावेइ
पति + इ	विश्वास करना	पत्तिपइ	पत्तिज्जइ	पत्तिआवेइ
वि + इ	व्यय करना	वेइ	वेइज्जइ	वेआवेइ
अहि + इ	अध्ययन करना	अहिज्जइ, अहीयइ	अहिज्जइ	अज्झावेइ
इच्छ	इच्छा करना	इच्छइ	इच्छिज्जइ	इच्छावेइ
पडि+इच्छ	स्वीकृति करना	पडिच्छइ	पडिच्छिज्जइ	पडिच्छावेइ
उंच	कुटिलता करना	उंचइ	उंचिज्जइ	उंचावेइ
पलि+उच्च	अपलाप करना	पलिउंचइ	पलिउंचिज्जइ	पलिउंचावेइ
उंज	योग करना	उंजइ	उंजिज्जइ	उंजावेइ
उव+उंज	उपयोग करना	उवउंज्जइ	उवउंज्जिज्जइ	उवउंजावेइ
वि+उंज	वियोग–वियुक्त करना	विउंजइ	विउंज्जिज्जइ	विउंज्जावेइ
आकण्ण	सुनना	आयन्नइ	आयन्निज्जइ	आयन्नावेइ
कस	आकर्षण	कसइ	कसिज्जइ	कसावेइ
का	करना	काइ	काइज्जइ	कावेइ
कुण	करना	कुणइ	कुणिज्जइ	कुणावेइ
खा	खाना	खाइ, खायइ	खाइज्जइ	खावेइ
खम	सहना	खमइ	खमिज्जइ	खामे
गम	चलना	गमइ	गम्मइ	गमावेइ
आ + गम	आगमन	आगमइ	आगम्मइ	आगमावेइ
गा	गाना	गाइ	गिज्जइ ,गीयइ	गावेइ
गिज्झ	आसक्ति	गिज्झइ	गिज्झिज्जइ	गिज्झावेइ
गिला	ग्लानि	गिलाइ	गिलाइज्जइ	गिलावेइ
गुर	उद्यम करना	गुरइ	गुरिज्जइ	गुरावेइ
ग्घा	सूँघना	जिग्घइ	घाइज्जइ	घावेइ
चिगिच्छ	चिकित्सा	चिगिच्छइ	चिगिच्छिज्जइ	चिगिच्छावेइ
चिण	चयन करना	चिणइ	चिज्जइ	चिणावेइ
उव+चिण	उपचयन	उवचिणइ	उवचिज्जइ	उवचिणावेइ

सम्+चिण	संचय करना	संचिणइ	संचिज्जइ	संचिणावेइ
जंप	बोलना	जंपइ	जंपिज्जइ	जंपावेइ
जय	जय–जीतना	जयइ	जयिज्जइ	जयावेइ
परा + जय	हारना	पराजयइ	पराजयिज्जइ	पराजयावेइ
वि + जय	विजय करना	विजवइ	विजयिज्जइ	विजयावेइ
जहा	त्याग करना	जहइ, जहाइ	जहाइज्जइ	जहावेइ
जा	जाना, उत्पन्न होना	जाइ, जायइ	जाइज्जइ	जावेइ, जवेइ
उद् + जा	ऊपर गमन करना	उज्जाइ	उज्जाइज्जइ	उज्जावेइ
पति+आ+जा	प्रत्यागमन	पच्चायाइ	पच्चायाइज्जइ	पच्चायावेइ
जाण	अवबोधन–जानना	जाणाइ, जाणइ	जाणिज्जइ	जाणावेइ
ज्झा, झिया	ध्यान करना	झाअइ, झायइ	झायइज्जइ	झायावेइ
डंस	काटना	डसइ	डंसिज्जइ	डंसावेइ
डी	आकाश में चलना	डीइ	डीइज्जइ	डीआवेइ
उद्इ + डी	,, ,,	उड्डीइ	उड्डीइज्जइ	उड्डीआवेइ
ढा	ढाना	ढाइ	ढाइज्जइ	ढावेइ
तिप्प	दुःख देना, तृप्ति तर्पण करना	तिप्पइ, तिप्पाइ	तिप्पिज्जइ	तिप्पावेइ
तुस	सन्तोष करना	तुसइ	तुसिज्जइ	तोसेइ
तस	उद्वेग करना	तसइ	तसिज्जइ	तासेइ
थुण	स्तुति करना	थुणइ	थुणिज्जइ	थुणावेइ
दल	दान देना	दलइ	दलिज्जइ	दलावेइ
दह	धारण करना	दहइ	दहिज्जइ	दहावेइ
सद् + दह	श्रद्धा करना	सद्दहइ	सद्दहिज्जइ	सद्दहावेइ
दिस	देखना, देना	देहए	दिसिज्जइ	दिसावेइ
दुस	विकृति, द्वेष	दुसइ	दुसिज्जइ	दुसावेइ
देव	विलाप	देवइ	देविज्जइ	देवावेइ
धुण	काँपना, कम्पन	धुणइ	धुव्वए	धुणावेइ
नम	नम्र होना, प्रणाम करना	नमइ, णमइ	नमिज्जइ	नामेइ
नस्स	नाश होना	नस्सइ	नासिज्जइ	नासेइ
ने	ले जाना	नेइ	निज्जइ	नेआवेइ
न्हा	स्नान करना	ण्हाइ	ण्हविज्जइ	ण्हावेइ

पज्ज	गमन करना	पज्जइ	पज्जिज्जइ	पज्जावेइ
उद्+पज्ज	उत्पत्ति होना	उप्पज्जइ	उप्पज्जिज्जइ	उप्पज्जावेइ
णि+पज्ज	निष्पत्ति	णिप्फज्जइ	णिप्फज्जिज्जइ	निप्फज्जावेइ
पड	पतन–गिरना	पडइ	पडिज्जइ	पाडेइ
पा	पीना	पिवइ	पाइज्जइ	पज्जेइ
पुच्छ	पूछना	पुच्छइ	पुच्छिज्जइ	पुच्छेइ
बंध	बंधन	बंधइ	बंधिज्जइ	बंधावेइ
बीह	भयभीत होना	भीमइ	बीहिज्जइ	बीहावेइ
भव	सत्ता–होना	भवइ	भविज्जइ	भावेइ
भिद	विदीर्ण करना	भिंदइ	भिंदिज्जइ	भिंदावेइ
भुंज	भोजन करना	भुंजइ	भुज्जइ	भुंजावेइ
माद	प्रमाद करना	मादइ	मादिज्जइ	मादावेइ
मिल	मिलना	मिलइ	मिलिज्जइ	मिलावेइ
रंभ	आरंभ करना	रंभइ	रंभिज्जइ	रंभावेइ
रिम	गमन करना	रिमइ	रिइज्जइ	रियावेइ
रुद	रोना	रोवइ	रुदिज्जइ	रुदावेइ
लभ	प्राप्त करना	लभइ	लब्भइ	लाभेइ
लुण	छेदना, काटना	लुणइ	लुणिज्जइ	लुणावेइ
लुभ	लोभ करना	लुब्भइ	लुभिज्जइ	लोभेइ
सुण	सुनना	सुणेइ, सुणइ	सुव्वइ	सुणावेइ
वच्च	बोलना	वच्चइ	उच्चइ	वच्चावेइ
वह	पहुँचाना	वहइ	वुज्झइ	वहावेइ
वा	हवा चलना	वाइ	वाइज्जइ	वावेइ
सास	अनुशासन	सासइ	सासिज्जइ	सासावेइ
सिर	बनाना, निर्माण करना	सिरइ	सिरिज्जइ	सिरावेइ
सिव्व	सीना, बाँधना	सिव्वइ	सिव्विज्जइ	सिव्वावेइ
सीय	शोक करना, विषाद करना	सीयइ	सीइज्जइ	सीयावेइ
सुय	सोना	सुवइ, सुयइ	सुइज्जइ	सुयावेइ
सुस्सुस	सेवा करना	सुस्सूसइ	सुस्सुसिज्जइ	सुस्सुसावेइ
हण	हिंसा करना	हणइ	हम्मइ	हणावेइ

कर	करना	करेइ	किज्जइ, कज्जइ	कारेइ, कारावेइ
अच्च	पूजा	अच्चेइ	अच्चिज्जइ	अच्चावेइ
कास	प्रकाश, चमकना	कासेइ	कासिज्जइ	कासावेइ
किलाम	ग्लानि करना	किलामेइ	किलाविज्जइ	किलामावेइ
तक्क	कल्पना करना	तक्केइ	तक्किज्जइ	तक्कावेइ
ताड	ताडना करना	ताडेइ, तालेइ	तालिज्जइ	तालावेइ, ताडावेइ
दा	देना	देइ	दिज्जइ	दाणेइ
दीव	दीप्ति	दीवेइ	दीविज्जइ	दीवावेइ
धार	धारण करना	धारेइ	धारिज्जइ	धारावेइ
उस	निन्दा करना	उसेइ, उसइ	उसिज्जइ	उसावेइ
कह	कहना	कहेइ, कहइ	कहिज्जइ	कहावेइ
वि+कीर	विकीर्ण करना	विक्खिरइ	विक्खीरिज्जइ	विक्खीरावेइ
किण	खरीदना	किणेइ, किणइ	किणिज्जइ	किणावेइ
वि+क्किण	बेचना	विक्कणेइ	विक्कणिज्जइ	विक्कणावेइ
खिव	प्रेरणा	खिवेइ	खिप्पइ	खेवावेइ
खुभ	क्षुब्ध होना	खुब्भइ	खुभिज्जइ	खोभेइ
गिण्ह	ग्रहण करना	गेण्हइ	घेप्पइ, घिप्पइ	गिण्हावेइ
चल	हल-चल करना	चलइ, चलेइ	चलिज्जइ	चालेइ
चिट्ठ	ठहरना	चिट्ठइ	चिट्ठिज्जइ	चिट्ठावेइ
जर	जीर्ण होना	जरेइ, जरइ	जरिज्जइ	जरावेइ
धा	धारण, पोषण	धाइ	धीयए	धावेइ
पास	देखना	पासेइ	पासिज्जइ	पासावेइ
भास	भाषण करना	भासइ	भासिज्जइ	भासावेइ
मन्न	समझना	मन्नेइ	मन्निज्जइ	मन्नावेइ

कृदन्त

(८७) अर्धमागधी में सम्बन्धार्थक क्त्वा प्रत्यय के स्थान में त्ता, त्तु, तूण ट्टु, उं, ऊण, इय, इत्ता, इत्ताणं, एत्ताणं, इत्तु, च्च आदि प्रत्यय होते हैं। यथा–

इत्ता–कर + इत्ता = करित्ता, च + इत्ता = चइत्ता, पास + इत्ता = पासित्ता, विउट्ट + इत्ता = विउट्टित्ता; लभ + इत्ता = लभित्ता।

एत्ता–कर + एत्ता = करेत्ता, पास + एत्ता = पासेत्ता।

एत्ताणं–पास + एत्ताणं = पासेत्ताणं, कर + एत्ताणं = करेत्ताणं।

इत्ताणं–पास + इत्ताणं = पासित्ताणं, कर + इत्ताणं = करित्ताणं, चइ + इत्ताणं = चइत्ताणं, भुंज + इत्ताणं = भुंजित्ताणं।

इत्तु–दुरुह + इत्तु = दुरूहित्तु, जाण + इत्तु = जाणित्तु, वध + इत्तु = वधित्तु।

च्चा–कि + च्चा = किच्चा, ण + च्चा = णच्चा, सो + च्चा = सोच्चा, भुज + च्चा = भोच्चा, चय + च्चा = चेच्चा।

इया–परिजाण + इया = परिजाणिया, दुरूह + इया = दुरूहिया।

ट्टु–क + ट्टु = कट्टु, साह + ट्टु = साहट्टु, अवह + ट्टु = अवहट्टु।

उं–सुण–सो + उँ = सोउं, दट्ठ + उं = दट्ठुं, छोढ + उं = छोढुं।

तूण–भुज + तृण–भोत्तूण, मुंच + तूण = मोत् + तूण = मोत्तूण, मुत्तूण।

ग्रह + तूण–घेत्तूण।

ऊण–अभिवाइ + ऊण = अभिवाइऊण, लभ + ऊण = लद्धूण, सुण + ऊण = सोऊण, छुभ + ऊण = छोढूण, नि + जि + ऊण = निज्जिऊण; गम + ऊण = गमिऊण, निः + चिण + ऊण = निच्छिऊण।

हेत्वर्थ कृदन्त

(८८) हेत्वर्थक तुमुन् के अर्थ में इत्तए, इत्तते, त्तुं, उं प्रत्यय होते हैं।

इत्तए–कर + इत्तए = करित्तए, प + कर + एत्तए = पकरेत्तए, वागर + एत्तए = वागरित्तए, वियागरित्तए, कारवेत्तए, काराक्त्तिए, कारावेत्तए।

इत्तते–उवसाम + इत्तते = उवसमित्तते।

तुं–वच् + तुं = वत्तुं।

उं–वारस + उं = वास + उं = वासिउं, वरिसेउं

वर्तमानकृदन्त

वर्तमान अर्थ में प्राकृत के समान न्त और माण प्रत्यय अर्धमागधी में भी होते हैं। यथा–

न्त–कर + न्त = करिन्तो, करेन्तो; गाय + न्त = गायन्तो, जणय + न्त = जणयन्तो, समावयन्तो।

माण–पउज्ज + माण = पउज्जमाणो, विक्काय + माण = विक्कायमाणो, घिप्प + माण = घिप्पमाणो, परिगिज्झ + माण = परिगिज्झमाणो, जाय + माण = जायमाणो, आढिय + माण = आढियमाणो।

(८९) ऋकारान्त धातु के त प्रत्यय के स्थान में ड होता है। यथा–

कृ + त = कड, म + त = मड, अभिहड, वावड, संवुड, वियड, वित्थड।

❑ ❑ ❑

जैन महाराष्ट्री

अर्धमागधी के आगम ग्रन्थों के अतिरिक्त चरित, कथा, दर्शन, तर्क, ज्योतिष, भूगोल और स्तोत्र आदि विषयक प्राकृत का विशाल साहित्य है। इस साहित्य की भाषा को वैयाकरणों ने जैन महाराष्ट्री नाम देकर महाराष्ट्री और अर्धमागधी से पृथक् इस भाषा का अस्तित्व बताया है। यद्यपि काव्य और नाटकों की भाषा से यह भाषा बहुत कुछ अंशों में मिलती–जुलती है; फिर भी यह एक स्वतन्त्र भाषा है। इसका रूप महाराष्ट्री और अर्धमागधी के मिश्रण से निर्मित हुआ है। आगम ग्रन्थों पर रचे गये बृहत्कल्पभाष्य, व्यवहारसूत्रभाष्य, विशेषावश्यकभाष्य एवं निशीथचूर्णि प्रभृति टीका और भाष्य ग्रन्थों में भी इस भाषा का प्रयोग पाया जाता है। धर्मसंग्रहणी, समराइच्चकहा, कुवलयमाला, वसुदेवहिण्डी, पउमचरिय प्रभृति ग्रन्थों में भी इसी भाषा का प्रयोग हुआ है। हमें ऐसा लगता है कि काव्यों और नाटकों की भाषा से यह जैन महाराष्ट्री प्राचीन है। अर्धमागधी की भाषागत प्रवृत्तियों में थोड़ा–सा परिवर्तन होकर जैन महाराष्ट्री का विकास हुआ होगा और इसी जैन महाराष्ट्री से व्यंजन वर्णों का लोप होकर काव्य और नाटकों की महाराष्ट्री का प्रादुर्भाव हुआ है। जैन महाराष्ट्री की मूलप्रवृत्ति अर्धमागधी से सम्बन्ध रखती है। इसमें अधिक व्यञ्जनों का लोप नहीं होता है। य और व जैसे मृदुल व्यञ्जनों को अत्यधिक स्थान प्राप्त है। अर्धमागधी और शौरसेनी के समान इस भाषा की मूलप्रवृत्ति पर संस्कृत का पर्याप्त प्रभाव लक्षित होता है। ध्वनिपरिवर्तन सम्बन्धी जैन महाराष्ट्री की निम्न विशेषताएँ हैं–

(१) क के स्थान में अनेक स्थलों में ग पाया जाता है। यथा–

सावग < श्रावक–क के स्थान पर ग हुआ है।
णिगरं < निकरम्–मध्यवर्ती क के स्थान पर ग।
तित्थगरो < तीर्थकरः–क के स्थान पर ग।
लोगो < लोकः– ,, ,,
आगरिसी < आकर्षः– ,, ,,
आगारो < आकारः– ,, ,,
उवासगो < उपासकः– ,, ,,
दुगुल्लं < दुकूलम्– ,, ,,
गेंदुअं < कन्दुकम्– ,, ,, इस शब्द का विकल्प से जैन महाराष्ट्री में कन्दुक रूप भी पाया जाता है।

(२) लुप्त व्यञ्जनों के स्थान पर य श्रुति होती है। यथा–

कहाणयं < कथानकम्–यहाँ लुप्त क के स्थान पर य श्रुति।
भगवया < भगवता–लुप्त त के स्थान पर य।

चेयणा < चेतना–लुप्त त के स्थान पर य।
भणियं < भणितम्– ,, ,,
विसायं < विषादं–लुप्त द के स्थान पर य।
महारायस्स < महाराजस्य–लुप्त ज के स्थान पर य।
रययं < रजतम्–लुप्त ज और त के स्थान पर य।
पयावई < प्रजापतिः –लुप्त ज के स्थान पर य।
गया < गदा–लुप्त द के स्थान पर य।
कयग्गहो < कचग्रहः–लुप्त च के स्थान पर य।
कायमणी < काचमणिः– ,, ,,
लायण्णं < लावण्यम्–लुप्त व के स्थान पर य।
मयणो < मदनः–लुप्त द के स्थान पर य।

यह प्रवृत्ति काव्य और नाटकों की भाषा में नहीं पायी जाती है और न अर्धमागधी में सार्वत्रिक मिलती है। महाराष्ट्री में व्यञ्जनों का लोप होने पर मात्र स्वर शेष रह जाते हैं। य श्रुति की प्रवृत्ति जैन महाराष्ट्री का प्रमुख चिह्न है।

(३) शब्द के आदि और मध्य में भी ण की तरह न रह जाता है। यह प्रवृत्ति अर्धमागधी की देन है। यथा–

नाणुमयमेएसिं < नानुमतमेतयोः –आदि न ज्यों का त्यों स्थित है।
नियमोववसिहिं < नियमोपवासैः– ,, ,,
नियट्ठीए < निकृत्य– ,, ,,
नूणमेसा < नूनमेषा– ,, ,,
भत्तिनिब्भरा < भक्तिनिर्भरा–मध्य न ज्यों का त्यों स्थित है।
अणुन्नविय < अनुज्ञाप्य– ,, ,,
कहमन्नया < कथमन्यथा– ,, ,,
अलद्धनिद्दा < अलब्धनिद्रा– ,, ,,
उववन्नाओ त्ति < उपपन्ने इति– ,, ,,
अन्नहा < अन्यथा– ,, ,,
कन्नयाए < कन्यकायाः– ,, ,,
पडिवन्ना < प्रतिपन्ना–अन्तिम न ज्यों का त्यों स्थित है।
नुवन्ना एसा < निपन्ना एषा–आदि और अन्तिम न ज्यों का त्यों स्थित है।
नुवन्नो < निपन्नः– ,, ,, ,,
समुप्पन्ना < समुत्पन्ना–अन्तिम न ज्यों का त्यों स्थित है।
उववन्नो < उत्पन्नः– ,, ,, ,,
विवाहजन्नो < विवाहयज्ञः– ,, ,,

(४) यथा और यावत् के स्थान में क्रमशः जहा और जाव की तरह अहा और आव भी होते हैं।

(५) कुछ पदों में समास होने पर उत्तरपद के पूर्व म् का आगम हो जाता है। यथा–

अन्नमन्न < अन्न + अन्न–उत्तर पद के अन्न के पूर्व मकारागम।

एगमेग = एग + एग–उत्तर पद एग के पूर्व मकारागम।

चित्तमाणंदियं = चित्त + आणंदियं = उत्तर पद आणंदियं के पूर्व मकारागम।

(६) पाय, माय, तेगिच्छिग, पडुप्पण, साहि, सुहुम आदि शब्दों का पत्त, मेत्त, चेइच्छय आदि की तरह उपयोग होता है।

(७) तृतीया के एकवचन में अर्धमागधी के समान कहीं–कहीं सा का प्रयोग भी पाया जाता है और प्रथमा विभक्ति के एकवचन में महाराष्ट्री के समान ओ पाया जाता है। यथा–

मन + सा = मणसा < मनसा;–जिण–जिणो।

वय + सा = वयसा < वचसा; वीर–वीरो।

काय + सा = कायसा < कायेन; गोयम = गोयमो।

(८) आइक्खइ, कुव्वइ, सडइ, सोल्लइ, वोसिरइ प्रभृति धातुरूप उपलब्ध होते हैं।

(९) क्त्वा प्रत्यय के रूप अर्धमागधी के च्चा और तु प्रत्यय जोड़ने से भी बनाये जाते हैं। महाराष्ट्री तूण और ऊण भी पाये जाते हैं। यथा–

सुण + च्चा = सो + च्चा = सोच्चा < श्रुत्वा।

कृ + च्चा = कि + च्चा = किच्चा < कृत्वा।

वंदित्तु–वंदि + त्तु = वंदित्तु < वंदित्वा।

आलोचि + ऊण = आलोचिऊण < आलोच्य।

चवि + ऊण = चविऊण < च्युत्वा।

मुच् + तूण–मोत्तू + तूण = मोत्तूण < मुक्त्वा।

(१०) त प्रत्ययान्त रूप ड में परिवर्तित दिखलायी पड़ते हैं। यथा–

कडं < कृतम्–त के स्थान पर ड।

वावडं < व्यापृतम्–,, ,,

संवुडं < संवृत्तम्– ,, ,,

(११) अस् धातु का सभी काल, वचन और सभी पुरुषों में अर्धमागधी के समान आसी रूप पाया जाता है। सभी कालों के बहुवचन में महाराष्ट्री के समान अहेसी रूप भी उपलब्ध होता है।

अवशेष नियम प्राकृत के समान ही जैन महाराष्ट्री में प्रवृत्त होते हैं।

❑ ❑ ❑

पैशाची

पैशाची एक बहुत प्राचीन प्राकृत भाषा है। इसकी गणना पालि, अर्धमागधी और शिलालेखीय प्राकृतों के साथ की जाती है। चीनी–तुर्किस्तान के खरोष्ट्री शिलालेखों में पैशाची की विशेषताएँ देखने को मिलती हैं। डॉ. जार्ज ग्रियर्सन के अनुसार पैशाची पालि का एक रूप है, जो भारतीय आर्यभाषाओं के विभिन्न रूपों के साथ मिश्रित हो गयी है।

पैशाची की प्रकृति शौरसेनी है। मार्कण्डेय ने पैशाची भाषा को कैकय, शौरसेन और पञ्चाल इन तीन भेदों में विभक्त किया है। अतः सिद्ध होता है कि पैशाची भाषा पाण्ड, काञ्ची और कैकय आदि प्रदेशों में बोली जाती थी। अब यहाँ यह आशंका उत्पन्न होती है कि इतने दूरवर्ती इन तीनों प्रदेशों में एक ही भाषा का व्यवहार क्यों और कैसे होता था ? इसका उत्तर यह हो सकता है कि पैशाची भाषा एक जातिविशेष की भाषा थी। यह जाति जिस–जिस स्थान पर गयी, उस–उस स्थान पर अपनी भाषा को भी लेती गयी। अनुमान है कि यह कैकय देश में उत्पन्न हुई और बाद में उसी के समीपस्थ शूरसेन और पंजाब तक फैल गयी। डॉ. सर जार्ज ग्रियर्सन के अनुसार पैशाची का आदिम स्थान उत्तर–पश्चिम पंजाब अथवा अफगानिस्तान प्रान्त है। यहाँ से इस भाषा का अन्यत्र विस्तार हुआ है। डॉ. हार्नलि का मत है कि अनार्य लोग आर्यजाति की भाषा का जिस विकृत रूप में उच्चारण करते थे, वह विकृत रूप ही पैशाची भाषा का है। दूसरे देशों में यों कहा जा सकता है कि द्राविड भाषा से प्रभावित आर्यभाषा का एक रूप पैशाची प्राकृत है। पंजाब, सिन्ध, विलोचिस्तान और काश्मीर की भाषाओं पर इसका प्रभाव आज भी लक्षित होता है।

वाग्भट्ट ने पैशाची को भूतभाषा कहा है। पिशाच नाम की एक जाति प्राचीन भारत में निवास करती थी। उसकी भाषा को पैशाची कहा गया है। पैशाची की व्याकरण सम्बन्धी निम्न विशेषताएँ है–

(१) पैशाची शब्दों में आदि में न रहने पर, वर्गों के तृतीय और चतुर्थ वर्णों के स्थान पर उसी वर्ग के क्रमशः प्रथम और द्वितीय वर्ण हो जाते हैं।[1] यथा–

गकनं < गगनम्–ग के स्थान पर क हुआ है।

मेखो < मेघः–कवर्ग के चतुर्थ वर्ण घ के स्थान पर उसी वर्ग का द्वितीय वर्ण ख हुआ है।

१. वर्गाणां तृतीयचतुर्थयोरयुजोरनाद्योराद्यौ १० ।३ वर.।

राचा < राजा–चवर्ग के तृतीय वर्ण ज के स्थान पर उसी वर्ग का प्रथम वर्ण च हुआ है।

णिच्छरो < णिज्झरो < निर्झरः–ज्झ के स्थान पर च्छ।

दसवतनो < दसवदनो < दशवदनः–मध्यवर्ती द के स्थान पर त।

सलफो < सलभो < शलभः–भ के स्थान पर फ।

(२) पैशाची में ज्ञ के स्थान पर ञ्ञ आदेश होता।[1] जैसे–

पञ्ञा < प्रज्ञा–ज्ञ के स्थान पर ञ्ञ हुआ है।

सञ्ञा < संज्ञा– ,, ,,

सव्वञ्ञो < सर्वज्ञः– ,, ,,

विञ्ञानं < विज्ञानम्– ,, ,,

(३) राजन् शब्द के रूपों में जहाँ–जहाँ ज्ञ रहता है, वहाँ–वहाँ ज्ञ के स्थान में विकल्प से चिञ् आदेश होता है।[2] यथा–

राचिञा लपितं, रञ्ञा लपितं < राज्ञा लपेतम्–विकल्प से ज्ञ के स्थान में चिञ् आदेश होने पर राचिञा और विकल्पाभाव में ज्ञ के स्थान पर ञ्ञ आदेश होने से राञ्ञा रूप बना है।

राचिञो धनं, रञ्ञो धनं < राज्ञो धनम्।

(४) पैशाची में न्य और ण्य के स्थान में ञ्ञ आदेश होता है।[3] यथा–

कञ्ञका, अभिमञ्ञू < कन्या, अभिमन्युः–न्य के स्थान पर ञ्ञ।

पुञ्ञाहं < पुण्याहम्– ,, ,, ,, ,,

(५) पैशाची में णकार का नकार होता है।[4] यथा–

गुनगनयुत्तो < गुणगणयुक्तः–शौरसेनी के ण के स्थान पर न।

गुनेन < गुणेन– ,, ,,

(६) पैशाची में तकार और दकार के स्थान में तकार हो जाता है।[5] यथा–

भगवती, पव्वती < भगवती, पार्वती–तकार के स्थान त हुआ है।

मतनपरवसो < मदनपरवशः–द के स्थान पर त आदेश हुआ है।

सतनं < सदनम्– ,, ,,

तामोतरो < दामोदरः– ,, ,,

होतु < होदु–शौरसेनी के दु के स्थान पर तु हुआ है।

(७) पैशाची में ल के स्थान ळकार हो जाता है।[6] यथा–

---

१. ज्ञो ञ्ञ पैशाच्याम् ८।४।३०३ हे.
२. राज्ञो वा चिञ् ८।४।३०४।
३. न्य–ण्योर्ञ्ञः ८।४।३०५।
४. णो नः ८।४।३०६।
५. तदोस्तः ८।४।३०७।
६. लो ळः ८।४।३०८।

सलिळं < सलिलम्–ल के स्थान पर ळ हुआ है।

कमळं < कमलम्– ,, ,,

(८) पैशाची श और ष के स्थान पर स आदेश होता हैं।[१] यथा–

सोभति < शोभते–श के स्थान पर स हुआ है।

सोभनं < शोभनं– ,, ,,

ससी < शशी– ,, ,,

विसमो < विषमः–मूर्धन्य ष के स्थान पर स हुआ है।

विसानो < विषाणः– ,, ,,

(९) पैशाची में हृदय शब्द के यकार के स्थान में पकार हो जाता है।[२] यथा–

हितपकं < हृदयकम्–द के स्थान पर त और य के स्थान पर प आदेश होता है।

(१०) पैशाची में टु के स्थान पर विकल्प से तु आदेश होता है। यथा–

कुतुम्बकं, कुटुंबकं < कुटुम्बकम्।

(११) पैशाची में कहीं–कहीं र्य, स्न और ष्ट के स्थान में रिय, सिन और सट आदेश होते हैं। यथा–

भारिया < भार्या–स्वरभक्ति के नियमानुसार र और य का पृथक्करण होकर इत्व हो गया है।

सिनातं < स्नातम्– ,, ,, ,,

कसटं < कष्टम– ,, ,, ,,

सनानं < स्नानम्–स्वरभक्ति के नियमानुसार स और न का पृथक्करण।

सनेहो < स्नेहः– ,, ,, ,,

(१२) पैशाची में यादृश, तादृश आदि के दृ के स्थान पर ति आदेश होता है। यथा–

यातिसो < यादृशः–दृ के स्थान पर ति और श को स।

तातिसो < तादृशः– ,, ,,

भवातिसो < भवादृशः–,, ,,

अञ्ञातिसो < अन्यादृशः–न्य के स्थान पर ञ्ञ और दृ को ति।

युम्हातिसो < युष्मादृशः–ष्म के स्थान पर म्ह और दृ के स्थान पर ति।

अम्हातिसो < अस्मादृशाः–स्म ,, ,,

(१३) पैशाची में शौरसेनी के ज्ज के स्थान में च्च आदेश होता है। यथा–

कच्चं < कज्जं < कार्यम्–शौरसेनी के ज्ज के स्थान पर च्च।

---

१. श–षोः सः ८।४।३०९। २. हृदये यस्य पः ८।४।३१०

(१४) पैशाची में शौरसेनी का सुज्ज शब्द ज्यों का त्यों रह जाता है।

सुज्जो < सूर्यः–शौरसेनी में र्य के स्थान में ज्ज आदेश होता है और पूववर्ती ऊकार को ह्रस्व होने से सुज्ज बनता है। पैशाची में भी यही रूप पाया जाता है।

(१५) पैशाची में स्वरों के मध्यवर्ती क, ग, च, ज, त, द, य और व का लोप नहीं होता। यथा–

लोक < लोक–क का लोप नहीं हुआ।

इंगार < अंगार–ग का लोप नहीं हुआ है।

पतिभास < प्रतिभास–प्र के स्थान पर प और त का लोप नहीं हुआ।

करणीय < करणीय–य ज्यों का त्यों रह गया है।

सपथ < शपथ–प का लोप नहीं हुआ।

(१६) पैशाची में ख, भ और थ के स्थान पर ह नहीं होता। यथा–

साखा < शाखा–श के स्थान पर स और ख के स्थान पर ह नहीं हुआ।

पतिभास < प्रतिभास–भ के स्थान पर ह नहीं हुआ।

सपथ < शपथ–प के स्थान में व भी नहीं हुआ और न थ को ह ही हुआ।

(१७) पैशाची में ट के स्थान पर ड और ठ के स्थान पर ढ नहीं होता। यथा–

भट < भट–ट के स्थान पर ट ही रह गया है।

मठ < मठ–ठ के स्थान पर ठ ही रह गया है।

(१८) पैशाची में रेफ के स्थान में ल और ह के स्थान में घ नहीं होता। यथा–

गरुड < गरुड–र के स्थान में ल नहीं हुआ।

रेफ < रेफ– ,, ,,

दाइ < दाइ–ह के स्थान में घ नहीं हुआ।

शब्दरूप

(१९) पञ्चमी के एकवचन में आतो और आतु प्रत्यय होते हैं। यथा–

जिनातु, जिनातो।

(२०) पैशाची में तद् और इदम् शब्दों में टा प्रत्यय सहित पुंल्लिङ्ग में नेन और स्त्रीलिंग में ताए आदेश होते हैं। यथा–

नेन कतसिनानेन < तेन कृतस्नानेन अथवा अनेन।

पूजितो च नाए < पूजितश्चानया।

वीर शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प.	वीरो	वीरा
बी.	वीरं	वीरे, वीरा
त.	वीरेन, वीरेनं	वीरेहिं, वीरेहि

च.	वीराय, वीरस्स	वीरान, वीरानं
पं.	वीरातो, वीरातु	वीरातो, वीराहिंतो, वीरासुन्तो, वीरेहिंतो, वीरेसुन्तो
छ.	वीरस्स	वीरान, वीरानं
स.	वीरंसि, वीरम्मि	वीरेसु, वीरेसुं

इकारान्त इसि शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प.	इसी	इसउ, इसओ, इसिनो
वी.	इसिं	इसिनो, इसी
त.	इसिना	इसीहि, इसीहिं
च.	इसिनो, इसिस्स	इसीन, इसीनं
पं.	इसितो, इसिस्स	इसीओ, इसीउ, इसीहिंतो, इसीसुंतो
छ.	इसिनो, इसिस्स	इसीन, इसीनं
स.	इसिंसि	इसीसु, इसीसं

इसी प्रकार अग्गि, मुनि, बोहि और कवि आदि इकारान्त शब्दों के रूप होते हैं।

भानु शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प.	भानू	भानुनो, भानवो, भानूओ
वी.	भानुं	भानुनो, भानू
त.	भानुना	भानूहि, भानूहिं
च.	भानुनो, भानुस्स	भानून, भानूनं
पं.	भानुतो, भानुतु	भानुत्तो, भानूओ, भानूउ, भानुहिंत्तो, भानुमुंतो
छ.	भानुनो, भानुस्स	भानून, भानूनं
स.	भानुंसि, भानुम्मि	भानूसु, भानूसुं

नपुंसकलिङ्ग के शब्दरूप शौरसेनी के समान होते हैं।

सर्वादि गण के शब्दों के रूप पञ्चमी विभक्ति एकवचन को छोड़, अवशेष रूप शौरसेनी के समान ही होते हैं। पञ्चमी विभक्ति एक वचन में अतो और अतु प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

इम < इदम् शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प.	अयं, इमो	इमे
वी.	इमं, इनं, नं	इमे, इमा, ने, ना

त.	इमेन, इमेनं, नेन	इमेहि, इमेहिं, इमेहिँ
च.	इमस्स, अस्स, से	सिं, इमेसिं, इमान, इमानं
पं.	इमातु, इमातो	इमत्तो, इमाउ, इमाओ इमाहिंतो, इमासुंतो
छ.	इमस्स, अस्स, से	इमान, इमानं
सं.	इमस्सिं, इमम्मि, अस्सिं, इह	इमेसु, इमेसुं

एअ < एतद्

	एकवचन	बहुवचन
प.	एस, एसो	एते
वी.	एतं	एते, एता
त.	एतेन, एतिना	एतेहि, एतेहिं, एतेहिँ
च.	एतस्स	एतेसिं, एतान
पं.	एतातो, एतातु	एआउ, एआओ, एआहि, एआहिंतो, एएहिंतो
छ.	एतस्स	एतेसिं, एतान
स.	एत्थ, अयम्मि, एअस्सिं	एतेसु, एएसुं

राया < राजन्

	एकवचन	बहुवचन
प.	राया	रायानो, राइनो
वी.	राइनं, रायं	राये, राया, राचिञो, रञ्ञो
त.	राचिञा, राचिञ्ञा	राईहि, राईहिं, राईहिँ
च.	राचिञो, रञ्ञो	राईन, राईनं, रायान, रायानं
पं.	रायातो, रायातु, राचिओ, रञ्ञो	राइनो, राईओ, राईहिंतो, राईसुंतो
छ.	राचिञो, रञ्ञो	राईन, राईनं, रायान, रायानं
स.	रचिञि, रञ्ञि	रायेसु, रायेसुं, राईसु, राईसुं
सं.	रायं, राया, रायो	रायानो, राइनो

क्रियारूप

(२०) पैशाची में शौरसेनी के दि और दे प्रत्ययों के स्थान पर ति और ते प्रत्यय होते हैं।

(२१) पैशाची में भविष्यत्काल में स्सि प्रत्यय के स्थान पर एय्य प्रत्यय जोड़ा जाता है। यथा—हुवेय < भविष्यति।

(२२) पैशाची में भाव और कर्म में ईअ तथा इज्ज के स्थान में इय्य प्रत्यय होता है।

हस धातु—वर्तमानकाल

	एकचवन	बहुवचन
प्र. पु.	हसति, हसेते	हसन्ति, हसंते, हसिरे, हसेइरे
म. पु.	हससि, हससे	हसित्था, हसध, हसह
उ. पु.	हसमि, हसेमि	हसमो, हसमु, हसम

कृदन्त

क्त्वा प्रत्यय के स्थान में तून, त्थून और द्धून प्रत्यय होते हैं। यथा–
पठितून < पठित्वा–पठ धातु में तून प्रत्यय जोड़ने से।
गन्तून < गत्वा–गम् धातु में तून प्रत्यय जोड़ने से।
नत्थून < नष्ट्वा–नश् धातु में त्थून प्रत्यय जोड़ने से।
तत्थून < दृष्ट्वा–दृश् धातु में त्थून प्रत्यय जोड़ने से।
नद्धून < नष्ट्वा–नश् धातु में द्धून प्रत्यय जोड़ने से।
तद्धून < दृष्ट्वा–दृश् धातु में द्धून प्रत्यय जोड़ने से।

पैशाची के कुछ शब्द

पैशाची	संस्कृत	ध्वनिपरिवर्तन
मेखो	मेघः	घ के स्थान पर ख हुआ है।
गकनं	गगनम्	ग के स्थान पर क।
राचा	राजा	ज के स्थान पर च।
णिच्छरो	निर्झरः	र्झ के स्थान पर च्छ।
वटिसं	वडिशम्	ड के स्थान पर ट।
दसवतनो	दशवदनः	द के रथान पर त।
माथवो	माधवः	ध के स्थान पर थ।
गोविन्तो	गोविन्दः	द के स्थान पर त।
केसवो	केशवः	श के स्थान पर स।
सरफसं	सरभसं	भ के स्थान पर फ।
सलफो	शलभः	,, ,,
संगामो	संग्रामः	ग्र के स्थान पर ग।
पिव	इव	इव के स्थान पर पिव आदेश।
तलुनी	तरुणी	र के स्थान पर ल।
कसटं	कष्टम्	स्वरभक्ति के नियम से ष्ट का पृथक्करण।

सनानं	स्नानम्	स्वरभक्ति के नियम से स्न का पृथक्करण।
सनेहो	स्नेहः	,, ,, ,,
भारिआ	भार्या	,, र्या का ,,
विञ्ञातो	विज्ञातः	ज्ञ के स्थान पर पालि के समान ञ्ञ।
सव्वञ्ञो	सर्वज्ञः	,, ,, ,,
कञ्ञा	कन्या	न्य के स्थान पर ञ्ञ।
कच्चं	कार्यम्	र्य के स्थान पर च्च।
दातूनं	दत्त्वा	क्त्वा के स्थान पर तून।
घेत्तूनं	गृहीत्वा	,, ,, ,,
हितअकं	हृदयकम्	हृदयक के स्थान पर हितअकं आदेश।

❑ ❑ ❑

चूलिका पैशाची

यद्यपि वररुचि आदि वैयाकरणों ने पैशाची के लक्षणों के अन्तर्गत ही चूलिका पैशाची का अनुशासन बताया है; पर हेमचन्द्र और षड्भाषाचन्द्रिका के कर्ता पं. लक्ष्मीधर ने इस भाषा का भी स्वतन्त्र अस्तित्व मानकर इसकी विशेषताओं का निर्देश किया है। चूलिका पैशाची के कुछ उदाहरण हेमचन्द्र के कुमारपाल और जयसिंह सूरि के हम्मीरमर्दन नामक नाटक तथा षड्भाषा स्तोत्रों में पाये जाते हैं। यह सत्य है कि चूलिका पैशाची पैशाची का ही एक भेद है। इसमें पैशाची की अपेक्षा अधिक विशेषताएँ दृष्टिगोचर नहीं होतीं। ध्वनि परिवर्तन सम्बन्धी निम्न विशेषताएँ हैं।

(१) चूलिका पैशाची में र के स्थान में विकल्प से ल होता है। यथा–

गोली < गोरी–र के स्थान पर ल।

चलन < चरणं–र के स्थान पर ल ओर ण को न।

लुद्धो < रुद्रः–र के स्थान पर ल, संयुक्त रेफ का लोप और द को द्वित्व।

लाचा < राजा–र को ल और ज को च।

लामो < रामो–र के स्थान पर ल।

हलं < हरं–र के स्थान पर ल।

(२) चूलिका पैशाची में वर्ग के तृतीय और चतुर्थ अक्षरों के स्थान पर प्रथम और द्वितीय अक्षर होते हैं। यथा–

मक्कनो < मार्गणः– संयुक्त रेफ का लोप और ग के स्थान में क तथा क को द्वित्व और ण को न।

नको < नगः–ग के स्थान पर क।

मेखो < मेघः–घ के स्थान पर ख।

वखो < व्याघ्रः–संयुक्त य का लोप तथा संयुक्त रेफ का लोप और घ को ख।

चीमूतो < जीमूतः–ज के स्थान में च।

छलो < झरः–झ के स्थान पर छ और रेफ को ल।

तटाकं < तडाकं–ड के स्थान में ट।

टमलुको < डमरुकः–ड को ट और रु के स्थान में ल।

काढं < गाढम्–ग के स्थान में क।

ठक्का < ढक्का–ढ के स्थान में ठ।

मतनो < मदनः–द के स्थान में त।

तामोतलो < दामोदरः–द के स्थान में त और रेफ को ल।

मथुलो < मधुरो–ध के स्थान में थ और रेफ को ल।

थाला < धारा–ध के स्थान में थ और रेफ को ल।

पाटपो < बाडवः–ब के स्थान में प और ड को ट।

पालो < बालः–ब के स्थान पर प।

लफसो < रभसः–र के स्थान पर ल और भ के स्थान पर फ।

लंफा < रंभा– ,, ,, ,, ,,

फवो < भवः–भ के स्थान पर फ।

फकवती < भगवती–भ के स्थान पर फ और ग को क।

पनमथ < प्रणमत–ण के स्थान में न और त को थ।

नखतप्पनेसुं < नखदर्पणेषु–दर्प के स्थान पर तप्प और ण को न।

चलनग्ग < चरणाग्र–र को ल, ण को न और संयुक्त रेफ का लोप और ग को द्वित्व।

एकातस < एकादश–द को त और श को स।

तनुथलं < तनुधरं–ध के स्थान पर थ और र को ल।

पातुक्खेवेन < पादोत्क्षेपेण–द को त, क्ष के स्थान पर क्ख।

वसुथा < वसुधा–ध को थ।

नमथ < नमत–त को थ।

(३) चूलिका पैशाची में आदि अक्षरों में उक्त नियम लागू नहीं होता। यथा–

गती < गतिः–ग के स्थान पर हेमचन्द्र के मत से क नहीं हुआ।

धम्मो < धर्मः–ध के स्थान पर थ नहीं हुआ।

जीमूतो < जीमूतः–ज के स्थान पर च नहीं हुआ।

डमरुक्को < डमरुकः–ड के स्थान पर ट नहीं हुआ।

नियोजितं < नियोजितम्–युज् धातु में भी उक्त नियम नहीं लगा।

घनो < घनः–घ के स्थान पर ख नहीं हुआ।

जनो < जनः–ज के स्थान पर च नहीं हुआ।

झल्लरी < झल्लरी–झ के स्थान पर छ नहीं हुआ।

(४) शब्दरूप और धातुरूप चूलिका पैशाची में पैशाची के समान ही होते हैं, परन्तु वर्णपरिवर्तन सम्बन्धी नियमों का प्रयोग कर लेना आवश्यक है। यथा–

फोति < भवति–भ को फ हुआ है।

फवते < भवते– ,,

फवति < भवति– ,,

फोइय्य < भोइय्य– ,,

❑ ❑ ❑

ग्यारहवाँ अध्याय
अपभ्रंश : इतिहास और व्यवस्था

प्राकृत वैयाकरणों ने अपभ्रंश को प्राकृत का एक भेद माना है। काव्यालंकार की टीका में नमिसाधु ने 'प्राकृतमेवापभ्रंशः' (२।१२) अर्थात शौरसेनी, मागधी आदि की तरह अपभ्रंश को प्राकृत का एक भेद बताया है। महर्षि पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में लिखा है "भूयांसोऽपशब्दाः अल्पीयांसः शब्दा इति। एकैकस्य हि शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशा। तद्यथा गौरित्यस्य शब्दस्य गावी गोणी गोता गोपोतलिकेत्यादयो बहवोऽपभ्रंशाः।[1]" अर्थात् संस्कृत व्याकरण में असिद्ध शब्दों को अपभ्रंश बताया है। दण्डी ने अपने काव्यादर्श में प्राकृत और अपभ्रंश का अलग-अलग निर्देश किया है। पतञ्जलि के भाष्यवाले उपर्युक्त कथन से भी स्पष्ट है कि संस्कृत से भिन्न सभी प्राकृत भाषाएँ अपभ्रंश के अन्तर्गत हैं। उनके गावी, गोणी, गोता और गोपोतलिका आदि उदाहरण- उक्त अर्थ में ही चरितार्थ हैं।

डॉ. हार्नलि का मत है कि आर्यों की बोलचाल की भाषाएँ भारत के आदिम निवासी अनार्य लोगों की भिन्न-भिन्न भाषाओं के प्रभाव से जिन रूपान्तरों को प्राप्त हुई थीं, वे ही भिन्न-भिन्न अपभ्रंश भाषाएँ हैं और ये महाराष्ट्री की अपेक्षा अधिक प्राचीन हैं। सर जार्ज ग्रियर्सन प्रभृति विद्वान् डॉ. हार्नलि के मत को नहीं मानते। इनका मत है कि साहित्यिक प्राकृतों को व्याकरण के नियमों में आबद्ध हो जाने पर जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई, वे भाषाएँ अपभ्रंश कहलायीं। अपभ्रंश भाषा का साहित्य में प्रयोग ईस्वी सन् की पाँचवी शताब्दी के पहले ही होने लगा था। अपभ्रंश भाषा के बहुत भेद हैं। प्राकृत चन्द्रिका में इसके सत्ताईस भेद बतलाये गये हैं। व्राचड, लाटी, वैदर्भी, उपनागर, नागर, बार्बर, अवन्ती, पञ्चाली, टाक्क, मालवी, कैकेयी, गौडी, कौन्तली, औढ्री, पाश्चात्त्या, पाण्ड्या, कौन्तली, सैंहली, कालिंगी, प्राच्या, कार्णाटी, काञ्ची, द्राविडी, गौर्जरी, आभीरी, मध्यदेशीया एवं वैतालिकी इन २७ भेदों का उल्लेख मार्कण्डेय ने भी अपने प्राकृतसर्वस्व में किया है।[2] प्रधान रूप से अपभ्रंश को नागर, उपनागर और व्राचड इन तीन भेदों में ही विभक्त किया गया है।

---

१. पातञ्जल-महाभाष्यम् (प्रदीपोद्द्योतसमन्वितम्) पृ. १७; सन् १९३५।

२. टाक्कं टक्कभाषानागरोपनागरादिभ्योऽवधारणीयम्। तु-बहुला मालवी। वाडीबहुला पाञ्चाली। उल्लप्राया वैदर्भी। संबोधनाढ्या लाटी। ईकारोकारबहुला औढ्री। सवीप्सा कैकेयी। समासाढ्या गौडी। डकारबहुला कौन्तली। एकारिणी च पाण्ड्या। युक्ताढ्या

आचार्य हेमचन्द्र ने सामान्य अपभ्रंश के नाम से अनुशासनसम्बन्धी नियम लिखे हैं। अतः इस प्रकरण में मी सामान्य अपभ्रंश के अनुशासन सम्बन्धी नियम दिये जाते हैं।

(१) अपभ्रंश में अ, इ, उ, एँ और ओँ ये पाँच ह्रस्व स्वर और आ, ई, ऊ, ए और ओ ये पाँच दीर्घ स्वर माने गये हैं। ऋ, लृ, ऐ और औ का अभाव है।

(२) ऋ स्वर के स्थान पर अपभ्रंश में अ, इ, उ, आ, ए, और रि आदेश हो जाता है। कुछ स्थानों में ऋ ज्यों का त्यों भी पाया जाता है। यथा–

ऋ = अ   तणु < तृण, पट्ठि < पृष्ठ, कच्चु < कृत्य

ऋ = आ   काच्चु < कृत्य;

ऋ = इ   तिणु < तृण, पिट्ठि < पृष्ठ।

ऋ = उ   पुट्ठि < पृष्ठ

ऋ = ए   गेह < गृह

ऋ = रि, री   रिण < ऋण; रिसहो < ऋषभ; रीछ < ऋच्छ

(३) लृ के स्थान पर अपभ्रंश में इ और इलि आदेश होता है। यथा–

किन्नो, किलिन्नो < क्लृन्न।

(४) ऐ के स्थान पर अपभ्रंश में एँ, ए और अइ तथा औ के स्थान पर ओँ, ओ और अउ आदेश होते हैं। यथा–

ऐ = एँ   अवरेँक < अपरैक

ऐ = ए   देव < दैव

ऐ = अइ   दइअ < दैव

औ = ओ   गोरी < गौरी

औ = ओँ   जोँव्वण < यौवन

औ = अउ   पउर < पौर, गउरी < गौरी

(५) अपभ्रंश में पद के अन्त में स्थित उं, हुँ, हिं और हं का भी लघु–ह्रस्व उच्चारण होता है। यथा–

(क) अन्नु जु तुच्छउं ते धनहे!

(ख) दइवु घटावइ वणि तरहुं।

(ग) तणहुँ तइज्जी भंगि नवि।

सैंहली। हिंयुक्ता कालिङ्गी। प्राच्या तद्देशीयभाषाढ्या। ज (भ) ट्टादिबहुला आभीरी। वर्णविपर्ययात् कार्णाटी। मध्यदेशीया तद्देशीयाढ्या। संस्कृताढ्या च गौर्जरी। चकारात् पूर्वोक्तढक्कभाषाग्रहणम्। रत (ल) हभां व्यत्ययेन पाश्चात्त्या। रेफव्यत्ययेन द्राविडी। ढकारबहुला वैतालिकी। एओबहुला काञ्ची।

(६) अपभ्रंश में एक स्वर के स्थान पर प्रायः दूसरा स्वर हो जाता है।[१] यथा–

अ = इ   किविण < कृपण।
अ = उ   मुणइ < मनुते।
अ = ए   वेल्लि < वल्ली।
आ = अ   सीय < सीता।
आ = उ   उल्ल < आर्द्र।
आ = ए   देइ < दा, लेइ < ला, मेत्त < मात्र।
इ = अ   पडिवत्त < प्रतिपत्ति।
इ = ए   बेल्ल < बिल्व, एत्था < इत्थु।
ई = अ   हरडइ < हरीतिकी।
ई = आ   कम्हार < काश्मीर।
ई = ऊ   विहूण < विहीन।
ई = ए   एरिस < ईदृश। वेण < वीणा।
ई = एँ   खेँड्डुअ < क्रीडा।
उ = अ   मउड < मुकुट; बाह < बाहु; सउमार <सुकुमार।
उ = इ   पुरिस < पुरुष।
उ = ओँ   मोँग्गर < मुद्गर, पोँत्थय < पुस्तक; कोँतत < कुन्त।
ऊ = ए   नेउर < नूपुर।
ऊ = ओ   मोँल्ल < मूल्य।
ऊ = ओ   थोर < स्थूल; तांबोल < ताम्बूल।
ए = इ, ई, ए   लिह, लीह, लेह < लेखा।

(७) अपभ्रंश में स्वादि विभक्तियों के आने पर प्रायः कभी तो प्रतिपादिक के अन्त्य स्वर का दीर्घ और कभी ह्रस्व हो जाता है। यथा–

ढोला सामला < विट श्यामलः–विट में रहने वाले अ को ढोला में दीर्घ कर दिया है। सामला में भी ल को दीर्घ हुआ है।

धण < धन्या –दीर्घ को ह्रस्व हुआ है।

सुवण्णरेह < सुवर्णरेखा– दीर्घ को ह्रस्व हुआ है।

विट्टीए < पुत्रि–स्त्रीलिंग में ह्रस्व का दीर्घ हुआ है।

पइट्ठि < प्रविष्टा–स्त्रीलिंग में दीर्घ का ह्रस्व हुआ है।

निसिआ खग्ग < निशिता खड्गा ,, ,,

---

१. स्वराणां स्वराः प्रायोपभ्रंशे ८।४।३२९ हे.। २. स्यादौ दीर्घ–ह्रस्वौ ८।४।३३०।

(८) अनुस्वारयुक्त ह्रस्व स्वर के आगे र, श, ष, स और ह हो तो ह्रस्व को दीर्घ और अनुस्वार का लोप हो जाता है। यथा–

बीस < विंशति; सीह < सिंह।

(९) अपभ्रंश में छन्द के कारण ह्रस्व को दीर्घ और दीर्घ को ह्रस्व हो जाता है। कई स्थानों पर ह्रस्व को दीर्घ न करके अनुस्वार कर देते हैं।

दंसण < दर्शन।

फंस < स्पर्श।

अंसु < अश्रु।

व्यञ्जनविकार

सामान्यत: शब्द के आदि व्यञ्जन में विकार नहीं होता। पर ऐसे भी कुछ अपवाद हैं जिनमें आदि व्यञ्जन में परिवर्तन पाया जाता है। यथा–

दिट्टि < धृति–यहाँ शब्द के आदि ध के स्थान पर द हो गया है।

धुअ या धुआ < दुहिता–शब्द के आदि व्यञ्जन ध के स्थान पर द हुआ है।

यादि < जाति–शब्द के आदि में ज के स्थान पर अपभ्रंश में य होता है।

(१०) अपभ्रंश में पद के आदि में वर्तमान किन्तु स्वर से पर में आने वाले और असंयुक्त क, ख, त, थ, प और फ वर्णों के स्थान में प्राय: ग, घ, द, ध, ब और भ होते हैं।[1] यथा–

पिअमाणुसविच्छोहगरु < प्रियमनुष्यविक्षोभकरम्–क के स्थान पर ग।

सुघिँ चिन्तिज्जइ माणु < सुखं चिन्त्यते मानः–ख के स्थान पर घ।

कधिदु < कथितम्–थ के स्थान पर ध और त के स्थान पर द।

सबधु < शपथम्–प के स्थान पर ब और थ के स्थान पर ध।

सभलउ < सफलम्–फ के स्थान पर भ।

(११) कुछ शब्दों में अपभ्रंश में दो स्वरों के बीच में स्थित ख, घ, थ, ध, फ और भ को ह होता है। यथा–

साहा < शाखा–तालव्य श के स्थान पर स और ख को ह।

पहुल < पृथुल–पकारोत्तर ऋ को अकार और थ के स्थान पर ह।

अहर < अधर–ध के स्थान पर ह।

मुत्ताहल < मुक्ताफल–संयुक्त क् का लोप, त् को द्वित्व और फ को ह।

(१२) अपभ्रंश में प्राकृत के समान ट के स्थान पर ड, ढ के स्थान पर ठ और प के स्थान पर व होता है। यथा–

---

१. अनादौ स्वरादसंयुक्तानां क–ख–त–थ–प–फां ग–घ–द–ध–ब–भाः ८।४।३९६।

तड < तट, कवड < कपट, सुहड < सुभट–ट के स्थान में ड हुआ है।

मढ < मठ, वीढ < पीठ–ठ के स्थान पर ढ हुआ है।

दीव < द्वीप, पाव < पाप–प के स्थान पर व हुआ है।

(१३) अपभ्रंश में कुछ शब्दों में अल्पप्राण वर्णों के स्थान पर महाप्राण वर्ण हो जाते हैं।

खेलइ < क्रीडति, खप्पर < कर्पर, नोक्खि < नवक्की–अल्पप्राण क के स्थान पर महाप्राण ख हुआ है।

भारथ < भारत, वसथि < वसति–अल्पप्राण त के स्थान पर थ हुआ है।

फंसइ < स्पृशति, फरसु < परशु–अल्पप्राण प के स्थान पर महाप्राण फ हुआ है।

(१४) अपभ्रंश में दन्त्य व्यञ्जनों में मूर्धन्य व्यञ्जन हो जाते हैं। यथा–

पडिउ < पतित–त दन्त्य वर्ण के स्थान पर मूर्धन्य ड हुआ है।

पडाय < पताका– ,, ,, और क के स्थान पर य।

गंठिपाल < ग्रन्थिपाल–थ के स्थान पर ठ हुआ है।

डहइ < दहति–दन्त्य द के स्थान पर मूर्धन्य ड हुआ है।

खुडिय < क्षुधित–दन्त्य ध के स्थान पर मूर्धन्य ड हुआ है।

डोलइ < दोलायते–,, द के ,, ,,

डुक्कर < दुष्कर–,, ,, ,,

वियउढ < विदुग्ध–दन्त्य ध के स्थान पर मूर्धन्य ढ हुआ है।

(१५) अपभ्रंश में पद के आदि में अवर्तमान असंयुक्त मकार के स्थान में विकल्प से अनुनासिक वकार होता है।[1] यथा–

कवँलु < कमलम्–म के स्थान में विकल्प से सानुनासिक वँ हुआ है।

भवँरु < भ्रमरः– ,, ,,

जिवँ < जिम– ,, ,,

तिवँ < तिम– ,, ,,

(१६) अपभ्रंश में संयोग के बाद में आने वाले रेफ का विकल्प से लुक् होता है।[2] यथा–

जइ केवँइ पावीसु पिउ < यदि कथञ्चित् प्राप्स्यामि प्रियम्–संयुक्त रेफ का लोप हुआ।

(१७) अपभ्रंश में कहीं–कहीं सर्वथा अविद्यमान रेफ भी होता देखा जाता है।[3] यथा–

१. मोऽनुनासिको वो वा ८।४।३९७। २. वाधो रो लुक् ८।४।३९८।

३. अभूतोऽपि क्वचित् ८।४।३९९।

व्रासु महारिसि एउं भणइ < व्यासो महर्षिः एतद् भणति।

बहुल रूप में कहने से नियम की प्रवृत्ति नहीं भी पायी जाती है। यथा–

वासेण वि भारहखम्भि बद्ध < व्यासेनापि भारतस्तम्भे बद्धम्।

(१८) अपभ्रंश में प्राकृत के म्ह के स्थान में विकल्प से म्भ आदेश होता है। यथा–

गिम्भो < गिम्हो–प्राकृत के म्ह के स्थान पर म्भ आदेश हुआ है।

अभिप्राय यह है कि संस्कृत के क्ष्म, श्म, ष्म, स्म और म्ह के स्थान पर प्राकृत में म्ह आदेश होता है और प्राकृत के इस म्ह के स्थान पर अपभ्रंश में म्भ आदेश हो जाता है। यथा–

संस्कृत ब्रह्म का प्राकृत में बम्ह रूप बनता है और इस बम्ह का अपभ्रंश में बम्भ बन जाता है।

अपभ्रंश में स्वरों के बीच में स्थित छ को च्छ होता है। यथा–

विच्छ < वृक्ष–क्ष के स्थान पर छ और छ को च्छ हुआ है।

(१९) अपभ्रंश में ड, त और र के स्थान पर क्वचित् ल होता है। यथा–

ड = ल–कील < क्रीडा, सोलस < षोडश, तलाउ < तडाग, नियल < निगड, पीलिय < पीडित–ड के स्थान पर ल हुआ है।

त = ल–अलसी < अतसी, विज्जुलिया < विद्युतिका।

र = ल–चलण < चरण।

य = ज–जमुना < यमुना; जसु < यस्य।

व=य–पयट्ट <प्रवृत्त–व के स्थान पर य, ऋ को अ, प्र को प और त्त को ट्ट।

ष = छ–छ < षट्–षट् के स्थान पर छ।

ष = ह–पाहान <पाषाण–प के स्थान पर ह हुआ है।

(२०) अपभ्रंश में संयुक्त व्यञ्जन परिवर्तन सम्बन्धी नियम प्रायः प्राकृत के ही समान हैं। कुछ स्थानों में विशेषताएँ पायी जाती हैं।

(२१) आदि संयुक्त व्यञ्जन में यदि दूसरा व्यञ्जन य, र, ल और व हो तो उसका लोप हो जाता है। यथा–

जोइसिउ < ज्योतिषी–य का लोप, मध्यवर्ती त का लोप, इ स्वर शेष, ष को स और विभक्ति प्रत्यय उ।

वावारउ < व्यापार–यकार का लोप, य को व और विभक्ति का प्रत्यय उ।

वामोह < व्यामोह–य का लोप।

कील < क्रीड़ा–र का लोप और ड को ल।

पउ < प्रिय–र का लोप और य को उ।

पेम्म < प्रेम– ,, ,,

सर < स्वर–व का लोप।

दीव < द्वीप– ,, और प को व।

(२२) अपभ्रंश में प्राकृत के समान त्य के स्थान पर च्च, थ्य के स्थान पर च्छ और द्य के स्थान पर ज्ज आदेश होता है। यथा–

अच्चंत < अत्यन्त–त्य के स्थान पर च्च।

मिच्छत्त < मिथ्यात्व–थ्य के स्थान पर च्छ।

अज्जु < अद्य–द्य के स्थान पर ज्ज।

(२३) अपभ्रंश में क्ष के स्थान पर ख, छ, झ, घ, क्ख और ह आदेश होते हैं। यथा–

खार < क्षार; खवण < क्षपण–क्ष के स्थान पर ख।

छण < क्षण–प्राकृत के समान क्ष के स्थान पर छ।

झिज्जइ < क्षीयते–क्ष के स्थान पर झ आदेश।

कडक्ख < कटाक्ष–ट को ड और क्ष को क्ख आदेश हुआ है।

निहित्त <निक्षिप्त–क्ष के स्थान पर ह और संयुक्त प का लोप और त को द्वित्व।

अपभ्रंश में वर्णागम, वर्णविपर्यय (Metathesis), वर्णलोप और स्वरभक्ति आदि भी उपलब्ध हैं।

(२४) वर्णागम में स्वर या व्यञ्जन का आदि, मध्य और अन्त्य स्थान में आगम होता है। यथा–

इत्थी < स्त्री–स्त्री का त्थी हो जाता है और आदि में इ स्वर का आगम हो जाने से इत्थी पद बनता है।

व्रासु < व्यास–मध्य में र व्यञ्जन का आगम हुआ है।

मध्य में स्वर के आगम को स्वरभक्ति (Anaptysix) कहा जाता है। यथा–

समासण < श्मशान–पृथक्करण होकर मध्य में आकार का आगम हुआ है।

सलहइ < श्लाघते–पृथक्करण होकर अ स्वर का मध्य में आगम हुआ है।

दीहर < दीर्घ– ,, ,, ,,

(२५) स्वर भक्ति का एक भेद अपनिहिती (Epenthesis) है; जिस शब्द के अन्त में इ, उ, ए और ओ में से कोई एक हो तो बीच में इ या उ का आगम हो जाता है तथा तृतीय स्वर भी परिवर्तित हो जाता है। यथा–

बेल्लि < बल्लि–बल्ल + इ–इस स्थिति में ल्ल के पहले इ का आगम होने पर ब + इ + ल्ल् + इ = बेल्लि–पूर्ववर्ती इ का अ के साथ गुण हुआ है।

अपभ्रंश में वर्णविपर्यय (Metathesis) के भी उदाहरण पाये जाते हैं। यथा–

हर < गृह–वर्णविपर्यय।

रहस < हर्ष– ,,

वर्णविकार में समीकरण (Assamilation) और विषयी (Disassamilation) के भी उदाहरण मिलते हैं। यथा–

जुत्त < युक्त–य के स्थान पर ज और त के संयोग से क ध्वनि भी त में परिवर्तित है।

रत्त < रक्त–त के संयोग से क् ध्वनि त् में परिवर्तित है।

सद्द < शब्द–द के संयोग से ब् ध्वनि द में परिवर्तित है।

अग्गि < अग्नि–ग के संयोग से न ध्वनि ग में परिवर्तित।

सवत्ति < सपत्नी–प को व और त के संयोग से न ध्वनि त में परिवर्तित।

वर्णलोप में भी आदि, मध्य और अन्त्य वर्ण का लोप होता है। यथा–

वि < अपि–आदि स्वर का लोप (Aphaerasis)

रण्ण < अरण्य– ,, ,,

पोप्फल < पूगफल–मध्य वर्ण का लोप (Syncope)

भविसत्तकहा < भविष्यद्त्तकथा–यहाँ अक्षर लोप (Haplology) है।

शब्दरूपावलि

(२६) अपभ्रंश में प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के एकवचन में अकारान्त शब्दों के अन्तिम अ को उ होता है।[1] यथा–

दहमुहु < दसमुखः–स को ह और ख को ह; प्रथमा एकवचन में उ विभक्तिचिह्न।

तोसिअ–संकरु < तोषित–शंकरः–प्रथमा एकवचन में उ विभक्तिचिह्न।

चउमुहु < चतुर्मुखम्–द्वितीया के एकवचन में उ विभक्तिचिह्न।

छमुहु < षण्मुखम्–षट् के स्थान पर छ और द्वितीया के एकवचन में उ विभक्तिचिह्न।

जिणु < जिनः–प्रथमा के एकवचन में उ विभक्तिचिह्न।

(२७) अपभ्रंश में पुल्लिङ्ग में वर्तमान अकारान्त शब्दों के प्रथमा के एकवचन में विकल्प से अन्तिम अ के स्थान में ओ होता है।[2] यथा–

जो < यः–य के स्थान पर ज और विभक्ति प्रत्यय ओ।

सो < सः –विभक्ति प्रत्यय ओ जोड़ा गया है।

---

१. स्यमोरस्योत् ८।४।३३१; २. सौ पुंस्योद्वा ८।४।३३२।

(२८) अपभ्रंश में तृतीया विभक्ति के एकवचन में अन्तिम अ के स्थान पर ए हो जाता है।[१] यथा–

पवसन्ते < प्रवसता–तृतीया के एकवचन में अ को ए हुआ है।

नहे < नखेन– ,, ,, ,, ,,

अपभ्रंश में तृतीया एकवचन में ण और अनुस्वार दोनों होते हैं। अतः तृतीया एकवचन में तीन रूप बनते हैं। यथा–

देवे, देवें, देवेण < देवेन।

(२९) अपभ्रंश में शब्द के अन्त्य अकार और ङि–सप्तमी एकवचन के स्थान में इकार और एकार होते हैं।[२] यथा–

तलि धल्लइ, तले धल्लइ < तले क्षिपति।

(३०) अपभ्रंश में तृतीया विभक्ति के बहुवचन में अन्त्य अकार के स्थान में विकल्प से एकार आदेश होता है और हिं प्रत्यय जुड़ जाता है।[३] यथा–

लक्खेहिं, गुणहिं < लक्षैः, गुणैः।

(३१) अपभ्रंश में अकारान्त शब्दों से पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में हे और हु प्रत्यय जोड़े जाते हैं।[४] यथा–

वच्छहे गृण्हइ < वृक्षात् गृह्णाति–हे प्रत्यय जुड़ने से।

वच्छहु गृण्हइ < वृक्षात् गृह्णाति–हु प्रत्यय जुड़ने से।

(३२) अपभ्रंश में अकारान्त शब्दों में पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन में हुं प्रत्यय जोड़ा जाता है।[५]

यथा–गिरिसिंगहुं < गिरिश्रृंगेभ्यः।

(३३) अपभ्रंश में अकारान्त शब्दों से पर में आने वाले षष्ठी के बहुवचन में सु, हो और स्सु ये तीन प्रत्यय होते हैं।[६] यथा–

तसु < तस्य– सु प्रत्यय जोड़ा गया है।

दुल्लहहो < दुर्लभस्य– हो ,, ,,

सुअणस्सु < सुजनस्य–स्सु प्रत्यय जोड़ा जाता है।

(३४) अपभ्रंश में अकारान्त शब्दों से पर में आने वाली षष्ठी विभिक्ति के बहुवचन में हं प्रत्यय जोड़ा जाता है।[७] यथा–

---

१. एहि ८।४।३३३।
२. ङिएनेच्च ८।४।३३४।
३. भिस्येद्वा ८।४।३३५।
४. ङसेर्हेहू ८।४।३३६।
५. भ्यसो हुं ८।४।३३७।
६. ङसः सु–हो–स्सवः ८।४।३३८।
७. आमो हं ८।४।३३९।

तणहं < तृणानाम्–ऋकार का अ होकर तण शब्द बना है, इसमें षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में हं प्रत्यय जोड़ दिया गया है।

(३५) अपभ्रंश में इकारान्त और उकारान्त शब्दों से पर में आने वाले आम् प्रत्यय–षष्ठी के बहुवचन में हुं और हं दोनों आदेश होते हैं।[१] यथा–

सउणिहं < शकुनीनाम्–षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में हं प्रत्यय होता है।

सप्तमी विभक्ति बहुवचन में भी हुं प्रत्यय होता है। यथा–

दुहुं < द्वयोः–

(३६) अपभ्रंश में इकारान्त और उकारान्त शब्दों से पञ्चमी के एकवचन, पञ्चमी बहुवचन और सप्तमी के एकवचन में क्रमशः हे, हुं और हि आदेश होते हैं।[२] यथा–

गिरिहे < गिरेः–गिरि + ङे = गिरि + हे = गिरिहे।

तरुहे < तरोः–तरु + ङे = तरु + हे = तरुहे।

तरुहुं < तरुभ्यः–तरु + भ्यस् = तरु + हुं = तरुहुं।

कलिहि < कलौ–कलि + ङि = कलि + हि = कलिहि।

(३७) अपभ्रंश में इकारान्त और उकारान्त शब्दों से तृतीया विभक्ति के एकवचन में एं, ण और अनुस्वार आदेश होते हैं।[३] यथा–

अग्गिएं < अग्निना–अग्गि + एं = अग्गिएं।

अग्गिणं < अग्निना–अग्गि + णं = अग्गिणं।

अग्गिं < अग्निना–अग्गि + म् = अग्गिं।

(३८) अपभ्रंश में सु, अम्, जस् और शस् विभक्तियों का लोप हो जाता है।[४] यथा–

एइ ति घोडा < एते ते घोटकाः–जस् का लोप।

वालइ वग्ग < वालयति वल्गाम्–अम् का लोप।

अपभ्रंश में षष्ठी विभक्ति का प्रायः लुक् हो जाता है।[५] यथा–

गय कुम्भइं दारन्तु < गजानां कुम्भान् दारयन्तम्।

(३९) अपभ्रंश में यदि किसी शब्द के सम्बोधन में जस् विभक्ति आयी हो तो उसके स्थान में हो आदेश होता है।[६] यथा–

तरुणहो, तरुणिहो <हे तरुणाः, हे तरुण्यः–जस् के स्थान में हो आदेश हुआ है।

---

१. हुं चेदुद्भ्याम् ८।४।३४०।

२. ङसि–भ्यस्–ङीनां हे–हुं–हयः ८।४।३४१।

३. एं चेदुतः ८।४।३४३।

४. स्यम्जस्शसां लुक् ८।४।३४४।

५. षष्ठ्याः ८।४।३४५।

६. आमन्त्र्ये जसो होः ८।४।३४६।

अपभ्रंश में भिस् और सुप् के स्थान में हिं आदेश होता है।[१] यथा–

गुणहिं < गुणैः, मग्गेहिं तिहिं < मार्गेषु त्रिषु।

(४०) अपभ्रंश में स्त्रीलिंग में वर्तमान शब्द से पर में आने वाले जस् और शस् के स्थान में उ और ओ आदेश होते हैं।[२] यथा–

अंगुलिउ < अङ्गुल्यः–यहाँ जस् के स्थान में उ हुआ है।

सव्वंगाउ < सर्वाङ्गी–यहाँ शस् के स्थान में उ हुआ है।

विलासिणीओ < विलासिनीः–शस् के स्थान पर ओ हुआ है।

(४१) अपभ्रंश में स्त्रीलिंग में वर्तमान शब्द से पर में आने वाले ङस् (षष्ठी एकवचन) और ङसि (पञ्चमी एकवचन) के स्थान में हे आदेश होता है।[३] यथा–

मज्झहे < मध्यायाः–पञ्चमी के एकवचन में हे प्रत्यय आदेश हुआ है।

तहे < तस्याः–षष्ठी के एकवचन में हे प्रत्यय आदेश हुआ है।

धणहे < धन्यायाः–पञ्चमी के एकवचन में हे आदेश।

बालहे < बालायाः– ,, ,, ,,

(४२) अपभ्रंश में स्त्रीलिंग में भ्यस् (पञ्चमी बहुवचन) में और आम् (षष्ठी बहुवचन) के स्थान में हु आदेश होता है।[४] यथा–

वयंसिअहु < वयस्याभ्यः; अथवा वयस्यानाम्–हु प्रत्यय हुआ है।

अपभ्रंश में स्त्रीलिंग में सप्तमी एकवचन में हि आदेश होता है।[५] यथा–

महिहि < मह्याम्।

(४३) अपभ्रंश में नपुंसकलिंग में प्रथमा और द्वितीया के बहुवचन में इं आदेश होता है।[६] यथा–

कमलइं < कमलानि।

(४४) अपभ्रंश में नपुंसक लिंग में वर्तमान कान्त–जिसके अन्त में अ सहित क हो, शब्दों से पर में आने वाले प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के एकवचन में उं आदेश होता है।[७] यथा–

तुच्छउं < तुच्छकम्; भग्गउं < भग्नकम्।

(४५) अपभ्रंश में अकारान्त सर्वादि शब्दों को पञ्चमी के एकवचन में हां आदेश होता है।[८] यथा–

---

१. भिस्सुपोहिं ८/४।३४७।
२. स्त्रियां जस्–शसोरुदोत् ८।४।३४८।
३. ङस्–ङ्स्योर्हे च ८।४।३५०।
४. भ्यसामोर्हुः ८।४।३५१।
५. ङेर्हि ८।४।३५२।
६. क्लीबे जस्–शसोरिं ८।४।३५३।
७. कान्तस्यात उं स्यमोः ८।४।३५४।
८. सर्वादेङसेर्हां ८।४।३५५।

जहां होन्तउ आगदो, तहां होन्तउ आगदो < यस्मात् भवान् आगतः, तस्मात्, भवान् आगतः।

कहां < कस्मात्।

(४६) अपभ्रंश में अकारान्त क (किम्) शब्द से पञ्चमी के एकवचन में इहे आदेश होता है और क के अकार का लोप होता है।[१] यथा–

किहे < कस्मात्; कहाँ < कस्मात्।

(४७) अपभ्रंश में अकारान्त सर्वादि शब्दों से सप्तमी के एकवचन में ङि के स्थान में हिं आदेश होता है।[२] यथा–

जहिं < यस्मिन्, तहिं < तस्मिन्, एक्कहिं < एकस्मिन्।

(४८) अपभ्रंश में य, त, क (यद्, तद्, किम्) शब्दों को षष्ठी के एकवचन में आसु आदेश होता है।[३] यथा–

जासु < यस्य, तासु < तस्य, कासु < कस्य।

(४९) अपभ्रंश में स्त्रीलिंग में या, ता, का (यद्, तद्, किम्) से षष्ठी के एकवचन में अहे आदेश और आ का लोप भी होता है।[४] यथा–

जहे केरउ < यस्याः कृते; तहे केरउ < तस्याः कृते; कहे केरउ < कस्याः कृते।

(५०) अपभ्रंश में प्रथमा और द्वितीया के एकवचन में यद् और तद् के स्थान में क्रमशः ध्रुं, और त्रं विकल्प से आदेश होते हैं।[५] यथा–

प्रंगणि चिट्ठदि नाहु ध्रुं, त्रं रणि करदि न भ्रंति–प्राङ्गणे तिष्ठति नाथः यद्, तद् रणे करोति न भ्रान्तिम्।

(५१) अपभ्रंश में नपुंसकलिंग में इदं शब्द के स्थान में प्रथमा और द्वितीया के एकवचन में इमु आदेश होता है।[६] यथा–

इमु कुलु तुह तणउँ; इमु कुलु देक्खु < इदं कुलं।

(५२) अपभ्रंश में प्रथमा और द्वितीया के एकवचन में एतद् शब्द के स्त्रीलिंग में एह, पुंल्लिङ्ग में एहो और नपुंसकलिंग में एहु रूप होते हैं।[७] यथा–

एह कुमारी < एषा कुमारी, एहो नरु < एष नरः; एहु मणोरह–ठाणु < एतन्मनोरथस्थानम्।

---

१. किमो डिहे वा ८।४।३५६।
२. ङेर्हिं ८।४।३५७।
३. यत्तत्किंभ्यो ङसो डासुर्न वा ८।४।३५८।
४. स्त्रियां डहे ८।४।३५९।
५. यत्तदः स्यमोर्ध्रुं त्रं ८।४।३६०।
६. इदम इमुः क्लीबे ८।४।३६१।
७. एतदः स्त्री–पुं–क्लीबे एह एहो एहु ८।४।३६२।

(५३) अपभ्रंश में प्रथमा और द्वितीया के बहुवचन में अदस् शब्द के स्थान में ओइ आदेश होता है। यथा–

ओइ < अमूनि।

(५४) अपभ्रंश में प्रथमा और द्वितीया के बहुवचन में एतद् शब्द के स्थान पर एइ आदेश होता है। यथा–

एइ पेच्छ < एतान् प्रेक्षस्व।

(५५) अपभ्रंश में इदम् शब्द के स्थान पर आय आदेश होता है। यथा–

आयइं < इमानि; आयेण < एतेन; आयहो < अस्य।

अपभ्रंश में सर्व शब्द के स्थान में विकल्प से साह आदेश होता है। यथा–

साहु वि लोउ. सव्वु वि लोउ < सर्वोऽपि लोकः।

(५६) अपभ्रंश में किम् शब्द के स्थान में विकल्प से काइं और कवण आदेश होते हैं। यथा–

काइं न दूरे देक्खइ < किं न दूरे पश्यति।

ताहँ पराई कवण घृण < तयोः परकीया का घृणा।

किं गज्जहि खल मेह < किं गर्जसि खल मेघः।

पुल्लिंग अकारान्त शब्दों में जोड़े जाने वाले विभक्ति–प्रत्यय

	एकवचन	**बहुवचन**
प.	उ, ओ, ०	०
वी.	उ, ०	०
त.	ए, एं, ण	हिं
च.	सु, स्सु, हो, ०	हं, ०
पं.	हु, हे	हुँ
छ.	सु, स्सु, हो, ०	हं, ०
स.	इ, ए	हिं
सं.	उ, ०	हो, ०

देव शब्द के रूप

	एकवचन	**बहुवचन**
प.	देवु, देवो, देव	देव, देवा
वी.	देवु, देव, देवा	देव, देवा
त.	देवें, देवे, देवेण	देवहिं, देवेहिं
च.	देव, देवसु, देवस्सु, देवहो	देवहं

पं.	देवहे, देवहु	देवहुँ
छ.	देव, देवसु, देवहो, देवस्सु	देव, देवहं
सं.	देवे, देवि	देव, देवा, देवहो

वीर शब्द के रूप

	एकवचन	**बहुवचन**
प.	वीरु, वीरो	वीर, वीरा
	वीर, वीरा	
वी.	वीरु, वीर, वीरा	वीर, वीरा
त.	वीरेण, वीरेणं, वीरें	वीरेहिं, वीराहिं, वीरहिं
च. छ.	वीरसु, वीरस्सु, वीरासु,	
	वीराहो, वीरहो, वीर, वीरा	वीराहं; वीरह, वीर, वीरा
पं.	वीराहु, वीरहु, वीराहे, वीरहे	वीराहुं, वीरहुँ
स.	वीरि, वीरे	वीराहिं, वीरहिं
सं.	वीरु, वीरो	वीराहो, वीरहो,
	वीर, वीरा	वीर, वीरा

पुल्लिंग इकारान्त और उकारान्त शब्दों के विभक्ति-प्रत्यय

	एकवचन	**बहुवचन**
प.	०	०
वी.	०	०
त.	एं, ण, म्	हिं
च.	०	हुं, हं
पं.	हे	हुँ
छ.	०	०, हुं, हं
स.	हि	हिं, हुं
सं.	०	हो, ०

इसि शब्द के रूप

	एकवचन	**बहुवचन**
प., वी.	इसि, इसी	इसि, इसी
त.	इसिण, इसिणं, इसीण, इसीणं	इसिहिं, इसीहिं
	इसिएं, इसीएं, इसिं, इसीं	

च. छ.	इसि, इसी	इसिहुं, इसीहुं, इसिहं, इसीहं
पं.	इसिहे, इसीहे	इसिहुं, इसीहुं
स.	इसिहि, इसीहि	इसिहिं, इसीहिं, इसिहुं, इसिहो, इसीहो
सं.	इसि, इसी	इसि, इसी

गिरि शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प., वी.	गिरि, गिरी	गिरि, गिरी
त.	गिरिएँ, गिरिण, गिरिं	गिरिहिं, गिरीहिं
च., छ.	गिरि, गिरी	गिरीहिं, गिरिहं, गिरिहुं, गिरीहुं
पं.	गिरिहे, गिरीहे	गिरिहुं, गिरीहुं
स.	गिरिहि, गिरीहि	गिरीहुं, गिरिहुं, गिरिहिं
सं.	गिरि, गिरी	गिरि, गिरी, गिरिहो

उकारान्त भाणु शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प.	भाणु, भाणू	भाणु, भाणू
वी.	,, ,,	,, ,,
त.	भाणुण, भाणुणं, भाणूण भाणूणं, भाणुएं, भाणूएं, भाणुं, भाणूं	भाणुहिं, भाणूहिं
च., छ.	भाणु, भाणू	भाणुहुं, भाणूहुं, भाणुहं, भाणूहं
पं.	भाणुहे, भाणूहे	भाणुहुं, भाणूहुं
स.	भाणुहि, भाणूहि	भाणुहिं, भाणूहिं, भाणुहुं, भाणूहुं
सं.	भाणु, भाणू	भाणुहो, भाणूहो, भाणु, भाणू

स्त्रीलिंग शब्द

स्त्रीलिंग में प्रायः दीर्घ ईकारान्त शब्द ह्रस्व हो जाते हैं। ऋकारान्त शब्द उकारान्त हो जाते हैं और देव शब्द के समान उनके रूप बनते हैं।

स्त्रीलिंग के विभक्तिचिह्न

	एकवचन	बहुवचन
प.	०	०, उ, ओ
वी.	०	,, ,,
त.	ए	हिं

च.,छ.	हे	हु
पं.	हे	हु
स.	हि	हिं
सं.	०	०, हो।

माला शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प., वी.	माला, माल	मालाउ, मालाओ, माल, माला
त.	मालाए, मालए	मालाहिं, मालहिं
च.,छ.	मालाहे, मालहे, माला, माल	मालाहुं, मालहुं
पं.	मालाहे, मालत्तो, मालादो, मालादु, मालाहिंतो	मालाहु, मालहु, मालत्तो, मालादो, मालादु, मालाहिंतो, मालासुन्तो
स.	मालाहि, मालहि	मालाहिं, मालहिं
सं.	माला, माल	मालाहो, मालहो

मइ शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प., वी.	मइ, मई	मइउ, मईउ, मइओ, मईओ, मई, मई
त.	मइए, मईए	मइहिं, मईहिं
च.,छ.	मइहे, मईहे, मइ, मई	मइहु, मईहु, मइ, मई
पं.	मइहे, मईहे	मइहु, मईहु
स.	मइहि, मईहि	मइहिं, मईहिं
सं.	मइ, मई	मइ, मई

पइट्ठी < प्रविष्टा

	एकवचन	बहुवचन
प., बी.	पइट्ठी, पइट्ठि	पइट्ठिउ, पइट्ठीउ, पइट्ठिओ, पट्ठीओ, पइट्ठीओ, पइट्ठी, पइट्ठि पइट्ठी, पइट्ठि
त.	पइट्ठिए, पइट्ठीए	पइट्ठिहिं, पइट्ठीहिं
च. छ.	पइट्ठिहे, पइट्ठीहे, पइट्ठी, पइट्ठि	पइट्ठिहु, पइट्ठीहु, पइट्ठी, पइट्ठि
पं.	पइट्ठिहे, पइट्ठीहे	पइट्ठिहु, पइट्ठीहु
स.	पइट्ठिहि, पइट्ठीहिं,	पइट्ठिहिं, पइट्ठीहिं
सं.	पइट्ठि, पइट्ठी	पइट्ठिहो, पइट्ठीहो, पइट्ठी, पइट्ठि

धेणु < धेनु

	एकवचन	बहुवचन
प.	धेणु, धेणू	धेणुउ, धेणूउ धेणुओ, धेणूओ
बी.	धेणु, धेणू	धेणुउ, धेणूउ, धेणुओ, धेणूओ, धेणु, धेणू
त.	धेणुए, धेणूए	धेणुहिं, धेणूहिं
च. छ.	धेणुहे, धेणूहे	धेणुहु, धेणूहु
प.	धेणुहे, धेणूहे	धेणुहु, धेणुहु
स.	धेणुहि, धेणूहि	धेणुहिं, धेणूहिं
सं.	धेणु, धेणू	धेणुहो, धेणूहो

वहू < वधू

	एकवचन	बहुवचन
प., बी.	वहु, वहू	वहूउ, वहुउ, वहुओ, वहूओ
त.	वहुए, वहूए	वहुहिं, वहूहिं
च. छ.	वहुहे, वहूहे	वहुहु, वहूहु
प.	वहुहे, वहूहे	वहुहु, वुहूहु
स.	वहुहि, वहूहि	वहुहिं, वहूहिं
सं.	वहु, वहू	वहुहो, वहूहो

नपुंसकलिंग के विभक्ति चिह्न

	एकवचन	बहुवचन
प.	०	०, इं
बी.	०	०, इं

शेष विभक्तिचिह्न पुंल्लिङ्ग के समान होते हैं।

कमल शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प.	कमलु, कमला, कमल	कमलाइं, कमलइं
बी.	कमलु, कमला, कमल	कमलाइं, कमलइं

शेष रूप पुल्लिङ्ग के समान होते हैं।

हलन्त शब्द अपभ्रंश में नहीं होते। अत: उनके स्थान पर अजन्त हो जाते हैं। अन्तिम हल् होने से प्राय: हलन्त शब्द अकारान्त होते हैं।

सर्वनाम (Pronoun)

सव्व < सर्व—सब (अन्य पुरुष या प्रथम पुरुष)

	एकवचन	बहुवचन
प.	सव्वु, सव्वो, सव्व	सव्वे, सव्व, सव्वा
वी.	सव्वु, सव्व, सव्वा	सव्व, सव्वा
त.	सव्वें, सव्वेण	सव्वेहिं
च., छ.	सब्वसु, सव्वस्सु, सव्वहो	सव्वहं, सव्व, सव्वा
पं.	सव्वहां, सव्वाहां	सव्वहुं, सव्वाहुं
स.	सव्वहिं	सव्वहिं

सव्व के स्थान पर अपभ्रंश में साह आदेश होता है। अतः साह शब्द के रूप भी अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्दों के समान बनते हैं।

तुम < युष्मद्

	एकवचन	बहुवचन
प.	तुहुं	तुम्हे, तुम्हइ
वी.	पइं, तइं	तुम्हे, तुम्हइ
त.	पइं, तइं	तुम्हेहि
च., छ.	तउ, तुज्झ, तुध्र (तुहु)	तुम्हहं
पं.	तउ, तुज्झ, तुध्र	तुम्हहं
स.	पइं, तइं	तुम्हासु

अहं < अस्मद्

	एकवचन	बहुवचन
प.	हउं	अम्हे, अम्हइं
वी.	मइं	अम्हे, अम्हइं
त.	मइं	अम्हेहिं
च., छ.	महु, मज्झु	अम्हहं
पं.	महु, मज्झु	अम्हहं
स.	मइं	अम्हासु

एह < एतद्

	एकवचन	बहुवचन
प.	एहो	एहू
वी.	,,	,,

शेष रूप सव्व के समान होते हैं।

जो < यत्—सम्बन्धी सर्वनाम

	एकवचन	बहुवचन
प.	जु, जो	जे
वी.	जं	जे
त.	जेण, जिं, जें	जेहिं
च.,छ.	जासु, जसु, जस्स, जहो, जहे	जाहं, जाह
पं.	जउ, जहे	जहु
स.	जहिं, जम्मि	जहिं

सो < तद्—वह—निर्देशवाचक सर्वनाम

	एकवचन	बहुवचन
प.	सो, सु, स	ते
वी.	तं	ते
त.	तेण, तइं, तें, तिं	तेहि, ताहँ, तेहिं
च., छ.	तासु, तहो, तहि, तसु	तहु
पं.	तहे, तउ	तहु
स.	तहिं, तहि	तहिं

क < किम्—क्या, कौन—प्रश्नवाचक सर्वनाम

	एकवचन	बहुवचन
प., वी.	को, कु	के
त.	केण, कइं	केहिं
च.,छ.	कहो, कहु, कस्स, कासु	काहं
पं.	कउ, किहे, कहां	कहु
स.	कहि, कहिं	कहिं

कवण के रूप सव्व के समान होते हैं।

आय < इदम्—यह

	एकवचन	बहुवचन
प.	आयु, आयो, आय, आया	आये, आय, आया
बी.	आयु, आय, आया	आय, आया
त.	आयेण, आयेणं, आयें	आयेहिं, आयहिं, आयाहिं

शेष शब्दरूप सव्व के समान बनते हैं।

स्त्रीलिंग में सव्वा शब्द के रूप माला के समान होते हैं। एतद् शब्द के स्थान पर स्त्रीलिंग में एह आदेश होता है। अतः प्रथमा और द्वितीया के एकवचन में एह और इन विभक्तियों के बहुवचन में एहउ, एहाऊ रूप बनते हैं।

स्त्रीलिंग जा < यत्—जो

	एकवचन	बहुवचन
प.	जा	जाउ
वी.	जं	जाउ
त.	जाइं, जाएं, जिए	जेहिं
च., छ.	जाहि	जाहिं
पं.	जाहे	जाहिं
स.	जाहि	जाहिं

सा < तद्—वह

	एकवचन	बहुवचन
प.	सा, स	ताउ, ति
बी.	तं	ताउ
त.	तइं, तिए, ताए, तए	तेहि
च., छ.	तिहि, ताहि, तहे	ताहि
पं.	ताहँ, तहे	ताहिं
स.	ताहि, ताहिं	ताहिं

का < किम्—कौन, क्या ?

	एकवचन	बहुवचन
प., वी.	का, क	कायउ, काउ
त.	काइं, काए	केहि, काहि
च., छ.	काहिं, काहि	काहि
पं.	काहे	काहिं
स.	काहिं	काहिं

नपुंसकलिंग—सव्व

	एकवचन	बहुवचन
प., वी.	सव्व, सव्वु, सव्वा	सव्वाइं, सव्वइं

शेष रूप पुल्लिङ्ग के समान होते हैं।

ज < यत्

	एकवचन	बहुवचन
प.	जं, ध्रुं	जाइं
वी.	जं, जु	जाइं

शेष रूप पुल्लिग के समान होते हैं।

स < तद्

	एकवचन	बहुवचन
प.	तं, तु	ताइं
वी.	तं, त्रं	ताइं

शेष रूप पुंल्लिङ्ग के समान बनते हैं।

क < किम्

	एकवचन	बहुवचन
प. वी.	किं	काइं

अवशेष रूप पुल्लिंग के समान होते हैं।

इदम्

	एकवचन	बहुवचन
प., वी.	इमु	आयाइं, आयइं

सर्वनाम शब्दों से निष्पन्न विशेषण

परिणामवाचक

जेवडु, जेत्तुल–जितना — केवडु, केत्तुल–कितना

तेवडु, तेत्तिल–उतना — एवडु, एत्तुल–इतना

गुणवाचक

जइसो, जेहु–जैसा — तइसो, तेहु–तैसा

कइसो, केहु–कैसा — अइसो, एहु–ऐसा

सम्बन्धवाचक

एरिस–इस जैसा — तुम्हारिस–तुम्हारे जैसा

हम्हारिस–हमारा जैसा — तुम्हार < तुम्हारा

रीतिवाचक

जेम, जिम, जिह, जिध–जिस प्रकार — केम, किम, किह, किध–किस प्रकार

तेम, तिम, तिह, तिध–तिस प्रकार

अव्यय

स्थानवाचक अव्यय

एत्थु–यहाँ — जेत्थु, जत्तु–जहाँ

तेत्थु, तत्तु–तहाँ — केत्थु–कहाँ

एत्तहे–तेत्तहे–यहाँ–वहाँ — केत्तहे–कहाँ

तेत्तहे–वहाँ

समयवाचक अव्यय

जामाहिं, जाम, जाउं–जब तक   तामहिं, ताम, ताउं–तब तक

तो–तबसे

अन्य अव्यय

अन्न, अन्नह < अन्यथा–	अन्य प्रकार से।
अवसें < अवशेन	वश में न होने से।
अवस < अवश्यम्	अवश्य ही।
अहवइ < अथवा	
आहरजाहर, ऐहिरेयाहिरे–	
एम्बहि < इदानीम्	इस समय।
उट्ठवइस < उत्तिष्ठविश	उठने का इच्छुक।
इक्कसि < एकशः	एक बार।
एत्तहे < अत्र	यहाँ
एत्तहे < इतः	यहाँ से अथवा वाक्यारम्भ के लिए।
जि	जिससे।
एम्व < एवं	इस प्रकार, ऐसे या वाक्य जोड़ना।
एम्वइ < एवं	,, ,,
कहंतिहु < कुतः	कहाँ से।
किह, किध < कथम्	क्यों या किस तरह।
किर < किल	किल, निश्चय।
केत्थु < कुत्र	कहाँ।
केहिं	तादर्थ्य बतलाने के लिए या किसके।
खाइं	निरर्थक वाक्य पूर्ति के लिए।
घइं	,, ,,
घुग्घ	चेष्टा का अनुकरण करने में।
छुडु < यदि	जो।
जणि, जणु	जानना या इव की सूचना के लिए।
जेत्थु, जत्तु < यत्र	जहाँ।
जेम, जिम, जेम्ब, जिम्ब < यथा	जैसा।
जिह, जिध	
जाम, जाउं, जामहि < यावत्	जब तक।
तणेण	तादर्थ्य की सूचना के लिए।

तेम, तेम्ब, तिम, तिम्ब < तथा तिह, तिध	इसी प्रकार, वैसे।
ताउं, ताम, तामहिं < तावत्	तब तक।
तेत्थु, तत्तु, तेहिं < तत्र	वहाँ
तो < ततः, तदा	अनन्तर, तब।
दिवे < दिवा	दिवस।
ध्रुवु < ध्रुवम्	निश्चय।
नउ, नाइ, नावइ, नं	जानने के अर्थ में।
नाहिं < नहि	निषेध अर्थ में, इवार्थ में।
पच्चलिउ < प्रत्युत	इसके विपरीत।
पच्छइ < पश्चात्	पीछे।
पर < परम्	परन्तु।
अवरोप्परं, अवरुप्परं < परस्परम्	आपस में।
पाडिक्कं, पाडिएक्कं < प्रत्येकम्	एक-एक।
प्राउ, प्राइव, प्राइम्ब, पग्गिम्ब < प्रायः	प्रायः, बहुधा।
पुणु < पुनः	फिर।
मणाउं < मनाक्	थोड़ा।
मं < मा	निषेधार्थक, मत।
रेसि, रेसिं	तादर्थ्य बतलाने के लिए।
वहिल्ल < शीघ्रम्	शीघ्र।
विणु < विना	बिना।
समाणुं < समानम्	समान।
सव्वेत्तहे < सर्वत्र	सब जगह।
हुहुरु	आवाज करना।

तद्धित

(५७) अपभ्रंश में संज्ञा से परे स्वार्थ में अ, अड और उल्ल प्रत्यय होते हैं और स्वार्थिक क प्रत्यय का लोप होता है।[१] स्त्रीलिंग बनाने के लिए ई प्रत्यये जोड़ा जाता है।[२] यथा–

पथिउ–अ प्रत्यय जोड़ा गया है–

---

१. अ-डड-डुल्लाः स्वार्थिक-क-लुक् च ८।४।४२९।

२. स्त्रियां तदन्ताड्डीः च ८।४।४३१।

बे दोसडा < द्वौ दोषौ–यहाँ अड प्रत्यय हुआ है।

कुडुल्ली < कुण्डलिनी–उल्ल प्रत्यय हुआ है।

हिअडउं–अड + अ प्रत्यय जोड़ा गया है।

चुडुल्लउ–उल्ल + अ ,, ,,

बलुल्लडा–उल्ल + अड ,, ,,

गोरड + ई–गोरडी–स्त्रीलिंग बनाने के लिए ई प्रत्यय जोड़ा है।

(५८) अपभ्रंश में भाववाचक संज्ञा बनाने के लिए त्व और तल प्रत्यय के स्थान में प्पणु और त्तणु प्रत्यय जोड़े जाते हैं।[१] त्तणु का त्तण भी हो जाता है। यथा–

बड्डुप्पणु, बड्डुत्तणु, बड्डुत्तणहो < महत्त्वम्–बड़प्पन।

स्त्रीलिंग बनाने के लिए अपभ्रंश में आ और ई प्रत्यय में से कोई एक प्रत्यय जोड़ा जाता है। यथा–

गोरडी, धूलडिआ।

क्रियारूप

(५९) अपभ्रंश में संस्कृत की व्यञ्जनान्त धातु में अ प्रत्यय जोड़ कर रूप बनाये जाते हैं। यथा–

कह् + अ + इ = कहइ–अ विकरण के रूप में जोड़ा गया है।

पढ् + अ + ई = पढइ– ,, ,,

(६०) उकारान्त धातुओं को उव, ईकारान्त को ए और ऋकारान्त धातुओं में ऋ स्वर को अर होता है। कुछ धातुओं में उपान्त्य स्वर को दीर्घ भी हो जाता है। यथा–

सु–सुवइ–सु = स + उव + इ = सुवइ–सोता है।

नी–नेइ–न + ए + इ = नेइ–ले जाता है।

कृ–करइ–क् + अर् + इ = करइ–करता है।

हृ–हरइ–ह् + अर + इ = हरइ–हरता है।

तुष्–तूसइ–उपान्त्य स्वर उकार को दीर्घ हुआ है।

पुष्–पूसइ– ,, ,,

(६१) अपभ्रंश में कुछ धातुओं में एक स्वर का दूसरा स्वर हो जाता है। यथा–

चिन्–चुनइ–चिनइ–चुनता है। इकार को उकार हुआ है।

(६२) अपभ्रंश की कुछ धातुओं में धातु के अन्तिम व्यञ्जन को द्वित्व हो। जाता है। यथा–

---

१. त्व-तलोः प्पणः ८।४।४३७।

फुट्–फुट्टइ–फूटता है। यहाँ ट को द्वित्व हुआ है।

तुट्–तुट्टइ–तोड़ता है। ,, ,,

लग–लग्गइ–लगता है। ग को द्वित्व हुआ है।

कुप्–कुप्पइ–कुपित होता है। प को द्वित्व हुआ है।

(६३) अपभ्रंश में प्राकृत के समान संस्कृत के द्य के स्थान पर ज्ज होता है। यथा–

संपज्जइ < संपद्यते–संपादित होता है।

खिज्जइ < खिद्यते–खिन्न होता है।

(६४) अपभ्रंश में धातु से वर्तमान काल के प्रथमपुरुष बहुवचन में विकल्प से हिं प्रत्यय जोड़ा जाता है।[१] यथा–

सहहिं < शोभन्ते।

करहिं < कुरुतः।

(६५) अपभ्रंश में धातु से वर्तमान काल के मध्यम पुरुष एकवचन में विकल्प से हि आदेश होता है। यथा–

रुअहि < रोदिषि–हि प्रत्यय जोड़ा गया है।

लहहि < लभसे– ,, ,,

(६६) अपभ्रंश में धातु से वर्तमान काल के मध्यम पुरुष बहुवचन में विकल्प से हु आदेश होता है। यथा–

इच्छहु < इच्छथ–हु प्रत्यय जोड़ा गया है।

(६७) अपभ्रंश में धातु से वर्तमान काल उत्तमपुरुष एकवचन में विकल्प से उं प्रत्यय जोड़ा जाता है। यथा–

कड्ढउं < कर्षामि–उं प्रत्यय जोड़ा है। विकल्पाभाव में–कड्ढामि।

(६८) अपभ्रंश में धातु से पर में आने वाले वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन में विकल्प से हुं आदेश होता है। यथा–

लहहुं < लभामहे; जाहुं < यामः, वलाहुं < वलामहे।

(६९) अपभ्रंश में हि और स्व के स्थान पर इ, उ और ए ये तीनों आदेश होते हैं। यथा–

सुमरि < स्मर; मेल्लि < मुञ्च; विलम्बु < विलम्बस्व; करे < कुरु।

(७०) अपभ्रंश में भविष्यत्काल में स्य के स्थान में स विकल्प से आदेश होता है। यथा–

होसइ, पक्ष में होहिइ < भविष्यति।

---

१. त्यादेराद्यत्रयस्य सम्बन्धिनो हिं न वा ८।४।३८२

अपभ्रंश का धात्वादेश

धातु	आदेश	उदाहरण
भू	हुच्च	अहरि पहुच्चइ नाहु < अधरे प्रभवति नाथः।
ब्रू	ब्रुव	बुवह सुहासिउ किंपि < ब्रूत सुभाषितम् किञ्चित्।
ब्रू	ब्रोप्प	ब्रेप्पिणु < उक्त्वा।
व्रज	वुञ	वुञइ, वुञेप्पि, वुञेप्पिणु।
दृश	प्रस्स	प्रस्सदि।
ग्रह	गृण्ह	पढ गृण्हेप्पिणु व्रतु < पठ गृहीत्वा व्रतम्।
तक्ष	छोल्ल	ससि छोल्लिज्जन्तु < शशी अतिक्षिष्यत।
तापि	झल्लक	सासानलजाल झलक्किअउ < श्वासानलज्वाला सन्तापितम्।
शल्याय	खुडुक्क	हिअइ खुडुक्कइ < हृदयं शल्यायते।
गर्ज	घुडुक्क	घुडुक्कइ मेहु < गर्जति मेघः।
बंच	वंचइ	जाता है।
भज्ज	भज्जइ	भग्न करता है।
धुट्‌ठु	धुट्ठुअइ	व्यर्थ शब्द करता है।

क्रियाओं में जुड़ने वाले प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	इ, ए	हिं
म. पु.	हि	हु
उ. पु.	उं	हुं

आज्ञार्थ एवं विध्यर्थक प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	उ	हुं
म. पु.	इ, उ, ए	हु
उ. पु.	उ	उं

भविष्यत्काल के प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	इ	हिं
म. पु.	हि, सि	हु, हो
उ. पु.	मि, मो	हुँ

कर धातु के रूप

वर्तमानकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	करइ, करेइ	करहिं, करन्ति
म. पु.	करहि, करसि	करहु, करह
उ. पु.	करिमि, करउं	करहुं, करिमु

आज्ञार्थ एवं विध्यर्थक

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	करिज्जउ	करिज्जंतु, करिज्जहुं
म. पु.	करिज्जहि, करिज्जइ	करिज्जहु
उ. पु.	करिज्जउ	किज्जउ

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र. पु.	करेसइ, करेहइ	करेसहिं, करेहिंति
म. पु.	करेसहि, करेससि, करिहिसि	करेसहु, करेसहो
उ. पु.	करेसमि, करीहिमि, करिसु	करेसहुँ

भूतकाल के लिए भूतकृदन्त का ही प्रयोग होता है। यथा–

गयं < गतम्, कियं < कृतम्, पइट्ठं < प्रतिष्ठितम्।

कर्मणि प्रयोग के लिए इज्ज या इय प्रत्यय जोड़कर रूप बनाये जाते हैं।

इज्ज–गणिज्जइ, कहिज्जइ, वण्णिज्जइ।

इय–फिट्टियइ, वण्णियइ।

कृदन्त

(७१) वर्तमान कृदन्त अंत और माण प्रत्यय जोड़कर बनाया जाता है। अंत प्रत्यय परस्मैपद में और माण प्रत्यय आत्मनेपद में जुड़ता है। यथा–

अंत–डज्झ + अंत = डज्झंत–परस्मैपद में।
सिंच + अंत = सिंचंत– ,,
कर + अंत = करंत– ,,
पइस + अंत = पइसंत– ,,
वज्ज + अंत = वज्जंत– ,,
उग्गम + अंत = उग्गमंत–,,
माण–पविस्स + माण = पविस्समाण–आत्मनेपद में।
वट्ट + माण = वट्टमाण– ,,
भण + माण = भणमाण– ,,
हुच्च + माण = हुच्चमाण– ,,

भूतकृदन्त

(७२) भूतकालिक कृदन्त बनाने के लिए अ, इअ, और इय प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यथा–

अ–हु + अ = हुअ, मुक्क + अ = मुक्क, ग + अ = गअ।

इअ–गाल + इअ = गालिअ, भक्ख + इअ = भक्खिअ।

इय–कह + इय = कहिय, छड्ड + इय = छड्डिय, उप्पड + इय = उप्पडिय।

सम्बन्धक कृदन्त

(७३) पूर्वकालिक क्रिया या सम्बन्धक कृदन्त के लिए संस्कृत में क्त्वा और ल्यप् प्रत्यय होते हैं। अपभ्रंश में पूर्वकालिक क्रिया के लिए निम्न आठ प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

इ–लह + इ = लहि < लब्ध्वा।

इउ–कर + इउ = करिउ < कृत्वा।

इवि–कर + इवि = करिवि < कृत्वा।

अवि–कर + अवि = करवि < कृत्वा।

एप्पि–कर + एप्पि = करेप्पि < कृत्वा।

एप्पिणु–कर + एप्पिणु = करेप्पिणु < कृत्वा।

एविणु–कर + एविणु = करेविणु < कृत्वा।

एवि–कर + एवि = करेवि < कृत्वा।

हेत्वर्थ कृदन्त

(७४) क्रियार्थक क्रिया या हेत्वर्थ कृदन्त के लिए अपभ्रंश में निम्न आठ प्रत्यय जोड़ने से रूप बनाये जाते हैं। संस्कृत में यह कार्य तुमुन् प्रत्यय से और हिन्दी में 'ना' प्रत्यय लगाकर चलाया जाता है। यथा–

एवं– चय + एवं = चएवं < त्यक्तुम्–छोड़ना।
दा + एवं + देवं < दातुम्–देना

अण– भुंज + अण = भुंजण < भोक्तुम्–भोगना।
कर + अण = करण < कर्तुम्–करना।

अणहं– सेव + अणहं = सेवणहं < सेवितुम्–सेवना।
भुंज + अणहं = भुंजणहं < भोक्तुम्–भोगना।

एप्पि– कर + एप्पि = करेप्पि < कर्त्तुम्–करना।
जि + एप्पि = जेप्पि < जेतुम्–जीतना।

एप्पिणु– कर + एप्पिणु = करेप्पिणु < कर्तुम्–करना।
चय + एपिणु = चएप्पिणु < त्यक्तुम्–छोड़ना।

एवि– कर + एवि = करेवि < कर्तुम्–करना।
पाल + एवि = पालेवि < पालयितुम्–पालना।

एविणु– कर् + एविणु = करेविणु < कर्तुम्–करना।
ला + एविणु = लेविणु < लातुम्–लाना।

विध्यर्थ कृदन्त

(७५) अपभ्रंश में 'चाहिए' या किसी विधिविशेष के लिए इएव्वउ, एव्वउं एवं एवा प्रत्यय जोड़े जाते हैं। संस्कृत में जिस अर्थ में तव्य प्रत्यय जोड़ा जाता है या हिन्दी में 'चाहिए' जोड़ते हैं, उसी अर्थ में उक्त प्रत्यय लगाये जाते हैं। यथा–

इएव्वउं– कर + इएव्वउं = करिएव्वउं < कर्तव्यम्।
मर + इएव्वउं = मरिएव्वउं < मर्तव्यम्।
सह + इएव्वउं = सहिएव्वउं < सोढव्यम्।

एव्वउं– कर + एव्वउं = करेव्वउं < कर्तव्यम्।
मर + एव्वउं = मरेव्वउं < मर्तव्यम्।
सह + एव्वउं = सहेव्वउं < सोढव्यम्।

एवा– कर + एवा = करेवा < कर्तव्यम्।
मर + एवा = मरेवा < मर्तव्यम्।
सह + एवा = सहेवा < सोढव्यम्।
सो + एवा = सोएवा < स्वप्तव्यम्।
जग्ग + एवा = जग्गेवा < जागरितव्यम्।

शीलार्थक

(७६) संस्कृत में शीलधर्म को बतलाने के लिए तृ प्रत्यय लगाया जाता है; यहाँ अपभ्रंश में शील, स्वभाव और साध्वर्थ में अणअ प्रत्यय जोड़ा जाता है।

अणअ– हस + अणअ = हसणअ–हसणउ–हसनशील।
भस + अणअ = भसणअ–भसणउ–भौंकनेवाला।
कर + अणअ = करणअ–करणउ–करनेवाला।
मार + अणअ = मारणअ–मारणउ–मारनेवाला।
वज्ज + अणअ = वज्जणअ–वज्जणउ–वादनशील।

क्रियाविशेषण

वहिल्लउ–शीघ्र, निच्चट्टु–प्रगाढ, कोड्डु–कौतिक, ढक्करि–अद्भुत, दड़वड़–शीघ्र एवं जुअंजुअ–अलग-अलग आदि है।

विट्टालु–नीच संसर्ग, अप्पणु–आत्मीय, सड्ढलु–असाधारण, रवण्ण–सुन्दर, नालिअ, वढ–मूर्ख और नवख–नया-विचित्र आदि विशेषण भी अपभ्रंश में उपलब्ध हैं।

❑ ❑ ❑

परिशिष्ट १
उदाहृतशब्दानुक्रमणिका

परिशिष्ट २
लिंगानुशासन एवं स्त्रीप्रत्ययप्रयोगानुक्रमणिका

परिशिष्ट ३

अव्ययप्रयोगानुक्रमणिका

परिशिष्ट ४
कारकप्रयोगानुक्रमणिका

परिशिष्ट ५
समासप्रयोगानुक्रमणिका

परिशिष्ट ६
तद्धितप्रयोगानुक्रमणिका

परिशिष्ट ७

यङन्त, यङ्लुगन्त और नामधातु प्रयोगानुक्रमणिका

परिशिष्ट ८
कृदन्तप्रयोगानुक्रमणिका

परिशिष्ट ९
शौरसेनीशब्दानुक्रमणिका

परिशिष्ट १०

जैनशौरसेनीशब्दानुक्रमणिका

परिशिष्ट ११

मागधीशब्दानुक्रमणिका

परिशिष्ट १२
अर्धमागधीशब्दानुक्रमणिका

परिशिष्ट १३
जैनमहाराष्ट्रीशब्दानुक्रमणिका

परिशिष्ट १४
पैशाचीशब्दानुक्रमणिका

परिशिष्ट १५
चूलिकापैशाचीशब्दानुक्रमणिका

परिशिष्ट १६

अपभ्रंशशब्दानुक्रमणिका